पार्श्वनाथ विद्याश्रम ग्रन्थमाला : १०

यशस्तिलक का सांस्कृतिक अध्ययन

डॉ० गोकुलचन्द्र जैन
न्यायतीर्थ, काव्यतीर्थ, साहित्याचार्य,
जैनदर्शनाचार्य, एम ए., पी-एच डी

सच्चं लोयम्मि सारभूयं

सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति
अमृतसर

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी द्वारा पी-एच० डी० की उपाधि के लिए स्वीकृत

YAŚASTILAKA KĀ SĀMSKṚITIKA ADHYAYANA

(A Cultural Study of the Yaśastilaka)

by

Dr Gokul Chandra Jain, M A Ph D

प्रकाशक

सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति,
गुरु बाजार,
अमृतसर

प्राप्ति-स्थान

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान,
जैनाश्रम,
हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी–५

प्रकाशन-वर्ष

सन् १९६७

मूल्य

तीस रुपये

मुद्रक

सन्मति मुद्रणालय
दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी

प्रकाशकीय

डॉ० गोकुलचन्द्र जैन पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी के छोटालाल केशवजी शाह शोधछात्र रहे हैं। प्रस्तुत प्रबन्ध 'यशस्तिलक का सांस्कृतिक अध्ययन' सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति द्वारा प्रकाशित चौथा शोध-प्रबन्ध है। डॉ० जैन समिति के चौथे सफल शोधछात्र हैं।

इस शोध-छात्रवृत्ति का कुछ लम्बा इतिहास हो गया है। बम्बई में स्व० सेठ छोटालाल केशवजी शाह से १९४८ में पाँच हजार रुपये शोधकार्य के लिए मिले थे। पहले एक अन्य शोधछात्र को यह कार्य दिया गया। दुर्भाग्यवश तीन बार के परिश्रम के बाद भी उनका प्रबन्ध विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत नहीं हुआ। तदनन्तर यह छात्रवृत्ति श्री गोकुलचन्द्र जैन को दी गयी। सन् १९६० में कार्य आरम्भ हुआ और प्रबन्ध तैयार होकर दिसम्बर १९६४ में बनारस हिन्दू विश्व-विद्यालय को परीक्षार्थ प्रस्तुत कर दिया गया। प्रबन्ध स्वीकृत हुआ तथा उसके उपलक्ष में श्री जैन को पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई।

यशस्तिलक' एक महान् ग्रन्थ है। उसकी अनेक विशेषताएँ हैं। यह ग्रन्थ अपने काल में और बाद में भी आदरणीय रहा है। यह प्रबन्ध यशस्तिलक की सांस्कृतिक सामग्री का विवेचन प्रस्तुत करता है। इससे पूर्व भी विद्वानों ने इस ग्रन्थ की ओर ध्यान दिया है। डॉ० हन्दिकी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। डॉ० जैन ने अपने प्रबन्ध में एक स्थान पर लिखा है कि यशस्तिलक के अध्ययन का यह श्रीगणेश मात्र है। डॉ० हन्दिकी जैसे अनेक विद्वान् जब यशस्तिलक के परिशीलन में प्रवृत्त होंगे, तभी उसकी बहुमूल्य सामग्री का ज्ञान-विज्ञान की विभिन्न शाखा-प्रशाखाओं में उपयोग किया जा सकेगा।

यशस्तिलककार सोमदेव सूरि की आस्था जैन है, परन्तु उनके लेखन का दृष्टिकोण विस्तृत है। संन्यस्त व्यक्तियों के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग किया है। इनमें जैन नाम भी हैं।

साग-सब्जी के उल्लेखों में आलू जैसे जनप्रिय साग का अभाव है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि आलू भारतीय नहीं है। विदेश से आकर यहाँ भी फूला-फला है।

समिति स्व० सेठ छोटालाल केशवजी शाह के परिवार का आभार मानती है कि उन्होंने अपने प्रियजन की स्मृति में प्रस्तुत ग्रन्थ को प्रकाशित करवाने का खर्च अपने पास से दिया है। स्व० डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी जो समिति की जन साहित्य निर्माण-योजना के प्रेरक थे और डॉ० जैन के निर्देशक भी, के प्रति भी यह समिति हार्दिक आभार प्रकट करती है। पा० वि० शोध संस्थान के अध्यक्ष को भी समिति धन्यवाद देती है कि उनके निर्देशन में संस्थान उन्नतिशील हो रहा है।

फरीदाबाद
२४ ७ १९६७

—हरजसराय जैन
मंत्री

प्राथमिक

सन् १९५६ में एक धार्मिक परीक्षा के निमित्त मैंने पहली बार यशस्तिलक पढ़ा था, और तभी लगा था कि इस में बहुत कुछ ऐसा है, जो अबूझा बच जाता है। तब से वह बहुत कुछ जानने की साध मन में बनी रही।

काशी आने के बाद प्रो० हन्दिकी की 'यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर' पुस्तक सामने आयी तथा डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल का सम्पर्क मिला तो वह साध और भी जगी।

जुलाई १९६० में डॉ० अग्रवाल के निर्देशन में प्रस्तुत प्रबन्ध की रूपरेखा बनी और दिसम्बर १९६४ मे प्रबन्ध प्रस्तुत रूप में तैयार होकर हिन्दू विश्व विद्यालय को परीक्षार्थ प्रस्तुत कर दिया गया। पुस्तक रूप मे प्रकाशित होते समय भी मैंने इसमे आंशिक परिवर्तन ही किये हैं। इससे यह भी ज्ञात होगा कि शोध प्रबन्ध को अनावश्यक विस्तार और मोटापा देना अनिवार्य नहीं है।

मैने यशस्तिलक की अधिकतम सामग्री को निकाल कर उसके विषय में भरसक पूर्ण जानकारी देने का प्रयत्न किया है। सोमदेव के लेखन की यह विशेषता है कि आगे-पीछे वह अपने शब्द प्रयोग आदि के विषय में जानकारी देते चलते हैं, फिर भी जिस विषय का सोमदेव ने केवल उल्लेख मात्र किया है उसके विषय में सोमदेव के पूर्ववर्ती, समकालीन तथा उत्तरवर्ती मनीषियोंके ग्रन्थों से जानकारी प्राप्त की गयी है और उन सबको प्राचीन साहित्य, कला एवं पुरातत्त्व की साक्षी पूर्वक जाँचा-परखा है।

प्रस्तुत प्रबन्ध में संगृहीत सम्पूर्ण सामग्री तथा उसकी प्रमाणक सामग्री मैंने मूल स्रोतों से स्वयं ही संगृहीत की है। आधुनिक अनुसंधाताओं के ग्रन्थों से जो सामग्री ली है, उसका यथास्थान उल्लेख किया है। मैं पूर्णतया सचेष्ट रहा हूँ कि प्राचीन ग्रन्थो के किसी भी अप्रामाणिक संस्करण या किसी भी अमान्य नयी कृति का उपयोग संदर्भ ग्रन्थ के रूप में न किया जाये। इस प्रकार प्रस्तुत प्रबन्ध की प्रत्येक सामग्री, उसके प्रस्तुतीकरण और विवेचन के लिए मैं अपने को उत्तरदायी अनुभव करता हूँ। यदि कहीं कोई भूल-चूक भी हुई हो तो वह भी मेरी ही कहना चाहिये।

अपनी कृति के विषय में स्वयं कुछ कहना उचित नहीं लगता। यदि मनीषी विद्वान् यह अनुभव करेंगे कि प्रस्तुत प्रबन्ध आधुनिक साहित्यिक अनुसधान की एक महत्त्वपूण उपलब्धि है और इसके माध्यम से यशस्तिलक की महनीय सामग्री का भविष्य के शोध-प्रबन्धो, इतिहास-ग्रन्थो तथा शब्द-कोशों में उपयोग किया जा सकेगा, तो मैं अपने प्रयत्न को सार्थक समझूँगा। इस प्रबन्ध में मैंने उन्हीं विषयों को लिया है, जो प्रो० हन्दिकी के ग्रन्थ मे नहीं आ पाये। इस दृष्टि से यह प्रबन्ध तथा प्रो० हन्दिकी का ग्रन्थ दोनों मिलकर यशस्तिलक के साहित्यिक, दाशनिक तथा सांस्कृतिक अध्ययन को पूणता देंगे।

एक शोध प्रबन्ध सोमदेव के राजनीतिक विचारों पर प्रो० पुष्पमित्र जैन ने आगरा विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया है। इस में विशेष रूप से सोमदेव के द्वितीय ग्रन्थ नीतिवाक्यामृत का अध्ययन किया गया है। यशस्तिलक की भी राजनीतिक सामग्री का उपयोग किया गया है। सोमदेव के समग्र अध्ययन की दिशा मे यह एक पूरक इकाई का काम करेगा।

इन अध्ययन ग्रन्थो के बाद भी यह कहना उचित नही होगा कि सोमदेव का पूर्ण अध्ययन हो चुका। म तो इसे श्रीगणेश मात्र कहता हूँ। वास्तव में विभिन्न दृष्टिकोणो से सोमदेव की सामग्री का पृथक्-पृथक अध्ययन विवेचन आवश्यक है।

सोमदेव के समग्र अध्ययन के लिए इस समय जो सवप्रथम महत्त्वपूण काय अपेक्षित ह, वह है सोमदेव के दोनो उपलब्ध ग्रन्थो के प्रामाणिक सस्करण तयार करने का। ऐसे सस्करण जिनमें इन ग्रन्थो से सम्बन्धित सम्पूण प्रकाशित और अप्रकाशित सामग्री का उपयोग किया गया हो। अपने अनुसधान काल में मुझे निरन्तर इस की तीव्र अनुभूति होती रही ह। अभी तक दोनो ग्रन्थों के जो पूण सस्करण निकले हैं, वे अशुद्धि पुज तो हैं ही, अनेक दृष्टियों से अपूण और अवैज्ञानिक भी है। इस के अतिरिक्त उन को प्रकाशित हुये भी इतना समय बीत गया कि बाजार में एक भी प्रति उपलब्ध नहीं होती।

यशस्तिलक का एक ऐसा संस्करण मैं स्वय तैयार कर रहा हूँ, जिसमें श्रीदेव-के प्राचीन टिप्पण, श्रुतसागर की सस्कृत टीका तथा आधुनिक अनुसधानों का तो पूण उपयोग किया ही जायेगा, हिन्दी अनुवाद और सास्कृतिक भाष्य भी साथ में रहेगा।

नीतिवाक्यामृत के सपादन का काय पटना के श्री श्रीधर वासुदेव सोहानी ने करने की रुचि दिखायी है। आशा है वे इसे अवश्य करेंगे। यदि किन्हीं कारणों वश न कर पाये, तो यशस्तिलक के बाद इसे भी मैं पूरा करने का प्रयत्न करूँगा।

सोमदेव की उपलब्धियों का अधिकाधिक उपयोग हो, यह मेरी भावना है। उन के शास्त्र में मेरी महती निष्ठा है। लगभग पाँच वर्षों तक उस में डूबे रहने पर भी मुझे सोमदेव से कहीं भी असहमत नहीं होना पड़ा। मेरी आस्था कभी तनिक भी नहीं डिगी। अपने संस्करण में मैं यह बताना चाहता हूँ कि सोमदेव ने एक भी शब्द का व्यर्थ प्रयोग नहीं किया, और उनके हर प्रयोग का एक विशेष अर्थ है।

अन्त में सोमदेव के ही पुण्यस्मरण पूर्वक श्रद्धेय डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल के प्रति श्रद्धा से अभिभूत हूँ, जिनके स्नेह, निर्देशन और प्रेरणा से प्रस्तुत प्रबन्ध का प्रणयन सम्भव हुआ। खेद है कि प्रकाशित रूप में देखने के लिए वे हमारे बीच नहीं हैं। उन्हें इस रूप में इसे देखकर हार्दिक प्रसन्नता होती।

श्री सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति के श्री पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी ने दो वर्ष तक फेलोशिप और पुस्तकालय आदि की सुविधाएँ प्रदान कीं, उस के लिए संस्था के मन्त्री लाला हरजसराय जैन तथा पं० कृष्णचन्द्राचार्य का हृदय से कृतज्ञ हूँ। डॉ० राय कृष्णदास, वाराणसी, डॉ० वी० राघवन्, मद्रास, डॉ० वी० एस० पाठक, वाराणसी, डॉ० आनन्दकृष्ण, वाराणसी, डॉ० ई० डी० कुलकर्णी, पूना, डॉ० कुमारी प्रेमलता शर्मा वाराणसी आदि अनेक विद्वानों और मित्रों का सहयोग उपलब्ध हुआ उन सबका कृतज्ञ हूँ। प्रबन्ध में सदर्भ रूप से जिन प्राचीन और नवीन कृतियों का उपयोग किया गया है उन सभी के कृतिकारों का भी हृदय से कृतज्ञ हूँ। प्रबन्ध को प्रकाशित करने में पार्श्वनाथ विद्याश्रम के निदेशक डॉ० मोहनलाल मेहता ने पूर्ण रुचि ली तथा शोध-सहायक पं० कपिलदेव गिरि ने पुस्तक की विस्तृत शब्दानुक्रमणिका तैयार की इसके लिए दोनो का आभारी हूँ। इनके अतिरिक्त भी जाने-अनजाने जिनसे सहयोग प्राप्त हुआ उन सब के प्रति आभारी हूँ।

सत्यशासनपरीक्षा के बाद पुस्तक रूप में प्रकाशित यह मेरी द्वितीय कृति है। आशा है, विज्ञ-जन इसमें रही त्रुटियों की ओर ध्यान दिलाते हुए इसका समुचित मूल्यांकन करेंगे।

दिसम्बर १९६७ }

छोटालाल केशवजी शाह

श्री छोटालाल भाई का जन्म वि० स० १९३५ की आषाढ़ कृष्णा १३ गुरुवार के दिन सोनगढ़ के समीप दाठा ग्राम में हुआ था। दो वर्ष के बालक को छोड़कर इन के पिता श्री केशवजी भाई स्वर्गवासी हो गये। माता श्री पुरीबाई ने इन को तथा इन के छोटे भाई छगनलाल भाई को पालियाद में प्रारम्भिक शिक्षण हेतु शाला मे प्रविष्ट कराया। सातवी गुजराती उत्तीर्ण करके श्री छोटालाल भाई स० १९५० मे व्यवसाय के लिए बम्बई आ गये। पहले-पहल नौकरी की। इसके पश्चात ई० सन १९१३ मे मुकादमी तथा क्लीयरिंग एजेण्ट का धन्धा शुरू किया। व्यवसाय में आप को कई बार आर्थिक कठिनाइयाँ भी आयी परन्तु उद्यम लगन और प्रामाणिकता के कारण आप ने अच्छी सफलता प्राप्त की। सन १९१७ मे करनाक बन्दर बम्बई मे लोहे की दुकान की और लोहे के प्रमुख व्यापारी के रूप मे प्रख्यात हुए।

सेठ श्री छोटालाल भाई बड़े धर्म प्रेमी और श्रद्धालु थे। साधु-मुनिराजो के प्रति आप की बहुत भक्ति थी। धार्मिक समारोहों के अवसर पर आप मुक्त हस्त से धन का सदुपयोग करते थे। उस समय बम्बई क्षेत्र मे चींचपोकली के सिवाय अन्य कोई उपाश्रय नही था। इतनी दूर जाने में नगर निवासियो को असुविधा होती थी अत आपने और कतिपय अग्रगण्य बन्धुओं ने सवत १९६१ मे हनुमान गली में सेठ मगलदास नाथुभाई की वाडी में पूज्य श्री अमोलक ऋषिजी म० सा० का चातुर्मास करवाया। उस समय रत्न चिन्तामणि स्था० जैन मित्र मण्डल तथा जैन शाला की स्थापना मे सेठ श्री का प्रमुख हाथ रहा। आप इन के प्रारम्भिक मत्री रहे। कादावाडी में स्थानक निर्माणार्थ आप की ओर से रु० ५०००) प्रदान किये गये। पं० श्री रत्नचन्द्रजी ज्ञानमन्दिर को ५०००), वढ़वाण केम्प बोर्डिंग को २०००), पार्श्वनाथ विद्याश्रम, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी को ५०००), बोटाद गवनमेन्ट अस्पताल के बाल विभाग को २०००), ब्यावर साहित्य प्रचारक समिति को ५००), आम्बिल ओली, वढ़वाण केम्प को ५००)—इस प्रकार अनेक सस्थाओं को आपने मुक्त हस्त से दान दिया। दीक्षा प्रसग पर वरघोडा आदि में तथा अन्य समारोहो पर आपने हजारों रुपयो का सदुपयोग किया। आप की उदारता अनुकरणीय रही। आप के पास आशा लेकर आया हुआ कोई व्यक्ति खाली हाथ नहीं लौटा।

सन् १९४७ मे भारत पाकिस्तान के विभाजन के समय पाकिस्तान से जैन मुनियो को लाने के वास्ते आप ने खास तौर से चाटड वायुयान भेजा था।

सेठ श्री की धमपत्नी श्रीमती कस्तूरबाई धार्मिक कार्यों मे सेठ सा० को सहयोग देती थी। तीन पुत्र और दो पुत्रियो को छोडकर स० १९८० में कस्तूर बाई का स्वगवास हो गया। सेठ साहब ने नई शादी की। नई धमपत्नी भी धार्मिक वृत्ति वाली थीं। सन् १९४२ मे इनका भी स्वगवास हो गया।

सन् १९४८ में सेठ सा० को लकवा हो गया। अनेक उपायों के बावजूद भी विशेष सुधार नही हो सका। सन् १९५९ मे सेठ सा० देवलाली वायु-परिवतन हेतु गये थे। वही ६ जनवरी १९५९ को सेठ सा० का स्वगवास हो गया।

सेठ सा० के व्यवसाय को उनके पुत्रो मे से तीसरे सुपुत्र श्री धीरजलाल भाई सभाल रहे हैं। सेठ सा० के तीनो पुत्र भी अपनी धार्मिक वत्ति से सेठ छोटालाल भाई की स्मृति-सौरभ म वद्धि कर रहे हैं।

■

विषय-सूची

अध्याय दो : यशस्तिलककालीन सामाजिक जीवन

परिच्छेद ७ वस्त्र और वेष भूषा १२१-१३९

तीन प्रकार के वस्त्र—(१) सामान्य वस्त्र (२) पोशाकें या पहनने के वस्त्र, (३) अन्य गृहोपयोगी वस्त्र।

सामान्य वस्त्र—नेत्र– नेत्र के प्राचीनतम उल्लेख, डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल द्वारा नत्र वस्त्र पर प्रकाश कालिदास का उल्लेख बाणभट्ट के साहित्य मे नेत्र उद्योतनसूरि (७७९ ई०) कृत कुवलयमाला में नेत्र-वस्त्र चौदह प्रकार के नेत्र, चौदहवी शती तक बगाल मे नेत्र का उपयोग, नेत्र की पाचूडो, जायसी के पदमावत मे नेत्र भोजपुरी लोक-गीतो मे नेत्र। चीन—चीन देश से आने वाला वस्त्र भारत में चीनी वस्त्र आने के प्राचीनतम प्रमाण बहत्कल्पसूत्र मे चीनाशुक की व्याख्या चीन और वाल्हीक से आने वाले अन्य वस्त्र। चित्रपटी—बाणभट्ट की साक्षी चित्रपट के तकिए। पटोल गुजरात की पटोला साडी, पटोल की बिनावट का विशेष प्रकार। रल्लिका रल्लक मृग या एक प्रकार का जगली बकरा रल्लक की ऊन से बने बेशकीमती गरम वस्त्र युवाग च्वाग के उल्लेख। दुकूल दुकूल की पहचान आचाराग, निशीथचूर्णि तथा अर्थशास्त्र में दुकूल के उल्लेख बगाल पौंड्र तथा सुवर्ण कुडया के दुकूल वस्त्र दुकूल की बिनाई का विशेष प्रकार डॉ० अग्र वाल की व्याख्या दुकूल का जोडा पहिनने का रिवाज, हस मिथुन लिखित दुकूल के जोडे दुकूल का जोडा पहनने की अन्य साहित्यिक साक्षी, दुकूल की साडियाँ पलगपोश तकियो के गिलाफ आदि दुकूल और क्षौम वस्त्रो में पारस्परिक अन्तर और समानता कोशकारो की साक्षी। अशुक— कई प्रकार के अशुक भारतीय तथा चीनी अशुक, रगीन अशुक अशुक की विशेषताएँ। कौशेय—कौशेय के कीडे कौशेय की पहचान, कौशेय की चार योनियाँ। पोशाकें या पहनने के वस्त्र—कचुक वारवाण, वारबाण की पहचान वारबाण एक विदेशी बेश भूषा, भारतीय साहित्य में वारबाण के उल्लेख चोलक चोलक एक सम्भ्रान्त पहनावा, नौशे के अवसर पर चोलक का उपयोग, चोलक एक विदेशी पहनावा, चोलक के विषय में अब तक प्राप्त अन्य जानकारी। चण्डातक, उष्णीष कौपीन उत्तरीय चीवर आवान परिधान, उपसव्यान परिधान और उपसव्यान में अन्तर, गुह्या, हसतूलिका उपधान, कन्था, नमत निचाल, या चन्दोवा, सिचयोल्लोच और वितान।

■

परिचय

मतिसुरभेरभवदिद सूक्तिपय सुकृतिना पुण्यै ।

—यशस्तिलक

सोमदेव दसमी शती के एक बहुप्रज्ञ विद्वान् थे। उनकी सर्वतोमुखी प्रतिभा और प्रकाण्ड पाण्डित्य का पता उनके प्राप्त साहित्य तथा ऐतिहासिक तथ्यों से लगता है। वे एक उद्भट तार्किक, सरस साहित्यकार, कुशल राजनीतिज्ञ, प्रबुद्ध तत्त्वचिन्तक, सफल समाजशास्त्री, समान्य जन-नेता और क्रान्तदृष्टा धर्माचार्य थे। उनकी निर्मल प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी थी। वे बिम्बग्राहिणी प्रतिभा के धनी थे। ज्ञान विज्ञान की विभिन्न शाखाओ के तलस्पर्शी अध्ययन में उनकी दृढ़ निष्ठा थी। बड़े बड़े राजतन्त्रो के निकट संपर्क से उनके ज्ञान कोष में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति और विभिन्न संस्कृतियो की प्रभूत जानकारी सगृहीत हुई थी। जैन साधु की प्रवास प्रवृत्ति के कारण सहज ही उन्हे लोकानुवीक्षण का सुयोग प्राप्त हुआ। विद्या गोष्ठियो तथा वाग्युद्धो ने उनकी विद्वत्ता को और अधिक विस्तार और निखार दिया। धार्मिक क्रान्ति ने उन्हे समान्य जन नेता और सफल समाजशास्त्री बनाया। शास्त्रो के निरन्तर स्वाध्याय और विद्वान मनीषियो के अहर्निश सान्निध्य से उनकी व्युत्पत्ति अजस्र रूप से वृद्धिगत होती रही।

इस प्रकार सोमदेव की प्रज्ञा के अथाह सागर में ज्ञान की अनेक सरितायें व्युत्पत्ति की अपार जलराशि ला-लाकर उडेलती रहीं। और तब उनके प्रज्ञा पुरुष ने एक ऐसे शास्त्र सर्जन का शुभ सकल्प किया जो समस्त विषयो की व्युत्पत्ति का साधन हो (यद्व्युत्पत्यै सकलविषये, पृ० ५।८)। यशस्तिलक उनके इसी पुनीत सकल्प का मधुर फल है। जीवनभर तर्क की सूखी घास खानेवाली उनकी प्रज्ञा सुरभि ने जो यह काव्य का मधुर दुग्ध दिया, उसे उन्होने सुकृति जनो के पुण्य का फल माना है (पृ० ६)।

इस विशिष्ट कृति के लिए उन्होने महाराज यशोधर के लोकप्रिय चरित्र को पृष्ठभूमि के रूप में चुना। केवल गद्य या केवल पद्य इसके लिए उन्हें पर्याप्त नही लगा। इसलिए उन्होंने यशस्तिलक में दोनो का समावेश किया है। कहीं-कहीं कथनोपकथन भी आये हैं। पूरे ग्रन्थ में दो हजार तीन सौ ग्यारह पद्य तथा शेष भाग गद्य है। स्वय सोमदेव ने गद्य और पद्य दोनो को मिलाकर आठ हजार श्लोकप्रमाण बताया है (एतामष्टसहस्रीम्, पृ० ४१८ उत्त०)। पूरा ग्रन्थ प्रौढ़ सस्कृत में रचा गया है और आठ आश्वासो में विभक्त

है। प्रथम आश्वास कथावतार या कथा की पृष्ठभूमि के रूप में है। और अन्त के तीन आश्वासो में उपासकाध्ययन अर्थात् जैन गृहस्थ के आचार का विस्तृत वर्णन है। यशोधर की वास्तविक कथा बीच के चार आश्वासो में स्वय यशोधर के मुह से कहलायी गयी है। बाण की कादम्बरी की तरह कथा जहाँ से आरभ होती है, उसकी परिसमाप्ति भी वहीं आकर होती है। महाराज शूद्रक की सभा मे लाया गया वैशम्पायन शुक कादम्बरी की कथा कहना प्रारभ करता है और कथावस्तु तीन जन्मो में लहरिया गति से घूमकर फिर यथास्थान पहुँच जाती है। सम्राट मारिदत्त द्वारा आयोजित महानवमी क अनुष्ठान में अपार जनसमूह के बीच बलि के लिए लाया गया परिव्रजित राजकुमार यश-स्तिलक की कथा का प्रारभ करता है और रथ के चक्र की तरह एक ही फेरे में आठ जन्मो की कहानी पूरी होकर अपने मूल सूत्र से फिर जुड जाती है।

साहित्यिक दृष्टि से यशस्तिलक एक महनीय कृति है। यशस्तिलक के पूर्व लगभग एक सहस्र वर्षों में संस्कृत साहित्यरचना का जो क्रमिक विकास हुआ, उसका और अधिक परिष्कृत रूप यशस्तिलक में दष्टिगोचर होता है।

एक उत्कृष्ट काव्य के विशेष गुणो के अतिरिक्त यशस्तिलक में ऐसी प्रचुर सामग्री है, जो इसे प्राचीन भारत के सास्कृतिक इतिहास तथा ज्ञान विज्ञान की अनेक विधाओ से जोडती है। पुरातत्त्व इतिहास, कला और साहित्य के साथ तुलना करने पर इसकी प्रामाणिकता और उपयोगिता भी परिपुष्ट होती है। इस दृष्टि से भी यशस्तिलक कालिदास और बाण की परंपरा में महत्त्वपूर्ण नवीन कडी जोडता है। कालिदास और बाणभट्ट ने अपने महत्वपूर्ण ग्रन्थो में भारतीय सस्कृति के सग्रथन का जो कार्य प्रारभ किया था, सोमदेव ने उसे और अधिक आग बढ़ाया। एक बडी विशेषता यह भी है कि सोमन्देव न जिस विषय का स्पश भी किया उसके विषयमें पर्याप्त जानकारी दी। इतनी जान कारी कि यदि उसका विस्तार से विश्लेषण किया जाये तो प्रत्येक विषय का एक लघुकाय स्वतत्र ग्रन्थ बन सकता है। नि सदेह सोमदेव को अपने इस सकल्प की पूर्ति में पूर्ण सफलता मिली कि उनका शास्त्र समस्त विषयो की व्युत्पत्ति का साधन बने। दशमी शताब्दी तक की अनेक साहित्यिक और सास्कृतिक उपलब्धियो का मूल्याकन तथा उस युग का एक सम्पूर्ण चित्र यश स्तिलक में उतारा गया है। वास्तव में यशस्तिलक जैसे महनीय ग्रन्थ की रचना दशमी शती की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्वय सोमदेव के शब्दो मे यह एक महान अभिधानकोश है (अभिधाननिधानेऽस्मिन्, पृ० ४१८ उत्त०)।

यशस्तिलक में सामग्री की जितनी विविधता और प्रचुरता है, उतनी ही उसकी विवेचन-शैली और शब्द सम्पत्ति की दुरूहता भी। इसलिए जिस वैदुष्य और यत्न पूर्वक सोमदेव ने यशस्तिलक की रचना की शायद ही उससे कम वैदुष्य और प्रयत्न उसके हार्द को समझने में लगे। सभवतया इसी दुरूहता के कारण यशस्तिलक साधारण पाठको की पहुच से दूर बना आया, फिर भी दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत राजस्थान और गुजरात के शास्त्र भण्डारो में उपलब्ध यशस्तिलक की हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ और बाद के साहित्यकारो पर यशस्तिलक का प्रभाव इसके प्रमाण हैं कि पिछली शताब्दियो में यशस्तिलक का संपूर्ण भारतवष में मूल्याकन हुआ, किन्तु वास्तव में लगभग सहस्र वर्षों में जितना प्रसार होना चाहिए था उतना नही हुआ। और इसका बहुत बड़ा कारण इसकी दुरूहता ही लगता है।

इस शताब्दी म पीटरसन, विन्टरनित्ज और कीथ जैसे पाश्चात्य विद्वानो का ध्यान यशस्तिलक की महत्ता और उपयोगिता की ओर आकर्षित हुआ है। भारतीय विद्वानो ने भी अपनी इस निधि की ओर अब दृष्टि डाली है।

सम्पूर्ण यशस्तिलक श्रुतसागर की अपूर्ण सस्कृत टीका के साथ अभी तक केवल एक ही बार लगभग पैसठ वर्ष पूर्व (सन् १९०१, १९०३) प्रकाशित हुआ था जो अब अप्राप्य है। प्रो० कृष्णकान्त हन्दिकी का अध्ययन ग्रन्थ शोलापुर से सन १९४९ में यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर' नाम स प्रकाशित हुआ था। इसमे प्रो० हन्दिकी ने विशेष रूप से यशस्तिलक की धार्मिक और दार्शनिक सामग्री का विद्वत्तापूर्ण अध्ययन और विश्लेषण प्रस्तुत किया है। उन्होने जिस जिस विषय को लिया है, उसके विषय में नि सन्देह सोमदेव के प्रति पूरी निष्ठा विद्वत्ता और श्रम पूवक पर्याप्त और प्रामाणिक जानकारी दी है।

यशस्तिलक के जो और आशिक सस्करण निकले हैं तथा सोमदेव और यशस्तिलक पर जो फुटकर कार्य हुआ है, उस सबका लेखा जोखा लगाकर देखने पर भी मेरी समझ से यशस्तिलक के सही अध्ययन का यह श्रीगणेश मात्र है। श्रीगणेश मगलमय हुआ यह परम शुभ एव आनन्द का विषय है। वास्तव में प्रो० हन्दिकी जैसे अनेक विद्वान् जब यशस्तिलक के परिशीलन में प्रवृत्त होग तभी उसकी बहुमूल्य सामग्री का ज्ञान विज्ञान की विभिन्न शाखा-प्रशाखाओ में उपयोग किया जा सकेगा। यशस्तिलक तो विविध प्रकार की बहुमूल्य सामग्री का अक्षय भडार है। अध्येता ज्यो ज्यो इसके तल में पैठता है, उसे और और सामग्री उपलब्ध होती जाती है। इसी कारण स्वय सोमदेव ने विद्वानो को निरन्तर

आनुपूर्वी से इसका विमर्श करते रहने की मत्रणा दी है (अजस्रमनुपूर्वश कुवी विमृशन, उत्त० पृ० ४१८)।

काशी विश्वविद्यालय द्वारा पी एच० डी० के लिए स्वीकृत अपने शोध प्रबन्ध में मैंने यशस्तिलक की सांस्कृतिक सामग्री को वर्गीकृत रूप में पाँच अध्यायो में निम्नप्रकार प्रस्तुत किया है—

१ यशस्तिलक के परिशीलन की पृष्ठभूमि
२ यशस्तिलककालीन सामाजिक जीवन
३ ललितकलायें और शिल्पविज्ञान
४ यशस्तिलककालीन भूगोल
५ यशस्तिलक की शब्द सम्पत्ति

प्रथम अध्याय मे वह सामग्री दी गयी है जो यशस्तिलक के परिशीलन की पृष्ठभूमि के रूप मे अनिवार्य है। इस अध्याय मे तीन परिच्छेद है। परिच्छेद एक मे यशस्तिलक का रचनाकाल, यशस्तिलक का साहित्यिक और सास्कृतिक स्वरूप, यशस्तिलक पर अब तक हुये कार्य का लेखा जोखा, सोमदेव का जीवन और साहित्य, सोमदेव और कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार तथा देवसघ के विषय मे सक्षेप में आवश्यक जानकारी दी गयी है।

यशस्तिलक का रचनाकाल स्वय सोमदेव ने चैत्र शुक्ल त्रयोदशी शक सवत ८८१ अर्थात् सन ९५९ ई० दे दिया है। इससे यशस्तिलक क परिशीलन की वे सभी कठिनाइयाँ दूर हो जाती हैं, जो समय की अनिश्चितता के कारण साधारणत भारतीय वाङ मय के अनुशीलन में उपस्थित होती हैं।

साहित्यिक स्वरूप का विश्लेषण करते हुये मैंने लिखा है कि यशस्तिलक की रचना गद्य और पद्य में हुई है और साहित्य की इस सम्मिलित विधा को समीक्षको ने चम्पू कहा है। स्वय सोमदेव ने यशस्तिलक को महाकाव्य कहा है। वास्तव में यह अपने प्रकार की एक विशिष्ट कृति है और अपने ही प्रकार की एक स्वतत्र विधा। एक उत्कृष्ट काव्य के सभी गुण इसमें विद्यमान हैं।

यशस्तिलक का सास्कृतिक स्वरूप और भी विराट है। श्रीदेव ने यशस्तिलक पजिका मे यशस्तिलक में आये सत्ताइस विषय गिनाये हैं। मैंने लिखा है कि यदि श्रीदेव के अनुसार ही यशस्तिलक के विषयो का वर्गीकरण किया जाये तो उनकी सूची में भूगोल आदि कई विषय और भी जोडने होगे। इस सामग्री की सबसे बडी विशषता इसकी पूर्णता और प्रामाणिकता है।

यशस्तिलक और सोमदेव पर अब तक हुये कार्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुये यशस्तिलक और नीतिवाक्यामृत के अब तक प्रकाशित संस्करण, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-निबंध तथा प्रो० हन्दिकी के समीक्षा ग्रन्थ की जानकारी दी गयी है।

सोमदेव के जीवन और साहित्य का जो परिचय उपलब्ध होता है उससे उनके उज्ज्वल पक्ष का ही पता चलता है। नीतिवाक्यामृत और यश-स्तिलक उनकी उपलब्ध रचनायें हैं। षण्णवतिप्रकरण आदि चार अन्य ग्रन्थ अनुपलब्ध हैं।

नीतिवाक्यामृत के संस्कृत टीकाकार ने सोमदेव को कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार नरेश महेन्द्रदेव का अनुज बताया है। यशस्तिलक के दो पद्य भी महेन्द्रदेव और सोमदेव के सम्बन्धों की ओर संकेत करते हैं। उनका अनुपलब्ध ग्रन्थ महेन्द्रमातलिसंजल्प और सोमदेव का देवान्त नाम भी शायद इस ओर इंगित है। महेन्द्रपालदेव द्वितीय तथा सोमदेव के सम्बन्धों में कालिक कठिनाई भी नहीं आती। यशस्तिलक में राजनीति और शासन का जो विशद वर्णन है, उससे सोमदेव का विशाल राज्यतन्त्र और शासन से परिचय स्पष्ट है। इतनी सब सामग्री होते हुये भी मेरी समझ से सोमदेव को प्रतिहार नरेश महेन्द्रपालदेव का अनुज मानने के लिए अभी और अधिक ठोस साक्ष्यों की अपेक्षा बनी रहती है।

यशस्तिलक चालुक्यवंशीय अरिकेसरी के प्रथम पुत्र वद्यग की राजधानी गंगाधारा में रचा गया था। अरिकेसरिन् तृतीय के एक दानपत्र से सोमदेव और चालुक्यों के सम्बन्धों का और भी दृढ़ निश्चय हो जाता है। चालुक्य वंश दक्षिण के महाप्रतापी राष्ट्रकूटों के अधीन सामन्त पदवी धारी था। यशस्तिलक राष्ट्रकूट संस्कृति को एक विशाल दर्पण की तरह प्रतिबिम्बित करता है। जिस तरह बाणभट्ट ने हर्षचरित और कादम्बरी में गुप्त युग का चित्र उतारने का प्रयत्न किया, उसी तरह सोमदेव ने यशस्तिलक में राष्ट्र-कूट युग का।

सोमदेव देव संघ के साधु थे। अरिकेसरी के दानपत्र में उन्हें गौड संघ का कहा गया है। वास्तव में ये दोनों एक ही संघ के नाम थे। देव संघ अपने युग का एक विशिष्ट जैन साधुसंघ था। सोमदेव के गुरु, नेमिदेव ने सैकड़ों महावादियों को वाग्युद्ध में पराजित किया था। सोमदेव को यह सब विरासत

में मिला। यही कारण है कि उनके लिए भी वाग्भिपचानन, तार्किकचक्रवर्ती आदि विशेषण प्रयुक्त किये गये हैं।

इस सम्पूर्ण समाग्री को प्रमाणक साक्ष्यों के साथ पहले परिच्छेद में दिया गया है।

परिच्छेद दो मे यशस्तिलक की सक्षिप्त कथा दी गयी है तथा उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला गया है। महाराज यशोधर के आठ जन्मों की कहानी का सूत्र यशस्तिलक के प्रासंगिक विस्तृत वर्णनों में कहीं खो न जाये, इसलिए सक्षिप्त कथा का जान लेना आवश्यक है।

कथा के माध्यम से सिद्धान्त और नीति की शिक्षा की परम्परा प्राचीन है। यशस्तिलक की कथा का उद्देश्य हिंसा के दुष्प्रभाव को दिखाकर जनमानस में अहिंसा के उच्च आदर्श की प्रतिष्ठा करना था। यशोधर को आटे के मुर्गे की बलि देने के कारण छह जन्मों तक पशुयोनि में भटकना पड़ा तो पशुबलि या अन्य प्रकार की हिंसा का तो और भी दुष्परिणाम हो सकता है। सोमदेव ने बड़ी कुशलता के साथ यह भी दिखाया है कि संकल्पपूर्वक हिंसा करने का त्याग गृहस्थ को विशेष रूप से करना चाहिए। कथावस्तु की यही सांस्कृतिक पृष्ठभूमि है।

परिच्छेद तीन मे यशोधरचरित्र की लोकप्रियता का सर्वेक्षण है। यशोधर की कथा मध्ययुग से लेकर बहुत बाद तक के साहित्यकारों के लिए एक प्रिय और प्रेरक विषय रहा है। कालिदास ने अवन्ति जनपद के उदयन कथा कोविद ग्रामवृद्धों की बात कही थी, यशोधर कथा के विशेषज्ञ मनीषी आठवीं शती के भी बहुत पहले से लेकर लगभग आजतक यशोधर की कथा कहते आये। उद्योतन सूरि (७७९ ई०) ने प्रभञ्जन के यशोधरचरित्र का उल्लेख किया है। हरिभद्र की समराइच्चकहा में यशोधर की कथा आयी है। बाद के साहित्यकारों ने प्राकृत, संस्कृत अपभ्रंश पुरानी हिन्दी गुजराती, राजस्थानी तमिल और कन्नड भाषाओं में यशोधरचरित्र पर अनेक ग्रन्थों की रचना की। प्रो०पी०एल० वैद्य ने जसहरचरिउ की प्रस्तावना में उन्तीस ग्रन्थों की जानकारी दी थी। मेरे सर्वेक्षण से यह संख्या चौवन तक पहुँची है। अनेक शास्त्र भण्डारों की सूचियाँ अभी भी नहीं बन पायी। इसलिए सम्भव है अभी और भी कई ग्रन्थ यशोधर कथा पर उपलब्ध हों।

द्वितीय अध्याय मे यशस्तिलककालीन सामाजिक जीवन का विवेचन है। इसमे बारह परिच्छेद हैं।

परिच्छेद एक मे समाज गठन और यशस्तिलक मे उल्लिखित

सामाजिक व्यक्तियों के विषय में जानकारी दी गयी है। सोमदेवकालीन समाज अनेक वर्गों में विभक्त था। वर्ण-व्यवस्था की प्राचीन श्रौत स्मार्त मा यतायें प्रचलित थी। समाज और साहित्य दोनो पर इन मान्यताओ का प्रभाव था। ब्राह्मण के लिए यशस्तिलक में ब्राह्मण द्विज विप्र, भूदेव श्रोत्रिय वाडव, उपाध्याय, मौहूर्तिक देवभोगी, पुरोहित और त्रिवेदी शब्द आये हैं। ये नाम प्राय उनके कार्यों के आधार पर थे।

क्षत्रिय के लिए क्षत्र और क्षत्रिय शब्द आय हैं। पौरुष सापेक्ष्य और राज्य सचालन आदि काय क्षत्रियोचित माने जाते थे।

वैश्य के लिए वैश्य, वणिक, श्रेष्ठि और साथवाह शब्द आये हैं। ये देशी व्यापार के अतिरिक्त टाडा बाँधकर विदेशी व्यापार के लिए जाते थे। श्रेष्ठ व्यापारी को राज्य की ओर से राज्यश्रेष्ठी पद दिया जाता था।

शूद्र के लिए यशस्तिलक मे शूद्र, अन्त्यज और पामर शब्द आये हैं। प्राचीन मा यताओ की तरह सोमदव के समय भी अन्त्यजो का स्पर्श वजनीय माना जाता था और व राज्य संचालन आदि के अयोग्य समझे जाते थे।

अ य सामाजिक व्यक्तिया मे सोमदेव ने हलायुधजीवि, गोप, अजपाल, गोपाल, गोध, तक्षक, मालाकार, कौलिक ध्वजिन निपाजीव, रजक, दिवाकीर्ति आस्तरक, सवाहक, धीवर, चमकार, नट या शैलूष चाण्डाल, शबर, किरात, वनेचर और मातग का उल्लेख किया है। इस परिच्छेद में इन सब पर प्रकाश डाला गया है।

परिच्छेद दो में जैनाभिमत वर्णव्यवस्था और सोमदेव की मान्यताओं पर विचार किया गया है। सिद्धान्त रूप से जैन धम में वर्णव्यवस्था की श्रौत-स्मार्त मा यताय स्वीकृत नही हैं। कमग्र था में वर्ण जाति और गोत्र की व्याख्या प्रचलित व्याख्याओ से सवथा भिन्न है। इसी प्रकार जैन ग्रन्थो में चतुर्वण की व्याख्या भी कमणा की गयी है। सिद्धान्त रूप से मान्यताओ का यह रूप होते हुए भी व्यवहार म जैन समाज में भी श्रौत स्मात मा यतायें प्रचलित थी। इसलिए सोमदेव ने चिन्तन दिया कि गृहस्थ के लौकिक और पारलौकिक दो धम हैं। लोकधर्म लौकिक मान्यताओ के अनुसार तथा पारलौकिक धर्म आगमो के अनुसार मानना चाहिए। प्राचीन कर्मग्रन्थो से लेकर सोमदेव तक के जैन साहित्य के परिप्रेक्ष्य में इस विषय पर विचार किया गया है।

परिच्छेद तीन मे आश्रम व्यवस्था और सन्यस्त व्यक्तियों का विवेचन है। आश्रम व्यवस्था की प्राचीन मान्यताय प्रचलित थी। ब्रह्मचर्य आश्रम

की समाप्ति पर सोमदेव ने गोदान का उल्लेख किया है। बाल्यावस्था में संन्यस्त होने का निषेध किया जाता रहा है, पर इसके भी पर्याप्त अपवाद रहे हैं। यशस्तिलक के प्रमुख पात्र अभयरुचि और अभयमति भी छोटी अवस्था में प्रव्रजित हो गये थे। संन्यस्त व्यक्तियों के लिए आजीवक कर्मन्दी कापालिक, कौल, कुमारश्रमण, चित्रशिखंडि, ब्रह्मचारी, जटिल, देशयति, देशक, नास्तिक, परिव्राजक, पाराशर, ब्रह्मचारी, भविल, महाव्रती, महासाहसिक मुनि मुमुक्षु यति, यागज्ञ योगी, वैखानस, शंसितव्रत, श्रमण साधक, साधु और सूरि शब्दों का प्रयोग हुआ है। इनके अतिरिक्त सोमदेव ने कुछ और नामों की व्युत्पत्तियाँ दी हैं। इनमें से अधिकांश अपने अपने सम्प्रदाय विशेष को व्यक्त करते हैं। इनके विषय में संक्षेप में जानकारी दी गयी है।

परिच्छेद चार में पारिवारिक जीवन और विवाह की प्रचलित मान्यताओं पर प्रकाश डाला गया है। सोमदेवकालीन भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली का प्रचलन था। सोमदेव ने चिरपरिचित पारिवारिक सम्बन्ध पति, पत्नी, पुत्र आदि का सुंदर वर्णन किया है। बालक्रीडाओं का जैसा हृदयग्राही वर्णन यशस्तिलक में है, वैसा अन्यत्र कम मिलता है। स्त्री के भगिनी, जननी दूतिका सहचरी, महानसकी, धातृ, भार्या आदि रूपों पर प्रकाश डाला गया है।

यशस्तिलक में विवाह के दो प्रकारों का उल्लेख है। प्राचीन राजे महाराजे तथा बहुत बड़े लोगों में स्वयंवर की प्रथा थी। स्वयंवर के आयोजन की एक विशेष विधि थी। माता पिता द्वारा जो विवाह आयोजित होते थे उनमें भी अनेक बातों का ध्यान रखा जाता था। सोमदेव ने बारह वर्ष की कन्या तथा सोलह वर्ष के युवक को विवाह योग्य बताया है। बाल विवाह की परम्परा स्मृति-काल से चली आयी थी। स्मृति ग्रन्थों में अरजस्वला कन्या के ग्रहण का उल्लेख है। अलबरूनी ने भी लिखा है कि भारतवर्ष में बाल विवाह की प्रथा थी। इस परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विवेचन किया गया है।

परिच्छेद पाँच में यशस्तिलक में आयी खान पान विषयक सामग्री का विवेचन है। सोमदेव की इस सामग्री की त्रिविध उपयोगिता है। एक तो इससे खाद्य और पेय वस्तुओं की लम्बी सूची प्राप्त होती है दूसरे दशमी शती में भारतीय परिवारों, विशेषकर दक्षिण भारत के परिवारों की खान पान व्यवस्था का पता चलता है। तीसरे ऋतुओं के अनुसार संतुलित और स्वास्थ्यकर भोजन की व्यवस्थित जानकारी प्राप्त होती है। पाक विद्या के विषय में भी सोमदेव ने पर्याप्त जानकारी दी है। शुद्ध और संसर्ग भेद से त्रेसठ प्रकार के व्यंजन बनाये

जा सकते हैं। सूपशास्त्र विशेषज्ञ पौरोगव का भी उल्लेख है। बिना पकायी खाद्य सामग्री में गोधूम, यव, दीदिवि, श्यामाक, शालि, कलम यवनाल चिपिट, सक्तु, मुद्ग, माष, विरसाल तथा द्विदल का उल्लेख है। भोजन के साथ जल किस अनुपात में पीना चाहिए, जल को अमृत और विष क्यों कहा जाता है, ऋतुओं के अनुसार वापी, कूप, तडाग, कहाँ का जल पीना उपयुक्त है, जल को संसिद्ध कैसे किया जाता है, इसकी जानकारी विस्तार से दी गयी है।

मसालों में दरद क्षपारस, मरिच, पिप्पली, राजिका तथा लवण का उल्लेख है। स्निग्ध पदार्थ गोरस तथा अन्य पेय सामग्री में घृत आज्य, तेल, दधि, दुग्ध नवनीत, तक्र, कलि या अवन्ति सोम नारिकेलफलाम्भ, पानक तथा शर्कराढयपय का उल्लेख है। घृत, दुग्ध, दधि तथा तक्र के गुणों को सोमदेव ने विस्तार से बताया है। मधुर पदार्थों में शर्करा, सिता गुड तथा मधु का उल्लेख है। साग-सब्जी और फलों की तो एक लम्बी सूची आयी है– पटोल, कोहल, कारवेल वृन्ताक, बाल कदल, जीवन्ती, कन्द, किसलय बिस, वास्तूल, तण्डुलीय, चिल्ली चिर्भटिका मूलक, आर्द्रक, धात्रीफल, एर्वारु अलावू, कर्कारु, मालूर चक्रक, अग्निदमन, रिंगणीफल, आम्र आम्रातक, पिचुमन्द, सोभाजन, बृहतीवार्ताक, एरण्ड पलाण्डु, वल्लक, रालक, कोकुन्द काकमाची, नागरंग, ताल मन्दर, नागवल्ली, बाण, आसन, पूग, अक्षोल, खर्जूर लवली जम्बीर, अश्वत्थ कपित्थ नमेरु, पारिजात, पनस ककुभ, वट, कुरवक जम्बू दर्भरीक पुण्ड्रेक्षु मृद्वीका नारिकेल उदम्बर तथा प्लक्ष।

तैयार की गया सामग्री में भक्त सूप, शष्कुली, समिध या समिता, यवागू, मोदक, परमान्न, खाण्डव रसाल आमिक्षा पक्वान्न अवदंश, उपदेश, सर्पिषिस्नात अगारपाचित, दध्नापरिप्लुत, पयसा विशुष्क तथा पत्रट के उल्लेख हैं।

मांसाहार तथा मांसाहार निषेध का भी पर्याप्त वर्णन है। जैन मांसाहार के तीव्र विरोधी थे किन्तु कौल कापालिक आदि सम्प्रदायों में मांसाहार धार्मिक रूप से अनुमत था। बध्य पशु, पक्षी तथा जलजन्तुओं में मेष महिष, मय मातंग, मितद्रु, कुम्भीर, मकर मालूर कुलीर, कमठ पाठीन भेरुण्ड क्रौंच, कोक, कुक्कुट कुरर कलहंस, चमर, चमूरु हरिण हरि, वृक, वराह, वानर तथा गोखुर के उल्लेख हैं। मांसाहार का ब्राह्मण परिवारों में भी प्रचलन था। यज्ञ और श्राद्ध के नाम पर मांसाहार की धार्मिक स्वीकृति मान ली गयी थी। इस परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विवेचन किया गया है।

परिच्छेद छह में स्वास्थ्य, रोग और उनकी परिचर्या विषयक सामग्री का विवेचन है। खान पान और स्वास्थ्य का अन य संबंध है। जठ राग्नि पर भोजनपान निर्भर करता है। मनुष्यो की प्रकृति भिन्न भिन्न प्रकार की होती है। ऋतु के अनुमार प्रकृति में परिवतन होता रहता है। इसलिए भोजन पान आदि की व्यवस्था ऋतुओ के अनुसार करना चाहिए। भोजन का समय सहभोजन, भोजन के समय वर्जनाय व्यक्ति, भोज्य और अभोज्य पदार्थ, विष युक्त भोजन, भोजन करने की विधि। नोहार या मलमूत्रविसर्जन अभ्यग, उद्वतन, व्यायाम तथा स्नान इत्यादि के विषय में यशस्तिलक में पर्याप्त सामग्री आयी है। इस सबका इस परिच्छेद में विवेचन किया गया है।

रोगो में अजीर्ण अजीर्ण के दो भेद विदाहि और दुजर, दृग्माद्य वमन ज्वर भगन्दर गुल्म तथा सितश्वित के उल्लेख हैं। इनके कारणो तथा परिचर्या के विषय में भी प्रकाश डाला गया है।

औषधियो में मागधी अमृता, सोम, विजया, जम्बूक, सुदशना, मरुद्भव अजु न, अभीरु, लक्ष्मी, वती तपस्विनि च द्रलेखा, कलि, अर्क अरिभेद शिव प्रिय, गायत्री, ग्रथिपर्ण तथा पारदरस की जानकारी आयी है। सोमदेव ने आयुर्वेद के अनेक पारिभाषिक शब्दो का भी प्रयोग किया है। इस सब पर इस परिच्छद में प्रकाश डाला गया है।

परिच्छेद सात म यशस्तिलक मे उल्लिखित वस्त्रो तथा वेशभूषा का विवेचन ह। सोमदेव ने बिना सिले वस्त्रो में नत्र चीन चित्रपटी, पटोल, रल्लिका, दुकूल अशुक तथा कौशेय का उल्लेख किया है। नेत्र के विषय में सव प्रथम डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने हषचरित के सास्कृतिक अध्ययन में विस्तार से जानकारी दा थी। नेत्र का प्राचीनतम उल्लेख कालिदास के रघुवश का है। बाण ने भी नेत्र का उल्लेख किया है। उद्योतनसूरि कृत कुवलयमाला (७७९ ई०) में चीन से आने वाले वस्त्रा में नेत्र का भी उल्लेख है। वर्णरत्नाकर में इसक चौदह प्रकार बताये हैं। चौदहवी शती तक बगाल में नेत्र का प्रचलन था। नेत्र की पाचूडी ओढी सौर बिछायी जाती थी। जायसी ने पदमावत में कई बार नेत्र का उल्लेख किया है। गोरखनाथ क गीतो तथा भोजपुरी लोक गीतो में नेत्र का उल्लेख मिलता है। चीन देश से आने वाले वस्त्र का चीन कहा जाता था। भारत में चीनी वस्त्र आने के प्राचीनतम प्रमाण ईसा पूव पहली शताब्दी के मिलते हैं। डॉ० मोतीचन्द्र ने इस विषय पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। कालिदास ने शाकुन्तल में चीनांशुक का उल्लेख

किया है। बृहत्कल्पसूत्र की वृत्ति में इसकी व्याख्या आयी है। चीन और वाह्लीक से और भी कई प्रकार के वस्त्र आते थे। चित्रपट सम्भवतया वे जामदानी वस्त्र थे, जिनकी बिनावट में ही पशु पक्षियो या फूल-पत्तियों की भाँत डाल दी जाती थी। बाण ने चित्रपट के तकियो का उल्लेख किया है। पटोल गुजरात का एक विशिष्ट वस्त्र था। आज भी वहाँ पटोला साडी का प्रचलन है। रल्लिका रल्लक नामक जगली बकरे के ऊन से बना बहुकीमती वस्त्र था। युवागच्यांग ने भी इसका उल्लेख किया है। वस्त्रों में सबसे अधिक उल्लेख दुकूल के हैं। आचारांग चूर्णि तथा निशीथ चूर्णि में दुकूल की व्याख्या आयी है। पौण्ड्र तथा सुवर्णकुडया के दुकूल विशिष्ट होते थे। दुकूल की बिनाई दुकूल का जोडा पहनने का रिवाज, हंसमिथुन लिखित दुकूल के जोडे, दुकूल के जोडे पहनने की अन्य साहित्यिक साक्षी, दुकूल की साडियाँ पलगपोश, तकिया के गिलाफ, दुकूल और क्षौम वस्त्रों में अन्तर और समानता इत्यादि का इस परिच्छेद में पर्याप्त विवेचन किया गया है। अशुक एक प्रकार का महीन वस्त्र था। यह कई प्रकार का होता था। सफेद तथा रंगीन सभी प्रकार का अशुक बनता था। भारतीय और चीनी अशुक की अपनी अपनी विशेषतायें थी। कौशेय कोशकार कीडो से उत्पन्न रेशम से बनता था। इन कीडो की चार योनियाँ बतायी गयी हैं। उन्हीं के अनुसार कौशय भी कई प्रकार का होता था।

पहनने के वस्त्रो में सोमदेव ने कचुक वारबाण चोलक चण्डातक, उष्णीष कोपीन, उत्तरीय चीवर, आवान, परिधान उपसव्यान और गुह्या का उल्लेख किया है। कचुक एक प्रकार के लम्बे कोट को कहा जाता था और स्त्रियो की चोली को भी। सोमदेव ने चोली के अर्थ में कंचुक का उल्लेख किया है। वारबाण घुटना तब पहुँचने वाला एक शाही कोट था। भारतीय वेशभूषा में यह सासानी ईरान की वेशभूषा से आया। वारबाण पहलवी भाषा का सस्कृत रूप है। शिल्प तथा मृण्मूर्तियो में वारबाण के अङ्कन मिलते हैं। स्त्री और पुरुष दोनो वारबाण पहनते थ। वारबाण जिरहबख्तर को भी कहते थे, किन्तु सोमदेव न कोट के अर्थ में ही प्रयोग किया है। भारतीय साहित्य में वारबाण के उल्लेख कम ही मिलते हैं। चोलक भी एक प्रकार का कोट था। यह और कोटों की अपेक्षा सबसे अधिक लम्बा और ढीला बनता था। इसे सब वस्त्रो के ऊपर पहनते थे। उत्तर पश्चिम भारत में शीत के समय चोला या चोलक पहनने का रिवाज अब भी है। भारत में चोलक सभवतया मध्य एशिया से शक लोगो के साथ आया और यहाँ की वेशभूषा में समा गया। भारतीय शिल्प में इस

प्रकार के कोट पहने मूर्तियाँ मिलती हैं। कण्डातक एक प्रकार का घघरीनुमा वस्त्र था। इसे स्त्री और पुरुष दोनों पहनते थे। उष्णीष पगड़ी को कहते थे। भारत में विभिन्न प्रकार की पगड़ियाँ बाँधने का रिवाज प्राचीनकाल से चला आया है। छोटे चादर या दुपट्टा को कोपीन कहते थे। उत्तरीय ओढ़नेवाला चादर था। चीवर बौद्ध भिक्षुओं के वस्त्र कहलाते थे। आश्रमवासी साधुओं के वस्त्रों के लिए सोमदेव ने प्रावार कहा है। परिधान पुरुष की धोती को कहते थे। बुन्देलखण्ड की लोकभाषा में इसका परदनिया रूप अब भी सुरक्षित है। उपसंव्यान छोटे अंगोछे को कहते थे। गुह्य कछुटिया या लंगोट था। हंसतूलिका रुई भरे गद्दे को कहा जाता था। उपधान तकिया के लिए बहु प्रचलित शब्द था। कन्था पुराने कपड़ों को एक साथ सिलकर बनायी गयी रजाई या गदरी थी। नमत ऊनी नमदे थे। निचोल बिस्तर पर बिछाने का चादर कहलाता था। सिचयोल्लोच चन्द्रातप या चंदोवा को कहते थे। इस परिच्छेद में इन समस्त वस्त्रों के विषय में प्रमाणिक सामग्री के साथ पर्याप्त प्रकाश डाला गया है।

परिच्छेद आठ में यशस्तिलक में उल्लिखित आभूषणों का परिचय दिया गया है। भारतीय अलंकारशास्त्र की दृष्टि से यह सामग्री महत्त्वपूर्ण है। सोमदेव ने सिर के आभूषणों में किरीट, मौलि पट्ट और मुकुट का उल्लेख किया है। किरीट, मौलि और मुकुट भिन्न भिन्न प्रकार के मुकुट थे। किरीट प्राय इन्द्र तथा अन्य देवी देवताओं के मुकुट को कहा जाता था। मौलि प्राय राजे पहनते थे तथा मुकुट महासामन्त। पट्ट सिर पर बाँधने का एक विशेष आभूषण था जो प्राय सोने का बनता था। बृहत्संहिता में पाँच प्रकार के पट्ट बताये हैं।

कर्णाभूषणों में सोमदेव ने अवतंस, कर्णपूर, कर्णिका कर्णोत्पल तथा कुंडल का उल्लेख किया है। अवतंस प्राय पल्लव या पुष्पों के बनते थे। सोमदेव ने पल्लव चम्पक, कचनार, उत्पल तथा कैरव के बने अवतंसों के उल्लेख किये हैं। एक स्थान पर रत्नावतंसों का भी उल्लेख है। कर्णपूर पुष्प के आकार का बनता था। देशी भाषा में अभी इसे कनफूल कहा जाता है। कर्णिका तालपत्र के आकार का कर्णाभूषण था। आजकल इसे तिकोना कहते हैं। उत्पल के आकार का बना कर्ण का आभूषण कर्णोत्पल कहलाता था। कुण्डल कुड्मल तथा गोल बाली के आकार के बनते थे। इसमें कानों को लपेटने के लिए एक पतली जंजीर भी लगी रहती थी। बुंदेलखंड में इस प्रकार के कुण्डलों का देहातों में अब भी रिवाज है।

गले में पहनने के आभूषणों में एकावली, कठिका, मौलिकदाम, हार तथा हारयष्टि का उल्लेख है। एकावली मोतियों की इकहरी माला को कहते थे। सोमदेव ने इसे समस्त पृथ्वीमंडल को वश में करने के लिए आदेशमाला के समान कहा है। गुप्त युग से ही विशिष्ट आभूषणों के विषय में अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हो गयी थीं। एकावली के विषय में बाण ने एक रोचक किंवदन्ती का उल्लेख किया है। कठिका कंठी को कहते थे। हार अनेक प्रकार के बनते थे। सोमदेव ने आठ बार हार का उल्लेख किया है। हारयष्टि संभवतया आगुल्फ लम्बा हार कहलाता था। मौलिकदाम मोतियो की माला को कहते थे।

भुजा के आभूषणों में अंगद और केयूर का उल्लेख है। केयूर भुजा के शीर्ष भाग में पहना जाता था। अंगद बहुत चुस्त होने के कारण ही संभवतया अंगद कहलाता था। स्त्री और पुरुष दोनों अंगद पहनते थे। कलाई के आभूषणों में कंकण और वलय का उल्लेख है। कंकण प्राय सोने आदि के बनते थे और वलय सींग, हाथीदाँत या काँच के। हाथ की अंगुली में पहना जाने वाला गोल छला उर्मिका कहलाता था। अंगुलीयक भी अंगुली में पहना जानेवाला आभूषण था। कटि के आभूषणों में काँची, मेखला, रसना, सारसना तथा घघरमालिका का उल्लेख है। ये सब करधनी के ही भिन्न भिन्न प्रकार थे। मंजीर, हिंजीरक, नूपुर तुलाकोटि और हंसक पैरों में पहनने के आभूषण थे। इस परिच्छेद में इन सब आभूषणों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई है।

परिच्छेद नव में केश विन्यास, प्रसाधन सामग्री तथा पुष्प प्रसाधन की सुकुमार कला का विवेचन है। सिर धोने के बाद स्त्रियाँ सुगंधित धूप के धुये से केशों को धूपायित करती थी। इससे केश भमरे हो जाते थे। भमरे केशों को अपनी रुचि के अनुसार अलकजाल, कुन्तलकलाप, केशपाश, चिकुरभंग, धम्मिलविन्यास, मौली, सीमन्तसन्तति, वेणीदंड, जटाजूट या कबरी की तरह सँवार लिया जाता था। केश सँवारने के ये विभिन्न प्रकार थे। कला, शिल्प और मृण्मूर्तियों में इनका अंकन मिलता है। इस परिच्छेद में इन सबका परिचय दिया गया है।

प्रसाधन सामग्री में अंजन, अलक्तक, कज्जल, अगुरु, कक्कोल, कुंकुम, कर्पूर, चन्द्रकवल, तमालदलधूलि, ताम्बूल, पटवास, मन सिल, मृगमद, यक्षकर्दम, हरिरोहण, तथा सिन्दूर का उल्लेख है। पुष्पप्रसाधन में पुष्पों के बने विभिन्न प्रकार के अलंकारों के नाम आये हैं। जैसे– अवतंसकुवलय, कमलकेयूर,

कदलीप्रवालमेखला, कर्णोत्पल, कर्णपूर या कर्णफूल, मृणालवलय, पुन्नागमाला, बधूकनूपुर शिरीषजघालकार, शिरीषकुसुमदाम, विचकिलहारयष्टि तथा कुरवक-मुकुलस्रक । इन सबके विषय में प्रस्तुत परिच्छेद में जानकारी दी गयी है ।

परिच्छेद दश मे शिक्षा और साहित्य विषयक सामग्री का विवेचन है । बाल्यावस्था शिक्षा का उपयुक्त समय माना जाता था । गुरुकुल प्रणाली शिक्षा का आदर्श थी । शिक्षा समाप्ति के बाद गोदान दिया जाता था । शिक्षा के अनेक विषयो का सोमदेव ने उल्लेख किया है । अमृतमति महारानी की द्वारपालिका को समस्त देशो की भाषा और वेश की जानकार कहा गया है । तर्कशास्त्र, पुराण काव्य व्याकरण गणित, शब्दशास्त्र धर्माख्यान, प्रमाणशास्त्र, राजनीति गज और अश्व शिक्षा, रथ, वाहन और शस्त्रविद्या, रत्नपरीक्षा, सगीत नाटक, चित्रकला आयुर्वेद युद्धविद्या तथा कामशास्त्र शिक्षा के प्रमुख विषय थे । इन्द्र जैनेन्द्र, चन्द्र, अपिशल पाणिनी तथा पतजलि के व्याकरणो का अध्ययन अध्यापन होता था । पाणिनी के विषय में सोमदेव ने एक महत्त्व पूर्ण जानकारी दी है । इनके पिता का नाम पणि या पाणि था । इसीलिए इन्हे पणिपुत्र भी कहा जाता था । गणित का सोमदेव ने प्रसख्यान शास्त्र कहा है । सोमदेव के समय प्रमाणशास्त्र के रूप में अकलक न्याय की प्रतिष्ठा हो चुकी थी । राजनीति में गुरु, शुक्र विशालाक्ष, परीक्षित, पाराशर भीम, भीष्म तथा भारद्वाज रचित नीतिशास्त्रो का उल्लेख है । सोमदेव ने गजविद्या में यशोधर को रोमपाद की तरह कहा है । रोमपाद के अतिरिक्त गजविद्या विशेषज्ञो म इभचारी याज्ञवल्क्य, वाद्धलि (वाहलि) नर, नारद, राजपुत्र तथा गौतम का उल्लेख है । कुल मिलाकर यशस्तिलक में गजविद्या विषयक प्रभूत सामग्री है । गजोत्पत्ति की पौराणिक अनुश्रुति उत्तम गज के गुण, गजो के भद्र, मन्द, मृग और सकीर्ण भेद गजा की मदावस्था, उसके गुण दोष और चिकित्सा गज परिचारक गजशिक्षा इत्यादि के विषय में सोमदेव ने विस्तार से लिखा है । मैंने उपलब्ध गजशास्त्रो से इसकी तुलना करके देखा है कि यह सामग्री एक स्वतन्त्र गजशास्त्र के लिए पर्याप्त है । गजशास्त्र की तरह अश्वशास्त्र पर भी सोमदेव ने विस्तार से प्रकाश डाला है । राजाश्व के वर्णन में केवल एक प्रसंग में ही पर्याप्त जानकारी दे दी है । रैवत और शालिहोत्र अश्वशास्त्र विशेषज्ञ माने जाते थे । सोमदेव ने अश्व के इकतालीस गुणो की परीक्षा करना अपेक्षित बताया है । यशस्तिलक में इन सभी गुणो के विषय में पर्याप्त जानकारी दी गयी है । अश्वशास्त्र के साथ तुलना करने पर यह

सामग्री और भी महत्त्वपूर्ण और उपयोगी सिद्ध होती है। रत्नपरीक्षा में शुकनास का उल्लेख है। वैद्यक या आयुर्वेद में काशिराज धन्वन्तरि, चारायण, निमि धिषण तथा चरक का उल्लेख है। रोग और उनकी परिचर्या नामक परिच्छेद में इनके विषय में विशेष जानकारी दी है। ससर्गविद्या या नाट्यशास्त्र, चित्रकला, तथा शिल्पशास्त्र विषयक सामग्री भी यशस्तिलक में पर्याप्त और महत्त्वपूर्ण है। ललित-कलायें और शिल्प विज्ञान नामक तीसरे अध्याय में इस सामग्री का विवेचन किया गया है। कामशास्त्र को सोमदेव ने कन्तुसिद्धान्त कहा है। यशस्तिलक में इसकी सामग्री बिखरी पड़ी है। भोगावलि राजस्तुति को कहते थे। काव्य और कवियो में सोमदेव ने अपने पूर्ववर्ती अनेक महाकवियों का उल्लेख किया है। उर्व, भारवि, भवभूति, भर्तृहरि, भर्तृमेण्ठ कण्ठ गुणाढ्य, व्यास, भास, वोस कालिदास, बाण, मयूर, नारायण कुमार, माघ तथा राजशेखर का एक साथ एक ही प्रसङ्ग में उल्लेख है। सोमदेव द्वारा उल्लिखित ग्रहिल, नीलपट, त्रिदश, कोहल, गणपति, शंकर, कुमुद तथा केकट के विषय में अभी हमें विशष जानकारी नहीं उपलब्ध होती। वररुचि का भी एक पद्य उद्धृत किया गया है। दार्शनिक और पौराणिक शिक्षा और साहित्य की तो यशस्तिलक खान है। प्रो हन्दिकी ने इस सामग्री का विस्तार से विवेचन किया है, हमने उसकी पुनरावृत्ति नहीं की।

परिच्छेद ग्यारह मे आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। सोमदेव ने कृषि, वाणिज्य, सार्थवाह नौ सन्तरण और विदेशी व्यापार, विनिमय के साधन, न्यास आदि के विषय में पर्याप्त सामग्री दी है। काली जमीन विशेष उपजाऊ होती है। सुलभ जल, सहज प्राप्य श्रमिक, कृषि के उपयोगी उपकरण, कृषि की विशेष जानकारी तथा उचित कर कृषि की समृद्धि में कारण होते हैं। तभी वसु धरा पृथ्वी चि तामणि की तरह धान्य सम्पत्ति लुटाती है।

वाणिज्य मे सोमदेव ने स्थानीय तथा विदेशी व्यापार का उल्लेख किया है। स्थानीय व्यापार के लिए प्राय प्रत्येक चीज का अलग अलग बाजार या हाट होता था। बड़े बड़े व्यापारिक केन्द्र पेण्ठास्थान कहलाते थे। देश देश के व्यापारी आकर इन पेण्ठास्थानो में अपना रोजगार करते थे। पेण्ठास्थानो का संचालन राज्य की ओर से होता था या किसी विशेष व्यक्ति द्वारा। इनमें व्यापारियों को हर तरह की सुविधा दी जाती थी। मध्य युग में जो व्यापारिक प्रगति हुई उसमें इन व्यापारिक मण्डियो का विशेष हाथ था।

भारतवर्ष में व्यापार करने के लिए जिस प्रकार विदेशी सार्थ आते थे उसी

प्रकार भारतीय सार्थ टाड़ा बांधकर विदेशी व्यापार के लिए निकलते थे। सोमदेव ने ताम्रलिप्ति तथा सुवर्णद्वीप के व्यापार को जानेवाले सार्थों का उल्लेख किया है।

सोमदेव के युग में वस्तु विनिमय तथा मुद्रा के माध्यम से विनिमय की प्रणाली थी। पिछड़े क्षेत्रों में वस्तु विनिमय चलता था। मुद्राओं में सोमदेव ने निष्क, कार्षापण तथा सुवर्ण का उल्लेख किया है। निष्क वैदिक युग में एक स्वर्णाभूषण था, किन्तु बाद में एक नियत स्वर्ण मुद्रा बन गया। मनुस्मृति में निष्क को चार स्वर्ण या तीन सौ बीस रत्ती के बराबर कहा गया है। कार्षापण चांदी का सिक्का था। मनुस्मृति में इसे राजतपुराण और धरण कहा है। पुराण का वजन बत्तीस रत्ती होता था। कार्षापण की फुटकर खरीद भी होती थी। सुवर्ण निष्क की तरह एक सोने का सिक्का था। अनगढ़ सोने को हिरण्य कहते थे, और जब उसी के सिक्के ढाल लिए जाते तो वे सुवर्ण कहलाते थे। मनुस्मृति के अनुसार स्वर्ण का वजन अस्सी रत्ती या सोलह माषा होता था।

सोमदेव ने न्यास या धरोहर रखने का भी उल्लेख किया है। आचार, व्यवहार तथा विश्वास के लिए विश्रुत व्यक्ति के यहाँ न्यास रखा जाता था। यदि न्यास रखने वाले की नियत खराब हो जाये और वह समझ ले कि न्यास रखनेवाले के पास ऐसा कोई प्रमाण नही जिसके आधार पर वह कह सके कि उसने अमुक वस्तु उसके पास न्यास रखी है, तो वह न्यास को हड़प जाता था।

भृति या सेवावृत्ति के विषय में लोगो की भावना अच्छी नही थी। विवश होकर आजीविका के लिए सेवावृत्ति स्वीकार भले ही कर ली जाये, किन्तु उसे अच्छा नही माना जाता था। ग्यारहवें परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विवेचन है।

परिच्छेद बारह मे यशस्तिलक में उल्लिखित शस्त्रास्त्रों का विवेचन है। सोमदेव ने छत्तीस प्रकार के शस्त्रास्त्रों का उल्लेख किया है। इन उल्लेखो की एक बडी विशेषता यह है कि इनसे अधिकाश शस्त्रास्त्रो का स्वरूप, उनके प्रयोग करने के तरीके तथा कतिपय अन्य बातों पर भी प्रकाश पड़ता है। धनुष, असिधनुका, कतरी, कटार, कृपाण, खड्ग, कौक्षेयक या करवाल, तरवारि, भुसुण्डी, मंडलाग्र असिपत्र, अशनि, अंकुश, कणय, परशु या कुठार, प्रास, कुन्त, भिन्दिपाल, करपत्र, गदा, दुस्फोट या मुसल, मुद्गर, परिघ, दण्ड, पट्टिस, चक्र, भ्रमिल, यष्टि, लांगल, शक्ति, त्रिशूल, शकु, पाश, वागुरा, क्षेपणिहस्त तथा गोलधर के विषय में इस परिच्छेद में पर्याप्त जानकारी दी गयी है।

तृतीय अध्याय में ललित कलाओं तथा शिल्प विज्ञान विषयक सामग्री का विवेचन है। इसमें सब चार परिच्छेद हैं।

परिच्छेद एक में संगीत, वाद्य-यन्त्र तथा नृत्यकला का विवेचन है। सोमदेव ने यशोधर को गीतगन्धर्वचक्रवर्ती कहा है। यशोधर का हस्तिपक, जिसकी ओर महारानी आकृष्ट हुई, संगीत में माहिर था। संगीत और स्वरलहरी का अनन्य सम्बन्ध है। सोमदेव ने सप्त स्वरों का उल्लेख किया है।

वाद्य यन्त्रों में यशस्तिलक के उल्लेख विशेष महत्त्व के हैं। वाद्यों के लिए सम्मिलित शब्द आतोद्य था। संगीतशास्त्र की तरह सोमदेव ने भी वाद्यों के घन सुषिर तत और अवनद्ध, ये चार भेद बताये हैं। सोमदेव ने तेईस वाद्य-यन्त्रों की जानकारी दी है। शंख, काहला, दुन्दुभि, पुष्कर, ढक्का, आनक, भम्भा, ताल, करटा, त्रिविला, डमरुक, रुञ्जा, घण्टा, वेणु, वीणा, झल्लरी, वल्लकी, पणव, मृदंग, भेरी, तूर, पटह, और डिण्डिम इन सभी के विषय में यशस्तिलक की सामग्री से पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। संगीतशास्त्र के अन्य ग्रन्थो के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर इन वाद्य यन्त्रों का इस परिच्छेद में पूरा परिचय दिया गया है।

नृत्यकला विषयक सामग्री भी यशस्तिलक में पर्याप्त है। सोमदेव ने लिखा है कि सम्राट यशोधर नाटयशाला में जाकर कुशल अभिनेताओं के साथ अभिनय देखते थे। नाटय प्रारम्भ होने के पूर्व रंगपूजा की जाती थी। सोमदेव ने इसका विस्तार से वर्णन किया है।

यशस्तिलक में नृत्य के लिए नृत्य, नृत्त, नाट्य, लास्य, ताण्डव, तथा विधि शब्द आये हैं। नृत्य, नृत्त और नाट्य देखने में समानार्थक शब्द लगते हैं, किन्तु वास्तव में इनमें पर्याप्त अन्तर था। दशरूपक में धनंजय ने इनके पारस्परिक भेदों को स्पष्ट किया है। नाटय दृश्य होता है, इसलिए इसे 'रूप' भी कहते हैं और रूपक अलंकार की तरह आरोप होने के कारण रूपक भी। काव्यों में वर्णित धीरोद्धत आदि प्रकृति के नायकों, नायिकाओं तथा अन्य पात्रों का आंगिक, वाचिक, आहार्य तथा सात्विक अभिनयों द्वारा अवस्थानुकरण नाट्य कहलाता है। यह रसाश्रित होता है। नृत्य भावाश्रित और केवल दृश्य होता है। ताल और लय के आश्रित किये जानेवाले नर्तन को नृत्त कहते हैं। इसमें अभिनय का सर्वथा अभाव रहता है। लास्य और ताण्डव नृत्त के ही भेद हैं। इस परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विशद विवेचन किया गया है।

परिच्छेद दो में यशस्तिलक की चित्रकला विषयक सामग्री का विवेचन है। सोमदेव ने विभिन्न प्रकार के भित्तिचित्रों तथा धूलिचित्रो का उल्लेख किया है। प्रजापतिप्रोक्त चित्रकर्म का सन्दर्भ विशेष महत्त्व का है। उसका एक पद्य उद्धृत किया गया है।

भित्तिचित्र बनाने की एक विशष प्रक्रिया थी। भित्तिचित्र बनाने के लिए भीत का लेप कैसा होना चाहिए, उसे कैसे बनाना चाहिए, उस पर लिखाई करने के लिए जमीन कैसे तैयार करना चाहिए—इत्यादि का मानसोल्लास में विस्तृत वर्णन है। सोमदेव ने दो प्रकार के भित्तिचित्रो का उल्लेख किया है— व्यक्तिचित्र और प्रतीकचित्र। एक जिनालय में बाहुबलि, प्रद्युम्न, सुपार्श्व अशोक राजा और रोहिणी रानी तथा यक्ष मिथुन के चित्र बनाये गये थे। प्रतीक चित्रों में तीर्थंकर की माता के सोलह स्वप्नो के चित्र थे। श्वताम्बर साहित्य में इनकी सख्या चौदह बतायी है। ऐरावत हाथी, वृषभ, सिंह लक्ष्मी, लटकती हुई पुष्पमालायें, च द्र, सूय, मत्स्ययुगल, पूर्ण कुम्भ, पद्मसरोवर, सिंहासन, समुद्र, फणयुक्त सर्प, प्रज्वलित अग्नि, रत्नो का ढेर और दवविमान य सोलह स्वप्न तीथकर की माता बालक के गर्भ में आने के पहले दखती है। प्राचीन पाण्डु-लिपियो मे भी इनका चित्राकन मिलता है।

रगावली या धूलिचित्रो का सोमदेव ने छह बार उल्लेख किया है। चित्रकला में रंगावली को क्षणिक चित्र कहते हैं। इसके धूलिचित्र और रसचित्र, ये दो भेद हैं। आजकल इसे रंगोली या अल्पना कहा जाता है। प्रत्येक माँगलिक अवसर पर रगोली बनाने का प्रचलन भारतवर्ष में अभी भी है।

प्रजापतिप्रोक्त चित्रकर्म का एक विशेष प्रसग में उल्लेख है। पद्य का तात्पर्य है कि जो कलाकार प्रभामण्डल युक्त तथा नव भक्तियो सहित तीर्थंकर अर्थात् तीर्थंकर सभा या समवसरण का चित्र बना सकता है, वह सम्पूर्ण पृथ्वी का भी चित्र बना सकता है।

चित्रकला के अन्य उल्लेखो में ध्वजाओ पर बने चित्र, दीवालो पर बने सिंह तथा गवाक्षो से झाकती हुई कामिनियो के उल्लेख हैं। इस परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विवेचन किया गया है।

परिच्छेद तीन में यशस्तिलक की वास्तु शिल्प विषयक सामग्री का विवेचन किया गया है। सोमदेव ने विभिन्न प्रकार के शिखर युक्त चैत्यालय गगनचुम्बी महाभागभवन, त्रिभुवनतिलक नामक राजप्रासाद, लक्ष्मीविलासतामरस नामक आस्थानमण्डप, श्रीसरस्वतीविलासकमलाकर नामक राजमंदिर, दिव्य-

लयविलोकनविलास नामक क्रीडाप्रासाद, करिविनोदविलोकनदोहद नामक वास-भवन, गृहदीर्घिका, प्रमदवन तथा यन्त्रधारागृह का विस्तृत वर्णन किया है।

चैत्यालयों के शिखरों ने सोमदेव का विशेष ध्यान आकृष्ट किया। सोमदेव ने लिखा है कि शिखर क्या थे मानों निर्माण कला के प्रतीक थे। शिखरों की अटनि पर सिंह निर्माण किया जाता था। मणिमुकुर युक्त ध्वजस्तंभ और स्तंभिकायें, सचित्र ध्वजदण्ड, रत्नजटित कांचन कलश, चंद्रकान्त के बने प्रणाल, उज्ज्वल आमलासार कलश और उन पर खेलती हुई कलहंस श्रेणी, विटकों पर बैठे शुकशावक, इन सबके कारण शिखर और अधिक आकर्षण का केन्द्र बन रहे थे। सोमदेव की इस सामग्री को वास्तुसार, प्रासादमण्डन तथा अपराजितपृच्छा की तुलना पूर्वक स्पष्ट किया गया है।

त्रिभुवनतिलक प्रासाद के वर्णन में सोमदेव ने प्राचीन वास्तु शिल्प की अनेक महत्त्वपूर्ण सूचनायें दी हैं। इससे ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में सूर्य और अग्निमन्दिर की तरह इन्द्र, कुबेर, यम, वरुण, चन्द्र आदि के भी मन्दिरों का निर्माण किया जाता था।

आस्थानमण्डप को सोमदेव ने लक्ष्मीविलास नाम दिया है। गुजरात के बडोदा आदि स्थानो मे विलास नामान्तक भवनो की परम्परा अब तक सुरक्षित है। मुगल वास्तु में जिसे दरबारे आम कहा जाता था, उसी के लिए प्राचीन नाम आस्थानमण्डप था। सोमदेव न इसका विस्तृत वर्णन किया है।

आस्थानमण्डप के ही निकट गज और अश्वशालायें बनायी जाती थी। राजभवन के निकट इन शालाओं के बनाने की परम्परा भी प्राचीन थी। राजा को प्रात गजदर्शन शुभ बताया गया है, यह इसका एक बड़ा कारण प्रतीत होता है। फतेहपुर सीकरी के प्राचीन महलों में इस प्रकार की वास्तु का दर्शन अब भी देखा जाता है।

सरस्वतीविलासकमलाकर सम्राट का निजी वासभवन था। क्रीडा पर्वतक की तलहटी में बनाये गये दिग्वलयविलोकन प्रासाद में सम्राट अवकाश के क्षणों को आनंदपूर्वक बिताते थे। करिविनोदविलोकनदोहद आजकल के स्पोर्ट्स-स्टेडियम के सदृश था। मनसिजविलासहंसनिवासतामरस नामक भवन पटरानी का अन्त पुर था। यह सप्ततलप्रासाद का सबसे ऊपरी भाग था। इसके वर्णन में सोमदेव ने बहुमूल्य और प्रचुर सामग्री की जानकारी दी है। रजत-वातायन, अमलक-देहली, जातरूप-भित्तियां, मरकतपराग निर्मित रंगावलि, संचरणशील

हेमकन्यकायें, तुहिनतरु के वलीक, कूर्चस्थान इत्यादि का विश्लेषण किया गया है।

दीर्घिका और प्रमदवन के विषय में भी सोमदेव ने पर्याप्त जानकारी दी है। दीर्घिका राजभवन में एक ओर से दूसरी ओर दौडती हुई वह लंबी नहर थी, जिसे बीच बीच में रोककर, पुष्करणी गधोदककूप, क्रीडावापि आदि मनोरंजन के साधन बना लिए जाते थे और अन्त में जाकर दीर्घिका प्रमदवन को सींचती थी। दीर्घिका तथा प्रमदवन दोनो के प्राचीन वास्तु शिल्प की यह विशेषता बहुत समय तक जारी रही और भारत के बाहर भी इसके उल्लेख मिलते हैं। इस परिच्छेद में इस सबके विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी है।

परिच्छेद चार में यन्त्र शिल्प विषयक सामग्री का विवेचन है। यन्त्रधारागृह के प्रसग में सोमदेव ने अनेक प्रकार के यान्त्रिक उपादानो का उल्लेख किया है। कुछ सामग्री अन्य प्रसगो में भी आयी है।

यन्त्रधारागृ के निर्माण की परम्परा का क्रमश विकास हुआ है। समरागण सूत्रधार में पाँच प्रकार के वारिगृहो के उल्लेख हैं। सोमदेव ने यन्त्रधारागृह का विस्तार से वर्णन किया है। वहाँ यन्त्रजलधर या मायामेघ की रचना की गयी थी। विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियो के मुँह से निकलता हुआ जल दिखाया गया था। यन्त्रपुत्तलिकायें, यन्त्रवक्ष आदि की रचना की गयी थी। यन्त्र धारागृह का प्रमुख आकर्षण यन्त्रस्त्री थी जिसके हाथ छूने पर नखाग्रो से स्तन छून पर चूचुको से, कपोल छूने पर नेत्रो से सिर छूने पर कर्णावतसो स, कटि छूने पर करधन की डोरियो से तथा त्रिवली छूने पर नाभि से चन्दन चर्चित जल की धारायें बहने लगती थी। सोमदेव ने पंखा झलनेवाली तथा ताम्बूल वाहिनी यान्त्रिक पुत्तलिकाओ का भी उल्लेख किया है। अन्तपुर के प्रसग में यन्त्रपयक का उल्लेख है। इस परिच्छेद में इस सम्पूर्ण सामग्री का विवचन किया गया है।

चतुर्थ अध्याय मे यशस्तिलककालीन भूगोल पर प्रकाश डाला गया है। यशस्तिलक म सैतालिस जनपद, चालीस नगर और ग्राम, पाँच बृहत्तर भारत के देश, पन्द्रह वन और पर्वत तथा बारह झील और नदियों के उल्लेख हैं। इसमें कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जो सोमदेव के युग में अस्तित्व में नही थी। ऐसी सामग्री को सोमदेव ने परम्परा से प्राप्त किया था। इस सम्पूर्ण सामग्री का पाँच परिच्छेदो में विवेचन किया गया है।

परिच्छेद एक में यशस्तिलक में उल्लिखित सैंतालिस जनपदों का परिचय है। अवन्ति, अश्मक, अन्ध्र, इन्द्रकच्छ, कम्बोज, कर्णाट या कर्णाटक, करहाट, कलिंग, क्रथकैशिक, कांची, काशी, कीर कुरुजांगल, कुन्तल, केरल, कोंग, कोशल, गिरिकूटपत्तन, चेदि, चेरम, चोल जनपद डहाल, दशार्ण, प्रयाग, पल्लव, पांचाल, पाण्डु या पाण्डय, भोज, बर्बर, मद्र मलय, मगध, यौधेय, लम्पाक, लाट, वनवासि, बंग या बगाल, बंगी, श्रीचन्द्र, श्रीमाल, सिन्धु, सूरसेन, सौराष्ट्र, यवन तथा हिमालय इन सैंतालिस जनपदो में से यशस्तिलक में कई एक का एक बार और अधिकांश का एक से अधिक बार उल्लेख हुआ है। इस परिच्छेद में इन सबका परिचय दिया गया है।

परिच्छेद दो मे यशस्तिलक मे उल्लिखित चालीस नगर और ग्रामों का परिचय है। अहिच्छत्र, अयोध्या, उज्जयिनी, एकचक्रपुर, एकानसी, कनकगिरि, ककाहि, काकन्दी काम्पिल्य, कुशाग्रपुर, किन्नरगीत, कुसुमपुर, कौशाम्बी चम्पा, चुकार, ताम्रलिप्ति, पद्मावतीपुर, पद्मनिखेट पाटलिपुत्र, पोदनपुर, पौरव, बलवाहनपुर भावपुर, भूमितिलकपुर, उत्तरमथुरा, दक्षिण मथुरा या मदुरा, मायापुरी, मिथिलापुर, माहिष्मती राजपुर राजगृह बल्लभी, वाराणसी, विजयपुर, हस्तिनापुर, हेमपुर स्वस्तिमति, सोपारपुर, श्रीसागर या श्रीसागरम सिंहपुर तथा शंखपुर, इन चालीस नगर और ग्रामो के विषय में यशस्तिलक में जानकारी आयी है। इस परिच्छेद में इनका परिचय दिया गया है।

परिच्छेद तीन मे यशस्तिलक में उल्लिखित बृहत्तर भारतवर्ष के पाँच देश– नेपाल, सिंहल सुवर्णद्वीप, विजयार्ध तथा कुलूत का परिचय दिया गया है।

परिच्छेद चार मे यशस्तिलक में उल्लिखित पन्द्रह वन और पर्वतों का परिचय है। सोमदेव ने कालिदासकानन, कैलास गन्धमादन, नाभिगिरी नेपालशैल, प्रागद्रि, भीमवन, मन्दर, मलय मुनिमनोहरमेखला, विन्ध्य, शिखण्डिताण्डव सुवेला, सेतुबन्ध और हिमालय का उल्लेख किया है। इन सबके विषय में इस परिच्छेद में जानकारी दी गयी है।

परिच्छेद पाँच में यशस्तिलक मे उल्लिखित सरोवर तथा नदियों का परिचय दिया गया है। सोमदेव ने मानस या मानसरोवर झील तथा गंगा, यमुना, नर्मदा, जलवाहिनी, गोदावरी, चन्द्रभागा, सरस्वती, सरयू, शोण, सिन्धु तथा सिप्रा नदी का उल्लेख किया है। इस परिच्छेद में इनके बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी है।

पचम अ याय यशस्तिलक की शब्द सम्पत्ति विषयक है। यशस्तिलक सस्कृत के प्राचीन, अप्रसिद्ध अप्रचलित तथा नवीन शब्दों का एक विशिष्ट कोश है। सोमदेव ने प्रयत्नपूर्वक ऐसे अनेक शब्दो का यशस्तिलक मे सग्रह किया है। वैदिक काल के बाद जिन शब्दो का प्रयोग प्राय समाप्त हो गया था, जो शब्द कोश ग्रथो में तो आये हैं किन्तु जिनका प्रयोग साहित्य में नही हुआ या नही के बराबर हुआ, जो शब्द केवल व्याकरण ग्रथो में सीमित थे तथा जिन शब्दो का प्रयोग किसी विशेष विषयो के ग्रन्थो में ही देखा जाता था, ऐसे अनेक शब्दो का सग्रह यशस्तिलक में उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त यशस्तिलक में ऐसे भी बहुत से शब्द हैं, जिनका सस्कृत साहित्य मे अन्यत्र प्रयोग नही मिलता। कुछ शब्दो का तो अर्थ और ध्वनि के आधार पर सोमदेव ने स्वय निर्माण किया है। लगता है सोमदेव ने वैदिक पौराणिक, दार्शनिक, व्याकरण कोश, आयुर्वेद, धनुर्वेद, अश्वशास्त्र, गजशास्त्र, ज्योतिष तथा साहित्यिक ग्रन्थो से चुनकर विशिष्ट शब्दो की पृथक पृथक सूचियाँ बना ली थी और यशस्तिलक में यथास्थान उनका उपयोग करते गये। यशस्तिलक की शब्द सम्पत्ति के विषय में सोमदेव ने स्वय लिखा है कि 'काल के कराल व्याल ने जिन शब्दो को चाट डाला उनका मै उद्धार कर रहा हू। शास्त्र समुद्र के तल में डूबे हुये शब्द रत्नो को निकालकर मैंने जिस बहुमूल्य आभूषण का निर्माण किया है, उसे सरस्वती देवी धारण करे' (पृ० २८६ उ प्र०)।

प्रस्तुत प्रबन्ध म मैंने ऐसे लगभग एक सहस्र शब्द दिये हैं। आठ सौ शब्द इस अध्याय में हैं तथा दो सौ से भी अधिक शब्द अन्य अध्यायो में यथास्थान दिये हैं। इस अध्याय में शब्दो को वैदिक पौराणिक, दार्शनिक आदि श्रेणियो में वर्गीकृत न करके अकारादि क्रम से प्रस्तुत किया गया है। शब्दो पर मैंने तीन प्रकार से विचार किया है—(१) कुछ शब्द ऐसे हैं, जिन पर विशेष प्रकाश डालना उपयुक्त लगा। ऐसे शब्दो का मूल सदर्भ, अर्थ तथा आवश्यक टिप्पणी दी गयी है। (२) सोमदेव के प्रयोग के आधार पर जिन शब्दो के अर्थ पर विशेष प्रकाश पडता है, उन शब्दो के पूरे सदर्भ दे दिये हैं। (३) जिन शब्दो का केवल अर्थ देना पर्याप्त लगा, उनका सदर्भ सकेत तथा अर्थ दिया है।

शब्दो पर विचार करने का आधार श्रीदेव कृत टिप्पण तथा श्रुतसागर की अपूर्ण सस्कृत टीका तो रहे ही हैं, प्राचीन शब्द कोश तथा मोनियर विलियम्स और प्रो० आप्टे के कोशो का भी उपयोग किया गया है। स्वय सोमदेव का प्रयोग भी प्रसगानुसार शब्दो के अर्थ को खोलता चलता है। श्लिष्ट, क्लिष्ट,

अप्रचलित तथा नवीन शब्दों के कारण यशस्तिलक दुरूह अवश्य लगता है, किन्तु यदि सावधानीपूर्वक इसका सूक्ष्म अध्ययन किया जाये तो क्रम क्रम से यशस्तिलक के वर्णन स्वयं ही आगे पीछे के संदर्भों को स्पष्ट करते चलते हैं। इस प्रकार यशस्तिलक की कुञ्जी यशस्तिलक में ही निहित है। सोमदेव की इस बहुमूल्य सामग्री का उपयोग भविष्य में कोश ग्रन्थो में किया जाना चाहिए।

इस तरह उपर्युक्त पाँच अध्यायो के पच्चीस परिच्छेदो में प्रस्तुत प्रबन्ध पूर्ण होता है।

•

अध्याय एक

यशस्तिलक के परिशीलन की पृष्ठभूमि

परिच्छेद एक

यशस्तिलक और सोमदेव सूरि

यशस्तिलक

सोमदेव सूरि कृत यशस्तिलक महाराज यशोधर के जीवनचरित्र को आधार बनाकर गद्य और पद्य में लिखा गया एक महत्त्वपूर्ण संस्कृत ग्रन्थ है। इसमें आठ आश्वास या अध्याय हैं। पूरे ग्रंथ में दो हजार तीन सौ ग्यारह पद्य तथा शेष गद्य है। सोमदेव ने गद्य और पद्य दोनों को मिलाकर आठ हजार श्लोक प्रमाण बताया है।[1]

यशस्तिलक का रचनाकाल निश्चित है, इसलिए इसके अनुशीलन में वे अनेक कठिनाइयाँ नहीं आतीं, जो समय की अनिश्चितता के कारण प्राचीन भारतीय साहित्य के अनुशीलन में साधारणतया उपस्थित होती हैं। सोमदेव ने यशस्तिलक के अंत में स्वयं लिखा है कि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी शक संवत् ८८१ (९५९ ई०) को जिस समय श्री कृष्णराजदेव पाण्ड्य, सिंहल, चोल, चेर आदि राजाओं को जीतकर मेलपाटी सेना शिविर में थे उस समय उनके चरणकमलोपजीवी, चालुक्यवंशीय अरिकेसरी के प्रथम पुत्र सामंत वद्दिग (वद्यग) की राजधानी गंगधारा में यह काव्य रचा गया।[2]

राष्ट्रकूट नरेश कृष्णराज तृतीय के एक दानपत्र में भी सोमदेव के विवरण के समान ही कृष्णराजदेव की दिग्विजय का उल्लेख है।[3] यह दानपत्र सोमदेव

---

१ एतामष्टसहस्रीम्। —पृ० ४१८ उत्त०

२ शकनृपकालातीतसंवत्सरशतेष्वष्टस्वेकाशीत्यधिकेषु गतेषु अंकतः (८८१) सिद्धार्थसंवत्सरान्तर्गतचैत्रमासमदनत्रयोदश्यां पाण्ड्यसिंहलचोलचेरमप्रभृतीन्महीपतीन् प्रसाध्य मेलपाटीप्रवर्धमानराज्यप्रभावे श्रीकृष्णराजदेवे सति तत्पादपद्मोपजीविनः समधिगतपंचमहाशब्दमहासामन्ताधिपतेश्चालुक्यकुलजन्मनः सामन्तचूडामणेः श्रीमदरिकेसरिणः प्रथमपुत्रस्य श्रीमद्वद्यगराजस्य प्रवर्धमानवसुधारायां गंगधारायां विनिर्मापितमिदं काव्यमिति। —यश० उत्त० पृ० ४१८

३ कृत्वादक्षिणदिग्जयोद्यतधिया चोलान्वयोन्मूलनम्।
तद्भूमिं निजभृत्यवर्गपरितश्चेरम्मपाण्ड्यादिकान्॥
येनोच्चैः सह सिंहलेन करदान् सन्मण्डलाधीश्वरान्।
न्यस्तः कीर्तिलताङ्कुरप्रतिकृतिस्तम्भश्च रामेश्वरे॥
—एपिग्राफिया इंडिका, भा० ४, अध्याय ६-७, दी करहाट प्लेट्स इन्सक्रिप्शन।

के यशस्तिलक की रचना के कुछ ही सप्ताह पूर्व फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी शक संवत् ८८० (६ मार्च सन् १५६ ई०) को मेलपाटी (वर्तमान मेलाडी जो उत्तर अर्काट की वांदिवाश तहसील में है) में लिखा गया था।[४]

राष्ट्रकूट मध्ययुग में दक्षिण भारत के महाप्रतापी नरेश थे। धारवाड कर्नाटक तथा वर्तमान हैदराबाद प्रदेश पर राष्ट्रकूटों का अखण्ड राज्य था। लगभग आठवीं शती के मध्य से लेकर दशमी शती के अन्त तक राष्ट्रकूट सम्राट न केवल भारतवर्ष में, प्रत्युत पश्चिम के अरब साम्राज्य में भी अत्यन्त प्रसिद्ध थे। अरबों के साथ उन्होंने विशेष मैत्री का व्यवहार रखा और उन्हें अपने यहाँ व्यापार की सुविधाएं दीं। इस वंश के राजाओं का विरुद वल्लभराज प्रसिद्ध था जिसका रूप अरब लेखकों से बल्हरा पाया जाता है।[५]

राष्ट्रकूटों के राज्य में साहित्य, कला, धर्म और दर्शन की चतुर्मुखी उन्नति हुई। उस युग की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को आधार बनाकर अनेक ग्रन्थों की रचना की गयी। यशस्तिलक उसी युग की एक विशिष्ट कृति है। यह अपने प्रकार का एक विशिष्ट ग्रन्थ है। एक उत्कृष्ट काव्य के सभी गुण इसमें विद्यमान हैं। कथा और आख्यायिका के श्लिष्ट, रोमांचकारी और रोचक वर्णन, गद्य और पद्य के सम्मिश्रण का रुचि वैचित्र्य, रूपक के प्रभावकारी और हृदयग्राही सरल कथनोपकथन, महाकाव्य का वस्तुविधान रससिद्धि अलंकृत चित्रांकन तथा प्रसाद और माधुर्य युक्त सरस शैली, सुरुचिपूर्ण कथावस्तु और साहित्यकार के दायित्व का कलापूर्ण निर्वाह, यह यशस्तिलक का साहित्यिक स्वरूप है। गद्य का पद्यों जैसा सरल विन्यास, प्राकृत छन्दों का संस्कृत में अभिनव प्रयोग तथा अनेक प्राचीन अप्रसिद्ध शब्दों का संकलन यशस्तिलक के साहित्यिक स्वरूप की अतिरिक्त विशेषतायें हैं। संस्कृत साहित्य सर्जन के लगभग एक सहस्र वर्षों में सुबन्धु बाण और दण्डि के ग्रन्थों में गद्य का, कालिदास, भवभूति और भारवि के महाकाव्यों में पद्य का तथा भास और शूद्रक के नाटकों में रूपक रचना का जो विकास हुआ उसका और अधिक परिष्कृत रूप यशस्तिलक में उपलब्ध होता है।

काव्य के विशेष गुणों के अतिरिक्त यशस्तिलक में ऐसी प्रचुर सामग्री है, जो इसे प्राचीन भारत के सांस्कृतिक इतिहास की विभिन्न विधाओं से जोड़ती है,

---

४ वही

५ अल्तेकर—राष्ट्रकूटाज एण्ड देयर टाइम्स (विशेष विवरण के लिए)

पुरातत्व, कला, इतिहास और साहित्य की सामग्री के साथ तुलना करने पर इसकी प्रामाणिकता और उपयोगिता और भी परिपुष्ट होती है। एक बड़ी विशेषता यह भी है कि सोमदेव ने जिस विषय का स्पर्श भी किया उस विषय में पर्याप्त जानकारी दी। इतनी जानकारी कि यदि उसका विस्तार से विश्लेषण किया जाये तो प्रत्येक विषय का एक लघुकाय स्वतन्त्र ग्रन्थ तैयार हो सकता है। यशस्तिलक पर श्रीदेव कृत यशस्तिलकपंजिका नामक एक संक्षिप्त संस्कृत टीका है। इसे संस्कृत टिप्पण कहना अधिक उपयुक्त होगा। यद्यपि इनके समय का ठीक पता नहीं चलता, फिर भी ये सोमदेव से अधिक बाद के नहीं लगते। सोलहवीं शती में श्रुतसागर सूरि ने यशस्तिलकचंद्रिका नामक संस्कृत टीका लिखी। यह लगभग साढे चार आश्वासों पर है। संभवतया वे इसे पूरा नहीं कर सके। श्रीदेव ने पंजिका में यशस्तिलक के विषयों को इस प्रकार गिनाया है[७]—

> १ छन्द, २ शब्द निघटु, ३ अलंकार ४ कला, ५ सिद्धान्त, ६ सामुद्रिक ज्ञान, ७ ज्योतिष, ८ वैद्यक, ९ वेद, १० वाद, ११ नाट्य, १२ काम, १३ गज, १४ अश्व १५ आयुध १६ तर्क, १७ आख्यान, १८ मंत्र, १९ नीति २० शकुन, २१ वनस्पति, २२ पुराण, २३ स्मृति, २४ मोक्ष, २५ अध्यात्म २६ जगत्स्थिति और २७ प्रवचन।

यदि श्रीदेव के अनुसार ही यशस्तिलक के विषयों का वर्गीकरण किया जाये तो इस सूची में कई विषय और जोड़ने होंगे। जैसे– भूगोल, वास्तुशिल्प, यंत्रशिल्प, चित्रकला, पाक विज्ञान, वस्त्र और वेशभूषा, प्रसाधन सामग्री और आभूषण, कला विनोद, शिक्षा और साहित्य, वाणिज्य और सार्थवाह, सुभाषित आदि।

इस सूची के कई विषयों का समावेश सोमदेव ने यशस्तिलक में प्रयत्नपूर्वक किया है। उनका उद्देश्य था कि दशमी शताब्दि तक की अनेक साहित्यिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का मूल्यांकन तथा उस युग का सम्पूर्ण चित्र अपने ग्रन्थ में

---

७ छन्द शब्दनिघंटवलङ्कृतिकलासिद्धान्तसा
मुद्रकज्योतिर्वैद्यकवेदवादभरतानंगद्विपाश्वायुधम्।
तर्काख्यानकमंत्रनीतिशकुनक्ष्मारुट्पुराणस्मृति
श्रेयोऽध्यात्मजगत्स्थितिप्रवचनीव्युत्पत्तिरत्रोच्यते॥
—यशस्तिलकपंजिका श्लोक १

उतार दें। नि:सन्देह सोमदेव को अपने इस उद्देश्य में पूर्ण सफलता मिली। यशस्तिलक जैसे महनीय ग्रन्थ की रचना दशमी शती की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सामग्री की इस विविधता और प्रचुरता के कारण यशस्तिलक को स्वयं सोमदेव के शब्दों में एक महान अभिधान कोश कहना चाहिए।[८]

यशस्तिलक में सामग्री की जितनी विविधता और प्रचुरता है, उतनी ही उसकी शब्द सम्पत्ति और विवेचन शैली की दुरूहता भी। इसलिए जिस वैदुष्य और यत्न के साथ सोमदेव ने यशस्तिलक की रचना की, शायद ही उससे कम वैदुष्य और प्रयत्न यशस्तिलक के हार्द को समझने में लगे। सम्भवतया इस दुरूहता के कारण ही यशस्तिलक साधारण पाठकों की पहुंच से दूर बना आया पर दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत, राजस्थान और गुजरात के शास्त्र भण्डारों में उपलब्ध यशस्तिलक की हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ इस बात की प्रमाण हैं कि पिछली शताब्दियों में भी यशस्तिलक का सम्पूर्ण भारतवर्ष में मूल्यांकन हुआ।

बीसवीं शती में पीटरसन और कीथ जैसे पाश्चात्य विद्वानों का ध्यान यशस्तिलक की महत्ता और उपयोगिता की ओर आकर्षित हुआ है। भारतीय विद्वानों ने भी अपनी इस निधि की ओर अब दृष्टि डाली है।

सम्पूर्ण यशस्तिलक श्रुतसागर सूरि की अपूर्ण संस्कृत टीका के साथ दो जिल्दों में अब तक केवल एक बार लगभग साठ वर्ष पूर्व निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित हुआ था। तीन आश्वासों का पूर्व खण्ड सन १९०१ में और पांच आश्वासों का उत्तर खण्ड सन १९०३ में। पूर्व खण्ड सन १९१६ में पुनर्मुद्रित भी हुआ था। इस संस्करण में पाठ की अनेक अशुद्धियाँ हैं। उत्तर खण्ड में तो अत्यधिक हैं। सन १९४९ में बम्बई से केवल प्रथम आश्वास श्री जे० एम० क्षीरसागर द्वारा अंगरेजी टिप्पण आदि के साथ सम्पादित होकर प्रकाशित हुआ था। सन १९४९ में शोलापुर से प्रो० कृष्णकान्त हन्दिकी का 'यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर' प्रकाश में आया। इसमें प्रो० हन्दिकी ने यशस्तिलक की सांस्कृतिक-विशेषकर धार्मिक और दार्शनिक सामग्री का विद्वत्तापूर्ण अध्ययन और विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

सन १९६० में वाराणसी से पं० सुन्दरलाल शास्त्री ने हिन्दी अनुवाद के साथ प्रथम तीन आश्वासों का सम्पादन करके प्रकाशन किया है। अन्त में लगभग

---

८ अभिधाननिधानेऽस्मिन्। पृ० ४१८ उत्त०

उतने ही श्रीदेव के टिप्पण भी दे दिये हैं। इस संस्करण में सम्पादक ने मूल पाठ को प्राचीन प्रतियों से बहुत कुछ शुद्ध किया है।

पिछले ५–६ दशकों में पत्र पत्रिकाओं में भी सोमदेव और यशस्तिलक पर विद्वानों के कई लेख प्रकाशित हुये हैं, जिनमें स्व० प० नाथूराम प्रेमी स्व० प० गोविन्दराम शास्त्री, डॉ० वी० राघवन् तथा डॉ० ई० डी० कुलकर्णी के लेख विशेष महत्त्वपूर्ण हैं।

यशस्तिलक के अंतिम तीन आश्वासों का प० कैलाशचन्द्र शास्त्री ने संपादन और हिन्दी अनुवाद किया है, जो सन् १९६४ के अन्त में उपासकाध्ययन नाम से प्रकाशित हुआ है। प्रारम्भ में संपादक ने छयानबे पृष्ठों की हिन्दी प्रस्तावना भी दी है। प० जिनदास शास्त्री, सोलापुर ने श्रुतसागर सूरि की टीका की पूर्ति स्वरूप संस्कृत टीका लिखी है, वह भी इसके अन्त में मुद्रित हुई है।

यशस्तिलक पर अब तक जितना कार्य हुआ उसका यह संक्षिप्त लेखा-जोखा है। यशस्तिलक की महनीयता को देखते हुये यह कार्य अत्यल्प है और इसके बाद भी यशस्तिलक में बहुत सी सामग्री ऐसी बच रहती है जिसका विवेचन नितान्त आवश्यक है। और जिसके बिना यशस्तिलक की सम्पूर्ण सामग्री का भारतीय सांस्कृतिक इतिहास और साहित्य की नवीन उपलब्धियों में उपयोग नहीं किया जा सकता। प्रो० हन्दिकी ने अपने ग्रन्थ में यशस्तिलक के जिन विषयों की विवेचना की है, वह निःसंदेह महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने जिस-जिस विषय को लिया है, उसके विषय में सोमदेव की ही तरह पूरी निष्ठा, विद्वत्ता और श्रमपूर्वक पर्याप्त और प्रामाणिक जानकारी दी है।

मेरी समझ में यशस्तिलक के सही अध्ययन का यह श्रीगणेश मात्र है। श्रीगणेश मंगलमय हुआ यह परम शुभ एवं आनंद का विषय है। प्रो० हन्दिकी जैसे अनेक विद्वान् जब यशस्तिलक के परिशीलन में प्रवृत्त होंगे, तभी उसकी बहुमूल्य सामग्री का ज्ञान विज्ञान की विभिन्न शाखा-प्रशाखाओं में उपयोग किया जा सकेगा। यशस्तिलक तो विविध प्रकार की बहुमूल्य सामग्री का भंडार है। अध्येता ज्यों-ज्यों इसके तल में पैठता है, उसे और और सामग्री उपलब्ध होती जाती है। इसी कारण स्वयं सोमदेव ने विद्वानों को निरन्तर आनुपूर्वी से इसका विमर्श करते रहने की मंत्रणा दी है (अजस्रमनुपूर्वशः इतो विमृशन्, यश० उत्त०, पृ० ४१८)।

सोमदेव सूरि

यशस्तिलक आचार्य सोमदेव का कीर्तिस्तभ है। यह उनकी तलस्पर्शिनी विमल प्रज्ञा, बिम्बग्राहिणी सर्वतोमुखी प्रतिभा तथा प्रशस्त प्रकाण्ड पाण्डित्य का मूर्तिमान स्मारक है। वे एक महान तार्किक, सरस साहित्यकार, कुशल राजनीतिज्ञ प्रबुद्ध तत्वचिंतक और उच्चकोटि के धर्माचार्य थे। उनके लिए प्रयुक्त होने वाले स्याद्वादाचलसिंह तार्किकचक्रवर्ती वादीभपंचानन, वाक्कल्लोल पयोनिधि कविकुलराजकुंजर अनवद्यगद्यपद्यविद्याधरचक्रवर्ती आदि विशेषण उनकी उत्कृष्ट प्रज्ञा और प्रभावकारी व्यक्तित्व के परिचायक हैं।[९]

सोमदेव ने यशस्तिलक में लिखा है कि वे देवसघ के साधु श्री नेमिदेव के शिष्य तथा यशोदेव के प्रशिष्य थे।[१०]

सोमदेव ने अपना यशस्तिलक चालुक्यवंशीय अरिकेसरी के प्रथम पुत्र वद्दिग की राजधानी गंगधारा में पूर्ण किया था। यह वंश राष्ट्रकूटों के अधीन सामन्त पदवीधारी था। अरिकेसरिन तृतीय के दानपत्र में कहा गया है कि 'अरिकेसरी' ने अपने पिता वद्दिग के 'शुभधामजिनालय' नामक मन्दिर की मरम्मत आदि करके शक सवत् ८८८ (सन ९६६ ई०) के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को बुधवार के दिन श्री सोमदेवसूरि को सब्बिदेश सहस्रान्तर्गत रेपाक द्वादशो मे का बनिकटुपुल (वर्तमान बोटुडपुल्ल, हैदराबाद के करीमनगर जिले में) नामक ग्राम त्रिभोगाभ्यन्तरसिद्धि और सव नमस्य सहित जलधारा छोडकर दिया।[११]

---

९ स्याद्वादाचलसिंह तार्किकचक्रवर्ति वादीभपचानन-वाक्कल्लोलपयोनिधि कविकुल राजकुंजरप्रभृतिप्रशस्तिप्रशस्तालकारेण। –नीतिवाक्यामृत प्रशस्ति।

१० श्रीमानस्ति स देवसघतिलको देवो यश पूर्वक
शिष्यस्तस्य बभूव सद्गुणनिधि श्रीनेमिदेवाह्वय।
तस्याश्चर्यतप स्थितेस्त्रिनवतेर्जेतुर्महावादिनाम्
शिष्योऽभूदिह सोमदेव इति यस्तस्यैष काव्यक्रम॥
—यश उत्त० पृ० ४१८

११ निजपितु श्रीमद्वद्यगस्य शुभधामजिनालयारयवस (ते) खण्डस्फुटितनवसुधा कर्मबलिनिवेद्याथ शकाब्देष्वष्टाशीत्यधिकेष्वष्टशतेषु गतेषु (प्रव)त्तमानक्षयसंवत्स रवैसाखपौ (पौ) र्णमास्या (स्या) बुधवासरे तेन श्रीमदरिकेसरिणा अनन्तरोक्ताय तस्मै श्रीसोमदेवसूरये सब्बिदेशसहस्रान्तर्गतरेपाकद्वादशग्राममध्येकुरुतुवृत्ति वनि कटुपुलनामा ग्राम त्रिभोगाभ्यान्तरसिद्धिसवनमस्यस्सोदकधारन्दत्त।
–जैन साहित्य और इतिहास में उद्धृत, पृ० १९५

इस दानपत्र में भी सोमदेव को, यशस्तिलक के उल्लेख के समान ही नेमिदेव का शिष्य तथा यशोदेव का प्रशिष्य बताया है। अन्तर केवल इतना है कि सोमदेव ने यशोदेव को देवसंघ का लिखा है जब कि इस दानपत्र में उन्हें गौड़संघ का कहा गया है।[१२]

देवसंघ और गौडसंघ दो नाम एक ही मुनि संघ के प्रतीत होते हैं। संभवतः यशोदेव, नेमिदेव, सोमदेव आदि देवान्त नामों के कारण इस संघ का नाम देवसंघ पड़ा हो तथा देश के आधार पर, द्रविड़ देश का द्रविडसंघ, पुन्नाट देश का पुन्नाटसंघ, तथा मथुरा का माथुरसंघ आदि की तरह गौड देश के वासी होने से गौड़संघ नाम हो गया हो। अपने देश से बाहर जाने के बाद मुनिसंघ प्रायः उसी देश के नाम से प्रसिद्ध हो जाते थे।[१३]

यशस्तिलक के अतिरिक्त सोमदेव का दूसरा ग्रन्थ नीतिवाक्यामृत उपलब्ध है। यह कौटिल्य के अर्थशास्त्र की तरह एक विशुद्ध राजनीतिक ग्रन्थ है। इसमें बत्तीस समुद्देश हैं जिनमें राजनीति सम्बन्धी विषयों को सूत्रशैली में लिपिबद्ध किया गया है।

नीतिवाक्यामृत पर दो टीकायें हैं। एक प्राचीन संस्कृत टीका है। इसके लेखक का नाम और समय का पता नहीं चलता। मंगलाचरण से हरिबल नाम अनुमानित किया जाता है। टीका प्राचीन ज्ञात होती है। दूसरी टीका कन्नड कवि नेमिनाथ की है। यह संस्कृत टीका की अपेक्षा बहुत संक्षिप्त है।

नीतिवाक्यामृत मूल मात्र बंबई से सन् १८८० में प्रकाशित हुआ था। सन् १९२२ में माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बंबई से संस्कृत टीका सहित भी प्रकाशित हुआ। और सन् १९५० में पं० सुन्दरलाल शास्त्री ने मूल का हिन्दी अनुवाद के साथ भी प्रकाशन कराया। एक इटालियन अनुवाद भी प्रकाशित हुआ है।

नीतिवाक्यामृत की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि सोमदेव ने षण्णवतिप्रकरण, युक्तिचिन्तामणिस्तव तथा महेन्द्रमातलिसंजल्प की भी रचना की थी।[१४]

---

१२ श्रीगौडसंघे मुनिमान्यकीर्तिनाम्ना यशोदेव इति प्रजज्ञे।–वही, श्लोक ११

१३ प्रेमी–जैन सिद्धान्त भास्कर भाग ११, कि० १, पृ० ९१।

१४ इति षण्णवतिप्रकरण युक्तिचिन्तामणिस्तव-महेन्द्रमातलिसंजल्प यशोधर महाराजचरितप्रमुखवेधसा सोमदेवसूरिणा विरचितं नीतिवाक्यमृतं समाप्तमिति। –नीतिवाक्यामृत प्रशस्ति।

चालुक्यवंशीय अरिकेसरिन तृतीय के दान पत्र में सोमदेव को स्याद्वादोपनिषद् का भी कर्ता कहा गया है।[१५] अब तक इन ग्रन्थों का कोई पता नहीं चला। कहा नहीं जा सकता कि ये महान ग्रन्थ रत्न काल के कराल गाल में समा गये या किसी सुनसान एवं उपेक्षित शास्त्र भण्डार में पड़े किसी सहृदय अन्वेषक की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

सोमदेव सूरि और कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार

नीतिवाक्यामृत की प्रशस्ति में एक और भी महत्त्वपूर्ण सूचना है। इसमें सोमदेव को 'वादीन्द्रकालानलश्रीमहेन्द्रदेवभट्टारकानुज'[१६] लिखा है। अर्थात् प्रतिपक्षी इन्द्र के लिए काल रूपी अग्नि के समान श्री महेन्द्रदेव महाराज के लघुभ्राता। इस पद में भट्टारक शब्द का प्रयोग आदरवाची है, जिसका अर्थ महाराज या सरकार बहादुर किया जा सकता है। शेष सब स्पष्ट है। देखना यह है कि ये इन्द्र तथा महेन्द्रदेव कौन थे?

नीतिवाक्यामृत के संस्कृत टीकाकार ने लिखा है कि नीतिवाक्यामृत की रचना कान्यकुब्ज (कन्नौज) नरेश महेन्द्रदेव के आग्रह पर की गयी।[१७]

यशस्तिलक से भी कान्यकुब्ज नरेश महेन्द्रदेव के साथ सोमदेव का परिचय और सम्बन्ध प्रतीत होता है। यशस्तिलक के मंगल पद्य में श्लेष द्वारा कन्नौज और महेन्द्रदेव का उल्लेख किया गया है—

> "श्रियं कुवलयानन्दप्रसादितमहोदयः।
> देवश्चन्द्रप्रभः पुष्याज्जगन्मानसवासिनीम्॥"

इस पद्य के दो अर्थ हैं—एक चन्द्रप्रभ के पक्ष में और दूसरा कन्नौज नरेश देव या महेन्द्रदेव के पक्ष में।

---

१५ अपि च यो भगवानादर्शस्समस्त विद्यानां विरचयिता यशोधरचरितस्य कर्ता स्याद्वादोपनिषदः कवि (कवयि) ता चान्येषामपि सुभाषितानाम्।
—प्रेमी जैन साहित्य और इतिहास पृ० १९

१६ नीतिवाक्यामृत प्रश० पृ० ४०६

१७ रघुवंशावस्थायिपराक्रमपालितस्य कान्यकुब्जनमहाराजश्रीमहेन्द्रदेवेन पूर्वाचार्यकृतार्थशास्त्रदुरवबोधग्रन्थगौरवखिन्नमानसेन सुबोधललितलघुनीतिवाक्यामृतरचनासु प्रवर्तितः।

पहला अर्थ–जिनका महान उदय पृथ्वीमण्डल को आनन्दित करनेवाला है, ऐसे चन्द्रप्रभ भगवान संसार के मानस में निवास करनेवाली लक्ष्मी को पुष्ट करें।

दूसरा अर्थ–पृथ्वीमण्डल के आनन्द के लिए प्रसादित किया है कन्नौज (महोदय) को जिसने ऐसे महेन्द्रदेव ससार के मनुष्यो के मन में निवास करनेवाली लक्ष्मी को पुष्ट करें।

उक्त पद्य में प्रयुक्त महोदय' शब्द को मेदनी कोषकार भी कन्नौज के अर्थ में बताता है (महोदय कान्यकुब्जे)। हेमनाममाला में भी कान्यकुब्ज को महोदय कहा गया है (कान्यकुब्ज महोदयम्)।

यशस्तिलक के एक दूसरे पद्य में भी सोमदेव ने अपना तथा महेन्द्रदेव का नाम एव सम्बन्ध श्लिष्ट रूप में निर्दिष्ट किया है—

"सोऽयमाशार्पितयशः महेन्द्रामरमान्यधी।
देयात्ते सततानन्द वस्त्वभीष्ट जिनाधिप ॥" (१।२२०)

इस पद्य के भी दो अर्थ हैं–पहला जिनेन्द्रदेव के अर्थ में और दूसरा सोमदेव के पक्ष में।

पहला अर्थ–सभी दिशाओ में जिनका यश फैला है तथा समस्त नरेन्द्रों और देवेन्द्रो के द्वारा जिनके ज्ञान की पूजा की जाती है, ऐसे जिनेन्द्र भगवान् निरन्तर आनन्द स्वरूप (मोक्ष रूपी) अभीष्ट वस्तु प्रदान करें।

दूसरा अर्थ–समस्त दिशाओ में जिनकी कीर्ति फैल गयी है तथा महेन्द्रदेव के द्वारा जिनकी विद्वत्ता का सम्मान किया गया है, ऐसे सोमदेव निरन्तर आनन्द देनेवाली (काव्य रूप) अभीष्ट वस्तु प्रदान करें।

तीसरा अर्थ महेन्द्रदेव के सम्बन्ध में भी हो सकता है। अर्थात् जिनका यश समस्त दिशाओ में फैल गया है तथा जिनकी बुद्धि का लोहा देवता लोग भी मानते हैं, ऐसे महेन्द्रदेव आप सबको निरन्तर आनन्द और अभीष्ट वस्तु प्रदान करें।

इस पद्य के प्रत्येक चरण के प्रथम अक्षर को मिलाने से 'सोमदेव नाम निकलता है तथा द्वितीय चरण में महेन्द्र पद स्पष्ट है।

यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार श्रुतसागर सूरि ने इस पद्य से संकेतित

होनेवाले सोमदेव नाम का तो टीका में उल्लेख किया है,[१८] किन्तु आश्चर्य है कि न तो श्लिष्टार्थ को ही लिखा और न महेन्द्रदेव के नाम का भी कोई संकेत किया यही कारण है कि विद्वानों को इस पद्य में से महेन्द्रदेव नाम निकालना मुश्किल लगता है।[१९] इसी तरह प्रथम पद्य के द्वितीय अर्थ का भी टीकाकार ने कोई निर्देश नहीं किया।[२०]

महेन्द्रमातलिसंजल्प का संकेत

नीतिवाक्यामृत की प्रशस्ति के उल्लेखानुसार सोमदेव ने महेन्द्रमातलिसंजल्प नामक ग्रन्थ की भी रचना की थी। यद्यपि यह ग्रन्थ अभी तक प्राप्त नहीं हुआ फिर भी इसके नाम से प्रतीत होता है कि यह एक राजनीति विषयक ग्रन्थ होगा जिसमें महेन्द्रदेव और उनके सारथी के संवाद रूप में राजनीति सम्बन्धी विषयों का वर्णन होगा। 'मातलि' और महेन्द्र' दोनों ही शब्द श्लिष्ट हैं। मातलि' शब्द का प्रयोग इन्द्र के सारथी तथा सारथी मात्र के लिए भी होता है। इसी तरह 'महेन्द्र' शब्द देवराज इन्द्र तथा कन्नौज नरेश महेन्द्रदेव दोनों का बोध कराता है।

उपर्युक्त विवरण से प्रतीत होता है कि सोमदेव का कन्नौज नरेश महेन्द्रदेव के साथ निकट का सम्बन्ध था। ये महेन्द्रदेव कौन थे, कब हुए तथा सोमदेव और इनके बीच किस किस प्रकार के सम्बन्ध थे इत्यादि बातों पर विचार करना आवश्यक है।

सोमदेव और महेन्द्रदेव के सम्बन्धों का ऐतिहासिक मूल्यांकन

कन्नौज के इतिहास में महेन्द्रदेव या महेन्द्रपालदेव नाम के दो राजा हुए हैं।[२१] महेन्द्रपाल देव प्रथम और महेन्द्रपाल देव द्वितीय।

---

१८ अस्य श्लोकस्य चतुर्षु चरणेषु पूर्वो वर्णो गृह्यते, तेन 'सोमदेव इति नाम भवति। —यश० श्लो० २१ की सं० टी०, पृ० १९४।

१९ हन्दिकी–यशस्तिलक एण्ड इंडियन कल्चर ४६४

२० इन दोनों पद्यों के श्लिष्टार्थ का पता सर्वप्रथम स्व० प्रज्ञाचक्षु पं० गोविन्दराम जी शास्त्री ने लगाया था जिसका उल्लेख स्व० प्रेमी जी ने जैन साहित्य और इतिहास में किया है। शास्त्री जी ने बनारस आने पर मुझसे भी इसकी चर्चा की थी।

२१ दी एज ऑव इम्पीरियल कन्नौज पृ ३३, ३७

महेन्द्रपालदेव प्रथम

महेन्द्रपालदेव प्रथम का समय ८८५ ई० से ९०७ ८ ईसवी तक माना जाता है। यह महाराज भोज ८३६-८८५ ई के बाद राजगद्दी पर बैठा था। महाकवि राजशेखर को बालकवि के रूप में इसका संरक्षण प्राप्त था।[२३] राजशेखर त्रिपुरी के युवराजदेव द्वितीय के समय (९९० ई०) करीब ९० वर्ष की अवस्था में विद्यमान थे।[२४] सोमदेव ने अपने यशस्तिलक में महाकवियो के उल्लेख के प्रसंग में राजशेखर को अन्तिम महाकवि के रूप में उल्लिखित किया है।[२५] यशस्तिलक को सोमदेव ने ९५९ ई० में रचकर समाप्त किया था।[२६] यह उनके परिपक्व जीवन की रचना है। यह बात उनके इस कथन से भी झलकती है कि जिस तरह गाय सूखा घास खाकर मधुर दूध देती है, उसी तरह मेरी बुद्धि रूपी गो ने जीवन भर तक रूपी सूखी घास खायी, फिर भी सज्जनो के पुण्य से यह (यशस्तिलक) काव्य रूपी मधुर दुग्ध उत्पन्न हुआ।[२७] इतना होने पर भी यशस्तिलक की समाप्ति के समय सोमदेव को पचास वर्ष से अधिक का नही माना जा सकता, क्योंकि ६६० ई० में राजशेखर ६० वर्ष के थे और सोमदेव ने उन्हें महाकवि के रूप में उल्लिखित किया है। यदि राजशेखर को सोमदेव से ८ १० वर्ष भी ज्येष्ठ न माना जाये तो सोमदेव द्वारा राजशेखर को महाकवि कहना कठिन है। सोमदेव स्वय एक महाकवि थे। एक महाकवि के द्वारा दूसरे को महाकवि जितना आदर देने के लिए साधारणतया इतना अन्तर भी कम है।

इस प्रकार सोमदेव का आविर्भाव ६०८–६ ई० के आसपास मानना चाहिए। महेन्द्रपालदेव प्रथम का समय जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है, ६०७ ८ ई० तक माना जाता है। इस समय सोमदेव का या तो जन्म ही न हुआ होगा या फिर अवस्था अत्यल्प रही होगी। इसलिए इन महेन्द्रपालदेव के आग्रह पर नीतिवाक्यामृत की रचना का प्रश्न नहीं उठता।

---

२२ वही, पृ० ३३

२३ २४ दी क्रोनोलॉजिकल आर्डर ऑव राजशेखराज वर्क्स, पृ० ३६५ ३६६

२५ यशस्तिलक पृ० ११३ उत्त०

२६ वही पृ० ४१७ उत्त०

२७ आजन्मसमभ्यस्ताच्छुष्कात्तर्कात्तृणादिव ममास्य ।
मतिसुरभेरभवदिदं सूक्तिपयः सुकृतिनां पुण्यैः ॥ यश० आ० १। ७

महेन्द्रपालदेव द्वितीय

महेन्द्रपालदेव द्वितीय का समय ९४५-६ ई० माना जाता है।[२८] सोमदेव इस समय सम्भवतया ३५-३६ वर्ष के रहे होंगे। इसलिए महेन्द्रपालदेव द्वितीय और सोमदेव के पारस्परिक सम्बन्धों में कालिक कठिनाई नहीं आती।

इन्द्र तृतीय

प्रथम महेन्द्रदेव के पुत्र और द्वितीय महेन्द्रदेव के पितृव्य महीपालदेव (९१४-९१७ ई०) का राष्ट्रकूट नरेश इन्द्र तृतीय (नित्यवर्ष) के साथ युद्ध हुआ था। चण्डकौशिक नाटक की प्रस्तावना में आर्य क्षमीश्वर ने लिखा है—

"आदिष्टोऽस्मि श्रीमहीपालदेवेन यस्येमां पुराविदः प्रशस्तिगाथा मुदाहरन्ति—

> यः संसृत्यप्रकृतिगहनामार्यचाणक्यनीतिं
> जित्वा नन्दान्कुसुमनगरं चन्द्रगुप्तो जिगाय।
> कर्णाटत्वं ध्रुवमुपगतानद्य तानेव हन्तु
> दौर्दार्ढ्य स पुनरभवच्छ्रीमहीपालदेवः॥"

अर्थात् उन महीपालदेव ने मुझे आज्ञा दी है, पुराविद लोग जिनकी इस प्रशस्ति गाथा को उद्धृत करते हैं कि जिस चन्द्रगुप्त ने स्वभाव से गहन चाणक्य नीति का सहारा लेकर नन्दों को जीतकर कुसुमपुर (पटना) में प्रवेश किया, वही चन्द्रगुप्त कर्णाटक में जनमे हुए उन्हीं नन्दों (राष्ट्रकूटों) को मारने के लिए महीपालदेव के रूप में अवतरित हुआ है।

इससे ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूटों पर चढ़ाई करते समय महीपालदेव ने आर्य चाणक्य की नीति (अर्थशास्त्र) का अवलम्बन किया था और आर्य क्षमीश्वर उसे प्रकृति गहन बतलाते हैं तब आश्चर्य नहीं कि महीपाल देव के उत्तराधिकारी महेन्द्रपालदेव ने सोमदेव से कह कर सरल नीतिग्रन्थ नीतिवाक्यामृत की रचना करायी हो।[२९]

नीतिवाक्यामृत का रचनाकाल

यद्यपि नीतिवाक्यामृत के रचनाकाल तथा रचना स्थान का ठीक पता नहीं

---

२८ दी एज ऑव इम्पीरियल कन्नौज, पृ० ३७

२९ पं० नाथूराम प्रेमी-सोमदेव सूरि और महेन्द्रदेव, जैन सिद्धान्त भास्कर, भाग ११ किरण २

चलता फिर भी नीतिवाक्यामृत यशस्तिलक के पूर्व की रचना है, यह उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर निर्णीत किया जाता है।[१०]

यशस्तिलक राष्ट्रकूट नरेश कृष्णराज तृतीय के चालुक्य वंशीय सामन्त वद्यग के आश्रित गंगधारा में सन ९५९ ई० में पूर्ण हुआ था जिसका उल्लेख सोमदेव ने स्वयं किया है। यशस्तिलक में सोमदेव के गुरु नेमिदेव को तिरानवे महावादियो को जीतने वाला कहा है जब कि नीतिवाक्यामृत में पचपन महा-वादियो को जीतने वाला। इससे नीतिवाक्यामृत यशस्तिलक के पूर्व की रचना ठहरता है। नीतिवाक्यामृत की रचना के समय नेमिदेव ने पचपन महावादियो को पराजित किया हो उसके बाद यशस्तिलक की रचना के समय तक अड़तीस वादियो को और भी जीत लिया हो। यदि नीतिवाक्यामृत बाद में रचा गया होता तो ये संख्यायें विपरीत होती अर्थात् यशस्तिलक की पचपन और नीति वाक्यामृत की तिरानवे।[११]

दूसरे यदि नीतिवाक्यामृत यशस्तिलक के बाद का होता तो चूंकि वह शुद्ध राजनीतिक ग्रन्थ है, इसलिए किसी राष्ट्रकूट या चालुक्य राजा के लिए ही लिखा जाता और उसका उल्लेख भी अवश्य होता, किन्तु ऐसा कोई उल्लेख नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि नीतिवाक्यामृत यशस्तिलक के पूर्व रचा गया।

उपर्युक्त साक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में नीतिवाक्यामृत के टीकाकार का यह कथन जांचने देखने पर ठीक प्रतीत होता है कि प्रतिपक्षी इन्द्र के लिए कालाग्नि के समान कान्यकुब्ज नरेश महेन्द्रदेव के आग्रह पर उनके अनुज सोमदेव ने नीति-वाक्यामृत की रचना की।

लगता है महेन्द्रदेव द्वितीय के गद्दी पर बैठने के उपरान्त सोमदेव साधु हो गये हो। क्योंकि प्राचीन इतिहास मे प्राय ऐसा देखा गया है कि एक भाई के हाथ में शासन सूत्र आने पर दूसरा भाई यदि उसका विरोध नही करना चाहता तो सन्यस्त हो जाता था, या राज्य छोडकर अन्यत्र चला जाता था। सोमदेव के साथ भी यही सम्भावना हो सकती है। या यह भी सम्भव है कि सोमदेव महेन्द्रदेव के सगे भाई न होकर दूर के रिश्ते के भाई रहे हो।

---

१० डाक्टर वी राघवन्-नीतिवाक्यामृत आदि के रचयिता सोमदेव सूरि, जैन सिद्धान्त भास्कर भाग १० किरण २

११ त्रिनवतेर्जेतुर्महावादिनाम्-। -यश० पृ० ४१८

पंचपंचाशन्महावादिविजयोपार्जितकीर्तिम दाकिनीपवित्रितत्रिभुवनस्य।

-नीति० प्रशस्ति।

एक अतिरिक्त प्रमाण के रूप में सोमदेव का देवान्त नाम भी इस बात का द्योतक है कि सोमदेव का गुर्जर प्रतिहार नरेशो से पारिवारिक सम्बन्ध रहा। यद्यपि साधु होने के बाद पहले का नाम प्राय बदल दिया जाता है, किन्तु सम्भव है शब्द या अर्थ परिवर्तन के साथ सोमदेव ने किसी तरह अपना नाम भी सुरक्षित रख लिया हो।

यह कहा जा सकता है कि सोमदेव जिस सघ के साधु थे वह सघ ही देवान्त नाम वाला था। इसलिए सामदेव का नाम भी देवान्त रखा गया। यह भी उतनी ही सम्भावना के रूप में ग्रहण किया जा सकता है, जितनी सम्भावना के रूप में प्रथम बात।

अ त म पभनी शिलालेख के उल्लेख पर भी विचार कर लेना आवश्यक है। इस शिलालेख में सोमदेव के दादा गुरु को गौडसंघ का कहा गया है।[३२]

स्व० पण्डित नाथूराम प्रेमी श्रमणवलगोला के शिलालेख में उल्लिखित गोल या गोल्ल से गौड की पहचान करते हैं। प्रो हदिकी दक्षिण कनारा की गौड़ जाति से गौड सघ के सम्बन्ध की सम्भावना प्रकट करते हैं। वास्तव में सोमदेव और गुजर प्रतिहारो के सम्बधो पर विचार करते हुए ये दोनो सम्भावनाए ठीक नही लगती। कन्नौज के गुजर प्रतिहारो का साम्राज्य दूर दूर तक था। दो गौड जनपद इसके अन्तर्गत थे। पश्चिम बङ्गाल को भी उस समय गौड कहा जाता था और उत्तर कोशल अर्थात् अवध के एक भाग को भी। बहुत सम्भव है कि यशोदेव उत्तर कोशल के रहे हो। अथवा प्रो० हदकी के सुझावानुसार यदि गौड सघ और यशोदेव का सम्बन्ध दक्षिण कनारा की गौड जाति से भी मान लिया जाय तो भी इससे सोमदेव के महेन्द्रदेव के अनुज होने न होने पर प्रभाव नही पडता। राष्ट्रकूट और गुर्जर प्रतिहारो के पारिवारिक सम्बन्ध इतिहास में सुविदित हैं। सम्भव है महेन्द्रदेव द्वितीय के गद्दी पर बैठने के बाद सोमदेव दक्षिण भारत चले गये हो और कालान्तर में वही गौड सघ में मुनि हो गये हो।

निष्कर्ष रूप में यह स्वीकार न भी किया जाये कि सोमदेव महेन्द्रदेव के अनुज थे, तो भी यशस्तिलक से यह स्पष्ट है कि सोमदेव का सम्बन्ध विराट

---

३२ श्री गौडसंघेमुनिमा यशकीर्तिनाम्ना यशोदेव इति प्रजज्ञे।
　　–प्रेमी जैन साहित्य और इतिहास में उद्धृत, पृ० ९०

३३ ओझा–राजपूताने का इतिहास, भाग १, पृ ४०

राज्यशासन से दीर्घकाल तक रहा है। दक्षिण भारत में राष्ट्रकूटों के संपर्क में भी वे बहुत काल तक रहे प्रतीत होते हैं। यशस्तिलक में राज्यतन्त्र और उसके विभिन्न अवयवों के जो वर्णन हैं, वे सोमदेव के चित्रग्राहिणी प्रतिभा द्वारा स्वयं गृहीत चित्र हैं। इतने स्पष्ट और सांगोपांग वर्णन बिना इसके सम्भव न थे। बाण ने अपने युग के महान् प्रतापी सम्राट हर्ष के राज्यतन्त्र का चित्रांकन अपने हर्षचरित में किया था, सोमदेव ने अपने युग के महाप्रतापी राष्ट्रकूटों के राज्यतन्त्र का चित्रांकन अपने महनीय ग्रन्थ यशस्तिलक में किया।

•

परिच्छेद दो

यशस्तिलक की कथावस्तु और उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

पहले बताया है कि पूरा यशस्तिलक आठ आश्वासो या अध्यायो में विभक्त है। प्रथम आश्वास कथावतार या कथा की पृष्ठभूमि के रूप में है और अन्त के तीन आश्वासा म उपासकाध्ययन अर्थात् जैन गृहस्थ के आचार का विस्तृत वर्णन है। यशोधर की वास्तविक कथा बीच के चार आश्वासों में स्वय यशोधर के मुँह से कहलायी गयी है। बाण की कादम्बरी की तरह कथा जहाँ से प्रारम्भ होती है, उसकी परिसमाप्ति भी वही आकर होती है। महाराज शूद्रक की सभा में लाया गया वैशम्पायन शुक कादम्बरी की कथा कहना प्रारम्भ करता है और कथावस्तु तीन जन्मों में लहरिया गति से घूमकर फिर यथास्थान पहुँच जाती है। सम्राट मारिदत्त द्वारा आयोजित महानवमी के अनुष्ठान में अपार जन समुदाय के बीच बलि के लिए लाया गया परिव्रजित राजकुमार यशस्तिलक की कथा का आरम्भ करता है और रथ के चक्र की तरह एक ही फेरे में आठ जन्मो की कहानी पूरी होकर अपने मूल सूत्र से फिर जुड़ जाती है। आठ जन्मो की लम्बी कहानी का सूत्र यशस्तिलक के प्रासगिक विस्तृत वर्णनो में कही खो न जाये इसलिए सक्षिप्त कथा का जान लना आवश्यक है। सम्पूर्ण कथावस्तु इस प्रकार है—

कथावस्तु

यौधेय नाम का एक जनपद था। उसकी राजधानी राजपुर थी। वहाँ मारिदत्त राज्य करता था। एक दिन उसे वीरभैरव नामक कौल आचार्य ने बताया कि चण्डमारी देवी के सामने सभी प्रकार के पशु युगल के साथ सर्वाङ्ग सुन्दर मनुष्य युगल की अपने हाथ से बलि करने से विद्याधर लोक को जीतने वाले चक्र की प्राप्ति होती है। मारिदत्त विद्याधर लोक की विजय करने और वहाँ की कमनीय कामनियो के कटाक्षावलोकन की उत्सुकता को रोक न सका। उसने चण्डमारी के मन्दिर में महानवमी के आयोजन को अपूर्व उत्साह और धूमधाम के साथ मनाने की घोषणा कर दी। तैयारियाँ होने लगी। छोटे बडे सभी तरह के पशुओ के जोड़ उपस्थित किये गये। कमी थी केवल सर्वाङ्ग सुन्दर मनुष्य युगल की। चारो ओर ऐसे युगल की खोज में राज्य कर्मचारी भेज दिये गये।

उसी समय राजधानी के निकट सुदत्त नाम के महात्मा आकर ठहरे। उनके साथ उनके दो अल्प वयस्क शिष्य भी थे। ये दोनों भाई-बहिन अल्प अवस्था में ही राज्य त्याग कर साधु हो गये थे। साधु वेश में उनका राजसी तेज और कमनीयता अक्षुण्ण थी। मध्याह्न में वे दोनो अपने गुरु की आज्ञा लेकर नगर में भिक्षा के लिए गये। वहाँ उनकी राज्य कर्मचारियो से भेंट हो गयी। राज्य कमचारी बिना किसी रहस्य का उद्घाटन किये ही बहाना बना कर उन दोनो को चण्डमारी के मन्दिर में ले गये।

मारिदत्त सर्वांग सुन्दर नर युगल की प्राप्ति से उल्लसित हो उठा। उसकी विद्याधर लोक को जीतने की इच्छा साकार जो होनी थी। हर्षातिरेक में उसने कोश से तलवार निकाल ली, किन्तु साधु वश, सौम्य प्रकृति और मृत्यु के सामने खड़ा होने पर भी उनके अपूर्व धैर्य को देख कर उसका हाथ रुक गया। बोला—मैं तुम्हारा परिचय जानना चाहता हूँ। मुनिकुमार ने कहा—साधु का क्या परिचय। फिर भी कौतूहल हो तो सुनो। [प्रथम आश्वास]

भरत क्षेत्र में अवन्ति नाम का एक जनपद है। उसकी राजधानी उज्जयिनी शिप्रा नदी के किनारे बसी है। वहाँ राजा यशोर्ध राज्य करता था। उसकी चन्द्रमति नाम की रानी थी। उन दोनो के यशोधर नाम का एक पुत्र हुआ। एक दिन राजा ने अपने सिर पर सफेद बाल देखे। उन्हे देखकर उसे वैराग्य हो गया और उसने अपने पुत्र को राज्य देकर सन्यास ले लिया। यशोधर का राज्याभिषेक और अमृतमति के साथ पाणिग्रहण संस्कार शिप्रा के तट पर एक विशाल मण्डप में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। [द्वितीय आश्वास]

राज्य सचालन में यशोधर का जीवन सुखपूर्वक बीतने लगा।

[तृतीय आश्वास]

एक दिन राजा यशोधर रानी अमृतमति के साथ विलास करके लेटा ही था कि रानी उसे सोया समझ धीरे से पलग से उतरी और दासी के कपड़े पहन कर महल से निकल पड़ी। यशोधर इस रहस्य को जानने के लिए चुपके से उसके पीछे हो गया। उसने देखा कि रानी गजशाला में पहुँचकर अत्यन्त गन्दे विजयमकरध्वज नामक महावत के साथ नाना प्रकार से विलास कर रही है। उसके आश्चर्य, क्रोध और घृणा का ठिकाना न रहा। वह क्रोध से तिलमिला उठा और यह सोच कर कि दोनों का एक साथ ही काम तमाम कर दे, उसने कोश से तलवार निकाल ली। पर एक क्षण कुछ सोच कर उलटे पैर लौट पड़ा

और महल में आकर पलग पर पुन लेट गया। महावत के साथ रति करने के बाद रानी लौट आयी और यशोधर के साथ पलंग पर इस तरह चुपके से सो गयी मानो कुछ हुआ भी न हो।

इस घटना से यशोधर के मन को बडी ठेस लगी। उसका दिल टूट गया। ससार की असारता के विचार उसके मन में बार बार आने लगे।

सबेरे प्रतिदिन के अनुसार जब यशोधर राजसभा में पहुँचा तो उसकी माता चन्द्रमति ने उसे उदास देख कर उदासी का कारण पूछा। यशोधर ने बात टालने की दृष्टि से कहा कि उसने आज रात्रि के अन्तिम प्रहर में एक स्वप्न देखा है कि वह अपने राजकुमार यशोमति को राज्य देकर संयस्त हो वन को चला गया है। इसलिए वह अपनी कुल परम्परा के अनुसार राजकुमार को राज्य देकर साधु होना चाहता है।

यह सुनकर राजमाता चिन्तित हुई और उसने कुल देवी चडमारी के मंदिर में बलि चढाकर स्वप्न की शान्ति करने का उपाय बताया। यशोधर पशु हिंसा के लिए किसी भी मूल्य पर तैयार नही हुआ तो राजमाता ने कहा कि आटे का मुर्गा बना कर उसी की बलि करेंगे। यशोधर को विवश होकर यह मानना पडा। उसने सोचा कि कही राजमाता पुत्र के द्वारा अवज्ञा होने पर कोई अनिष्ट न कर बैठ, इसलिए उसने माँ की बात मान ली। एक ओर चडमारी के मन्दिर में बलि का आयोजन दूसरी ओर कुमार यशोमति के राज्याभिषेक की तैयारी होने लगी।

अमृतमति को जब यह समाचार ज्ञात हुआ तो वह हृदय से प्रसन्न हो उठी। फिर भी दिखावा करती हुई बोली—स्वामिन! मुझे छोडकर आप संन्यास लें, यह ठीक नही। अत कृपा करके मुझे भी अपने साथ वन ले चलें।

यशोधर कुलटा रानी की इस ढिठाई से तिलमिला उठा। उसे गहरी चोट लगी, फिर भी बात को पी गया। मंदिर में जाकर उसने आटे के मुर्गे की बलि चढायी। इससे उसकी माँ तो प्रसन्न हुई, किन्तु रानी को दुःख हुआ कि कही राजा का वैराग्य क्षणिक न हो। उसने बलि किये हुए उस आटे के मुर्गे के प्रसाद को पकाते समय उसमें विष मिला दिया जिसके खाने से यशोधर और उसकी माँ, दोनो की मृत्यु हो गयी। [चतुर्थ आश्वास]

मृत्यु के बाद दोनो माँ और बेटे छ जन्मो तक पशुयोनि में भटकते रहे। पहले जन्म में यशोधर मोर हुआ और उसकी माँ चन्द्रमति कुत्ता। दूसरे जन्म में

यशोधर हिरण हुआ और चन्द्रमति सांप। तीसरे जन्म में वे शिप्रा नदी में जल जन्तु हुए। यशोधर एक बडी मछली हुआ और चन्द्रमति मगर। चौथे जन्म में दोनों अज युगल (बकरा बकरी) हुए। पांचवें जन्म में यशोधर पुन बकरा हुआ तथा चन्द्रमति कलिंग देश में भैसा हुई। छठे जन्म में यशोधर मुर्गा और चन्द्रमति मुर्गी हुई।

मुर्गा-मुर्गी का मालिक वसन्तोत्सव में कुक्कुट युद्ध दिखाने के लिए उन्हें उज्जयिनी ले गया। वहाँ सुदत्त नाम के आचार्य ठहरे हुए थे। उनके उपदेश से उन दोनो को अपने पूर्व जन्मो का स्मरण हो गया और उन्हें अपने किये पर पश्चात्ताप होने लगा। अगले जन्म में मरकर वे दोनो राजा यशोमति के यहाँ उसकी रानी कुसुमावलि के गर्भ से युगल भाई बहन के रूप में पैदा हुए। उनके नाम क्रमश अभयरुचि और अभयमति रखे गये।

एक बार राजा यशोमति सपरिवार आचार्य सुदत्त के दर्शन करने गया और वहाँ अपने पूर्वजो की परलोक यात्रा के सम्बन्ध में पूछा। आचार्य सुदत्त ने अपने दिव्यज्ञान के प्रभाव से जानकर बताया कि तुम्हारे पितामह यशोध अपनी तपस्या के प्रभाव से स्वर्ग में सुख भोग रहे हैं और तुम्हारी माता अमृतमति विष देने के पाप के कारण नरक में है। तुम्हारे पिता यशोधर तथा उनकी माता चन्द्रमति आटे के मुर्गे की बलि देने के पाप के कारण छ जन्मो तक पशुयोनि में भटककर अपने पाप का प्रायश्चित्त करके तुम्हारे पुत्र और पुत्री के रूप में उत्पन्न हुए हैं।

आचार्य सुदत्त ने उनके पूर्व जन्मों की कथा सुनायी जिसे सुनकर उन बालकों को ससार के स्वरूप का ज्ञान हो गया और इस डर से कि बड़े होने पर पुन ससार चक्र में न फँस जायें, उन्होने बाल्यावस्था में ही दीक्षा ले ली।

इतना कह कर अभयरुचि ने कहा, राजन्! हम दोनों वही भाई-बहन हैं। हमारे वे आचार्य सुदत्त इसी नगर के पास आकर ठहरे हैं। हम लोग उनकी आज्ञा लेकर भिक्षा के लिए नगर में आये थे कि आपके कर्मचारी हमें पकड़कर यहाँ ले आये। [पचम आश्वास]

इतनी कथा पाँच आश्वासो में समाप्त होती है। इसके आगे तीन आश्वासों में सोमदेव ने उपासकाध्ययन (श्रावकाचार) का वर्णन किया है। बाणभट्ट की कादम्बरी की तरह यशस्तिलक की कथा का जहाँ से प्रारम्भ होता है वहीं उसकी परिसमाप्ति भी। कथा के सूत्र को जोड़ने के लिए सोमदेव ने आगे इतना और कहा है कि—राजा मारिदत्त यह वृत्तान्त सुनकर आश्चर्यचकित हो गया और

बोला-मुनिकुमार, हमें शीघ्र ही अपने गुरु के निकट ले चलें। हमें उनके दर्शनों की तीव्र उत्कंठा हो रही है।

इसके बाद सब लोग आचार्य सुदत्त के पास पहुँचे और उनके उपदेश से प्रभावित होकर धर्म में दीक्षित हो गये। धर्म के प्रभाव से सारा यौधेय सुख शान्ति और समृद्धि से ओतप्रोत हो गया।

यशस्तिलक की इस सम्पूर्ण कथावस्तु का सोमदेव ने एक स्थान पर केवल एक पद्य में सजो कर रख दिया है—

> "आसीच्चन्द्रमतिर्यशोधरनृपस्तस्यास्तनूजोऽभवत्
> तौ चण्ड्या कृतपिष्टकुक्कुटबलीद्वेडप्रयागान्मृतौ ॥
> श्वा केकी पवनाशनश्च पृषत ग्राहस्तिमिश्छागिका
> भर्तास्यास्तनयश्च गर्वरपतिर्जातौ पुन कुक्कुटौ ॥"
>
> —पृ० २५६, उत्त०

चन्द्रमति नामकी रानी थी। उसका पुत्र यशोधर हुआ। उन दोनो ने चण्डमारी देवी के सामने आटे के मुर्गे की बलि दी और विष के दिये जाने से उन दोनो की मृत्यु हो गयी। इसके बाद अगले जन्मों में क्रम से कुत्ता और मोर, साँप और सेही, मगर और महामत्स्य, बकरा बकरी, फिर बकरा-बकरी और अन्त में मुर्गा-मुर्गी हुए।

इस तरह यशस्तिलक की कथा को एक ओर एक पद्य में सग्रथित किया गया है, दूसरी ओर इसी कथा को पूरे यशस्तिलक में नियोजित किया गया है।

कथावस्तु की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

काव्य के माध्यम से जन मानस में नैतिक जागरण की प्रक्रिया प्राचीन काल से चली आयी है। काव्य से एक ओर पाठक का मनोरंजन होता रहता है, दूसरी ओर बिना किसी बोझ के अनजाने ही उसके मानस पटल पर नैतिक धरातल की पृष्ठभूमि भी तैयार होती रहती है। इसीलिए मम्मट ने इसे कान्तासम्मित उपदेश कहा। जिस प्रकार कान्ता (स्त्री) अपने पति का मन बहलाती हुई खुशी खुशी उससे अपनी बात मनवा लेती है, उसी प्रकार काव्य पाठक का मनोरञ्जन करता हुआ उसे सदुपदेश भी देता है।

काव्यशास्त्र की इस मौलिक प्रेरणा ने ही साहित्यकार पर सामाजिक चरित्र विकास का उत्तरदायित्व ला दिया। फिर तो काव्य के माध्यम से धर्म और तत्त्वज्ञान की भी शिक्षा दी जाने लगी। महाकवि अश्वघोष के सौंदरानन्द महा-

काव्य और बुद्धचरित की पृष्ठभूमि बौद्ध चिन्तन और तत्त्वज्ञान को जनमानस तक पहुँचाने की मूल प्ररणा से ही निर्मित हुई है। जैन साहित्य का एक बहुत बडा भाग इसी धरातल पर आधारित है।

सोमदेव सूरि का यशस्तिलक दशवी शताब्दी (६५६ ई०) के मध्य में लिखा गया सस्कृत साहित्य का एक ऐसा ही ग्रन्थ है, जिसकी मूल प्ररणा शुद्ध रूप से नैतिक धरातल पर प्रतिष्ठित हुई है। कथाकार को जनमानस में अहिंसा के उत्कृष्टतम रूप की प्रतिष्ठा करना अभीष्ट था, जिसे उसने एक लोकप्रिय कथा-पुरुष के चरित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। यशस्तिलक का चरितनायक सम्राट यशोधर हिंसा का तीव्र विरोधी है, इसलिए जब उसकी माँ उससे पशुबलि देने की बात कहती है तो वह बिगड़ खडा होता है और कठोर शब्दो में बलि का खण्डन करता है। बाद में माँ के आग्रह और तीव्र प्ररणा के कारण आटे के मुर्गे की बलि देना मजूर कर लेता है। बलि देने के तात्कालिक दुष्परिणाम स्वरूप यशोधर की रानी उस आटे के मुर्गे में विष मिलाकर माँ बेटे को बलि के प्रसाद के रूप में खिला देती है, जिससे उन दोनों की तत्काल मृत्यु हो जाती है। मृत्यु के बाद दोनो छ जन्मो तक पशुयोनि में भटकते रहते है। अन्त में सद्-गुरु का सान्निध्य पाकर जब उन्हे अपने इस पाप का बोध होता है और उसके लिए वे पश्चात्ताप करते हैं तब कही उन्हे फिर से मनुष्य भव की प्राप्ति होती है।

इस तरह यशस्तिलक की कथावस्तु हिंसा और अहिंसा के द्वन्द्व की कहानी है। आचार्य सोमदेव एक उच्चकोटि के जैन साधु थे। अतएव उनका अहिंसा के प्रति तीव्र अनुराग स्वाभाविक था। कथा के माध्यम से वे अहिंसा संस्कृति को सम्पूर्ण जनमानस में बिठा दना चाहते थे। यशस्तिलक की कथा के द्वारा उन्होंने लोगो को दिखाया कि जब आटे के मुर्गे की भी हिंसा करने से लगातार छ जन्मो तक पशुयोनि में भटकना पडा तो साक्षात् पशु हिंसा करन का कितना विषाक्त परिणाम होगा, इसकी कल्पना करना भी कठिन है। कथावस्तु की यही सांस्कृतिक पृष्ठभूमि है।

यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि यशस्तिलक की कथा का नायक एक सम्राट है। साम्राज्य में कितने तरह की हिंसा नही होती? पशुओ की बात तो दूर रही, युद्धो में नर सहार की भी सीमा नही रहती। ऐसी स्थिति में एक आटे के मुर्गे की बलि देने के कारण उसे छ जन्मो तक पशुयोनि में भटकना कहाँ तक तकसगत है?

सोमदेव का ध्यान उपर्युक्त तथ्य की ओर अवश्य गया होगा, क्योंकि अहिंसा संस्कृति के क्रमिक विकास को दृष्टि में रखते हुए उक्त कथावस्तु की योजना की गयी है। अहिंसा के उत्कृष्ट स्वरूप की साधना साधु ही कर सकता है जो त्रस और स्थावर समस्त जीवो की हिंसा से विरत है। गृहस्थ इतनी साधना नही कर सकता। उसे अपने आश्रित प्राणियो के भरण पोषण के लिए नाना प्रकार का आरम्भ करना पडता है तरह तरह के उद्योग करने होते हैं तथा अपने विरोधियो का प्रतिरोध और विनाश करना होता है। वह यदि कुछ साधना कर सकता है तो केवल यह कि जानबूझकर (संकल्पपूर्वक) किसी भी प्राणी की हिंसा न करे। इन चार प्रकार की हिंसाओ को शास्त्रीय शब्दो में निम्न लिखित नाम दिये गये हैं—

१ आरम्भी हिंसा, २ उद्योगी हिंसा, ३ विरोधी हिंसा, ४ संकल्पी हिंसा।

गृहस्थ इन चार प्रकार की हिंसाओ में से अंतिम अर्थात् संकल्पी हिंसा का त्यागी होता है। यशस्तिलक के कथानायक ने संकल्पपूर्वक आटे के मुर्गे की बलि की थी, जिसका कि उसे त्यागी होना चाहिए था। यही कारण है कि उसे इसका विषाक्त फल भोगना पडा।

कथा की इस योजना के पीछे एक और भी महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपा हुआ है। यशोधर को उक्त हिंसा के प्रतिफल छ जन्मो तक पशुयोनि मे ही क्यो भटकना पडा, नरक में भी तो जा सकता था?

यशोधर ने आटे का मुर्गा चढ़ाकर उससे समस्त जीवो की बलि करने का फल प्राप्त होने की कामना की।[1] निःसन्देह यह देवता के साथ बहुत बडा छल था। छल कपट (माया) तिर्यंचगति के कर्म बन्धन का कारण है (माया तैर्यग्योनस्य, तत्त्वार्थसूत्र ६।१६)। यही कारण है कि यशोधर को ऐसे तिर्यंचगति कर्म का बन्ध हुआ जिसे वह छ जन्मो में भोग पाया।

इस प्रकार यशस्तिलक की कथावस्तु अहिंसा संस्कृति की विशाल पृष्ठभूमि पर प्रतिष्ठित हुई है। इससे एक ओर सोमदेव के साहित्यकार ने जनमानस के

---

१ सर्वेषु सत्त्वेषु हतेषु य मे भवेत्फल देवि तदत्र भूयात्।
इत्याशयेन स्वयमेव देव्या पुर शिरस्तस्य चकत शस्त्र्या॥
यश० पृ० १६१ उत्त०

चरित्र विकास की नैतिक जिम्मेदारी पूर्ण की दूसरी ओर अहिंसा की प्रतिष्ठा से धार्मिक नेता का दायित्व।

एक बात और जो ध्यान म आती है वह यह कि सम्भवतया १० वी शताब्दी मे बलि प्रथा का बहुत ही जोर था। छोटे से छोटे पशु पक्षी से लेकर बडे से बडे पशु की बलि देने मे भी लोगो का हिचकिचाहट नहीं होती थी। दक्षिण भारत में जहाँ कौल और कापालिक सम्प्रदाय विशेष पनपे वहाँ बलि प्रथा का जोर होना स्वाभाविक था। सोमदेव ने यशस्तिलक में जिस तीव्रता के साथ और जिन कठोर शब्दो में बलि प्रथा का विरोध किया है वह कथावस्तु की सास्कृतिक पृष्ठभूमि का दूसरा अङ्ग है। बलि प्रथा का विरोध करना अहिंसा के विकास के लिए नितात आवश्यक था। उसी के लिए सोमदेव ने कथा के माध्यम से जन सामान्य के सामने बलि के दुष्परिणामो को प्रस्तुत किया और लोगो को यह महसूस करने के लिए बाध्य किया कि बलि करना निद्य और निकृष्ट काम ही नहा घृणास्पद अतएव परित्याज्य भी है।

•

यशोधरचरित्र की लोकप्रियता

यशोधरचरित्र मध्ययुग के साहित्यकारो का प्रिय और प्ररक विषय रहा है। यद्यपि कथावस्तु के मूल उत्स के विषय में अभी निश्चयपूर्वक कहना कठिन है फिर भी अब तक उपलब्ध प्रकाशित तथा अप्रकाशित सामग्री के आधार पर कहा जा सकता है कि लगभग सातवा शती के अन्त से लेकर उन्नीसवी शती तक यशोधरचरित्र पर ग्रन्थ रचना होती रही। प्राकृत सस्कृत अपभ्रश पुरानी हिन्दी गुजराती तमिल कन्नड आदि भारतीय भाषाओ म इस कथा को आधार बनाकर लिखे गये अनेक ग्रथ उपलब्ध होते है। अपभ्रश जसहरचरिउ की भूमिका म प्रो० पी० एल० वैद्य ने उनतीस ग्रथो की सूचना दी है। इधर उपलब्ध जानकारी से यह सख्या चौवन तक पहुँच जाती है। अनेक शास्त्र भण्डारो की सूचियाँ अभी तक नही बन पाया इसलिए अभी भी यह निश्चय पूर्वक नही कहा जा सकता कि इस सूची के अतिरिक्त और नवीन ग्रथ यशोधरचरित्र पर न मिले। अब तक प्राप्त जानकारी का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

१ उद्योतन सूरि ने कुवलयमाला कहा (७७९ ई०) मे प्रभजन द्वारा रचित यशोधरचरित्र की सूचना दी है।[1] यद्यपि यह ग्रन्थ अब तक प्राप्त नही हुआ किन्तु यह सत्य है कि प्रभजन ने यशोधरचरित्र की रचना की थी। वासवसेन ने भी प्रभजन का उल्लेख किया है।

२ हरिभद्र सूरि के प्राकृत ग्रन्थ समराइच्च कहा में यशोधर की कथा आयी है। हरिभद्र उद्योतन सूरि के गुरुओ म से थे। इनका समय आठवा शती का मध्यकाल माना जाता है।

---

१ सत्तूण जो जसहरो जसहर चरियण जणवए पयडो।
कलि मल-पभजणो च्चिय पभजणो आसि रायरिसी॥
—कुवलयमाला पृ ३।३१

२ सर्वशास्त्रविदा मान्यै सर्वशास्त्रार्थपारगै।
प्रभंजनादिभि पूर्व हरिषेणसम न्वितै॥
—पी० एल० वैद्य —जसहरचरिउ, भूमिका पृ० २५

३ हरिभद्र के बाद दशवी शती में सोमदेव ने सस्कृत में विशालकाय यशस्तिलक लिखा।

४ सोमदेव के समकालीन विद्वान् पुष्पदन्त ने अपभ्रंश मे जसहरचरिउ की रचना की।

५ पुष्पदन्त और सोमदेव के बाद वादिराजकृत यशोधरचरित्र की जानकारी मिलती है। श्रुतसागर ने वादिराज को सोमदेव का शिष्य बताया है।[3] स्वय वादिराज की सूचना के अनुसार उन्होने यशोधरचरित्र की रचना के पूर्व शक सवत ९४७ (१०२५ ई०) म पार्श्वनाथचरित की रचना की थी।[4]

६ वादिराज के बाद वासवसेन का उल्लेख किया जाना चाहिए। वासवसेन ने सस्कृत म आठ अध्यायो म यशोधरचरित्र लिखा।

७ वासवसेन के समकालीन वत्सराज ने भी यशोधर-कथा पर ग्रन्थ लिखा। गन्धर्व कवि ने वासवसेन तथा वत्सराज दोनो का उल्लेख किया है। इसलिए इनका समय १४ वी शती से पूर्व का अनुमाना जाता है।

८ वासवसेन ने अपने पूर्ववर्ती प्रभजन और हरिषेण का उल्लेख किया है। हरिषेण के काव्य के विषय में कोई जानकारी नही मिलती। सस्कृत कथाकोष के रचयिता हरिषेण से इनकी पहचान की जाती है किन्तु पर्याप्त साक्ष्यो के अभाव मे निश्चित रूप मे यह नही माना जा सकता कि वासवसेन के द्वारा उल्लिखित हरिषेण यही हैं।

९ वासवसेन की शैली और विधा पर ही सम्भवतया सकलकीर्ति ने अपना सस्कृत यशोधरचरित्र लिखा। सकलकीर्ति के शिष्य ज्ञानभूषण ने सवत् १५६० में अपनी तत्त्वज्ञानतरगिणी की रचना की थी। इसी आधार पर सकलकीर्ति का समय १४५० ई० के लगभग अनुमाना जाता है।

१० सकलकीर्ति की ही शैली और विधा पर सोमकीर्ति ने सस्कृत म यशोधरचरित्र की रचना की। स्वय सोमकीर्ति ने इसका रचनाकाल सवत १५३६ (१४७९ ई०) दिया है।

---

३ स वादिराजोऽपि सोमदेवाचार्यस्य शिष्य। वादीभसिंहोऽपि मदीय शिष्य श्री वादिराजोऽपि मदीय शिष्य। इत्युक्तत्वाच्च।—यश० २।१२६ स० टी०

४ श्री पार्श्वनाथकाकुत्स्थचरित येन कीर्तितम्।
तेन श्रीवादिराजेनारब्धा याशोधरी कथा॥
—पी० एल० वैद्य—वही पृ० २५

११ माणिक्यसूरि ने संस्कृत के अनुष्टुप पद्यो मे १४ अध्यायो में यशोधर चरित्र की रचना की। इनके समय आदि के विषय म कोई जानकारी नही मिलती। माणिक्यसूरि ने हरिभद्र का अपने पूववर्ती रूप म स्मरण किया है।

१२ पद्मनाभ ने नौ अध्यायो म संस्कृत यशोधरचरित्र लिखा। इसकी प्राचीनतम प्रति संवत १५३८ की मिलती है जो आमेर (राजस्थान) के शास्त्र भंडार म सुरक्षित है। इनके समय इत्यादि का ठीक पता नही चलता।

१३ पूर्णभद्र ने संस्कृत के ३११ पद्यो म सम्वत् म यशोधरचरित्र लिखा। इनके सम्बन्ध म भी कोई विशेष जानकारी नही मिलती।

१४ क्षमाकल्याण ने संस्कृत गद्य म यशोधरचरित्र लिखा जो कि आठ अध्यायो म समाप्त होता है। क्षमाकल्याण ने अपने यशोधरचरित्र के प्रारम्भ म हरिभद्र के प्राकृत यशोधरचरित्र का उल्लेख किया है।[५] क्षमाकल्याण ने अपनी कृति सं० १८३९ (१७८२ ई०) म पूर्ण की थी।

१५ भण्डारकर इंस्टीटयूट म एक और पाण्डुलिपि यशोधरचरित्र की है जिसके प्रारम्भ के कुछ पृष्ठ नही है और इसलिए उसके लेखक का भी पता नही चलता। ग्रन्थ ४ अध्यायो म समाप्त होता है। यह पाण्डुलिपि सन १५२४ ई० की है।

रायबहादुर हीरालाल की ग्रन्थ-सूचि के अनुसार यशोधरचरित्र पर निम्न लिखित विद्वानो ने भी ग्रन्थ लिखे—

१६ मल्लिभूषण नं० ७७८८

१७ ब्रह्मनेमिदत्त नं० ७८००

१८ पद्मनाथ नं० ७८०५। सम्भवतया उपरि उल्लिखित पद्मनाभ और पद्मनाथ एक ही है।

१९ श्रुतसागर ने चार अध्यायो म संस्कृत म यशोधरचरित्र लिखा। ये श्रुतसागर यशस्तिलक के टीकाकार ही है। सत्र की प्रार्थना पर इन्होने अपने ग्रन्थ की रचना की थी। ग्रन्थ के अन्त म प्रशस्ति इस प्रकार दी गयी थी—

श्रीमत्कुंदकुंदविदुषो देवेन्द्रकीर्तिर्गुरु।
पट्टे तस्य मुमुक्षुरक्षणगुणो विद्यादिनंदीश्वर ॥

---

५ श्री हरिभद्रमुनीन्द्रैर्विहित प्राकृतमय तथा पकृतम्
तदहम् गद्यमय तत् कुर्वे सर्वावबोधकृते ॥

तत्पादपावनपयोधरमत्तभृंगः, श्रीमल्लिभूषणगुरुर्गरिमाप्रधान ।
सम्प्रेरितोऽहममुनाभयरुच्यमिख्ये भट्टारकेण चरिते श्रुतसागराख्य ॥[६]

इनका समय १६वी शती माना जाता है ।

२० हेमकुजर ने ३७० श्लोको में सस्कृत मे यशोधरकथा लिखी ।

२१ जन्न कवि ने सन १२०९ मे गद्य और पद्य में चार अवतारो (अध्यायो) मे कन्नड म यशोधरचरित्र लिखा ।

२२ पूर्णदेव ने सस्कृत मे यशोधरचरित्र लिखा । इसके रचनाकाल का पता नही चलता । स० १८४४ की एक पाण्डुलिपि आमेर शास्त्र भण्डार मे सुरक्षित है ।[७]

२३ श्री विजयकीति ने सस्कृत गद्य में यशोधरचरित्र लिखा । इसके रचना काल या लिपिकाल का पता नही चलता ।[८]

२४ ज्ञानकीर्ति ने सवत् १६५९ मे सस्कृत यशोधरचरित्र लिखा । इसकी प्राचीनतम प्रति सवत १६६१ की उपलब्ध है । यह आमेर शास्त्र भडार म सुरक्षित है ।[९]

२५ २८ बडा मंदिर जयपुर के शास्त्र भंडार म सस्कृत यशोधरचरित्र की चार ऐसी भी पाण्डुलिपियाँ है जिनके लेखक का पता नही चलता । इनम रचनाकाल भी नही है । एक का लिपिकाल सवत् १७१५ तथा एक का १८०१ दिया है । चारो की शास्त्र सख्या इस प्रकार है ।[१०]

(१) वेष्टन सख्या १४४६ (सवत १८०१ की प्रति)
(२) वेष्टन सख्या १४४८
(३) वष्टन सख्या १४४९
(४) वेष्टन सख्या १४५० (सवत् १७५० की प्रति)

---

६ राजस्थान के शास्त्र भण्डारों की सूची, भाग २, पृ० १८८
७ आमेर शास्त्र भण्डार सूची पृ० ११७
८ वही
९ वही पृ० ११६
१० वही, पृ० २१८

२९ देवसूरि ने ३५० श्लोको मे यशोधरचरित्र लिखा। इनके समय आदि का पता नही चलता (जैन ग्रन्थावलि पृ० २३०)।

३० सोमकीर्ति ने पुरानी हिन्दी मे यशोधररास लिखा। इसके रचना काल का पता नही चलता। यह सवत १६६१ के लिखे एक गुटके मे उपलब्ध है।[११]

३१ परिहरानन्द ने हिन्दी पद्यो मे सवत १६७० मे यशोधरचरित लिखा। इसकी सवत १८३९ की पाण्डुलिपि बधीचन्द्रजी का मदिर जयपुर म सुरक्षित है।[१२]

३२ साह लाहट ने पदमनाभ के यशोधरचरित के आधार पर हिन्दी यशोधर चरित्र लिखा। इसका रचनाकाल सवत १७२१ है। इसकी सवत १८०३ की प्रति उपलब्ध है।[१३]

३३ खुशालचन्द्र ने सवत् १७८१ म हिन्दी म यशोधरचरित्र लिखा। इसकी प्राचीनतम प्रति सवत १८०१ की उपलब्ध है।[१४]

३४ अजयराज न हिन्दी म यशोधर चौपई लिखी। इसकी सवत् १८३९ की पाण्डुलिपि उपलब्ध है।[१५]

३५ गारवदास ने हिन्दी पद्यो म यशोधरचरित्र लिखा। इसका रचनाकाल सवत १५८१ है।[१६]

३६ पन्नालाल ने हिन्दी गद्य म यशोधरचरित्र लिखा। इसका रचनाकाल सवत १९३२ है।[१७]

३७ एक प्रति हिन्दी यशोधरचरित्र की जैन मन्दिर सघी जी के शास्त्र भण्डार जयपुर म वेष्टन सख्या ६११ म है। इसके लेखक रचनाकाल आदि का पता नही चलता।[१८]

---

११ वही, पृ० ७९
१२ राजस्थान के शास्त्र भडारों की सूची भाग ३ पृ०७१
१३ आमेर शास्त्र भंडार सूची पृ० ११६
१४ वही
१५ राजस्थान के शास्त्र भण्डारों की सूची भाग ३ पृ० ७१
१६ वही, भाग ४ पृ० १६१
१७ वही पृ० १६२
१८ वही पृ १६३

३८ यशोधर जयमाल नाम से हिन्दी में एक रचना एक गुटके में उपलब्ध है। इसके रचयिता या रचनाकाल का पता नही चलता।

३९ सामदत्तसूरि ने हिन्दी में यशोधररास लिखा। इसके रचनाकाल आदि का पता नही चलता। यह बधीचन्दजी का मदिर जयपुर में गुटका सख्या ४८ वेष्टन सख्या १०१३ (ख) म सुरक्षित है।[१९]

४० यशोधरचरित्र भाषा नाम से एक पाण्डुलिपि उपलब्ध है जिसके रचयिता आदि का पता नही चलता।

४१ प० लक्ष्मीदास ने पुरानी हिन्दी म यशोधरचरित्र लिखा। लक्ष्मीदास ने अपनी कृति के प्रारम्भ म कहा है कि उन्होने पद्मनाभ की शैली और विधा के आधार पर यशोधरचरित्र की रचना की।

४२ जिनचन्द्रसूरि ने पुरानी गुजराती मे यशोधरचरित्र लिखा। सम्भवतया जिनचन्द्रसूरि १६वी शती के विद्वान थ।

४३ देवेन्द्र ने पुरानी गुजराती में यशोधररास लिखा।

४४ लावण्यरत्न ने स० १५७३ (१५१६ ई०) मे गुजराती म यशोधर चरित्र लिखा।

४५ लावण्यरत्न के समान ही मनोहरदास ने भी स० १६७६ (१६१९ ई०) मे गुजराती में यशोधरचरित्र लिखा।

४६ ब्रह्मजिनदास ने स० १५२० (१४६३ ई०) म यशोधररास लिखा।

४७ इसी तरह जिनदास ने स० १६७० (१६१३ ई०) म यशोधररास लिखा।

४८ विवकराज ने सवत १५७३ में यशोधररास लिखा।

४९ यशोधरकथा चतुष्पदी के नाम से एक और गुजराती पाण्डुलिपि प्राप्त होती है। इसके रचयिता आदि का पता नही चलता।[२०]

५० एक अज्ञात लेखक ने तमिल भाषा में यशोधरचरित्र लिखा। इसका समय १०वी शताब्दी है और सम्भवत यह वादिराज की कृति है।

---

१९ वही भाग ३, पृ० १२१

२० लिंबडीना जैन ज्ञानभण्डारनी हस्तलिखित प्रतियानु सूचीपत्र, पृ० १२१

५१ श्री चन्द्रमवर्णी ने कन्नड में यशोधरचरित्र लिखा। ये श्रुतमुनि के पौत्र प्रशिष्य शुभचन्द्र के पुत्र थे। रचनाकाल या लिपिकाल का पता नहीं चलता।[२१]

५२ कवि चन्द्रम ने भी कन्नड में यशोधरचरित्र लिखा। इनके भी समय आदि का पता नहीं चलता।[२२]

५३ ५४ इनके अतिरिक्त और भी दो पाण्डुलिपियाँ कन्नड मे यशोधरचरित्र की उपलब्ध होती हैं। इनके रचयिता आदि का पता नहीं चलता।[२३]

---

२१ कन्नडप्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थसूची पृ० १५६

२२ वही

२३ वही

अध्याय दो

यशस्तिलककालीन सामाजिक जीवन

परिच्छेद एक

वर्ण-व्यवस्था और समाज-गठन

यशस्तिलककालीन भारतीय समाज छोटे-छोटे अनेक वर्गों में बँटा हुआ था। आदर्श रूप में उन दिनों भी वर्णाश्रम व्यवस्था की वैदिक मान्यताएँ प्रचलित थी। यशस्तिलक से इस प्रकार की पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। विभिन्न प्रसगो पर ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चारो वर्णों तथा अपने अपने वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक सामाजिक व्यक्तियो के उल्लेख आये हैं। सोमदेव ने एकाधिक बार वर्णशुद्धि के विषय में भी सूचनाएँ दी हैं।[1]

वर्णाश्रम-व्यवस्था की वैदिक मान्यताओ का प्रभाव सामाजिक जीवन के रग रग मे इस प्रकार बैठ गया था कि इस व्यवस्था का घोर विरोध करने वाले जैन धर्म के अनुयायी भी इसके प्रभाव स न बच सके। दक्षिण भारत में यह प्रभाव सबसे अधिक पडा इसका साक्षी वहाँ उत्पन्न होने वाले जैनाचार्यों का साहित्य है। सोमदेव के पूर्व नवी शताब्दि में ही आचार्य जिनसेन ने उन सभी वैदिक नियमोप नियमा का जैनीकरण करके उन पर जैनधम की छाप लगा दी थी जिन्हे वैदिक प्रभाव के कारण जैन समाज भी मानन लगा था। जिनसेन के करीब सौ वष बाद सोमदेव हुए। व यदि विरोध करते तो भी सामाजिक जीवन में से उन मान्यताओ का पृथक करना सम्भव न था इसलिए यशस्तिलक मे उन्होने यह चितन दिया कि गृहस्थो का धर्म दो प्रकार का है—लौकिक तथा पारलौकिक। लौकिक धर्म लोकाश्रित है तथा पारलौकिक आगमाश्रित इसलिए लौकिक धर्म के लिए वद (श्रुति) और स्मृतियो को प्रमाण मान लेने मे कोई हानि नही है।[2] प्राचीन जैन साहित्य की पृष्ठभूमि पर सोमदेव के इस चिन्तन का पर्यालोचन विशेष महत्व का है।

---

1 भजन्ति सांकर्यमिमानि देहिना न यत्र वर्णाश्रमधर्मवृत्तय।—पृ० ११
लोचनेषु वर्णसकरो न कुलाचारेषु।—पृ० २०८
शुद्धवर्णाश्रमचरितविगतैतध।—पृ० १८२ उत्त०

2 द्वौ हि धर्मौ गृहस्थाना लौकिक पारलौकिक।
लोकाश्रयो भवेदाद्य पर स्यादागमाश्रय॥
जातयोऽनादय सर्वास्तत्क्रियापि तथाविधा।
श्रुति शास्त्रान्तरं वास्तु प्रमाणं कात्र न क्षति॥—पृ० ३७३ उत्त०

चतुर्वर्ण

ब्राह्मण—यशस्तिलक म ब्राह्मण के लिए ब्राह्मण (११६ ११८, १२६ उत्त०) द्विज (९० १०५ १०८ १०४ उत्त० ४५७ पू०) विप्र (४५७ पू०) भूदेव (८८ उत्त०) श्रोत्रिय (१०३ उत्त०) वाडव (१३५ उत्त०) उपाध्याय (१३१ उत्त०) मौहूर्तिक (३१६ पू०१४० उत्त०) देवभोगी (१४० उत्त०) तथा पुरोहित (३१६ पू० ३४५ उत्त०) शाद आये हैं। एक स्थान पर (२१०) त्रिवेदी ब्राह्मण का भी उल्लेख है।

उन दिनो समाज म ब्राह्मणो की खूब प्रतिष्ठा थी। राजा भी इस बात मे गौरव अनुभव करता था कि ब्राह्मणा म उसकी मान्यता है।[४] पितृतर्पण आदि सामाजिक क्रिया-काण्डा मे भी ब्राह्मण ही आगे रहता था।[५] श्राद्ध के लिए ब्राह्मणो को घर बुलाकर भोजन कराया जाता था।[५] विशिष्ट ब्राह्मणो को दान देने की प्रथा थी[६]। श्राद्ध तथा मृत्यु के बाद की अन्य क्रियाएँ करानेवाले ब्राह्मणो के लिए भूदेव शब्द आया है।[७] सम्भवत श्रोत्रिय ब्राह्मण आचार की दष्टि से सबसे श्रेष्ठ माने जाते थे किन्तु उनम भी मादक द्रव्यो का उपयोग होने लगा था।[८] बलि आदि कार्य क विषय म पूरी जानकारी रखने वाले वेदो के जानकार ब्राह्मणो को वाडव कहते थे।[९] दशकुमारचरित मे भी ब्राह्मण के लिए वाडव शब्द का प्रयोग हुआ है।[१०] अध्यापन काय कराने वाले ब्राह्मण उपाध्याय कहलाते थे।[११] शभ मुहूत का शोधन करने वाल ब्राह्मण मौहूर्तिक कहे जात थ।[१२] मुहूत शोधन का काय करने समय व उत्तरीय से अपना मह

---

३ त्रिवेदीवेदिभिर्मा य ।—पृ० २१०

४ पितसन्तपण थ द्विजसमाजमन्त्रसवतीकाराय समपयामास।—पृ० २१८ उत्त०

५ भुक्ता च श्राद्धामन्त्रितैभू देवै ।—पृ० ८८

६ ददाति दान द्विजपुगवेभ्य ।—४१७

७ श्राद्धामन्त्रितै भूदेवै —पृ० ८८ पृ० कार्या तामनयोभूदेवसदोहसाक्षिणी क्रिया। पृ १२२ उत्त०।

८ अशुचिनि मदनद्रव्यैर्निपात्यते श्रोत्रियो यद्वत।— पृ० १०२ उत्त०

९ वेदविद्भिर्वाडवै। —पृ० १३५ उत्त०

१० वाडवाय प्रचुरतर धन दत्वा।—दशकुमार० १।५

११ अध्यापयन्नुपाध्याय।—पृ १३१ उत्त०

१२ राज्याभिषेकदिवसगणनाय मौहूर्तिकान्। पृ० १४० उत्त०

ढँक लेते थ।'[13] मन्दिर मे पूजा के लिए नियुक्त ब्राह्मण देवभोगी कहलाता था।[14] राज्य के मागलिक कार्यों के लिए नियुक्त प्रधान ब्राह्मण पुरोहित कहलाता था।[15] यह प्रात काल ही राज भवन में पहुँच जाता था।

ब्राह्मण के लिए ब्राह्मण आर द्विज बहु प्रचलित शब्द थे। विप्र श्रोत्रिय वाडव देवभोगी तथा त्रिवदी का यशस्तिलक में केवल एक एक बार उल्लख हुआ है। मौहूर्तिक तथा भूदेव का दो-दो बार तथा पुराहित का चार बार उल्लेख हुआ है।

क्षत्रिय—क्षत्रिय वण के लिए क्षत्र और क्षत्रिय दो शब्दो का व्यवहार हुआ है। प्राणियो की रक्षा करना क्षत्रियो का धम माना जाता था[16]। पौरुष सापेक्ष काय तथा राज्य सचालन क्षत्रियोचित कार्य मान जाते थे। सम्राट यशोधर को अहिच्छत्र के क्षत्रियो का शिरोमणि कहा गया है।[17]

वैश्य—व्यापारी वग के लिए यशस्तिलक मे वैश्य वणिक श्रष्ठी और सार्थवाह शब्द आए हैं। व्यापारी वग राज्य में व्यापार करने के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्राय व्यापार के लिए विदेशो से भी सम्बन्ध रखते थे। सुवर्णद्वीप जाकर अपार धन कमान वाले व्यापारियो का उल्लेख आया है।[18]

कुशल व्यापारी को राज्य की ओर से राज्यश्रेष्ठी पद दिया जाता था।[19] उसे विशापति भी कहते थे।[20]

शूद्र—शूद्र अथवा छोटी जातियो के लिए यशस्तिलक में शूद्र, अन्त्यज तथा पामर शब्द आए हैं। अन्त्यजो का स्पर्श वर्जनीय माना जाता था। पामरो की सन्तान उच्च कार्य के योग्य नही मानी जाती थी।[21]

---

१३ उत्तरीयदुकलाचलपिहितबिम्बिना मौहूर्तिकसमाजेन।—पृ० ३१६ पू०

१४ समाज्ञापय देवभोगिनम्।—पृ० १४० उत्त०

१५ द्वारे तवोत्सवमतिश्च पुरोहितोऽपि।—पृ० ३६१ पू०

१६ भूतसरक्षणं हि क्षत्रियाणां महा धर्मं।—पृ० ९५ उत्त०

१७ अहिच्छत्रक्षत्रियशिरोमणि।—पृ ५९७ पू०

१८ सुवर्णद्वीपमनुससार। पुनरगण्यपण्यविनिमयेन तत्रस्थमचिन्त्यमात्माभिमत वस्तुस्कन्धमादाय।—पृ० ३४५ उत्त०

१९ अजमार राजश्रेष्ठिन्—पृ० २६१ उत्त०

२० स विशांपतिरेवमूचे।—पृ० २६१ उत्त०

२१ अन्त्यजै स्पृष्टा।—पृ० ४५७

अन्य सामाजिक व्यक्ति

सामाजिक कार्य करने वाले अन्य व्यक्तियों में निम्नलिखित उल्लेख आये हैं—

१ **हलायुधजीवि** (५६) हल चलाकर आजीविका करनेवाले ।

२ **गोप** (३९१) कृषि करने वाले ।

गोप की पत्नी गोपी या गोपिका कहलाती थी । पत्नी पति के कृषि कार्य में भी हाथ बटाती थी। सोमदेव ने धान के खेतों में जाती हुई गोपिकाओं का उल्लेख किया है (शालिवप्रेषु या॑न्ति गोपिका १८) । गोप और हलायुधजीवि में सम्भवतया यह अन्तर था कि गोप वे कहलाते थे जिनकी अपनी निजी खेती होती थी तथा हलायुधजीवि उनको कहते थे जो अपने हल ले जाकर दूसरों के खेत जोतकर अपनी आजीविका चलाते थे ।

३ **व्रजपाल** (५६) गाय पालनेवाले ।

४ **गोपाल** (३४० उत्त०) ग्वाला ।

ग्वालों की बस्ती को गोष्ठ कहते थे ।[२२] सम्भवतया व्रजपाल उन्हें कहते थे, जिनके पास गायों तथा अन्य पशुओं का पूरा व्रज (बड़ा भारी समुदाय) होता था तथा गोपाल वे कहलाते थे जो अपने तथा दूसरों के पशु चराते थे ।

५ **गोध** (१३१ उत्त०) गडरिया ।

बकरियाँ तथा भेडें पालनेवाले को गोध कहते थे ।[२३]

६ **तक्षक** (२७१) कारीगर या राजमिस्त्री ।[२४]

७ **मालाकार** (३९३) माली ।

मालाकार या माली की कला का सोमदेव ने एक सुन्दर चित्र खींचा है। मन्त्री राजा से कहता है कि राजन् मालाकार की तरह कंटकितों को बाहर रोककर या लगाकर घनों को विरले करके उखाड़ गये को पुनः रोपकर पुष्पित हुए से फल चुनकर छोटों को बड़ाकर ऊँचों को झुकाकर स्थूलों को कृश करके तथा अत्यन्त उच्छृंखल या ऊबड़-खाबड़ को गिराकर पृथ्वी का पालन कर ।[२५]

२२ गोष्ठीनमनुसृत ।—पृ० ३४० उत्त०

२३ त गोधमेवमभ्यधात् ।—पृ० १३१ उत्त०

२४ काय किमत्र सदनादिषु तक्षकाद्यै ।—पृ० २७१

२५ वृक्षान्कण्टकिनो बहिर्नियमयन् विश्लेषय संहिता
नुत्खातप्रतिरोपयन्कुसुमिता श्चिन्वल्लघून्वर्धयन् ।
उच्चान्संनमय पृथ इव कृशयन्नत्युच्छ्रिता पातयन्
मालाकार इव प्रयोगनिपुणो राजन्महीं पालय ॥—पृ० ३९३

८ कौलिक (१२६) जुलाहा या बुनकर

कौलिक के एक औजार नलक का भी उल्लेख है। यह धागो को सुलझाने का औजार था जो एक ओर पतला तथा दूसरी ओर मोटा जघाओ के आकार का होता था।[२६]

९ ध्वजिन् या ध्वज (४३०) श्रुतदेव ने इसका अर्थ तेली किया है।[२७] मनुस्मृति तथा याज्ञवल्क्य स्मृति में सोम या सुरा बेचने वाले के अर्थ में ध्वज या ध्वजिन् शब्द का प्रयोग हुआ है।[२८]

१० निपाजीव (३९०) कुम्भकार।

निपाजीव निश्चल आसन पर बैठकर चक्र घुमाता तथा उस पर घड बनाता है। यशस्तिलक म एक मन्त्री राजा से कहता है कि हे राजन्, जिस प्रकार निपाजीव घडा बनाने के लिए निश्चल आसन पर बैठकर चक्र घुमाता है उसी तरह आप भी अपने आसन (सिहासन या शासन) को स्थिर करके दिक्पालपुर रूपी घडे बनाने के लिए अर्थात् चारो दिशाओ में राज्य करने के लिए चक्र घुमाओ (सेना भेजो)।[२९]

११ रजक (२५४) धोबी अर्थात् कपडे धोनेवाला।

रजक की स्त्री रजकी कहलाती थी। सोमदेव ने जरा (बुढापे) को रजकी की उपमा दी है जिस तरह रजकी गन्दे कपडो को साफ कर देती है उसी तरह जरा भी काले केशो को सफद कर देती है।[३०]

१२ दिवाकीर्ति (४०३, ४३१) नाई या चाण्डाल।

सोमदेव ने लिखा है कि दिवाकीर्ति को सेनापति बना देने के कारण कलिङ्ग मे अनग नामक राजा मारा गया था।[३१] मनुस्मृति मे चाण्डाल अथवा नीच जाति के लिए दिवाकीर्ति शब्द आया है।[३२] नैषधकार ने नाई के अर्थ म इसका प्रयोग किया है।[३३] यशस्तिलक के सस्कृत टीकाकार ने भी दिवाकीर्ति

---

२६ कोलिकनलकाकारे ते जंघे सांप्रत जाते।—पृ० १२६

२७ ध्वजकुलजात तिलंतुदकुलोत्पन्न।—पृ० ४३०

२८ सुरापाने सुराध्वज मनुस्मृति ४।८५, याज्ञवल्क्य स्मृति १।१४१

२९ निपाजीव इव स्थामिन्स्थिरीकृतनिजासन।
चक्र भ्रमय दिक्पालपुरभाजनसिद्धये।—पृ० ३९०

३० कृष्णच्छवि साच शिरोरुहश्रीजरारजक्या क्रियतेऽवदाता।—पृ० २५४

३१ कलिंगेष्वनगो नाम दिवाकीर्तें सेनाधिपत्येन वधमवाप।—पृ० ४३१

३२ मनुस्मृति ५।८५

३३ दिनमिव दिवाकीर्तिस्तीक्ष्णे क्षुरै सवितु करै।—नैषध, १६।२५

का अर्थ नाई तथा चाण्डाल दोनों किये है।[३४] नाई के लिए नापित शब्द भी आता है (२४५ उत्त०)।

१३ आस्तरक (४०३) शय्यापालक।

१४ संवाहक (४०३) पैर दबानेवाला।

दिवाकीर्ति आस्तरक और संवाहक ये तीनों अलग अलग राज परिचारक होते थे। सोमदेव ने तीनों का एक ही प्रसङ्ग में उल्लेख किया है। सम्भवतया दिवाकीर्ति का मुख्य कार्य बाल बनाना, आस्तरक का मुख्य कार्य बिस्तर, गद्दी आदि ठीक करना तथा संवाहक का मुख्य कार्य पैर दबाना, तैल मालिश करना आदि होता था। कौटिल्य ने आस्तरक तथा संवाहक दोनों का उल्लेख किया है।[३५] समृद्ध परिवारों में भी ये परिचारक रखे जाते थे। चारुदत्त के संवाहक ने अपने स्वामी के धनहीन हो जाने पर स्वयमेव काम छोड़ दिया था।[३६]

१५ धीवर (२१६, ३३५ उत्त०) मछली पकड़ने वाले।

धीवर के लिए कैवर्त शब्द (२१६ उत्त०) भी आया है। इनका मुख्य धन्धा मछली पकड़ना था। कैवर्तों के नव उपकरणों के नाम यशस्तिलक में आए हैं।[३७]

१ लगुड—लाठी या डण्डा
२ गल—मछली मारने का लोहे का काँटा
३ जाल—मछली पकड़ने का जाल
४ तरी—नाव
५ तर्प—घास का बना घोड़ा
६ तुवरतरंग—तूंबों पर बनाया गया फलक या पटिया
७ तरण्ड—फलक या तैरने वाला पटिया
८ वडिका—छोटी नाव या डोंगी
९ उडुप—परिहार नौका

---

३४ दिवाकीर्तिर्नापितस्य।—पृ० ४३१ सं० टी०। दिवाकीर्ति—चाण्डालस्य वा।—४०३

३५ अर्थशास्त्र भाग १ अध्याय १२

३६ संवाहक —चालित्त।वशेश म्म तस्सिं जूदोवजीवी म्हि संवुत्ते।
—मृच्छकटिक अङ्क २

३७ कैवर्तो—लगुडगलजालव्यग्रपाणय तरीतर्पतुवरतरंगतरण्डवडिकोडुपसम्पन्नपरिकरा।—पृ० २१६ उत्त०

१६ चर्मकार (१२५) चमार या चमड़ का व्यापार करनेवाला। चर्मकार के साथ उसके एक उपकरण दृति का भी उल्लेख है।[३८] दृति का अर्थ श्रुत सागर ने चर्मप्रसेविका किया है।[३९] दृति का अर्थ प्राय पानी भरने वाला चमडे का थैला या मसक किया जाता है।[४०] लगता है दृति कच्चे चमड को पकाने के लिए थैला बनाकर तथा उसमे पानी और अन्य पकाने वाली सामग्री भरकर टाँगे गये चमड को कहते थे। इसम से पानी टपटप गिरता रहता है। देहातों में चमडा पकाने की यही प्रक्रिया है। सोमदेव के उल्लेख से भी लगभग इसी स्वरूप का बोध होता है।[४१] मनुस्मृति तथा याज्ञवल्क्य स्मृति के उल्लेखा से भी इसका समर्थन होता है।[४२]

१७ नट या शैलूष (२२८ उत्त०, २६१)

इनका मुख्य पेशा तरह-तरह के चित्ताकर्षक वेष धारण करके लोगा को खेल दिखाकर आजीविका चलाना था।[४३] नटो के पेशे का एक पद्य मे सम्पूर्ण चित्र खीचा गया है। नट के खेल म जोर जोर से बाजा बजाया जाता था (आनक निनदनदत रम्य)। स्त्रिया गीत गाती थी (गीतकान्त)। नट आभूषण पहने होता था खासकर गले का हार (हाराभिराम) और जोर जोर से नर्तन करता था (प्रात्तालानर्तनीतिर्नट २२८ उत्त०)।

१८ चाण्डाल (२५४ २५७)

एक उपमा म चाण्डाल का उल्लेख है। सफेद केश को चाण्डाल के दण्ड (डड) की उपमा दी गयी है।[४४] एक स्थान पर कहा गया है कि वर्णाश्रम, जाति, कुल आदि की व्यवस्था ता व्यवहार से हाती है वास्तव म राजा के लिए जैसा विप्र वैसा चाण्डाल।[४५]

---

३८ चर्मकारदृतिवृ तम्।—पृ० १२५

३९ दृतिश्चर्मप्रसेविका।—वही स० टी०

४० आप्टे—संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी

४१ यो क्रुरोऽभूत्पुरा मध्यो वलित्रयविराजित।
सोऽद्य द्रवद्रसो धत्ते चर्मकारदृतिस्थितिम्॥—पृ० १२५

४२ इन्द्रियाणा तु सर्वेषा यद्येकं क्षरतीन्द्रियम्।
तेनास्य क्षरति प्रज्ञा दृतेःपादादिवोदकम्॥—मनुस्मृति २।९९, याज्ञवल्क्य ३।२६

४३ शैलूषयोषिदिव संसृतिरेनमेषा, नाना विडम्बयति चित्रकरैः प्रपंचैः।
प्रपंचैर्नानावेषै —पृ २६१, सं० टी०

४४ चाण्डालदण्ड इव।—पृ० २५४

४५ वर्णाश्रमजातिकुलस्थितिरेषा देव संवृतैर्नाम्या।
परमार्थतश्च नृपतेः को विप्रः कश्च चाण्डालः॥—पृ० २५७

इसी प्रसङ्ग मे 'भाल' शब्द का उल्लेख है। श्रुतसागर ने उसका अर्थ चाण्डाल किया है।[४६] चाण्डाल अछूत माना जाता था और समाज मे उसका अत्यन्त निम्न स्थान था। सोमदेव ने चाण्डाल का स्पर्श हो जाने पर मन्त्र जपने का उल्लेख किया है।[४७]

१६ शवर (२८१ उत्त० ६०)

शवर एक जगली जाति थी। इसे भी अस्पृश्य माना जाता था।[४८] शवर की स्त्री को शवरी कहते थ। शवर परिवार गरीब होते थ। ठड आदि से बचने के लिए उनके पास पर्याप्त वस्त्र आदि नही होते थ। सामदेव ने लिखा है कि ठड म प्रात काल शिशु का निश्चेष्ट देखकर शवरी उसे पिलाने के लिए हाथ म फला का रस लिए उसे मरा हुआ समझकर राती है।[४९]

२० किरात (२२० उत्त०)

किरात भी एक जगली जाति थी। इसका मुख्य पेशा शिकार था। यशस्तिलक मे सम्राट यशोधर जब शिकार के लिए गये तब उनके साथ अनेक किरात शिकार के विविध उपकरण लेकर साथ मे जाते हैं।[५०]

२१ वनेचर (१६)

वनेचर शब्द स ही यह स्पष्ट है कि यह जगली जाति थी। किराताजुनीय म वनेचर का उल्लेख आया है।[५१]

२२ मातग (३२७ उत्त०)

यह भी एक जगली जाति थी। यशस्तिलक से ज्ञात होता है कि विन्ध्याटवी में मातङ्गो की बस्तिया थी। इनमें मद्य मास का प्रयोग बहुत था। अकेला आदमी मिल जाने पर ये उसे भी मद्य मास पिला खिला देते थे।[५२]

●

---

४६ प्रकृतिशुचिर्भालमध्येऽपि। भालमध्येऽपि चाण्डालमध्येऽपि।—पृ० ४५७ स० टी०

४७ चाण्डालशवरादिभि आप्लुत्य दण्डवत् सम्यग्जपेन्मत्रमुपोषित।

—पृ० २८१, उत्त०

४८ वही

४९ प्रातर्डिम्भविचेष्टितुण्डकलनाभीहारकालागमे,
हस्तन्यस्तफलद्रवा च शवरी बाष्पातुर रोदिति।—पृ० ६०

५० अनणुकोऽोत्कणितपाणिभि किरातै परिवृत।—पृ० २२०

५१ स वर्णिलिङ्गी विदित समाययौ युधिष्ठिर द्वैतवने वनेचर।—१।१

५२ विन्ध्याटवीविषये मातङ्गैरुपलभ्य उक्त।—पृ० ३२७ उत्त०

सोमदेव सूरि और जैनाभिमत वर्ण-व्यवस्था

सोमदेव सूरि ने यशस्तिलक में जैन चिन्तकों के सामने सामाजिक व्यवस्था के सम्बन्ध में एक प्रश्न उपस्थित किया है—

> द्वौ हि धर्मौ गृहस्थाना लौकिक पारलौकिक ।
> लोकाश्रयो भवेदाद्य पर स्यादागमाश्रय ॥
> जातयोऽनादय सर्वास्तत्क्रियापि तथाविधा ।
> श्रुति शास्त्रान्तर वास्तु प्रमाण कात्र न क्षतिः ॥
> (पृ० २७३ उत्त०)

—गृहस्थो के दो धर्म हैं एक लौकिक दूसरा पारलौकिक। लौकिक धर्म लोकाश्रित है और पारलौकिक आगमाश्रित। जातियाँ अनादि है तथा उनकी क्रियाए भी अनादि है इसलिए इस विषय म श्रुति (वेद) और शास्त्रान्तर (स्मृति आदि) को प्रमाण मान लेने में हमारी क्या हानि है।

इस प्रसङ्ग म आये श्रुति और शास्त्र शब्द को अन्यथा न समझा जाये इस लिए स्वय सोमदेव ने उक्त दोना शब्दो को स्पष्ट कर दिया है—

> श्रुतिर्वेदमिह प्राहुर्धर्मशास्त्र स्मृतिर्मता ।
> (पृ० २७८)

—वेद को श्रुति कहते हैं और धर्मशास्त्र को स्मृति।

उपर्युक्त प्रश्न को प्रस्तुत करने के बाद सोमदेव ने अपना निर्णय निम्न लिखित शब्दो में दे दिया है—

> सर्व एव हि जैनाना प्रमाण लौकिको विधि ।
> यत्र सम्यक्त्वहानिर्न यत्र न व्रतदूषणम् ॥
> (पृ० ३७३)

—जिस विधि से सम्यक्त्व की हानि न हो तथा व्रत में दूषण न लगे, ऐसी प्रत्येक लौकिक विधि जैनो के लिए प्रमाण है।

इस पृष्ठभूमि पर विकसित होने वाला सामदेव का चिन्तन उनके दूसरे ग्रन्थ नीतिवाक्यामृत म अधिक स्पष्ट रूप से सामने आया है। उसके त्रयी समुद्देश में

किया गया वर्ण-व्यवस्था सम्बन्धी वर्णन स्मृति प्रतिपादित तत्-तत् विषयों का सूत्रीकरण मात्र है। ब्राह्मण आदि चार वर्ण उनके अलग अलग कार्य सामाजिक और धार्मिक अधिकार आदि का वर्णन विस्तार के साथ किया गया है।[1]

जैन सिद्धान्तों के साथ वर्ण-व्यवस्था तथा उसके आधार पर सामाजिक व्यवस्था का प्रतिपादन करने वाले मन्तव्यों का किसी भी तरह सामंजस्य नहीं बैठता। सोमदेव स्वयं जैन सिद्धान्तों के मर्मज्ञ विद्वान थे। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा किया गया यह वर्णन सिद्धान्तों में अन्तर्विरोध उपस्थित करता हुआ प्रतीत होता है।

सोमदेव के पूर्वकालीन साहित्य को देखने से पता चलता है कि जैन चिन्तक बहुत पहले से ही सामाजिक वातावरण और वैदिक साहित्य से प्रभावित हो चले थे उसी प्रभाव में आकर उन्होंने अनेक वैदिक मन्तव्यों को जैन साँचे में ढालने का प्रयत्न किया। यहाँ तक कि बाद के अनेक सैद्धान्तिक ग्रन्थों पर यह प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है।

मूल में जैनधर्म वर्ण व्यवस्था तथा उसके आधार पर सामाजिक व्यवस्था को स्वीकार नहीं करता। सिद्धान्त ग्रन्थों में वर्ण और जाति शब्द नामकर्म के प्रभेदों में आये हैं। वहाँ वर्ण शब्द का अर्थ रंग है जिसके कृष्ण नील आदि पांच भेद हैं। प्रत्येक जीव के शरीर का वर्ण (रंग) उसके वर्ण नामकर्म के अनुसार बनता है।[2] इसी तरह जाति नामकर्म के भी पाँच भेद हैं—एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। संसार के सभी जीव इन पाँच जातियों में विभक्त हैं। जिसके केवल एक स्पर्शन इन्द्रिय है उसकी एकेन्द्रिय जाति होगी। मनुष्य के स्पर्शन, रसना घ्राण चक्षु और श्रोत्र—ये पाँचों इन्द्रियाँ होती हैं इसलिए उसकी जाति पंचेन्द्रिय है। पशु के भी पाँचों इन्द्रियाँ हैं इसलिए उसका भी पंचेन्द्रिय जाति है।[3] इस तरह जब जाति की दृष्टि से मनुष्य और पशु में भी भेद नहीं तब वह मनुष्य मनुष्य का भेदक तत्त्व कैसे माना जा सकता है? वर्ण (रंग) की अपेक्षा अन्तर हो सकता है किन्तु वह ऊँच नीच तथा स्पृश्य अस्पृश्य की भावना पैदा नहीं करता।

गोत्रकर्म के उच्च गोत्र और नीच गोत्र दो भेद भी आत्मा की आभ्यन्तर

---

१ तुलना नीतिवाक्यामृत त्रयी समुद्देश तथा मनुस्मृति अध्याय १०

२ कर्मविपाकनामक प्रथम कर्मग्रन्थ गाथा ३१

३ वही गाथा ३२

शक्ति की अपेक्षा किये गये हैं।[४] ये वर्ण, जाति और गोत्र धर्म धारण करने में किसी भी प्रकार की रुकावट पैदा नहीं करते। प्रत्येक पर्याप्तक भव्य जीव चौदहवें गुणस्थान तक पहुँच सकता है।[५] पाँचवें गुणस्थान से आगे के गुण-स्थान मुनि के ही हो सकते हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि कोई भी मनुष्य चाहे वह लोक मे शूद्र कहलाता हो या ब्राह्मण स्वेच्छा से धर्म धारण कर सकता है।

सैद्धान्तिक ग्रन्थो में सामाजिक व्यवस्था सम्बन्धी मन्तव्या का वर्णन नहीं है। पौराणिक अनुश्रुति भी चतुर्वर्ण को सामाजिक व्यवस्था का आधार नही मानती।

अनुश्रुति के अनुसार सभ्यता के आदि युग में जिसे शास्त्रीय भाषा में कर्मभूमि का प्रारम्भ कहा जाता है ऋषभदेव ने असि मसि कृषि, विद्या, शिल्प और वाणिज्य का उपदेश दिया। उसी आधार पर सामाजिक व्यवस्था बनी।[६] लोगा ने स्वेच्छा से कृषि आदि कार्य स्वीकृत कर लिये। कोई कार्य छोटा-बडा नहा समझा गया। इसी तरह कोई भी कार्य धर्म धारण करने में रुकावट नही माना गया।

बाद के साहित्य मे यह अनुश्रुति तो सुरक्षित रही किन्तु उसके साथ में वर्ण व्यवस्था का सम्बन्ध जोडा जाने लगा। नवमी शती मे आकर जिनसेन ने अनेक वैदिक मन्तव्यो पर भी जैन छाप लगा दी।

जटासिंहनन्दि (७वा शती अनुमानित) ने चतुर्वर्ण की लौकिक और श्रौत-स्मार्त मान्यताओ का विस्तारपूर्वक खण्डन करके लिखा है कि—कृतयुग में तो वर्ण भेद था नही, त्रेतायुग में स्वामी-सेवक भाव आ चला था। इन दोनो युगो की अपेक्षा द्वापर युग मे निकृष्ट भाव होने लगे और मानव समूह नाना वर्णों मे विभक्त हो गया। कलियुग मे तो स्थिति और भी बदतर हो गयी। शिष्ट लोगो ने क्रिया-विशेष का ध्यान रखकर व्यवहार चलाने के लिए दया, अभिरक्षा, कृषि और शिल्प के आधार पर चार वर्ण कहे हैं अन्यथा वर्ण चतुष्टय बनता ही नहीं।[७]

---

४ कषायप्राभृत अध्याय १ सूत्र ८

५ वही, अध्याय १ सूत्र ८

६ स्वयंभूस्तोत्र आदिनाथ स्तुति श्लोक २

७. वराङ्गचरित २५।११

रविषेणाचार्य (६७६ ई०) ने पूर्वोक्त अनुश्रुति तो सुरक्षित रखी किन्तु उसके साथ वर्णों का सम्बन्ध जोड दिया। उन्होने लिखा है कि—ऋषभदेव ने जिन व्यक्तियो को रक्षा के कार्य में नियुक्त किया व लोक मे क्षत्रिय कहलाए जिन्हे वाणिज्य कृषि, गोरक्षा आदि व्यापारो में नियुक्त किया, वे वैश्य तथा जो शास्त्रो से दूर भाग और हीन काम करने लग व शूद्र कहलाए।[८]

ब्राह्मण वर्ण के विषय में एक लम्बा प्रसङ्ग आया है। जिसका तात्पर्य है कि ऋषभदेव ने यह वर्ण नही बनाया किन्तु उनके पुत्र भरत ने व्रती श्रावको का जो एक अलग वर्ग बनाया वही बाद म ब्राह्मण कहलाने लगा।[९]

हरिवंशपुराण म जिनसेन सूरि (७८३ ई०) न रविषेणाचाय के कथन को ही दूसरे शब्दा म दोहराया है।[१०]

इस प्रकार कर्मणा वर्ण व्यवस्था का प्रतिपादन करते रहने के बाद भी उसके साथ चतुर्वर्ण का सम्बन्ध जुड गया और उसके प्रतिफल सामाजिक जीवन और श्रौत स्मार्त मान्यताएं जैन समाज और जैन चिन्तको को प्रभावित करती गया। एक शताब्दी बातन बीतते यह प्रभाव जैन जन मानस म इस तरह बठ गया कि नवमा शती म जिनसेन ने उन सब मन्तव्यो को स्वीकार कर लिया और उन पर जनधर्म की छाप भी लगा दी। महापुराण में पूर्वोक्त अनुश्रुति को सुरक्षित रखने के बाद भी स्मृति ग्रन्था की तरह चारा वर्णा के पृथक पृथक् काय उनके सामाजिक और धार्मिक अधिकार ५३ गर्भान्वय ४८ दीक्षान्वय और ८ कत्रन्वय क्रियाओ एव उपनयन आदि सस्कारा का विस्तार के साथ वर्णन किया गया है[११]।

जिनसेन पर श्रौत-स्मार्त प्रभाव की चरम सीमा वहा दिखाई देती है जब व इस कथन का जैनीकरण करने लगते है कि— ब्रह्मा के मुह से ब्राह्मण बाहुओ से क्षत्रिय ऊरु से वैश्य तथा पैरो से शूद्रो की उत्पत्ति हुइ। व लिखते है कि ऋषभदेव ने अपनी भुजाओ मे शस्त्र धारण करके क्षत्रिय बनाए ऊरु द्वारा यात्रा का प्रदर्शन करके वैश्यो का रचना की तथा हीन काम करने वाले शूद्रो को

---

८ पद्मपुराण पव ३ श्लोक २५५ ५८

९ वही पव ४ श्लोक ९९ १२२

१० हरिवंशपुराण सर्ग ९ श्लोक ३३ ४० सग ११ श्लोक १०३ १०७

११ महापुराण पव १६ श्लोक १७९ १८१ २४३ २५०

पैरो से बनाया। मुख से शास्त्रों का अध्यापन कराते हुए भरत ब्राह्मण वर्ण की रचना करेगा।[१२]

एक तरफ समाज में श्रौतस्मार्त प्रभाव स्वयं बढ़ता जा रहा था दूसरे उस पर जैनधर्म की छाप लग जाने से और भी दृढ़ता आ गयी।

जिनसेन के करीब एक शती बाद सोमदेव हुए। वे जैनधम के मर्मज्ञ विद्वान् होने के साथ साथ प्रसिद्ध सामाजिक नेता भी थे। उनके सामने यह समस्या थी कि जैनधर्म के मौलिक सिद्धान्त सामाजिक वातावरण तथा जिनसेन द्वारा प्रतिपादित मन्तव्यो का जैन चिन्तन के साथ कोई मेल नही बैठता। किन्तु जन-मानस मे बैठे हुए स स्कारो को बदलना और एक प्राचीन आचार्य का विरोध करना सरल काम नही था। सोमदेव जैसे जन-नेता के लिए वह अभीष्ट भी न था। ऐसी परिस्थिति मे उ होने यह चिन्तन दिया कि गृहस्थो के दो धर्म मान लिए जाए—एक लौकिक और दूमरा पारलौकिक। लौकिक धम के लिए वेद और स्मृति को प्रमाण मान लिया जाये और पारलौकिक धर्म के लिए आगमो को।

सोमदेव के ये मन्तव्य ऊपर से देखने पर जैन चिन्तन के बिलकुल विपरीत लगते हैं क्योकि एक तो वेद और स्मृतियो की विचारधारा जैन चिन्तन के साथ मेल नही खाती। दूसरे जैनागमो में गृहस्थधम और मुनिधम ये दो भेद तो आते हैं[१३] कि तु गृहस्थो के लौकिक और पारलौकिक दो धर्मों का वर्णन यशस्तिलक के अतिरिक्त अ यत्र नही हुआ।

अनायास ही यह प्रश्न उठता है कि क्या सोमदेव जैसा निर्भीक शास्त्रवेत्ता लौकिक और वदिक प्रवाह मे बहकर जनधर्म के साथ इतना बडा अन्याय कर सकता है? यशस्तिलक के अन्त परिशीलन से ज्ञात होता है कि सामदेव ने जो चिन्तन दिया उसका शाश्वत मूल्य है तथा जैन चिन्तन के साथ उसका किञ्चित् भी विरोध नही आता।

सोमदव न यशस्तिलक मे अनेक वदिक मान्यताओ का विस्तार के साथ खडन किया है,[१४] इसलिए यह कहना नितान्त असङ्गत हागा कि व वद और स्मृति को प्रमाण मानत थ।

---

१२ तुलना—महापुराण पर्व १६, श्लोक २४३ २४६
ऋग्वेद, पुरुषसूक्त १० ९०, १२
महाभारत अध्याय २९६ श्लोक ५ ६ पूना १९३२ ई०
मनुस्मृति अध्याय १, श्लोक ३१, बनारस १९३९ ई०

१३ चारित्रप्राभृत, गाथा २०

१४ यशस्तिलक उत्तराध, अध्याय ४

गृहस्थो के दो धर्म व्रती और अव्रती सम्यग्दृष्टि के द्योतक हैं। अव्रती सम्यग्दृष्टि का चौथा गुणस्थान होता है। इस गुणस्थानवर्ती जीव के दर्शन मोहनीयकर्म की मिथ्यात्व आदि प्रकृतियो का उपशम, क्षय या क्षयोपशम होने से सम्यक्त्व तो होता है, किन्तु चारित्रमोहनीय की अप्रत्याख्यानावरण कषाय आदि प्रकृतियो के उदय होने से सयम बिलकुल नही होता। यहाँ तक कि वह इन्द्रियो के विषयो से तथा त्रस और स्थावर जीवो की हिंसा से भी विरत नही होता।[१५] सोमदेव द्वारा प्रतिपादित लौकिक धम को प्रमाण मानने वाला गृहस्थ जैन दृष्टि से इसी गुणस्थान के अन्तग त आता है।

पारलौकिक धर्म को स्वीकार करने वाले गृहस्थ क लिए सोमदेव ने स्पष्ट रूप से केवल आगमाश्रित विधि को ही प्रमाण बताया है। यह गृहस्थ सैद्धान्तिक दृष्टि से पञ्चम गुणस्थानवर्ती देशव्रती सम्यग्दृष्टि माना जाएगा। यहा दर्शन मोहनीयकर्म की अप्रत्याख्यानावरण कषाय। का भी उपशम क्षय या क्षयोपशम हो जाने से जीव देश-सयम का पालन करने लगता है।[१६] इस गुणस्थानवती सम्यग्दृष्टि केवल उसी लौकिक विधि को प्रमाण मानता है जिसे मानने से उसके सम्यक्त्व की हानि न हो तथा व्रत म दोष न लग। सामदव ने भी इस बात को कहा है जिसका उल्लेख ऊपर कर चुके है।

इस तरह सोमदेव ने जिस कुशलता के साथ उस युग के सामाजिक जीवन म प्रचलित मा यताओ क साथ जैन चिन्तन के मौलिक सिद्धान्तो का निवाह किया उसका शाश्वत मूल्य है। जिनसेन की तरह सोमदव न वदिक म न यो को जन साच म ढालने का प्रयत्न नही किया प्रत्युत उन्हे वदिक ही बत या। सामाजिक निर्वाह के लिए यदि कोई उन्हे स्वीकृत करता है तो करे किन्तु इतन मात्र से वे जैन मन्तव्य नही हो जाते।

सामदेव के चिन्तन की यह स्पष्ट फलश्रुति है कि सामाजिक जीवन के लिए किन्ही प्रचलित लौकिक मूल्यो को स्वीकृत कर लिया जाये किन्तु उनको मूल चिन्तन के साथ सम्बद्ध करके सिद्धान्तो की हानि नहा करनी चाहिए। सामाजिक मूल्य परिवर्तनशील होते है। देश काल और क्षत्र के अनुसार उनम परिवर्तन होते रहते है। यह भी निश्चित है कि सैद्धान्तिक चिन्तन व्यवहार की कसौटी पर सवदा पूर्ण रूपेण सही नही उतरता किन्तु इतने मात्र से मूल सिद्धान्तो म परिवर्तन नही करना चाहिए।

•

---

१५ गोम्मटसार, जीवकाण्ड गाथा २५ २६ २६

१६ गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा ३०

आश्रम-व्यवस्था और संन्यस्त व्यक्ति

सोमदेवकालीन समाज मे आश्रम-व्यवस्था के लिए भी वैदिक मान्यताएं प्रचलित थी। यद्यपि यशस्तिलक मे स्पष्ट रूप से ब्रह्मचर्य, गृहस्थ वानप्रस्थ और सन्यास आश्रम का उल्लेख नही है फिर भी आश्रम व्यवस्था की पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है।

बाल्यावस्था को विद्याध्ययन का काल यौवनावस्था को अर्थोपार्जन का काल तथा वृद्धावस्था को निवृत्ति का काल माना जाता था।[1]

गुरु और गुरुकुल विद्याध्ययन की धुरी थे। बाल्यावस्था विद्याध्ययन का स्वर्णकाल माना जाता था। यदि बाल्यकाल में विद्या नही पढी तो फिर जीवन भर प्रयत्न करते रहने के बाद भी विद्या आना कठिन है।[2] जिनकी विधिवत् शिक्षा नही होती या जो विद्याध्ययन काल म ही प्रभुता या लक्ष्मीसम्पन्न हो जाते है, वे बाद म निरकुश भी हो जाते हैं।[3] राजपुत्र तथा जन साधारण सभी के लिए यह समान बात है।[4]

बाल्यावस्था या विद्याध्ययन के उपरान्त गोदान दिया जाता तथा विधिवत् गृहस्थाश्रम प्रवेश किया जाता था।[5] युवावस्था में लोग अपने गुरुजनो की सेवा का विशेष ध्यान रखते थ।[6]

वृद्धावस्था म समस्त परिग्रह त्यागकर सन्यस्त होना आदर्श था।[7] इस अवस्था में अधिकाशतया लोग घर छोड़कर तपोवन चले जाते थे।[8] चतुर्थ

१ बाल्य विद्यागमैर्यत्र यौवन गुरुसेवया।
सर्वसगपरित्यागै सगत चरम वय ॥ —पृ० १६८।

२ न पुनरायु स्थितय इवानुपासितगुरुकुलस्य यत्नवत्योऽपि सारस्वत्य।—पृ० ४३२

३ बालकाल एव लब्धलक्ष्मीसमागम, असजातविद्यावृद्धगुरुकुलोपासन, निरकुशता नीयमान।—पृ० २६

४ वही पृ० २३६-२३७

५ परिप्राप्तगोदानावसरश्च।—पृ० ३२७

६ यौवन गुरुसेवया। —पृ० १६८

७ सर्वसगपरित्यागै सगत चरमं वय। —पृ० १६८

८ कुलवृद्धानां च प्रतिपन्न तपोवनलोकत्वात्। पृ० २६
परवय परिणतिदूतीनिवेदितनिसर्गप्रणयायास्तपोवनाश्रमरमाया। —पृ० २८४

पुरुषार्थ (मोक्ष) की साधना करना इस अवस्था का मुख्य ध्येय था।[९] नवयुवक को प्रव्रजित होने का लोग निषेध करते थे।[१०]

प्रव्रजित होते समय लोग अपने परिवार के सदस्यों तथा इष्ट मित्रों आदि से सलाह और अनुमति लेते थे। यशोधर कहता है कि नयी अवस्था होने के कारण माता, पत्नी (महारानी) युवराज (पुत्र), अन्त पुर की स्त्रियाँ पुरवृद्ध मन्त्रिगण तथा सामन्त समूह प्रव्रजित होने में तरह तरह से रुकावट डालेगे।[११] सम्राट यशोधर जब प्रव्रजित होने लगे तो उन्होंने अपने पुत्र को बुलाकर अपना मनोरथ प्रकट किया।[१२]

आश्रम-व्यवस्था के अपवाद

यद्यपि सामान्य रूप से यह माना जाता था कि बाल्यावस्था में विद्याध्ययन युवावस्था मे गृहस्थाश्रम प्रवेश तथा वृद्धावस्था मे सन्यास ग्रहण करना चाहिए, किन्तु इसके अपवाद भी कम न थे। यशस्तिलक के प्रमुखपात्र अभयरुचि तथा अभयमति अपनी आठ वर्ष की अवस्था में ही प्रव्रजित हो गये थे।[१३] एक स्थल पर यशोधर श्रुति की साक्षी देता हुआ कहता है कि श्रुति का यह एकान्त कथन नहीं है कि 'बाल्यावस्था में विद्या आदि यौवन मे काम तथा वृद्धावस्था मे धर्म और मोक्ष का सेवन करो प्रत्युत यह भी कथन है कि आयु अनित्य है इसलिए यथा योग्य रूप से इनका सेवन करना चाहिए।[१४]

जैनागमो म बाल्यावस्था म प्रव्रजित होने के अनेक उल्लेख मिलते हैं। अति मुक्तककुमार इतनी छोटी अवस्था म साधु हो गया था कि एक बार वर्षा के पानी को बाँधकर उसम अपना पात्र नाव का तरह तैराकर खेलने लगा था।[१५] गज सुकुमार गृहस्थाश्रम म प्रवेश करने के पूर्व ही सन्यस्त हो गये थ।[१६]

---

९ चिराय प्राथितचतुर्थपुरुषार्थमनोरथसारा।—पृ० २८४

१० नवे च वयसि मयि सजात नवेंद्रे विश्वास्यन्ते अ तराया।—पृ० ७० उत्त०

११ वही, पृ० ७० ७१ उत्त०

१२ वही पृ० २८४

१३ अष्टवर्षदेशीयतयाहदूपायोगयत्वादिमा देशयतिश्लाघनीयाशा दशामाश्रित्य।
—पृ० २६५ उत्त०

१४ बाल्ये विद्यादीनर्थान् कुर्यात् काम यौवने स्थविरे धर्म मोक्षं चैत्यपि नायमे का ततोऽनित्यत्वादायुषो यथापपद वा सेवेतेत्यपि श्रुति।—पृ० ७६ उत्त०

१५ भगवती० ५।४

१६ अन्तगडदसासुत्त वग ३

जैनधर्म सिद्धान्ततः भी आयु के आधार पर आश्रमों का वर्गीकरण नही मानता। सोमदेव ने इस तथ्य को यशस्तिलक में प्रकारान्तर से स्पष्ट किया है।[१७]

परिव्रजित या सन्यस्त व्यक्ति

परिव्रजित या सन्यस्त हुए लोगो के लिए यशस्तिलक में अनेक नाम आए हैं। ये नाम उनके अपने धार्मिक सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं—

१ **आजीवक** (४०६ उत्त०)

आजीवक सम्प्रदाय के साधुओ के साथ जैन श्रावक को सहालाप, सहावास तथा उनकी सेवा करने का निषध किया गया है।[१८]

यशस्तिलक में आजीवको का उल्लेख अत्यधिक महत्वपूर्ण है, इससे यह ज्ञात होता है कि दशवी शताब्दी तक आजीवक सम्प्रदाय के साधु विद्यमान थे।

आजीवक सम्प्रदाय के प्रणेता मक्खलिपुत्त गोशाल भगवान् महावीर के सम सामयिक तथा उनके विरोधी थे। जैनागमो मे इसके अनेक उल्लेख मिलते है।[१९]

आजीवको की अपनी कुछ विचित्र सी मान्यताएँ थी। गोशाल पूर्ण नियति वाद मे विश्वास करते थे। जो होना है वही होगा यह नियतिवाद की फलश्रुति है। गोशाल का कहना था कि सत्वो (जीवो) के क्लेश का कोई हेतु नहीं है। बिना हेतु और बिना प्रत्यय के सत्व क्लेश पाते है स्वय कुछ नही कर सकते, दूसरे भी कुछ नही कर सकते। सभी सत्व भाग्य और सयोग के फेर में छह जातियो म उत्पन्न होते है और सुख दुःख भोगते है। सुख दुःख द्रोण से तुले हुए हैं ससार मे घटना बढ़ना उत्कष अपकर्ष कुछ नही होता।[२०]

२ **कर्मन्दी** (१३४, ४०८)

यशस्तिलक में कर्मन्दी का दो बार उल्लेख है। इसका अर्थ श्रुतदेव ने तप किया है।[२१] पाणिनि ने कमन्द भिक्षुओ का उल्लेख किया है।[२२] सम्भवत जिस तरह पाराशर के शिष्य पाराशर्य, शुनक क शौनक आदि कहलाते थे उसी

---

१७ ध्यानानुष्ठानशक्त्यात्मा युवा यो न तपस्यति।
स जराजजरो येषा तपो विघ्नकर परम्॥ पृ० ७७ उत्त०

१८ आजीवकादिभि सहावास सहालाप तत्सेवा च विवर्जयेत्।—पृ० ४०६, उत्त०

१९ २० देखिए मेरा लेख—'महावीर के समकालीन आचार्य, श्रमण मासिक, महावीर जयन्ती अंक, १९६१

२१ कर्मन्दीव तपस्वीव वही, स० टी०

२२ कर्मन्दकृशाश्वादिनि ।४।३।१११

तरह कर्मन्द मुनि के शिष्य कर्मन्दी कहलाते होंगे। यशस्तिलक के उल्लेख से ज्ञात होता है कि कर्मन्दी भिक्षु एकान्त रूप से मोक्ष की साधना में लगे रहते थे तथा स्वैरकथा और विषय-सुख म किञ्चित भी रुचि नहीं दिखाते थे।[२३]

३ कापालिक (२८१ उत्त०)

कापालिक शैव सम्प्रदाय की एक शाखा के साधु कहलाते थे। सोमदेव ने कापालिक का सम्पर्क होने पर जन साधु को मन्त्र-स्नान बताया है।[२४]

कापालिक साधु का एक सम्पूर्ण चित्र क्षीरस्वामी ने अपने प्रतीक नाटक प्रबोधचन्द्रोदय (अध्याय ३) म प्रस्तुत किया है। एक कापालिक साधु स्वयं अपने विषय म इस प्रकार जानकारी देता है—कर्णिका रुचक, कुण्डल शिखा मणी भस्म और यज्ञोपवीत ये छह मुद्राषटक कहलाते है। कपाल और खटवाक उपमुद्राए है। कापालिक साधु इनका विशेषज्ञ होता है तथा भगासनस्थ होकर आत्मा का ध्यान करता है। मनुष्य की बलि देकर शिव क भरव रूप की पूजा की जाती है। भैरवी की भी खून क साथ पूजा की जाती है। कापालिक कपाल में से रक्त पान करत है।[२५]

४ कुलाचार्य या कौल (४४)

कापालिका की तरह कौल भी शैव सम्प्रदाय की एक शाखा थी। सोमदेव ने कुलाचार्य का दो बार उल्लेख किया है (४४ २६९ उत्त०) मारिदत्त को एक कुलाचार्य ने ही विद्याधर लोक को जीतने वाली करवाल की प्राप्ति के लिए चण्ड मारी को सभी जीवो क जोडो का बलि देने की बात कही थी।[२६]

सोमदेव क कथन के अनुसार कौल सम्प्रदाय की मान्यताए इस प्रकार थी—सभी प्रकार के पेय अपेय भक्ष्य अभक्ष्य आदि म नि शक चित्त होकर प्रवृत्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।[२७]

---

२३ एकान्तत परमपदस्पृहयालुतया स्वैरकथास्वपि कर्मन्दीव न तृप्यति विषयेषु मोल्लेखेषु विषयसुखेषु।—पृ० ४०८

२४ सगे कापालिकात्रेयी । आप्लुत्य दण्डवत्सम्यग्जपेन्मन्त्रमुपोषित ।

—पृ० २८१ उत्त०

२५ उद्धृत—हान्दिकी यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर, पृ० ३५६

२६ विद्याधरलोकविजयिन करवालस्य सिद्धिर्भवतीति वीरभैरवनामकात्कुलाचार्यकादुपश्रुत्य।—पृ० ४४

२७ सर्वेषु पेयापेयभक्ष्याभक्ष्यादिषु नि शङ्कचित्तोद्वृत्तात्, इति कुलाचार्या ।

—पृ० २६९ उत्त०

सोमदेव के अनुसार कापालिक त्रिक मत को मानते थे। त्रिक मत के अनुसार मद्य मांस पी-खाकर प्रसन्नचित्त होकर बायीं ओर स्त्री को बिठाकर स्वयं भी शिव और पार्वती के समान आचरण करता हुआ शिव की आराधना करे।[२८]

५. कुमारश्रमण (९२)

बाल्यावस्था में जो लोग साधु हो जाते थे उन्हें कुमारश्रमण कहा जाता था। सोमदेव ने कुमारश्रमण के लिए 'असंजातमदनफलसङ्ग' विशेषण दिया है। एक स्थान पर श्रमणसंघ (९३) का भी उल्लेख है। उक्त दोनों स्थलों पर श्रमण शब्द जैन साधु के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

६ चित्रशिखण्डि (९२)

चित्रशिखण्डि का अर्थ श्रुतदेव ने सप्तर्षि किया है। मरीचि, अङ्गिरा, अत्रि, पुलस्त्य पुलह, क्रतु और वशिष्ठ ये सात ऋषि सप्तर्षि कहलाते थे। सोमदेव ने इनका विशेषण सब्रह्मचारिता दिया है। ये सात ऋषि आचार, विचार और साधना में समान होने के कारण ही एक श्रेणी में बाँधे गये। इन ऋषियों के शिष्य भी संभवतः चित्रशिखण्डि के नाम से प्रसिद्ध हो गये हों।

७ जटिल (४०६ उत्त०)

यशस्तिलक में जैनों के लिए जटिलों के साथ आलाप आवास और सेवा का निषेध किया गया है।[२९] जटिल भी शैव मत वाले साधु कहलाते थे।

८ देशयति (२५५, ४०६ उत्त०)

देशयति या देशव्रती एकादश प्रतिमाधारी जैन श्रावक को कहते हैं। मुनि के एकदेश संयम का पालन करने के कारण इसे देशव्रती कहा जाता है। यह श्रावक या तो दो चादर और एक लंगोटी रखता है या केवल एक लंगोटी मात्र। चादर और लंगोटी वाले को क्षुल्लक तथा केवल लंगोटी वाले को ऐलक कहा जाता है।

९ देशक (३७७ उत्त०)

जो जैन साधु पठन-पाठन का कार्य करते हैं उन्हें उपाध्याय कहा जाता है। उपाध्याय के अर्थ में यशस्तिलक में 'देशक' शब्द आया है।

---

२८ तथा च त्रिकमतोक्तिः — मदिरामोदमेदुरवदनस्तरसरसप्रसन्नहृदयः सव्यपार्श्वविनिवेशितशक्तिः शक्तिमुद्रासनधरः स्वयमुमामहेश्वरायमाणः कृष्णया सर्वाणीश्वरमाराधयेदिति। पृ० २६९, उत्त०

२९ जटिल जीवकादिभिः। सहावासं सहालापं तत्सेवां च विवर्जयेत्।—पृ० ४०६

१०. नास्तिक (३०६ उत्त०)

सोमदेव ने जैनो के लिए नास्तिको के साथ आलाप, आवास आदि का निषेध किया है। चार्वाक अथवा बृहस्पति के शिष्यो के लिए सम्भवत यहाँ इस शब्द का प्रयोग हुआ है।

अन्य साधुओ के लिए निम्नाकित नाम आए है—

११ परिव्राजक (३२७ उत्त०) परिव्राट (१३९ उत्त०)

१२ पारासर (९२) परासर ऋषि के शिष्य पारासर कहलाते थे।

१३ ब्रह्मचारी (४०८)

१४ भविल (४०८)

भविल शब्द का अर्थ श्रुतदेव ने महामुनि किया है।[३०] भविल साधु पैदल चलते थे तथा छोटे जीवा के प्रति महाकृपालु होने से लकडी की चप्पल (खडाउ) भी नही पहनते थे।[३१]

१५ महाव्रती (४९)

महाव्रती का दो बार उल्लेख है। चण्डमारी के मन्दिर मे महाव्रती साधु अपने शरीर का मास काटकर खरीद बेच रहे थे।[३२] ये साधु हाथ में खटवाग लिये रहते थ।[३३] कौल की तरह ये भी शैव मतानुयायी थे।

१६ महासाहसिक (४९)

महासाहसिक भी शैव होते थे। सोमदेव ने इनकी आत्मरुधिरपान जैसी भयकर साधना का उल्लेख किया है।

१७ मुनि (५६ ४०४ उत्त०)

जैन साधु के लिए यशस्तिलक म अनेक बार मुनि पद का प्रयोग हुआ है। अभी भी जन साधु मुनि कहलाते हैं।

१८ मुमुक्षु (४०९)

मोक्ष की ओर उन्मुख तथा अनवरत साधना म सलग्न साधु मुमुक्षु कहलाता

---

३० भविल इव -महामुनिरिव-पृ० ४०८, स० टी०

३१ महाकृपालुतया सत्त्वसमदभयेन पदात्पदमपि भ्रमन्भविल इव नादत्ते दारुपादपरित्राणम्।—पृ० ४०८

३२ महाव्रतिकवीरक्रयविक्रीयमाणस्ववपुर्वल्लूरम्।—पृ ४९

३३ सा कालमहाव्रतिना खट्वांगकर्ता नीता।—पृ० १२७

था। मुमुक्षु पर्व-त्यौहार के दिनों में भी मुट्ठीभर सब्जी या जौ के अतिरिक्त और कुछ नहीं खाते थे।[३४]

१९ यति (२८५ उत्त०, ३७२ उत्त०, ४०६ उत्त०)

यति शब्द का भी कई बार प्रयोग हुआ है। यह शब्द भी जैन साधु के लिए प्रयुक्त होता है। सोमदेव के उल्लेखानुसार यति अपने नियम और अनुष्ठान मे बडे पक्के होते थे।[३५] यति भिक्षा भी करते थे।[३६]

२० यागज्ञ (४०६ उत्त०)

सम्भवत यज्ञ करने वाले वैदिक साधु यागज्ञ कहलाते थे। सोमदेव ने यागज्ञो के साथ जैना को सहावास, सहालाप तथा उनकी सेवा करने का निषेध किया है।[३७]

२१ योगी (४०९)

ध्यान म मस्त हुआ साधु योगी कहलाता था। सोमदेव ने लिखा है कि यह सोचकर कि दूसरे जीव को थोडा-सा भी दु ख पहुँचाने पर वह बोये गये बीज की तरह जन्मान्तर में सैकडो प्रकार से फल देता है इसलिए योगी दयाभाव से तथा पापभीरु होने से वनस्पति के फल या पत्ते भी स्वय नही तोडता।[३८]

२२ वैखानस (४०)

वैखानस साधुओ के विषय मे सोमदेव ने लिखा है कि ये बाल-ब्रह्मचारी होते थे तथा स्नान, ध्यान और मन्त्रजाप—खासतौर से अघमर्षण मन्त्रो का जाप करते थे।[३९]

---

३४ पर्वसेष्वपि दिवसेषु मुमुक्षुरिव न शाकमुष्टेर्यावमुष्टेर्वापरमाहरत्याहारम्।—पृ० ४०३

३५ निजनियमानुष्ठानैकतानमनसि यतीश्वरे।—पृ० २८५, उत्त०

३६ गृहस्थो वा यतिर्वापि जैन समयमाश्रित।
यथाकालमनुप्राप्त पूजनीय सुदृष्टिभि॥—पृ० ४०६

३७ शाक्यनास्तिकयागज्ञजटिलाजीवकादिभि।
सहावासं सहालापं तत्सेवां च विवर्जयेत्॥—पृ० ४०६, उत्त०

३८ ईषदप्यशुभम थत्नोत्पादितमात्मन्युप्तबीजमिव जन्मान्तरे शतश फलतीति दयालुभावादुरितभीरुभावाच्च न दलं फलं वा योगीव स्वयमवचिनोति वनस्पतीन्।
—पृ० ४०९

३९ सवदा शुचिरिव ब्रह्मचारी तथापि लोकव्यवहारप्रतिपालनार्थं देवोपासनायामपि समाप्लुत्य वैखानस इव जपति जलकम्पूर्वैकमनजनितकल्मषप्रमर्षणमघमर्षणमन्त्राम्नायान्।—पृ० ४०८

२३ शसितव्रत (४०८)

शसितव्रत का अर्थ श्रुतदेव ने दिगम्बर साधु किया है। शसितव्रत अशुभ का दर्शन या स्पर्श तो दूर रहा मन में उसके विचार आ जाने से भी भोजन छोड़ देते थे।[४०]

२४ श्रमण (९२ ९३) जैन साधु

दिगम्बर मुनि के अर्थ मे श्रमण का प्रयोग हुआ है।[४१] श्रमणो का पूरा सघ[४२] गाँव नगर आदि में विहार करता था।[४३] सघ मे विविध विषयो म निष्णात अनेक साधु रहते थे।[४४]

२५ साधक (४९)

मन्त्र तन्त्र आदि की सिद्धि के लिए विकट साधना करने वाले, साधु साधक कहलाते थे। सोमदेव ने अपने सिर पर गुग्गुल जलाने वाले साधको का उल्लेख किया है।[४५]

६ साधु (३७७, ४०५, ४०७ उत्त०)

साधु शब्द का अनेक बार प्रयोग हुआ है तथा सभी स्थानो पर जैन साधु के अर्थ म आया है।

२७ सूरि (३७७)

जैनाचार्य के अर्थ म इसका प्रयोग हुआ है।

इनके अतिरिक्त सोमदेव ने परिव्रजित व्यक्तियो के निम्नलिखित नामो की निरुक्तियाँ[४६] इस प्रकार दी है—

---

४० आस्ता तावदशुभस्य दर्शन स्पर्शन च, किन्तु मनसाप्यस्य परामर्श शसितव्रत इव प्रत्यादिशत्याशम्।—पृ० ४०८

४१ श्रमण इव जातरूपधारिण।—पृ० ९३

४२ अनूचानेन श्रमणसघेन।—पृ० ९३

४३ विहरमाण।—पृ० ८९

४४ वही

४५ साधकलोकनिजशिरोदह्यमानगुग्गुलरसम्।—४९

४६ तत्तद्गुणप्रधानत्वाद्यतयोऽनेकधा स्मृता।
निरुक्तियुक्तितस्तेषा वदतो मन्निबोधत॥

—कल्प ४४, श्लोक ८५७

२८ जितेन्द्रिय

जो सब इन्द्रियों का जीतकर अपने द्वारा अपने को जानता है, वह गृहस्थ हो या वानप्रस्थ उसे जितेन्द्रिय कहते हैं।[४७]

२९ क्षपण

जो मान माया मद और अमर्ष का नाश कर देता है उसे क्षपण कहते है।[४८]

३० श्रमण

जगह-जगह विहार करके भी जो श्रान्त नहीं होता उसे श्रमण कहते हैं।[४९]

३१ आशाम्बर

जा लालसाओं को नाश अथवा प्रशान्त कर देता है उसे आशाम्बर कहते हैं।[५०]

३२ नग्न

जो सब प्रकार के परिग्रह से रहित होता है उसे नग्न कहते हैं।[५१]

३३ ऋषि

क्लेश समूह को रोकने वाले को मनीषिजन ऋषि कहते हैं।[५२]

३४ मुनि

आत्मविद्या में मान्य व्यक्ति को महात्मा लोग मुनि कहते हैं।[५३]

३५ यति

जो पाप रूपी बन्धन के नाश करने का यत्न करता है वह यति कहलाता है।[५४]

---

४७ जित्वेन्द्रियाणि सर्वाणि यो वेत्त्यात्मानमात्मना ।
गृहस्थो वानप्रस्थो वा स जितेन्द्रिय उच्यते ॥—कल्प ४४ श्लो० ८५८

४८ मानमायामदामर्षक्षपणात्क्षपणः स्मृतः ।—कल्प ४४, श्लो० ८५९

४९ यो न श्रान्तो भवेद्भ्रान्तेस्तं विदुः श्रमणं बुधाः ॥—वही

५० यो हताशः प्रशान्ताशस्तमाशाम्बरमूचिरे ।—कल्प ४४ श्लो० ८६०

५१ यः सर्वसङ्गसंत्यक्तः स नग्नः परिकीर्तितः ॥—कल्प ४४, श्लो० ८६०

५२ रेषणात्क्लेशराशीनामृषिमाहुर्मनीषिणः ।—कल्प ४४, श्लो० ८६१

५३ मान्यत्वादात्मविद्यानां महद्भिः कीर्त्यते मुनिः ॥—कल्प ४४, श्लो० ८६१

५४ यः पापपाशनाशाय यतते स यतिर्भवेत् ।—कल्प ४४, श्लो० ८६२

३६ अनगार

जो शरीररूपी घर मे भी उदासीन होता है उसे अनगार कहते हैं।[५५]

३७ शुचि

जो आत्मा को मलिन करने वाले कर्मरूपी दुर्जनो से सम्पर्क नहीं रखता वह शुचि कहलाता है।[५६]

३८ निर्मम

जो धर्म और कर्म के फल के प्रति उदासीन है तथा अधर्माचरण से निवृत्त है आत्मा ही जिसका परिच्छद है उसे निर्मम कहते है।[५७]

३९ मुमुक्षु

जो पुण्य और पाप दोनो कर्मों से रहित हैं व मुमुक्षु कहलाते हैं।[५८]

४० शसितव्रत

जो ममता अहकार मान मद तथा मत्सर रहित है तथा निन्दा और स्तुति मे समान बुद्धि रखता है उसे शसितव्रत कहते है।[५९]

४१ वाचयम

जो आम्नाय के अनुसार तत्त्व को जानकर उसी का एक मात्र ध्यान करता है उसे वाचयम कहते है। पशु की तरह मौन रहने वाला वाचयम नही।[६०]

४२ अनूचान

जिसका मन श्रुत (शास्त्र) में, व्रत म, ध्यान में सयम म नियम में तथा यम मे सलग्न रहता है उसे अनूचान कहते है।[६१]

---

५५ योऽनीहो देहगेहेऽपि सोऽनगार सता मत ॥—कल्प ४४ श्लो० ८६२

५६ आत्मशुद्धिकरैर्यस्य न सग कर्मदुर्जनै ।
स पुमान् शुचिराख्यातो नाम्बुसप्लुतमस्तक ॥—कल्प ४४ श्लो० ८६३

५७ धर्मकर्मफलेऽनीहो निवृत्तोऽधर्मकर्मण ।
तं निर्ममम्मुशन्तीह केवलात्मपरिच्छदम् ॥—कल्प ४४, श्लो० ८६४

५८ य कर्मद्वितयातीतस्त मुमुक्षु प्रचक्षते ।—कल्प ४४, श्लो० ८६५

५९ निर्ममो निरहकारो निर्मानमदमत्सर ।
निन्दाया सस्तवे चैव समधी शंसितव्रत ॥—कल्प ४४, श्लो० ८६६

६० योऽवगम्य यथाम्नाय तत्त्व तत्त्वैकभावन ।
वाचयम स विज्ञेयो न मौनी पशुवन्नर ॥—कल्प ४४ श्लो० ८६७

६१ श्रुते व्रते प्रसख्याने सयमे नियमे यमे ।
यस्योच्चै सर्वदा चेत सोऽनूचान प्रकीर्तित ॥—कल्प ४४ श्लो० ८६८

४३ अनाश्वान्

जो इन्द्रियरूपी चोरो का विश्वास नही करता तथा शाश्वत मार्ग पर दृढ़ रहता है और सब प्राणी जिसका विश्वास करते हैं उसे अनाश्वान् कहते हैं।[६२]

४४ योगी

जिसकी आत्मा तत्त्व मे लीन है, मन आत्मा में लीन है और इन्द्रियाँ मन में लीन हैं, उसे योगी कहते हैं।[६३]

४५ पञ्चाग्नि साधक

काम क्रोध मद, माया और लोभ ये पाँच अग्नियाँ हैं। जो इन पाँचों अग्नियो को अपने वश म कर लेता है वह पञ्चाग्निसाधक है।[६४]

४६ ब्रह्मचारी

ज्ञान को ब्रह्म कहत है दया को ब्रह्म कहते है, काम के निग्रह को ब्रह्म कहत हैं। जो आत्मा अच्छी रीति से ज्ञान की आराधना करता है या दया का पालन करता है या काम का निग्रह करता है उसे ब्रह्मचारी कहते हैं।[६५]

४७ शिखाच्छेदी

जिसने ज्ञानरूपी तलवार स ससाररूपी अग्नि की शिखा याने लपटो को काट डाला उसे शिखाच्छेदी कहत है सिर घुटाने वाले को नही।[६६]

४८ परमहस

ससार अवस्था म कम और आत्मा, दूध और पानी की तरह मिले हुए हैं। जो कर्म और आत्मा को दूध और पानी की तरह पृथक-पृथक कर देता है, वह

---

६२ योऽक्षस्तेनेष्वविश्वस्त शाश्वते पथि निष्ठित।
समस्तसत्त्वविश्वास्य सोऽनाश्वानिह गीयते॥—कल्प ४४, श्लो० ८६९

६३ तत्त्वे पुमान्मन पुंसि मनस्यक्षकदम्बकम्।
यस्य युक्तं स योगी स्यान्न परेच्छादुरीहित॥—कल्प ४४, श्लो० ८७०

६४ काम क्रोधो मदो माया लोभश्चेत्यग्निपंचकम्।
येनेदं साधितं स स्यात्कृती पंचाग्निसाधक॥—कल्प ४४, श्लो० ८७१

६५ ज्ञानं ब्रह्म दया ब्रह्म ब्रह्म कामविनिग्रह।
सम्यगत्र वसन्नात्मा ब्रह्मचारी भवेन्नर॥—कल्प ४४, श्लो० ८७२

६६ संसाराग्निशिखाच्छेदो येन ज्ञानासिना कृत।
तं शिखाच्छेदिनं प्राहुर्न तु मुण्डितमस्तकम्॥—कल्प ४४, श्लो० ८७३

परमहंस है। अग्नि की तरह सर्वभक्षी (जो मिल जाये वही खा लेने वाला) परमहंस नही है।[६७]

४६ तपस्वी

जिसका मन ज्ञान से शरीर चारित्र से और इन्द्रियाँ नियमो से सदा प्रदीप्त रहती हैं वही तपस्वी है कोरा वेष बनाने वाला तपस्वी नहीं।[६८]

•

६७ कर्मात्मनोर्विवेक्ता यः क्षीरनीरसमानयो।
भवेत्परमहंसोऽसौ नाग्निवत्सर्वभक्षकः ॥—कल्प ४४, श्लो० ८७१

६८ ज्ञानैर्मनो वपुर्वृत्तैर्नियमैरिन्द्रियाणि च।
नित्यं यस्य प्रदीप्तानि स तपस्वी न वेषवान् ॥—कल्प ४४ श्लो० ८७७

पारिवारिक जीवन और विवाह

सोमदेवकालीन भारत में सयुक्त परिवार प्रणाली प्रचलित थी। अपने से बडो के लिए आदर तथा छोटो के लिए प्यार, इस प्रणाली का मुख्य रहस्य था। इसके बिना सयुक्त परिवार सभव न था। राज-परिवार तक में इस विशेषता का ध्यान रखा जाता था। यशोर्घ जब परिव्रजित होने लगे तो अपने पुत्र को बुलाकर स्नेह मिश्रित शब्दो में अपनी इच्छा व्यक्त की। पुत्र ने भी विनम्रतापूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किये।[1] शासन-सूत्र संभालने के बाद भी यशोधर ने अपनी माता की इच्छाओ के आदर का पर्याप्त ध्यान रखा। यशोधर अपनी माता से कहता है कि यदि आप मुझ पर दुष्पुत्र होने का अपवाद न लगाय तो कुछ कहूँ।[2] इसी प्रसङ्ग म आगे चलकर बलि का तीव्र विरोधी होने पर भी यशोधर केवल इसलिए पिष्टकुक्कुट (आटे का मुर्गा) की बलि देना स्वीकार कर लेता है क्योकि आज्ञा न मानने पर अपना अपमान समझ कर वह (माँ) कोई भी अनिष्ट कर सकती थी।[3]

बडे लोग भी अपने से छोटो की मर्यादा का ध्यान रखते थे। चन्द्रमती कहती है कि बाल्यावस्था मे भले ही जबर्दस्ती, डर दिखाकर या कान खींचकर बच्चे से काम करा लें किन्तु युवा होने पर तथा जो स्वय शक्तिसम्पन्न और उच्चपद पर प्रतिष्ठित हो गया हो उसे न तो बलपूवक रोकना चाहिए, न काम करने के लिए जबर्दस्ती करना चाहिए।[4]

---

1 पृ० १८२ १८४

2 वदामि किंचिदहं यदि तत्रभवति मयि दुष्पुत्रापवादरागं न विकिरति।

—पृ० ३१ उत्त०

3 परमपमानिता चेयं जरती न जाने किं करिष्यति भवत, भवत्येवात्र प्रमाणम्, ननु तथैव पूर्यन्तामत्र कामितानि।—पृ० १३८, १४

4 गत स काल खलु यत्र पुत्र स्वतन्त्रवृत्त्या हृदये प्सितानि।
कार्याणि कार्येत हठाश्रयेण भयेन वा कर्णचपेटया वा॥
युवा निजादेशनिशितश्री स्वयप्रभु, आप्तपदप्रतिष्ठ।
शिष्य सुतो वाप्यहितैवलाद्धि न शिक्षणीयो न निवारणीय॥—पृ० १२३ उत्त०

पारिवारिक सम्बन्ध चिर परिचित, सहज और स्वाभाविक हैं फिर भी सोमदेव ने यशोर्घ राजा के परिवार का जो चित्र प्रस्तुत किया है वह विशेष मनोहारी है। यशोर्घ के चन्द्रमति नामकी प्रियतमा थी। वह पतिव्रताओं में श्रेष्ठ थी। कामदेव के लिए रति थी धर्मपरायण के लिए धर्मभूमि थी गुणों की खान थी कला का उत्पत्तिस्थान थी शील का उदाहरण थी पति की आज्ञा मानने और अवसरोचित काय करने में आचार्याणी थी। पति मे एकनिष्ठ होने से उसका रूप विनय से सौभाग्य तथा सरलता से कलाप्रियता उसके आभूषण बने।[५] यशोर्घ भी चन्द्रमति को बहुत मानता था। जसे धर्म और दया राज्य और नीति तप और शान्ति कल्पवृक्ष और कल्पलता एक दूसरे से अनन्य सम्बन्ध रखते हैं उसी तरह चन्द्रमति और यशोर्घ का भी अनन्य सम्बन्ध था।[६]

यशोर्घ और चन्द्रमती से यशोधर नाम का पुत्र हुआ। गर्भ से लेकर शिक्षा दीक्षा पर्यन्त जो रोचक वर्णन सोमदेव ने किया है वह अन्यत्र देखने मे कम आता है। चन्द्रमती ने रात्रि के अन्तिम प्रहर में स्वप्न देखा कि उसके गर्भ मे इन्द्र पुत्र होकर आया है। प्रात काल उसने अपने प्रियतम को स्वप्न का वृत्तान्त बताया (पृ० २४ २५)। गर्भवृद्धि के साथ चन्द्रमति के शारीरिक परिवर्तन भी होने लगे। दोहद इत्यादि का सुन्दर वर्णन है। गर्भ की रक्षा कुशल वैद्यों के द्वारा की जाती थी। आठ महीने के पूर्व गर्भिणी स्त्री के लिए उच्च हास का निषेध किया गया है।[७]

प्रसूति का समय आने पर सूतिकासद्म (प्रसूतिगृह) की रचना की गयी। शुभ मुहूर्त में बालक का जन्म हुआ। पुत्ररत्न की प्राप्ति पर सहज ही परिवार में उल्लास का वातावरण होता है। और फिर यशोर्घ तो सम्राट था। गीत नृत्य,

---

५ अहो महीपाल नृपस्य तस्य स्ववशाना चन्द्रमति प्रियासीत्।
पतिव्रतत्वेन महीसपत्न्या प्राप्तोपरिष्टात्पदवी यया हि।
साभूद्रतिस्तस्य मनोभवस्य धर्मावनि धर्मपरायणस्य।
गुणैकधाम्नो गुणरत्नभूमि कलाविनोदस्य कलाप्रसूति॥
शीलेन दृष्टान्तपद जनाना निदर्शनत्व पतिसुव्रतेन।
पत्युनिदेशावसरोपचारादाचार्यक या च सतीषु लेभे॥
रूप भर्तरिभावेन सौभाग्य विनयेन च।
कलावत्त्व ऋजुत्वेन भूषयामास आत्मन॥—पृ० २२२

६ वही—पृ० २१०

७ मासोऽष्टमात्पूर्वमिद त्वयोच्चैर्हासादिकं कर्म न देवि कार्यम्।—पृ० २२६

वादित्र इत्यादि की परम्परा एक लम्बे समय तक चलती रही। स्थान-स्थान पर तोरण और पताकाएँ सजायी गयीं। यशोर्घ ने याचको को वस्तु, वस्त्र और वाहन का मनचाहा दान दिया। ऐसा दान जिससे फिर कभी याचक को याचना न करना पडे (पृ० २२७-२३१)।

जात कर्म सम्पन्न हो जाने के बाद बालक का यशोधर नामकरण किया गया। बालक क्रम से वृद्धिङ्गत होने लगा। उत्तानशयन (ऊपर को मुह करके सोना), दरहसित (मुस्कराना) जानुचक्रमण (घुटनो के बल सरकना), स्खलित-गति (डगमगाते पैरो चलना) और गद्गदालाप (तुतलाते हुए बोलना) इत्यादि अवस्थाओ को क्रमश पार किया। बाल्यावस्था के स्वरूप का अत्यन्त मनोरम चित्र सोमदेव ने खीचा है। बालक को पलने में सुलाया कि वह परेशान हो रोने लगा। किसी दूसरे ने उठाया भी तो भी मचलने लगा। प्यारवश पिता ने अपनी गोद में लिया तो सीने में दुग्धपान के लिए स्तन खोजने लगा। परेशान होकर अपना ही अगूठा मुँह में दिया। और जब अगूठे मे से कुछ न निकला तो फूट-फूटकर रोने लगा। वह देखने में प्रिय लगता और कपोलो पर जरा-सा स्पर्श करते ही खिलखिलाकर हँस देता। पुरोहित ने स्वस्तिवाचन के अक्षत हाथ पर रखे नही कि कब के मुँह मे डाल लिये (पृ० २३२ २३३)।

घुटनो के बल कुछ-कुछ चला कुछ धात्री की उगली पकडकर चला और जैसे ही उगली छोडी तो धडाम से गिरने को हुआ कि धात्री ने उठा कर गोद में ले लिया। गोद मे उठाते ही उसने धात्री की चोटी खीचना शुरू कर दिया। बच्चों की बडी विचित्र स्थिति है। बालो के आभूषण को हाथो मे पहना। हाथो के कड़ों को बालो में लगाया और हाथ खाली हुए नही कि कमर से करधनी निकाल कर अपने ही हाथो अपने पैरो में बाध ली। और तब निश्चेष्ट होकर रोते हुए उस बालक को देखना कितना प्रिय लगता है और कितना अजीब भी। हर्ष और विषाद की वह सम्मिश्रित स्थिति केवल अनुभवगम्य ही है। सोमदेव ने लिखा है कि जिस घर के आँगन मे बालक नहीं खेलते वह घर वन के समान है। उनका जन्म व्यर्थ है जिनके बालक न हुआ। उनके शरीर म अङ्ग विलेपन कीचड पोतने के समान है जिनके वक्षस्थल पर धूलि विधूसरित पुत्र की रज न लिपटी हो। चंचल काकपक्ष, ढेर-सा काजल लगी आँखें बहुत देर तक खेलने से निकलता हुआ उच्छ्वास और काँपते हुए आठ तथा गोद मे लेते ही पुलकित हुआ वदन, ऐसे बालको का मुख चुम्बन करने का जिन्हे अवसर प्राप्त होता है वे धन्य हैं (पृ० २३२ २३५)।

बालक तुतलाते बोलता है, कभी पिता को माँ और माँ को पिता कह देता है। धातृ जब बुलवाती है तो कुछ टूटे-फूटे शब्दो मे बोलता है। कुछ सिखाने को बैठाओ तो नाराज होकर भाग जाता है। कही एक जगह नही बठता, बुलाओ तो सुनता नही फिर दौडकर आता है और एक क्षण बाद फिर भाग जाता है (पृ० २३५)।

इस प्रकार बाल्यावस्था का चित्रण करने के उपरान्त चौल-कर्म और विद्याभ्यास का वर्णन किया गया है। विद्याभ्यास के बाद गोदान का निर्देश है (परिप्राप्तगोदानावसरश्च पृ० २३७)।

सोमदेव ने एक सुखी पारिवारिक जीवन का चित्रण बहुत ही स्वाभाविक ढग से किया है।

स्त्री के विषय म सोमदेव ने लिखा है कि स्त्री के बिना ससार के सारे कार्य व्यथ हैं घर जगल के समान है और जि दगी बेकार।[८] एक तरफ सोमदेव न स्त्री के बिना घर का जगल और जीवन का व्यर्थ बताया दूसरी ओर उसके निकृष्टतम स्वरूप का भी स्पष्ट चित्र खीचा है। अग्नि शा त हो जाए विष अमृत बन जाए राक्षसियो को वश म कर लिया जाए क्रूर जन्तुओ को भी सेवक बना लिया जाए पत्थर भी मृदु हो जाए पर स्त्रियाँ अपने वक्र स्वभाव को नही छोडती। यशस्तिलक के चौथ आश्वास मे स्त्रियो के स्वरूप का विस्तृत वर्णन किया है (पृ० ५३ ६३ उत्त०)।

इसी प्रसङ्ग म यह भी कह देना उपयुक्त होगा कि सोमदेव स्त्रियो का विशष शिक्षा देने के पक्षपाती नही है। उनका कहना है कि स्त्रियो को शिक्षित करना ठीक वैसे ही है जैसे साँप को दूध पिलाना।[९] स्त्रियो को धमसाधन में बाधा स्वरूप माना गया है।[१०] स्त्री के भगिनी जननी दूतिका सहचरी महानसकी (रसोईन) धातृ तथा भार्या स्वरूप का चित्रण किया गया है।[११]

---

८ याम तरेण जगतो विफला प्रयास य म तरेण भवनानि वनोपमानि। याम न्तरेण हत सगति जीवितम् च।—पृ० १२६

९ इच्छ गृहस्यात्मन एव शा न्ति स्त्रियं विदग्धां खलु क करोति।
दुग्धेन य पोषयते भुजंगीं पुस कुतस्तस्य सुमङ्गलानि॥—पृ० १५२ उत्त०

१० इयमेव तप सिद्धौ बुधा कारणमूचिरे।
यदनालोक स्त्रीणां यच्च संग्लापन तनो॥—पृ० ११४

११ पृ० १२१

विवाह

यशस्तिलक में विवाह के दो प्रकारो की जानकारी आती है—एक स्वयंवर दूसरे परिवार द्वारा विवाह।

स्वयंवर

कन्या के परिणय योग्य हो जाने पर उसका पिता देश विदेश के प्रतिष्ठित लोगो को उसके स्वयंवर की सूचना देता और तदनुसार किसी निश्चित दिन स्वयवर का आयोजन किया जाता। स्वयवर-मण्डप में जन-समुदाय उपस्थित होता। कन्या हाथ में वरमाला लेकर मण्डप में प्रवेश करती और अपनी रुचि के अनुसार किसी योग्य व्यक्ति के गले मे वरमाला पहना देती।[१२]

स्वयवर का प्रचार राजे-महाराजो मे ही अधिक था। सम्भवतया कोई-कोई विशिष्ट सम्पन्न व्यक्ति भी स्वयवर का आयोजन करते थे। स्वयवर के आयोजन का सारा उत्तरदायित्व आदि से अन्त तक कन्या पक्ष वालो पर ही होता था।

परिवार द्वारा विवाह

दूसरे प्रकार के विवाह मे वर के माता पिता योग्य धात्री तथा पुरोहित को कन्या की खोज मे भेजते थे। धात्री और पुरोहित का कार्य बहुत ही उत्तर-दायित्वपूर्ण था। एक तो यह कि योग्य कन्या की तलाश करे दूसरे कन्या तथा उसके माता पिता के मन में यह भावना उत्पन्न कर दे कि जिस व्यक्ति का वे प्रस्ताव कर रहे है, उससे अधिक योग्य व्यक्ति उस सम्बन्ध के लिए हो ही नही सकता। धात्री और पुरोहित की कुशलता से माता पिता पहले किये गये निर्णय तक को बदल देते थे।[१३]

विवाह की आयु

बारह वर्ष की कन्या और सोलह वर्ष का युवक विवाह के योग्य माना जाता था।[१४] सोमदेव के बहुत पहले से बाल विवाह की प्रवृत्ति चली आती थी। हिन्दू धर्मशास्त्र में कन्या के रजस्वला होने के पूर्व विवाह कर देना उचित माना जाता था। उत्तरकालीन स्मृति-ग्रन्थो में इस अवस्था में कन्या का विवाह न करने वाले अभिभावको को अत्यन्त पाप का भागी बताया गया है।[१५]

---

१२ पृ० ७६ ४७८ ३२१ उत्त०

१३ पृ० ३५०-५१ उत्त०

१४ वही, पृ० ३१७

१५ द्रष्टव्य ३, २२, संवर्त १, ६७ यम १ २२ शंख १५, ८ उद्धृत अल्तेकर— दी राष्ट्रकूटाज एण्ड देयर टाइम्स पृ० ३२ ३३

अलबरूनी ने लिखा है कि हिन्दू लोग अपने लडको के विवाह का आयोजन करते थे क्योकि विवाह बहुत ही छोटी अवस्था में होते थे।[१६] एक स्थान पर यह भी लिखा है कि ब्राह्मण में अरजस्वला कन्या को ही ग्रहण किया जाता था।[१७] गुप्तकाल मे बाल विवाह का प्रचलन रहा।[१८] आगे चलकर राष्ट्रकूटयुग में भी यही परम्परा चलती रही।[१९] सोमदेव ने स्पष्ट शब्दों मे अपने दोनो ग्रन्थों में बारह वर्ष की कन्या और सोलह वर्ष के युवा को विवाह के योग्य बताया है।[२०]

देव, द्विज और अग्नि की साक्षि में माता पिता कन्यादान करते थे।

स्वयंवर के अतिरिक्त कन्याओ को सभवतया वर पसन्द करने का अधिकार नही था। माता पिता जिसके साथ विवाह कर दे वही उन्हे स्वीकार करना पडता था। सोमदेव ने ऐसे सम्बन्धो की बुराइयो की ओर लक्ष्य दिलाया है। अमृतमति कहती है कि देव द्विज और अग्नि के समक्ष माता-पिता द्वारा बेचे गये शरीर का पति मालिक हो सकता है मन का नही। मन का स्वामी तो वही है जिसम असाधारण प्रणय हो।[२१]

---

१६ एपिग्राफिया इंडिका २ पृ० १२४

१७ वही पृ० ३२१

१८ आर० एन० सालेटोरकर लाइफ इन दी गुप्ता एज पृ० २८० १०

१९ अल्तेकर-दी राष्ट्रकटाज एण्ड देयर टाइम्स पृ० ३४२ ४३

२० यशस्तिलक उत्त० पृ० ३१७ नीति० ३१,१

२१ देवद्विजाग्निसमक्ष मातापितृविक्रीतस्य कायस्यैव भवतीश्वर, न मनस तस्य पुन स एव स्वामी यत्रायमसाधारण प्रवर्तते पर विश्रम्भविश्रमाश्रय प्रणय।—पृ० १४१ उत्त०

पाक-विज्ञान और खान-पान

यशस्तिलक में खान पान सम्बन्धी बहुविध जानकारी आती है। इस सम्पूर्ण सामग्री की त्रिविध उपयोगिता है—

(१) यह सामग्री खाद्य और पेय वस्तुओं की एक लम्बी सूची प्रस्तुत करती है।

(२) इस सामग्री से दशम शताब्दी में भारतीय परिवारो खासकर दक्षिण भारत के परिवारो की खान-पान व्यवस्था का पता लगता है।

(३) ऋतुओं के अनुसार सतुलित एव स्वास्थ्यकर भोजन की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

पाकविद्या

यशस्तिलक में षड्रसो का सर्वदा व्यवहार करते रहने को सुखावह बताया है (षड्रसाभ्यवहारस्तु सदा नृणा सुखावह पृ० ५१६)। मधुर अम्ल, तिक्त, तीक्ष्ण कषाय तथा क्षार—इन छ रसो का शुद्ध और ससर्गपूर्वक उपयोग करके ६३ प्रकार के व्यजन तैयार हो सकते है (रसाना शुद्धसमर्गभेदेन त्रिषष्टिव्यजनोपदेशभाज पृ० ५२१)। सज्जन नाम के वैद्य ने इन ६३ प्रकार के भेदो का उपदेश दिया। श्रुतसागर ने सस्कृत टीका में ६३ भेद गिनाए है। सोमदेव ने एक प्रसग मे समस्त सूपशास्त्राधिगतपटु पोरोगव (प्रधान रसोइया) का उल्लेख किया है (पृ० २२२ उत्त०) तथा पकाने वाले रसोइयो को समस्त रसो की प्रसाधनविधि में निपुण बताया है (सकलरसप्रसाधनविधिव्यतिकराधिकविवेकेषु पाचकलोकेषु, पृ० २२२ उत्त०)।

भोजन बनाने के अनेक तरीके थे—घी मे तलकर पकाना (सर्पिविस्नाता, ५१७) अगारो पर सक लेना (अगारपाचित वही) राधना (राद्धम् ५१३) आधा राधना (अर्धरद्ध ४०४), पूरा नही सेकना (असमस्तसिद्ध, ४०४) थोड़ी सी आँच मात्र दिखाना (ईषत्खिन्न ४०५), कच्चा ही रहने देना (अपक्व ४०५), बटलोई ढककर तथा अन्न को चलाकर अच्छी तरह पकाना (साधुपाक, ५०७), पकाते-पकाते पानी जला देना (पयसा विशुष्कम्, ५१६), पकाकर दही में डाल देना (दध्ना परिप्लुतम् ५१६), दाल इत्यादि के बने पदार्थों को कच्चे दूध, दही में

छोड़ देना (द्विदल ३३५ उत्त०) मिलाकर बनाना (मिश्रम ३३४ उत्त०), अकेला बनाना (अमिश्रम्, ३३४ उत्त०)।

बिना पकाई गयी खाद्यसामग्री

यशस्तिलक मे वर्णित सम्पूर्ण खाद्यसामग्री निम्नप्रकार सकलित की जा सकती है—

१ **गोधूम** (५१५) गहूँ

२ **यव** (१५, ५१९) जौ

३ **दीदिवि** (४०१) लम्बे तथा उज्ज्वल चावल। सोमदेव ने इसे कामिनिजन के कटाक्षो की तरह अतिदीर्घ एव उज्ज्वल कहा है।[1] दीदिवि मूलत वदिक शब्द है। ऋग्वेद (१ १ ८) म इसका चमकते हुए के अर्थ म प्रयोग हुआ है। अग्नि तथा बृहस्पति के विशेषण के रूप म भी इसका प्रयोग होता है।[2]

४ **श्यामाक** (४०६) समा (साँवाँ)। सोमदेव ने श्यामाक के भात को सर्वपात्रीण (सभी साधुओ के द्वारा लेने योग्य) कहा है।[3] कालिदास ने शाकुतल मे श्यामाक का उल्लेख किया है। कण्व के आश्रम मे हरिणा को श्यामाक खिलाकर बढाया गया था।[4] यजुर्वेद सहिताओ म इसके सबसे प्राचीन उल्लेख मिलते हैं। आपस्तम्भ मे इसे बिना बोये उत्पन्न होनेवाला धान्य कहा है। इसका उपयोग साधु-सन्यासी लोग करते थे। श्यामाक के तीन प्रकारो का पता चलता है—(१) राज श्यामाक (२) अभ श्यामाक या तोय श्यामाक तथा (३) हस्ति श्यामाक। समा (साँवाँ) से इसकी पहचान की जाती है।[5] समा कोद्रव, बाजरा आदि की श्रेणी का सबसे छोटा धान्य है। इसका रग सावला होता है। उत्तर तथा मध्यभारत म कहा-कही अभी भी लोग समा या साँवाँ पैदा करत है।

५ **शालि** (५१५ ५१६) एक विशेष प्रकार का सुगधित चावल।

६ **कलम** (५१५) एक विशेष प्रकार का सुगन्धित चावल। यह धान्य पानी बरसते ही बो दिया जाता था। करीब एक फिट के पौधे होने पर उखाडकर दूसरी जगह खेत म रोप दिये जाते थे। ठड के महीनो (अगहन पौष) तक यह धान्य तैयार हो जाता था।

---

१ कामिनीजनकटाक्षरिवाति दीर्घविषदश्च्छविभि।—पृ० ४०१

२ आप्टे-सस्कृत इगलिश डिक्शनरी पृ० ११६

३ सर्वपात्रीण श्यामाकभक्त।—पृ० ४०६

४ श्यामाकमुष्टिपरिवर्धितो जहाति।—शाकुन्तल ४।१३

५ ओमप्रकाश-फूड एण्ड ड्रिंक इन ऐंशिएन्ट इडिया पृ० २६१

कलम शालि का ही एक प्रकार था। जैनागमों में शालि के तीन भेद मिलते हैं—(१) रक्तशालि, (२) कलमशालि तथा (३) महाशालि। सुश्रुत ने शालि के १८ प्रकार गिनाए हैं। उवासगदसा (१, ३५) के अनुसार कलमशालि मगध में उत्पन्न होता था।[६] सोमदेव ने कलम को ठंड की ऋतु के भोजन में गिनाया है तथा शालि का उपयोग वर्षा और शरद् ऋतु के लिए निर्दिष्ट किया है।[७]

कलम की बालियाँ लम्बी-लम्बी होती थी और पकने पर लटक जाती थी।[८] कलम के खेत जब पकने लगते तब उनकी खास तौर से रखवाली करनी पडती थी। कालिदास ने गन्नो की छाया मे बैठकर गाती हुई शालि की रखवाली करने वाली स्त्रियो का उल्लेख किया है।[९] भारवि तथा माघ ने भी कलम के खेतो की रखवाली करनेवाली स्त्रियो का उल्लेख किया है।[१०] एक ओर धूप से कलम के खेतो का पानी सूखने लगता दूसरी ओर कलम पककर पीले होने लगते हैं।[११]

७ यवनाल (४०४) जुआर

८ चिपिट (४६६) चिउडा धान को थोडा उबालकर मूसल या ढेंकी से कूट लते है ऐसा करने से धान का छिलका अलग हो जाता है तथा चावल अलग हो जाता है। इसे ही चिपट या चिउडा कहते हैं। बगाल और बिहार में चिउडा खाने का बहुत रिवाज है। मध्यप्रदेश के रायगढ बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा आदि जिलो मे तथा उत्तरप्रदेश के कई जिलो मे भी चिउडा खाने का रिवाज है। सम्पन्न परिवारो में चिउडा दही के साथ खाते हैं गरीब तथा साधारण परिवारो में पानी मे फुलाकर अथवा सूखा ही चिउडा गुड, नमक, मिर्च तथा प्याज आदि क साथ खाया जाता है।

सोमदेव ने लिखा है कि तिरहुत के सैनिको के मसूडे निरन्तर चिउडा चबाते रहने के कारण छिल गये थे।[१२]

---

६ वही पृ० ५८, ५६ २६२

७ यशस्तिलक पृ० ५१२, ५१६

८ आपादपद्मप्रणताः कलमा इव ते रघुम्।—रघुवंश, ४।३७

९ इक्षुच्छायानिषादिन्य शालिगोप्यो जगुर्यश।—रघुवंश, ४।२०

१० सुतेन पाण्डोः कमलस्य गोपिकाम्।—किरात० ४।६

११ कलमगोपवधून मृगव्रजम्।—शिशु० ६।४६

उपैति शुष्यन्कलम सहाम्भसा मनोभुवा तप्त इवाभिपाण्डुताम्।

—किरात० ४।३४

१२ अनवरतचिपिटचर्वणदीर्णदशनाग्रदेशै।—यश० पृ०४६६

चिउड़ा का पुराना नाम पृथुक था। पृथुक का इतिहास ब्राह्मणकाल तक पहुँचता है। आजकल इसके बनाने की जो प्रक्रिया है वही उस समय भी चलती थी।[१३]

९ सक्तू (५१२ ५१५) सत्तू गेहू या जौ को भून कर उनमें भुजे हुए चने मिलाकर पीसे गये चूर्ण को सत्तू कहा जाता है। सत्तू का इतिहास वैदिक-युग तक पहुँचता है। ऋग्वेद (१० ७१ २) तैत्तरीय ब्राह्मण (३ ८ १४) आदि में इसके उल्लेख मिलते हैं।

सत्तू पानी म उसनकर पिण्ड के रूप म तथा पतला चाटने योग्य (अवलेह्य) बनाकर खाया जाता था। उत्तर काल में घी गुड, चीनी आदि के साथ में भी खाया जाने लगा (सुश्रुत ४६, ४१२)।[१४] वतमान मे भी सत्तू खाने के यही तरीके प्रचलित हैं।

सोमदेव ने स्वास्थ्य की दृष्टि से पिण्डरूप अथवा दही के समान गाढा सत्तू खाने का निषध किया है।[१५]

१० मुद्ग (५१५, ५१६) मूग

११ माष (५१२ ५१४) उडद

१२ विरसाल (४०४) राजमाष

१३ द्विदल (३३५ उत्त०) दाल जिसके दो समान टुकड होते हो ऐसा प्रत्येक अन्न द्विदल कहलाता है।

घृत, दधि, दुग्ध, मट्ठा आदि के गुण दोष तथा उपयोग—विधि

घृत घृत के गुणो का वर्णन करते हुए सोमदेव ने लिखा है कि वेद तथा आगमो के जानकारो ने घृत को साक्षात् आयु कहा है वैद्य लोगो ने वृद्धत्व-नाशक होने से रसायन के लिए इसका विधान किया है, सारस्वतकल्प से निर्मल हुई बुद्धिवालो ने बुद्धि की सिद्धि (धिय सिद्धये) के लिए बताया है, ऐसा घृत द्रव स्वर्ण तथा केतकी के समान रस और छाया वाला उत्तम होता है। अर्थात् घृत आयुवद्ध क वद्धतानिवारक तथा बुद्धि को निर्मल बनाता है।[१६]

दधि दधि स्थूलता करता तथा वायु को दूर करता है। इसका सेवन

---

१३ ओमप्रकाश—फूड एण्ड ड्रिंक इन एंशिएन्ट इंडिया पृ० २९०

१४ वही पृ० २९१

१५ दधिवत्सक्तुभाधात्।—यश० पृ० ५१२

१६ पृ० ५१७, श्लोक २६० तुलना—'आयुर्वै' घृतम्

वसन्त, शरद् तथा ग्रीष्म को छोडकर अन्य ऋतुओं में घृत (सर्पि), सिता (शक्कर) आमला तथा मूँग के पानी के साथ करना चाहिए।[१७]

तक्र दधि को मथकर तुरन्त जिसका नवनीत निकाल लिया गया है, ऐसा तक्र समगुण वाला होता है, बहुत देर तक मथा गया किसी भी दोष को उत्पन्न नही करता।[१८]

दुग्ध दुग्ध साक्षात् जीवन ही है। जन्म के साथ ही दुग्ध-पान प्रारम्भ हो जाता है। गाय का धारोष्ण दुग्ध आयुष्य करनेवाला होता है। दूध प्रात सायं-काल सभोग के अनन्तर तथा भोजन के बाद उपयुक्त मात्रा में पीना चाहिए।[१९]

जल भोजन के प्रारम्भ में जल पीने से जठराग्नि नष्ट हो जाती है तथा कृशता आती है अन्त में पीने से कफ बढ़ता है, मध्य मे पीने पर समता तथा सुख करता है। एक साथ ही अधिक जल नही पीना चाहिए।[२०]

जल को अमृत भी कहते हैं और विष भी, इसका तात्पर्य यही है कि युक्ति-पूर्वक पिया गया जल अमृत तथा अयुक्ति या अव्यवस्थापूर्वक पिया गया जल विष के समान है।[२१]

ऋतुओं के अनुसार पेय जल वसन्त और ग्रीष्म ऋतु में कुआँ तथा झरने का वर्षा मे कुआँ अथवा चुरी (कुण्ड) का ठड में सरसी (पोखरा) या तालाब का तथा शरद् ऋतु मे सूर्य चन्द्रमा की किरणो तथा वायु के झकोरो से शुद्ध हुए जल को पीना चाहिए।[२२]

ससिद्ध जल हवा तथा धूप से स्वच्छ हुआ, रस तथा गध रहित जल स्वभावत पथ्य है यदि ऐसा न मिले तो उबाला हुआ पीना चाहिए।[२३] सूर्य और चन्द्रमा की किरणो से ससिद्ध किया जल २४ घटे (अहोरात्र) के बाद नही पीना चाहिए, दिन में सिद्ध किया गया रात्रि में तथा रात्रि में सिद्ध किया जल दिन में नही पीना चाहिए।[२४]

---

१७ पृ० ५१७ १८ श्लोक २६१
१८ पृ० ५१८, श्लोक २६२
१९ वही श्लोक २६३
२० श्लोक २६७
२१ श्लोक २६८
२२ श्लोक २६९
२३ श्लोक २७०
२४ श्लोक २७१

जल को समिद्ध करने की प्रक्रिया के विषय में टीकाकार ने लिखा है कि जल से भरा हुआ घडा प्रात काल धूप में रखकर चार प्रहर रात्रि तक खुले आकाश में रखा रहने दिया जाए यह जल सूर्य दु समिद्ध कहलाता है।[२५]

मसाला

लवण (५१४)—नमक
दरद (४६४)—हींग
क्षपारस (४६४)—हलदी
मरिच (५१२)—मिरच
पिप्पली (५१२)—छोटी पीपल
राजिका (४०६)—राई

स्निग्ध पदार्थ, गोरस तथा अन्य पेय

घृत (५१४ ५१६, ५१९)
आज्य (२५१, ४०१)
पृषदाज्य (३२४)
तैल (४०४, ५१४)
दधि (५१२ ५१४ ५१६, ५१७)
दुग्ध (५१८)
नवनीत (५१८)
तक्र (५१२ ५१९)
कलि या अवन्तिसोम (४०६ ५१२, ५१९)
नारिकेलिफलाभ (५१२)
पानक (५१५)
शर्कराढय (५१५)

मधुर पदार्थ

शकरा (५१५)
सिता (५१६)
गुड (५१२)
मधु (५१२)
इक्षु (५१४)

---

२५ वही संस्कृत टीका

साग—सब्जी तथा फल

१ पटोल (५१६)—परवल
२ कोहल (५१६)—कुम्हड़ा
३ कारवेल (५१६)—करेला
४ वन्ताक (५१६)—बंगन
५ वाल (५१६)
६ कदल (५१२)—केला
७ जीवन्ती (५१६)—डोडी
८ कन्द (५१२, ५१६)—सूरन
९ किसलय (५१५ ५१६)—कोमल पत्ते
१० विष (५१५)—मृणाल
११ वास्तूल (५१६)—बथुआ
१२ तण्डुलीय (५१६)—चौराई
१३ चिल्ली (५१६)
१४ चिर्भटिका (४०५ ५१६)—कचरिया
१५ मूलक (४०५, ५१२)—मूली
१६ आर्द्रक (५१६)—अदरख
१७ धात्रीफल (५१६)—आँवला
१८ एर्वारु (४०४)—ककड़ी
१९ अलाबू (४०४)—लौकी (गोल)
२० ककारु (४०५)—कलिंगफल (संस्कृत टीका)
२१ मालूर (४०५)—बेल
२२ चक्रक (४०५)—खट्टे पत्तो का साग
२३ अग्निदमन (४०५)
२४ रिंगिणीफल (४०५)—भटकटैया
२५ अगस्ति (४०५)—अगस्त्य वृक्ष
२६ आम्र (४०५)—आम
२७ आम्रातक (४०५)—आमड़ा
२८ पिचुमन्द (४०५)—नीम
२९ सोभाजन (४०५)—सहजन
३० बृहतीवार्ताक (४०५)—बड़ा बैंगन
३१, एरण्ड (४०५)—अंडी (रेंड़, रेंडी)

३२ पलाण्डु (४०५)—प्याज या लहसुन
३३ बल्लक (४०५)
३४ रालक (४०६)
३५ कोकुन्द (४०६)
३६ काकमाची (५१२)
३७ नागरंग (९५)
३८ ताल (९५)
३९ मन्दर (९५)—पारिजात (स० टी०)
४० नागवल्ली (९६)—पनवल
४१ बाण (९६)—बीजवृक्ष (स० टी०)
४२ आसन (९६)—रालवृक्ष (स० टी०)
४३ पूग (९६)—सुपारी
४४ अक्षोल (९६)—अखरोट
४५ खजूर (९६)—खजूर
४६ लवली (९६)
४७ जम्बीर (९६)—जिमरिया
४८ अश्वत्थ (९६)—पीपल
४९ कपित्थ (९६)—कथ
५० नमेरु (९६)
५१ राजादन (९६)—क्षीरवृक्ष
५२ पारिजात (९७)
५३ पनस (९७)
५४ ककुभ (९९)—अर्जुन वृक्ष
५५ वट (९९)
५६ कुरवक (९९)
५७ जम्बू (१००)—जामुन
५८ दर्दरीक (१०३)—दाडिम (अनार)
५९ पुण्ड्रेक्षु (१०३)—पोंडा
६० मृद्वीका (१०३)—दाख
६१ नारिकेल (१०३)—नारियल
६२ उदुम्बर (३३० उत्त०)—ऊमर (गूलर)
६३ प्लक्ष (३३० उत्त०)

तैयार की गयी सामग्री

१ भक्त (५१६)—भात पकाए गये चावलों को भात कहते हैं। भात के लिए यशस्तिलक में तीन शब्द आए हैं—१ दीदिवि (४०) २ भक्त (५१६) और ३ ओदन।

२. सूप (४०१ ५१६)—दाल जिस अन्न के दो समान दल (टुकड़) होते हैं, वह द्विदल कहलाता था। इसी का वर्तमान रूप दाल पद में अवशिष्ट है। पकाई गयी दाल को सूप कहते थे। अच्छी तरह पकाई गयी दाल स्वर्ण क रङ्ग की तरह पीली हो जाती है (कांचनच्छायापलापै सूपै ४०१)।

३ शष्कुली (५१२)—खस्ता पूडी शष्कुली चावल के आटे मे तिल मिला कर घी अथवा तेल में पकाई जाती थी। यह कई प्रकार की बनती थी। बृहत्-सहिता (७६, ९) मे कामाद्दीपन करने वाली शष्कुली का उल्लेख है। अगविज्जा (पृ० १८२) में दीर्घ शष्कुलि का उल्लेख है।[२६] सोमदेव ने कांजी क साथ शष्कुली खाने का निषेध किया है।[२७] आगरा में अभी भी सावन-भादो मे यह बनाई जाती है।

४ समिध (या सामिता) (५१६)—गेहूँ के आँटे की लप्सी सामिता गेहूँ के आट मे मूग भरकर बनाया गया खाद्य था (सुश्रुत, ४६ ३९८)।[२८]

५ यवागू (६९ ८८ उत्त०) यवागू वैदिक काल से भारतीय भोजन का अङ्ग रही है। डॉ० ओमप्रकाश ने प्राचीन साहित्य के आधार पर इसके विषय मे इस प्रकार जानकारी दी है—यजुर्वेद के अनुसार यवागू सम्भवत जौ की बनती थी। महावग्ग (६, २८ ५) मे इसे स्वास्थ्यकारक खाद्यान्न माना है। यवागू का एक विशेष प्रकार त्रिकटुक बीमारी में उपयोग किया जाता था। पाणिनि ने दो प्रकार की यवागू बतायी है—(१) पेया, (२) विलेपी। विलेपी को पाणिनि ने नखपच कहा है। अङ्गविज्जा (पृ० १७९) में दूध, मक्खन तथा तेल डालकर बनायी गयी यवागू का उल्लेख है। सुश्रुत (४६, ३७६) ने फलो के रस से बनी यवागू को खाड यवागू कहा है।[२९]

---

२६ ओमप्रकाश—फूड एण्ड ड्रिंक इन एंशियण्ट इण्डिया, पृ० २४१

२७ यशस्तिलक पृ० ५१२

२८ उद्धृत, ओमप्रकाश—वही पृ० २४१

२९ ओमप्रकाश—वही, पृ० २४४

सोमदेव ने यवागू सामान्य (८८) तथा अपामार्ग यवागू (६९) का उल्लेख किया है। वसन्तिका कहती है कि मैं स्वप्न में यवागू बन गयी तथा माँ के द्वारा श्राद्ध के लिए आमन्त्रित ब्राह्मणों ने मुझे खा लिया।[३०] सोमदेव ने अपामार्ग यवागू को पचाना मुश्किल बताया है।[३१]

६ **मोदक** (८८, उत्त०)—लड्डू चावल, गेहूँ अथवा दाल के आटे को भून कर घी चीनी या गुड डाल कर गेंद के समान बनाए गये मिष्ठान्न को मोदक कहते थे।[३२] प्राचीन काल से मोदक बनाने का यही ढंग सुरक्षित चला आ रहा है।

७ **परमान्न** (४०२) यशस्तिलक में परमान्न को अभिनव अङ्गना सङ्गम की तरह अत्यन्त स्वादयुक्त तथा शर्करायुक्त कहा गया है।[३३] परमान्न चार भाग चावलों को बारह भाग दूध में पका कर उसमें छह भाग मक्खन तथा तीन भाग गुड या शर्करा मिला कर बनाया जाता था। (अङ्गविज्जा पृ० २२० भोजन कुतूहल पृ० २८)।[३४]

८ **खाण्डव** (४०२) खाण्डव को यशस्तिलक में नर्तकी के विलास की तरह नेत्र नासिका तथा रसना को आनन्द देने वाला कहा है।[३५] रामायण के उत्तरकाण्ड में यज्ञ के उपरान्त विभिन्न प्रकार के गौड (गुड से बने पदार्थ तथा खाण्डवों (खाण्ड से बने पदार्थों) को बाँटने का उल्लेख है।[३६] महाभारत में भी खाण्डव का उल्लेख है।[३७] अष्टांगसंग्रह (सू० ७) में इसे एक प्रकार का मुरब्बा कहा है। डॉ० ओमप्रकाश ने इन उल्लेखों का उपयोग करके भी खाण्डव का अत्यन्त सीधा-साधा अर्थ खाण्ड की मिठाई किया है।[३८] सोमदेव की साक्षी से

---

३० स्वप्ने किलाहं यवागूरिव सम्भूतास्मि, भुक्ता च मन्मातु श्राद्धामन्त्रितैर्भू देवैः।
—पृ० ८८ उत्त०

३१ अपामार्गयवागूरिव लब्धापि न शक्यते परिणमयितुम्।—पृ० ६९ उत्त०

३२ ओमप्रकाश, वही, पृ० २८६

३३ अभिनवाङ्गनासङ्गमैरिवातीवस्वादुभिः शर्करासम्पर्कसमापन्नै परमान्नै।
—पृ० ४०२

३४ ओमप्रकाश वही पृ० २८९ ९०

३५ लासिकाविलासैरिव मनोहरै समानीतनेत्रनासारसनानन्दभावै खाण्डवै।
—पृ० ४०१, ४०२

३६ विविधानि च गौडानि खाण्डवानि तथैव च।—रामायण उत्त० ९२।१२

३७ भक्ष्यखाण्डवरागाणाम्।—महाभारत १४, ८९, ४१

३८. ओमप्रकाश, वही पृ० २८७

तो खाण्डव की पहचान आयुर्वेदिक ग्रन्थो में आनेवाले 'षाडव' से करना चाहिए।[३९] षाडव में खट्टा, मीठा स्पष्ट प्रतीत होता था तथा कसैला और नमकीन कम। लगता है खाँड की मात्रा अधिक होने के कारण यह खाण्डव कहा जाने लगा।

९ रसाल (७९ उत्त०)—शिखरणी सोमदेव ने रसाल को 'सङ्कीर्णरसा' कहा है।[४०] अच्छी तरह जमे हुए दही मे सफेद चीनी घी, मधु तथा सोठ और कालीमिर्च का चूर्ण कपडछन करके डालकर कर्पूर से सुगन्धित करके रसाल तैयार किया जाता था।[४१]

१० आमिक्षा (३२४) उबाले गये दूध में दही डालकर आमिक्षा बनता था (शृते क्षीरे दधिक्षिप्तमामिक्षा कथ्यते बुधै, स० टी०)। आमिक्षा और पृषदाज्य की अग्नि म आहुति दी जाती थी (पृषदाज्येनामिक्षया च समेधितमहसम वही)। आमिक्षा और पृषदाज्य दोनो वैदिक शब्द थे। यजुर्वेद संहिताआ तथा सत्पथ ब्राह्मण मे इनके अनेक उल्लेख आते हैं।[४५]

११ पक्वान्न (४०२)—पकवान पक्वान्न के लिए सोमदेव ने प्रियतमा के अधरो के समान स्वादयुक्त कहा है (प्रियतमाधरैरिव स्वाद्यमानै पक्वान्नै, वही)। पक्वान्न का प्रयोग सामान्य रूप से घृत या तेल में बने हुए पकवानो के लिए हुआ है।

१२ अवदश मन को प्रीति उत्पन्न करने वाली रसदार सब्जियो को सोम देव ने स्त्रियो के कैतव की उपमा दी है।[४२] श्रुतसागर ने अवदश का अर्थ भक्ति-

---

३९ चरक० स० २७।२८०, सुश्रुत स० ४६।३७८

४० रसालामिव सकीर्णरसासरालाम्।—पृ० ७९ उत्त०

४१ अर्धाढक सुचिरपर्युषितस्य दध्न खण्डस्य षोडशपलानि शशिप्रभस्य।
सर्पि पल मधुपलं मरिचद्विकर्षं शुण्ठ्या पलार्धमपि चार्धपल चतुर्णाम्॥
श्लक्ष्णे पटे ललनया मृदुपाणिघृष्टा कर्पूरधूलिसुरभीकृतभाण्डसंस्था।
एषा वृकोदरकृता सरसा रसाला यास्वादिता भगवता मधुसूदनेन॥
—उद्धृत –वही स० टी०
अपक्वतक्रं सब्योष चतुर्जातगुडकम। सजीरकं रसालं स्यात् मज्जिका शिखरिणी॥
सव्योषम शुण्ठीपिप्पलीमरिचशुष्कम। चतुर्जातम् एलालवङ्गकक्कोलनागपुष्पाणि॥
वैजयन्ती उद्धृत ओमप्रकाश—वही पृ० १०९, फुटनोट २

४२ ओमप्रकाश—वही पृ० २८४

४३, स्त्रीकैतवैरिवजनितस्वान्तप्रीतिभिबहुरसवशैरवदशै।—पृ० ४०१

सिक्तसंयुक्तवनस्पतिव्यंजन किया है।[४४] मानसोल्लास में व्यजन के बारे में कहा है कि—चावल के धोवन में चिचा दही, मट्ठा तथा चीनी मिलाकर इलायची का चूर्ण तथा अदरख का रस मिलाए तथा हींग का छौंक लगाए, उसे व्यंजन कहते हैं।[४५]

१३ उपदंश (४०४)—पञ्जी
१४ सर्पिषिस्नात (५२७)—घी मे तले गये पदार्थ
१५ अंगारपाचित (५१७)—अङ्गारा पर पकाए गये पदार्थ
१६ दध्नापरिप्लुत (५१६)—दही में डूबे हुए पदार्थ
१७ पयसा विशुष्क (५१६)—सूखी सब्जी आदि
१८ पर्पट (५१६)—पापड

सोमदेव ने अमीर तथा गरीब दोनो परिवारो के खान पान का सुन्दर चित्र खींचा है।

अमीर परिवारो मे दीदिवि अनेक प्रकार की दालें प्रचुर मात्रा में आज्य रसीले अवदंश खाण्डव पक्वान्न दही दुग्ध परमान्न आदि खाने पीने का प्रचार था। जल भी कपूर आदि सुगन्धित द्रव्यो से युक्त करके पीते थे।[४६] सोमदेव ने अत्यन्त मनोरंजक ढंग से इस प्रसग को प्रस्तुत किया है—

'देशान्तर प्रवास के बाद दूत लौटा। सम्राट ने परिहास में पूछा—'शखनक, तुम्हारी वह तोद कहाँ गयी? शखनक बोला—देव तोद हम गरीबो के कहाँ रखी, तोद तो उनकी फूटती है जिनको रोज रोज कामिनी कटाक्षो की तरह लम्बे-लम्बे एव उज्ज्वल दीदिवि (सुगन्धित चावलो का भात) खाने को मिलते हैं जिनको विरहणियो के हृदयो के समान गरम गरम तथा सोने के रग को मात करनेवाली दाले उपलब्ध होती हैं कान्ता के मुख की तरह प्राजलि-पेय सुगन्ध वाला प्रचुर मात्रा में आज्य प्राप्त होता है स्त्री के कैतवो के समान मन को प्रसन्न करने वाले रसीले अवन्श मिलने हैं नर्तकी के विलास की तरह मनोहर नेत्र

---

४४ अवदंशै शालनकै भक्तिसिक्तसंयुक्तवनस्पतव्यंजनै।—वही स० टी०

४५ तण्डुलक्षालित तोय चिंचाम्लेन विमिश्रितम।
दध्ना तक्रेण संयुक्तं सितया सह योजितम॥
एलाचूर्णसमायुक्तमाद्रकस्य रसेन च।
धूपित हिंगुना सम्यक व्यजन परिकीर्तितम॥
—मानसोल्लास भा० ३, १२७८-७९

४६ पृ० ४२१

नासिका तथा रसना को आनन्द प्रदान करने वाले खाण्डव प्राप्त होते हैं, प्रियतमा के अधरों के समान आस्वादन करने योग्य पक्वान्न उपलब्ध होते हैं, तरुणी के पयोधरो के समान सुजातभोग एव स्तब्ध (कठोर) दही मिलता है, प्रणयिनी के विलोकन की तरह मधुरकान्ति एव स्निग्ध दुग्ध उपलब्ध होता है, अभिनव अंगना की तरह अतीव स्वादु शर्करायुक्त परमान्न प्राप्त होते हैं, तथा मैथुनरस रहस्य की तरह सम्पूर्ण शरीर के सन्ताप को दूर करने वाला कर्पूरयुक्त जल पीने को मिलता है। [४७]

गरीब परिवारा में यवनाल का भात राजमाष की दाल, अलसी आदि का तेल कांजी मट्ठा तथा अनेक प्रकार के फल एवं पत्तो के साग खाने का रिवाज था।[४८] उपयुक्त वर्णन की तरह सामन्देव ने एक गरीब परिवार के खान पान का भी चित्र प्रस्तुत किया है। सम्राट ने शखनक से पूछा— आज कही हस्तमुख सयाग हुआ या नही? शखनक बोला— देव हुआ है। सुनिए—मक्खी के मुण्डा की तरह काले काले तुषयुक्त गन्दे पुराने, टूटे यवनालो का भात मिला, उसम भी अनेक ककण थ पिछले दिन की राजमाष की दाल मिली, जिसमे से अत्यन्त दुग ध आती थी, उसमे चूहे के मूत्र की तरह जरा-सा अलसी का तेल टपका दिया था अवपके ऐवारु की बहुत मारी सन्जी मिली आवे राँधे गये अलाबु की बहुत सी फाँकें तथा कुछ पके हुए कर्कारु के कडे कडे टुकडे मिले बड़े-बड बेल, मूली चक्रक, बिना फूटा कचरियाँ कच्चे अर्क अग्निदमन, रिंगिणी फल अगस्ति आम्र आम्रातक पिचुमन्द तथा कन्दल उपलब्ध हुए कई दिनो की माग माग कर इकट्ठी की गयी आम्लखलक मिली, खूब पके, बडे-बड बैंगन सोभाजन कन्द सालनक एरण्ड पलाण्डु मुण्डिका, वल्लक रालका, तथा कोकुन्द प्राप्त हुए, बहुत सी राई डाली हुई काजी तथा खारा पानी पीने को मिला। मुझसे कुछ भी नही खाया गया, न भूख मिटा। उसी की घरवाली ने छिपाकर रखा हुआ थोडा-सा श्यामाक का भात तथा खटटे दही का मट्ठा दिया, जिससे जिन्दा बचा रहा। [४९]

मासाहार

सोमदेव जैन साधु थे। अहिंसा के चरम विकास मे आस्था रखने वाला

---

४७ पृ० ४०२

४८ पृ० ४०३

४९ वही

जैनधर्म मांसाहार का स्पष्ट निषेध करता है, यही कारण है कि सोमदेव ने भी मांसाहार का घोर विरोध किया है। इतना होने पर भी यह नहीं माना जा सकता कि सोमदेव के युग मे मांसाहार नही था। यशस्तिलक में ऐसे अनेक प्रसंग आए हैं जिनसे मांसाहार का पता चलता है।

कौल कापालिक सम्प्रदायो म मांसाहार और मद्य का व्यवहार धार्मिक क्रियाओ के रूप मे अनुमत था,[५०] इसलिए उन सम्प्रदायो मे मांस का व्यवहार स्वाभाविक था। जलचर थलचर तथा नभचर सभी प्राणियो का मांस खाया जाता था। देवी के नाम पर तो ये मनुष्य तक की बलि कर देते थे। बहुत सम्भव है कि प्रसाद के रूप में मनुष्य का भी मांस खा लेते हो। अपना मांस काट काट-काटकर क्रय विक्रय करने का उल्लख है।[५१]

चण्डमारी के मन्दिर मे बलि के लिए निम्नलिखित पशु-पक्षी लाए गये थे।[५२]

(१) मेष महिष मय मातग (गज) मितद्रु (अश्व)।

(२) कुम्भीर मकर सालूर (मढक), कुलीर (ककडा) कमठ और पाठीन।

(३) भेरुण्ड क्रौच, कोक, कुकुट कुरर कलहस।

(४) चमर, चमूरु हरिण, हरि (सिंह) वक वराह, वानर गोखुर।

कौलो में तो कच्चे मांस खाने तक का रिवाज था।[५३]

क्षत्रिय तथा ब्राह्मण जातियो में भी मांसाहार का चलन था। यशस्तिलक में राजमाता कहती है कि पिष्टकुक्कुट की बलि देकर उसके अवशिष्ट भाग को मांस मानकर हमारे साथ खाओ।[५४]

अमृतमति तो अत्यन्त मांसप्रिय थी। जिस मेमने को अतिशय प्यार के साथ राजभवन में पाला गया था उसे भी उसने नही बचने दिया।[५५]

---

५० रण्डा चण्डा दिक्खिया धम्मदारा मज्जं मंसं पिज्जए खज्जए च।
भिक्खा भोज्जं चम्मखण्डं च सेज्जा कौलो धम्मो कस्स न होइ रम्मो॥
—कर्पूरमंजरी, १।२३

मज्जं मंसं मिट्ठं भक्खं भक्खिय जीवसोक्खं च।
कउले धम्मे विसरे रम्मे तं जि हो सग्गमोक्खं॥—भावसंग्रह १८३

५१ क्रियविक्रीयमाणस्ववपुवल्लूरम।—यश० पृ० ४६

५२ पृ० १४४

५३ पिशुरार्पितजरूधम र्यरकपालशकलम्।—पृ ४८

५४ पिष्टकुक्कुटेन बलिमुपकल्प्य तदवशिष्टं पिष्टं मांसमिति च परिकल्प्य मया सहावश्य प्राशनीयम्।—पृ० १२५ उत्त०

५५ आंगलभक्षणाक्षिप्तचित्तया।—पृ० २२७ उत्त०

यशोमति की महारानी कुसुमावली को दोहद उत्पन्न हुआ था कि भोजनालय में मास नही आना चाहिए।[५६] सम्राट के भोजनालय में मास पकाने की शिक्षा (पिशितपाकोपदेश, २२२ उत्त०) देनेवाले विद्यमान थे। इस सबसे स्पष्ट है कि क्षत्रिय परिवारो में मास का व्यवहार होता था।

ब्राह्मणो में साधारणतया मासभक्षण का रिवाज हो या नही, यज्ञ और श्राद्ध के नाम पर मांस खाने का अत्यधिक प्रचार था। सम्राट के यहाँ जब विशाल मत्स्य और मगर पकड कर लाए तो उन्हे देख कर सम्राट ने उन्हें पितरो के सतर्पण के लिए ब्राह्मणो को दे दिया।[५७] इतना ही नही, वे सब प्रतिदिन उनमें से अपने उपयोग के योग्य मास काटते थे।[५८]

एक कथा मे याज्ञिक पर आक्षेप किया गया है कि उसने यज्ञ के नाम पर अनेक निरीह पशुओ को खा डाला।[५९]

सोमदेव ने वदिक साहित्य से ऐसे अनेक पद्य उद्धत किये हैं, जिनसे यज्ञ तथा श्राद्ध म मास के प्रयोग का पता चलता है।

मनु ने मधुपर्क यज्ञ तथा पितृ एव देवता के निमित्त मास का प्रयोग शास्त्र सम्मत बताया है।[६०] यज्ञ के लिए मास प्रयोग के समर्थन में वैदिक मान्यताओ का विस्नार से वरण न किया है।[६१] मास के समर्थको का तो यहाँ तक कहना है कि जो व्यक्ति मास के बिना भोजन करता है क्या वह गोबर नही खाता।[६२]

श्राद्ध मे मास के विवचन के लिए सोमदेव ने मनुस्मृति के पाँच पद्य (३।२६७-२७१) उद्धत किये हैं जिनमे कहा गया है कि पितृ लोक मात्स्य हारिण, औरभ, शाकुनि छाग पार्ष एण रोरव वाराह माहिष शश कूर्म गव्यण

---

५६ देव, प्रतिबन्ध्यता महानसेषु क्रव्यागम।—पृ० २६० उत्त०

५७ महीपतिरवलोक्य पितृसतर्पणार्थं द्विजसमाजसत्त्रसवतीकाराय समर्पयामास।—पृ० २१८ उत्त०

५८ तत्र च तदुपयोगमात्रतया प्रत्यहमुत्कृत्यमानकायैकदेश।—वही

५९ अन्ये खलु ते वराकतनय। मखमिषेण भवता भक्षिता।—पृ० १३२ उत्त०

६० मधुपर्के च यज्ञे च पितृदैवतकर्मणि।
अत्रैव पशवो हिंस्या नान्यत्रेत्यब्रवीन्मनु॥—पृ० ३० उत्त०। मनु० ५।४१

६१ वही, पृ ११६-१८

६२ ये भुञ्जते मांसरसेन हीनं ते भुञ्जते किं नु न गोमयेन।—पृ० १२६ उत्त०

पायस तथा वार्धीणस मांस से क्रमश दो, तीन चार, पाँच छह, सात आठ, नव दस, ग्यारह पूरा वर्ष तथा बारह वर्ष तक के लिए तृप्त होते हैं।[६३]

छोटी जातियो में भी मास का व्यवहार रहा होगा किन्तु उसके उल्लेख नाम मात्र को ही है। चण्डकर्मा मुर्गी पालता था। एक प्रसग मे वह मुनिराज के समक्ष कहता है कि हिसा हमारा कुल धर्म है।[६४] सम्भवत धीवर (२१६, ३३५ उत्त०) चर्मकार (१२५) चाण्डाल (२५४) अन्त्यज (४५७) भाल (४५७) शबर (२३१ उत्त०) किरात (२२० उत्त०), वनेचर (५६) तथा निषादो (६०२ उत्त०) में भी मास का व्यवहार होता था।

मासाहार निषेध—सोमदेव ने मासाहार का घोर विरोध किया है। उनका कहना है कि लोग इन्द्रिय लोलुपता तथा अपने स्वार्थ के कारण मास खाते है उसके साथ धम और आगम को व्यथ ही जोड रखा है।[६५] सोमदेव ने उद्धरण देकर इस बात को सिद्ध किया है कि तिल या सरसो के बराबर भी मास खानेवाला यावच्चन्द्रदिवाकर नरक की यातनाए सहता है।[६६] मास खाने के सकल्प मात्र से होने वाले दुष्परिणाम का वर्णन एक लम्बी कथा में किया गया है।[६७] सम्पूर्ण यशस्तिलक भी एक प्रकार से इसी परिणाम की कहानी है।

---

६३ द्वौमासौ मत्स्यमासेन त्रीन्मासान्हारिणेन च।
औरभ्रेणाथ चतुर शाकुनेनैव पञ्च वै॥
षटमासाश्छागमासेन पार्षतेन हि सप्त वै।
अष्टावेणस्य मासेन रौरवेण नवैव तु॥
दशमासास्तु तृप्यन्ति वाराहमाहषामिषै।
शशकूर्मस्य मासेन मासानेकादशैव तु॥
सवत्सरं तु गव्येन पयसा पायसेन वा।
वार्धीणस्य मासेन तृप्तिर्द्वादशवार्षिकी॥—पृ० १२७ १२८ उत्त०

६४ हिंसास्माक कुलधर्म।—पृ० २६८ उत्त०

६५ मास जिघत्सेयदि कोऽपि लोक किमागमस्तत्र निदर्शनीय।
लोलेन्द्रियैलोकमनोनुकूलै स्वाजीवनायागम एष सृष्ट॥

—पृ० ११० उत्त०

६६ तिलसर्षपमात्रं यो मासमश्नाति मानव।
स श्वभ्रान्न निवर्तेत यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥

—पृ० ११० उत्त०

६७ अध्याय ७ कल्प २४

मांसाहार समर्थक कहते हैं कि मुद्ग (मूंग) और माष (उड़द) आदि भी तो मय (ऊँट) और मेष (भेड़) आदि के समान ही जीवस्थान होने से मांस ही हैं। उनमें अन्तर क्या है।[६८]

सोमदेव ने इस कथन का व्यावहारिक पृष्ठभूमि पर दृढ़तापूर्वक खण्डन किया है। उन्होंने लिखा है कि यह जरूरी नहीं कि जो जीव शरीर हो वह मास ही हो, इसके विपरीत मास तो जीव-शरीर है ही उसी प्रकार जिस प्रकार नीम का वृक्ष वृक्ष है ही, किन्तु जो वृक्ष है वह नीम ही हो, यह जरूरी नहीं। गाय का दूध शुद्ध है किन्तु गोमास नहीं। सर्प का रत्न विष को नाश करता है किन्तु विष विपदकारक है। किसी किसी वृक्ष के पत्र तो आयुष्य के कारण होते हैं किन्तु जड़ें मृत्युकारी।[६९]

•

---

६८ जीवयोग्या विशेषेण मयमेषादिकायवत्।
मुद्गमाषादिकायोऽपि मांसमित्यपरे जगुः ॥—पृ० ३३० उत्त०

६९ मांसं जीवशरीरं जीवशरीरं भवेन्न वा मांसम्।
यद्वन्निम्बो वृक्षो वृक्षस्तु भवेन्न वा निम्बः ॥—पृ० ३३१ उत्त०

स्वास्थ्य, रोग और उनकी परिचर्या

खान-पान और स्वास्थ्य का अनन्य सम्बन्ध है। उपनिषदो में आता है कि अन्न से ही व्यक्ति दृष्टा, श्रोता मन्ता, बोद्धा, कर्ता और विज्ञाता बनता है। आहार शुद्धि पर विचार शुद्धि आधारित है। विचार शुद्धि से स्मृति और स्मृति से मोक्ष होता है। अन्न से ही प्रजा उत्पन्न होती है और जीती है।[1]

इसी तरह जल को अमृत और विष दोनो कहा गया है उचित समय पर उचित मात्रा में पिया गया जल अमृत है और अनुचित समय में अव्यवस्थित रूप से पिया गया विष।[2] इसलिए स्वास्थ्य के लिए खान-पान में सन्तुलन एव व्यवस्था आवश्यक है।

मनुष्यो की प्रकृति विभिन्न प्रकार की होती है। ऋतु परिवतन के साथ प्रकृति मे भी परिवर्तन होता रहता है। इसलिए सोमदेव ने विभिन्न प्रकृति तथा ऋतूओ के अनुसार खान पान की जानकारी दी है।[3]

जठराग्नि—जठराग्नि चार प्रकार की होती है—मन्द तीक्ष्ण, विषम और सम। मन्द अग्नि वाले को लघु (हलका) तीक्ष्ण अग्नि वाले को गुरु (भारी) विषम अग्नि वाले को स्निग्ध तथा सम अग्नि वाले को सम पदार्थ खाना चाहिए।

प्रकृति परिवर्तन—ऋतुओ के अनुसार मनुष्य की प्रकृति में भी परिवतन होता रहता है, वात पित तथा कफ कभी सचित, कभी प्रकुपित (जागृत) तथा

---

१ अथा नस्यै दृष्टा भवति श्रोता भवति मन्ता भवति बोद्धा भवति, कर्ता भवति, विज्ञाता भवति।—छान्दो० ७, ९, १
आहारशुद्धौ सत्वशुद्धि सत्वशुद्धौ ध्रुवास्मृति, स्मृतिलम्भ सर्वग्रन्थीना विप्रमोक्ष।—वही, ७, २६ १
अन्नाद्वै प्रजा प्रजायन्ते—अथान्नेनैव जीवन्ति।—तैत्तरीय० २, २
उद्धृत डॉ० ओमप्रकाश—फूड एण्ड ड्रिंक इन एन्शियन्ट इंडिया, इंट्रोडक्शन, फुटनोट

२ अमृतं विषमिति चैतद् सलिलं निगदन्ति विदिततत्वार्थं।
युक्त्या सेवितममृत विषमेतदयुक्तित पीतम्।—यश० ३।३३८

३ पृ० ५१३, श्लोक ३४७

कभी प्रशान्त होते हैं, इसलिए विभिन्न ऋतुओं के अनुसार ही भोजन करना चाहिए वात आदि के सञ्चय, प्रकोप तथा प्रशमन का क्रम निम्न प्रकार है[४]—

दोष नाम	सञ्चय	प्रकोप	प्रशमन
कफ	शिशिर	वसन्त	ग्रीष्म
वात	ग्रीष्म	वर्षा	शरद
पित्त	वर्षा	शरद	हेमन्त

ऋतु-चर्या—उपर्युक्त प्रकार से प्रकृति परिवर्तन को ध्यान में रखकर भोजन-पान की व्यवस्था बनाना चाहिए। यशस्तिलक मे विभिन्न ऋतुओं के भोजन-पान के लिए निम्न प्रकार जानकारी दी है[५]—

ऋतु	खाद्य पेय
शरद	स्वादु (मधुर), तिक्त, काषाय
वर्षा	मधुर नमकीन, अम्ल (खट्टा)
वसन्त	तीक्ष्ण, तिल, काषाय
ग्रीष्म	प्रशम रस वाले अन्न

इस प्रकार के भोजन-पान के लिए सोमदेव ने ऋतुओं के अनुसार खान पान तथा उपभोग्य सामग्री का विवरण इस प्रकार दिया है[६]—

ऋतु	खाद्य-पेय तथा उपभोग्य सामग्री
शिशिर	ताजा भोजन, क्षीर (दुग्ध), उडद, इक्षु, दधि, घृत और तैल के बने पदार्थ, पुरन्ध्री।
वसन्त	जौ और गेहूँ का बना प्राय रूक्ष भोजन
ग्रीष्म	सुगन्धित चावलो का भात घी डली हुई मूँग की दाल, बिष (कमल नाल), किसलय (मधुर पल्लव), कन्द, सत्तू, पानक (ठडाई) आम, नारियल का पानी तथा चीनी डला पानी या दूध।

---

४ शिशिरसुरभिघर्मेष्वातपान्तः शरत्सु, क्षितिप जलदहेमन्तकालेषु चैते।
कफपवनहुताशाः संचयं च प्रकोपं प्रशममिह भजन्ते जन्मभाजां क्रमेण॥
—पृ० ५१७, श्लोक १४८

५ पृ० ५१४, श्लोक ११६

६ पृ० ५१७, श्लोक १५०-५४

वर्षा	पुराने चावल, जौ तथा गेहूँ के बने पदार्थ ।
शरद	घृत, मूग शालि लप्सी दूध के बने पदार्थ (खीर आदि), परवल दाख (अंगूर) आँवला ठडी छाया, मधुर रस वाले पदार्थ, कन्द, कोपल रात्रि मे चन्द्रकिरणें ।

उपर्युक्त विवेचन के बाद सोमदेव ने कहा है कि ऋतुओ के अनुसार रसो को कम ज्यादा मात्रा में उपयोग मे लाना चाहिए। वैसे छह रसो का व्यवहार सर्वदा सुखकर होता है।[७]

भोजन-पान के सम्बन्ध में अन्य जानकारी

भोजन का समय—भोजन के समय के विषय में सोमदेव ने लिखा है कि चारायण के अनुसार रात्रि में भोजन करना चाहिए निमि के अनुसार सूर्यास्त होने पर, धिषण के अनुसार दोपहर को तथा चरक के अनुसार प्रातःकाल किन्तु मेरे विचार से तो भोजन का समय वही है जब भूख लगी हो। भूख के बिना ही जो लालचवश आकठ भोजन करता है वह व्याधियो को सोये हुए सर्पों की तरह जगाता है।[८]

कुछ लोगो का कहना है कि जो चक्रवाक पक्षी की तरह दिन में मैथुन करते हैं वे रात्रि में भोजन कर सकते हैं किन्तु जो चकोर की तरह रात्रि मे रमण करते हैं उन्हे दिन मे भोजन करना चाहिए।[९]

रात्रि में भोजन का निषध करने वाले कुछ लोगो का कहना है कि सूर्य के चले जाने से हृदय कमल तथा नाभिकमल बन्द हो जाते है इसलिए रात्रि मे नही खाना चाहिए।[१०]

विशेष—देवपूजा, भोजन तथा शयन खुले आकाश में अन्धेरे में सन्ध्याकाल में तथा बिना वितान (चदोवे) वाले घर में नही करना चाहिए।[११]

सह भोजन—लोगो के साथ में भोजन करते समय उनके पहले ही भोजन समाप्त कर देना चाहिए अन्यथा उनका दृष्टि विष (नजर) लग जाता है।[१२]

---

८ पृ० ५०९, श्लोक ३२८, ३२९
९ पृ० ५१०, श्लोक ३३०
१०. पृ० वही श्लोक ३३१
११ पृ० वही श्लोक ३३२
१२ पृ० वही, श्लोक ३३

आहार, निद्रा और मलोत्सर्ग के समय शंकित तथा बाधायुक्त मन होने पर अनेक प्रकार के बड़े-बड़े रोग हो जाते हैं।[१३]

भोजन के समय वर्जनीय व्यक्ति—भोजन करते समय उच्छिष्ट भोजी, दुष्ट प्रकृति, रोगी, भूखा तथा निन्दनीय व्यक्ति पास में नहीं होना चाहिए।[१४]

अभोज्य पदार्थ—विवर्ण, अपक्व, सड़ा-गला, विगन्ध (जिसकी गन्ध बदल गयी हो) विरस अतिजीर्ण अहितकर तथा अशुद्ध अन्न नहीं खाना चाहिए।[१५]

भोज्य पदार्थ—हितकारी, परिमित, पक्व नेत्र-नासा तथा रसना इन्द्रिय को प्रिय लगने वाला सुपरीक्षित भोजन न जल्दी-जल्दी और न धीरे धीरे अर्थात् मध्यमगति से करना चाहिए।[१६]

विषयुक्त भोजन—विषयुक्त भोजन को देखकर कौआ और कोयल विकृत शब्द करने लगते है, नकुल और मयूर आनन्दित होते हैं, क्रौंच पक्षी अलसाने लगता है ताम्रचूड (मुर्गा) रोने लगता है, तोता वमन करने लगता है बन्दर मल कर देता है, चकोर के नेत्र लाल हो जाते हैं हंस की चाल डगमगाने लगती है तथा भोजन पर मक्खियाँ भी नहीं बैठती। जिस तरह नमक डालने से अग्नि चटचटाती है उसी तरह विषयुक्त अन्न के सम्पर्क से भी चटचटाने लगती है।[१७]

भोजन के विषय में अन्य नियम—पुन गर्म किया हुआ भोजन, अंकुर निकले हुए अन्न तथा दस दिन तक काँसे के बर्तन मे रखा गया घी नहीं खाना चाहिए।

दही और छाँछ के साथ केला, दूध के साथ नमक, काजी के साथ कचौड़ी (शष्कुलि) गुड पीपल, मधु तथा मिर्च के साथ काकमाची (मकोय) तथा मूली के साथ उडद की दाल दही की तरह गाढ़ा सत्तू तथा रात्रि में कोई भी तिल बिकार (तिल के बने पदार्थ) नहीं खाना चाहिए।[१८]

घृत तथा जल को छोडकर रात्रि में बने हुए सभी पदार्थ, केश या कीटयुक्त पदार्थ तथा फिर से गरम किया गया भोजन नहीं करना चाहिए।

---

१३ पृ० वही, श्लोक २१४
१४ पृ० वही, श्लोक २१५
१५ पृ० वही, श्लोक २१६
१६ पृ० ५१०, श्लोक २१७
१७ पृ० वही, श्लोक २१८-४०
१८ पृ० वही, श्लोक २४१–४४

अत्यशन, लघ्वशन समशन तथा अध्यशन नही करना चाहिए । प्रत्युत बल और जीवन प्रदान करने वाला उचित भोजन करे ।

अत्यशन—भूख से अधिक खाना

लघ्वशन—भूख से कम खाना

समशन—पथ्य तथा अपथ्य दोनो खाना

अध्यशन—अजीर्ण होने पर भी खाना

इन सबका त्याग करे ।[19]

भोजन करने की विधि—भोजन मे स्वादु (मधुर) तथा स्निग्ध पदार्थ प्रारम्भ म भारी नमकीन तथा अम्ल (खट्टा) मध्य में, रुक्ष और द्रव पदार्थ बाद (अन्त) म खाना चाहिए । खाने के तुरन्त बाद कुछ भी नहा खाना चाहिए ।[20]

छोटा बगन कोहल (कुम्हडा) कारवेल (करेला) चिल्ली जीवन्ती (डाडी) वास्तूल तण्डुलीय (चौलाई), तुरन्त सेंका गया पापड ये खाद्य सामग्री के अङ्ग है यदि अदरख की फाक मिल जाए तब तो कहना ही क्या ।[21]

भोजन म सर्वदा चतुर्थांश साग-सब्जी खाना चाहिए। दही म तैरते हुए (दध्ना परिप्लुत) तथा तले हुए (पयसा विशुष्क) पदार्थ नही खाना चाहिए ।[22] बिना उबाला गया दूध दस घडी तक तया उबाला गया बीस घडी तक पथ्य है । दही जब तक उज्ज्वल सुगन्धित तथा रसयुक्त (रूपामोदरसाढय) हो तभी तक भोज्य है ।[23] सोमदेव कहते हैं कि पकवान तभी तक स्वादयुक्त लगते हैं जब तक अगारो पर सेंके गये घृत-स्नात (सर्पिषि स्नाता) गरमागरम पदार्थ नही खाये जाते ।[24]

ज्यादा मीठा खाने से मन्दाग्नि हो जाती है, अधिक नमकीन खाने से दृष्टि मान्द्य हो जाता है तथा अधिक खटाई और तीक्ष्ण पदार्थ शरीर को जीर्ण कर देते हैं । अधिक उष्ण पदार्थ (सोठ, पीपल मिरिच आदि) ज्यादा खाने से शरीर

---

१९ पृ० ५१३ श्लोक ३४५

२० पृ० वही श्लोक ३४६

२१ पृ० ५१६ श्लोक ३५६

२२ पृ० ५१६, श्लोक ३५७

२३ पृ० ५१७ श्लोक ३५८

२४ पृ० ५१७ श्लोक ३५९

में दाह होता है तथा काषाय पदार्थ अधिक मात्रा में खाने से पित्त कुपित होता है।[२५]

भोजन के तत्काल बाद काम कोप, आतप, आयास, यान, वाहन तथा अग्नि का सेवन नही करना चाहिए।[२६]

रात्रिशयन या निद्रा—स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नीद लेना आवश्यक है। सुख की नीद सोकर जागने पर मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न हो जाती हैं, पेट हलका हो जाता है तथा पाचन क्रिया ठीक रहती है।[२७] जिस तरह खुली स्थाली (बटलोई) मे अन्न ठीक से नही पकता उसी प्रकार नीद लिए बिना सम्यक पाचन नही होता।[२८] अच्छी नीद लेने से श्रम भी दूर हो जाता है (निद्राविद्रावितश्रम ५०८)।

नीहार या मलमूत्र विसर्जन—शौच तथा लघुशका की बाधा होने पर उसकी निवृत्ति शीघ्र कर लेना चाहिए। प्रवाह के वेग को रोकने से भगन्दर हो जाता है।[२९]

अभ्यग तथा उद्वर्तन—तैल-मालिश के लिए प्राचीन शब्द अभ्यंग था। अभ्यग श्रम तथा वायु को दूर करता है, शक्ति का सञ्चार करता है तथा शरीर को दृढ (मजबूत) बनाता है।[३०] उद्वर्तन या उबटन शरीर में कान्ति लाता है, चर्बी कफ तथा आलस को दूर करता है।[३१]

---

२५ पृ० ५१७ श्लोक ३६४ ६५

२६ पृ० ५१७, श्लोक ३७३

२७ अधिगतसुखनिद्र सुप्रसन्नेन्द्रियात्मा, सुलघुजठरवृत्तिर्भुक्तपक्ति दधान।
—पृ ५०७

२८ स्थाल्या यथानावरणाननायामधट्टिताया च न साधुपाक।
अनाप्तनिद्रस्य तथा नरेन्द्र व्यायामहीनस्य च नान्नपाक॥—वही

२९ भगन्दरी स्यन्दविबन्धकाले।—पृ० ५०६

३० अभ्यंग श्रमवातघ्न बलकर कायस्य दार्ढ्यावह।—पृ० ५०८
तुलना—अभ्यगो वातकफहृच्छ्रमशान्तिबलं सुखम्।
निद्रावर्णमृदुत्वायुष्कुरुते देहपुष्टिकृत्॥
—भाव प्र० भा० १, पृ० ११५ श्लो० ६८

३१ स्यादुद्वर्तनमगकान्तिकरण मेद कफालस्यजित् —पृ० ५०८
तुलना—उद्वर्तन कफहर मेदोघ्न शुक्रदं परम्।
बल्य शोणितकृच्चापि त्वक्प्रसादमृदुत्वकृत्॥—वही पृ० ११६।७१

स्नान—ऋतु के अनुसार ठडे या गरम जल से किया गया स्नान आयु को बढाता है हृदय को प्रसन्न करता है तथा शरीर की खुजली और परिश्रम को दूर करता है।[३२]

परिश्रम करने तथा धूप में से आने के तत्काल बाद तथा इद्रिय और चित्त में जिस समय व्याकुलता हो उस समय स्नान तथा खान पान नही करना चाहिए।[३३]

धूप में से आकर तत्काल पानी पीने से दृष्टि मन्द हो जाती है परिश्रम करने के तुरन्त बाद भोजन करने से वमन होने लगता है और ज्वर हो जाता है शौच की बाधा होने पर भी भोजन करने से गुल्म हो जाता है।[३४]

स्नानोपरान्त विधिपूर्वक देवपूजा आदि काय करके स्वच्छ वष धारण करे तथा प्रसन्न मन से अतिथि सत्कार करके आप्त (विश्वस्त) व्यक्तियो के साथ उतना भोजन करे जिससे सायकाल फिर से भूख लग जाए।[३५]

स्वच्छ वेष धारण करने तथा एकान्त म और आप्तजनो के साथ में भोजन करने के कई कारण हैं जिनका आयुर्वेद मे विस्तार के साथ वर्णन किया गया है।[३६]

---

३२ आयुष्य हृद्यप्रसादि वपुष कण्डूक्लमच्छेदि च
स्नान देव यथातुसेवितमिद शीतैरशीतैजलै ॥—पृ० ५०८
तुलना—दीपन वृष्यमायुष्य स्नानमोजोबलप्रदम्।
कण्डूक्लमश्रमस्वेदत द्रातडदाहपाप्मनुत् ॥

३३ श्रमघर्मातदेहानामाकुलेन्द्रियचेतसाम्।
तव देव द्विषा स तु स्नानपानादनक्रिया ॥—पृ० ५०८

३४ दृग्मान्द्यभागातपितोऽम्बुसेवी श्रा त कृताशो वमनज्वराह।
भगन्दरी स्य द्विब धकाले गुल्मी जिहत्सुविहिताशनश्च ॥—पृ० ५०९

३५ स्नान विधाय विधिवत्कृतदेवकार्य संतर्पितातिथिजन सुमना सुवेष।
आप्तैवृ तौ रहसि भोजनकृत्तथा स्याद् साय यथा भवति भुक्तिकरोऽभिलाष ॥
—पृ ५०९

३६ यशस्य काम्यमायुष्य श्रीमदानन्दवधनम्।
स्वच्छ वशीकर हृद्य नवनिर्मलमम्बरम् ॥
कदाऽपि न जनै सद्भिर्धार्य मलिनमम्बरम्।
तत्तु कण्डूकृमिकर ग्लान्यलक्ष्मीकर परम् ॥
—भाव प्र० भा० १ पृ० ११८ श्लो० ९१ ९३

व्यायाम—पाचन क्रिया ठीक से रहे इसलिए व्यायाम करना आवश्यक है। जिस तरह बिना चलाए बटलोई में अन्न ठीक नहीं पक सकता उसी तरह व्यायाम न करने पर पाचन क्रिया ठीक नहीं होती।[३७]

रोग और उनकी परिचर्या

यशस्तिलक में निम्नलिखित रोगों के बारे में जानकारी दी गयी है—

(१) अजीर्ण (५१९, पू०)
(२) दृग्मान्द्य (५०९ पू०, ५१८ पू०)
(३) वमन (५०९ पू०)
(४) ज्वर (५०९ पू०)
(५) भगन्दर (५०९ पू०)
(६) गुल्म (५०९, पू०)
(७) कोथ (११२ पू०)—कुष्ट
(८) कण्डू (५०८, पू०) —खुजली
(९) अग्निमान्द्य (५१८ पू०)
(१०) शरीर कृशहोना (५१८ पू०)
(११) देहदाह (५१८ पू०)
(१२) सितश्वित (उत्त०२२३)—सफद कुष्ट बहने वाला

अजीर्ण—अजीर्ण के लिए सामदेव ने दो नाम दिये हैं—(१) विन्हि (२) दुर्जर।

कारण—अजीर्ण का मुख्य कारण उचित नींद न लेना तथा व्यायाम न करना है। जिस तरह खुली हुई बटलोई में बिना चलाये अन्न ठीक से नहीं पकता ठीक उसी तरह निद्रा न लेने से तथा व्यायाम न करने से पाचन क्रिया भी ठीक नहीं होती।[३८]

पितमातसुहृद्वैद्यपाककृद्ध सर्वाहियाम्।
सारसस्य चकोरस्य भोजने दृष्टिरुत्तमा॥
आहा तु १६ कुर्यान्निहारम पित्तवदा।
उभाभ्या लक्ष्म्युपेत स्यात्प्रकाशे हीयते श्रिय॥

—वही, पृ० १२२ २३, श्लो० १२० २२

३७ देखिए, उद्धरण सख्या २८
३८ वही

प्रकार—अजीर्ण चार प्रकार का बताया गया है—[३९]

(१) जौ इत्यादि हलके पदार्थों के खाने से उत्पन्न।

(२) गेहूँ इत्यादि पदार्थों के खाने से उत्पन्न।

(३) दाल इत्यादि दो दल वाले पदार्थों के खाने से उत्पन्न।

(४) घृत आदि स्निग्ध पदार्थों के खाने से उत्पन्न।

परिचर्या—इन चार प्रकार के अजीर्ण को दूर करने के लिए यशस्तिलक में क्रम से चार साधन बताए गये हैं—[४०]

(१) जौ आदि के अजीर्ण को दूर करने के लिए ठंडा पानी पिए।

(२) गेहूँ आदि के अजीर्ण को दूर करने के लिए गर्म (क्वथित) जल पिए।

(३) दाल आदि के अजीर्ण को दूर करने के लिए अवन्तिसोम (कांजी) पिए।

(४) घृत इत्यादि से उत्पन्न अजीर्ण के लिए कालसेय (तक्र) पिए।

दृग्मान्द्य—यशस्तिलक में दृग्मान्द्य के दो कारण बताए हैं—नमक या नमकीन पदार्थ अधिक खाना तथा धूप में से आकर तुरन्त पानी पी लेना।[४१]

सोमदेव ने स्पष्ट रूप से दृग्मान्द्य को दूर करने के उपाय नहीं बताए फिर भी उसके कारणों में ही दूर करने के उपायों की भी अभिव्यक्ति है। दृग्मान्द्य न हो इसके लिए व्यक्ति को उपर्युक्त दोनों बातों का बचाव रखना चाहिए।

वमन—सोमदेव ने लिखा है कि थका हुआ व्यक्ति यदि तुरन्त भोजन कर ले तो वमन होने लगता है।[४२]

ज्वर—ज्वर के लिए भी यही कारण दिया है।[४३]

भगन्दर—भगन्दर का कारण सोमदेव ने स्यन्दविबन्ध अर्थात् मल के वेग को रोकना बताया है।[४४] भावप्रकाश में मल के वेग को रोकने से भगन्दर

---

३९ यवसमियविदाहिष्वम्बु शीतं निषेव्य क्वथितमिदमुपास्य दुर्जरेऽन्ने च पिष्टे।
भवति विदलकालेऽवन्तिसोमस्य पानं घृतविकृतिषु पेयं कालसेयं सदैव॥ —पृ० ५२६

४० वही पृ० ५१९

४१ समधिकलवणान्नप्राशनाद्दृष्टिमान्द्यम्।—पृ० ५१८
दृग्मान्द्यभागातपितोऽम्बुसेवी।—पृ० ५०६

४२ श्रान्तः कृताशो वमनज्वराह्नः।—पृ० ५०९

४३ वही पृ० ५०६

४४ भगन्दरी स्यन्दविबन्धकाले।—पृ० ५०६
तुलना—शुक्रमलमूत्रमरुद्वेगसंरोधोऽश्मरीभगन्दरगुल्मार्शसां हेतुः।—नीति० दि० ११

के अतिरिक्त आटोप (पेट में गुड़गुड़ शब्द होना) शूल, परिकर्तन (गुदा में कतरने के सदृश पीड़ा), मलावरोध, ऊर्ध्ववात (डकार आना) तथा मुख से मल निकलने लगना आदि रोग बताए हैं।[45]

वैद्यक शास्त्र में भगन्दर को महाभयकर रोग बताया गया है। भावप्रकाश में इसके विषय में निम्नप्रकार से जानकारी दी गयी है—

पूर्वरूप—भगन्दर जब होने वाला होता है तो कमर तथा शिर म सूई चुभने के समान पीडा दाह तथा खुजली आदि पूर्वरूप होते है।[46]

लक्षण—गुदा के पार्श्व मे दो अगुल स्थान म पीडा करने वाली फटी हुई फसियाँ इत्यादि कई प्रकार का भगन्दर होता है। भारतीय वैद्यक में पाँच भेद बताए हैं—(१) वातिक (२) पैत्तिक (३) श्लैष्मिक, (४) सन्निपातिक तथा (५) शल्यज।[47]

पाश्चात्य वैद्यक में भगन्दर को फिस्चुला इन एनो कहते हैं। इनके भी कई भेद होते है।[48]

गुल्म—यशस्तिलक में गुल्म का कारण शौच की बाधा होने पर भी भोजन करना बताया है।[49] भावप्रकाश में अध्यशन आदि मिथ्या आहार तथा बलवान के साथ कुश्ती लडना आदि गुल्म के कारण बताये हैं।[50]

गुल्म हृदय तथा नाभि के बीच में सचरणशील अथवा अचल तथा बढने घटने वाली गोलाकार ग्रन्थि को कहते हैं।[51]

---

४५ आटोपशूलौ परिकर्तिका च सग पुरीषस्य तथोऽर्ध्ववात ।
पुरीषमास्यादथवा निरेति पुरीषवेगेऽभिहते नरस्य ॥
—भा०भा० १ पृ० १०३ श्लो० १८

४६ कटीकपालनिस्तोददाहकण्डुरुजादय ।
भवन्ति पूवरूपाणि भविष्यति भगन्दरे ॥
गुदस्य द्व्यगुले क्षेत्रे पार्श्वत पिडकार्तिकृत् ।
भिन्ना भगन्दरो ज्ञेया स च पंचविधो भवेत् ॥
—वही, भाग २ चि० भ० श्लो० १,२

४७ वही

४८ विस्तार के लिए देख भाव० भा० २, पृ० ५३६

४९ गुल्मी जिहत्सुविहिताशनश्च।—पृ० ५०६ पू०

५० दुष्टवातादयोऽत्यर्थमिथ्याहारविहारत ।—भाव० भाग २, गुल्मा० श्लो० १

५१ हृन्नाभ्योरन्तरे ग्रन्थि सचारी यदि वाचल ।
वृत्तश्चयोपचयवान्स गुल्म इति कीर्तित ॥—वही, श्लोक ५

भारतीय वैद्यक म गुल्म के पाँच भेद बताए गये हैं—(१) वातज (२) पित्तज, (३) कफज, (४) त्रिदोषज तथा (५) रक्तज।[५२]

पाश्चात्य वैद्यक मे गुल्म को अवडामिनल टयूमर कहते हैं। टयूमर प्राय दो प्रकार के हाते हैं—(१) सामान्य और (२) घातक। इनके अनेक अवान्तर भेद होते हैं।[५३]

सितश्वित—सफेद कुष्ट जिससे पीब बहती रहती है तथा अत्यन्त दुर्गन्ध आती है उसे यशस्तिलक म सितश्वित कहा है। अमृतमति को यह भयकर रोग हो गया था। परिवार के लोग भी नाक बन्द करके उसके पास आते थे।[५४] सोमदेव ने इसका दूसरा नाम साधारणतया कुष्ट भी दिया है।[५५]

औषधियाँ—यशस्तिलक में अनेक प्रकार की औषधियो के उल्लेख हैं। शिखण्डिताण्डवमण्डन नामक वन के विस्तृत वर्णन म ही लगभग २० औषधियो के नाम गिनाए है। यह वर्णन किसी आयुर्वेदिक उद्यान के वर्णन से कम नही है। औषधियो की जानकारी इस प्रकार है—

*मागधी[५६]—छोटी पीपल

अमृता—गुरुचि

सोम विजया—हरड

जम्बूक

सुदशना

मरुद्भव

अजुन

अभीरु—शतावरी

लक्ष्मी—मरण्डश्रु गी

वती

तपस्विनी—मुण्डी कह्लार आदि

चन्द्रलेखा—बाकुची

---

५२ वही श्लोक १

५३ वही श्लोक ५ की व्याख्या

५४ सप नसितश्वितगात्रीमनवरतदरदेहद्रवास्वादासीद म दमक्षिकाक्षेपक्षोभपात्रीमति पुतिपूयपिहितनासिकसविधसचरितपरिवाराम्।—पृ० २२३ उत्त०

५५ सकलकुष्ठाधिष्ठानम्।—वही

५६ *चिह्नान्तगत औषधियाँ, पृ० १६४-१६७ उत्त०

कलि—बिभीतक

अर्क—आक

अरिमेद—विटखदिर

शिवप्रिय—धतूरा

*गायत्री—खदिर

ग्रन्थिपर्ण[५७]—गाथियन

पारदरस[५८]—पारा

आयुर्वेदविशेषज्ञ आचार्य

यशस्तिलक मे आयुर्वेदविशेषज्ञ आचार्यों में काशिराज, चारायण, निमि धिषण तथा चरक का उल्लेख है।[५९]

काशिराज—काशिराज को श्रुतसागर ने धन्वन्तरि कहा है।[६०]

यह उल्लेख विशेष महत्व का है। निर्णयसागर द्वारा प्रकाशित सुश्रुतसहिता की संस्कृत भूमिका में इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। अनपेक्षित होने से उसे यहाँ पुनरुक्त नही किया गया।

निमि—इनमे संभवतया निमि सर्वाधिक प्राचीन हैं। इनका कोई ग्रन्थ तो उपलब्ध नहीं होता किन्तु अन्य ग्रन्थो मे उल्लेख आये हैं। चरक संहिता मे निमि को विदेहराज कहा है।[६१] वाग्भट ने अष्टागहृदय में, क्षीरस्वामी ने अमरकोष की टीका (२।५।२८) में तथा डल्हण ने सुश्रुतसहिता की टीका में निमि का उल्लेख किया है। निर्णयसागर द्वारा प्रकाशित इन ग्रन्थो से ज्ञात होता है कि निमि के उल्लेख अन्य ग्रन्थो मे भी मिलते हैं।

चारायण—चारायण का आयुर्वेदाचार्य के रूप में अन्यत्र उल्लेख नही मिलता। वात्स्यायन ने कामसूत्र (१।१।१२) में चारायण को बाभ्रव्य पांचाल-कृत कामसूत्र के एक अध्याय को स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप में रचने वाला कहा है। सोमदेव ने चारायण का जो उल्लेख किया है, वह भी वात्स्यायन के कामसूत्र में

५७ पृ० ४७० पू०, विवेचन के लिए देखें—के० के० हन्दिकी यशस्तिलक एंड इंडियन कल्चर पृ० १२, फुटनोट १।

५८ पृ० ११२ पू०

५९ पृ० २३७, ५०६ स० पू०, पृ० २३७ उत्त०

६० काशिराजो धन्वन्तरि।—पृ० २३७ सं० टी०

६१ सस्रता इति निमिर्वैदेह'।—सूत्रस्थान अ० २६

उपलब्ध होता है।[६२] सोमदेव के ही दूसरे ग्रन्थ नीतिवाक्यामृत में चारायण के कई उद्धरण आये हैं, किन्तु वे सभी नीतिविषयक होने से, यह कहना कठिन है कि चारायण ने किसी वैद्यक ग्रन्थ की रचना की हो।

धिषण—धिषण का अर्थ श्रुतसागर ने बृहस्पति किया है। बृहस्पतिकृत वैद्यक ग्रन्थ का पता नहीं चलता।

चरक—चरककृत चरकसंहिता वैद्यक शास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। आजकल यह वैद्यक का अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ माना जाता है।

•

---

६२ साथ चारायणस्य। १।४।०२

वस्त्र और वेषभूषा

यशस्तिलक मे भारतीय तथा विदेशी वस्त्रो के अनेक उल्लेख हैं। इन उल्लेखों से एक ओर प्राचीन भारतीय वेशभूषा का पता चलता है, दूसरी ओर प्राचीन भारत के समृद्ध वस्त्रोद्योग एव विदेशी व्यापारिक सम्बन्धो पर भी प्रकाश पडता है। भारतीय साहित्य म वस्त्रो के अनेक उल्लेख मिलते हैं किन्तु यशस्तिलक के उल्लेखो की यह विशेषता है कि उनसे कई एक वस्त्रो की सही पहचान पहले पहल होती है। इन वस्त्रो को मुख्यतया तीन वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है—

(१) सामान्य वस्त्र।

(२) पोशाकें या पहनने के वस्त्र।

(३) अन्य गृहोपयोगी वस्त्र।

सामान्य वस्त्रो म नेत्र, चीन चित्रपटी पटोल, रल्लिका, दुकूल, अंशुक और कौशेय आते हैं। पोशाको में कंचुक वारबाण, चोलक, चण्डातक, पट्टिका, कोपीन, वैकक्ष्यक उत्तरीय, परिधान उपसव्यान, निचोल, उष्णीष, प्रावान चीवर और कर्पट का उल्लेख है। कुछ अन्य गृहोपयोगी वस्त्रो में हंसतूलिका उपधान कन्था, नमत और वितान आए हैं। इन वस्त्रो का विशष परिचय निम्न-प्रकार है—

१ सामान्य वस्त्र

सामान्य वस्त्रो म नेत्र चीन चित्रपटी पटोल और रल्लिका का उल्लेख यशस्तिलक में एक साथ हुआ है। सभामण्डप म जाते समय सम्राट यशोधर ने देखा कि घोडो को उक्त वस्त्रो की जीन पहनाई गयी हैं।[१]

नेत्र—श्रुतसागर ने नेत्र का अर्थ पतला पट्टकूल किया है।[२] नेत्र के विषय मे डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन तथा जायसी के पदमावत में सवप्रथम विशेष रूप से प्रकाश डाला है।

---

१ नेत्रचीनचित्रपटीपटोलरल्लिकाप्रावृतदेहानां वाजिनाम्।
—यश० सं० पू०, पृ० ३१८

२ नेत्राणां सूक्ष्मपट्टकूलवाणानाम्।—वही सं० टीका

नेत्र एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र था। यह कई रगो का होता था। इसके थानों में से काटकर तरह-तरह के वस्त्र बना लिये जाते थे। यह चीन देश से भारत मे आता था। प्राचीन भारतीय साहित्य म नेत्र का उल्लेख सबसे पहले कालिदास ने किया है।[३] बाणभट्ट ने नेत्र के बने विभिन्न प्रकार के वस्त्रो का कई बार उल्लेख किया है। मालती धुले हुए सफेद नेत्र का बना कॅचुली की तरह हलका कचुक पहने थी।[४] हर्ष निर्मल जल से धुले हुए नेत्रसूत्र की पट्टी बाँधे हुए एक अधोवस्त्र पहने थे।[५]

बाण ने एक अन्य प्रसग पर अन्य वस्त्रो के साथ नेत्र के लिए भी अनेक विशेषण दिये हैं—साँप की कचुली की तरह महीन कोमल कले के गाभे की तरह मुलायम फूक से उड जाने योग्य हलके तथा केवल स्पर्श से ज्ञात होने योग्य।[६] बाण ने लिखा है कि इन वस्त्रा के सम्मिलित आच्छादन से हजार हजार इन्द्र धनुषों जसी कान्ति निकल रही थी।[७] इस उल्लेख से रगीन नेत्र का पता लगता है। बाण ने छापेदार नेत्र के भी उल्लेख किये है। राज्यश्री के विवाह के अवसर पर खम्भो पर छापेदार नेत्र लपेटा गया था।[८] एक अन्य स्थान पर छापेदार नेत्र के बने सूथना का उल्लेख है।[९] सम्भवत नेत्र की बुनावट में ही फूलपत्तियो की भाँत डाल दी जाती थी।

उद्योतनसूरि (७७९ ई०) कृत कुवलयमाला म एक वणिक कहता है कि वह महिस और गवय लेकर चीन गया और वहाँ से गगापटी तथा नेत्र वस्त्र लाया।[१०]

वर्णरत्नाकर म चौदह प्रकार के नेत्रो का उल्लेख है।[११]

---

३ नेत्रक्रमेणोपरुरोध सूर्यम्।—रघुवश ७।३९

४ धौतधवलनेत्रनिर्मितेन निर्मोकलघुतरेणाप्रपदीनकंचुकेन।—हर्षचरित, पृ० ३१

५ विमलपयोधौतेन नेत्रसूत्रनिवेशशोभिनाधरवाससा।—वही, पृ० ७२

६ नेत्रैश्च निर्मोकनिभै, अकठोररम्भागर्भकोमलै, निश्वासहार्यै स्पर्शानुमेयै वासोभि।—वही पृ० १४३।

७ स्फुरद्भिरिन्द्रायुधसहस्रैरिव संछादितम्।—हर्षचरित पृ० १४३।

८ उच्चित्रनेत्रपटवेष्ट्यमानैश्च स्तम्भै।—वही १४३

९ उच्चित्रनेत्रसुकुमारस्वस्थानस्थगितजघाकाण्डै।—वही पृ० २०६

१० अह चीण महाचीणसु गओ माहस गवले घेत्तण तत्थ गगावडिओ णेत्त पट्टाइय घेत्तण लद्धलाभो णियत्तो।—कुवलयमाला कहा पृ० ६६

११ हरिणा, वैं।ना नखी सर्वाङ्ग गुरु शुचीन राजन पचरग, नील, हरित पीत, लोहित, चित्रवर्ण पञ्चम्विध चतुर्दश जाति नेत देषु।—वर्णरत्नाकर पृ० २२

चौदहवीं शती तक बगाल में नेत अथवा नेत्र एक मजबूत रेशमी कपडे को कहते थे। इसकी पाचूडी पहनी और बिछाई जाती थी।[१२]

पदमावत के उल्लेखो से ज्ञात होता है कि सोलहवी शती तक नेत्र का प्रचार था। जायसी ने तीन बार नेत्र अथवा नेत का उल्लेख किया है। रतनसेन के शयनागार में अगरचन्दन पोतकर नेत के पग्दे लगाये गये थे।[१३] पद्मावती जब चलती थी ता नेत के पाँवड बिछाए जाते थे।[१४] एक अन्य प्रसग मे भी मार्ग में नेत बिछाने का उल्लेख है (नेत बिछावा बाट, ६४१।८)।

भोजपुरी लोकगीतो में नेत का उल्लेख प्राय आता है।[१५] बगला में भी नेत के उल्लेख मिलते है।[१६]

चीन—चीन का अर्थ श्रुतसागर ने चान देश मे उत्पन्न होनेवाले वस्त्र से किया है।[१७] सामदेव के बहुत समय पहले से भारतीय जन चीन देश से आनेवाले वस्त्रो से परिचित हो चुके थे। डॉ० मोतीचन्द्र ने भारतीय वेशभूषा में चीन देश से आनेवाले वस्त्रा के विषय म पर्याप्त जानकारी दी है। मध्य एशिया के प्राचीन पथ पर बने हुए एक चीनी रक्षागृह से एक रेशमी थान मिला जिस पर ई० पू० पहली शताब्दी की ब्राह्मी में एक पुरजा लगा हुआ था। यह इस बात का द्योतक है कि भारतीय व्यापारी चीनी रेशमी कपडे की खोज म चीन की सीमा तक इतने प्राचीन काल मे पहुच गये थे।[१८]

चीन देश से आनेवाले वस्त्रा मे सबसे अधिक उल्लेख चीनाशुक के मिलते

---

१२ तमोनाशचन्द्रदास आसपक्ट्स आफ बगाली सोसायटी फ्रम बँगाली लिटरेचर पृ० १८०-१८१

१३ ओवरि जूड़ि तहाँ सोवनारा। अगर पोति सुख नेत ओहारा॥
अग्रवाल—पदमावत ३१६।५

१४ पालक पाव कि आछहि पाटा। नत बिछाइम जौं चल बाटा॥—वही ४८५।७

१५ राजा दशरथ द्वारे चिन्न ररेहल ऊपर नेत फहरासु हे।—जनपद वष १, अंक ३, अप्रैल, १९३३ पृ० ५२

१६ नेतेर आचले चर्ममाछत करिया घर घर वासिनी पोशे, अर्थात् नेत के आँचल में चमडे से ढँकी हुई स्त्रीरूपी व्याघ्री घर घर में पाली जा रही है।
धर्मपाल में गोरक्षनाथ का गीत उद्धत, अग्रवाल—पद्मावत पृ० ३३६

१७. चीनामा चीनदेशोत्पन्नवस्त्राणाम्।—यश० स० पू०, पृ० ३३९ स० टी०

१८ सर आरल स्टाइन—एशिया मेजर, हथ एनिवर्सरी वालुम १९२३ पृ० ३६७ ३७२

हैं।[१९] यह एक रेशमी वस्त्र था। बृहत्कल्पसूत्र भाष्य में इसकी व्याख्या कोशकार नामक कीड़े से अथवा चीन जनपद के बहुत पतले रेशम से बने वस्त्र से की गयी है।[२०]

चीनांशुक के अतिरिक्त चीन और वाह्लीक से भेड़ों के ऊन, पश्म (रांकव) रेशम (कीटज) और पट्ट (पट्टज) के बने वस्त्र आते थे। ये ठीक नाप के, खुशनुमा रंगवाले तथा स्पर्श करने में मुलायम होते थे। इन देशों से नमदे (कुट्टीकृत) कमल के रंग के हजारों कपड़े मुलायम रेशमी कपड़ तथा मेमनों की खालें भी आती थीं।[२१]

चित्रपटी—यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने चित्रपटी का अर्थ रंग बिरंगे सूक्ष्म वस्त्र से किया है।[२२] डॉ० अग्रवाल ने लिखा है कि चित्रपटी या चित्रपट वे जामदानी वस्त्र ज्ञात होते हैं जिनमें बुनावट में ही फूल पत्तियों की भाँत डाल दी जाती थी। बंगाल इन वस्त्रों के लिए सदा से प्रसिद्ध रहा है। बाणभट्ट ने लिखा है कि प्राग्ज्योतिषेश्वर (आसाम) के राजा ने श्रीहर्ष को उपहार में जो बहुमूल्य वस्तुएँ भेजीं उनमें चित्रपट के तकिए भी थे जिनमें समूर या पक्षियों के बाल या रोएं भरे थे।[२३]

पटोल—पटोल का अर्थ टीकाकार ने पट्टकूल वस्त्र किया है।[२४] गुजरात में अभी भी पटोला नामक साड़ी बनती है तथा इसका व्यवहार होता है। इस साड़ी को लड़की का मामा विवाह के अवसर पर उसे भेंट करता है। यह साड़ी बांधनू रंगने की विधि से रंग गये ताने-बाने से बनती है। इसकी बुनावट में सकरपारे पड़ते हैं जिनके बीच में तिपतिए फूल होते हैं। कभी-कभी

---

१९ आचारांग २ १४ ६। भगवती ९ ३३ ६। अनुयोगद्वार ३६ निशीथ ७ ११। प्रश्नव्याकरण ४ ४ इत्यादि।

२० कौशिकाराख्य कृमि तस्माज्जातम अथवा चीनानाम् जनपद तत्र य श्लक्ष्ण-तरपट तस्माज्जातम।—बृहत्कल्प० ४ ३६६२

२१ प्रमाणरागस्पर्शाढ्य वाल्हीचीनसमुद्भवम। और्ण च रांकव चैव कीटज पट्टज तथा।

कुट्टीकृत तथैवात्र कमलाभ सहस्रश। श्लक्ष्ण वस्त्रमकर्पासमाविक मृदुचाजिनम्॥

—महाभा० सभा पर्व ५१।२७

२२ चित्रा नानाप्रकारा या पट्य सूक्ष्मवस्त्राणि।—यश० स० पू०, पृ० २६८ स० टी०

२३ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० १६८

२४ पटोलानि च पट्टकूलवस्त्राणि।—यश० स० पू० पृ० ३६८

अलकारो में हाथियो की पक्ति, पेड-पौधे, मनुष्य-आकृतियाँ और चिड़ियाँ भी होती हैं।[२५]

रल्लिका—रल्लिका का अर्थ श्रुतसागर ने रक्त कंबल किया है।[२६] रल्लक एक प्रकार का मृग या जगली भेड होती थी जिसके ऊन से यह वस्त्र बनता था। सोमदेव ने जगल का वर्णन करते हुए सेही के द्वारा परेशान किये जाते रल्लको का उल्लेख किया है।[२७]

रल्लिका या रल्लक को अमरकोषकार ने भी एक प्रकार का कम्बल कहा है।[२८] जिस समय युवांग च्वाग भारत आया उस समय भारतवर्ष में इस वस्त्र का खूब प्रचार था। उसने अपने यात्रा विवरण में होलाली अर्थात् रल्लक का उल्लेख किया है। उसने लिखा है कि यह वस्त्र किसी जगली जानवर के ऊन से बनता था। यह ऊन आसानी से कत सकता था तथा इससे बने वस्त्रो का काफी मूल्य होता था।[२९]

सोमदेव ने एक अन्य प्रसग पर और अधिक स्पष्ट किया है कि रल्लको के रोओ से कम्बल बनाए जाते थे, जिनका उपयोग हेमन्त ऋतु में किया जाता था।[३०]

दुकूल—सोमदेव ने दुकूल का कई बार उल्लेख किया है। राजपुर में दुकूल और अशुक की वैजयन्तियाँ (पताकाए) लगाई गयी थी।[३१] राज्याभिषेक के बाद सम्राट यशोधर ने धवल दुकूल धारण किये[३२], वसन्तोत्सव के अवसर पर गोरोचना से पिंजरित दुकूल धारण किये[३३] तथा सभामडप (दरबार) में जाते समय उद्गमनीय मगल दुकूल पहिने।[३४] अन्य प्रसगो में भी दुकूल के उल्लेख हैं।

---

२५ वाट—इंडियन आर्ट एट दी देहली एक्जिबिशन पृ० २५६-२५९।
उद्धृत मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा पृ० ६५।

२६ रल्लिकाश्च रक्तादिकंबलविशेषा।—यश० सं० पू० पृ० ३६८ सं० टी०

२७ क्वचिच्चि शल्यशल्लकशलाकाजालकील्यमानरल्लकलोकलोकम्।
—यश० उत्त० पृ० २००

२८ अमरकोश २।६।११६

२९ वाटर्स—युवांगच्वाग्स ट्रावल्स इन इंडिया भाग १ लन्दन १९०४।
प्रा० २०। उद्धृत डॉ० मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा से।

३० रल्लकरोमनिष्पन्नकम्बललोकलीलाविलासिनी हेमन्ते मरुति।
—यश० सं० पू० ५७५

३१ दुकूलांशुकवैजयन्तीसततिभि।—यश० सं० पू० पृ० १९

३२ धृतधवलदुकूलमाल्यविलेपनालकार।—वही, पृ० ३२३

३३ स्व देव देहे ऽभवे दधानो गोरोचना पिंजरिते दुकूले।—वही, पृ० ५९१

३४ गृहीतोद्गमनीयमगलदुकूल।—वही उत्त० पृ० ८३

आचारांग के संस्कृत व्याख्याकार शीलाकाचार्य ने दुकूल को बंगाल में पैदा होनेवाली एक विशेष प्रकार की रूई से बननेवाला वस्त्र कहा है[३५] किंतु यह व्याख्या बारहवीं शती की होने से विश्वसनीय नहीं है। निशीथ के चूर्णिकार ने दुकूल को दुकूल नामक वृक्ष की छाल को कूट कर उसके रेशे से बनाया जानेवाला वस्त्र कहा है।[३६]

अर्थशास्त्र में दुकूल के विषय में कुछ और भी जानकारी मिलती है। इसके अनुसार बंगाल में बननेवाला दुकूल सफेद और मुलायम होता था। पौंड्र देश के दुकूल गहरे नीले और चिकने होते थे तथा सुवर्णकुड्या के दुकूल ललाई लिए होते थे।[३७] कौटिल्य ने यह भी लिखा है कि दुकूल तीन तरह से बुना जाता था तथा बुनाई के अनुसार उसके एकांशुक, अध्यर्धांशुक, द्वयंशुक तथा त्र्यंशुक ये चार भेद होते थे।[३८]

डॉ० अग्रवाल ने हर्षचरित में दुकूल के विषय में एक प्रश्न उठाया है। उन्होंने लिखा है कि सम्भवतः कूल का अर्थ देश्य या आदिम भाषा में कपड़ा था जिससे कोलिक (हि० कोली) शब्द बना। दोहरी चादर या थानके रूप में विक्रयार्थ आने के कारण यह द्विकूल या दुकूल कहलाने लगा।[३९] साहित्यिक सामग्री की साक्षीपूर्वक इस विषय पर विचार करने से उनके इस कथन का समर्थन होता है।

सोमदेव ने तीन बार सम्राट यशोधर को दुकूल पहनने का उल्लेख किया है। वसंतोत्सव के समय तो निश्चित रूप से सम्राट ने दो दुकूल धारण किये थे क्योंकि यहाँ पर सोमदेव ने दुकूले इस द्विवचन का प्रयोग किया है।[४०]

दूसरे प्रसंग में उद्गमनीय मंगल दुकूल कहा है।[४१] अमरकोषकार ने लिखा है कि धुले हुए वस्त्रों के जोड़े को (दो वस्त्रों को) उद्गमनीय कहते हैं।[४२] इससे

---

३५ दुकूलं गौडविषयविशिष्टकार्पासिकम्।—आचारांग २ वस्त्र० सू० ३६८ शी०टी०

३६ दुगुल्लो रुक्खो तस्स वागो घेत्तु उदूखले कुट्टिज्जति पाणिएण ताव जाव भूसी भूतो ताहे कज्जति एतेसु दुगुल्लो।—निशीथ ७ १०-१२

३७ वागक श्वेतं स्निग्धं दुकूलं पौण्ड्रकं श्यामं मणिस्निग्धं सौवर्णकुड्यकं सूर्यवर्णम्।—अर्थशास्त्र, २।११

३८ मणिस्निग्धोदकवानं चतुरश्रवानं व्यामिश्रवानं च। एतेषामेकांशुकमध्यर्धद्वित्रि-चतुरंशुकमिति।—वही २।११

३९ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० ७६

४० गोरोचनापिंजरिते दुकूले।—यश० सं० पू० पृ० ५३२

४१ गृहीतोद्गमनीयमंगलदुकूलः।—यश० उत्त० पृ० ८१

४२ तत्स्यादुद्गमनीयं यद्धौतयोर्वस्त्रयोर्युगम्।—अमरकोष २ ६ ११३

यही तात्पर्य निकलता है कि सम्राट ने इस प्रसंग में भी दुकूल का जोडा पहना था। तीसरे स्थल पर दुकूल का विशेषण 'धवल' दिया है।[४३] इस समय भी सम्राट ने दुकूल का जोडा ही पहना होगा अन्यथा सोमदेव अधोवस्त्र के लिए किसी अन्य वस्त्र का उल्लेख अवश्य करते।

गुप्तयुग में किनारा पर हंस मिथुन लिखे हुए दुकूल के जोड पहनने का आम रिवाज था। बाण ने लिखा है कि शूद्रक ने जो दुकूल पहिन रखे थे वे अमृत के फेन के समान सफेद थे। उनके किनारो पर गोरोचना से हंस मिथुन लिखे गये थे तथा उनके छोर चमर से निकली हुई हवा से फडफडा रहे थे।[४४] युद्ध-क्षेत्र को जाते समय हर्ष ने भी हंस मिथुन के चिह्नयुक्त दुकूल का जोडा पहना था।[४५] आचाराग (२ १५ २०) में एक जगह कहा गया है कि शक्र ने महावीर को जो हंस दुकूल का जोडा पहनाया था वह इतना पतला था कि हवा का मामूली झटका उसे उडा ले जा सकता था। उसी बुनावट की तारीफ कारीगर भी करते थे। वह कलाबत्तू के तार से मिला कर बना था और उसमें हंस के अलकार थे। अंतगडदसाओ (पृ० ३२) के अनुसार दहेज में कीमती कपडो के साथ दुकूल के जोड भी दिए जाते थे।[४६] कालिदास ने भी हंस चिह्नित दुकूल का उल्लेख किया है।[४७] किन्तु उससे यह पता नही चलता कि दुकूल एक था या जोडा था। इसी तरह भट्टिकाव्य में भी दो बार दुकूल शब्द आया है[४८] परन्तु उससे भी इसके जोड होने या न होने पर प्रकाश नही पडता। गीत गोविन्द में करीब चार बार से भी अधिक दुकूल का उल्लेख हुआ है[४९], उसी में एक बार दुकूले इस द्विवचन का भी व्यवहार हुआ है।[५०]

---

४३ धृतधवलदुकूलमाल्यविलेपनालकार।—यश० स० पू० पृ० २२३

४४ अमृतफेनधवले गोरोचनालिखितहंसमिथुनसनाथपर्यन्ते चारुचमरवायुप्रनर्तितान्त देशे दुकूले वसानम्।—कादम्बरी पृ० १७

४५ परिधाय राजहंसमिथुनलक्ष्मणि सदृशे दुकूले।—पृ० २०२

४६ उद्धृत मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा, पृ० १४७-१४८

४७ आमुक्ताभरण स्रग्वी हंसचिह्नदुकूलवान्।—रघुवंश १७।२५

४८ उदक्षिपन्पट्टदुकूलकेतून्।—भट्टिकाव्य, ३।३४ अथ स वल्कदुकूलकुथादिभि।
—वही, १०।१

४९ शिथिलीकृत जघनदुकूलम्।—गीतगोविन्द २ ६, ३
श्यामलमृदुलकलेवरमण्डलमधिगतगौरदुकूलम।—वही, १२ २२ ३
विरहमिवापनयामि पयोधररोधकमुरसि दुकूलम।—वही १२, २३ ९

५० मञ्जुलवञ्जुलकुञ्जगत विचकर्ष करेण दुकूले। वही १ ४ ६।

इस विवरण से इतना तो निश्चित रूप से ज्ञात हो जाता है कि दुकूल जोड़े के रूप में आता था। इसका एक चादर पहनने और दूसरा ओढ़ने के काम में लिया जाता था। दुकूल के थान को काटकर अन्य वस्त्र भी बनाए जाते थे। बाण ने दुकूल के बने उत्तरीय साड़ियाँ पलगपोश तकियों के गिलाफ आदि का वर्णन किया है[५१]।

दुकूल के विषय में एक बात और भी विचारणीय है। बाद के साहित्यकारों तथा कोषकारों ने क्षौम और दुकूलको पर्याय माना है। स्वयं यशस्तिलक के टीकाकार ने दुकूल का अर्थ क्षौमवस्त्र किया है[५२]। अमरकोषकार ने भी दुकूल को पर्याय माना है।[५३] वास्तव में दुकूल और क्षौम एक नहीं थे। कौटिल्य ने इन्हें अलग अलग माना है।[५४] बाण ने क्षौम की उपमा दूधिया रंग के क्षीरसागर से तथा अंशुक की सुकुमारता की उपमा दुकूल की कोमलता से दी है।[५५]

इस तरह यद्यपि क्षौम और दुकूल एक नहीं थे फिर भी इनमें अन्तर भी अधिक नहीं था। दुकूल और क्षौम दोनों एक ही प्रकार की सामग्री से बनते थे। इनमें अन्तर केवल यह था कि जो कुछ मोटा कपड़ा बनता वह क्षौम कहलाता तथा जो महीन बनता वह दुकूल कहलाता। दुकूल की व्याख्या करने के बाद कौटिल्य ने लिखा है कि इसी से काशी और पौड्रदेश के क्षौम की भी व्याख्या हो गयी।[५६] गणपति शास्त्री ने इसे स्पष्ट करते हुए लिखा है कि मोटा दुकूल ही क्षौम कहलाता था।[५७] हेमचन्द्राचार्य ने इसे और भी अधिक स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने लिखा है कि क्षुमा अतसी (अलसी) को कहते हैं उससे बना वस्त्र क्षौम कहलाता है। इसी तरह क्षुमा से (अलसी से) रेशे निकालकर जो वस्त्र बनता है वह दुकूल कहलाता है।[५८] साधुसुन्दरगणि ने भी लिखा है

---

५१ अग्रवाल–हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० ७६
५२ दुकूल क्षौमवस्त्रम् ।–यश० सं० प्र० पृ० ५६२ सं० टीका
५३ क्षौम दुकूल स्यात् ।—अमरकोष २ ६ ११३
५४ अर्थशास्त्र २ ११
५५ क्षीरोदायमान क्षौमै ।—हर्षचरित पृ० १०
चीनांशुकसुकुमारे दुकूलकोमले ।—वही पृ० ३६
५६ तेन काशिक पौण्ड्रक च क्षौम व्याख्यातम् ।—अर्थशास्त्र २, ११
५७ स्थूल दुकूलमेव हि क्षौममिति व्यपदिश्यते ।—वही सं० टी०
५८ क्षुमातसी तस्या विकार क्षौमम् दुकूते क्षुमाया आकृष्यते दुकूलम् ।—अभिधान चिन्तामणि ३।३३३

कि दुकूल अलसी से बने कपडे को कहते हैं।[५९] भारतवर्ष के पूर्वी भागों में (आसाम-बगाल) में यह क्षुमा या अलसी नामक घास बहुतायत से होती थी। बगाल में इसे काखुर कहा जाता था।[६०] दुकूल और क्षौम इसी घास के रेशो से बनने वाले वस्त्र रहे होगे।

सोमदेव ने दुकूल का कई बार उल्लेख किया है, किन्तु क्षौम का एक बार भी नही किया। सम्भव है सोमदेव के पहले से ही दुकूल और क्षौम पर्यायवाची माने जाने लगे हो और इसी कारण सोमदेव ने केवल दुकूल का प्रयोग किया हो। सोमदेव के उल्लेखों से इतना अवश्य मानना चाहिए कि दशवी शताब्दी तक दुकूल का खूब प्रचार था तथा वह वस्त्र, संभ्रान्त और बेशकीमती माना जाता था।

अशुक—यशस्तिलक में कई प्रकार के अशुक का उल्लेख है—अशुक सामान्य या सफेद अशुक[६१] कुसुम्भाशुक या ललाई लिए हुए रग का अशुक[६२], कादमिकाशुक अर्थात् नीला या मटमैल रग का अशुक।[६३]

अशुक भारत में भी बनता था तथा चीन से भी आता था। चीन से आने वाला अशक चीनाशुक कहलाता था। भारतीय जन दोनो प्रकार के अशुको से बहुत काल से परिचित हो चुके थे। चीनाशुक के विषय में ऊपर चीन वस्त्र की व्याख्या करते हुए विशेष लिखा जा चुका है अतएव यहाँ केवल अशुक या भारतीय अशुक के विषय मे विचार करना है।

कालिदास ने सिताशुक,[६४] अरुणाशुक,[६५] रक्ताशुक,[६६] नीलाशुक[६७] तथा श्यामांशुक[६८] का उल्लेख किया है। सम्भवत अशुक पहले सफेद बनता था, बाद

---

५९ दुकूलमतसीपटे।—शब्दरत्नाकर ३।२१६

६० डिक्शनरी आफ इकनोमिक प्रॉडक्टस भा० १, पृ० ४६८-४६६।
उद्धृत अग्रवाल—हर्षचरित एक सास्कृतिक अध्ययन, पृ० ७६, ७७

६१ सितपताकांशुक।—यश० उत्त० पृ० १६

६२ कुसुम्भांशुकपिहितगोरीपयोधर।—वही, पृ० १३

६३ कादंमिकाशुकाधिकृतकायपरिकर।—वही, पृ० २२०

६४ सितांशुका मगलमात्रभूषणा।—विक्रमोर्वशी ३, १२

६५ अरुणरागनिषेधिभिरंशुकै।—रघुवंश ९, ४३

६६ ऋतुसहार ६, ४, २६

६७ विक्रमोर्वशी पृ० ६०

६८ मेघदूत, पृ० ४१

में उसकी विभिन्न रंगो में रँगाई की जाती थी। कादमिकांशुक का अर्थ यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने कस्तूरी से रँगा हुआ वस्त्र किया है।[६९] कात्यायन के अनुसार भी शकल और कदम से वस्त्र रँगने का रिवाज था, जिन्हे शाकलिक या कार्दमिक कहते थ (४।२।२ वा०)।[७०]

बाणभट्ट ने अंशुक का कई बार उल्लेख किया है। व इसे अत्यन्त पतला और स्वच्छ वस्त्र मानते थे।[७१] एक स्थान पर मृणाल के रशो से अशक की सूक्ष्मता का दिग्दर्शन कराया है।[७२] बाण ने फूल-पत्तियो और पक्षियो की आकृतियो से सुशोभित अशुक का भी उल्लेख किया है।[७३]

प्राकृत ग्रन्थो में 'असुय शब्द आता है। आचाराग मे अशुक और चीनाशुक दोनो का पृथक-पृथक निर्देश है।[७४] बहत्-कप्पसूत्र भाष्य म भी दोनो को अलग अलग गिनाया है।[७५]

प्राचीन भारतवर्ष में दुकूल के बाद सबसे अधिक व्यवहार अशुक का ही देखा जाता है। सोमदेव के उल्लेखा से ज्ञात होता है कि दशवी शताब्दी म अशुक का पर्याप्त प्रचार था।

कौशेय—कौशेय का उल्लेख सोमदेव ने विभिन्न दशा के राजाओ द्वारा भेजे गये उपहारो म किया है। कोशल नरेश ने सम्राट यशोधर को कौशेय वस्त्र उपहार में भेजे।[७६]

कौशय शहतूत की पत्ती खाकर कोश बनानेवाले कीडो के रेशम से बनाए जानेवाल वस्त्र का नाम था।[७७] दशी भाषा म अब इसका 'कोशा नाम शेष रह गया है। कोशा तैयार करने की वही पुरानी प्रक्रिया अब भी अपनाई जाती है। कोशा महगा खूबसूरत तथा चिकना वस्त्र होता है। महगा हाने के कारण जन साधारण इसका सदा उपयोग नही कर पाते फिर भी विशेष अवसरो क लिए

---

६९ कादमिक कदमेण रक्तम्।—यश० उत्त० पृ० २२० स० टी०

७० उद्धृत अग्रवाल—पाणिनिकालीन भारतवष पृ० २२५

७१ सूक्ष्मविमलेन प्रज्ञावितानेनेवाशुकेनाच्छादितशरीरा।—हर्षचरित, पृ० ९

७२ विषतन्तुमयेनांशुकेन।—वही पृ० १०

७३ बहुविधकुसुमशकुनिशतशोभितादतिस्वच्छादंशुकात्।—वही पृ० ११४

७४ अंसुयाणि वा चीणसुयाणि वा।—आचाराग २ वत्थ० १४ ६

७५ असुग चीणसुगे च विगलेंदी।—बृहत् कल्पसूत्र० ४ ३६६१

७६ कौशेयै कौशलेन्द्र।—यश० स० पू० पृ० ४७०

७७ मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा, पृ० ६५

कोशे के वस्त्र बनवा कर रखते हैं। बुन्देलखण्ड में अभी भी कोश के साफे बाँधने का रिवाज है।

कौशेय के विषय में कौटिल्य ने कुछ अधिक जानकारी दी है। अर्थशास्त्र में लिखा है कि पत्रोर्ण की तरह कौशेय की भी चार योनियाँ होती हैं अर्थात् कौशेय के कीड़े नागवृक्ष लिकुच बकुल तथा वट के वृक्षों पर पाले जाते हैं और तदनुसार कौशय भी चार प्रकार का होता है। नागवृक्ष पर पैदा किया गया पीतवर्ण, लिकुच पर पैदा किया गया गेहुआँ रंग का, बकुल पर पैदा किया गया सफेद तथा वट पर पैदा किया गया नवनीत के रंग का होता है। कौशेय चीन से भी आता था।[78]

२ पोशाकें या पहनने के वस्त्र

पोशाक या पहनने के वस्त्रों में कंचुक[79] वारबाण[80] तथा चोलक[81] का उल्लेख विशेष महत्त्वपूर्ण है।

कंचुक—कंचुक एक प्रकार का कोट होता था किन्तु सोमदेव ने चोली अर्थ में कंचुक का प्रयोग किया है। खेतों में जाती हुई कृषक वधुएँ कंचुक पहने थीं जो कि उनके घटस्तनों के कारण फटे जा रहे थे।[82] यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने कंचुक का अर्थ कूर्पासक किया है।[83]

वारबाण—वारबाण का उल्लेख यशस्तिलक में अमृतमती के वर्णन के प्रसंग में आया है। अमृतमती जब अष्टवक्र के साथ रति करके लौटी और जा कर यशोधर के साथ लेट गयी, उस समय जोर-जोर से चल रहे उसके श्वासोच्छ्वास से उसका वारबाण कंपित हो रहा था।[84] श्रुतदेव ने वारबाण का अर्थ कंचुक किया है।[85] अमरकोषकार ने भी कंचुक और वारबाण को एक माना

---

७८ नागवृक्षो लिकुचो वकुलो वटश्च योनयः। पीतिका नागवृक्षिका, गोधूमवर्णा लौकुची श्वेता वाकुली शेषा नवनीतवर्णा। तथा कौशेयं चीनपट्टाश्च चीनभूमिजा व्याख्याता। —अर्थशास्त्र, २. ११

७९ पीनकुचकुम्भदपस्फुटत्कंचुका।—यश० सं० पू० पृ० १६

८० निकम्पाना चोलकम्पोत्तालितवारबाणम्।—वही उत्त० पृ० २१

८१ आप्रपदीनचोलकस्खलितगतिवैलक्ष्य।—वही सं० पू० पृ० ४६६

८२ देखिए—उद्धरण संख्या ७९

८३ कंचुकानि कूर्पासका।—यश० सं० पू० पृ० १६ सं० टी०

८४ निकम्पाना चोलकम्पोत्तालितवारबाणम्।—यश० उत्त०, पृ० २१

८५. वारबाणं कंचुकम्।—वही सं० टी०

है।[८६] किन्तु वास्तव मे वारबाण कंचुक की तरह का होकर भी कंचुक से भिन्न था। यह कंचुक की अपेक्षा कुछ कम लम्बा घुटनो तक पहुँचने वाला कोट था।

काबुल से लगभग २० मील उत्तर खेरखाना से चौथी शती की एक संगमरमर की मूर्ति मिली है। वह घुटने तक लम्बा कोट पहने हैं जो वारबाण का रूप है।[८७] ठीक वैसा ही कोट पहने अहिच्छत्रा के खिलौनो में एक पुरुष मूर्ति मिली है।[८८]

मथुरा कला में प्राप्त सूर्य और उनके पार्श्वचर दण्ड और पिंगल की वेशभूषा मे जो ऊपरी कोट है वह वारबाण ही ज्ञात होता है। मथुरा संग्रहालय मूर्ति सं० १२५६ की सूर्य की मूर्ति का कोट उपर्युक्त खेरखाना की सूर्य-मूर्ति के कोट जैसा ही है। मूर्ति सं० ५१३ की पिंगल की मूर्ति भी घुटने तक नीचा कोट पहने है। मथुरा में और भी आध दर्जन मूर्तियो मे यह वेशभूषा मिलती है।[८९]

वारबाण भारतीय वेशभूषा मे सासानी ईरान की वेशभूषा से लिया गया। वारबाण पहलवी शब्द का संस्कृत रूप है। इसका फारसी स्वरूप 'बरवान (Barwan) अरमाइक भाषा मे बरपानक (Varpanak) सीरिया की भाषा मे इन्ही से मिलता जुलता 'गुरमानका (Gurmanaka) और अरबी मे 'जुरमानकह (Zurman ıqah) रूप मिलते हैं जो सब किसी पहलवी मूल शब्द से निकले होने चाहिए।[९०]

भारतीय साहित्य मे वारबाण के उल्लेख कम ही मिलते है। कौटिल्य ने ऊनी कपडो मे वारबाण की गणना की है।[९१] कालिदास ने रघु के योद्धाओं का वारबाण पहने हुए बताया है।[९२] मल्लिनाथ ने वारबाण का अर्थ कंचुक किया है।[९३] बाणभट्ट ने सेना मे सम्मिलित हुए कुछ राजाओं को स्तवरक के बने वारबाण पहने बताया है।[९४] दधीचि का अंगरक्षक सफेद वारबाण पहने

---

८६ कंचुको वारबाणोऽस्त्री।—अमरकोष २ ८ ६४

८७ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १५०

८८ अग्रवाल—अहिच्छत्रा के खिलौने चित्र ३०५ पृ० १७३, ऐन्शएंट इंडिया

८९ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० १५०, फु नोट ८६

९० ट्रांजेक्शन ऑफ दी फिलोलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन १९४५, पृ० १५४ फुटनोट हेनिंग। उद्धृत अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १५१

९१ वारबाण परिस्तोम समन्तभद्रकं च आविकम्।—अर्थशास्त्र, २९, ११

९२ तथोधवारबाणानाम्।—रघुवंश, ४।५५

९३ वारबाणानां कंचुकानाम्।—वही सं० टी०

९४ तारमुक्तास्तवकितस्तवरकवारबाणैश्च।—हर्षचरित, पृ० २०६

था।[९५] कादम्बरी में भी बाणभट्ट ने वारबाण का उल्लेख किया है। चन्द्रापीड जब शिकार खेलने गया तब उसने वारबाण पहन रखा था। मृग-रक्त के सैकड़ो छींट पड़ने से उसकी शोभा द्विगुणित हो गयी थी।[९६] मृगया से लौटकर चन्द्रापीड परिजनो के द्वारा लाये गये आसन पर बैठा और वारबाण उतार दिया।[९७]

उपर्युक्त उल्लेखो से यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि वारबाण केवल जिरह बख्तर के लिए नही बल्कि साधारण वस्त्र के लिए भी आता था। कौटिल्य के उल्लेखानुसार तो वारबाण ऊनी भी बनते थे। बाणभट्ट को वारबाण की जानकारी हर्ष के दरबार म हुई होगी। भारतवर्ष में यह वस्त्र कब से आया, यह कहना मुश्किल है किन्तु इसके अत्यल्प उल्लेखो से लगता है कि वारबाण का प्रयोग प्राय राजघरानो तक ही सीमित रहा। सम्भव है अधिक महगा होने से इसका प्रचार जनसाधारण मे न हो पाया हो। सोमदेव के उल्लेख से इतना निश्चय अवश्य हो जाता है कि दशवो शताब्दी तक भारतीय राज्यपरिवारो मे वारबाण का व्यवहार होता आया था तथा कचुक की तरह वारबाण भी स्त्री-पुरुष दानो पहनते थे।

चोलक—चोलक का उल्लेख सोमदेव ने सेनाओ के वर्णन के प्रसग में किया है। गौड सैनिक पैरो तक लम्बा (आप्रपदीन) चोलक पहने थे।[९८] सस्कृत टीकाकार ने चोलक का अर्थ कूर्पासक किया है,[९९] किन्तु देखना यह है कि टीकाकार इन वस्त्रा के वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट किए बिना ही कुछ भी अर्थ कर देता है। ऊपर कचुक के लिए कूर्पासक कहा है यहाँ चोलक के लिए। वास्तव में ये सभी वस्त्र अलग-अलग तरह के थे।

चोलक एक प्रकार का वह कोट था, जो कचुक या अन्य सब प्रकार के वस्त्रा के ऊपर पहना जाता था। यह एक सम्भ्रान्त और आदरसूचक वस्त्र समझा जाता था। उत्तर पश्चिम भारत में सर्वत्र नौशे के लिए इस वस्त्र का रिवाज लोक में अभी भी है, जिसे चोला कहते हैं। चोला ढीला-ढाला गुल्फो तक लम्बा खुने गले का पहनावा है, जो सब वस्त्रा के ऊपर पहना जाता है।[१००]

---

९५ धवलवारबाणधारिणम्। – वही पृ० २४

९६ मृगरुधिरलवशतशबलेन वारबाणेन।—कादम्बरी, पृ० २१५

९७ परिजनोपनीत उपविश्यासने वारबाणमवतार्य।—वही पृ० २१६

९८ आप्रपदीनचोलकच्छादितमतिवैलक्ष्य।—यश० सं० पृ०, ४६६

९९ चोलक कूर्पासक।—वही सं० टी०

१०० अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १५२

सम्भवत मध्य एशिया से आनेवाले शक लोग इस वेश को भारत में लाये, और उनके द्वारा प्रचारित होकर यह भारतीय वेशभूषा में समा गया।[१०१]

मथुरा सग्रहालय में जो कनिष्क की मूर्ति है उसमें नीचे लम्बा कचुक और ऊपर सामने से धुराधुर खुला हुआ एक कोट दिखाया गया है जिसकी पहचान चोलक से की जा सकती है।[१०२] मथुरा से प्राप्त हुई सूय की कई मूर्तियो में भी इसी प्रकार के खुल गले का ऊपरी पहरावा पाया जाता है। चष्टन की मूर्ति का भी ऊपरी लम्बा वेश चोलक ही ज्ञात होता है। इसका गला सामने से तिकोना खुला है। कनिष्क और चष्टन के चोलका में अन्तर है। ये दानो दो प्रकार के हैं। कनिष्क का धुराधुर बीच में खुलने वाला है और चष्टन का दुपरती जिसका ऊपर का पग्त बायी तरफ से खुलता है तथा बीच म गल के पास तिकोना भाग खुला दिखाई देता है। कनिष्क की शैली का चोलक मथुरा सग्रहालय की डी० ४६ मङ्कक मूर्ति म और भी स्पष्ट है।[१०३]

मध्य एशिया से लगभग सातवी शती का एक ऐसा ही पुरुष का चोलक प्राप्त हुआ है जिसका गला तिकाना खुला है।[१०४] चष्टन शैली के चोलक का एक सुदर नमूना लाप मरुभूमि से प्राप्त मृण्मय मूर्ति के चोलक म उपलब्ध है। यह उत्तरी वाईवश (३८६ ५३५) के समय का है।[१०५]

बाणभट्ट ने राजाग्रा के वेशभूषा में चीन चोलक का उल्लेख किया है।[१०६]

चण्डातक—चण्डातक का उल्लेख सोमदेव ने चण्डमारी देवी का वर्णन करत हुए किया है। गीला चमडा ही उस देवी का चण्डातक था।[१०७]

चण्डातक का अर्थ अमरकोषकार ने आध जाघो तक पहुँचने वाला अधोवस्त्र

---

१०१ अग्रवाल वही पृ० १२१ मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा पृ० १६१

१०२ मथुरा म्युजियम हैंडबुक चित्र ४ उद्धृत अग्रवाल—हर्षचरित एक सास्कृतिक अध्ययन पृ० १२१

१०३ अग्रवाल—वही पृ० १२२

१०४ वायवी सिलवान—इन्वस्टिगेशन ऑफ सिल्क फ्राम एड्सन गोल एण्ड लाप नार (स्टाकहोम १९४९) प्लेट० ८५। उद्धृत अग्रवाल—वही पृ० १२२

१०५ वायवी सिलवान—वही, पृ० ८३ चित्र स० ३२।
उद्धृत अग्रवाल—वही पृ० १२२

१०६ वापचितचीनचोलकै।—हर्षचरित, पृ २०६

१०७ चण्डातकमार्द्र चर्माणि।—यश० सं पू० पृ० १२०

किया है ।[108] वह एक प्रकार का जाँघिया या घंघरीनुमा वस्त्र था, जिसे स्त्री और पुरुष दोनो पहनते थे ।[109]

उष्णीष—शिरोवस्त्र में सोमदेव ने उष्णीष और पट्टिका का उल्लेख किया है। उत्तरापथ के सैनिक रंग-बिरंगा उष्णीष पहने थे ।[110] दक्षिणापथ के सैनिको ने बालो को पट्टिका से कसकर बान्ध रखा था ।[111]

सोमदेव के उल्लेख से उष्णीष के आकार प्रकार या बाँधने के ढग पर विशेष प्रकाश नही पडता, केवल इतना ज्ञात होता है कि उष्णीष कई रग के बनते थे। सम्भव है इनकी रगाई बाँधनू के ढग से की जाती हो। बुन्देलखण्ड के लोकगीतों में पचरग पाग (उष्णीष) के उल्लेख आते हैं।

डॉ० मोतीचन्द्र ने साहित्य तथा भरहुत, साँची और अमरावती की कला में अकित अनेक प्रकार के उष्णीषो का वर्णन भारतीय वेशभूषा में किया है।

कौपीन—कौपीन का उल्लेख सोमदेव ने एक उपमालकार मे किया है। दाक्षिणात्य सैनिक जाघा से इकदम सटा हुआ वस्त्र पहने थे, जिससे वे कौपीनधारी वैखानस की तरह लगते थे ।[112]

कौपीन एक प्रकार का छोटा चादर कहलाता था जिसका उपयोग साधु पहनने के काम म करते थ।

उत्तरीय—उत्तरीय का उल्लेख भी तीन बार हुआ है। मुनिकुमारयुगल शरीर की शुभ्र प्रभा के कारण ऐसे प्रतीत होते थे, जैसे उन्होने दुकूल का उत्तरीय ओढ रखा हो ।[113] कुमार यशोधर के राज्याभिषेक का मुहूर्त निकालने के लिए जो ज्योतिषी लोग इकट्ठे हुए थे वे दुकूल के उत्तरीय से अपने मुंह ढंके थे ।[114]

राजमाता चन्द्रमति ने सन्ध्याराग की तरह हलके लाल रग का उत्तरीय ओढ़ रखा था (सन्ध्यारागोत्तरीयवसनाम, उत्त० ८२)। ओढनेवाले चादर को उत्तरीय कहा जाता था। अमरकोषकार ने उत्तरीय को ओढने वाले वस्त्रो में गिनाया है ।[115]

---

१०८ अधोरुकं वरस्त्रीणां स्याच्चण्डातकमस्त्रियाम् ।—अमरकोष २ ६, ११६

१०९ मोतीचन्द्र—भारतीय वेशभूषा पृ० २२

११० भागभागार्पितानेकवर्णवसनवन्धितोष्णीषम् ।—यश० सं० पू० पृ० ४६५

१११ पट्टिकाप्रतानघटितोद्भटजूटम् । पृ० ४६१

११२. जाघक्षणोत्क्षिप्तनिबिडनिवसनं सकौपीनं वैखानसवृन्दमिव ।—पृ० ४६२

११३, वपुःप्रभापटलदुकूलोत्तरीयम् ।—पृ० १५३

११४ उत्तरीयदुकूलांचलपिहितबिम्बिना । पृ० ३१६

११५ संव्यानमुत्तरीयं च ।—अमरकोष, २, ६, ११८

चीवर—एक उपमा अलकार में चीवर का उल्लेख है। चीवर की ललाई से अन्त करण के अनुराग की उपमा दी गयी है।[११६]

बौद्ध भिक्षुओ के पहिनने ओढ़ने के काषाय वर्ण के चादर चीवर कहलाते थे। महावग्ग में चीवरक्खन्धक नाम का एक स्वतन्त्र प्रकरण है, जिसमें भिक्षुओ के लिए तरह-तरह की कथाओ के माध्यम से चीवरो के विषय में ज्ञातव्य सामग्री प्रस्तुत की गयी है।[११७] चीवर कपडो के अनेक टुकडो को एक साथ सिलकर बनाए जाते हैं।

अवान—आश्रमवासी तपस्वियो के वस्त्र के लिए यशस्तिलक में अवान शब्द आया है।[११८]

परिधान—अधोवस्त्रो मे सोमदेव ने परिधान और उपसंव्यान शब्दो का उल्लेख किया है। एक उक्ति मे सोमदेव कहते है कि जो राजा अपने देश की रक्षा न करके दूसरे देशो को जीतने की इच्छा करता है वह उस पुरुष के समान है जो धोती खोल कर सिर पर साफा बांधता है।[११९] अमरकोषकार ने नीचे पहननेवाले वस्त्रो मे परिधान की गणना की है।[१२०] बुन्देलखण्ड म अभी भी धोती को पर्दनी या परदनिया कहा जाता है जो इसी परिधान शब्द का बिगडा हुआ रूप है।

उपसव्यान—उपसव्यान का दो बार उल्लेख है। एक कथा के प्रसग में एक अध्यापक बकरा खरीदता है और अपने शिष्य से कहता है, कि इसे उपसंव्यान से अच्छी तरह बाँधकर लाना।[१२१] यहाँ पर सस्कृत टीकाकार ने उपसंव्यान का अर्थ उत्तरीय वस्त्र किया है।[१२२]

राजमाता ने सभामडप म जाते समय उपसव्यान धारण किया था (अरुण मणिमौलिमयूखोन्मुखराजिरजितोपसव्यानाम, उत्त० ८२)। यहाँ सस्कृत टीकाकार ने अधोवस्त्र ही अर्थ किया है।

---

११६ चीवरोपरागनिरतान्त करणेन।—यश० उत्त०, पृ० ८

११७ महावग्ग चीवरक्खन्धक

११८ अपरगिरिशिखराश्रयाश्रमवासतापसावानवितानितधातुजलपाटलपटप्रतान स्तृशि।—यश० उत्त० पृ० ५१

११९ अकृत्वा निजदेशस्य रक्षां यो विजिगीषते।
स नृप परिधानेन वृत्तमौलि पुमानिव॥—यश० सं० पू० पृ० ७४

१२० अन्तरीयोपसंव्यानपरिधानान्यधोंशुके।—अमरकोष २ ६, ११७

१२१ तदतियत्नादुपसंव्यानेन बद्ध्वानीयताम्।—यश० उत्त० पृ० ११२

१२२. उपसंव्यानेन उत्तरीयवस्त्रेण।—वही, सं० टी०

परिधान और उपसव्यान में क्या अन्तर था, यह स्पष्ट नहीं होता।[१२३] अमरकोषकार ने दोनों को अधोवस्त्र कहा है। हेमचन्द्र ने भी दोनों को अधोवस्त्र कहा है।[१२४] यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार के एक स्थान पर अधोवस्त्र और एक स्थान पर उत्तरीय अर्थ करने से प्रतीत होता है कि टीकाकार को उपसव्यान के अर्थ का ठीक पता नहीं था। अमरकोषकार ने अधोवस्त्र के लिए उपसंव्यान और उत्तरीय के लिए संव्यान [१२५] पद दिया है। सम्भवतः इसी शब्द व्यवहार से भ्रमित होकर टीकाकार ने यह अर्थ कर दिया।

गुह्या—गुह्या का उल्लेख शंखनक नामक दूत के वर्णन में हुआ है। शखनक ने पुराने गोन की गुह्या पहन रखी थी।[१२६] गुह्या का अर्थ श्रुतसागर ने कच्छोटिका किया है।[१२७]

बुन्देलखण्ड में बिना सिले वस्त्र को लगोट की तरह पहनने को कछुटिया लगाना कहते हैं। यहाँ गुह्या से सोमदेव का यही तात्पर्य प्रतीत होता है।

हसतूलिका—हसतूलिका का उल्लेख सोमदेव ने अमृतमति महारानी के भवन के प्रसग में किया है। अमृतमति के पलग पर हंसतूलिका बिछी थी, जिस पर तरंगित दुकूल का चादर बिछा था।[१२८] संस्कृत टीकाकार ने हसतूलिका का अर्थ प्रास्तरण विशेष किया है।[१२९]

उपधान—तकिए के लिए सोमदेव ने अत्यन्त प्रचलित संस्कृत शब्द उपधान का प्रयोग किया है। अमृतमती के अन्तःपुर में पलग के दोनो ओर दो तकिए रखे थे, जिससे दोनो किनारे ऊँचे हो गये थे।[१३०]

कन्था—यशस्तिलक मे कन्था का उल्लेख दो बार आया है। शीतकाल के वर्णन में सोमदेव ने लिखा है कि इतने जोरो की ठड पड़ रही थी कि

---

१२३ देखिये—उद्धरण १२०

१२४ परिधान स्त्वधोंशुकम् अन्तरीयं निवसनमुपसंव्यानमित्यपि, ।—अभिधान चिन्तामणि ३।३३६,३३७

१२५ संव्यानमुत्तरीयं च।—अमरकोष, २।६।११८

१२६ पटच्चरजीर्णगोणीगुह्यापिहितमेहन ।—यश० स० पू० पृ० ३९८

१२७ गुह्या कच्छोटिका।—वही सं० टी०

१२८ तरंगितदुकूलपटप्रसाधितहसतूलिकम्।—यश० उत्त० पृ० १०

१२९ हसतूलिका प्रास्तरणविशेषः।—वही, सं० टी०

१३० उपधानद्वयोत्तम्भितपूर्वापरभागम्।—यश० उत्त०, पृ० १०

गरीब परिवारों में पुरानी कन्थाएँ चिथड़ी हुई जा रही थी।[१३१] एक अन्य स्थल पर दुःस्वप्न के कारण राज्य छोडने के लिए तत्पर सम्राट यशोधर को राजमाता समझाती है कि जू के भय से क्या कन्था भी छोड दी जाती है।[१३२]

कन्था, जिसे देशी भाषा में कथरी कहा जाता है अनेक पुराने जीर्ण-शीर्ण कपडो को एक साथ सिल कर बनाए गये गद्दे को कहते हैं। गरीब परिवार जो ठड से बचाव के लिये गर्म या रूई भरे हुए कपडे नही खरीद सकते, वे कन्थाएँ बना लेते हैं। ओढने और बिछाने दोनो कामो में कन्थाओ का उपयोग किया जाता है। मोटी होने से इन्हे जल्दी से धोना भी मुश्किल होता है इसी कारण इनमें जू भी पड जाती है।

नमत—यशस्तिलक म नमत[१३३] (हि० नमदा) का उल्लेख एक ग्राम के वर्णन के प्रसग मे आया है। उज्जयिनी के समीप मे एक ग्राम के लोग नमदे और चमडे की जीनें बना कर अपनी आजीविका चलाते थे।[१३४] सस्कृत टीकाकार ने नमत का अर्थ ऊनी खेस या चादर किया है।[१३५]

नमदे भेडो या पहाडी बकरो के रोएँ को कूट कर जमाए हुए वस्त्र को कहते हैं। काश्मीर के नमदे अभी भी प्रसिद्ध हैं।

निचोल—यशस्तिलक मे निचोल के लिए निचल शब्द आया है।[१३६] सस्कृत टीकाकार ने एक स्थान पर निचोल का अर्थ कचुक किया है[१३७] तथा दूसरे स्थान पर प्रावरण वस्त्र किया है।[१३८] प० सुन्दरलाल शास्त्री ने भी इसी के आधार पर हिन्दी अनुवाद मे भी उक्त दोनो ही अर्थ कर दिये हैं।[१३९] प्रसग की दृष्टि से निचल का अर्थ कचुक यहाँ ठीक नही बैठता। अमरकोषकार ने

---

१३१ शिथिलयति दुर्विधकुटुम्बेषु जरत्कन्थापटच्चराणि।—यश० स० पू०, पृ० ५७
१३२ भयेन किं मन्दविसर्पिणीना कन्था त्यजन्काऽपि निरक्षितोऽस्ति।
—यश उत्त० पृ० ८९
१३३ मुद्रित प्रति का तमत पाठ गलत है।
१३४ नमताजिनजेणाजीवनोटजाकुले।—यश० उत्त०, पृ० २१८
१३५ नमतम् ऊर्णामयास्तरणम्।—वही स० टी०
१३६ जगद्वलयंनीलनिचलेषु निचलसनाथनृपतिचापसपादिषु।
—यश० सं० पृ० ७१ ७२
१३७ नीलनिचल कृष्णवर्णनिचोलक कंचुक।—वही स० टी०
१३८ निचलसनाथानि प्रावरणवस्त्रसहितानि।—वही स० टी०
१३९ सुन्दरलाल शास्त्री—हिन्दी यशस्तिलक पृ० ५०

निचोल का अर्थ प्रच्छदपट अर्थात् बिछाने का चादर किया है।[१४०] क्षीरस्वामी ने इसे और भी अधिक स्पष्ट किया है कि जिससे शय्या आदि प्रच्छादित की जाए उसे निचोल कहते हैं।[१४१] शब्दरत्नाकर में भी निचोलक, निचुलक, निचोल, निचोलि और निचुल ये पाँच शब्द प्रच्छादक वस्त्र के लिए आये हैं।[१४२] यही अर्थ यशस्तिलक मे भी उपयुक्त बैठता है। सोमदेव ने लिखा है कि काले-काले मेघ पृथ्वीमण्डल पर इस तरह छा गये, जैसे नीला प्रच्छदपट बिछा दिया हो।[१४३]

वितान—यशस्तिलक में सिचयाल्लोच तथा वितान शब्द आए हैं। सोमदेव ने लिखा है कि राजपुर में गगनचुम्बी शिखरो पर लगे हुए सुवर्ण-कलशो से निकलने वाली कान्ति से आकाश लक्ष्मी के भवन में सिचयोल्लोच-सा बन रहा था।[१४४]

एक दूसरे प्रसग मे सोमदेव ने लिखा है कि अस्ताचल पर रहनेवाले साधुओ ने अपने अवान सूखने के लिए वितान की तरह डाल रखे थे।[१४५] चण्डमारी के मन्दिर में पुराने चमडे के बने वितान का उल्लेख है।[१४६]

अमरकोष मे उल्लोच और वितान समानार्थी शब्द हैं।[१४७]

•

१४० निचोल प्रच्छदपट ।—अमरकोष २ ६, ११६

१४१ निचोलते अनेन निचोल येन तूलशय्यादि प्रच्छाद्यते ।—वही, सं टी०

१४२ निचोलको निचुलको निचोल च निचोल्यपि ।
निचुलो वस्त्रस्थिकार्या स्मृता पर्यस्तिकायुत ॥—शब्दरत्नाकर ३ २२५

१४३ पयोधरोन्नतिजनितजगद्वलयनीलनिचोलेषु ।—यश० सं० पू० पृ० ७१

१४४ अपरनररत्नचयनिचितकाचनकलशविसरदविरलकिरणजालजनितान्तरिक्षलक्ष्मी निवासविचित्रसिचयोल्लोचचै ।—यश० सं० पू० पृ० १८ १९

१४५ अपरगिरिशिखराश्रयाश्रमावासतापसावानवितानितभानुअलपाटलप्रतानपुरि ।
—यश० उत्त०, पृ० ५

१४६ जीर्णचर्मविनिर्मितवितानम् ।—यश० सं० पू०, पृ० १४८

१४७ अस्त्री वितानमुल्लोचो ।—अमरकोष २, ६, १२०

परिच्छेद आठ

आभूषण

यशस्तिलक मे सोमदेव ने शरीर के विभिन्न अगो म धारण किये जाने वाले विभिन्न अलकारो या आभूषणो का उल्लेख किया है। शिरोभूषण में किरीट, मौलि पट्ट मुकुट और कोटीर कर्णाभरणा में अवतस कर्णपूर कर्णिका कर्णोत्पल तथा कुण्डल, गले के आभूषणा में एकावली कण्ठिका मौक्तिक दाम तथा हारयष्टि, भुजा के आभूषणो मे ककण और वलय, अगुली के आभूषण मे उर्मिका तथा अगुलीयक कमर के आभूषणो म कांची मेखला रसना तथा सारसना और पैर के आभूषणो मे मजीर हिंजीरक नूपुर, हसक तथा तुलाकोटि के उल्लेख हैं। भारतीय अलकारशास्त्र की दृष्टि से यह सामग्री विशेष महत्व की है। विशेष विवरण निम्नप्रकार है—

शिरोभूषण

शिरोभूषण में किरीट मौलि पट्ट और मुकुट का उल्लेख है।

किरीट—किरीट का दो बार उल्लेख हुआ है। मंगलपद्य में कहा गया है कि जिनेन्द्रदेव के चरणकमलो का प्रतिबिम्ब नमस्कार करते हुए इन्द्र के किरीट में पड रहा था।[१] दूसरे प्रसग में मुनिमनोहर नामक मेखला को अटवी रूप लक्ष्मी के किरीट की शोभा के समान कहा गया है।[२]

मौलि—मौलि का उल्लेख भी दो बार हुआ है। राजपुर के उद्यान को महादेव के मौलि के समान कहा गया है।[३] एक प्रसग में राजाओ के मौलियो का उल्लेख है। पांचाल नरेश के दूत से यशोधर का एक योद्धा कहता है कि यदि कोई राजा हठ के कारण अपना मौलि यशोधर के चरणो में नही झुकाता तो युद्ध में उसका सिर काट लूंगा।[४]

---

१ त्रिविष्टपाधीशकिरीटोदयकोटिषु।—श० पू०, पृ० २
२ किरीटोच्छ्रय इवाटवीलक्ष्म्या।—पृ० ११२
३ ईशानमौलिमिव।—पृ० ६५
४ हठविलुठितमौलि।—पृ० ५५१

पट्ट—पट्टबन्ध उत्सव के प्रसग में पट्ट का उल्लेख है।[५] पट्ट सिर पर बाँधने का एक विशेष प्रकार का आभूषण था। यह प्राय सोने का होता था जो उष्णीष या शिरो भूषा के ऊपर बाँधा जाता था। केवल राजा, युवराज, राज महिषी और सेनापति को पट्ट बाँधने का अधिकार था। बृहत्संहिता (४८ २ ४) में पाँच प्रकार के पट्टो की लम्बाई चौडाई और शिखा का विवरण दिया गया है। पाँचवें प्रकार का पट्ट प्रसाद पट्ट कहलाता था, जो सम्राट की कृपा से किसी को भी प्राप्त हो सकता था।[६]

मुकुट—एक प्रसग मे महासामन्तो के मुकुटों का उल्लेख है।[७]

कर्णाभूषण

कर्ण के आभूषणो में अवतस कर्णपूर, कर्णिका कर्णोत्पल तथा कुण्डल का उल्लेख है।

अवतस—अवतस प्राय पल्लवो अथवा पुष्पो का बनता था। यशस्तिलक मे विभिन्न प्रसगो पर पल्लव, चम्पक, कचनार उत्पल, कुवलय तथा कैरव के बने अवतसो के उल्लेख आये हैं। एक स्थान पर रत्नावतस का भी उल्लेख है।

पल्लवावतस—प्रमदवन की क्रीडाओ के प्रसग में सोमदेव ने लिखा है कि कपोलो पर आये हुए स्वेदबिन्दु रूप मजरी-जाल से कामिनियो के अवतस-पल्लव पुष्पित से हो गये थे।[८] यन्त्रधारागृह के प्रसग मे भी अवतस किसलय का उल्लेख है।[९]

पुष्पावतस—राजपुर की कामिनियाँ कचनार के विकसित हुए पुष्पो में चम्पा के पुष्प लगाकर अवतंस बनाती थी।[१०] उत्पल के अवतसो को छूती हुई कुन्तल वल्लरी ऐसी प्रतीत होती थी जैसे उत्पल पर भौंरे बैठे हों।[११] कानो में पहने

---

५ पट्टबन्धविवाहोत्सवाय।—पृ० २८८
पट्टबन्धोत्सवोपकरणसभार।—पृ० २८३

६ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० १२२

७ महासामन्तमुकुटमाणिक्य।—यश० सं० पू० पृ० ३२५

८ कपोलतलोल्लसत्स्वेदजलमंजरीजालकुसुमितावतंसपल्लवाभि।—पृ० ३८

९ वल्लभावतसकिसलयावासम्।—पृ० ५२१

१० चम्पकचितविकचकचनारविरचितावतंसेन।—पृ० १५१

११ कर्णावतंसोत्पलश्लिष्टेन्दिन्दिरसुन्दरद्युति कुन्तलवल्लरी।—पृ० १२१

हुए अवतसोत्पल विरह की अवस्था में मुकुलित हो जाते थे।[१२] मुनिकुमार युगल कोई अलंकार नहीं पहने थ फिर भी कानो पर पड रही अपने नीले नेत्रो की कान्ति से लगते थे मानो कुवलय के अवतस पहने हो।[१३] एक स्थान पर उत्प्रेक्षालकार मे कुवलयावतस का उल्लेख है।[१४] यन्त्रधारागृह में यन्त्रस्त्री को भी कुवलय के अवतस पहनाए गये थ।[१५]

उत्पल और कुवलय दानो नील कमल के नाम हैं,[१६] इसलिए उपर्युक्त काव्यालकारो के साथ उनका सामजस्य बैठाया गया है।

कैरव[१७] अर्थात सफेद कमल के अवतम का भी एक प्रसग में उल्लेख है।[१८] यहाँ सोमदेव ने अवतम के लिए केवल वतस शब्द का प्रयोग किया है। भागुरि के अनुसार अव और अपि उपसर्गों के अकार का लोप हो जाता है। एक स्थान पर रत्नावतस का उल्लेख है (धर्मरत्नावतस स० पू० ५६६)।

अवतस पहनने का रिवाज सम्भवत कर्णाटक तथा बगाल में अधिक था, क्योकि सोमदेव ने एक प्रसग पर मारिदत्त राजा को कर्नाटक देश की कामिनियो के लिए अवतस के समान[१९] तथा एक अन्य प्रसग म बगाल की वनिताओ के कर्णावतसो की तरह बताया है।[२०] एक स्थान पर पद्मावतस का उल्लेख है (पद्मावतसरमणीरमणीयसार ५९७, पू०)।

कर्णपूर—कर्णपूर का उल्लेख चार बार हुआ है। एक स्थान पर स्त्रियो के मधुरालाप को कर्णपूर के समान बताया है।[२१] दूसरे प्रसग में सूक्त गीतामृत को कर्णपूर की तरह स्वीकृत करते हुए लिखा है।[२२] यन्त्रधारागृह के प्रसग म मरुए

---

१२ मुकुलित कर्णावतसोत्पलै।—पृ० ६१३

१३ अनवतसमपि कुवलयितकर्णम्।—पृ० १५६

१४ कुवलयै कर्णावतसोदयै। —पृ० ६१२

१५ कुवलयेनावतसापितेन।—पृ० ५३१

१६ स्यादुत्पल कुवलयमथ नीलाम्बुजन्म च।—अमरकोष, १ ६ ३७

१७ सिते कुमुदकैरवे।—वही १ ६ ३८

१८ कैरवावतस।—पृ० ६१०

१९ कर्णाटयुवतिसुरतावतस।—पृ० १८०

२० बगीवनिता श्रवणावतस।—पृ० १८८

२१ स्मरसारालापकर्णपूरै।—पृ० २४

२२ सूक्तगीतामृतरस कर्णपूरता नयन्।—पृ० ३६६

के फूल से बने कर्णपूर का उल्लेख है।[२३] यशोधर को दशार्ण देश की स्त्रियो के लिए कर्णपूर कहा है (स० पू० पृ० ५६८)। संस्कृत टीकाकार ने कर्णपूर का पर्याय कर्णावतंस दिया है।[२४]

कर्णपूर के लिए देशी भाषा में कनफूल शब्द चलता है (कर्णपूर > कर्णफूल > कनफूल)। कर्णपूर या कनफूल विकसित पुष्प या कुड्मल के आकार के बनते हैं।

कर्णिका—यशस्तिलक में कर्णिका का केवल एक बार उल्लेख है। द्रामिल सैनिक अपने लम्बे लम्बे कानो में सोने की कर्णिका पहने थे।[२५] सोमदेव ने लिखा है कि सुवर्ण कर्णिकाओ से निकलने वाली किरणे कपोलो पर पडती थी, जिससे लगता था कि कपोलो पर फूले हुए कनेर के उपवन की रचना की गयी है।[२६] इस उपमा से लगता है कि कर्णिका कनेर के फूल के आकार की बनती होगी। अमरकोषकार ने कर्णिका और तालपत्र को पर्याय माना है।[२७] क्षीरस्वामी ने इसे स्पष्ट करते हुए लिखा है कि कर्णिका तालपत्र की तरह सोने की भी बनती थी।[२८] इससे स्पष्ट है कि कर्णिका तालपत्र की तरह गोल आभूषण था, आजकल इसे तरोना कहते है।

कर्णोत्पल—ऊपर उत्पल के अवतंसो का वर्णन किया गया है कर्णोत्पल का भी एक बार उल्लेख है। सोमदव ने यौधेय की कृषक वधुओ के नेत्रो की उपमा विकसित हुए कर्णोत्पल से दी है।[२९]

कर्णोत्पल सम्भवत उत्पल अर्थात् नीले कमल का बनता था अथवा उसी आकार का सोने आदि का भी बनता हो। अजन्ता के चित्रो मे भी कर्णोत्पल का चित्रांकन हुआ है।[३०]

---

२३ कर्णपरमणबकोद्भेदसुन्दरगण्डमण्डलाभि।—पृ० ५१२

२४ कर्णपूर कर्णाभरणं श्रवणावतंस।—सं० टी० पृ० २४

२५ अतिप्रलम्बश्रवणदेशदोलायमानस्फारसुवर्णकर्णिका।—पृ० ४६३

२६ सुवर्णकर्णिकाकिरणकोटिकमनीयकुसुमपल्लवताकपोलस्थलीपरिकल्पितप्रफुल्ल कर्णिकारकाननमिव।—पृ० ४६३

२७ कर्णिका तालपत्रं स्यात्।—अमरकोष, २,६ १०३

२८ कर्णालंकारस्तालपत्रवत्सौवर्णोऽपि। वही, सं० टी०

२९ विकचकर्णोत्पलस्पर्धितरलेक्षणा।—यश० पृ० १५

३० औधकृत अजन्ता फलक ३३। उद्धृत, अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन फलक २०, चित्र ७८

कुण्डल—यशस्तिलक में कुण्डल का उल्लेख तीन बार हुआ है। शखनक कपास के कुडमल की आकृति के बने कुण्डल पहने था।[३१] स्वय सम्राट यशोधर ने चन्द्रकान्त के बने कुण्डल धारण किये थे।[३२] मुनिकुमार युगल बिना आभूषणों के ही अपने कपोलो की कान्ति से ऐसे लगते थे मानो कानो में कुण्डल धारण किये हो।[३३]

शखनक के 'तूलिनीकुसुमकुडमल' के उल्लेख से ज्ञात होता है कि कुण्डल कई आकृतियो के बनते थे। अमरकोषकार के अनुसार कुण्डल कान को लपेट कर पहना जाता था।[३४] बुन्देलखण्ड में कहीं-कही अभी भी ऐसे कुण्डलो का रिवाज है। इनमें गोल बाली तथा साने की इकहरी लडी लगी होती है। लडी को कानो के चारो ओर लपेट लिया जाता है तथा बाली को कान के निचले हिस्से में छिद्र करके पहना जाता है। अजन्ता की कला में इस तरह के कुण्डल का चित्राकन देखा जाता है।[३५]

गले के आभूषण

गले के आभूषणो में एकावली कण्ठिका मौक्तिकदाम हार तथा हारयष्टि के उल्लेख हैं।

एकावली—सम्राट यशोधर के पिता जब सन्यस्त होने लगे तो उन्होंने अपने गले से एकावली निकालकर यशोधर के गले मे बाँध दी।[३६] यह एकावली उज्ज्वल मोती को मध्यमणि के रूप में लगा कर बनायी गयी थी (तारतरल मुक्ताफलाम् २८८)।[३७] सोमदेव ने इसे समस्त पृथ्वीमण्डल को वश में करने के लिये आदेशमाला के समान कहा है (अखिलमहीवलयवश्यतादेशमालामिव, २८८)।

---

३१ तूलिनीकुसुमकुड्मलाकृतिजातुषोत्कर्षितकर्णकुण्डल ।—यश० स० पू० पृ० ३१८

३२ चन्द्रकान्तकुण्डलाभ्यामलंकृतश्रवण । पृ० २६७

३३ कपोलकान्तिकुण्डलितमुखमण्डलम् । पृ० १५६

३४ कुण्डलं कर्णवेष्टनम् ।—अमरकोष, २ ६ १०३

३५ औंधकृत अजन्ता फलक ३२ उद्धृत,
अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन फलक २०, चित्र ७८

३६. आदाय स्वकीयात् कण्ठदेशात् एकावली बन्ध ।—यश० स० पू०, पृ० २८८

३७ तरलो हारमध्यग ।—अमरकोष २, ६, १२५

इस विशेषण को समझने के लिए किंचित् पृष्ठभूमि की आवश्यकता है। वास्तव में यह विशेषण अपने साथ एक परम्परा लिए है। गुप्तयुग से ही विशिष्ट आभूषणों के बारे में तरह-तरह की किंवदन्तियाँ प्रचलित हो गयी थीं। बाण ने एकावली के विषय में एक मनोरंजक प्रसंग दिया है—

दिवाकरमित्र ने हर्षको एकावली के सम्बन्ध में एक रहस्यपूर्ण बात बतायी—"तारापति चन्द्रमा ने यौवन के उन्माद में बृहस्पति की स्त्री तारा का अपहरण किया और स्वर्ग से भाग कर उसके साथ इधर उधर घूमता रहा। देवताओं के समझाने बुझाने से उसने तारा को तो बृहस्पति को वापिस कर दिया, किन्तु उसके विरह में जलता रहा। एक बार उदयाचल से उठते हुए उसने समुद्र के विमल जल में पडी अपनी परछाई देखी और काम भाव से तारा के मुख का स्मरण करके विलाप करने लगा। समुद्र में इसके जो आँसू गिरे उन्हे सीपियाँ पी गयी और उनके भीतर सुन्दर मोती बन गये। उन मोतियों को पाताल में वासुकि नाग ने किसी तरह प्राप्त किया और उन मुक्ताफलो को गूथकर एकावली बनायी, जिसका नाम मंदाकिनी रखा। सब औषधियों के अधिपति सोम के प्रभाव से वह अत्यन्त विषघ्नी है और हिमरूपी अमृत से उत्पन्न होने के कारण सन्ताप-हारिणी है। इसलिए विष ज्वालाओं को शान्त करने के लिए वासुकि सदा उसे पहने रहता था। कुछ समय बाद ऐसा हुआ कि नाग लोग भिक्षु नागार्जुन को पाताल में ले गये और वहाँ नागार्जुन ने वासुकि से उस माला को माँग कर प्राप्त कर लिया। रसातल से बाहर आकर नागार्जुन ने मन्दाकिनी नामक वह एकावली माला अपने मित्र त्रिसमुद्राधिपति सातवाहन नाम के राजा को प्रदान की और वही माला शिष्य-परम्परा द्वारा हमारे हाथ में आयी।"[३८] (हर्ष० २५१)

सोमदेव के समय तक सम्भवतया ऐसी मान्यताएँ चलती रहीं, जिसे सोमदेव ने संकेत मात्र से कह दिया।

एकावली मोतियों की इकहरी माला को कहते थे।[३९] गुप्तकालीन शिल्प की मूर्तियों और चित्रों में इन्द्रनील की मध्यगुरिया सहित मोतियों की एकावली बराबर पायी जाती है।[४०]

---

३८ अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० १२७

३९ एकावल्येकयष्टिका।—अमरकोष २, ६, १०६

४० अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १६८। फलक २४, चित्र ९२

कण्ठिका—कण्ठिका का यशस्तिलक में दो बार उल्लेख हुआ है। धकनक ने अनेक तरह की जड़ें मंत्रित करके लपेटी हुई कण्ठिका पहन रखी थी।[४१] दाक्षिणात्य सैनिक अनेक प्रकार के चित्र विचित्र गुरियो की बनी तीन लड़ियों की कण्ठिकाएँ पहने थे।[४२]

हार—हार का उल्लेख यशस्तिलक म सात बार हुआ है। राजपुर की स्त्रियाँ उदारहार पहनती थी।[४३] ग्रीष्म ऋतु की भयकर धूपरूप अग्नि के सम्पर्क से नायिकाओ के मौक्तिक हार फूटे जा रहे थे (तीव्रातपातकपावकसम्पर्कस्फुटन्मौक्तिक-विरहणीहृदयहारे स० पू० ५२२)। पाण्डय जनपद का राजा सम्राट यशोधर को प्राभृत मे देने के लिए मुक्ताफल के मध्यमणि वाला हार लेकर उपस्थित हुआ।[४४] यहाँ सम्भवतया हार से प्रयोजन एकावली से है। वैतालिका ने तारहारस्तनी स्त्रियो के साथ क्रीडा करने की यशोधर महाराज से प्रार्थना की।[४५] तारोत्तरल हारो की कान्ति से चन्द्रमा का प्रकाश सान्द्र (घना) हो गया।[४६] विरहणी नायिका की कपकपी से हार चचल हो उठ।[४७] किसी विरहणी नायिका ने बन्धु बान्धवो के कहने से आभूषण पहने भी तो कटि की करधनी गले में और गले का हार नितम्ब मे पहन लिया।[४८] यशोधर ने सभामण्डप म जाने के पूर्व मुक्ताफल का हार पहना (गुणवतां वर हर, कण्ठे गृहीत्वा मुक्ताफलभूषणानि)।

हारयष्टि—हारयष्टि का उल्लेख दो बार हुआ है। गुल्फो तक लटकती हुई हारयष्टियो से टूट-टूट कर गिरने वाले मोतिया का समूह ऐसा लगता था मानो होनेवाली सग्राम विजय पर देवागनाओ ने पुष्प बिखेर दिये हो।[४९]

---

४१ अनेकजटाजातिजटितकण्ठिकावगुण्ठनजठरकण्ठनाल। —यश० पृ० ३९८

४२ किर्मीरमणिविनिर्मितत्रिशारकण्ठिकम्।—पृ० ४६२

४३ उदारहार निर्भरीचित।—पृ० २४ उदारा अतिमनोहरा।—स० टी०

४४ तरलगुलिकहारप्राभृतव्यग्रहस्त। —पृ० ४६६

४५ तारहारस्तनीनाम्।—पृ० ५३४

४६ हारैस्तारोत्तरलरुचिभि।—पृ० ६१०

४७ उत्तारहारतरलं स्तनमण्डलं च।—पृ० ६१६

४८ कण्ठे काञ्चिगुणोऽर्पित परिहित हारो नितम्बस्थले। —पृ० ६१७

४९ आपतन्मुक्ताफलप्रकराभिरासनहारयष्टिभिरागामिजन्यजयसमयावसरसुरसुन्दरी करविकीर्णकुसुमवर्षमिव।—पृ० ५५५

यन्त्रधारागृह के प्रसंग में मोगरक के कुड्मलों की बनी हारयष्टि का उल्लेख है।[५०]

मौक्तिकदाम—यशस्तिलक में मौक्तिकदामका उल्लेख केवल एक बार हुआ है। विरहणी नायिका के गले की मौक्तिकमाला चूर चूर हो गयी।[५१] यन्त्रधारागृह के प्रसग में कुसुमदाम का भी उल्लेख है।[५२]

भुजा के आभूषण

यशस्तिलक मे भुजा के आभूषणो में अगद और केयूर का उल्लेख है।

अगद — अगद का उल्लेख केवल एक बार हुआ है। शखनक बेर के बराबर बडा त्रापुष मणि (सीसे का गुरिया) लगाकर बनाया गया अगद पहने था।[५३]

केयूर—केयूर का उल्लेख यशस्तिलक में दो बार हुआ है। राजपुर की स्त्रियाँ लाल कमल में श्वेत कमल लगाकर केयूर बना लेती थी।[५४] विरह की अवस्था में स्त्रियाँ बाहु का केयूर पैरो में और पैरो के नूपुर बाहु मे पहन लेती थी।[५५]

अगद और केयूर में क्या अन्तर था, इसका पता यशस्तिलक से नहीं चलता। अमरकोषकार ने दोनो को पर्याय माना है।[५६] क्षीरस्वामी ने केयूर और अगद की व्युत्पत्ति करते हुए लिखा है कि 'के बाहुशीर्षे यौति केयूरम्'[५७] अर्थात् जो भुजा के ऊपरी छोर को सुशोभित करे उसे केयूर कहते हैं तथा जो 'अग दयते अंगदम'—अर्थात् जो अग को निपीडित करे वह अगद।

पुरुष और स्त्री दोनो अगद पहनते थे।

कलाई के आभूषण

ककरण और वलय—कलाई के आभूषणों में ककरण और वलय के उल्लेख हैं। स्त्री और पुरुष दोनो ककरण पहनते थे। यौधेय जनपद के कृषको की स्त्रियाँ

---

५० विचकिलमुकुलपरिकल्पितहारयष्टिभि।—पृ० ५३२
५१ कण्ठे मौक्तिकदामभि प्रदलितम्।—पृ० ६१२
५२ शिरीषकुसुमदामसंदामित।—पृ० ५२२
५३ कुवलीफलस्थूलत्रापुषमणिविनिर्मितांगद।—पृ० ३१८
५४ सौगन्धिकानुबद्धकमलकेयूरपर्यायिणा।—पृ० १०६
५५ केयूर चरणे धृतं विरचित हस्ते च हिंजीरिकम्।—पृ० ६१७
५६ केयूरमगदं तुल्ये।—अमरकोष २, ६, १०७
५७ वही स० टी०

सोने के कंकरण पहनती थी।[५८] यशोधर ने भी सभामण्डप में जाने के पूर्व कंकरण पहने (निधाय करे कंकरणालंकारम्)। एक अन्य प्रसंग में यशोधर को 'कनककंकरण वर्ष' कहा है (पृ० ५६६)।

वलय का उल्लेख तीन बार हुआ है। शंखनक भैसे के सींग के बने वलय पहने था।[५९] एक स्थान पर यशस्तिलक का नायक यशोधर कहता है कि टूटे हुए दिल को स्फटिक के फूटे हुए वलय की तरह कौन मूर्ख धारण किए रहेगा।[६०] यन्त्रधारागृह के प्रसंग में मृणाल के बने वलय का उल्लेख है।[६१] चतुर्थ उच्छ्वास में दांत के बने वलय का उल्लेख है (दन्तवलयेन उत्त० ६९)।

अंगुलियों के आभूषण

उर्मिका—यशस्तिलक में अंगूठी के लिए उर्मिका तथा अंगुलीयक शब्द आये हैं। यशोधर रत्न की बनी उर्मिका पहने था।[६२] उर्मि का अर्थ भँवर है। भँवर के समान कई चक्कर लगा कर बनायी गयी अंगूठी को उर्मिका कहते थे। बुंदेलखण्ड मे आजकल इसे छला कहा जाता है।

उर्मिका का उल्लेख बाणभट्ट ने भी किया है। सावित्री दाहिने हाथ में शंख की बनी उर्मिका पहने थी।[६३]

अंगुलीयक—अंगुलीयक का केवल एक बार उल्लेख आया है। चौथे आश्वास म एक गडरिया अंगुलीयक के बदले में बकरा देने के लिए तैयार है।[६४]

कटि के आभूषण

कटि के आभूषणों के लिए कांची, मेखला, रसना, सारसना तथा घर्घर-मालिका नाम आये हैं।

कांची—कांची का उल्लेख तीन बार हुआ है। यौधेय की कृषक वधुएँ खेतो

---

५८ कनकमयकंकणा गोपिका।—पृ० १९

५९ गवलवलयावकुण्ठन।—पृ० १९८

गवलवलयानां महिषशृंगकटकानाम्।—सं० टी०

६० को नु खलु विघटितं चेतः स्फटिकवलयमिवमुधापि सन्धातुमर्हति।—उत्त० पृ० ७७

६१ मृणालवलयालंकृतकलाचीदेशाभिः।—पृ० ५३२

६२ सरत्नोर्मिकाभरणं।—पृ० ३६७

६३ कम्बुनिर्मितोर्मिका।—हर्षचरित, पृ० १०

६४ प्रसादीकरोत्यंगुलीयकम्।—उत्त० पृ० १२१

में काम करने जाते समय अपनी ढीली-ढाली कांची को बार-बार हाथ से ऊपर चढ़ाती थी जिससे उनका ऊरु प्रदेश दिख जाता था।[६५] विपरीत रति में कांची जोर जोर से हिलने लगती थी।[६६] विरहिणी नायिका कमर की कांची गले में डाल लती थी।[६७] तीनों प्रसगो पर श्रुतसागर ने काची का पर्याय कटि = मेखला दिया है। एक स्थान पर काची के लिए काचिका भी कहा गया है (हसावली-काचिका, पृ० ५०३)

मेखला—मेखला का उल्लेख पाँच बार हुआ है। मुखर मणिमेखलाओं के शब्द से पचमालिप्ति नामक राग द्विगुणित हो गया था।[६८] यहाँ श्रुतसागर ने मेखला का पर्याय रसना दिया है।[६९] इसी प्रसग में सिन्दुवार की माला लगाकर केले के कोमल पत्तो को बनायी गयी मेखला (कदलीप्रवालमेखला) का उल्लेख है।[७०] शखनक ने मथानो की पुरानी रस्सी को मेखला की तरह पहन रखा था (पुराणतरमन्दारमेखला पृ० ३९८)। समुद्र की उपमा मेखला से दी है (मही च रत्नाकरवारिमेखलाम् उत्त० पृ० ८७)।

रसना—रसना का उल्लेख केवल एक बार हुआ है। वह भी हारयष्टि के वर्णन में प्रसंगवश आ गया है। सोमदेव ने आरसना अर्थात् रसना पर्यन्त लटकती हुई हारयष्टि का वर्णन किया है।[७१] यहाँ श्रुतसागर ने आरसन का अर्थ आगुल्फलम्ब किया है।

अमरकोषकार ने उपर्युक्त तीनों को पर्याय माना है।[७२] सोमदेव के उपर्युक्त उल्लेखों से लगता है कि काची एक लडी की ढीली-ढाली करधनी होना चाहिए तथा मेखला क्षुद्र घटिकाएँ लगी हुई। उपर्युक्त उल्लेखो म कांची के लिए काची-गुण पद आया है तथा मेखला के लिए मुखरमणिमेखला कहा गया है। एक स्थान पर मेखला का मणिकिंकणी युक्त भी बताया गया है।[७३]

---

६५ कांचिकोल्लासवशदर्शितोरुस्थल। ।—पृ० १५
६६ पुरुषरतनियोगव्यग्रकांचीगुणानाम् ।—पृ० ५३७
६७ कण्ठे काञ्चिगुणोऽर्पितम् ।—पृ० ६१७
६८ मुखरमणिमेखलाजालवाचालितपचमालिप्ति ।—पृ० १००
६९ मेखलाजालानि रसनासमूहा ।—सं० टी० पृ० १००
७० सिन्दुवारसरसुन्दरकदलीप्रवालमेखलेन ।—पृ० १०६
७१ आरसनहारयष्टिभि ।—पृ० ५५५
७२ स्त्रीकट्यां मेखला कांची सप्तकी रशना तथा ।—अमरकोष, २, ६ १०८
७३ मेखलामणिकिंकणीजालवदनेषु ।—पृ० ६ उत्त०

सारसना—चण्डमारी के लिए कहा गया है कि मृतक प्राणियों की आँतें ही उसकी सारसना थी।[७४]

घर्घरमालिका—यशोधर जब बालक था तो खेल खेल मे दाई की कमर से घर्घरमालिका को निकाल कर पैरो में बाँध लेता था।[७५]

पैर के आभूषण

पैर के आभूषण के लिए यशस्तिलक में पाँच शब्द आये हैं—(१) मंजीर, (२) हिंजीरक (३) नूपुर (४) तुलाकोटि, (५) हंसक।

मजीर—सोमदेव ने मणिमंजीर का उल्लेख किया है।[७६] मजीर को पहनकर चलने से जो मधुर झन झन शब्द होते थे उन्हे शिंजित कहते थे।[७७] मजीर रस्सी महित मथानी को कहते हैं इसी की समानता के कारण इसका नाम मजीर पडा। मजीर वजन में हलके तथा भीतर से पोले होते थे। उनमें भीतर बहुमूल्य मोती आदि भरे जाते थे। माडवार म अभी भी इस तरह के आभूषण पहनने का रिवाज है (शिवराम० अमरावती०, पृ० ११४)।

हिंजीरक—हिंजीरक का उल्लेख केवल एक बार हुआ है। विरहणी स्त्रियाँ हाथ का केयूर चरण में तथा चरण का हिंजीरक हाथ मे पहन लेती थी।[७८] हिंजीरक का पर्याय श्रुतसागरदेव ने नूपुर दिया है। यशस्तिलक से इस पर विशेष प्रकाश नही पडता।

नूपुर—नूपुर का भी एक बार ही उल्लेख हुआ है।[७९] श्रुतसागर ने यहाँ नूपुर का पर्याय मजीर दिया है।[८०] नूपुर पहनकर चलने से मधुर शब्द होता था। नूपुर जल्दी पहने या उतारे जा सकते थे। अमरावती की कला में एक दासी थाली म नूपुर लिए प्रतीक्षा करती खडी है कि जैसे ही अलक्तक मडन समाप्त हो वह नूपुर पहनाए।

तुलाकोटि—तुलाकोटि का दो बार उल्लेख है। तुलाकोटि के शब्द को

---

७४ सारसना मृतकान्त्रच्छेश। —प० १५०

७५ मुक्त्वा घर्घरमालिका कटितटाद्बध्ना च ता पादयो।—पृ० २३४

७६ रमणीमणिमजीरशिंजित ।—प० ६९

७७ झणझणायमानमणिमजीरशिंजित ।—प० १०१

७८ केयूर चरणे धृत विरचित हस्ते च हिंजीरकम।—प० ६१७

७९ यत्रालितो नूपुरो।—प० १२६

८० नूपुरो मंजीरो।—स० टी०

सोमदेव ने 'क्वणित' कहा है।[८१] बारविलासिनियों के वाचाल तुलाकोटियो के क्वणित से क्रीड़ा-हंस आकुलित हो रहे थे।[८२] एक स्थान पर नीलमणि के बने तुलाकोटि का उल्लेख है (नीलोपलतुलाकोटिषु, उत्त० पृ० ९)।

तुलाकोटि का उल्लेख बाण ने भी हर्षचरित (पृ० १६२) में किया है। तुलाकोटि आन्ध्र में प्रचलित नूपुरो से मेल खाते हैं। इनके दोनों किनारे तुला अर्थात् तराजू की डंडी के समान किंचित् घनाकार होते हैं (शिवराम०—अमरावती०, पृ० ११४)। इसी कारण इसका नाम तुलाकोटि पड़ा।

हंसक—हंसक का उल्लेख भी एक बार ही हुआ है। पांचालक कासे के बने हंसक (कंसहंसक) पहने था।[८३] हंसक के शब्द को सोमदेव ने रसित कहा है।[८४] हंसक से तात्पर्य उन बाँके नुपुरो से था जिनकी आकृति गोल न होकर बाँकी मुडी हुई होती थी। आजकल इन्हें बाँक कहते हैं।[८५]

---

८१ वाचालतुलाकोटिक्वणिताकुलितविनोदवारलम्। —पृ० ३४५

८२ वही

८३ कंसहंसकरसितवाचालचरण ।—पृ० ३११

८४ वही

८५ अग्रवाल- हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० ६७ फलक १ चित्र १८

केश विन्यास, प्रसाधन सामग्री तथा पुष्प प्रसाधन

केश विन्यास

यशस्तिलक मे केश विन्यास और केश प्रसाधन सम्बन्धी प्रभूत सामग्री है। प्राचीन भारत में इस कोमल कला का विशेष प्रचार था। साहित्य और पुरातत्व की सामग्री में इसका समान रूप से अंकन हुआ है।

यशस्तिलक में सोमदेव ने केशो के लिए अलक कुन्तल केश चिकुर कच और जटा शब्दो का प्रयोग किया है। स्नान के अनन्तर केशो को सर्वप्रथम धूप के सुगन्धित धुएँ से सुखा लिया जाता था, उसके बाद चूर्ण सिन्दूर पल्लव पुष्प पुष्पमाला, मजरी आदि के द्वारा कलात्मक ढग से सवार कर बाँधा जाता था। सँवारे हुए केशो में सोमदेव ने अलकजाल कुन्तलकलाप केशपाश चिकुरभग, धम्मिल्लविन्यास, मौलिबन्ध सीमन्तसन्तति, वरिणदण्ड जूट तथा कबरी का वर्णन किया है। इनकी विशेष जानकारी निम्न प्रकार है

केश धूपाना—स्नान के बाद केश सवारने के पूर्व उन्हें सुगन्धित धूप के धुएँ से सुखाने का सोमदेव ने दो बार उल्लेख किया है।[1] कालिदास ने केशो को धूपाने की प्रक्रिया का विशेष वर्णन किया है। धूपित करने से स्नानार्द्र केश भभरे हो जाते थे और उनमें धूप की सुगन्धि व्याप्त हो जाती थी। कालिदास ने धूपित केशो को आश्यान कहा है।[2] धूप से सुगन्धित किये जाने के कारण इन्हें धूपवास भी कहते थे।[3]

केश सुवासित करने की यह प्रक्रिया केश-सस्कार कहलाती थी।[4] कालिदास की नायिकाएँ अटारी पर गवाक्षो के पास बैठकर केश संस्कार करती थी, जिससे गवाक्षो से निकलनेवाले सुगन्धित धुएँ को देखकर मार्ग से चलने वाले

---

१ अविरतदह्यमानकालागुरुधूपधूमोद्गमारभ्यमाणदिग्विलासिनीकुन्तलजालम्।
—पृ० ३६८ अलकधूपधूमेषु। पृ० ८ उत्त०

२ त धूपाश्यानकेशा तम्।—रघुवश १७।२२। आश्यान शोषित, स० टी०

३ स्नानादमुक्तेष्वनुधूपवासम्।—वही १६।५०

४ केशसस्कारधूमै।—मेघदूत १।३२

लोग यह अनुमान सहज ही लगा लेते थे कि कोई नायिका केश-संस्कार कर रही है।[५]

अलकजाल— यशस्तिलक में बालो के लिए अलक शब्द का प्रयोग अनेक बार हुआ है। अलक चूर्ण विशेष के द्वारा घुंघराले बनाए गये बालो को कहते थे।[६] सोमदेव ने इस चूर्ण को पिष्टातक नाम दिया है। पिष्टात या पिष्टातक कुंकुम आदि सुगन्धित द्रव्यो को पीसकर बनाया जाता था।[७] पिष्टातक के प्रयोग द्वारा घुंघराले बनाकर सँवारे गये बालो को अलकजाल कहते थे। सोमदेव ने लिखा है कि सैनिक प्रयाण से उठी हुई धूलि ने ककुभागनाओ के अलक-प्रसाधन के लिए पिष्टातक चूर्ण का काम किया।[८] अलको में चूर्ण के प्रयोग की सूचना कालिदास ने भी दी है।[९] इस तरह घुघराले बनाए गये बालों को सँवार कर उनमें पत्र पुष्प लगा लिए जाते थे।[१०]

अलकजाल को छल्लेदार या घूँघरदार केश रचना कहा जा सकता है। अंगरेजी लेखो में जिन्हे Spiral या Frizzled locks कहा जाता है वह उसके अत्यन्त निकट है। अलकजाल के अनेक प्रकार राजघाट (वाराणसी) से प्राप्त खिलौनो म देखे जाते हैं। जैसे—(१) शुद्ध घूघर, (२) छतरीदार घूँघर, (३) बटुलेदार घूघर (४) पटियादार घूघर। डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने इनका विशेष विवेचन किया है।[११]

कुन्तलकलाप—यशस्तिलक में कुन्तल शब्द भी बालो के लिए कई बार आया है। 'कुन्तलकलाप इस सम्मिलित पद का प्रयोग केवल तीन बार हुआ है। कलाप मयूर को भी कहते हैं तथा समूह अर्थ में भी आता है।'[१२] कुन्तल-कलाप में स्थित 'कलाप' शब्द में इन्ही को ध्वनि है। बालों को इस तरह सवार

---

५ जालोद्गीर्णैरुपचितवपु केशसंस्कारधूपै।—वही १।३२

६ अलकाश्चूर्णकुन्तल।—अमरकोष २ ६, ९६

७ पिष्टेन कुकुमचूर्णादिनाततिं पिष्टात।—अमरकोष २, ६ १३६, सं० टी०

८ ककुभागनालकप्रसाधनपिष्टातकचूर्ण।—यश० पृ० ३३८

९ अलकेषु चमूरेणुश्चूर्णप्रतिनिधीकृत।—रघुवश ४।५४

१० विकचविचकिलावलीकीर्णलोलालकानाम्।—यश०, पृ० ५३४

११ अग्रवाल—राजघाट के खिलौनों का एक अध्ययन,

कला और संस्कृति पृ० २४६

१२ कलाप संहते बर्हे तूणीरे भूषणे हरे।—विश्वलोचन

कलापो बर्हितूणयो। संहतौ भूषणे काञ्च्याम्।—अनेकार्थसंग्रह ३,४००

कर बांधना जिससे कलापिन (मयूर) के पखों की तरह सुन्दर दिखने लगे, कुन्तलकलाप कहलाता था। सोमदेव ने कुटज के कुडमल और मल्लिका के पुष्प लगाकर बालो को कुन्तलकलाप के ढग से सजाने का वर्णन किया है।[१३]

कुन्तलकलाप को गूथने के लिए शिरीष के पुष्पो की माला का उपयोग किया जाता था।[१४] संभवतया पहले बालो को शिरीष की माला से सुविभक्त करके बांध लिया जाता था बाद में उसके बीच-बीच में कुटज कुडमल और मल्लिका के पुष्पो को इस तरह से खासते थे, जिससे मयूरपिच्छ के ताराओ की पूर्ण अनुकृति हो जाये। राजघाट से प्राप्त मिट्टी के खिलौनो में कुछ मस्तको में इस प्रकार का केश विन्यास देखा जाता है। इन खिलौनों मे माँग के दोनो ओर कनपटी तक लहराती हुई शुद्ध पटिया मिलती हैं और वे ही छोर पर ऊपर को मुडकर घूम जाती हैं। देखने में ये ऐसी मालूम होती हैं जैसे मोर की फहराती हुई पूछ।[१५] कुन्तलकलाप की ठीक पहचान इसी तरह के केश विन्यास से करना चाहिए।

मानसार के अनुसार कुन्तल नामक केश प्रसाधन का अकन लक्ष्मी और सरस्वती की मूर्ति के मस्तक पर किया जाता है।[१६]

केशपाश—यशस्तिलक में शिखण्डित केशपाश का उल्लेख हुआ है।[१७] केशपाश में पाश शब्द समूहवाची भी है और उत्कृष्टवाची भी।[१८]

केशपाश बालो के उस विन्यास को कहते थे जिसमे पुष्प और पत्तो युक्त मजरी से सजाकर बालो को इस तरह से बाँधा जाता था, जिसमे वे मुकुट की तरह दिखने लगे। यशस्तिलक के सस्कृत टीकाकार ने इस अर्थ को समझाने का प्रयत्न किया है— मरुवकोद्भेदैः सुगन्धपत्रमजरीभिर्विदर्भिता गुम्फिता ये दमनकाण्डा सुगन्धपत्रस्तम्भा तै शिखण्डतो मुकुटित केशपाश।[१९] सम्भवतया

१३ कुटजकुडमलोल्लसन्मल्लिकानुगतकुन्तलकलापेन।—यश० स० पू० पृ० १०५

१४ शिरीषकुसुमदाम दामितकुन्तलकलापाभि।—वही, पृ० ५३२

१५ अग्रवाल—राजघाट के खिलौनों का एक अध्ययन
कला और सस्कृति पृ० २४८-४३

१६ उद्धृत जे० एन० बनर्जी—दी डवलपमेंट ऑव हिन्दू आइकोनोग्राफी, पृ० ३१५

१७ शिखण्डितकेशपाशेन।—यश० स० पू० पृ० १०५

१८ प्रशस्ता केशा केशपाश।—अमरकोष २ ६, ९७ सं० टी०
पाश पक्षश्च हस्तश्च कलापार्थ।—वही २, ६ ९८

१९ यश० स० पू० पृ० १०५

केशपाश में पुष्प और पत्र युक्त मंजरियों से बनाए गये गुलदस्तेनुमा पुष्पालंकार केशों में खोस लिए जाते थे जिससे वे शिखंडित अर्थात् मुकुट की तरह दिखने लगते थे।

मानसार के अनुसार इस तरह के केश विन्यास का अंकन सरस्वती और सावित्री की मूर्तियों के मस्तक पर किया जाता है।[२०]

चिकुरभंग—केशों के लिए चिकुर शब्द का भी प्रयोग सोमदेव ने कई बार किया है। सम्भवतया पतले केशों को चिकुर कहते थे। अमरकोषकार ने चञ्चल का पर्याय चिकुर दिया है।[२१] चिकुरों को जब पत्र पुष्प और मालाओं द्वारा सजा लिया जाता था तब उसे चिकुरभंग कहते थे। सोमदेव ने शतपत्री पुष्पों की मालाओं से बाँधे गये तथा तमाल पुष्पों के गुच्छों से सजाए गये चिकुरभंग का वर्णन किया है।[२२]

चिकुरों की कृष्णता की ओर भी सोमदेव ने विशेष रूप से ध्यान दिलाया है। प्रमदवन में सप्तच्छद वृक्षों की छाया कामियों के चिकुरों की कान्ति से कलुषित-सी हो गयी थी।[२३] एक अन्य प्रसंग में चिकुरों को निसर्ग कृष्ण कहा है।[२४]

धम्मिल्लविन्यास—यशस्तिलक में धम्मिल्लविन्यास का उल्लेख दो बार हुआ है। सोमदेव ने मुनिमनोहर नामक मेखला को नागनगरदेवता के धम्मिल्ल विन्यास की तरह कहा है।[२५]

धम्मिल्लविन्यास मौलिबद्ध केश रचना को कहते थे।[२६] इस प्रकार से सभाले गये पुरुष के बाल मौलि तथा स्त्री के धम्मिल्ल कहलाते हैं (शिवराममूर्ति—अमरावती० पृ० १०६)। बालों का जूड़ा बनाकर उसे माला से बाँध दिया जाता था। जूडा के भीतर भी माला गूँथी जाती थी। कालिदास ने 'मुक्तागुणोन्नद्ध अन्तर्गतस्रजमौलि' का उल्लेख किया है।[२७] बाण ने माला के छूट जाने से

---

२० उद्धृत जे० एन० बनर्जी—दी डवलपमेंट ऑव हिन्दू आइकोनोग्राफी पृ० ३१४

२१ चपलश्चिकुर समौ।—अमरकोष ३, ३ ४६

२२ तापिच्छगुलुच्छविच्छुरितशतपत्रीस्रक्सन्नद्धचिकुरभंगिना।
—यश० सं० पू० पृ० १०९

२३ चिकुरकान्तिकलुषितसप्तच्छदच्छायाभि।—वही, पृ० ३८

२४ कामिनीनां चिकुरेषु निसर्गकृष्णता।—वही पृ० २०७

२५ धम्मिल्लविन्यास इव नागनगरदेवताया।—पृ० १२२

२६ धम्मिल्ला संयता कचा।—अमरकोष, २, ६ ९७

२७. रघुवंश १७।२३

धम्मिल्लों के खुल जाने का वर्णन किया है।[२८] सोमदेव ने एक प्रसंग में पाटली के पुष्पा से सुगन्धित धम्मिल्ल का उल्लेख किया है।[२९]

धम्मिल्लविन्यास की इस कला का चित्रण अजन्ता के चित्रो में भी हुआ है। कुछ चित्रो में स्त्री मस्तका पर बांध हुए केशों का एक बडा जूडा मिलता है।[३०]

राजघाट (वाराणसी) से प्राप्त खिलौना म धम्मिल्लविन्यास के अनेक प्रकारो का अकन हुआ है। कुछ खिलौनो म दाए बाए और ऊपर तीन जूडे या त्रिमौलि विन्यास पाया जाता है। किन्ही मस्तको म सिर के ऊपर शृङ्गाटक या सिंघाड की तरह त्रिमौलि की रचना करके माग के बाच म सिरमौर माथे पर मौलिबन्ध और उसके नीचे दोना ओर अलकावली छिटकी हुई दिखाई गयी है।[३१]

गुप्तकाल की पत्थर की मूर्तियो म धम्मिल्लविन्यास का एक और प्रकार मिला है। सिर के ऊपर गोल टोपी की तरह मौलिबन्ध और दक्षिण-वाम पार्श्व म उससे निसृत दो माल्यदाम लटकत रहते है। राजघाट क एक मृण्मय स्त्री मस्तक म जो इस समय लखनऊ के अजायब घर म है भी यह रचना मिली है। कुछ मस्तक ऐसे भी मिले हैं जिनम दक्षिणभाग म जटाजूट तथा वाम में अलकावली का प्रदर्शन है।[३२]

मौली—मौली बन्ध केश रचना का एक उपमा में उल्लेख है (ईशानमौलिमिव स० पू० पृ० ९५)।

सीमन्तसन्तति—यशस्तिलक म सीमन्त का उल्लेख कई बार हुआ है, किन्तु सीमन्तसन्तति का उल्लेख कवल एक बार ही हुआ है।[३३]

सीमन्त बालो को बीच से विभक्त करके दोना ओर सवारने को कहते हैं। सोमदेव ने सीमन्तेषु द्विधा भावो[३४] कहकर इसकी सूचना भी दी है।

सीमन्तसतति सम्भवतया केशविन्यास के उस प्रकार को कहते थे जिसमें मुख्य

---

२८ विस्र समानैधम्मिल्लतमालपल्लवै।—हष० ४।१३३

२९ पाटलीप्रसवसुरभितधम्मिल्लमध्याभि।—यश० स० पू० २३२

३० राजा सा० औधकृत अजन्ता फलक ६६
उद्धृत अग्रवाल—कला और संस्कृति पृ० २५१

३१ अग्रवाल-राजघाट के खिलौनों का एक अध्ययन कला और संस्कृति पृ० २५१

३२ वही पृ० २५२

३३ सीमन्तसततिना।—यश० स० पू० पृ० १०५

३४ वही पृ० १०७

रूप से सीमन्त (माँग) पर ध्यान दिया जाता था। मस्तक के बीच से केशों को द्विधा विभक्त करके इस तरह सवारा जाता था जिससे बीच में राजपथ के समान साफ और सीधी माँग दिखने लगे। माँग या सीमन्त निकालने के बाद उसमें विभिन्न पुष्पों से निकाले गये पराग को सिन्दूर का स्थानीय करके भरा जाता था। सोमदेव ने प्रियालकमजरी के कणों को कर्णिकार के केसर में मिलाकर सीमन्त को प्रसाधित करने का वर्णन किया है।[३५]

वेणिदण्ड—वेणिदण्ड का एक बार उल्लेख है।[३६] बालों को संवारकर या बिना सवारे ही इकहरी चोटी बाँधना वेणीदण्ड कहलाता था।

जूट—बालों को ऊपर को समेट कर कपड़े की पट्टी से बाँधना जूट कहा जाता था। बालों को इकट्ठा करके बाँधने को आजकल भी जूड़ा बाँधना कहा जाता है। सोमदेव ने लिखा है कि दाक्षिणात्य सैनिक उत्कट जूट बाँधे थे जो गेड़े के सींग की तरह लगता था।[३७]

कबरी—कबरी का एक बार उल्लेख है।[३८] बालों को साधारणतया सभालकर बाँधने को कबरी कहते थे।

प्रसाधन-सामग्री

यशस्तिलक म प्रसाधन-सामग्री की जानकारी इस प्रकार दी है—

१ अजन—(लोचनाजनमार्गेषु पृ० ९, उत्त०)

२ कज्जल—(नेत्रै कज्जलपासुलै, पृ० ६११),
(नेत्रै कज्जलित वही, स० पृ० ६१६)

३ अगुरु—(१) कृष्णागुरु—(कृष्णागुरुपंजरितकर्णपालीषु, पृ० ९ उत्त०)
(२) कालागुरु—(कालागुरुधूपधूमधूसरित, वही, पृ० २८)

४ अलक्तक—(अत्रालक्तकमण्डन विरचितम, पृ० १२६)
(यावकपुनरुक्तकान्तिप्रभावेषु पादपल्लवेषु, पृ० ९ उत्त०)

५ कुकुम— (कुकुमपकराग, पृ० ६१)
(काश्मीरैः कीरनाथः, पृ० ४७०)
(घुसृणरसारुणित, पृ० २८ उत्त०)

---

३५ प्रियालकमजरीकणकल्पितकर्णिकारकेसरविराजितसीमन्तसंततिना। पृ० १०५

३६ शौर्यश्रीवेणीदण्डानुकारिणा।—पृ० २७

३७ पृ० ४६१

३८. कबरीनिगूढेनासिपत्रेण।—पृ० १२३, उत्त०

६ कर्पूर— (कर्पूरदलदन्तुरित पृ० २८ उत्त०)
(कर्पूरपरागरुचो पृ० २१२)
७ चन्द्रकवल—(अमरसुन्दरीवदनचन्द्रकवला पृ० ३३८)
(चिताभसितानि चन्द्रकवला पृ० १५०)
८ तमालदलधूलि—(तमालदलधूलिधूमरितरोमराजिनि, पृ० ९ उत्त०)
९ ताम्बूल— (हस्ते कृत्य च ताम्बूलम् पृ० ८१ उत्त०)
१० पटवास— (वनदेवतापटवासा, पृ० ३३८)
११ पिष्टातक— (ककुभगनालकप्रसाधनपिष्टातकचूर्णा पृ० ३३८)
(प्रसवपरागपिष्टातकितदिग्देवतासीमन्तसतानम पृ० ९४)
१२ मन सिल—(मन सिलाधूलिलीले पृ० ४ उत्त०)
१३ मृगमद— (मृगमदैरेष नैपालपाल पृ० ४७०)
१४ यक्षकदम—(यक्षकर्दमखचितजातरूपभित्तिनि पृ २८ उत्त०)
यक्षकर्दम कपूर, कस्तूरी अगुरु और कंकोल को मिलाकर बनाए गये अनुलेपन द्रव्य को कहते थे (अमरकोष २।६।१३३)। अमृतमति क अन्त पुर की सुवर्ण भित्तियो पर यक्षकर्दम का लेप किया गया था (यक्षकर्दमखचितजातरूप-भित्तिनि २८।२ उत्त०)। धन्वन्तरि ने कुकुम, कस्तूरी, कपूर चदन और अगुरु से बनी महासुगन्धि को यक्षकदम कहा है (उद्धत– अग्रवाल– कादम्बरी एक सा० अध्ययन)। काव्यमीमासा में इसे चतु समसुगन्धि कहा है (१८।१००)। दोहाकोश (पृष्ठ ५५) और पदमावत (२७६।४) मे भी इसे चतु समसुगन्धि कहा है।
१५ हरिरोहण—गोशीर्षचन्दन (तपश्चर्यानुरागेणेव हरिरोहणेनागरागम पृ० ८१ उत्त)
१६ सिन्दूर— (पृ० ५ उत्त० पृ० ७८)

पुष्प-प्रसाधन

पुष्प प्रसाधन-सामग्री का एक महत्त्वपूर्ण अग है। दक्षिण भारत म प्राचीन काल से ही पुष्प प्रसाधन की कोमल कला चली आयी है। अभी भी वहाँ इसके अनेक रूप देखे जाते है। सोमदेव ने यशस्तिलक म दक्षिण भारतीय सस्कृति का विशेष चित्रण किया है। इसलिए सहज ही पुष्प प्रसाधन सम्बन्धी सामग्री भी

प्रचुर मात्रा में आयी है। सोमदेव ने पुष्प और पत्तों से बने निम्नलिखित आभूषणों का उल्लेख किया है—

१ अवतंसकुवलय[३९]—कुवलय पुष्प को अवतंस के स्थान पर कान में पहना जाता था। आभूषणों के प्रकरण में लिखा जा चुका है कि यशस्तिलक में पल्लव, चम्पक, कचनार, उत्पल तथा कैरव के बने अवतंसों के उल्लेख हैं।[४०]

२ कमलकेयूर[४१]—कमल को केयूर के स्थान पर पहना जाता था। केयूर का उल्लेख यशस्तिलक में दो बार आया है। एक स्थान पर लाल कमल में श्वेत-कमल लगा कर केयूर बनाने का उल्लेख है। आभूषणों के प्रकरण में इस सम्बन्ध मे विशेष लिखा जा चुका है।

३ कदलीप्रवालमेखला—सिन्धुवार की माला लगा कर केले के कोमल पत्तों की मेखला बनाई जाती थी। इसे कदलीप्रवालमेखला कहते थे।[४२] कटि के आभूषणों में मेखला का महत्त्वपूर्ण स्थान था। सोमदेव ने चार प्रकार के कटि के आभूषणों का वर्णन किया है जिसे आभूषणों के प्रसंग मे लिख चुके हैं।

४ कर्णोत्पल[४३]—कान में पहने जाने वाले आभूषणों मे अधिकांश फूल और पत्तों के ही बनाए जाते थे। उत्पल नीले कमल को कहते हैं। नीले कमल को कान मे पहनने का रिवाज था।

५ कर्णपूर[४४]—कर्णपूर का उल्लेख यशस्तिलक में चार बार हुआ है। उसमे से एक प्रसंग में मरुवे के फूल से बने कर्णपूर का उल्लेख है। कर्णपूर को देशी भाषा मे कनफूल कहा जाता है। (कर्णपूर > कर्णफूल > कनफूल) अलंकारों के प्रकरण मे इस सम्बन्ध में और भी लिखा है।

६ मृणालवलय—मृणाल के बने हुए वलय हाथों में पहनते थे। सोमदेव ने दो बार मृणालवलय का उल्लेख किया है।[४५]

---

३९ ८।८ उत्त०
४० ५०१, हिन्दी
४१ वही हिन्दी
४२ सिन्धुवारसरसुन्दरकदलीप्रवालमेखलेन वही ५०।१ हिन्दी
४३ रा० पू० पृ० ३५
४४ कर्णपूरमरुवकोद्भेदसुन्दरगण्डमण्डलाभि पृ० ३५६।८
४५ ५०।१ हिन्दी ३५६।८, हिन्दी

७ पुन्नागमाला[४६]—पुन्नाग के फूलो की माला बनाकर गले में पहनी जाती थी।

८ बन्धूकनूपुर[४७]—बन्धूक पुष्पो के नूपुर बना कर पहने जाते थे।

९ शिरीषजघालकार[४८]—शिरीष पुष्पो का कोई अलकार बना कर सम्भवत जाँघो म पहना जाता था, जिसे शिरीषजघालकार कहते थे।

१० शिरीषकुसुमदाम[४९]—शिरीष के फूलो की एक प्रकार की माला बना कर गले में पहनी जाती थी।

११ विचकिलहारयष्टि—मोगरे के पुष्पो की एक प्रकार की माला जिसे हारयष्टि कहा जाता था गले मे पहनते थे। मोगरे के कुडमला की हारयष्टि[५०] बनती थी तथा फूले हुए मोगरो के फूला को बालो म सजाया जाता था।[५१]

१२ कुरवक मुकुलस्रक[५२]—कुरवक के कुडमलो की चमचमाती हुई लम्बी माला बना कर पहनी जाती थी जिसे कुवलयमुकलस्रकतारहार कहते थे। हार के विषय में विशेष आभूषणा के प्रकरण म लिखा गया है।

---

४६ २७।१ हिन्दी
४७ २७।१ हिन्दी
४८ २७ २, हिन्दी
४९ ३२६।७ हिन्दी
५० ३२६।७ हिन्दी
५१ ३२७।६ हिन्दी
५२ वही

शिक्षा और साहित्य

शिक्षा और साहित्य विषयक सामग्री यशस्तिलक में पर्याप्त एवं महत्त्वपूर्ण है। बाल्यावस्था शिक्षा की उपयुक्त अवस्था मानी जाती थी।[१] गुरुकुल प्रणाली शिक्षा का आदर्श था। मारिदत्त के माता पिता उसकी छोटी अवस्था में ही संन्यस्त हो गये थे, इस कारण गुरुकुल में जाकर मारिदत्त की शिक्षा नहीं हो पायी थी।[२] यशोधर की शिक्षा समान वय वाले सचिव पुत्रों के साथ हुई थी।[३] विद्यार्थी के लिए यह आवश्यक था कि खूब मन लगाकर पढ़े, विनयपूर्वक रहे और नियम सम्पन्न हो।[४] विद्याध्ययन समाप्त होने के बाद गोदान किया जाता था।[५]

शिक्षा के अनेक विषय थे। सोमदेव ने अमृतमति महारानी की द्वारपालिका को समस्त देशों की भाषा तथा वेष का जानकार कहा है।[६] आचार्य सुदत्त के संघ में जो विद्वान मुनि थे उनमें कोई समस्त शास्त्रों के ज्ञाता थे, कोई पुराणों में पारगत थे। कोई तर्कविद्या में निष्णात थे कोई नव्यानव्यकाव्य में। कोई ऐन्द्र, जैनेन्द्र चन्द्र, आपिशल, पाणिनीय आदि व्याकरण के पंडित थे।[७] यशोधर ने जिन विद्याओं में नैपुण्य प्राप्त किया था उनका विवरण सोमदेव ने इस प्रकार दिया है—प्रजापति की तरह सब वर्णों में, पारिरक्षक की तरह प्रसंख्यान में, पूज्यपाद की तरह शब्दशास्त्र में स्याद्वादेश्वर की तरह धर्माख्यान में, अकलंक की तरह प्रमाणशास्त्र में, पणिपुत्र की तरह पदप्रयोग में, कवि की तरह राजनीति में, रोमपाद की तरह गजविद्या में, रैवत की तरह अश्वविद्या में,

---

१ बाल्यं विद्यागमैर्यत्र।—पृ० ११८

२ कुमारकाणां च प्रतिपन्नपि, वनतपोवनलोकत्वादसंजातविद्यावृद्धगुरुकुलोपासन।
—पृ० २६

३ सवय साचिवकुलकुलतानुशीलन।—पृ० २३३

४ स्वाध्यायधीर्नियमवान्विनयोपपन्न।—पृ० २३७

५. सकलविद्याविलासवर्षप्रवणनैपुण्यमहमाश्रित परिप्राप्तगोदानावसरश्च।—वही

६ नि:शेषविषयभाषावेषविचक्षणा।—पृ० २२ उत्त०

७ पृ० ८९–९०

अरुण की तरह रथविद्या में, परशुराम की तरह शस्त्रविद्या में, शुकनास की तरह रत्नपरीक्षा में, भरत की तरह संगीतक मत में, त्वष्टकि की तरह चित्रकला में, काशीराज की तरह शरीरोपचार में, काव्य की तरह व्यूहरचना में, दत्तक की तरह कामशास्त्र म तथा चन्द्रायणीश की तरह अपर कलाओ में।[८]

अन्य प्रसगो मे भी विभिन्न शास्त्र और शास्त्रकारो के उल्लेख हैं। सबका सक्षिप्त विवेचन इस प्रकार है—

व्याकरण

व्याकरण शास्त्रकारो मे सोमदेव ने इन्द्र, जैनेन्द्र चन्द्र, आपिशल पाणिनि तथा पतजलि का उल्लेख किया है। इस प्रसग मे पणिपुत्र नाम भी आया है।

इनमें कुछेक नाम वर्तमान में अपरिचित से हो गये हैं और उनके शास्त्र भी उपलब्ध नही होत। वास्तव मे ये सभी प्रचीन महान् वैयाकरण थे और सोमदेव क उल्लेखानुसार कम से कम दशमी शती तक तो इनके शास्त्रो का अध्ययन अध्यापन होता ही था। १०५३ ई० के मूलगुण्ड शिलालेख में चान्द्र, कातन्त्र, जैनेन्द्र शब्दानुशासन तथा ऐन्द्र व्याकरण और पाणिनि का उल्लेख है।[९] तेरहवी शती मे वोपदव ने अपने कविकल्पद्रुम के प्रारम्भ मे आठ वैयाकरणो का उल्लेख किया है, जिनम इन्द्र, चन्द्र, आपिशल, पाणिनि और जैनेन्द्र का नाम आता है। कल्पसूत्र की टीका में समयसुन्दरगणि (१७वी शती) ने अठारह वैयाकरणो में इन्द्र और आपिशल को भी गिनाया है। यद्यपि बाद के इन उल्लेखों से यह कहना कठिन है कि सत्रहवी शती तक उपर्युक्त सभी व्याकरण उपलब्ध थे, फिर भी इतना निश्चित है कि ये सब व्याकरण के महान् आचार्य माने जाते थे। सोमदेव ने जिनका उल्लेख किया है उनके विषय म किंचित् और जानकारी इस प्रकार है—

---

८ प्रजापतिरिव सवर्णागमेषु पारिरक्षक इव प्रसंख्यानोपदेशेषु पूज्यपाद इव शब्देतिह्येषु, स्याद्वादेश्वर इव धर्माख्यानेषु अकलंकदेव इव प्रमाणशास्त्रेषु, पणिपुत्र इव पदप्रयोगेषु, कविरिव राजराद्धान्तेषु रोमपाद इव गजविद्यासु, रैवत इव हयनयेषु अरुण इव रथचर्यासु परशुराम इव शस्त्राधिगमेषु शुकनाश इव रत्नपरीक्षासु भरत इव संगीतकमतेषु त्वष्टकिरिव चित्रकर्मसु काशिराज इव शरीरोपचारेषु, काव्य इव व्यूहरचनासु, दत्तक इव कन्तुसिद्धान्तेषु चन्द्रायणीश इवापरास्वपिकलासु।—पृ० २३६-३७

९ एपिग्राफिया इंडिका जिल्द १६ भाग २

इन्द्र और उनका ऐन्द्र व्याकरण

ऐन्द्र व्याकरण अब तक उपलब्ध नहीं हुआ, किन्तु कातन्त्र व्याकरण को ऐन्द्र व्याकरण के आधार पर रचा गया माना जाता है। इन्द्र का वैयाकरण के रूप में सर्वप्रथम उल्लेख तैत्तरीयसंहिता में आता है।[१०] नैषधकार ने भी नैषध (१०।१३५) में इन्द्र का उल्लेख किया है। तेरहवी शताब्दी के अन्त में चण्डुपडित ने भी इन्द्र का उल्लेख किया है।[११]

तिब्बती परम्परा में इन्द्रगोमिन् के इन्द्रव्याकरण की जानकारी मिलती है और नैपाल के बौद्धो मे इसका पठन-पाठन बताया जाता है।[१२] वास्तव में इन्द्र व्याकरण के विषय मे अभी पर्याप्त छानबीन की आवश्यकता है।

आपिशल और उनका आपिशलि व्याकरण

आपिशल का उल्लेख पाणिनि ने 'वा सुप्यापिशले' कहकर अष्टाध्यायी में किया है। महाभाष्य (४।२।४५, ४।१।१४) काशिका (६।२।३६, ७।३।९५) तथा न्यास में भी आपिशल के कई उल्लेख आये हैं। आपिशल का अध्ययन करने वाली ब्राह्मणी आपिशला कहलाती थी।[१३] आपिशल को पढ़ने वाले छात्र भी आपिशल कहलाते थे।[१४] काशिका की वृत्ति (१।१।२२) में जैनेन्द्र बुद्धि ने भी आपिशल का उल्लेख किया है। कातन्त्र सम्प्रदाय के व्याकरण मे भी आपिशल का उल्लेख मिलता है।[१५] आपिशल का कोई ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है।

चन्द्र और उनका चान्द्रव्याकरण

बौद्ध चन्द्रगोमिन का चन्द्रवृत्तिक ही सोमदेव द्वारा उल्लिखित चान्द्रव्याकरण ज्ञात होता है। यह ५वीं शती की रचना मानी जाती है। लिपजिग से इसका प्रकाशन भी हो चुका है।[१६]

---

१० बेलवलकर—सिस्टम्स ऑव संस्कृत ग्रामर, पृ० १०

११ तादृक्कृतव्याकरणं तादृक्कृत ऐन्द्र व्याकरणम्।

१२ विंटरनित्स उल्लिखित हन्दिकी।—यश० पृ० ४७३

१३ आपिशलमधीते ब्राह्मणी आपिशला ब्राह्मणी, महाभाष्य ४।१।१४

१४ अधीयतेऽन्तेवासिनस्तेऽप्यापिशला।—आपिशलैर्वा छात्रा आपिशला इति।
—काशिका ६।१।२६

१५ 'द्वितीयैनेन' की टीका में दुर्गसिंह—आपिशलीयव्याकरणे समयादीनां कर्मप्रवचनीयत्वं दृष्टमिति मतम्।

१६ बेलवलकर वही पृ० ५८

पणिपुत्र या पाणिनि

सोमदेव ने यशोधर को पणिपुत्र की तरह पदप्रयोग में निपुण कहा है। श्रीदेव तथा श्रुतसागर दोनो ने ही पणिपुत्र का अर्थ पाणिनि किया है। अष्टाध्यायी के रचयिता पाणिनि की माँ का नाम दाक्षी था। सोमदेव के उल्लेखानुसार उनके पिता का नाम पणि या पाणि था। तेलुगु के श्रीनाथ और पैदन के ग्रन्थो में पाणिनि को पाणिसुनु कहा है।[१७]

इस प्रकार यह यशस्तिलक का सन्दर्भ पाणिनि के सम्बन्ध में ज्ञात तथ्यो में एक और नयी कडी जोडता है।

पूज्यपाद देवनन्दि और उनका जैनेन्द्र व्याकरण

पूज्यपाद का सोमदेव ने दो बार उल्लेख किया है। पूज्यपाद देवनन्दि का जैनेन्द्र व्याकरण प्रसिद्ध है। इनका समय पाँचवी शताब्दी का उत्तरार्द्ध माना जाता है। जैनेन्द्र व्याकरण के अतिरिक्त पूज्यपाद कृत सर्वार्थसिद्धि प्रसिद्ध है। यह उमास्वातिकृत तत्त्वार्थसूत्र की प्रथम सस्कृत टीका है।

पूज्यपाद देवनन्दि एक अच्छे दार्शनिक भी थे, किन्तु व्याकरणाचार्य के रूप में वे और भी अधिक प्रसिद्ध हुए। एक स्वतन्त्र व्याकरण सिद्धान्त निर्माता के रूप में उन्हे माना जाता था और इसीलिए 'पूज्यपाद की तरह व्याकरणविशेषज्ञ एक कहावत-सी चल पडी थी। श्रवणबेलगोला के शिलालेखो में इस तरह के उल्लेख मिलते हैं। शक संवत् १०३७ के एक शिलालेख में मेघचन्द्र को पूज्य पाद की तरह सर्वव्याकरण विशेषज्ञ कहा है। इसी तरह जैनेन्द्र और श्रुतमुनि को भी पूज्यपाद की तरह व्याकरणविशेषज्ञ कहा गया है।[१८] स्वयं सोमदेव ने यशोधर को शब्दशास्त्र मे पूज्यपाद की तरह कहा है।

पतजलि

पतजलि का उल्लेख एक श्लेष में आया है।[१९]

---

१७ राघवन्—ग्लीनिग्ज फ्राम सोमदेव सूरीज यशस्तिलकचम्पू, दी जरनल ऑफ दी गंगानाथ झा रिसर्च इंस्टीटयूट, इलाहाबाद जिल्द १ भाग ३, मई १९४४

१८ सर्वव्याकरणे विपश्चिदधिप श्रीपूज्यपाद स्वयम्—श्लो० ३०
—जैनेन्द्रे पूज्य (पाद) श्लो० २३
—शब्दे श्रीपूज्यपाद श्लो० ४०
—जैन शिलालेख संग्रह पृ० ६२ ११९ १०२

१९ शब्दशास्त्रविद्याधिकरणव्याकरणपतंजल।—पृ० ३१६, उत्त०

गणितशास्त्र

गणितशास्त्र को सोमदेव ने प्रसंख्यान शास्त्र कहा है। पारिरक्षक प्रसंख्या नोपदेश के अधिकारी विद्वान् माने जाते थे। श्रीदेव तथा श्रुतसागर दोनो ने पारिरक्षक का अर्थ यति या सन्यासी किया है। सम्भवत पाणिनि द्वारा उल्लिखित भिक्षुसूत्र के कर्ता का नाम पारिरक्षक रहा हो।

प्रमाणशास्त्र और अकलक

सोमदेव ने यशोधर को प्रमाणशास्त्र में अकलंक की तरह कहा है। अकलक जैन-न्याय या प्रमाणशास्त्र के प्रतिष्ठापक विद्वान् माने जाते हैं। ८वी शती के यह एक महान् आचार्य थे। अनेक ग्रन्थो तथा शिलालेखों में अकलंक के उल्लेख मिलते हैं। तत्त्वार्थवार्तिक, अष्टशती, लघीयस्त्रय, न्यायविनिश्चय, सिद्धि विनिश्चय तथा प्रमाणसग्रह अकलक की महत्वपूर्ण रचनाए हैं। सौभाग्य से सभी के समालोचनात्मक सस्करण प्रकाशित हो चुके हैं।[२०]

राजनीतिशास्त्र

सोमदेव ने यशोधर को नीतिशास्त्र और व्यूहरचना में कवि की तरह कहा है।[२१] श्रीदेव ने कवि का अर्थ बृहस्पति तथा श्रुतसागर ने शुक्र किया है।

एक अन्य प्रसंग में गुरु, शुक्र, विशालाक्ष, परीक्षित, पाराशर, भीम, भीष्म तथा भारद्वाजरचित नीतिशास्त्रो का उल्लेख है।[२२] दुर्भाग्य से अभी तक इनमें से किसी का भी स्वतन्त्र ग्रन्थ उपलब्ध नही हुआ, किन्तु सोमदेव के उल्लेख से यह सुनिश्चित है कि दशमी शती में सभी ग्रन्थ प्राप्त थे और उनका पठन-पाठन भी होता था।

गजविद्या तथा रोमपाद

यशोधर को गजविद्या में रोमपाद की तरह कहा है। अंग नरेश रोमपाद को पालकाप्य मुनि ने हस्त्यायुर्वेद की शिक्षा दी थी।[२३]

रोमपाद के अतिरिक्त सोमदेव ने गजशास्त्रविशेषज्ञ आचार्यों में इभचारी,

---

२० भारतीय ज्ञानपीठ काशी द्वारा प्रकाशित

२१ कविरिव राजराद्धान्तेषु, काव्य इव व्यूहरचनासु।—पृ० २३६

२२ गुरुशुक्रविशालाक्षपरीक्षितपाराशरभीमभीष्मभारद्वाजादिप्रणीतनीतिशास्त्रश्रवण-समायद् ।—पृ० ३७१

२३ हस्त्यायुर्वेद, आनन्दाश्रम सीरीज २६, भार्गवीका १०

याज्ञवल्क्य, वाढलि (वाहलि), नर नारद, राजपुत्र तथा गौतम का उल्लेख किया है।[२४]

दुर्भाग्य से इनमें से किसी का भी स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं मिलता, पर सोमदेव के उल्लेख से यह महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है कि इन सभी के गजशास्त्र उपलब्ध थे।

अश्वविद्या और रैवत

रैवत अश्वविद्या विशेषज्ञ माने जाते थे, इसीलिए सोमदेव ने यशोधर को अश्वविद्या में रैवत के समान कहा है। यशस्तिलक के दोनो टीकाकारो ने रैवत को सूर्य का पुत्र बताया है। मार्कण्डेयपुराण (७५।२४) में भी रैवत या रैवन्त को सूर्य और बडवा का पुत्र कहा गया है तथा गुह्यक मुख्य और अश्ववाहक बताया है। अश्वकल्याण के लिए रैवत की पूजा भी की जाती है (देखिए, जयदत्त—अश्वचिकित्सा बिब० इडिका १८८६, ८, पृ० ८५ ८)।

अश्वविद्या विशेषज्ञो में सोमदेव ने शालिहोत्र का भी उल्लेख किया है (१७३ हि०)। शालिहोत्रकृत एक संक्षिप्त रैवत-स्तोत्र प्राप्त होता है (तजौर ग्रन्थागार पुस्तक सूची पृ० २०० तथा कीथ का इडिया आफिस केटलाग पृ ७५८)।[२५]

रत्नपरीक्षा और शुकनाश

सोमदेव ने यशोधर को रत्नपरीक्षा में शुकनाश की तरह कहा है। श्रीदेव तथा श्रुतसागर दोनो ने शुकनाश का अर्थ अगस्त्य किया है। रत्नपरीक्षा का एक उद्धरण भी यशस्तिलक मे आया है—

> "न केवल तच्छुभकृन्नृपस्य मन्ये प्रजानामपि तद्विभूत्यै।
> यद्योजनाना परत शताद्वि सर्वाननर्थान् विमुखी करोति ।।

यह पद्य बुद्धभट्टकृत रत्नपरीक्षा में उपलब्ध होता है। गरुडपुराण (पूर्व खण्ड अध्याय ८ से ८०) में यह ग्रन्थ शामिल है। भोजकृत युक्तिकल्पतरु में उद्धृत गरुडपुराण के उद्धरणो में भी यह पद्य मिलता है।

वैद्यक और काशिराज

सोमदेव ने यशोधर को शरीरोपचार में काशिराज की तरह कहा है। श्रुतसागर ने काशिराज का अर्थ धन्वन्तरि किया है।

---

२४ पृ० २४१

२५ राघवन्—स्ली० फ्रा० यश०, वही

अन्य प्रसंगों में चारायण, निमि, धिषण तथा चरक के भी उल्लेख हैं।

इन विद्वानों के वैद्यक ग्रन्थ दशमी शती में उपलब्ध थे और उनका पठन पाठन भी होता था। स्वास्थ्य, रोग और उनकी परिचर्या परिच्छेद में इनके विषय म और भी जानकारी दी गयी है।

संसर्गविद्या या नाट्यशास्त्र

भरत और उसके नाट्यशास्त्र का उल्लेख यशस्तिलक में कई बार आया है। एक श्लेष में नाट्यशास्त्र को सोमदेव ने संसर्गविद्या कहा है (भावसकर संसर्ग विद्यासु, पृ० २०२)। श्रीदेव और श्रुतसागर दोनों ने ही संसर्गविद्या का अर्थ भरत अर्थात् नाट्यशास्त्र किया है। कला परिच्छेद में भरत तथा नाट्यशास्त्र के उल्लेखों के विषय में विचार किया गया है।

चित्रकला तथा शिल्पशास्त्र

चित्रकला तथा शिल्पशास्त्रविषयक उल्लेख भी यशस्तिलक में यत्र-तत्र आये हैं। कला और शिल्प अध्याय में उनका विवेचन किया गया है।

कामशास्त्र

कामशास्त्र को सोमदेव ने कन्तुसिद्धान्त कहा है और दत्तक को उसका विशेषज्ञ बताया है (दत्तक इव कन्तुसिद्धान्तेषु वही)। वात्स्यायन ने कामसूत्र में दत्तक का उल्लेख किया है।

सोमदेव ने कामसूत्र का दो बार और भी उल्लेख किया है।[२६] वास्तव में कामसूत्र में वर्णित विभिन्न चेष्टाओं तथा कामक्रीडाओं आदि का विवरण यशस्तिलक की अनेक उपमा-उत्प्रेक्षाओं तथा श्लेषों में आया है।

रति-रहस्य और उसकी रत्नदीप टीका

एक श्लेष में सोमदेव ने कोककृत रतिरहस्य और उस पर रत्नदीप नामक टीका का उल्लेख किया है।[२७]

चौसठ कलाएँ

यशस्तिलक में चौसठ कलाओं का एक साथ तो उल्लेख नहीं है, किन्तु विभिन्न

---

२६ न क्षमदिग्वरपरिचितकामसूत्राया ।—पृ० ४५ हि०
भद्रारचुर्तिभिरुदाहृतकामसूत्रम् ।—१।७६

२७ चारायणचारुपादितरतिरहस्यरत्नदीपविरचने ।—पृ० १९

प्रसंगों पर उनमें से कई का उल्लेख है। सोमदेव ने यशोधर को चन्द्रापयीश की तरह अपरकलाओं में निष्णात कहा है।[२८] सम्भवत अपर कलाओं से तात्पर्य यहाँ ६४ कलाओ से है।

पत्रच्छेद

चौसठ कलाओ में पत्रच्छेद भी एक कला मानी जाती है। पत्तो में कैंची से तरह-तरह के नमूने काटना पत्रच्छेद है। वात्स्यायन ने कामसूत्र (१।३।१६) में इसे विशेषकच्छेद्य कहा है। विशेषकर प्रणय प्रसगो में इस कला का उपयोग किया जाता था। वात्स्यायन ने लिखा है—पत्रच्छेद्य मे अपने अभिप्राय के सूचक मिथुन का अकन करके प्रेमी या प्रेमिका के पास भेजना चाहिए।[२९]

भोगावलि या राजस्तुतिविद्या

राजा की स्तुति में लिखी गयी प्रशसात्मक कविता भोगावलि विरुदावलि या रगघोषणा कहलाता है। यशस्तिलक में भोगावलि का तीन बार उल्लेख है (पृ० २४९ २५१ ३९९)। राजदरबारो म भोगावली पाठक हुआ करते थे।

काव्य और कवि

यशस्तिलक में सोमदेव ने बीस स भी अधिक महाकवियो का उल्लेख किया है—ऊर्व भारवि, भवभूति, भर्तृहरि भर्तृमेण्ठ कण्ठ गुणाढ्य व्यास, भास, बोस कालिदास बाण मयूर नारायण कुमार, माघ और राजशेखर। इनमें कई एक कवि जितने प्रसिद्ध और परिचित हैं उतने ही कई-एक अप्रसिद्ध और अपरिचित। नारायण सम्भवत वेणीसहार के कर्ता भट्टनारायण हैं और कुमार जानकीहरण के कर्ता कुमारदास। भास के विषय में निश्चित रूप से कहना कठिन है कि ये प्रसिद्ध नाटककार भास हैं अथवा अन्य। भास का महाकवि के रूप में एक अन्य प्रसग (पृ० २५१ उत्त०) मे भी उल्लेख है और उनका एक पद्य भी उद्धत किया है।

कण्ठ कवि का प्राचीन कवियों में कोई पता नही चलता। क्षीरस्वामीकृत क्षीरतरगिनी म कण्ठ को संस्कृत धातु विशेषज्ञ के रूप में अनेक बार उद्धत किया है। सम्भव है ये यही कण्ठ महाकवि हो। ऊर्व सम्भवत वल्लभदेवकृत सुभाषितावलि मे उल्लिखित औवं हैं।

---

२८ चन्द्रापयीश इव अपरास्वपि कलासु।—पृ० २३७

२९ पत्रच्छेद्यक्रियायां च स्वाभिप्रायसूचकं मिथुनमस्या दर्शयेत्।—३।४।

बाणभट्ट तथा उनकी कादम्बरी का एक स्थान पर और भी उल्लेख है। कादम्बरी से एक वाक्य भी उद्धृत किया गया है।[३०]

माघ का भी एक बार उल्लेख है। यशोधर को माघ के समान बताया है।[३१]

भर्तृहरि के नीतिशतक और शृङ्गारशतक से एक-एक पद्य बिना उल्लेख के उद्धृत किया गया है।[३२]

जिन कवियो के विषय में हमें अन्यत्र जानकारी नही मिलती ऐसे कवियो में निम्नलिखित उल्लेख्य हैं—

अहिल के नाम से शिव-स्तुति रूप दो पद्य (पृ० २५५ उत्त०) उद्धत हैं।

नीलपट के नाम से (पृ० २५२ उत्त०) एक पद्य उद्धृत है। सम्भवत यह नीलपट सदुक्तिकर्णामृत में उल्लिखित नीलभट्ट हैं।

वररुचि के नाम से (पृ० ९९ उत्त०) एक पद्य उद्धृत है। यद्यपि यह पद्य निर्णयसागर द्वारा प्रकाशित भर्तृहरि के नीतिशतक मे पाया जाता है, किन्तु वास्तव में यह नीतिशतक का प्रतीत नही होता, क्योंकि एक तो अन्य संस्करणो में भी नही है दूसरे जब सोमदेव को भर्तृहरि और उनके साहित्य की जानकारी थी तो वे भर्तृहरि का पद्य वररुचि के नाम से क्यों उद्धत करते।

अन्य उल्लेख

एक पद्य म त्रिदश, कोहल, गणपति, शकर कुमुद तथा कैकट का उल्लेख है।[३३] इनके विषय में अन्यत्र कोई जानकारी अभी नही मिलती।

दार्शनिक और पौराणिक साहित्य

दार्शनिक और पौराणिक साहित्य के अनेक उल्लेख यशस्तिलक में आये हैं। प्रो० हन्दिकी ने इनका विस्तार से विवेचन किया है, इसलिए उसे यहां पुनरुद्धृत नही किया गया।

---

३० आहार साधुजनविनिन्दितो मधुमासादिरिति बाणेन।—पृ० १०१ उत्त०

३१ सुकविकाव्यकथाविनोददोहदमाघ।

३२ श्रीमुद्रां मकरकेतनस्य—इत्यादि
नमस्यामोदेवाननु हतविधे, इत्यादि।—पृ० २५१ उ०

३३ पूर्ति प्वेदविदशविदुष कोहलस्यार्थहान
मानम्लानिर्गणपतिकवे शंकरस्याशुनाश।
धर्मध्वस कुमुदकृतिन कैकटस्य प्रवासः
पापादस्मादिति समभवदेव देवे प्रसिद्धि॥—पृ० ३२९

गज-विद्या

यशस्तिलक में गज विद्या विषयक प्रचुर सामग्री है। गजोत्पत्ति की पौराणिक अनुश्रुति, उत्तम गज के गुण, गजो के भद्र, मन्द मृग तथा संकीर्ण भेद, गजो की मदावस्था, उसके गुण दोष और चिकित्सा, गजशास्त्र के विशेषज्ञ आचार्य, गज परिचारक गज शिक्षा इत्यादि का विस्तृत वर्णन मिलता है। यह वर्णन मुख्य रूप से तीन प्रसगो में आया है—

(१) मारिदत्त हाथियो के साथ खेला करता था (सामजैः सह चिक्रीड ३१)।

(२) यशोधर के पट्टबन्ध उत्सव पर अनेक गुण सयुक्त गज उपस्थित किया गया (आकरस्थानमिव गुणरत्नानाम २९९)।

(३) सम्राट यशोधर ने स्वय गजशिक्षाभूमि पर जाकर गजो को शिक्षित किया (करिविनयभूमिषु स्वयमेव वारणान्विनिन्ये, ४८२)। हथिनि पर सवारी की (कृतकरेणुकारोहणः ४९१) गजक्रीडास्थली में गजक्रीडा देखी (प्रधावधरणिषु करिकेलिरदर्शम ५०५) तथा दन्त-वेष्टन किया (कोशारोपणमकरवम ५०६)।

प्रथम प्रसग में गजशास्त्र सम्बन्धी अनेक पारिभाषिक शब्दो का प्रयोग हुआ है।

यशोधर के पट्टबन्धोत्सव के लिए जो हाथी लाया गया उसका वर्णन निम्न प्रकार किया गया है (पृष्ठ २९१–२९९)—

'हे राजन् यह गज कलिगवन म उत्पन्न ऐरावत कुल प्रचार से सम देश से साधारण, जन्म से भद्र सस्थान से समसम्बद्ध उत्सेध (ऊर्ध्वता) आयाम (दीर्घता) तथा परिणाह (वृत्तता) से सम-सुविभक्त शरीर आयु से दो दशाओ को भोगता हुआ, अग से स्वायत व्यायत छवि वर्ण प्रभा और छाया से आशसनीय, आचार शील शोभा और आवेदिता से कल्याण, लक्षण और व्यजन से प्रशस्त बल, वर्ष्म (शरीर), वय और वेग से उत्तम, ब्रह्माश, गति, सत्त्व स्वर और अनूक से प्रियालोक विनायक (गणेश) की तरह मोटा चौड़ा मुँह, तालु में अशोक पुष्प की तरह अरुण, अन्तर्मुख में कमलकोश की तरह शोण प्रकाश उरोमणि, विक्षोभ कटक, कपोल तथा सृक्व में पीन और उपचितकाय, सुप्रमाण कुभ ऋजु-पूर्ण तथा ह्रस्व कन्धरा, अलि के समान नीले और मेघ के समान घने तथा स्निग्ध केश, समसूद्गतव्यूढ मस्तक, अनल्प आसनस्थान डोरी चढाये गये धनुष की तरह अनुवंश (रीढ़), अजकुक्षि, अनुपदिग्ध पेचक, कुछ उठी हुई, जमीन को छूती हुई बैल की पूछ के समान पूँछ, अभिव्यक्त पुष्कर (शुण्डाग्रभाग), वराह के जघन के

समान अपरदेश (पश्चिम भाग), आम्र-पल्लव के समान कोश, समुद्र और कूर्म की आकृति के समान गात्र और अपर तल, अष्टमी के चन्द्रमा की तरह निश्चल एवं परस्पर सलग्न विघातिनखमयूख वाला है। क्रम से पृथु, वृत्त आयत और कोमलता से पूर्ण, होनेवाले अनेक युद्धो में प्राप्त विजय की गणना रेखाओं के समान कतिपय बलियों (सिकुड़नो) द्वारा अलंकृत मद झराते, मृदु दीर्घ और विस्तृत अंगुली वाले कर (सूड) से यहाँ-वहाँ बिखेरे गये वमथु (मुख के) जल की फुहार से मानो इस पट्टबन्ध उत्सव के सुअवसर पर दिग्पालो की पुरन्ध्रियो को मुक्ताफल के उपहार बाँट रहा हो। निरन्तर उड रहे मलयज, अगुरु, कमल, केतकी, नीलकमल और कुमुद की सुगधि सरीखे मद और वदन की सुगंधि से मानो, आपके ऐश्वर्य को देखने के लिए अवतीर्ण देवकुमारो को अर्घ्य दे रहा हो। मेघ की तरह गभीर और मधुर ध्वनि तुल्य बृंहित द्वारा समस्त यागनागो में श्रेष्ठता प्रमाणित कर रहा हो। घन और स्निग्ध भौंह वाले स्थिर, प्रसन्न, आयत व्यक्त, रक्त, शुक्ल, कृष्ण दृष्टि वाले मणि की कान्ति सदृश नेत्र-युगल के अरविन्द पराग सदृश पिंगल कटाक्षपात द्वारा मानो ककुभांगनाओ के लिए पिष्टातक चूर्ण बिखेर रहा हो। किंचित् दक्षिण की ओर उठे हुए, ताम्रचूड (मुर्गा) के पिछले पैरों की पिछली अंगुलियो की तरह सुशोभित सम सुजात और मधु की कान्ति सदृश दोनो खीसो द्वारा मानो स्वर्गदर्शन के कुतूहलवाली आपकी कीर्ति के लिए सोपान बना रहा हो। असिर अतल, प्रलम्ब और सुकुमार उदय वाले कर्णताल द्वय के द्वारा मानो आनन्द दुंदुभि के नाद को पुनरुक्त (द्विगुणित) कर रहा हो। ऊंचाई के कारण पर्वत की चोटियो को नीचा दिखा रहा हो। सरस्वती के हास का उपहास करने वाले देह प्रभापटल के द्वारा स्वकीय शरीराश्रित वीरलक्ष्मी के निकट में श्वेत कमल का मानो उपहार चढ़ा रहा हो। ध्वज, शंख, चक्र, स्वस्तिक, नन्द्यावर्त विन्यास तथा प्रदक्षिणावर्त वृत्तियो वाली सूक्ष्ममुख स्निग्ध रोमराजि द्वारा अति सूक्ष्म बिन्दुमाला द्वारा यथोचित शरीरावयवो पर विन्यस्त है। महोत्सव पूजा युक्त विजयलक्ष्मी के निवास की तरह है। इस प्रकार अन्य बहुल, विपुल, व्यस्त, सनि वेश से मनोहर मान, उन्मान, प्रमाण युक्त चारों प्रकार के प्रदेशों द्वारा अन्यून और अनतिरिक्त, समप्रकार की स्थिति द्वारा नृप तथा महामात्य के सप्त समुद्र पर्यंत शासन की घोषणा करता हुआ, द्वादश क्षेत्रो मे शुभ फल को व्यक्त करने वाले अवयव वाला, सिद्ध योगी की तरह रूपादि विषयों में शान्त, विश्वर्षि की तरह सर्वज्ञ, कृशानु (अग्नि) की तरह तेजस्वी, कुलीन की तरह उदय और प्रत्यय से विशुद्ध, अधोक्षज (विष्णु) की तरह कामवन्त, अमृत की कान्ति की तरह अपताप,

आयोधमार्गसर की तरह मनस्वी, अनाद्यून(अल्पभोजी) की तरह सुभग तथा अन्य गुणरत्नों की भी खान है।'

इस विवरण के बाद करिकलाभ नामक बन्दी ने गजप्रशंसापरक चौबीस पद्य पढ़े।

उपर्युक्त वर्णन में गज-शास्त्र सम्बन्धी अनेक सिद्धान्तो की जानकारी दी गयी है। गजशास्त्र में गज के निम्नलिखित बाह्य और अतरंग गुणो का विचार किया जाता है—

(१) उत्पत्ति-स्थान—किस वन में पैदा हुआ है।

(२) कुल—ऐरावत आदि किस कुल का है।

(३) प्रचार—सम या विषम कैसा प्रचार है, अर्थात् केवल सम प्रदेश में गमन कर सकता है या विषम में भी।

(४) देश—किसी देश विशेष म ही रह सकता है या कही भी।

(५) जाति—भद्र मन्द, मृग आदि में से किस जाति का है।

(६) सस्थान—शारीरिक गठन कैसा है।

(७-६) उत्सेध, आयाम, परिणाह—ऊंचाई, लम्बाई तथा मोटाई कैसी है।

(१०) आयु—आयु की द्वादश दशाओ मे से किसमें है (दस वर्ष की एक दशा होती है, सं० टी०)।

(११) छवि—शरीर में स्वायत व्यायत (ऊँची तथा तिरछी) बलि रहित छवि (त्वचा) है।

(१२) वर्ण—शुद्ध, व्यामिश्र तथा अन्तर्वर्ण के तीन-तीन भेदो में से कौन सा वर्ण है।

(१३) प्रभा—प्रभा कैसी है।

(१४) छाया—पार्थवी, औदकी, आग्नेयी, वायव्य तथा तामसी छाया में से कौनसी छाया है।

(१५) आचार—कायगत आचार कैसा है।

(१६) शील—मनोगत शील (स्वभाव) कैसा है।

(१७) शोभा—लोहित, प्रतिच्छन्न, पक्षलेपन समकक्ष, समतल्प, व्यतिकर्ण तथा द्रोणिका (सं० टी०) में से कौन सी है। चौथी शोभा श्रेष्ठ मानी जाती है।

(१८) आवेदिता—अर्थवेदिता।

(१६-२०) लक्षण-व्यजन—कर, रदन आदि लक्षण तथा बिन्दु, स्वस्तिक आदि व्यंजन (स० टी०) कैसे हैं।

(२१–२४) बल, धर्म, वय और जव—उत्तम, मध्यम तथा अधम बल।
(२५) अंश—ब्रह्मादि अंशों में से किस अंश वाला है।
(२६) गति—कैसा चलता है।
(२७) रूप—रूप कैसा है।
(२८) सत्त्व—सत्त्व कैसा है।
(२९) स्वर
(३०) अनूक
(३१) तालु
(३२) अन्तरास्य—मुँह का भीतरी भाग
(३३) उरोमणि—हृदय
(३४) विलोभकटक—श्रोणिफलक
(३५) कपोल
(३६) सृक्व
(३७) कुम्भ—सिर
(३८) कन्धरा—ग्रीवा
(३९) केश
(४०) मस्तक
(४१) आसनावकाश—बैठने का स्थान (पीठ)
(४२) अनुवंश—रीढ
(४३) कुक्षि—कोख
(४४) पेचक—पूँछ का मूल भाग
(४५) वालधि—पूँछ
(४६) पुष्कर—शुण्डाग्रभाग
(४७) अपर—पुट्ठे
(४८) कोश—भेद

करिकलाभ नामक बन्दी ने जो चौबीस पद्य पढ़े उनमें भी गजशास्त्र सम्बन्धी कई सिद्धान्त प्रतिफलित होते हैं।

गजोत्पत्ति

गजोत्पत्ति के सम्बन्ध में यशस्तिलक में तीन पौराणिक तथ्यों का उल्लेख हुआ है—

(१) जिस अण्डे से सूर्य उत्पन्न हुआ था, उसी के एक टुकड़े को हाथ में लेकर ब्रह्मा ने सामवेद के पदो को गाते हुए गजो को उत्पन्न किया।[२४]

(२) गजो की उत्पत्ति साम से हुई।[२५]

(३) अमित बल वाले तथा विशालकाय होने पर भी गजों के शान्त रहने का कारण मुनियो का शाप तथा इन्द्र की आज्ञा है।[२६]

उक्त बातो का समर्थन पालकाप्य के गजशास्त्र से पूर्णरूपेण हो जाता है। उसमें अग नरेश के पूछने पर गजोत्पत्ति इस प्रकार बतायी गयी है—'ब्रह्मा ने पहले जल रचा, फिर उसमे वीर्य डाला, वह सोने का अण्डा बन गया, उससे भूत (पच भूत) उत्पन्न हुए अण्डे का सबसे देदीप्यमान अश अदिति को दिया, उसने सूर्य को जना। आधे कपाल को दायें हाथ में लेकर सामवेद को गाते हुए गज को उत्पन्न किया।[२७]

पालकाप्यचरित्र के प्रसग में सामगायन नामक महर्षि द्वारा पालकाप्य के जन्म की एक अद्भुत कथा आयी है—सामगायन महर्षि के आश्रम के पास एक बार एक गजयूथ पहुँच गया। रात्रि में महर्षि को स्वप्न म एक सुन्दर यक्षिणी दिखी। महर्षि ने उठकर आश्रम के बाहर जाकर पेशाब किया। एक हथिनी ने वह पी लिया। उसके गर्भ रह गया। वह हथिनी वास्तव में एक कन्या थी, जो मातग महर्षि के शाप के कारण हथिनी हो गयी थी। उसने पालकाप्य का

---

२४ यस्माद्भानुरभूत्ततोऽण्डशकलाद्धस्ते धृतादात्मभू
गीय सामपदानि याम्गणपतेयक्त्रानुरूपाकृतीन्।—पृ० २९९, पू०

२५ सामोद्भवाय शुभलक्षणलक्षिताय।—पृ० ३००

२६ महान्तोऽमी स तोऽप्यमितबलसंपन्नवपुषा
यदेवं तिष्ठन्ति क्षितिपशरणे शान्तमतय।
तदत्र श्रद्धेय गजनयबुधै कारणमिदं
मुनीन्द्राणा शाप सुरपतिनिदेशश्च नियतम्॥—पृ० ३०७

२७ अथ दक्षिणहस्तस्थात्कपालादसृजन्मृगम्।
अभिगायश्च स्यात्मा सप्तभिस्सामभिर्विधि॥—गजशास्त्र गजोत्पत्ति १ १
सूर्यस्याण्डकपालमादिमुनिभि संदर्शितं तैजसं,
पाणिभ्यां परिगृह्य सप्रणववाक् सव्ये कपालं करे।
धृत्वा गायति सप्तधा कमलजे सामानि तेभ्योऽभवन्
मत्तास्सप्तमतगजा प्रथवतश्चान्योऽष्टमा सम्भव॥—वही पृ० १८, श्लोक २०

जन्म दिया।[38] सोमदेव ने 'सामोद्भवाय' कहकर इसी पौराणिक अनुश्रुति की ओर ध्यान दिलाया है।

पालकाप्यचरित्र के ही प्रसंग में मुनियों के शाप तथा इन्द्र की आज्ञा का भी उल्लेख है—'प्राचीन काल में हाथी स्वेच्छा से मनुष्य तथा देवलोक में विचरते थे। उन्हीं दिनों हिमालय की तराई में एक वटवृक्ष के नीचे दीर्घतपा महर्षि तप करते थे। एक बार गजयूथ वटवृक्ष पर उतरा। सारे हाथी एक ही शाखा पर बैठ गये। शाखा टूट पडी और हाथियो सहित नीचे आ गिरी। महर्षि ने क्रोधित होकर शाप दिया—'यथेच्छ विहार से च्युत होकर मनुष्यो की सवारी होओ।[39]

उपर्युक्त कन्या के शाप के विषय में पालकाप्य में कहा गया है कि इन्द्र ने मतग महर्षि को तप से डिगाने के लिए गुणवती नाम की कन्या भेजी थी, जिसे महर्षि ने हस्तिनी होने का शाप दे दिया।[40] इसके अतिरिक्त पालकाप्य के गज शास्त्र में दीर्घतप, अग्नि, वरुण, भृगु तथा ब्रह्मा के शाप का विस्तार के साथ विवेचन किया है।[41]

सोमदेव ने 'मुनीन्द्राणां शाप', 'सुरपतिनिदेशश्च' पद में इन्हीं बातों की सूचनाएँ दी हैं।

गज के भेद—गज के निम्नलिखित भेदो के विषय में सोमदेव ने विशेष जानकारी दी है—

भद्र—भद्र जाति के हाथी में सोमदेव ने निम्नलिखित लक्षण बताए हैं—

(१) चौडा सीना, (२) मस्तक मे अनेक रत्न, (३) स्थूल या बृहत्काय, (४) निश्चल और सुडौल शरीर, (५) ललित गति, (६) अन्वर्थवेदिता, (७) लम्बी

---

३८ तं मा विद्धि महाराज प्रसूतं सामगायनात्।—इत्यादि,
गजशास्त्र, श्लो० ९९–६१

३९ यस्मद्दर्पोच्छ्रया नाग्या मम शापपरिग्रहात्,
विमुक्ता कामचारेण भविष्यथ न संशय।
नराणां वाहनत्वं च तस्मात् प्राप्स्यथ वारणा।—इत्यादि,
वही श्लो० ३१-२९

४० धर्मविघ्नकरी मत्वा शक्रेण प्रहितां स्वयम्।
ततः शशाप संक्रुद्धस्तापसस्तु स कन्यकाम्॥
अरण्ये विचरस्येका यस्मान्मानुषवर्जिते।
तस्मादरण्यनिलये करेणुस्त्वं भविष्यति॥—वही, श्लोक ७३, ७४

४१ गजशास्त्र तृतीय प्रकरण

सूँड, (८) सुगन्धित श्वासोच्छ्वास, (९) सुन्दर कोश (पोते), (१०) रक्तोष्ठ, (११) कुलीन, (१२) स्वय के चिंघाडने की प्रतिध्वनि से मुदित होने वाला, (१३) सुन्दर मस्तकवाला, (१४) क्षमाशील, (१५) अपूर्व शोभायुक्त तथा, (१६) पैरो में फुरियाँ रहित।[४२]

पालकाप्य के गजशास्त्र में भी भद्र हस्ति के प्राय यही लक्षण बताए हैं।[४३] प्राकृत ग्रन्थ ठाणांग में भी चार प्रकार के हाथियो का वर्णन आया है। वहाँ भी भद्र गज के प्राय यही लक्षण बताये हैं।[४४]

मन्द—यशस्तिलक के अनुसार मन्द गज में निम्न लक्षण होने चाहिए—

(१) निविड बन्ध, (२) भयरहित, (३) विनम्र (४) उन्नत मस्तक, (५) कार्यभारक्षम, (६) बहुत कम थकने वाला, (७) मण्डल-युक्त, (८) गम्भीरवेदी, (९) पृथु, (१०) फुरियो युक्त तथा, (११) सान्द्रपर्व।[४५]

पालकाप्य के गजशास्त्र में भी किंचित् परिवर्तन के साथ यही लक्षण दिये हैं।[४६]

मृग—मृग जाति के गज में सोमदेव के अनुसार निम्न लक्षण पाये जाते हैं—

(१) कुटिलहृदय, (२) दुष्टबुद्धि, (३) ह्रस्व हृदयमणि (४) छोटी सूँड,

---

४२ व्यूढोरस्क प्रभूतान्तरमथिरतनु सुप्रतिष्ठागबन्ध
स्वाचारोऽन्वर्थवेदी सुरभिमुखमरुद्दीर्घहस्त सुकोश ।
आताम्रोष्ठ सुजात प्रतिरवमुदितश्चारुशीर्षोद्गमश्री
क्षान्तस्तत्कान्तलक्ष्मी शमितवलिमद शोभते भूप भद्र ॥
—यश० सं० पू० पृ० ४६२

४३ धैर्यं शौर्यं पटुत्व च विनीतत्व सुकर्मता ।
अन्वर्थवेदिता चैव भयरूपेष्वमूढता ॥
सुभगत्व च वीरत्व भद्रस्यैते गुणास्मृता ।—गजशास्त्र पृ० ६३ श्लोक १ २

४४ मधुगुलियपिंगलक्खो अणुपुव्वसुजायदीहलगूलो ।
पुरओ उदग्गधीरो सव्वग समाहिओ भद्दो ।—ठाणांग अ० ४ उ० २, पृ० २६६

४५ योऽक्लिष्टस्त्वयि वीतभीरवनत पश्चात्समसाधारपुन
किंचित्ते पुरत समुच्छ्रितशिरा कार्येषु भारक्षम ।
सोऽस्यश्रम एव मण्डलयुतो गम्भीरवेदी पृथु
मन्दैमानुकृतिर्बलीरितवपु स्यात्सान्द्रपर्वा नृप ॥—यश० वही पृ० ४९३

४६ विपुलतरकण्ठवदना महोदरा स्थूलपेचकजिघाना ।
बहुवलवलम्बमासा हर्यक्षा कुजरा मन्दा ॥—गजशास्त्र, पृ० ६७, श्लोक १६

(५) स्थूल दृष्टि, (६) अल्पकान्ति, (७) शोकालु, (८) भार ढोने में असमर्थ, (९) हीन और दुर्बल शरीर तथा (१०) मृग के समान गमन करने वाला।[४७]

पालकाप्य ने भी इसी प्रकार के लक्षण किंचित् परिवर्तन के साथ बताये हैं।[४८]

संकीर्ण—भद्र मन्द और मृग जाति के गजों के कुछ-कुछ लक्षण जिसमें पाये जाय उसे संकीर्ण गज कहते हैं।[४९] सोमदेव ने लिखा है कि यशोधर की गजशाला में शारीरिक और मानसिक गुणों से संकीर्ण अनेक प्रकार के गज थे।[५०] पालकाप्य के गजशास्त्र में अठारह प्रकार के संकीर्ण गज बताये गये हैं।[५१]

यागनाग—यशोधर के राज्याभिषेक के अवसर पर यागनाग का उल्लेख है।[५२] यागनाग उस श्रेष्ठ गज को कहते थे जिसमें निम्नलिखित चौदह गुण पाये जायें—

(१) कुल, (२) जाति (३) अवस्था, (४) रूप, (५) गति, (६) तेज, (७) बल (८) आयु, (९) सत्त्व (१०) प्रचार (११) संस्थान, (१२) देश, (१३) लक्षण, (१४) वेग।[५३]

---

४७ ये वारस्वयि बहलीकमनस सेवासु दुर्मेधसो,
ह्रस्वोरोमयाः करणु तनव स्थूलेक्षणा शात्रव ।
तैर्नाथाल्पतनुच्छविप्रभृतिभि शोकालुभिर्दुभरै
सङ्क्षिप्तैरणुवशकैर्मृगसम प्राय समाचर्यते ॥—यश वही, पृ० ४९४

४८ कृशाङ्गुलीवालधिवक्त्रमेढ्रो लघूदर क्षामकपोलकण्ठ ।
विस्तीर्णकर्णस्तनुदीर्घदन्त स्थूलेक्षणो यस्स गजो मृगाख्य ॥
—गजशास्त्र श्लो० ११

४९ संकीर्णास्त्रिगुणा मत ।—गजशास्त्र पृ० ७१ श्लोक ४२
एए सिंहहत्थीण थोवं थोव तु जो अणुहरइ हत्थी ।
रूवेण व सीलेण व सो संकिण्णोत्ति णायव्वो ॥
—ठाणांग अ० ४ उद्दे० २ सू० ३४८

५० द्वारि तव देव बद्धा संकीर्णाश्चेतसा च वपुषा च ।
शात्रव इव राजन्ते बहुभेदा कुञ्जराश्चैते ॥—यश० वही पृ० ४९४

५१ गजशास्त्र पृ० ७१, श्लोक ४२ से ७४

५२ यागनागस्य तुरगस्य च ।—सं० पू०, पृ० २८८

५३ कुलजातिवयोरूपैश्वारवर्ष्मबलायुषाम् । सत्त्वप्रचारसंस्थानदेशलक्षणवेगहृता ॥
एषां चतुर्दशानां तु यो गुणानां समाश्रय । स राज्ञो यागनाग स्याद्भूरिभूतिसमृद्धये ॥
—गजशास्त्र, पृ० १२

मदावस्थाएँ तथा उनका उपचार

यशस्तिलक में हाथियो की सात मदावस्थाओ का वर्णन किया गया है—

(१) सजाततिलका, (२) आर्द्रकपोलका, (३) अधोनिबन्धिनी, (४) गन्धचारिणी, (५) क्रोधिनी, (६) अतिवर्तिनी, (७) सभिन्नमदमर्यादा।[५४]

सस्कृत टीकाकार ने इनके समथन में एक पद्य उद्धृत किया है।[५५] पालकाप्य के गजशास्त्र में किंचित् परिवर्तन के साथ उक्त नाम आये हैं तथा उनका विस्तार से वर्णन किया गया है।[५६] यशोधर महाराज के वसुमतितिलक, पट्टवर्धन, उद्धताकुश, परचक्रप्रमर्दन, अहितकुलकालानल, चर्चरीवतस तथा विजयशेखर नामक गज क्रम से इन मदावस्थाओ में विद्यमान थे।[५७]

उपचार—मदावस्थाओ के उपचार के लिए यशस्तिलक में चिकित्सा का निम्नप्रकार बताया है—

(१) सोत्तालवृहण, (२) सचय, (३) व्यास्तार, (४) मुखवर्धन (५) कटवर्धन, (६) कटशोधन (७) प्रतिभेदन, (८) प्रवर्धन, (९) वर्णकर, (१०) गधकर, (११) उद्दीपन, (१२) ह्रासन, (१३) विनिवर्तन, (१४) प्रभेदन।[५८]

एक एक मदावस्था के लिए क्रमश दो दो उपचार किये जाते थे।

पालकाप्य ने गजशास्त्र में मद चिकित्सा के यही प्रकार बताये हैं।[५९]

गजशास्त्र विशेषज्ञ आचार्य

गजशास्त्र के प्राचीन आचार्यों में सोमदेव ने इभचारी, याज्ञवल्क्य वाद्धलि

---

५४ यश० स० पू० प० ४१२

५५ संजाततिलकापूर्वा द्वितीयार्द्रकपोलका। तृतीयाधोनिबद्धा च चतुर्थी गन्धचारिणी॥
पचमीक्रोधनी ज्ञेया षष्ठी चैव प्रवर्तिका। स्यात्सभिन्नकपोला च सप्तमी सवकालिका॥
प्राहु सप्तमदावस्था मदविज्ञानकोविदा।—स० टी० पृ० ४१५

५६. गजशास्त्र पृ० ११६ श्लोक ८३ १०४

५७ यश० पू० पृ० ४१५

५८ पृ० ४१५

५९ बृहणी कवलैर्युक्तैस्तथा संचयकारकै। विस्तारकारकैश्चान्यैर्मुखवधनकैरपि॥
करवृद्धिकरैर्योगै: कटवृद्धिकरैरपि। प्रभेदनैर्बन्धनैश्च गन्धवर्णकरैस्तथा॥
दोषोत्पादनकै पिण्डैर्जातिभास्वनुसारत। गजानुपचरेद्धाना प्रयत्नाद्यपानकै॥
—गजशास्त्र पृ० १२४, श्लोक १३ १५

(बाहुलि), नर, नारद, राजपुत्र तथा गौतम का उल्लेख किया है।[६०] इभचारी से प्रयोजन संभवतया पालकाप्य से है। पालकाप्य के चरित में गजों के साथ में संचरण की विशेषता का उल्लेख किया गया है।[६१] नीलकंठ ने मातंगलीला में एक आचार्य को 'मातंगचारी' कहा है (श्लो० ५), संभवतया वहाँ भी नीलकंठ का प्रयोजन पालकाप्य से ही है।

सोमदेव ने यशोधर को गजविद्या में रोमपाद की तरह कहा है (रोमपाद इव गजविद्यासु, २३६)। अंग नरेश रोमपाद को पालकाप्य ने हस्त्यायुर्वेद की शिक्षा दी थी। हस्त्यायुर्वेद में इस प्रसंग का विस्तृत वर्णन है।[६२]

गज परिचारक

गज-परिचारकों में सोमदेव ने निम्नलिखित पाँच का उल्लेख किया है—

(१) अमृतगणाधिप या गज वैद्य (२९१),
(२) महामात्र (३३३ हि०),
(३) अनीकस्थ (३३३ हि)
(४) आधोरण (३०) तथा
(५) हस्तिपक या लेसिक (४५ उत्त०)।

गज शिक्षा

गजों को गजशिक्षाभूमि में (करिविनयभूमिषु, ४८२) ले जाकर शिक्षित किया जाता था। सोमदेव ने इसका विस्तार से वर्णन किया है (४८२ से ४९१)।

गज दर्शन और उसका फल

सोमदेव ने लिखा है कि गजशास्त्र के अनुसार ब्रह्मा ने साम पदों का गायन करते हुये गणेश के मुँह की आकृति वाले गजों का निर्माण किया था। अतएव जो राजा ब्रह्मपुत्र गजों का पूजन-दर्शन करता है उसकी केवल युद्ध में विजय ही नहीं होती प्रत्युत वह निश्चय ही सार्वभौम राजा होता है। इसलिए साम से उत्पन्न, शुभ लक्षण युक्त, दिव्यात्मा, समस्त देवों के निवासस्थान, कल्याण, मंगल और महोत्सव के कारण गजश्रेष्ठ को नमस्कार हो, यह कहकर नमस्कार करे।

---

६० इभचारियाज्ञवल्क्यबाहुलिनरनारदराजपुत्रगौतमादिमहामुनिप्रणीतमतंगजविद्या।
—यश० पृ० २११

६१ दीर्घकालतपोवीर्यान्मौनमास्थाय...मत। चरिष्यति गजैः सार्धम्।
—गजशास्त्र पृ० ११, श्लो० ७१

६२ हस्त्यायुर्वेद, आनन्दाश्रम सीरिज २६ मातंगलीला १०

उष काल में जागे हुए प्रसन्न इन्द्रिय और शरीर वाले गज का प्रात काल दर्शन करने से, सूर्य के दर्शन की तरह दु स्वप्न, दुष्टग्रह तथा दुष्टचेष्टा का नाश होता है। जो नप यज्ञ-दीक्षित तथा जिसके कानो में मन्त्रोच्चार किया गया है, ऐसे गज की पूजा करते हैं उनके मगल को तथा शत्रु के नाश को गज अपने मद, बृंहित, कान्ति, चेष्टा तथा छाया इत्यादि के द्वारा व्यक्त करता है (पृ० २९९ से ३०१)।

गजशास्त्र के कतिपय अन्य विशिष्ट शब्द

वल्लिका (३०, ५००) = लोहे की साँकल
वाहरिका (३०) = पिछाडी लगाने की खूटी
आलानस्तभ (३०) = हाथी को बाँधने का खभा
अर्गला (३१) = आगर (लबी लकडी)
निकाच (३१) = शरीर बाँधने की रस्सी
दमकलोक (४८५) = गज शिक्षक
स्थापना (४८५) = गज शिक्षा के समय की गयी एक विशिष्ट विधि
वीत (५००) = अकुश का वार
सृणि (५००) = अंकुश
वश (५०१) = हाथी दौडने का मैदान, प्रधाव भूमि
कल्पना (५०५) = खीसो का मढ़ना इसे ही कोशारोपण भी कहते हैं (५०६)।
दान (५०३) = मद
हस्त (४८४, ५०३) = सूड इसे कर भी कहते हैं (२८)।
वमुथु (२७) = सूड के द्वारा उछाले गये जल कण

यशस्तिलक म हाथी के निम्नलिखित नाम आये हैं—

(१) हस्ती (३०४, ३०२, २६८, ४९७)
(२) गज (२९०, २९९, ३०२, ३०५, ३०६, ३०७, ४८२, ४८४, ४८८, ४६१ ४९७ ४९९, ५००, ५०१, ५०६)
(३) नाग (२८८)
(४) मातग (३०४)
(५) कुजर (४६१, ४९४, ५०५)
(६) करि (२९, २१४, २५३), ३००, ३०१, ३०३, ३०५, ३०६, ४८२, ४८९, ४९६, ४९७, ४९८, ५०१, ५०५, ५०६

(७) इभ (४९७, ४९९, ५०३)
(८) मतगज (३०६)
(९) वारण (२९९, ३०२, ३०४, ४९७)
(१०) द्विरद (२९, ४८५, ४९५, ४९८)
(११) द्विप (२९, ४८६)
(१२) मृग (४९४)
(१३) सामज (३१, ३५३ ४८४, ४८६, ४८८, ४९१)
(१४) सिन्धुर (३०४)
(१५) करटी (१७, ४९, ३०१, ४९९)
(१६) वेदण्ड (२६१, ४९४)
(१७) सकीर्ण (४९४)
(१८) स्तम्बेरम (५०५)
(१९) कुजर (४९१ ४६४, ५०५)
(२०) रदनि (४९८)
(२१) कुभी (५०३)
(२२) भद्र (४६२)
(२३) मन्द (४९३)
(२४) शुण्डाल (३०५)
(२५) सारग (३४९)
(२६) वामन (१९६ उत्त०)
(२७) दन्ति (१९४ उत्त०)

इनम से निम्नलिखित पद्रह नाम हस्त्यायुर्वेद में भी आये हैं—

(१) हस्ती, (२) दन्ति, (३) गज, (४) नाग, (५) मातग, (६) कुजर, (७) करि (८) इभ (९) मतगज, (१०) वारण, (११) द्विरद, (१२) द्विप, (१३) मृग (१४) सामज (१५) अनेकप।

---

६३ हस्ती दन्ती गजो नागो मातग कुञ्जर करी।
इभो मतगजश्चैव वारणो द्विरदद्विप ॥
मृगोऽथ सामजश्चैव तथा चानेकप स्मृत ।
इति पंचदशैतानि नामान्युक्तानि पण्डितै ॥
—हस्त्यायुर्वेद, पृ ४८३ श्लो० १८, १९

अश्व-विद्या

पट्टबन्ध उत्सव के उपरान्त महाराज यशोधर के समक्ष विजयवैनतेय नामक अश्व उपस्थित किया गया। इस अश्व के वर्णन में अश्वशास्त्र विषयक पर्याप्त जानकारी दी गयी है। शालिहोत्र नामक अश्वसेना प्रमुख इस अश्व का वर्णन निम्नप्रकार करता है—

राजन् आश्चर्यजनक शौर्य द्वारा समस्त शत्रुसमूह को जीतने वाले अश्व-विद्याविदो की परिषद् ने तत्रभवान् देव के योग्य अश्व के विषय में इस प्रकार कहा है—यह अश्व आपके ही सदृश सत्व से वासव प्रकृति से सुभगालोक सस्थान से सम द्वितीय दशा को प्राप्त दशो दशाओ का अनुभव करने वाला छाया से पार्थिव बल से वरीयास, अनूक से कठीरव स्वर से समुद्रघोष कुल से काम्बोज, जव (वेग) म वाजिराज आपके यश की तरह वर्ण में श्वेत, चित्त की तरह बालधि (पूछ) में रमणीय कीर्तिकुलदेवता के कुतलकलाप की तरह केसर में मनोहर, प्रताप की तरह ललाट आसन जघन, वक्ष और त्रिक में विशाल मयूर कण्ठ की तरह कधरा में कान्त गजकुमार की तरह शिर मे पराध्य वटवृक्ष के सिकुडे हुए छत्र पृष्ठ की तरह कानो से कमनीय हनु (चिबुक) जानु जघा, वक्ष और घाणा (नासिका) म उल्लिखित की तरह स्फटिकमणि द्वारा बने हुए की तरह आखो म सुप्रकाश सृक ओष्ठ और जिह्वा में कमलपत्र की तरह तलिन (पतला), आपके हृदय की तरह तालु में गम्भीर अन्तरास्य (मुखमध्य) में कमलकोश की तरह शोभन चन्द्रमा की कलाओ से बने हुए के समान दशनो (दाँतो) में सुन्दर कुचकलश की तरह स्कन्ध मे पीवर कृपीट मे वीरपुरुष के जटाजूट की तरह उद्‌बद्ध निरन्तर जवाभ्यास के कारण सुविभक्त शरीर गधे के अवलीक (रेखा रहित) खुरो की आकृति वाली टापो द्वारा गमनकाल में रजस्वला (धूल युक्त) पृथ्वी को न छूते हुए की तरह अमृतसिन्धु मे प्रतिबिम्बित पूर्ण चन्द्र की तरह निटिलपुण्ड्र (ललाटतिलक) के द्वारा सम्पूर्ण पृथ्वीमण्डल में सम्राट के एक छत्र राज्य की घोषणा करते हुए के समान, उचित प्रदेश में आश्रित अहीन अविच्छिन्न अविचलित प्रदक्षिणा वृत्तियो के द्वारा देवमणि, नि श्रेणी श्रीवृक्ष रोचमान आदि आवर्तो के द्वारा तथा शुक्ति, मुकुल, अवलीढ आदि के द्वारा सम्राट की कल्याण परम्परा को व्यक्त करते हुए के समान, इसी प्रकार यह विजयवैनतेय नामक अश्व अन्य लक्षणो के द्वारा वक्षो क्षेत्रो में प्रशस्त है।

इस विवरण के बाद वाजिविनोदमकरन्द नामक बन्दी ने अश्वप्रशसापरक अठारह पद्य पढे। सम्पूर्ण सामग्री का तुलनात्मक विश्लेषण निम्नप्रकार है—

अश्व के गुण

सोमदेव के अनुसार अश्व के निम्नलिखित गुणों की परीक्षा करनी चाहिए—

(१) सत्त्व, (२) प्रकृति, (३) संस्थान, (४) वय, (५) आयु, (६) दशा, (७) छाया, (८) बल, (९) अनूक, (१०) स्वर, (११) कुल, (१२) जव (वेग), (१३) वर्ण, (१४) तनुरुह (रोमराशि), (१५) पृष्ठ, (१६) बालधि (पूँछ), (१७) केसर, (१८) ललाट, (१९) आसन, (२०) जघन, (२१) वक्ष, (२२) त्रिक, (२३) कन्धरा, (२४) शिर, (२५) कर्ण, (२६) हनु (चिबुक), (२७) जानु, (२८) जघा, (२९) वदन, (३०) घोणा (नासिका), (३१) लोचन, (३२) सृक, (३३) ओष्ठ, (३४) जिह्वा, (३५) तालु, (३६) अन्तरास्य, (३७) दशन, (३८) स्कन्ध, (३९) कृपीट (पेट), (४०) गात्र, (४१) शफ (टाप या खुर) (४२) पुण्ड्र, (४३) आवर्त।

उत्तम अश्व में ये गुण विजयवैनतेय के उपर्युक्त विवरण के अनुसार प्रशस्त होने चाहिए। अश्वशास्त्र में भी इन्ही गुणो की परीक्षा आवश्यक बतायी गयी है।[६४] आगे सोमदेव ने यह भी लिखा है कि उपर्युक्त गुणो में से अन्यत्र किंचित् दोष भी रहे तो भी यदि बाल, बालधि, तनुरुह, पृष्ठ, वंश, केसर, शिर, श्रवण वक्त्र, नेत्र, हृदय, उदर कण्ठ कोश खुर, जानु और जव (वेग) में दोष नही हैं तथा आवर्त छवि और छाया में शुभ है तो ऐसा अश्व भी विजयकारक होता है।[६५]

अश्वा के अन्य गुणो के विषय में सोमदेव के विवरण की तुलनात्मक जानकारी इस प्रकार है—

जव (वग)—वाजिविनोदमकरद कहता है कि श्रेष्ठ वेगवाला अश्व जब चौकडी भरता है तो पहाडो को मद-सा, नदियो को नालियो-सा और समुद्रो को

---

६४ ओष्टया सृक्किणोश्चैव जिह्वायां दशनेषु च। वक्त्रतालुनि नासाया गण्डयो नेत्रयोस्तथा ॥
ललाटे मस्तके चैव केशकर्णपुटे तथा। ग्रीवायां केसरे चापि स्कन्धे वक्षसि बाहुके ॥
जघायां जानुनोश्चाथ कूर्पे पादे तथैव च। पार्श्वयो पृष्ठभागे च कुक्षौ कट्यां च बालधौ ॥
मेहने मुष्कयोश्चापि तथैवोरुद्वयेऽपि च। आवर्ते च खुरे पुच्छे गतौ वर्णे स्वरे तथा ॥
महादोष त्यजेत् प्राज्ञश्छायाया गतिसत्त्वयो। प्रधानमेव वाहानां लक्षणं तत्प्रतिष्ठितम् ॥
—अश्वशास्त्र पृ० १८, श्लोक० २७

६५ बालवालधितनूरुहपृष्ठवंशकेसरशिरःश्रवणेषु।
वक्त्रनेत्रहृदयोदरदेशे कण्ठकोशखुरजानुजवेषु ॥
अन्यत्र स्वल्पदोषोऽपि यद्येतेषु न दोषवान्। शुभावर्तच्छविच्छायो हय स्याद्विजयोदय ॥
—यश० पृ० २१२

छलैयों-सा लांघता जाता है। चारो दिशाएँ चार डगों में नप कर गोपुर-आँगन-सी निकट लगती हैं। घुड़सवार खुद छोड़ बाण को भी धरती में गिरने के पूर्व ही पकड़ सकता है। लगता है जैसे धरती और पहाड़ उसकी टापों के साथ भागे जा रहे हों।[६६]

वर्ण—मुक्ताफल इन्दीवर कांचन, किंजल्क (पराग), अंजन, भृंग, बालारुण, अशोक और शक की तरह वर्ण वाले अश्व विजयप्रद होते हैं।[६७]

ह्रेषित—गज सिंह, वृषभ भेरी मृदंग, आनक और मेघ की ध्वनि के सदृश ह्रेषित वाले अश्व उत्कर्ष योग्य माने जाते हैं।[६८]

गन्ध—कमल नीलकमल मालती घृत मधु दुग्ध तथा गजमद के समान जिन अश्वों के स्वेद, मुख और श्रोत्रों की गन्ध होती है, वे अश्व कामदुह होते हैं।[६९]

---

६६ गिरयो गिरिकप्रख्या सरिता सारिणीसमा। भवन्ति लंघने यस्य कासारा इव सागरा॥
यता दिशश्चतस्रोऽपि चतुश्चरणगोचरा। स्यदे यस्य प्रजाय ते गोपराङ्गणसन्निभा॥
प्राप्नुवन्ति जवे यस्य भूमावपतिता अपि। निषादिना पुराक्षिप्ता शल्यवाला करग्रहम्॥
यस्य प्रवेगवेलायां सकाननधराधरा। धरणि खुरलग्नेव साधमध्वनि धावति॥
—यश० पृ० ३११, ३१२

६७ मुक्ताफलेन्दीवरकांचनाभा किंजल्कमिश्राञ्जनभृङ्गशोभा।
बालारुणाशोकशुकप्रकाशास्तुरङ्गमा भूमिभुजां जयेशा॥—यश० पृ० ३१२

६८ गजेन्द्र कण्ठीरवतानकानां भेरीमृदङ्गानकनीरदानाम्।
समस्वरा स्वामिनि हेषितेन भवन्ति वाहा परमुत्सवेहा॥—यश० पृ० ३१३।३४

तुलना—गम्भीरस्तु महास्वर सुमधुर स्निग्धो घन संहत
सिंहव्याघ्रगजेन्द्रदुंदुभिघना क्रौञ्चस्वराभ शुभ।
येषां ते तुरग यशोऽथसुखदा सौभाग्यराज्यप्रदा
सङ्ग्रामे विजय च तै सह शुभं सैन्यं च संवर्धते॥—अश्व० ४८।६

६९ नीरजनीलोत्पलमालतीनां सर्पिर्मधुक्षीरमद समान।
स्वेदे मुखे श्रोतसि येषु गन्धस्ते वाजिन कामदुहो नृपेषु॥—यश० पृ० ३१३

तुलना—कमलकुसुमसर्पिश्च दनक्षीरगन्ध दधिमधुकुटजाना चम्पकस्यन्दनानाम्।
अगुरुगजमदाना तद्वदेवार्जुनानां मधुसमयवनाना पुष्पितानां च गन्ध॥
पुन्नागाशोकजातिसरसकुवलयो शीरपत्राग्रगन्धा
पानीयप्रोक्षितोर्वीकुसुमितबकुलामोदिनो ये च वाहा।
धन्या पुण्या मनोज्ञा सुतसुखधनदा भर्तुराज्यं ददास्ते
मांगल्या पूजनीयाः प्रमुदितमनसो राजवाहास्तुरङ्गा॥—अश्व० ४६।१३

अनूक (पुट्ठे)—हंस, वानर, सिंह, गज और शार्दूल के समान पुट्ठों वाले अश्व विजयप्रद होते हैं।[७०]

वृत्ति या पुण्ड्र—प्रपाण या कान के नीचे जो सफेद धब्बे होते हैं वे वृत्ति या पुण्ड्र कहलाते हैं। अश्वों में ध्वज, हल कलश, कमल कुलिश (वज्र) अर्धचन्द्र, चक्र, तोरण तथा तरवारि के सदृश वृत्तियाँ या पुण्ड्र श्रेष्ठ माने जाते हैं।[७१]

समुद्र में प्रतिबिंबित चन्द्र के सदृश पुण्ड्र जिस अश्व के ललाट पर होता है, उस अश्व का स्वामी राजा होता है।[७२]

आवर्त—अश्वों के वक्ष, बाहु, ललाट शफ (टाप), कर्णमूल तथा केशान्त (ग्रीवा के दोनो ओर) में शुक्ति की तरह के आवर्त प्रशस्त माने जाते हैं।[७३]

देवमणि, नि श्रेणी, श्रीवृक्ष, रोचमान, शुक्ति मुकुल, अवलीढ आदि आवर्त होते हैं। ये अहीन अविच्छिन्न, अविचलित और प्रदक्षिणा वृत्तिवाले होने पर अश्व

---

७० हसप्लवगपञ्चास्यद्विपशार्दूलसन्निभैः। मितद्रुव क्षितीन्द्राणामानूकैर्विजयप्रदा ॥
—यश० पृ० ३१९

७१ ध्वजहलकलशाकुशेशयकुलिशशशाङ्कार्धचक्रसमा ।
तोरणतरवारिनिभास्तुरगेऽङ्गजवृत्तय श्रेष्ठा ॥—यश० पृ० ३२१
तुलना—प्रपाणाध्वं तु कर्णाभ' श्वेत श्वेततर च यत् ।
तत् पुण्ड्रमितिविज्ञेय तस्य सस्थानत फलम् ॥
कमलदलकलशहलमुसलपताकाध्वजाकुशादर्श ।
श्रीवृक्षछत्रशंखस्वस्तिकभृङ्गारवज्रनिभै ॥
चामरकूर्माष्टापदवदीक्षकूर्गोपमै हया ।
पुण्ड्रै कथयन्ति जय भर्तु विभव पुत्राश्च पौत्राश्च ॥—अश्व ४३।९

७२ अमृतजलनिधिप्रतिबिम्बितेन्दुसवादिना निटिलपुण्ड्रकेण कथयन्तामिव
सकलायामिलाया भवनिपालस्यैकातपत्रवर्यम् ।—यश पृ० ३१०
तुलना—चन्द्राधचन्द्रादिनकरताराबद्द्योतते ललाट तद् ।
यस्य तुरगस्य भवेत् तस्य स्वामी भवेद् राजा ॥—अश्व० ४४।१०

७३ वक्षसि बाह्वोरलिके शफश्रे कर्णमूलयोश्चैव ।
आवर्तास्तुरगाणा शस्ता केशान्तयोस्तथा शुक्ति' ॥ —यश० पृ० ३१४
तुलना—आवर्त पूजितो नित्य शिरोमध्ये व्यवस्थित ।
स्थानमेक तु विज्ञेय स्थाने द्वे कर्णमूलयो ॥—अश्व० २९, १४

श्रीवृक्षो वक्षसि प्रोक्तो ह्यावर्तै पंचभिर्भवेत् । अन्ये द्वे वक्षसि स्थाने चतुर्भिस्त्रिभिरेव च ॥
बाह्वो स्थानद्वयं प्रोक्त तत्रावर्तद्वय विदु । द्वे चोपरन्ध्रयो स्थाने द्वौ स्थितो रोमजौ तयो ॥
—अश्व० २९ २६, १६-१७

के स्वामी को कल्याणप्रद होते हैं।[७४] अश्वशास्त्र में आवर्तों का विस्तार से अलग-अलग फल बताया है (पृ० २६ २७)।

कामकृत अश्व

जिन अश्वो का ललाट विशाल, मुँह आगे को झुका हुआ, चमडी पतली, आगे के पैर स्थूल जघाएँ लम्बी पीठ या बैठने का स्थान चौड़ा तथा पेट कृश होता है वे अश्व इष्टफल देने वाले होते हैं।[७५]

वाहन योग्य अश्व

मेघ के सदृश वर्ण मेघ के घोष के समान ह्र षित गज की क्रीडा की तरह गति, घृत की तरह गन्ध वाले तथा माला और विलेपनप्रिय अश्व वाहन योग्य होते हैं।[७६]

अश्व प्रशस्ति

युद्ध रूपी गद खेलने म आसक्त शत्रुसैन्य को रोकने में परिघा के समान तथा समस्त पृथ्वीमण्डल के अवलोकन की दृष्टि वाले अश्व युद्धकाल में मनोरथ की सिद्धि करने वाले होत है।

अन्यूनाधिक देह (न अधिक छोटे न अधिक बडे) सुघड शरीर, सुशिक्षित तथा अच्छी तरह कसे हुए घोडे वांछित फल देने वाले होते हैं।

---

७४ अहीनाविच्छिन्नाविचलितप्रदक्षिणवृत्तिभिर्देवम णिनि श्रेणिश्रीवृक्षरोचमानादि नामभिरावर्तै शुक्तिमुकुलावलीढकादिभिश्च तद्दशेषैराश्रितोचितप्रदेशम्।

—यश० पृ० ३१०

तुलना—आवतशुक्तिसघातमुकुलान्वयलीढकम्।
शतपादी पादुकाधपादुका चाष्टमी स्मृता ॥
आवर्ताकृतयश्चैता अष्टौ सपरिकीर्तिता ।—अश्वशा० २३।१-२
एते स्वस्थानस्था प्रदक्षिणा सुप्रभा शस्ता।
एतैर्विनातुरग स्वल्पायु पापलक्षणस्त्वशुभ ॥—वही ३४,८

अहीन = शस्ता अविचलित = स्वस्थानस्थ अविच्छिन्न = सुप्रभा

७५ विशालभाला बहिरानतास्या सूक्ष्मत्वच पीवरबाहुदेशा।
सुदीर्घजघा पृथुपृष्ठमध्यास्तनूदरा कामकृतास्तुरगा ॥—यश पृ० ३१४

७६ जीमूतकान्तिर्घनघोषहेषा करीन्द्रलीलागतिराज्यगन्ध।
प्रिय पर माल्यविलेपनानामारोहणाहस्तुरगो नृपस्य ॥—वही पृ० ३१५

तुलना—जीमूतवर्णो घनघोषहेषी मध्वाज्यगन्धो गजहसगामी।
प्रियश्च माल्यस्य विलेपनस्य सोऽप्यश्वराजो नृपवाहन स्यात् ॥
—अश्व० १०३।२१

जिस राजा के एक भी प्रशस्त अश्व होता है, युद्ध में उसकी विजय सुनिश्चित है, उसी के राज्य में समय पर पानी बरसता है और उसी के राज्य में प्रजा के धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ सधते हैं।

जिस राजा के श्रेष्ठ अश्व होते हैं उसके लिए यह धरती उस स्त्री के समान है जिसके कुलाचल कुच हैं, समुद्र नितंब, नदियाँ भुजाएँ तथा राजधानी मुख है।[७७]

अश्व के लिए यशस्तिलक में निम्नलिखित शब्द आये हैं—

(१) गन्धर्व (पृ० १२),
(२) तुरग (पृ० २९, ३१४, ३१५),
(३) तुरंगम (पृ० ३१३ ३१४, ३१६),
(४) अश्व (पृ ३२),
(५) वाहा (पृ० ७०, ३१३)
(६) वाजि (पृ० १८६, ३१३ उत्त०)
(७) मितद्रव (पृ० ३१४),
(८) अर्वन्त (पृ० ३०७),
(९) हय (पृ० ३१२, ३१५),
(१०) जुहुराण (पृ० २१४)।

अश्वचालक या घुडसवार को अभिषादी कहते थे (पृ० ३१२)।

अश्वविद्याविद्

सोमदेव ने यशोधर को अश्वविद्या में रैवत के समान कहा है।[७८] ऊपर लिखा जा चुका है कि रैवत अश्वविद्या-विशेषज्ञ माने जाते थे। इसीलिए

---

७७ कदनकन्दुककेलिविलासिन परबलस्खलने परिघ इया ।
सकलभूवलयैश्वर्यादृश्य समरकालमनोरथसिद्धय ॥
अन्यूनाधिकदेहा समसुविभक्ताङ्गच वर्ष्मभि सर्वे ।
सधतघनांगबन्धा कृतविनया कामदास्तुरगा ॥
जय करे तस्य रणेषु राज्ञ काले परं वर्षति वासवश्च ।
धर्मार्थकामाभ्युदय प्रजानामेकोऽपि यस्यास्ति हय प्रशस्त ॥
कुलाचलकुचाम्भोधिनितम्बा वाहिनी भुजा ।
धरा पुराननां स्त्रीव तस्य यस्य तुरंगमा ॥
—यश० पृ० ३१२ ३१६

७८ रैवत इव हयनयेषु, वही, पृ० २३६

सोमदेव ने यशोधर को अश्वविद्या में रैवत के समान कहा है। यशस्तिलक के दोनों टीकाकारों ने रैवत को सूर्य का पुत्र बताया है। मार्कण्डेयपुराण में भी रैवत या रैवन्त को सूर्य और वडवा का पुत्र कहा है (७५।२४) तथा गुह्यक मुख्य और अश्ववाहक बताया है। अश्वकल्याण के लिए रैवत की पूजा भी की जाती है (जयदत्त—अश्व चिकित्सा, विब० इंडिका १८८६,७, पृ० ८५ ६)।

अश्वविद्या विशेषज्ञों में सोमदेव ने शालिहोत्र का भी उल्लेख किया है (१७३ हि०)। शालिहोत्रकृत एक संक्षिप्त रैवतस्तोत्र प्राप्त होता है (तजोर ग्रंथागार, पुस्तक सूची, पृ० २०० बी तथा काथ का इंडिया आफिस केटलाग पृ० ७५८)।[७९]

•

---

७९ राघवन् ग्ला० फ्रा० यश०

कृषि तथा वाणिज्य आदि

यशस्तिलककालीन भारतवर्ष आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त समृद्ध था। जिस प्रकार साहित्य और कला के क्षेत्र में उस युग में प्रगति हुई, उसी प्रकार आर्थिक जीवन में भी। सोमदेव ने कृषि, वाणिज्य, सार्थवाह, नौसन्तरण और विदेशी व्यापार, विनिमय के साधन, न्यास इत्यादि के विषय में पर्याप्त जानकारी दी है। संक्षेप में उसका परिचय निम्नप्रकार है—

कृषि

कृषि के लिए अच्छी और उपजाऊ जमीन, सिंचाई के साधन, सहज प्राप्य श्रम और साधन आवश्यक हैं। सोमदेव ने यौधेय जनपद का वर्णन करते हुए लिखा है कि वहाँ की जमीन काली थी।[१] सिंचाई के लिए केवल वर्षा के पानी पर निर्भर नही रहना पड़ता था।[२] श्रमिक भी सहज रूप में उपलब्ध हो जाते थे। कुछ श्रमिक ऐसे होते थे जो अपने-अपने हल इत्यादि कृषि के औजार रखते थे तथा बुलाये जाने पर दूसरो के खेत जोत-बो जाते थे। सोमदेव ने ऐसे श्रमिकों के लिए समाश्रित प्रकृति पद का प्रयोग किया है।[३] श्रुतसागर ने इसका अर्थ अठारह प्रकार के हलजीवी किया है। इस प्रकार के हलजीवियों की कमी नही थी।[४]

खेती करने में विशेषज्ञ व्यक्ति क्षेत्रज्ञ कहलाता था और उसकी पर्याप्त प्रतिष्ठा भी होती थी।[५] कृषि की समृद्धि का एक कारण यह भी था कि सरकारी लगान उतना ही लिया जाता था जितना कृषिकार सहज रूप में दे सके।[६] यही सब कारण थे कि कृषि की उपज पर्याप्त होती थी और वसुन्धरा पृथ्वी चिन्तामणि के

---

१ कृष्णभूमय । —पृ० ११

२ अदेवमातृका ।—वही । सुलभजलः ।—वही

३ समाश्रितप्रकृतय ।—वही

४ हलकुलः ।—वही

५ क्षेत्रज्ञप्रतिष्ठा ।—वही

६ भर्तृकरसंबाधसहा ।—पृ० १४

समान शस्य सम्पत्ति लुटाती थी।[७] इतनी उपज होती थी कि बोये हुए खेत की लुनाई करना, लुने धान्य की दौनी करना और दौनी किये धान्य को बटोर कर संग्रह करना मुश्किल हो जाता था।[८]

खेत में बीज डालने को वप्त कहा जाता था। पके खेत को काटने के लिए लवन कहते थे तथा काटी गयी धान्य की दौनी करने को विगाढना कहा जाता था।

पर्याप्त धान्य से समृद्ध प्रजा के मन म ही यह विचार सम्भव था कि हमारी यह पृथ्वी मानो स्वर्ग के कल्पद्रुमो की शोभा को लूट रही है।[९]

अनुपजाऊ जमीन ऊषर कहलाती थी। जैसे मूर्खों को तत्त्व का उपदेश देना व्यथ है, उसी प्रकार ऊषर जमीन का जोतना, बोना और उसमें पानी देना व्यर्थ है।[१०]

वाणिज्य

वाणिज्य की व्यवस्था प्राय दो प्रकार की होतो थी—स्थानीय तथा जहाँ दूर-दूर तक के व्यापारी जाकर धधा करें।

स्थानीय व्यापार के लिए हर वस्तु का प्राय अपना अपना बाजार होता था। केसर, कस्तूरी आदि सुगन्धित वस्तुए जिस बाजार मे बिकती थी वह सौगन्धियो का बाजार कहलाता था।[११] वास्तव में यह बाजार का एक भाग होता था, इसलिए इसे विपणि कहते थे। इस बाजार में केसर चन्दन, अगुरु आदि सुगन्धित वस्तुओ का ही लेन-देन होता था।[१२]

जिस बाजार में माली पुष्पहार बेचते थे, उसे सोमदेव ने स्रग् जीवियो का

---

७ वपत्रक्षेत्रसंजातसस्यसंपत्तिबधुरा।
चिंतामणिसमारम्भा सन्ति यत्र वसुंधरा ॥—पृ० १६

८ लवने यत्र नोप्तस्य लूनस्य न विगाहने।
विगाढस्य च धान्यस्य नालं संग्रहणे प्रजा ॥—पृ० १६

९ प्रजाप्रकामसस्याढ्या सवदा यत्र भूमय।
मुष्णन्तीवामरावासकल्पद्रुमवनश्रियम् ॥—पृ० ११८

१० यद्भवेन्मुग्धबोधानामूषरे कृषिकर्मवत्।—पृ० २८२ उत्त०

११ सौगन्धिकाना विपणिविस्तारेषु।—पृ० १८ उत्त०

१२ परिचितमानकाश्मीरमलयजागुरुपरिमलोद्गारसारेषु।—वही

आपण कहा है।[13] स्रग्जीवी मालाएँ हाथों में लटका-लटकाकर ग्राहकों को अपनी ओर आकृष्ट करते थे।[14]

बाजार प्राय आम रास्तों पर ही होते थे। सोमदेव ने लिखा है कि सायंकाल होते ही राजमार्ग खचाखच भर जाते थे।[15] भीड में कुछ ऐसे नागरिक होते थे, जो रात्रि के लिए सभोगोपकरणो का इन्तजाम करने उत्साहपूर्वक इधर-उधर घूम रहे होते।[16] कुछ रूप का सौदा करने वाली वारविलासिनियाँ असम्भ्रमपूर्वक अपने-हाव भाव प्रदर्शित करती हुई कामुको के प्रश्नो की उपेक्षा करती टहल रही होती।[17] कुछ ऐसी दूतियाँ जिनके हृदय अपने पतियों द्वारा सुनायी गयी किसी अन्य स्त्री के प्रेम की घटना से दु खी होते अपनी सखियो की बातों का उत्तर दिये बिना ही चहलकदमी कर रही होती।[18]

पैण्ठास्थान

व्यापार की बडी-बडी मंडियाँ पैण्ठास्थान कहलाती थीं। पैण्ठास्थानों में व्यापारियो को सब प्रकार की सुविधाओं का प्रबन्ध रहता था। यहाँ दूर-दूर तक के व्यापारी आकर अपना धन्धा करते थे। सोमदेव ने एक पैण्ठास्थान का सुन्दर वर्णन किया है। उस पैण्ठास्थान में अलग-अलग अनेक दुकानें बनायी गयी थी। सामान की सुरक्षा के लिए बडी-बड़ी कोठ़ियाँ या स्टोर हाउस थे। पोखरों के किनारे पशुधन की व्यवस्था थी। पानी, अन्न, ईन्धन तथा यातायात के साधन सरलता से उपलब्ध हो जाते थे। सारा पैण्ठास्थान चार मील के घेरे में फैला था। चारो ओर सुरक्षा के लिए अहाता और खाई थे। आने जाने के लिए निश्चित दरवाजे और मुख्य द्वार थे। सैनिक सुरक्षा का समुचित प्रबन्ध था। हर गली में प्याऊ, भोजनालय, सभाभवन पर्याप्त थे। जुआड़ी, चोर-चपाटो और बदमाशो पर

---

१३ स्रगाजीविनामापणरगभागेषु।—पृ० १८ उ०

१४ करविलम्बितकुसुमसरसौरभसुभगेषु।—वही

१५ समाकुलेषु समन्ततो राजवीथिमण्डलेषु।—वही

१६ ससंभ्रमभितस्तत परिसर्पता संभोगोपकरणाहितादरेण पौरनिकरेण।—वही

१७ निजविलासदर्शनाहंकारिमनोरथाभिरवधीरितविटमुखाप्रश्नसंकथाभि पण्याङ्गना समितिभि।—पृ० १६ उत्त०

१८. आत्मपतिसविस्रम्भघटनाकुलितहृदयेनावधीरितसखीजनसंभाषणोत्तरदानसमयेनसञ्चरिता संचारिकानिकायेन।—वही

खास निगाह थी कि वे भीतर न आने पायें। शुल्क भी यथोचित लिया जाता था। नाना देशों के व्यापारी वहाँ व्यापार के लिए आते थे।[१९]

यह पैण्ठास्थान श्रीभूति नामक एक पुरोहित द्वारा सचालित था और उसकी व्यक्तिगत सम्पत्ति प्रतीत होता है, किन्तु प्राचीन भारत म राज्य द्वारा इस प्रकार के पैण्ठास्थानो का सचालन होता था। स्वय सोमदेव ने नीतिवाक्यामृत म लिखा है कि यायपूवक रक्षित पिण्ठा या पण्ठास्थान राजाओ के लिए कामधेनु के समान हैं।[२] नीतिवाक्यामृत के टीकाकार ने पिण्ठा का अथ शुल्क स्थान किया है तथा शुक्राचाय का एक पद्य उद्धत किया ह कि व्यापारियो से शुल्क अधिक नहीं लेना चाहिए और यदि पिण्ठा से किसी व्यापारी का कोई माल चोरी चला जाये तो उसे राजकीय कोष से भरना चाहिए।[२१]

सोमदेव ने पिण्ठा को पण्यपटभदिनी कहा ह। टीकाकार न इसका अथ वणिको की कुकुम हिंगु वस्त्र आदि वस्तुओ को सग्रह करने का स्थान किया है।[२] यशस्तिलक के विवरण से ज्ञात होता है कि पैण्ठास्थान व्यापार के बहुत बडे साधन थे और व्यापारिक समृद्धि में इनका महत्त्वपूण योगदान था।

सार्थवाह

यशस्तिलक म साथवाह के लिए साथ (१६), साथपार्थिव (२२५ उत्त०) तथा सार्थानीक (२९३ उत्त०) शब्द आये ह। समान या सहयुक्त अथ (पूजी) वाले व्यापारी जो बाहरी मडियो से व्यापार करन के लिए टाडा बाँधकर चलते थे,

---

१९ स किल श्रीभूतिर्विश्वासरसनिम्नतया परोपकारनिघ्नतया च विभक्तानेकापवरकरचनाशालिनीभिमहाभाण्डवाहिनीभिर्गांशालोपशाल्याभि कुल्याभि समन्वितम्, अनिशुलभजलयसेवनप्रचारम् भाण्डनारम्भोद्भटभीरपेटकपचरवासारम्, गोरुतप्रमाणवप्राकारप्रतोलिपरिखासुत्रितत्राण प्रपासत्रसभासनाथवीथिनिवेशान पण्यपुटभेदन विदूरित कितवविटविदूषकपीठमर्दावस्थान पैण्ठास्थान विनिर्माप्य नाना दिग्देशोपसपण्युजां वणिजां प्रशान्तशुल्कभाटकभागहारव्यवहारमचीकरत्।

—पृ० ३४५ उत्त०

२० न्यायेनरक्षिता पण्यपुटभेदिनि पिण्ठा राज्ञां कामधेनु।—नीति० १९।२१

२१ तथा च शुक्र – ग्राह्य नैवाधिक शुल्क चौरैश्चाहृतं भवेत्।
पिण्ठायां भुभुजा देय वणिजां तत् स्वकोशात ॥ वही, टीका

२२. पण्यानि वणिग्जनानां कुकुमहिंगुवस्त्रादीनि क्रयाणकानि तेषां पुटा स्थानानि भिद्यन्ते यस्यां सा पण्यपुटभेदिनी। —वही, टीका

सार्थ कहलाते थे। उनका नेता ज्येष्ठ व्यापारी सार्थवाह कहलाता था।[२३] इसका निकटतम अंगरेजी पर्याय 'कारवान लीडर' है। हिन्दी का सार्थ शब्द संस्कृत के साथ से ही निकला है किन्तु उसका वह प्राचीन अर्थ लुप्त हो गया है। प्राचीन-काल में यात्रा करना उतना निरापद नहीं था, जितना अब हो गया है। डाकुओं और जंगली जानवरों से घनघोर जंगल भरे पड़े थे, इसलिए अकेले-दुकेले यात्रा करना कठिन था। मनुष्य ने इस कठिनाई से पार पाने के लिए एक साथ यात्रा करने का निश्चय किया और इस तरह किसी सुदूर भूत में सार्थ की नींव पड़ी। बाद में तो यह दूर के व्यापार का एक साधन बन गया।[२४]

सार्थवाह का कर्तव्य होता था कि वह सार्थ की सुरक्षा करते हुए उसे गन्तव्य स्थान तक पहुँचाए। सार्थवाह कुशल व्यापारी होने के साथ साथ अच्छा पथ प्रदर्शक भी होता था। आज भी जहाँ वैज्ञानिक साधन नहीं पहुँच सके हैं, वहाँ सार्थवाह अपने कारवाँ वैसे ही चलाते हैं जैसे हजार वर्ष पहले। कुछ ही दिनों पहले शिकारपुर के साथ (सार्थ के लिए सिन्धी शब्द) चीनी तुर्किस्तान पहुँचने के लिए काराकोरम को पार करते थे और आज दिन भी तिब्बत का व्यापार सार्थों द्वारा होता है।[२५]

प्राचीन काल में कोई एक उत्साही व्यापारी सार्थ बनाकर व्यापार के लिए उठता था। उसके साथ में और भी लोग सम्मिलित हो जाते थे। इसके निश्चित नियम थे। सार्थ का उठना व्यापारिक क्षेत्र की बड़ी घटना होती थी। धार्मिक यात्रा के लिए जिस प्रकार संघ निकलते थे और उनका नेता संघपति (संघवई, संघवी) होता था वैसे ही व्यापारिक क्षेत्र में सार्थवाह की स्थिति थी। डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने लिखा है कि भारतीय व्यापारिक जगत् में जो सोने की खेती हुई उसके फूले पुष्प चुनने वाले सार्थवाह थे। बुद्धि के धनी, सत्य में निष्ठावान साहस के भण्डार व्यापारिक सूझ बूझ में पगे, उदार, दानी, धर्म और संस्कृति में रुचि रखने वाले, नयी स्थिति का स्वागत करनेवाले, देश-विदेश की जानकारी के कोष, यवन, शक, पल्लव, रोमक ऋषिक हूण आदि विदेशियों के साथ कन्धा रगड़ने वाले, उनकी भाषा और रीति-नीति के पारखी भारतीय सार्थवाह महोदधि के तट पर स्थित ताम्रलिप्ति से सीरिया की अन्ताखी नगरी तक यवद्वीप-कटाहद्वीप (जावा

---

२३ समानधनव्यापारित्रैवर्णिकपुंसे। – पृ० १४५ व्या०
सुधा – सार्थान् सधनान् सरतो वा पान्थान् वहति सार्थवाहः।
– अमरकोष ३।९।७८ सु० टी०

२४ अग्रवाल – सार्थवाह, प्रस्तावना पृ० २

२५ मोतीचन्द्र – सार्थवाह, पृ० २६

और मेडा) से चोलमण्डल के सामुद्रिक पट्टनों और पश्चिम में यवन, बर्बर देशों तक के विशाल जल, थल पर छा गये थे।[२६]

यशस्तिलक में सुवर्णद्वीप और ताम्रलिप्ति के व्यापार का उल्लेख है। पद्मिनी-खेटपट्टन का निवासी भद्रमित्र अपने समान धन और चारित्र वाले वणिक्पुत्रों के साथ सुवर्णद्वीप गया। वहाँ उसने बहुत धन कमाया और मनोवांछित सामग्री लेकर लौट पडा। रास्ते में दुर्दैव से असमय में ही समुद्र में तूफान आ गया और उसका जहाज डूब गया। आयु शेष होने के कारण वह अकेला जिन्दा बच गया और एक फलक के सहारे जैसे तैसे पार लगा।[२७]

दूसरी कथा में पाटलिपुत्र के महाराज यशोध्वज के लडके सुवीर ने घोषणा की कि जो कोई ताम्रलिप्ति पत्तन के सेठ जिनेन्द्रभक्त के सतखण्डा महल के ऊपर बने जिन भवन में से छत्रत्रय के रूप में लगे अद्भुत वडूय मणियों को ला देगा उसे मनोभिलषित पारितोषिक दिया जायगा। सूय नाम का एक व्यक्ति साधु का वष बना कर जिनदत्त के यहाँ पहुँचा और एक दिन वहाँ से रत्न चुराकर भाग निकला।[२८]

इसी कथा के अन्तगत जिनभद्र की विदेश यात्रा का भी उल्लेख है। सोमदेव ने इसे बहित्रयात्रा कहा है। जिनभद्र बहित्रयात्रा के लिए जाना चाहता था। घर किस के भरोसे छोडे, यह समस्या थी। अन्त में वह उसी सूय नामक छद्म वषधारी साधु पर विश्वास करके उसके जिम्मे सब छोडकर विदेश यात्रा के लिए चल देता है।[२९]

अमृतमति का जीव एक भव म कलिंग देश में भसा हुआ। किसी साथवाह ने उसके सुन्दर और मजबूत शरीर को देखकर खरीद लिया और अपने साथ के साथ उज्जयिनी ले गया।[३]

सोमदेव ने लिखा है कि यौधेय जनपद की कृषक वधुए अपनी नटखट चाल और नाना विलासो के द्वारा परदेशी सार्थों के नेत्रो को क्षण भर के लिए सुख देती हुई खेतो में काम करने चली जाती थीं।[31]

२६ अग्रवाल, वही पृ० २
२७ यश० पृ० ३४५ उत्त०
२८ वही, पृ० ३०२ उत्त०
२९ वही
३० पृ० २२५ उत्त०
३१ पृ० १६

चम्पापुर के प्रियदत्त श्रेष्ठी की रूपसी कन्या विपत्ति की मारी शत्रुपुर के निकट पर्वत की तलहटी में पहुँची। वहाँ पुष्पक नाम के वणिक-पति का सार्थ पड़ाव डाले था। पुष्पक कन्या के रूप-सौन्दर्य को देखकर मोहित हो गया। अनेक तरह के लोभ देकर उसे वश में करने लगा, किन्तु जब वश में नहीं हुई तो अयोध्या में लाकर एक वेश्या को दे दिया।[32]

जिस तरह भारतीय सार्थ विदेशी व्यापार के लिए जाते थे उसी तरह विदेशी सार्थ भारत में भी व्यापार करने के लिए आते थे। सोमदेव ने एक अत्यन्त समृद्ध पैण्ठास्थान (बाजार) का वर्णन किया है जहाँ पर अनेक देशों के व्यापारी व्यापार के लिए आते थे।[33] ऊपर इसका विशेष वर्णन किया गया है।

विनिमय के साधन

सोमदेव ने विनिमय के दो प्रकार बताये हैं (१) वस्तु का मूल्य मुद्रा या सिक्के के रूप मे देकर खरीदना या (२) वस्तु का वस्तु से विनिमय। मुद्रा या सिक्को में सोमदेव ने निष्क कार्षापण और सुवर्ण का उल्लेख किया है।[34] इनके विषय में संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है –

निष्क

निष्क के प्राचीनतम उल्लेख वेदो में मिलते हैं। उस समय निष्क एक प्रकार के सुवर्ण के बने आभूषण को कहा जाता था जो मुख्य रूप से गले में पहना जाता था और जिसे स्त्री पुरुष दोनो पहनते थे।[35]

वैदिक युग के बाद निष्क एक नियत सुवर्ण मुद्रा बन गयी ऐसा बाद के साहित्य से ज्ञात होता है। जातक, महाभारत तथा पाणिनि में निष्क के उल्लेख आये हैं।[36]

मनुस्मृति मे निष्क को चार सुवर्ण या तीन सौ बीस रत्ती के बराबर कहा है।[37]

---

३२ पृ० २६३ उत्त०

३३ पृ० ३४५ उत्त०

३४ वर सांशयिकान्निष्कादसांशयिकः कार्षापणः । –पृ० ९२ उत्त०
पलव्यवहार सुवर्णदक्षिणासु । –पृ० २०२

३५ अग्रवाल – पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० २५०

३६ वही, पृ० २५१-५२

३७ मनुस्मृति ८।१३७

कार्षापण

कार्षापण प्राचीन भारत का सबसे प्रसिद्ध सिक्का था। यह चाँदी का बनता था। मनुस्मृति में इसे ही धरण और राजतपुराण (चाँदी का पुराण) भी कहा है।[३८] पाणिनि ने इन सिक्कों को आहत कहा है।[३९] उसी के अनुसार ये अंगरेजी में पंच मार्क्ड के नाम से प्रसिद्ध हैं। ये सिक्के बुद्ध-युग से भी पुराने हैं तथा भारतवर्ष में ओर से छोर तक पाये जाते हैं। अब तक लगभग पचास सहस्र से भी अधिक चाँदी के कार्षापण मिल चुके हैं।[४०]

मनुस्मृति के अनुसार चाँदी के कार्षापण या पुराण का वजन बत्तीस रत्ती था। सोने या ताँबे के कर्ष का वजन अस्सी रत्ती था।

कार्षापण की फुटकर खरीज भी होती थी। अष्टाध्यायी जातक तथा अर्थशास्त्र में इसकी सूचियाँ आयी हैं। अष्टाध्यायी में कार्षापण को केवल पण कहा है। इसके अर्ध पाद, त्रिमाष, द्विमाष अध्यर्ध या डेढ़ माष माष और अर्धमाष का उल्लेख है। कात्यायन ने इन में काकणी और अर्धकाकणी नाम और जोड़े हैं। जातकों में कहापण, अड्ढ, पाद या चत्तारोमासक तयोमासक, द्वमासक, एकमासक और अड्ढमासक नाम आये हैं। अर्थशास्त्र में पण, अर्धपण, पाद, अष्टभाग, माणक, अर्धमाणक, काकणी तथा अर्धकाकणी नाम आये हैं।[४१]

सुवर्ण

निष्क की तरह सुवर्ण एक सोने का सिक्का था। अनगढ़ सोने को हिरण्य कहते थे और उसी के जब सिक्के ढाल लेते तो वे सुवर्ण कहलाते थे।[४२]

सुवर्ण का वजन मनुस्मृति के अनुसार अस्सी रत्ती या सोलह माषा होता था। कौटिल्य ने एक कर्ष अर्थात् अस्सी गुंजा (लगभग १५० ग्राम) के बराबर सुवर्ण का वजन बताया है। बहुत प्राचीन सुवर्ण उपलब्ध नहीं होते फिर भी गुप्त युग के जो सुवर्ण सिक्के मिले हैं उनका वजन प्रायः इतना ही है।[४३]

---

३८ द्वे कृष्णले समधृते विज्ञेयो रौप्यमाषकः।
ते षोडश स्याद्धरणं पुराणश्चैव राजतः॥ ८।१३५-३६

३९ अष्टाध्यायी ५।२।१२०

४० अग्रवाल – पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० २५६

४१ वही

४२ भण्डारकर – प्राचीन भारतीय मुद्राशिल्प, पृ० ५१

४३ अग्रवाल – पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० २५३

सुवर्ण के उल्लेख प्राचीन साहित्य और शिल्प में समान रूप से पाये जाते हैं। श्रावस्ती के अनाथपिंडक की कथा प्रसिद्ध है। अनाथपिंडक बौद्ध संघ के लिए एक विहार बनाना चाहता था। इसके लिए उसने जो जमीन पसन्द की वह जैत नामक एक राजकुमार की सम्पत्ति थी। अनाथपिंडक ने जब जैत से उस जमीन-का दाम पूछा तो उसने उत्तर दिया कि आप जितनी जमीन लेना चाहें उतनी जमीन पर मूल्यस्वरूप सुवर्ण बिछाकर ले लें। अनाथपिंडक ने अठारह करोड़ सुवर्ण बिछाकर जमीन को खरीद लिया।

भरहुत के बौद्ध स्तूप में इस कथा का अंकन हुआ है। एक परिचारक छकड़े पर से सिक्के उतार रहा है एक दूसरा उन सिक्कों को किसी चीज में उठाकर ले जा रहा है। दूसरे दो परिचारक उन सिक्कों को जमीन पर बिछा रहे हैं।[४४] बोधगया के महाबोधि मन्दिर के स्तम्भों में भी इसी तरह के चित्र हैं।[४५]

सोमदेव के उल्लेख से ज्ञात होता है कि दशमी शती तक सुवर्ण मुद्रा का प्रचार था। सोमदेव ने लिखा है कि पल का व्यवहार सुवर्णदक्षिणा में था।[४६]

वस्तु-विनिमय

वस्तु विनिमय मे एक वस्तु दे कर लगभग उसी मूल्य की दूसरी वस्तु ली जाती थी। भद्रमित्र सुवर्ण द्वीप के व्यापार के लिए गया तो वहाँ से अपनी पसन्द की अनेक वस्तुओं को वस्तु विनिमय में संगृहीत किया।[४७]

एक अन्य प्रसंग में आया है कि एक गड़रिया एक बकरा लिये था। यज्ञ करने के इच्छुक एक पण्डित ने पूछा – 'अरे भाई, बेचना हो तो इसे इधर लाओ।' 'सरकार, बेचना ही तो है। आप अपनी अंगूठी बदले में मुझे दे दें, तो मैं इसे दे दूं।' उसने उत्तर दिया। और उस पण्डित ने अंगूठी देकर बकरा ले लिया।[४८] वस्तु विनिमय की सबसे बड़ी कठिनाई यही थी कि जो वस्तु विक्रेता के पास है उस वस्तु की आवश्यकता उस व्यक्ति को हो जिस व्यक्ति की वस्तु आप लेना चाहते हैं। इसी आवश्यकता की तीव्रता या मन्दता के आधार पर वस्तु विनिमय का आधार बनता था।

---

४४ कनिंघम – स्तूप ऑव भरहुत पृ० ८४

४५ कनिंघम – महाबोधि, पृ० १३

४६ पलव्यवहार सुवर्णदक्षिणासु। –पृ० २०२

४७ भाण्डपण्यविनिमयेन तत्रत्यमखिलमप्यात्माभिमतवस्तुस्कन्धमादाय। –पृ० ३४५ उत्त०

४८ अरे मनुष्य, समानीयतामितः एषोऽयं छागस्तव चेदस्ति विक्रेतुमिच्छा इति। पुरुषः भद्र, विनिमयीपुरैवैष यदि ममार्पित मे मत्ताकी करोत्यंगुलीयकम्। –पृ० १३१ उत्त०

न्यास

सोमदेव ने न्यास या धरोहर रखने का उल्लेख किया है। भद्रमित्र विदेश यात्रा के लिए गया तो आचार, व्यवहार और विश्वास के लिए विश्रुत श्रीभूति के पास उसकी पत्नी के समक्ष सात अमूल्य रत्न न्यास रख गया।[४९]

न्यास रखते समय यह अच्छी तरह विचार लिया जाता था कि जिस व्यक्ति के पास न्यास रखा जा रहा है वह पूर्ण प्रामाणिक और विश्वासपात्र व्यक्ति है। इतना होने पर भी न्यास रखते समय साक्षी अपेक्षित समझी जाती थी।[५०]

कभी कभी ऐसा भी होता था कि जिस व्यक्ति के पास न्यास रखा गया है, उसकी नियत खराब हो जाये और वह यह भी समझ ले कि न्यासकर्ता के पास ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिससे वह कह सके कि उसने उसके पास अमुक वस्तु रखी है, तो वह न्यास को हड़प जाता था। भद्रमित्र सब सोच-समझ कर श्रीभूति के पास अपने सात बहुमूल्य रत्न रख कर विदेश यात्रा के लिए गया था, किन्तु दुर्भाग्य से लौटने में उसका जहाज समुद्र में डूब गया। संयोग से वह बच गया और आकर श्रीभूति से अपने रत्न मांगे। श्रीभूति ने न्यास को तो नकारा ही साथ ही भद्रमित्र को बहुत ही बुरा भला कहा और उल्टा ले जाकर राजा के पास पेश कर दिया।[५१]

भृति

भृति या नौकरी के प्रति साधारणतया लोगों की धारणा अच्छी नहीं थी, प्रत्युत इसे निंद्य माना जाता था।[५२] इसका मुख्य कारण यह था कि भृत्य या सेवक कार्य करने के विषय में अपने मालिक के निर्देश पर अवलम्बित रहता है और उसका अपना मन या विवेक वहाँ काम नहीं देता। अनेक प्रसंग ऐसे भी आते हैं जब भृत्य को अपनी इच्छा के विपरीत भी कार्य करने पड़ते हैं। उसी समय धारणा बनती है कि नौकरी करने वाले का सत्य जाता रहता है। करुणा के साथ

---

४९ ५० विचार्य चातिचिरमुपनिधिन्यासयोग्यमावासम् उदिताचारसेव्योऽयमाचारितेति कृतव्यवस्थस्याखिललोकश्लाघ्यविश्वासमहते श्रीभूतेर्हस्ते तत्पत्नीसमक्षमनर्घ्यकल्पमनुगताप्तक रत्नसप्तकं निधाय।—पृ० ३४५ उत्त०

५१ अध्याय ७, कल्प २७

५२ आः कष्टा खलु शरीरिणां सेवया जीवनचेष्टा।—पृ० १३९
सेवावृत्तेः परमिह परं पातकं नास्ति किंचित्।—वही

धर्म भी समाप्त हो जाता है, केवल नीच वृत्तियों के साथ पाप ही शाप की तरह चिपटा फिरता है।[53]

सोमदेव ने लिखा है कि वास्तव में बात यह है कि नौकरी तो एक प्रकार का सौदा है। नौकर अपने सौजन्य, मैत्री और करुणा रूप मणियों को देता है तो मालिक से उसके बदले में धन पाता है। यदि न दे तो उसे धन भी न मिले क्योंकि धन ही धन कमाता है।[54]

■

---

५३ सत्यं दूरे विहरति समं साधुभावेन पुंसां,
धर्मश्चित्तात्सह करुणया याति देशान्तराणि।
पापं शापादिव च तनुते नीचवृत्तेन सार्धं,
सेवावृत्तेः परमिह परं पातकं नास्ति किञ्चित्॥ वही

५४ सौजन्यमैत्रीकरुणामणीनां व्ययं न चेत् मूल्यजनः करोति।
फलं महीशादपि नैव तस्य यतोऽर्थमेवार्थनिमित्तमाहुः॥ —वही

परिच्छेद बारह

शस्त्रास्त्र

यशस्तिलक म सोमदेव ने छत्तीस प्रकार के शस्त्रास्त्रो की जानकारी दी है। इससे अधिकाश शस्त्रास्त्रो का स्वरूप उनके प्रयोग करने के तरीको तथा कतिपय अन्य आवश्यक बातों पर भी प्रकाश पड़ता है।

शस्त्रास्त्रो के उल्लेख मख्य रूप से तीन प्रसगो पर हुए हैं (१) चण्डमारी के मन्दिर में आयोजित समारोह के वणन में (२) विविध देशो की सेनाओ का परिचय कराते समय तथा (३) पाचाल नरेश के दूत के सम्राट यशोधर के दरबार में पहुँचन पर। इसके अतिरिक्त कुछ अ य प्रसगो पर भी कतिपय शस्त्रास्त्रा का उल्लेख प्रसगवश हो गया है। उन सबके सम्बन्ध म विशेष जानकारी निम्नप्रकार है —

१ धनुष

धनुष के विषय मे सोमदेव ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया ह तथा ससार के सभी अस्त्रा म श्रेष्ठ बताया ह।[१] आयुध सिद्धा त में धनुर्वेद अपन आप में एक पूरा विज्ञान है। शराभ्यासभूमि में जाकर धनुष चलाने की विधिवत् शिक्षा ली जाती थी।[२] यदि धनुष चलाना आ गया तो अन्य अस्त्र चलाना आ ही जाता है, किन्तु अ य सभी अस्त्र चलाना आ जाने पर भी धनुष चलाना नहीं आ सकता।[३]

धनुष की अटनि को जमीन पर टिकाकर उस पर ज्या (डोरी) चढ़ायी जाती थी।[४] ज्या चढ़ाने में जमीन पर अत्यधिक दबाव पडता था। सोमदेव न अतिश

---

१ याव ति भुवि शस्त्राणि तेषां श्रेष्ठतर धनु।
धनुषां गोचरे तानि न तेषां गोचरो धनु ॥—पृ० ५९९, श्लो० ४६५

२ आयुधसिद्धान्तमध्यासादितसिंहनादाद्धनुर्वेदादुपश्रुत्य समाश्रितशराभ्यासभूमिः।
—पृ० ५५९

३ धनुषां गोचरे तानि न तेषां गोचरो धनु ॥—पृ० ५९९

४ कुम पातालमूल श्रयति फणिपति पिण्डते यन्नदण्ड,

यौक्ति में उसे इतना अधिक बताया है कि – धनुष पर डोरी चढ़ाते समय जैसे भूकम्प की स्थिति आ जाती हो।[५]

धनुष की ध्वनि भी बहुत तेज होती थी। सोमदेव ने उसे आनन्द दुंदुभि के समान कहा है।[६]

कुशल योद्धा जब धनुष चलाता है तो शीघ्रता के कारण यह पता नहीं लग पाता कि धनुष बायें हाथ में है अथवा दाहिने में या दोनों हाथों से ही बाण छोड़ रहा है। प्रयत्न लाघव की इस क्रिया को 'खुरली कहा जाता था।[७] महावीर-चरित में भी दो बार (२ ३४, ५५) खुरली का उल्लेख आया है।[८]

धनुष-बाण के द्वारा अत्यन्त दूरस्थ शत्रु को भी मारा जा सकता है। लगातार छोड़े गये बाण वध्य व्यक्ति तथा मौर्वी (धनुष की डोरी) के बीच में ऐसे लगते हैं जैसे पृथ्वी को नापने के लिए डोरा डाला गया हो।[९]

लक्ष्य यदि इतनी दूर हो कि दिखाई भी न पड़े तो भी पुख-अनुपुख के क्रम से भेद कर बाण गुणस्यूत (सूई के धागे) की तरह आगे निकल आता है। इसे सोमदेव ने सदगुण्ययोग्याविधि कहा है।[१०]

आगे, पीछे, दाहिनें बायें ऊपर नीचे अत्यन्त शीघ्र निरवधि (अनवरत) धनुष चलाने की क्रिया 'कोवण्डाचनचातुरी' कहलाती थी।[११] इस क्रिया में धनुधर ऐसा लगता है जैसा उसके पूरे शरीर में हाथ और आँखें लगी हो।[१२]

धनुष के प्राचीन इतिहास के विषय मे भी यशस्तिलक से पर्याप्त जानकारी मिलती है –

कर्ण का धनुष कालपृष्ठ, विष्णु का शाङ्र्ग, अर्जुन का गाण्डीव तथा महादेव

---

५. स्वबन्न्युर्वीभरन्आयपि दधति बकुप्तिन्धुरा साध्वसानि।
गाथन्तेऽम्भोधयोऽपि क्षितितलविरसद्वीचयस्ते महीश,
ज्यारोपासगसीदद्धुरटनिभरश्रस्यभूगोलकाले ॥—पृ० वही,

६ आनन्ददुन्दुभिरिव चापस्य ते ध्वनि।—पृ० ६००

७ शास्त्रप्रपञ्चखुरली खलु कः करोतु।—वही,

८ उद्धृत आप्टे – संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी।

९ यश० पृ० वही,

१० पञ्च चापविजृम्भिताभि अवत सद् गुणययोग्याविधौ।—पृ० ६०१,

११ कोदण्डाचनचातुरी रचयत प्राक्पृष्ठपक्षद्वयोर्ध्वाधोविषयेषु।—पृ० ६०१,

१२ सर्वाङ्गविनिर्मितेक्षणभुजाः।—वही

का पिनाक कहलाता था। गांगेय (भीष्म), द्रोण, राम, अर्जुन, नल तथा नहुष आदि राजा भी धनुष विद्या के पारगत योद्धा रहे हैं।[१३]

सोमदेव ने शब्दवेधी बाण का भी उल्लेख किया है। यशोमति महाराज ने शब्दवेधित्व कौशल दिखाने के लिए कुक्कुट की आवाज सुनकर उन्हें तीर का निशाना बनाया।[१४]

यशस्तिलक में धनुष विद्या से सम्बन्धित जितनी सामग्री आयी है उसका सम्मिलित परिचय इस प्रकार है –

पृष्ठ	
५९९	(१) धनुर्वेद–धनुष चलाने की विद्या का विश्लेषण करने वाला शास्त्र
५९९	(२) शराभ्यासभूमि–वह स्थान जहाँ धनुष विद्या सिखायी जाती
६०१	(३) धन्वी–धनुष चलाने वाला
३३२	(४) धनुधर–धनुष धारण करने वाला सैनिक
६०१	(५) पिनाक–महादेव का धनुष
६०१	(६) शार्ङ्ग–विष्णु का धनुष
६०१	(७) गाण्डीव–अर्जुन का धनुष
६०१	(८) काकपृष्ठ–कर्ण का धनुष
६००	(९) धनु–धनुष
५७२ ७३ ६०० १ ५५५ ७४,७६ १२४,३६६	(१०) चाप–धनुष
५५९ ५७० ६०१ ६०२	(११) कोदण्ड–धनुष
५५५ ५७३	(१२) खरदण्ड–धनुष
४६५	(१३) बाणासन–धनुष
५७१	(१४) शरासन–धनुष
७४	(१५) अजगव–धनुष

---

१३ त्वं कर्ण कालपृष्ठे भवसि बलिरिपुस्त्वं पुनः साधु शार्ङ्गे
गाण्डीवेऽप्रस्त्वमिन्द्र त्रिनिरमण हरस्त्वं पिनाके च साक्षात्।
बालाक्षप्रत्यचापाञ्चनचतुरविधेस्तस्य किं श्लाघनीयम्।
गाङ्गेयद्रोणरामार्जुननलनहुषच्मापसाम्ये तव स्यात्॥—पृ० ६०२,

१४ पृ० ५९१,

५५५,५९९	(१६) ज्या–धनुष की डोरी
५९,५९९	(१७) अटनि–धनुष का खांचेदार सिरा—किनारा
५७३	(१८) गुण–धनुष की डोरी
६००	(१) मौर्वी–धनुष की डोरी
५५८	(२०) नाराच–बाण
७९,११४,५५६	(२१) काण्ड–बाण
५५८	(२२) विशिख–बाण
२५९ उत्त०	(२३) सायक–बाण
६०० ६०१	(२४) बाण–बाण
५५८	(२५) नाराचपञ्जर–तरकस
४६७	(२६) भस्त्रा–तरकस
६००	(२७) पुंख–बाण का पिछला भाग
३३२	(२८) गोधा–धनुष की डोरी की रगड़ से रक्षा करने के लिए हाथ में लपेट गया चमड़े का खोल।
२५९ उत्त०	(२९) शरकुरली–तरकस
६००	(३०) खुरली–प्रयत्न-लाघवपूर्वक धनुष चलाना
५९९	(३१) ज्यारोप–धनुष पर डोरी चढ़ाना
६००	(३२) पुंखानुपुंखक्रम–इतने जल्दी बाण छोड़ना कि एक बाण दूसरे बाण की पूछ को छूता जाये।
६०१	(३३) चापविजृम्भित–धनुष चलाने के प्रकार
६०१	(३४) कोदण्डाकर्षणचातुरी–धनुष खींचने की चतुराई
६००	(३५) शरव्य–जिस पर निशाना लगाया गया है।
६००	(३६) लक्ष्य–निशाना
६०२	(३७) कोदण्डविद्या–धनुष विद्या
६०२	(३८) मार्गणमल्ल–धनुर्धारी योद्धा
२२२ उत्त०	(३९) अयोमुख पुंख–लोहे के मुँह वाला बाण

२ असिधेनुका

छोटी तलवार या छूरी असिधेनुका कहलाती थी। सोमदेव ने इसे असिधेनुका और शस्त्री दो नाम दिये हैं। अमरकोषकार (२,८,९२) ने शस्त्री, असिपुत्री, छुरिका और असिधेनुका ये चार नाम दिये हैं। असिधेनुका की धार पर पानी

चढ़ाकर उसे तेज बनाया जाता था।[१५] इसे मूठ में हाथ डालकर पकड़ते थे। दूत के द्वारा जब पाचाल नरेश की युद्धेच्छा का पता लगा तो असिधेनुका के प्रयोग में विशेषज्ञ, जिसे सोमदेव ने असिधनुधनजय कहा है ने ईर्ष्या के साथ अपने हाथ को असिधेनुका की मूठ में डाला।[१६]

सोमदेव के अनुसार असिधेनुका का प्रयोग प्रायः सिर पर किया जाता था तथा इसके प्रयोग से तडतड शब्द भी होता था।[१७]

असिधेनुका कमर में लटकायी जाती थी। यशस्तिलक म दाक्षिणात्य सैनिक नाभिपर्यन्त असिधेनुका लटकाये हुए थे।[१८]

हर्षचरित में असिधेनुका सहित पदातियो का वर्णन है। उन्होने कमर में कपड़े की दोहरी पेटी की मजबूत गाँठ लगा कर उसी में असिधेनुका खोस रखी थी।[१९] अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्तकालीन मिट्टी की मूर्तियो में एक ऐसे पदाति सैनिक की मूर्ति मिली है जो कमर म असिधेनु बाँधे हुए है।[२०]

३ कतरी

यशस्तिलक मे कतरी का उल्लेख कची तथा युद्धास्त्र दोनों के अर्थ में हुआ है। कची का प्रयोग दाढ़ी आदि बनाने के लिए किया जाता था (कतरीमुखचुम्बितामूलश्मश्रुबालम पृ० ४६१)। उत्तरापथ के सैनिक अपने हाथो में जिन विभिन्न हथियारो को उठाये हुए थे उनमें कतरी भी थी।[२१] अमरकोषकार ने कतरी और कृपाणी को पर्याय बताया है (कृपाणीकतरीसम २ १०,३४)। हेमचन्द्र ने कर्तरी के लिए कृपाणी कतरी और कल्पनी नाम दिये हैं।[२२] वर्णरत्नाकर में दण्डायुधो में इसकी गणना नहीं है, किन्तु हेमचन्द्र के टीकाकार ने जो छत्तीस आयुधो की सूची दी है, उसम कतरी की गणना है।[२३] सम्भवतया एक विशेष प्रकार की

---

१५ यस्यासिधारापथ ।—पृ० ५५४ शस्त्रीच्छिन पयोलव ।—पृ० १५२ उत्त०

१६ असिधेनुधनञ्जय सेष्यमसिमातृमुष्टौ पञ्चशाख विधाय।—पृ० ५६१

१७ तडतडिति तस्यैधा शस्त्री त्रोटयते शिर ।—पृ० ५६१

१८ आनाभिदेशोत्तम्भितासिधेनुकम्।—पृ० ४६२

१९ द्विगुणपट्टपट्टिकागाढग्रथितासिधेनुना।—हर्ष० २१

२० अग्रवाल — हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, फलक २ चित्र १२

२१ करोत्तम्भितकतरीकणय औत्तरपथं बलम्।—यश० पृ० ४६४

२२ कृपाणी कतरी कल्पन्यपि।—अभिधानचिन्तामणि ३।५७५

२३ द्वयाश्रयमहाकाव्य, सर्ग ११, श्लोक ५१, स० टी०

तलवार को कर्तरी कहते थे । पृथ्वीचन्द्रचरित (१४२१ ई०) में अस्त्रों की सूची में कतरी की गणना है ।[२४]

४. कटार

गुर्जर सैनिक कमर में कटार बाँधे हुए थे जिसकी मूठ भैंसे के सींग की बनी हुई थी ।[२५] संस्कृत टीकाकार ने इसका अर्थ छुरिका विशेष किया है (कटारकश्च छुरिकाविशेष) । कटार को यदि छुरिका मान लिया जाये तो सोमदेव के द्वारा प्रयोग किये गये असिधेनुका, शस्त्री और कटार इन तीनों शब्दों को पर्यायवाची मानना चाहिए, किन्तु स्वयं सोमदेव ने असिधेनुका और कटार का पृथक् पृथक् उल्लेख किया है । असिधेनुका और कटार में क्या अन्तर था यह स्पष्ट नहीं होता, फिर भी इनमें कुछ न कुछ अन्तर था अवश्य । सम्भवतया दोनों ओर धारवाली छोटी तलवार को कटार कहते थे ।

५ कृपाण

उत्तरापथ के कुछ सैनिक हाथों में कृपाण उठाये हुए थे ।[२६] यशोधर के जुलूस में भी कृपाणधारी सैनिक थे ।[२७] संस्कृत टीकाकार ने कृपाण का अर्थ खड्ग किया है ।[२८]

६ खड्ग

तिरहुत की सेना अपने हाथों में खड्ग उठाये हुए थी, जिनसे निकलने वाली किरणों से आकाश तरंगित सा हो उठा ।[२९] चण्डमारी देवी के मन्दिर में मारिदत्त खड्ग उठाये खड़ा था ।[३०]

एक स्थान पर खड्गयष्टि का उल्लेख है । सोमदेव ने लिखा है कि स्त्री पुरुष की मुट्ठी में स्थित खड्गयष्टि की तरह अपने अभिमत को सिद्ध कर लेती है ।[३१]

---

२४ उद्धृत, अग्रवाल–मध्यकालीन शस्त्रास्त्र, कला और संस्कृति पृ० २६१

२५. माहिषविषाणघटितमुष्टिकटारकोत्कटकटीभागम् गौर्जर बलम् । –पृ० ४६७

२६ करोत्कम्पितकर्तरीकणयकृपाण मौत्तरपथबलम् । –पृ० ४३४

२७ कृपाणपाणिभि । –पृ० ३३१

२८ कृपाणपाणिभि उत्खातखड्गकरैः । –सं० टी०

२९. उत्खातखड्गधलासविसारिधाराकरनिकरतरंगितगगनभागम् । –पृ० ४६६

३० उत्खातखड्गो मुनिबालकाभ्यां व्यलोकि । –पृ० १४७

३१ स्त्री तु पुरुषमुष्टिस्थिता खड्गयष्टिरिव साधयत्यभिमतमर्थम् । –पृ० १३६ उत्त०

७ कौक्षेयक या करवाल

सोमदेव ने कौक्षेयक और करवाल दोनो को एक माना है। करवालवीर करवाल को लपलपाता हुआ कहता है कि मेरा यह कौक्षेयक युद्ध में सीने में से झरते हुए खून के लिए राक्षसो की प्रतीक्षा करता है।[32] इस प्रसग से यह भी स्पष्ट है कि करवाल का प्रहार प्राय सीने पर किया जाता था।

यशस्तिलक में करवाल का उल्लेख दो बार और भी हुआ है। मारिदत्त को कौलाचाय विद्याधर लोक को जीतने वाले करवाल की प्राप्ति का उपाय बताता है।[33]

चण्डमारी के मन्दिर में कुछ लोग यमराज की दाढ़ के समान वक्र करवाल लिये हुए थे।[34]

८ तरवारि

तरवारि को सोमदेव ने यमराज की जीभ के समान तरल कहा है।[35] यशस्तिलक में तलवर का भी उल्लेख है जो सम्भवतया तरवारि धारण करने वाले पुरुष के लिए प्रयुक्त हुआ है। सबेरे एक चोर को साथ पकड़ कर तलवर राज दरबार में आता है।[36]

९ भुसुण्डि

भुसुण्डि का केवल एक बार उल्लेख है। चण्डमारी के मन्दिर में कुछ सैनिक भुसुण्डि भी लिये थे।[37] सस्कृत टीकाकार ने भुसुण्डि का पर्याय गजक दिया है[38]। भुसुण्डि सम्भवतया छोटी तलवार का ही एक प्रकार था।

१० मण्डलाग्र

मण्डलाग्र का एक बार उल्लेख है। यह एक प्रकार को अत्यन्त तीक्ष्ण

---

३२ करवालवीर सक्रोध करेण करवाल तरलयन्—
विपक्षपक्षक्षयदक्षदीक्ष कौक्षेयको मामक एष तस्य।
रक्षांसि वक्ष क्षतजे क्षरद्भि प्रतीक्षतेऽक्षुण्णतया रणेषु॥ —पृ० ५५७

३३ विद्याधरलोकविजयिन करवालस्य सिद्धिर्भवतीति।—पृ० ४४

३४ कैश्चित् कृतान्तदष्ट्राकोटिकुटिलकरवाल।—पृ० १४३

३५ कीनाशरसनातरलतरवारि।—पृ० १४४

३६ राजकुलानां सेवावसरेषु कृतास्थानस्य प्रविश्य तलवर।—पृ० २४५ उत्त०

३७ अपरैश्च यमावासप्रवेश भुसुण्डि।—पृ० १४५

३८ भुसुण्डयश्च गजका।—वही स० टी०

तलवार थी, जिसकी धार पर पानी चढ़ाया जाता था।[३९] म० म० गणपति शास्त्री ने इसे सीधी तथा वृत्ताकार अग्रभाग वाली तलवार कहा है।[४०]

११ असिपत्र

असिपत्र का एक बार उल्लेख है। सम्भवतया यह एक प्रकार की छोटी छुरी थी। सोमदेव ने लिखा है कि पाण्डु देश में चण्डरसा ने मुण्डीर नाम के राजा को कबरी (केशपाश) में छिपाये हुए असिपत्र से मार डाला था।[४१]

१२ अशनि

अशनि के लिए सोमदेव ने अशनि और वज्र दो शब्दो का प्रयोग किया है। एक उपमा से इसकी भयंकरता का पता लगता है। सोमदेव ने हाथियों के पैरों को वज्रपात की उपमा दी है।[४२] दूसरे प्रसग मे सिर पर उगे हुए सफेद बाल को वज्रदण्ड के गिरने के समान कहा गया है।[४३] इससे प्रतीत होता है कि यह वज्रदण्ड या डण्डे के आकार का शस्त्र था जिसका प्रहार प्राय सिर पर किया जाता था।

प्राचीन शिल्प और चित्रकला में वज्र का अकन दो रूपो में मिलता है– एक डण्डे के आकार का, बीच में पतला और दोनो किनारो पर चौडा। दूसरा दो मुँह वाला जिसमे दोनो ओर नुकीले दाँते बने होते हैं।[४४]

प्राचीन काल से अशनि या वज्र इन्द्र का हथियार माना जाता रहा है।[४५] बाद के चित्र और शिल्प में अनेक अन्य देवी देवताओं के हाथ में भी यह हथियार देखने को मिलता है। ईडर के शास्त्र भण्डार में सुरक्षित सचित्र कल्पसूत्र की ताडपत्रीय प्रति के अनेक चित्रो में इन्द्र हाथ में वज्र लिये दिखाया गया है।[४६] बुद्ध देवी वज्रतारा की मूर्तियो में एक हाथ में वज्र का अंकन मिलता है।[४७] बुद्ध-देवता

---

३९ मण्डलाग्रधाराजलनिम्नविच्छिन्नारातिसतान ।—पृ० ५६५

४० मण्डलाग्र. ऋजुवृत्ताकाराग्र ।—अर्थशास्त्र २।१८, स० टी०

४१ कबरीनिगूढेनासिपत्रेण चण्डरसा पाण्ड्येषु मुण्डीरम् ।—पृ० १५३ उत्त०

४२ पादेषु सम्पादितवज्रसम्पातैरिव ।—पृ० २८

४३ प्रपदशनिदण्डाडम्बर केश पाशः ।—पृ० २५२

४४ बनर्जी—दी डेवलपमेंट आफ हिन्दू आइकोनोग्राफी, पृ० ३३०, फलक ८, चित्र ८ फलक ६, चित्र २,३

४५ वही पृ० ३३०

४६ मोतीचन्द्र—जैन मिनिएचर पेंटिंग्स फ्राम वेस्टर्न इण्डिया, चित्र ६०,६१,६२, ६६,७२

४७ भट्टशाली—आइकोनोग्राफी आफ बुद्धिस्ट स्कल्पचर्स इन दी ढाका म्युजियम, पृ० ४३

वज्रहार के दाहिने हाथ में दो वज्र हैं, जिन्हें सीने से चिपकाया गया है।[४८] वज्रसत्त्व के हाथ में भी वज्र है, किन्तु वह एक है। गौतम बुद्ध की एक मूर्ति के नीचे दस प्रकार की वस्तुओ का अकन है उनके ठीक मध्य में वज्र है। यह ऊपर बताये गये दो प्रकार के वज्रो मे दूसरे प्रकार का है।[४९]

साहित्य में वज्र का सबसे प्राचीन उल्लेख ऋग्वेद (३ ५६ २) में आया है। यहाँ अशनि या वज्र को इन्द्र का ध्वज कहा गया है (शक्रस्य महाशनिध्वजम्)। सिद्धान्तकौमुदी में एक सूत्र (२।१।१५) के उदाहरण में आया है – अनुवनमश निगत – अर्थात् अशनि वन की ओर चला गया। वहाँ अशनि का अथ बिजली गिरने से है। रामायण (सुन्दरकाण्ड ४।२१) में अशनिधारी राक्षस सैनिको का वणन है। महाभारत में अशनि को अष्टचक्र वाला महाभयकर तथा रुद्र के द्वारा बनाया गया कहा ह।[५०] कालिदास ने रघुवश (८।४७) और कुमारसम्भव (४।४३) में अशनि का उल्लेख किया है। इन्दुमति के लिए विलाप करता हुआ अज कहता ह कि ब्रह्मा न इस पुष्पमाला को इन्दुमति के लिए अशनि बनाया।[५१] नागानन्द में गरुण अपनी चोच को अशनिदण्डकठोर बताता है।[५२]

प्राकृत ग्र थो में अशनि का असणि रूप पाया जाता है। उत्तराध्ययन (२० २१) में इन्द्र के आयुध के अथ में, प्रज्ञापना (१) में आकाश से गिरनेवाली बिजली के अथ में तथा भगवती (७,६) में ओलो की वर्षा के अथ में अशनि का उल्लेख हुआ है।

शिल्प चित्र और साहित्य के इतने उल्लेखों के बाद भी रामायण के साक्ष्य के अतिरिक्त यह पता नहीं लगता कि अशनि केवल कल्पित शस्त्र था या व्यवहार मे इसका प्रयोग भी होता था। हनुमान जब लका पहुँचे तो वहाँ राक्षस सैन्य में अशनिधारी सैनिको को भी देखा।[५३] इससे प्रतीत होता है कि अशनि व्यवहार में भी अवश्य था। सोमदेव ने अशनि का उल्लेख युद्ध के आयुधों के प्रसग में नहीं किया। वणरत्नाकर की सूची में भी अशनि या वज्र की गणना नही ह। द्वयाश्रय महाकाव्य के सस्कृत टीकाकार ने दण्डायुधो की सूची में वज्र को गिनाया है।[५४]

---

४८ वही, पृ० २३

४९ वही, पृ० ३०, फलक ८ चित्र १ ए (३)

५० अष्टचक्रां महाघोरामशनिं रुद्रनिर्मिताम्। –महा० ७ १९५ १६

५१ अशनि कल्पित एव वेधसा। –रघु० ८।४७

५२ अशनिदण्डचण्डतरया। –नागानन्द, ४।२७

५३ शक्तिवृक्षायुधांश्चैव पट्टिशाशनिधारिण। –सुन्दरकाण्ड ४।२१

५४ द्वयाश्रय महाकाव्य सग ११, श्लोक ५१, स० टी०

किन्तु इससे यह मानना कठिन है कि अशनि का हथियार के रूप में व्यवहार उस समय (१३वीं शती) तक होता था। लगता है, इस आयुध का प्रयोग व्यवहार से बहुत पुराने समय में ही उठ गया था तथा इन्द्र देवता और कतिपय अन्य देवी देवताओं के साथ सम्बद्ध होकर कला और शिल्प में शेष रह गया।

१३ अंकुश

यशस्तिलक म अकुश के लिए अकुश[५५] और वेणु शब्द आये हैं। सस्कृत टीकाकार ने वेणु का अथ वशयष्टि किया है जो कि गलत है।[५६] अकुश सम्पूण लोहे का बना करीब एक हाथ लम्बा होता है, जिसके एक किनारे एक सीधा तथा दूसरा मुडा हुआ नुकीला फन होता है।

अकुश का प्रयोग प्रारम्भ से हाथियों को वश में करने के लिए किया जाता रहा है। सोमदेव ने हाथियो को 'अकुशमर्याद' (पृ० २१४) कहा ह। यशस्तिलक का नायक अंकुश लेकर स्वय ही हाथियो को शिक्षित किया करता था।[५७] सोमदेव ने सफेद बालो को इन्द्रियरूप हाथियों के निग्रह के लिए अकुश के समान बताया है।[५८]

अकुश की गणना सोमदेव ने युद्धास्त्रो के साथ नहीं की, किन्तु वर्णरत्नाकर में इसे छत्तीस दण्डायुधो मे गिनाया गया है।[५९]

शिल्प और चित्रो मे अकुश देवी देवताओं के हाथो में उनक चिह्न के रूप म देखा जाता है।[६०] ढाका के समीप मिली महिषमर्दिनी का दस हाथ वाली मनोज्ञ मूर्ति एक हाथ मे अकुश भी लिये हैं।[६१] छानी (बडौदा स्टेट) के एक शास्त्र भण्डार के ओघनियुक्ति नामक सचित्र ताडपत्रीय ग्रन्थ में अंकुश लिये अनेक देवियो के चित्र हैं। चतुर्भुज वज्रांकुशी देवी अपने ऊपर के दोनो हाथों में काली देवी ऊपर के बायें हाथ म, महाकाली ऊपर के दायें हाथ में, गान्धारी ऊपर के बायें हाथ में, महाज्वाला ऊपर के दायें हाथ में तथा मानसी ऊपर के दायें हाथ में

---

५५. यश० पृ० २१४

५६ वही, पृ० २५३, ४६१

५७ स्वयमेवगृहीतवेणुर्वारणानिविनिन्ये। –पृ० ४६१

५८ करणकरिणां दर्पोद्रेकप्रदारणवेणव। –पृ० २५१

५९ वर्णरत्नाकर पृ० ६१

६० बनर्जी – डेवलपमेंट आफ हिन्दू आइकोनोग्राफी, फलक ८ चित्र २ ६

६१ भट्टशाली – आइकोनोग्राफी आफ बुद्धिस्ट एण्ड ब्राह्मनिकल स्कल्पचर्स इन द ढाका म्युजियम, फलक १६

अकुश लिये हैं।[६२] ईडर के भण्डार में स्थित कल्पसूत्र की सचित्र ताडपत्रीय प्रति में चतुर्भुज इन्द्र भी ऊपर के बायें हाथ में अकुश लिये चित्रित किया गया ह।[६३]

अकुश का प्रयोग इतने प्राचीन काल स चले आने के बाद भी इसके स्वरूप और उपयोगिता में कोई अन्तर नहीं आया। महावत हाथिया के लिए अभी भी अकुश का प्रयाग करत हैं।

१४ कणय

कणय का यशस्तिलक में दो बार उल्लेख है। उत्तरापथ क सनिक अन्य हथियारो के साथ कणय भी उठाय हुए थे।[६४] सोमदेव न कणय चलाने वाले योद्धाओ के प्रधान को कणयकाणप अर्थात कणय चलान मे राक्षस के समान कहा ह।[६५]

सस्कृत टीकाकार न एक स्थान पर कणय का अथ लोह का बाण विशष[६६] तथा दूसर स्थान पर भूषणनिबन्धन आयुध विशेष किया ह।[६७] प्रो० हन्दिकी ने कणय का अथ बरछी किया है।[६८] म० म० गणपति शास्त्री न अथशास्त्र की व्याख्या में कणय के सम्बन्ध में विशष जानकारी दी ह – कणय सम्पूण लोहे का बनता था। दोनो ओर तीन तीन कगूर तथा बीच में मट्ठी से पकडन का स्थान होता था। २० अगुली का कनिष्ठ २२ का मध्यम तथा २४ का उत्तम इस तरह तीन प्रकार के कणय बनते थे।[६९]

कणय का प्रहार शत्रु पर फेंककर किया जाता था (व्यत्यासन)। यदि कणय का प्रहार करने वाला कुशल हो तो युद्ध से हाथी, घोडे रथ पदाति, सभी सनिक एसे भागत है कि उनका भगदड से उत्पन्न हवा से पथ्वी घूमने सी लगती ह।[७०]

---

६२ मोतीच द्र – जैन मिनिएचर पेंटिंग्ज फ्राम वेस्टन इण्डिया, चित्र २०, २३ २४, २६, २७, ३१

६३ वही चित्र ६०

६४ करोत्कम्पितकर्तरीकणय मौत्तरपथबलम्। –पृ० ४६४

६५ काणयकोणप सामर्थ वि०स्य। – पृ० ५६०

६६ कणय लोहबाणविशेष। –पृ० ४६४, स० टी०

६७ कणय भूषणनिब धनायुधविशेष। –पृ० ५६०, स० टी०

६८ हन्दिकी – यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर, पृ० ६०

६९ कणय सवलोहमय उभयतस्त्रिकण्टकाकारमुखो मध्यमुष्टि।
कनिष्ठो विंशति स्यात् तदङ्गुलानां प्रमाणत।
द्वाविंशतिमध्यम स्याच्चतुर्विंशतिरुत्तम ॥–अथशास्त्र अधि० २, अध्याय १८

७० हस्त्यश्वरथपदातिव्यत्यासनवातघूर्णितक्षोणि। –पृ० ५६०

१५ परशु या कुठार

परशु का उल्लेख एक बार हुआ है। सोमदेव ने परशु के प्रयोग में कुशल सैनिक को परशुपराक्रम कहा है।[७१] सम्भवतया इस नाम का प्रयोग परशुराम की कथा की स्मृति में रखकर किया गया है।

सोमदेव परशु और कुठार को एक मानते हैं। गणपति शास्त्री ने लिखा है कि परशु पूरा लोहे का बना चौबीस अंगुल का होता था।[७३] परशु और कुठार को यदि एक मान लिया जाय तो वतमान में जिसे कुल्हाडी कहते हैं उसे ही अथवा उसके समान ही किसी हथियार को परशु कहते थे। अमरावती के चित्रो में भी इसका अकन हुआ है।[७४]

सोमदेव ने कुठार का भी चार बार उल्लेख किया है।[७५] सस्कृत टीकाकार ने सभी स्थानो पर उसका पर्याय परशु दिया है। परशु या कुठार का प्रहार गदन पर किया जाता था (कुठार कण्ठपीठी छिनत्ति, पृ० ५५६)।

शिल्प म परशु भगवान् शकर के अस्त्र के रूप में अकित किया गया है।[७६] प्रारम्भिक शिल्प म शूल और परशु का सयुक्त अंकन मिलता है।

१६ प्रास

प्रास का उल्लेख तोन बार हुआ है। चण्डमारी के मन्दिर में कुछ लोग प्रास लिये थे। उत्तरापथ की सेना में भी कुछ सैनिक प्रास लिये थे।[७७] पाचाल नरेश के दूत के सामन प्रासवीर प्रास को उछालते हुए कहता है कि सूत्कार के शब्द से दिग्गजों को भयभीत करता हुआ मेरा यह प्रास युद्ध में कवच सहित योद्धा को तथा उसके घोडे को भेदकर दूत की तरह नागलोक में चला जायेगा।[७८]

---

७१ परशुपराक्रमः सावज्ञ पाणिना परश्वध निर्नेनिजान । -पृ० ५५६

७२ अयमरठिसमूर्तिर्मामकस्तस्य तूणम्। रणशिरसि कुठार कण्ठपीठीं छिनत्ति।—वही

७३ परशु सर्वलोहमयश्चतुर्विंशत्यङ्गुल । -अर्थशास्त्र २।१८, स० टी०

७४ शिवराममूर्ति – अमरावती० फलक १० चित्र ३

७५ यश० पृष्ठ ४३३ ४६१ ५५६, ५६७

७६ बनर्जी – वही, पृ० ३१०, फलक १, चित्र १६ १६, २१

७७ यश० पृ० १४५ ४६८

७८ प्रासप्रसर ससौष्ठव प्रास परिवर्तयन्,

सूत्कारविस्त्रासितदिक्करीन्द्रः प्रासो मदीय समराङ्गणेषु।

सकङ्कट त्वां च हय च भित्त्वा यास्यत्यय दूत इवाहिलोके ॥ -पृ० ५६१

म०म० गणपति शास्त्री ने लिखा है कि प्रास चौबीस अंगुल व दो पीठ का बनता था। यह सम्पूर्ण लोहे का होता था तथा बीच में काठ भरा रहता था।[७९]

१७ कुन्त

कुन्त का उल्लेख पाञ्चाल नरेश के दूत के प्रसंग में हुआ है। कुन्त विशेषज्ञ को सोमदेव ने कुन्तप्रताप कहा है।[८०]

कुन्त सोध और अच्छे बांस की लकड़ी लगाकर बनाया जाता था। इसे कंपा कर दूर से वक्षस्थल पर प्रहार करते थे।[८१]

संस्कृत टीकाकार ने कुन्त का पर्याय प्रास दिया है।[८२] किन्तु सोमदेव इन दोनों को भिन्न भिन्न मानते हैं क्योंकि उन्होंने एक ही प्रसंग में दोनों का अलग-अलग उल्लेख किया है।[८३] कौटिल्य ने भी दोनों को भिन्न माना है।[८४] सात हाथ लम्बा कुन्त उत्तम, छह हाथ लम्बा मध्यम तथा पाँच हाथ लम्बा कनिष्ठ, इस तरह तीन प्रकार के कुन्त बनाये जाते थे—

हस्ताः सप्तोत्तमः कुन्तः षड्हस्तश्चैव मध्यमः।
कनिष्ठः पञ्चहस्तस्तु कुन्तमानं प्रकीर्तितम्॥

— अर्थशास्त्र २। १८ सं० टी०

१८ भिन्दिपाल

भिन्दिपाल का एक बार उल्लेख है। चण्डमारी के मंदिर में कुछ सैनिक भिन्दिपाल लिये थे।[८५] म०म० गणपति शास्त्री के अनुसार बड़े फनवाले कुन्त को ही भिन्दिपाल कहते थे।[८६] मत्स्यपुराण (१६०, १०) के अनुसार भिन्दिपाल लोह का (अयोमय) होता था तथा फेंककर इसका प्रहार किया जाता था। वैजयन्ती (पृ० ११७, १ ३३१) में इसे लम्बे सिरे वाली लम्बी बर्छी कहा है।[८७]

---

७९ प्रासश्चतुर्विंशत्यङ्गुलो द्विपीठः सर्वलोहमयः काष्ठगर्भश्च।
— अर्थशास्त्र २।१८ सं० टी०

८० कुन्तप्रतापः सकोपं कुन्तमुत्तालयन्। —पृ० ५५६

८१ ऋजु सुवंशोऽपि मदीय एष कुन्तः शकुन्तान्तकतर्पणाय।
निर्भिद्य वक्षः पिठरप्रतिष्ठां तस्यासृजाजं यमुव बिभर्ति॥ —वही

८२ कुन्तः प्रासः। —वही, सं० टी०

८३ पृ० ५६१

८४ अर्थशास्त्र, २।१८

८५ अपरैश्च मुषुण्डिभिन्दिपाल । —पृ० १४५

८६ भिन्दिपालः कुन्त एव पृथुफलः। —अर्थशास्त्र २। १८ सं० टी०

८७ चक्रवर्ती पी० सी० — दी आर्ट आफ वार इन एंशियेंट इण्डिया, पृ० १६०

१९ करपत्र

करपत्र दाँते बनी हुई लोहे की लम्बी पत्ती होती है, जिसे आजकल करौंत कहा जाता है। करपत्र या करौंत छोटी-बड़ी अनेक प्रकार की होती है और लकड़ी चीरने के काम में आती है। सोमदेव ने दन्तपंक्ति को करपत्र की उपमा दी है।[८८]

२० गदा

गदा का भी एक बार उल्लेख है। सोमदेव ने गदा चलाने में कुशल योद्धा को गदाविद्याधर कहा है[८९]। गदाविद्याधर गदा को घुमाता हुआ कहता है कि हे दूत जाकर अपने स्वामी से कह दे कि हमारे सम्राट से दो तीन दिन में ही आकर मिल ले, अन्यथा गदा से सिर फोड़ दूँगा।[९०]

गदा एक प्रकार का मोटा और भारी डण्डानुमा हथियार होता था। शिल्प और कला म इसके अनेक प्रकार मिलते ह।[९१] भारतीय साहित्य में बलराम भीम और दुर्योधन गदा के उत्कृष्ट चलाने वाले माने जाते हैं। विष्णु के भी शख चक्र और कमल के अतिरिक्त एक हाथ में गदा का अकन मिलता है।[९२] गदा का निशाना प्राय सिर को बनाया जाता था जिससे सिर चूर चूर हो जाये।[९३]

सोमदेव के वणन से स्पष्ट है कि गदा को ओर से घुमाकर फेंका जाता था। गदा को बार बार घुमाने से हवा का जो तीव्र वेग होता, उससे हाथी भी भागने लगते।

२१ दुस्फोट

दुस्फोट का उल्लेख चण्डमारी देवी के मन्दिर के प्रसग में हुआ है[९४]। सस्कृत

---

८८ सा दन्तपक्ति करपत्रवक्त्रस्यामच्छवि। पृ० १२३

८९ गदाविद्याधर सगव गदामुत्तम्भयन्।—पृ० ५६१

९० दूतैव विनिवेदयात्मथिभत्रे द्वित्रैर्दिनैमत्प्रभु,
परशागत्य यदि श्रियस्तव मता नो चेदिव दास्यति।
भ्रान्त्यावृत्तिविजृम्भितानिलबलोद्यालीकृताशागजा,
मूर्धानं झटिति स्फुटच्छलबल त्वक्त मदीयगदा॥—पृ० ५६२

९१ शिवराममूर्ति—अमरावती स्कल्पचस, पृ० १२६

९२ वही पृ० १२६

९३ देखो, फुटनोट सख्या ९०

९४ ममावासप्रवेशपरप्रासपट्टिसदुस्फोट।—पृ० १४५

टीकाकार ने इसका अर्थ मूसल किया है।[९५] मूसल लकड़ी का बना एक लम्बा तथा पैना उपकरण होता था। यह प्रायः खदिर की लकड़ी का बनाया जाता था। कौटिल्य ने इसकी गणना चल यन्त्रों में की है।[९६]

मूसल का अंकन शिल्प में संकर्षण बलराम के एक हाथ में किया जाता है।[९७] वर्तमान में मूसल एक घरेलू उपकरण बन गया है। धान आदि को ओखली में कूटने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

२२ मुद्गर

मुद्गर का उल्लेख दो बार हुआ है। सम्राट यशोधर के यहाँ मुद्गरधारी सैनिक भी थे।[९८] चण्डमारी के मन्दिर में भी कुछ लोग मुद्गर लिये खड़े थे।[९९] संस्कृत टीकाकार ने मुद्गर का अर्थ लोहे का घन किया है।[१००] अमरावती की कला में इसका अंकन मिलता है।[१०१]

२३ परिघ

परिघ का उल्लेख एक उपमा में हुआ है। घोड़ों को सोमदेव ने शत्रु सेना के डिगाने में परिघ के समान कहा है।[१०२] यह डण्डे जैसा लोहे का बना अस्त्र था। महाभारत में इसका उल्लेख कई बार हुआ है।[१०३] यह भी गदा की जाति का हथियार था।

२४ दण्ड

सोमदेव ने दण्डधारी योद्धाओं का उल्लेख किया है।[१०४] संभवतया दण्ड

---

९५ दुःस्फोटाश्च मुसलानि।—वही सं० टी०

९६ मुसलयष्टि खादिर शूल।—अर्थशास्त्र २।१८, सं० टी०

९७ बनर्जी – वही पृ० ३३०

९८ मुद्गरप्रहार —सपदि मम रणाग्रे मुद्गरस्याग्रतः स्या।—पृ० ५५७

९९ अपरैश्च यमावासप्रवेश मुद्गर—। सं० पृ० १४५

१०० मुद्गरस्य लोहघनस्य।—वही, सं० टी०

१०१ शिवराममूर्ति, अमरावती स्कल्पचर्स, फलक १०, चित्र १२

१०२ परबलस्खलने परिघा हया।—पृ० ३२५

१०३ चक्रवर्ती—द आर्ट आफ वार इन एँशियेण्ट इण्डिया, फुटनोट, ३

१०४ उदात्तदीर्घदण्डविडम्बितनोदण्डमण्डलै प्रशास्तृभि।—पृ० ३३१
दण्डपाशिकभटानादिदेश।—पृ० ५०

गदा के समान ही हथियार होता था। भारतीय सिक्कों में गदा और दण्ड का इतना साम्य है कि उनको पृथक पृथक करना कठिन है।[१०५]

२५ पट्टिस

पट्टिस का दो बार उल्लेख है। उत्तरापथ की सेना में[१०६] तथा चण्डमारी देवी के मन्दिर में[१०७] कुछ योद्धा पट्टिस लिये हुए थे। गणपति शास्त्री ने पट्टिस को उभयान्त त्रिशूल कहा है।[१०८] सभवतया पट्टिस लोहे का बना होता था जिसके दोनो ओर त्रिशूल की तरह तीन तीन नुकीले दाते बनाये जाते थे।

२६ चक्र

चक्र का दो बार उल्लेख है।[१०९] चक्र पहिए की तरह गोल आकार का लोहे का अस्त्र था। सोमदेव के विवरण से ज्ञात होता ह कि चक्र को जोर से घुमा कर इस प्रकार फेंका जाता था कि सीधा शत्रु के सिर पर गिरे। कुशलतापूवक फेंके गये चक्र से हाथियो तक के सिर फट जाते थे।[११०]

चक्र की कई जातियाँ होती थीं। सुदशन चक्र भगवान विष्णु का आयुध माना जाता है। कला में इसके दो रूप अकित मिलते है। कहीं कहीं चक्र का अकन पूण विकसित कमल की तरह भी मिलता है जिसमें पखुडियाँ आरों का काय करती है।[१११]

२७ भ्रमिल

चण्डमारी के मन्दिर में कुछ सैनिक भ्रमिल घुमाकर पक्षियों को भयभीत कर रहे थे।[११२] सस्कृत टोकाकार ने भ्रमिल का अथ चक्र किया है।[११३]

---

१०५ बनर्जी—वही पृ० ३२६

१०६ करोत्तम्भित—प्रासपट्टिस—औत्तरपथबलम्।—पृ० ४६५

१०७ अपरैश्च यामावासप्रवेशपरप्रासपट्टिस।—पृ० १४५

१०८ पट्टिस उभयान्तत्रिशूल।—अथशास्त्र २।१८ स० टी०

१०९ पृ० ५५८, ३६०

११० निपाजीव इव स्वामिन्स्थिरीकृतनिजासन।
चक्र भ्रमय दिक्पालपुरभाजनसिद्धये॥—पृ० ३६०
चक्रविक्रम साक्षेप चक्र परिक्रमयन्,
नो चेद्वैरिकरीन्द्रकुम्भदलनव्यासक्तरक्त मुहु,
मुक्त चक्रमकालचक्रमिव ते मूर्ध्नि प्रपाति ध्रुवम्॥—पृ० ५५८

१११ बनर्जी—वही पृ० ३२८, फलक ७, चित्र ४,७। फलक ६ चित्र १

११२ भ्रमिलभ्रमिभीषित—। पृ० १४४

११३. भ्रमिलं चक्रम्।—वही स० टी०,

२८ यष्टि

सोमदेव ने याष्टीक सनिकों का उल्लेख किया है।[११४] सस्कृत टीकाकार ने याष्टीक का पर्याय प्रतिहारी दिया है।[११५] यष्टि धारण करने वाले प्रतिहारी याष्टीक कहलाते थे। म० म० गणपति शास्त्री ने यष्टि को मूसल की तरह नुकीली तथा खदिर की लकड़ी से बनने वाली बताया ह।[११६] सोमदेव ने भी एक स्थान पर हाथी की सूंड को यष्टि से उपमा दी है इससे भी यष्टि के स्वरूप की पहचान हो जाती है।[११७]

शिवभारत (२५ २२) तथा भट्टीकाव्य (५ २४) में भी याष्टीक सैनिको के उल्लेख आये हैं।[११८]

२९ लागल

पाचाल नरश के दूत के प्रसग में लागलधारी सैनिक का उल्लेख है।[११९] लांगल सभवतया सम्पूण लोहे का बनता था। सोमदेव के वणन से ज्ञात होता है कि लागल का आकार ठीक वसा ही होता था जैसा वतमान म खेत जोतन के काम में लिया जान वाला हल। सोमदेव न लिखा है कि लागल का प्रयोक्ता यदि कुशल हो तो अकेला ही सम्पूण युद्धरूपी खत को जोत डालता है। विपक्षियो के शरीर की नसें चरमरा जाती हैं चमडा फटकर अलग हो जाता है खून सहस्रधार होकर बहने लगता है और शरीर की हड्डिया धनुष की कोटि की तरह चटपट शब्द करती हुई सौ टूक हो जाती हैं।[१२०]

हल सकषण बलराम का आयुध माना जाता है।[१२१]

---

११४ इतस्ततष्टोकमानैर्याष्टीकैर्विनीयमानानुकसेवकम्।—पृ० ३७२

११५ याष्टीक प्रतिहारे।—वही स० टी०

११६ मुसलयष्टि खादिर शूल —अथशास्त्र २।१८, स० टी०

११७ यष्टिरद।—पृ० ३०१

११८ उद्धृत आप्टे – सस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी पृ० १३१२

११९ स० पू० पृ० ५५६

१२० लागलगरल सोल्लुण्ठालाप लांगलमुदानयमान — हे धीरा, कृत भवता समरसरम्भण, यस्मादिदमेकमेव—
त्रुटदतनुशिराल्मा कीर्णकृत्तिप्रतानाः,
क्षरदविरलरलस्फारधारासहस्रा।
स्फुटदटनिकठोरष्टाकृतास्थी समीके
मम रिपुहृदयालीलागल लेलिखीति॥ —पृ० ५५६

१२१ बनर्जी – वही, पृ० २२८

३० शक्ति

शक्ति के प्रयोग में कुशल सैनिक को सोमदेव ने शक्तिकार्तिकेय कहा है।[१२२] शक्ति सम्पूर्ण रूप से लोहे का बना भाले के समान अत्यन्त तीक्ष्ण आयुध था।[१२३] यह स्कन्दकार्तिकेय तथा दुर्गा का अस्त्र माना जाता है। कार्तिकेय की मूर्ति के बायें हाथ में शक्ति का अंकन देखा जाता है।[१२४] सोमदेव के द्वारा प्रयोग किये गये शक्तिकार्तिकेय पद में भी यही ध्वनि है।

३१ त्रिशूल

त्रिशूल का भी उल्लेख पांचाल नरेश के दूत के प्रसंग में हुआ है।[१२५] स्वयं सोमदेव के वर्णन से त्रिशूल के विषय में पर्याप्त जानकारी प्राप्त हो जाती है। त्रिशूल की तीन शिखाएँ होती हैं। इसका प्रहार वक्षस्थल पर किया जाता है। त्रिशूल भैरव का अस्त्र माना जाता है।[१२६]

शिल्प में भी त्रिशूल महादेव का अस्त्र माना गया है। कहीं-कहीं परशु के साथ तथा कहीं कहीं केवल त्रिशूल का अंकन मिलता है।[१२७]

३२ शंकु

शंकुधारी सैनिक को सोमदेव ने शंकुशार्दूल कहा है।[१२८] शंकु लोहे या खदिर की लकड़ी का बना एक प्रकार का भाला या बर्छी जैसा शस्त्र होता था। इसका प्रयोग फेंक कर करते थे।[१२९]

---

१२२ पृ० ५६२

१२३ सर्वलोहमयीशक्तिरायुधविशेष।—वही सं० टी०
तुलना – शक्तिश्च विविधास्तीक्ष्णा।—महाभारत, आदि पर्व ३०,४६

१२४ भट्टशाली – द आइकोनोग्राफी आफ बुद्धिस्ट एण्ड ब्राह्मेनिकल स्कल्पचर्स, पृष्ठ १४७, फलक ५७, चित्र ३ (ए)

१२५ पृ० ५६०

१२६ त्रिशूलभैरव साधय त्रिशूल कल्पयन्—
इद त्रिशूल तिसृभि शिखाभिर्भगवन् वक्षसि ते विधाय – पृ० ५६०

१२७ बनर्जी – वही पृ० ३३०, फलक १ चित्र १६, १८, २१ (केवल त्रिशूल) फलक १, चित्र १५, फलक ८, चित्र १,३, फलक ६ चित्र १ २

१२८ पृ० ५६३

१२९ अथ शंकुचितां रणा रावणोमथ शत्रवे (अक्षिपत्)।—रघुवंश, १२।५६

३३ पाश

पाश का उल्लेख भी एक बार हुआ है। लक्ष्मी प्राप्ति की इच्छा को आशा पाश कहा गया है। सोमदेव के वर्णन से लगता है कि पाश का प्रयोग पैरों में रुकावट डाल कर गत्यवरोध के लिए किया जाता था।[130]

पाश के सम्बन्ध में डाक्टर पी० सी० चक्रवर्ती ने निम्नप्रकारसे विशेष जानकारी दी है –

ऋग्वेद (९ ८३ ४ – १० ७३ ११) में पाश वरुण तथा सोम का अस्त्र बताया गया है। कर्णपर्व (५३ २३) में इसे शत्रु के पैरो को बाँधने वाला अतएव पादबन्ध कहा है। अग्निपुराण (२५१,२) के अनुसार पाश दस हाथ लम्बा तथा किनारो पर फन्दे युक्त होना चाहिए। इसका सामना हाथ की ओर रहना चाहिए। पाश सन (जूट) मूज भाग तात चमड़ा अथवा किसी अन्य मजबूत धाग से बनी रस्सी का बनाना चाहिए, इत्यादि।

नीतिप्रकाशिका (४ ४५ ६) के अनुसार पाश पीतल की बनी छोटी पत्तियो से बनाया जाता था। शुक्रनीति (४।७) के अनुसार पाश तीन हाथ लम्बा डण्ड के आकार का बनाया जाता था, जिसमें तीन नुकीले दाँत तथा लाहे की रस्सी (तार या साकल) लगी होती थी। सम्भवतया प्राचीन पाश का विकास इस रूप म हुआ हो।[131]

३४ वागुरा

श्वेत केशो को सोमदेव ने मनरूपी मृग की चेष्टा नष्ट करने के लिए वागुराके समान कहा है।[132] स० टीकाकार ने वागुरा का अर्थ बधनपाश किया है।[133]

वागुरा भी एक प्रकार का पाश ही था। पाश और वागुरा में अन्तर यह था कि पाश द्वारा शत्रु के चलते फिरते कूट यन्त्र फँसाए जाते थे तथा वागुरा से गज या हाथी पर सवार सैनिको को खींच लिया जाता था।[134]

---

१३० लक्ष्मीलवलाभाशापाशस्खलितमतिमृगीप्रचारस्य।—पृ० ४३३

१३१ चक्रवर्ती – द आर्ट आफ वार इन एंशियेंट इण्डिया, पृ० १७२

१३२ हृदयहरिणस्येष्टाध्वसप्रसाधनवागुरा।—पृ० २५३

१३३ वागुरा बन्धनपाशा।—स० टी० वही

१३४ अग्रवाल – हर्षचरित, पृ० ४०, फलक ४, चित्र २०

३५ क्षेपणिहस्त

क्षेपणिहस्त का एक बार उल्लेख है। यह एक लम्बी रस्सी में बीच में चमड़ा या रस्सी का ही बिना हुआ चौड़ा पट्टा सा लगाकर बनाया जाता है। इस पट्टे में पत्थर के टुकड़े रख कर जोर से घुमाकर छोड़ते हैं। वर्तमान में इसे 'गुथनियाँ' कहते हैं। इसके द्वारा फेंका गया पत्थर का टुकड़ा बन्दूक की गोली की तरह चोट करता है। पक्षियों से खेत की रखवाली करने के लिए रखवाला एक ऊँचे मचान पर से क्षेपणिहस्त द्वारा चारों ओर दूर दूर तक पत्थर फेंकता है। जोर से क्षेपणिहस्त छोड़ने से सन्न न-न की आवाज होती है। सोमदेव ने भी इसी भाव को व्यक्त किया है। वे कहते हैं कि हे राजन् राजधानीरूपी खेत में स्थित होकर दूरस्थ भी शत्रुरूपी पक्षियों को सेनारूपी पत्थरों के द्वारा महान् शब्द करते हुए क्षेपणिहस्त की तरह भगाओ (या मारो)।[135]

३६ गोलधर

गोलधर का एक बार यशोधर के जुलूस के प्रसंग में उल्लेख है।[136] संस्कृत टीकाकार ने इसका पर्याय गोफणहस्त किया है।[137] आप्टे साहब ने गोलासन का एक अर्थ एक प्रकार की बंदूक भी किया है।[138]

■

१३५ दूरस्थानपि भूपाल क्षेत्रेऽस्मिन्नरिपक्षिणः ।
बलोपलमहाघोषैः क्षिप क्षेपणिहस्तवत् ॥—पृ० ३६

१३६ गोलधनुर्धरगोधाधिष्ठितवृत्तिभि ।—पृ० ३३२

१३७ गोलधराश्च गोफणाहस्ता ।—वही, सं० टी०

१३८ ए काइंड आफ गन, आप्टे – संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी, पृ० ४७५

अध्याय तीन

ललित कलाएँ और शिल्प विज्ञान

गीत, वाद्य और नृत्य

गीत, वाद्य और नृत्य के लिए प्राचीन शब्द तौर्यत्रिक था। अमरकोषकार ने लिखा है कि तौर्यत्रिक शब्द से गीत, वाद्य और नृत्य का ग्रहण होता है (अमर कोष, १।६।११)। सोमदेव ने लिखा है कि मारिदत्त राजा ने तौर्यत्रिक में गन्धर्व-लोक को जीत लिया था (तौर्यत्रिकातिशयविशेषविजितगन्धर्वलोकः, १९।६, हिन्दी)। सोमदेव के युग में गीत वाद्य और नृत्य का खूब प्रचार था। सम्राट यशोधर को गीतगन्धर्वचक्रवर्ती, वाद्यविद्याबृहस्पति तथा नृत्तवृत्तान्तभरत (३७६-३७७ हिन्दी) कहा गया है। गन्धर्व जाति संगीत में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। बृहस्पति द्वारा वाद्यविद्या पर लिखित कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता। वे विद्या के देवता अवश्य माने जाते हैं। भरतमुनि का नाट्यशास्त्र प्रसिद्ध है। सोमदेव ने भरतमुनि का अनेक बार स्मरण किया है। सहस्रकूट चैत्यालय को भरतपदवी के समान विधि, लय और नाट्य से युक्त बताया है (भरतपदवी इव विधिलयनाट्या डम्बर २४६।२३ उत्त०)। नृत्त, नाट्य, ताण्डव, अभिनय आदि के विशेषज्ञ भरत पुत्रों का भी सोमदेव ने स्मरण किया है (३२०। २३, हिन्दी)।

दशवीं शताब्दी में संगीत, वाद्य और नृत्य का विशेष प्रचार था। यशोधर का हस्तिपक इतना अच्छा गाता था कि महारानी भी पाशाकृष्ट की तरह उसकी ओर खिंच गयीं। छठे आश्वास की दशवीं कथा में धन्वन्तरी नगर-नायक के घर रात्रि में नृत्य देखते रहने के कारण देर से घर लौटता है। महाराज यशोधर स्वयं नाट्यशाला में आकर रंगपूजा करते हैं तथा नृत्य आदि के विशेषज्ञों के साथ नाट्यशाला में अभिनय आदि देखते हैं (३२०, हिन्दी)।

गीत

यशस्तिलक में गीत के विषय में पर्याप्त जानकारी आयी है। यशोधर कहता है— उसका गला इतना मधुर है कि उसके गाने से सूखे वृक्ष भी पल्लवित और पुष्पित हो जाते हैं। ललित कलाओं में गीत का विशेष महत्त्व है। गाने में उस्ताद मनुष्य यदि स्वभाव से क्रूर भी हो तो भी स्त्रियाँ उसकी ओर आकर्षित होती हैं। गायक यदि कुरूप भी हो तो भी वह स्त्रियों के लिए कामदेव के समान

सुन्दर और प्रियदर्शन होता है। जिन स्त्रियों का दर्शन भी दुर्लभ हो वे भी गीत से आकर्षित होकर ऐसी चली आती हैं जैसे पाश से खिंची चली आती हों। कुशल गीतकार के द्वारा गाया गया गीत मनस्विनी स्त्रियों के मन में भी एक विचित्र सी स्थिति पैदा कर देता है।[1]

गीत और स्वर का अनन्य सम्बन्ध है। सोमदेव ने सप्त स्वरोंका उल्लेख किया है (सप्तस्वर, पृ० ३१९)। अमरकोषकार ने वीणा के सात स्वर बताए हैं—(१) निषाद (२) ऋषभ, (३) गान्धार, (४) षडज, (५) मध्यम, (६) धैवत (७) पंचम (१।३।१)। हस्ति के बृंहित जसे स्वर को निषाद बैल-जसे स्वर को ऋषभ, धनुष्टंकार जैसे स्वर को गान्धार मयूर जसे स्वर को षडज क्रौंचजसे स्वर को मध्यम घोड़े के ह्रेषित जैसे स्वर को धैवत तथा कोयल के कूकन जसे स्वर को पंचम स्वर कहते हैं।[2]

वाद्य

यशस्तिलक में वाद्यविषयक बहुमूल्य और प्रचुर सामग्री के उल्लेख हैं। सब का संक्षिप्त विवेचन इस प्रकार है

आतोद्य

यशस्तिलक में वाद्यों के लिए सामान्य शब्द आतोद्य आया है। सोमदेव ने लिखा है कि नन्दिगण आतोद्य के द्वारा सरस्वती का पूजन करते थे।[3] नाट्यशास्त्र तथा अमरकोष में भी चार प्रकार के वाद्यों के लिए सम्मिलित शब्द आतोद्य ही दिया है।[4]

---

१ एष हि किल निसर्गकलकण्ठतया शुष्कानपि तरून् पल्लवयतीत्यनेकशः कथितं कुमारेण। गृणन्ति च कलासु गीतस्यैव परं महिमानमुपाध्यायाः। सुप्रयुक्तं हि गीतं स्वभावदुर्भगमपि नरं करोति युवतीनां नयनमनोविश्रामस्थानम्। भवति कुरूपोऽपि गायनः कामदेवादपि कामिनीनां प्रियदर्शनः। गानेन हि दुर्दर्शा अपि योषितः पाशेनाकृष्टा इव सुतरां संगच्छन्ते। कुशलैः कृतप्रयोगं हि गेयमपनीय मानग्रहमपरमेव कंचिदनन्यजनसाध्यमाभिमुख्यमुत्पादयति मनस्विनीनाम्।—पृ० ५५ उत्त०

२ अमरकोष स० टी० १।३।१

३ आतोद्येन च नन्दिभिः। पृ० ३१६

४ नाट्यशास्त्र २८।१, अमरकोष १। १। ६

घन, सुषिर, तत और अवनद्ध, ये चार प्रकार के वाद्य हैं।[५] जो वाद्य ठोकर लगा कर बजाये जाते हैं, वे घन कहलाते हैं। जैसे घण्टा आदि। जो वाद्य वायु के दबाव से बजाये जाते हैं, वे सुषिर कहलाते हैं। जैसे वेणु आदि। जो वाद्य तन्तु, तार या तांत लगाकर बनाये जाते हैं, वे तत कहलाते हैं। जैसे वीणा आदि। और जो वाद्य चमड़े से मढ़े होते हैं, वे अवनद्ध कहलाते हैं। जैसे मृदंग आदि।

यशस्तिलक में विभिन्न प्रसंगों में तेईस प्रकार के वादित्रों के उल्लेख हैं

१ शंख, २ काहला, ३ दुंदुभि, ४ पुष्कर,
५ ढक्का, ६ आनक, ७ भम्भा, ८ ताल,
९ करटा, १० त्रिविला, ११ डमरुक, १२ रुञ्जा,
१३ घंटा १४ वेणु १५ वीणा, १६ झल्लरी,
१७ वल्लकी, १८ पणव, १९ मृदंग २० भेरी,
२१ तूर, २२ पटह, २३ डिण्डिम।

इनमें से प्रथम सोलह का उल्लेख युद्ध के प्रसंग में एक साथ भी हुआ है।[६] इनके विषय में विशेष जानकारी निम्नप्रकार है

१ शंख

यशस्तिलक में शंख का उल्लेख कई बार हुआ है। युद्ध के प्रसंग में सोमदेव ने लिखा है कि शंख बजे तो दशों दिशाएँ मुखरित हो उठीं।[७] एक प्रसंग में सन्ध्याकाल में मृदंग और आनक के साथ शंख के कोलाहल की चर्चा है।[८] एक स्थान पर पूजा के अवसर पर अन्य वाद्यों के साथ शंख का भी उल्लेख है (पृष्ठ ३८४ उत्त०)।

शंख की सर्वश्रेष्ठ जाति पाञ्चजन्य मानी जाती है। भगवद्गीता के अनुसार श्रीकृष्ण के हाथ में पाञ्चजन्य शंख रहता था। सोमदेव ने इन दोनों तथ्यों का उल्लेख किया है।[९]

संगीतशास्त्र में शंख की गणना सुषिर वाद्यों में की जाती है। यह शंख नामक जलकीट का आवरण है और जलस्थानों – विशेषकर समुद्रों में उपलब्ध

---

५. घनसुषिरततावनद्धवाद्यनाद। —पृ० ३८४ उत्त०

६. पृ० ५८०-८१

७. तारतरं स्वनत्सु मुखरितनिखिलाशामुखेषु शंखेषु। – पृ० ५८०

८. मृदंगानकशंखकोलाहले। —पृ० ११ उत्त०

९. कम्बुकुलमान्ये च पाञ्चजन्ये कृष्णकरपरिग्रहमिरधर्वाणि अथावद्दानि। – पृ० ७२

होता है। वाद्यों में शंख ही ऐसा है जो पूर्णतया प्रकृति द्वारा निर्मित है और अपने मौलिक रूप में भी वादन योग्य होता है। संगीत-पारिजात में लिखा है कि वाद्योपयोगी शंख का पेट बारह अंगुल का होता है तथा मुखविवर बेर के बराबर। वादन-सुविधा के लिए मुखविवर पर धातु का कलश लगाकर बनाये गये भी शंख उपलब्ध होते हैं। भारतवर्ष में शंख का प्रयोग प्राचीन काल से चला आया है और आज भी मंगल कार्यों के अवसर पर शंख फूंकने का रिवाज है।

साधारणतया शंख से एक ही स्वर निकलता है किन्तु इससे भी राग रागनियाँ उत्पन्न की जा सकती हैं। श्री चुन्नीलाल शेष ने अपने एक लेख में लिखा है कि मैसूर राज्य के राज्यगायक स्वर्गीय पण्डित प्रभुदयाल ने काकरौली नरेश गोस्वामी श्री व्रजभूषणलाल जी महाराज के सम्मुख इस वाद्य का प्रदर्शन किया था और उससे सब राग रागनियाँ निकाल कर सुनायी थीं। इस शंख के पेट का परिमाण बारह अंगुल के ही लगभग था। मुखविवर पर मोम से स्वर्ण कलश चिपकाया हुआ था। मुख और स्वर्ण कलश के बीच मकड़ी के जाले की झिल्ली लगी थी।[१०]

२ काहला

काहला का उल्लेख यशस्तिलक में दो बार हुआ है। एक प्रसंग में सोमदेव ने लिखा है कि जब काहलाएँ बजने लगीं तो उनके नाद की प्रतिध्वनि से दिशाएं पर्वत तथा गुफाएँ शब्दायमान हो उठीं।[११] संस्कृत टीकाकार ने काहला का अर्थ धतूरे के फूल की तरह मुंहवाली भेरी किया है।[१२]

संगीतरत्नाकार में भी काहला को धतूरे के फूल की तरह मुँहवाला वाद्य कहा गया है[१३] किन्तु यशस्तिलक के टीकाकार का काहला को भेरी कहना उपयुक्त नहीं, क्योंकि भेरी स्पष्ट ही अवनद्ध वाद्य है और काहला सुषिर वाद्य। जातक साहित्य तथा जैन कल्पसूत्र (पृ० १२०) में भेरी का उल्लेख अवनद्ध वाद्यों में हुआ है।

काहला तीन हाथ लम्बा छिद्र युक्त तथा धतूरे के फूल की तरह मुँहवाला सुषिर वाद्य है। यह सोना, चाँदी तथा पीतल का बनाया जाता है। इसके

१० चुन्नीलाल शेष– अष्टछाप के वाद्य-यन्त्र, व्रजमाधुरी, वर्ष १३, अंक ४

११ ध्मायमानासु प्रतिशब्दनादितदिगन्तरगिरिगुहामुखकाहलासु।—पृ० ५८०

१२ काहलासु धत्तूरपुष्पाकारमुखभेरिषु।—वही, सं० टी०

१३ धत्तूरकुसुमाकारवदनेन विराजिता।—६।७६४

बजाने से हाडु-डु शब्द होते हैं।[१४] उड़ीसा में अभी भी इस वाद्य का प्रचलन है।

३ दुंदुभि

यशस्तिलक में दुंदुभि का दो बार उल्लेख है। युद्ध के प्रसंग में लिखा है कि जब दुंदुभि बजने लगे तो उनकी ध्वनि से समुद्र क्षोभित हो उठे।[१५] यशोधर के जन्म के समय भी दुंदुभि बजने के उल्लेख हैं।[१६]

दुंदुभि अवनद्ध वाद्य है। यह एक मुँहवाला तथा मुँह पर चमड़ा मढ़कर बनाया जाता है और डंडे से पीट पीटकर बजाया जाता है।[१७] विशेषकर मंगल और विजय के अवसर पर दुंदुभि बजाने का प्राचीन काल से ही प्रचलन रहा है। वेदकाल में भूमि दुंदुभि और दुंदुभि का प्रचुर प्रचार था।

४ पुष्कर

पुष्कर का यशस्तिलक में दो बार उल्लेख है। युद्ध के समय सुर-सुन्दरियों के कानों को कष्ट देने वाले पुष्कर बजे।[१८] श्रुतसागर ने पुष्कर का अर्थ एक स्थान पर मदल और दूसरे स्थान पर मृदंग किया है।[१९]

अवनद्ध वाद्यों के लिए पुष्कर का सामान्य अर्थ में प्रयोग होता है। कभी कभी अवनद्ध वाद्य विशेष के लिए भी प्रयोग किया जाता है। सोमदेव ने सामान्य अर्थ में प्रयोग किया है। नाट्यशास्त्र में मृदंग, पणव और दर्दुर को पुष्करत्रय कहा गया है।[२०] संगीतरत्नाकरकार ने भी उसी का सन्दर्भ दिया है।[२१] महाभारत में पुष्कर का सामान्य अर्थ में प्रयोग हुआ है।[२२] कालिदास ने

१४ ताम्रजा राजती यद्वा कांचनी सुषिरान्तरा।
धत्तूरकुसुमाकारवदनेन विराजिता॥
हस्तत्रयमिता दैर्घ्ये काहला वाद्यते जनैः।
हाहूरवावती वीरविरुदोच्चारकारिणी॥
—संगीतरत्नाकर ६।७९४ ९५

१५ ध्वनत्सु क्षोभिताम्भोनिधिनादिषु दुन्दुभिषु।—पृ० ५८०

१६ दुन्दुभिध्वनिवशात्वे।—पृ० २२८

१७ संगीतरत्नाकर, ६।११४५-४७

१८ शब्दायमानेषु सुरसुन्दरीश्रवणाकम्वरेषु पुष्करेषु।—पृ० ५८१

१९ पुष्करेषु मर्दलेषु।—वही, सं० टी०
पुष्करवत् मृदंगमुखवत्।—पृ० २२६ उत्त०, सं० टी०

२० नाट्यशास्त्र ३३।२४, २५

२१ ऊर्ध्वकं मृदंगतत्त्वेन भुविना पुष्करत्रयम्।—सं० र० ६।१०२७

२२ अवादयन् दुन्दुभींश्च शतशश्चैव पुष्करान्।—महा० ९।१३।१०६

भी रघुवंश और मेघदूत में पुष्कर का उल्लेख किया है।[२३]

५. ढक्का

यशस्तिलक में ढक्का का उल्लेख युद्ध के प्रसग में हुआ है। ढक्काएं पीटी जाने लगीं तो सेना के हाथियों के बच्चे डर गये।[२४] श्रुतसागर ने ढक्का का अर्थ ढोल किया है।[२५]

ढक्का या ढोल एक अवनद्ध वाद्य है। काशिकाकार ने भी अवनद्ध वाद्यों में इसका उल्लेख किया है।[२६] यह लकड़ी का बना वर्तुलाकार वाद्य है, जिसके दोनों मुह पर चमड़ा मढ़ा रहता है।[२७] आजकल भी ढक्का या ढोल का प्रचलन है। बड़े ढोल डण्डे से पीटकर बजाये जाते हैं छोटे ढोल हाथ से भी बजाये जात हैं। छोटे ढोल को ढोलकी या ढुलकिया कहा जाता है।

६. आनक

आनक का यशस्तिलक में कई बार उल्लेख है। श्रुतसागर ने आनक का अर्थ पटह किया है।[२८]

आनक एक मुहवाला अवनद्ध वाद्य है, जिसके बजाने से मेघ या समुद्र के गजन के समान भयानक आवाज होती है। सोमदेव न लिखा है कि प्रलयकाल के कारण क्षुभित सप्ताणव के शब्द की तरह घोर शब्द करनवाले आनक बजे।[२९] संस्कृत में आनक की व्युत्पत्ति इस प्रकार होगी—आनयति उत्साहवत करोति, अनु णिच् ण्वुल। प्राचीन साहित्य में आनक के अनेक उल्लेख मिलते हैं। महाभारत में आनक का कई बार उल्लेख है।[३०] आजकल के नौबत या नगारा से इसकी पहचान करना चाहिए।

---

२३ तूर्यैराहतपुष्करै।—रघुवंश १७।११
पुष्करेष्वाहतेषु।—मेघदूत ६८

२४ प्रहितासु वित्रासितसैन्यसामजचिक्कासु ढक्कासु।—पृ० ५८०
(चिक्का करिशिशव श्रीदेव)

२५ ढक्कासु ढोल्लवादित्रेषु।—वही, सं० टी०

२६ काशिका ४।२।३५

२७ सं० र० ६।१०९० ९४

२८ महानकेषु महापटहेषु।—पृ० ३८४ हि०

२९ प्रलयकालक्षुभितसप्तार्णवघोरानकस्वानविमोवितभुवनान्तरालम्।—पृ० ४४

३० महाभारत ३।१५।७, ९। २१४। २५

७. झम्मा

यशस्तिलक में झम्मा का दो बार उल्लेख है। एक प्रसंग में सोमदेव ने लिखा है कि अंभाली भुजग भामिनियों में खलबली मचानेवाली झम्माएँ बजीं।[३१] श्रुतसागर ने झम्मा का अर्थ वरांग या सुषिर वादित्र विशेष किया है।[३२]

यशस्तिलक में झम्मा का उल्लेख विशेष महत्त्वपूर्ण है। संगीतरत्नाकर या संगीतराज में इसके उल्लेख नहीं मिलते। प्राचीन साहित्य में भी इसके अल्पतम उल्लेख हैं। रायपसेणियसुत्त में अवनद्ध वाद्यों के साथ झम्मा का उल्लेख मिलता है।[३३] श्रुतसागर ने स्पष्ट शब्दों में इसे सुषिर वाद्य कहा है। वास्तव में सर्पों को जगाने रिझाने म अभी तक सुषिर वाद्यों का ही प्रयोग देखा जाता है। इसलिए सोमदेव के उल्लेख और श्रुतसागर की व्याख्या से झम्मा को सुषिर वाद्य मानना चाहिए, किन्तु रायपसेणियसुत्त के उल्लेखों के आधार पर विचार करने से ज्ञात होता है कि यह एक अवनद्ध वाद्य ही था। सोमदेव के उल्लेख के विषय में कहा जा सकता है कि सोमदेव ने झम्मा को सर्पों को जगाने या रिझानेवाला वाद्य नहीं कहा, प्रत्युत उनमें खलबली पैदा करनेवाला कहा है। यद्यपि यह ठीक है कि सर्पों को रिझाने आदि में अवनद्ध वाद्यों का प्रयोग नहीं देखा जाता, किन्तु यह तो सम्भव है ही कि उनके द्वारा खलबली पैदा की जा सकती है। इस दृष्टि से सोमदेव के उल्लेख से भी झम्मा को अवनद्ध वाद्य माना जा सकता है, पर उस स्थिति में श्रुतसागर की व्याख्या गलत होगी।

८. ताल

ताल का उल्लेख यशस्तिलक में दो बार हुआ है। युद्ध के प्रसंग में लिखा है कि डरे हुए हाथियों ने कान फड़फड़ाये तो तालों की आवाज दुगुनी हो गयी।[३४]

घन वाद्यों में ताल का सर्वप्रथम उल्लेख किया जाता है।[३५] ताल का जोड़ा होता है। ये छ हुलगुल व्यास के, गोल काँसे के बने हुए बीच में से दो अंगुल गहरे होते हैं। मध्यमें छेद होता है, जिसमें एक डोरी द्वारा वे जुड़े रहते हैं और दोनों हाथों से पकड़कर बजाये जाते हैं। ताल की ध्वनि बहुत देर तक गूँजती है, सोमदेव ने इसीलिए इसका प्रगुणित विशेषण दिया है।

---

३१ सजिताह्व विजृम्भितभुजगभामिनीसरम्भासु झम्मासु।–पृ० ५८२

३२. झम्मासु वरांगासु, सुषिरवादित्रविशेषेषु।–वही, सं० टी०

३३ रायपसेणियसुत्त, पृ० ६२, ३८

३४ प्रगुणितेषु भयोत्कम्पितावरकरिकर्णतालेषु।–पृ० ५८२

३५. संगीतराज, २।१।४७-२९

९. करटा

यशस्तिलक में करटा का उल्लेख युद्ध के प्रसंग में है। सोमदेव ने लिखा है कि रणवीरों को उत्साहित करने वाली करटाएँ बजीं।[३६] करटा का अर्थ श्रुतसागर ने वादित्र विशेष किया है।

करटा एक प्रकार का अवनद्ध वाद्य है। इसका खोल असन वृक्ष की लकड़ी का दो मुँह का बनता है। दोनों ओर चौदह अंगुल वतुलाकार चमड़े से मढ़ा जाता है। यह कमर में बाँध कर अथवा कंधे पर लटका कर दोनों हाथों से बजाया जाता है।[३७]

१० त्रिविला

यशस्तिलक में त्रिविला का दो बार उल्लेख है। युद्ध के प्रसंग में सोमदेव ने लिखा है कि समरदेवता की छाती फुलाने वाली त्रिविलाए विलंबित लय में बज रही थी।[३८]

त्रिविली को संगीतरत्नाकर में अवनद्ध वाद्यों में गिनाया है। त्रिविला और त्रिविली एक ही वाद्य ज्ञात होता है। यह दोनों ओर चमड़े से मढ़ा तथा मध्य में मुष्टिग्राह्य होता है। सूत की डोरियों से कसाव लाया जाता है। इसके मुँह सात अंगुल के होते हैं और दोनों ओर हाथों से बजाया जाता है।[३९] यह डमरुक से मिलता जुलता प्रकार है।

११ डमरुक

डमरुक का यशस्तिलक में युद्ध के प्रसंग में एक बार उल्लेख है। सोमदेव ने लिखा है कि निरंतर बज रहे डमरुओं की ध्वनि सुनते सुनते युद्ध में राक्षसियाँ जमुहाई लेने लगीं।[४०]

डमरुक का प्रचलन आज भी है और इसे डमरु कहा जाता है। डमरु दोनों ओर चमड़े से मढ़ा हुआ काठ का वाद्य है जो बीचमें पकड़ने के लिए पतला रहता है। बजाने के लिए दोनों ओर रस्सी में छोटी छोटी लकड़ियाँ बंधी रहती हैं। डमरु बीच में पकड़कर हिला हिलाकर बजाते हैं।

---

३६ प्रोत्तालितासु रणरसोत्साहितसुभटघटासु करटासु।—पृ० ५८१

३७ संगीतरत्नाकर ६।१०७८–८४

३८ विलसन्तीसु विलम्बलयप्रमोदितकदनदेवतावक्षस्थलासु त्रिविलासु।—पृ० ५८१

३९ संगीतरत्नाकर ६।११४०–४४

४० प्रवर्तितेषु निरंतरध्वनिप्रवर्तितांशवचरराक्षसीकेषु डमरुकेषु।—पृ० ५८१

१२. ढक्का

ढक्का का यशस्तिलक में केवल एक बार उल्लेख है। युद्ध के प्रसंग में सोमदेव ने लिखा है कि ढक्काओं की बहुत देर तक की गूंज से वीरलक्ष्मी के गृह निकुंज अजरित हो गये।[41]

ढक्का की गणना अवनद्ध वाद्यों में की जाती है। यह काठ अथवा धातु का अठारह अंगुल लम्बा तथा ग्यारह अंगुल के दो मुह वाला वाद्य है। मुह पर कोमल चमड़ा मढ़ा जाता है तथा दोनों ओर के मुखों का चमड़ा डोरी से कसा हुआ होता है जिसमें छल्ले या कडे पड़े रहते हैं। इसके दाहिने मुख को एक टेढ़े बास से घिस कर तथा बायें को एक लकड़ी से पीट कर बजाया जाता है।[42]

१३ घंटा

घंटे का उल्लेख भी युद्ध के प्रसंग में है। सोमदेव ने लिखा है कि शत्रु-कटकों की चेष्टाओ को लूटने वाले जयघंटे बजे।[43]

घंटा एक प्रकार का घन वाद्य कहलाता है।[44] इसका प्रचलन अब भी है। विजय या युद्ध के अवसर पर जो घंटा बजाया जाता था, उसे जयघंटा कहते थे। घंटे छोटे बड़े अनेक प्रकार के बनते हैं।

१४ वेणु

यशस्तिलक में वेणु का उल्लेख दो बार हुआ है।[45] यह एक सुषिर वाद्य है जो बांस में छिद्र करके बनाया जाता है। बास का बनने के कारण ही इसे वेणु कहा गया। वेणु के उल्लेख प्राचीन साहित्य में बहुत मिलते हैं। आज भी इसका प्रचलन है और इसे बासुरी कहा जाता है।

१५ वीणा

यशस्तिलक में वीणा का एक बार उल्लेख है।[46] संगीत शास्त्र में तत

---

४१ स्फारितासु प्रदोषकूजितजर्जरितवीरलक्ष्मीनिकेतनिकुञ्जासु ढक्कासु।—पृ० ५८१

४२ संगीतरत्नाकर ६।११०२–८
संगीतराज ३, ४ ४, ६८–७४
संगीतपारिजात २, १०७–१०६

४३ जयन्तीषु विद्विट्कटकचेष्टितलुण्टाकासु जयघंटासु।—पृ० ५८१

४४ संगीतरत्नाकर ६।१५

४५ पृ० ५८२, पृ० ३८४ उत्त०

४६. पृ० ५८१

वाद्यों के लिए वीणा नाम का सामान्य प्रयोग होता है। सोमदेव ने भी सामान्य अर्थ में प्रयोग किया है। वीणाएँ तार तथा बजाने के प्रकार भेद से अनेक प्रकार की होती हैं। संगीतरत्नाकर में दस भेद आये हैं।

१६ झल्लरी

झल्लरी का यशस्तिलक में दो बार उल्लेख है।[४७] भरत ने नाट्यशास्त्र में झल्लरी का उल्लेख किया है।[४८] संगीतरत्नाकर में इसे अवनद्ध वाद्यों में गिनाया गया है। यह एक ओर चमड़े से मढ़ा वाद्य है जो बायें हाथ में पकड़कर दायें हाथ से बजाया जाता है।[४९] इसके बहुत छोटे आकार को भाण कहते हैं।

अहोबल ने झालर का उल्लेख किया है। श्री चुन्नीलाल शेष ने झालर और झल्लरी को एक माना है।[५०] किन्तु यह मानना ठीक नहीं। झालर एक प्रकार का घन वाद्य है जब कि झल्लरी अवनद्ध वाद्य।

१७ वल्लकी

यशस्तिलक में वल्लकी का एक बार उल्लेख है।[५१] संगीतरत्नाकर में भी इसका उल्लेख आता है किन्तु विशेष विवरण नहीं है।[५२]

वल्लकी लौकी शब्द का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। गोल लौकी या तूंबी लगाकर बनायी गयी वीणा विशेष को वल्लकी कहा जाता था।

१८ पणव

यशस्तिलक में पणव का एक बार उल्लेख है।[५३] यह एक प्रकार का छोटा ढोल है। भरत ने अवनद्ध वाद्यों में इसका उल्लेख किया है।[५४] बाद में इसका लोप हो गया लगता है। संगीतरत्नाकर तथा संगीतराज में इसके उल्लेख नहीं हैं।

---

४७ पृ० ५८२, पृ० ३८४ उत्त०
४८ नाट्यशास्त्र ३३।१३, १६
४९ संगीतरत्नाकर ६।११३८
५० ब्रजमाधुरी, वर्ष १३ अंक ४, पृ० ४७
५१ पृ० ५८१
५२ संगीतरत्नाकर ३।२१३
५३ पृ० ३८४ उत्त०
५४ नाट्यशास्त्र ३३।१० १२ १६, ५८

१९. मृदंग

सोमदेव ने मृदंग का दो बार उल्लेख किया है।[55] भरत ने इसे पुष्करत्रय में गिनाया है।[56] इसका खोल मिट्टी का बनता है इसीलिए इसका नाम मृदंग पड़ा। इसके दोनों मुँह चमड़े से मढ़े जाते हैं। मृदंग खड़े होकर गले में डालकर तथा बैठकर सामने रखकर हाथों से बजाते हैं। संगीतरत्नाकर में मर्दल का वर्णन करते हुए कहा है कि मर्दल के ही प्रकार विशेष को मृदंग कहते हैं।[57] बंगाल में अभी जिसे खोल कहा जाता है, उसी से मृदंग की पहचान करना चाहिए।

२० भेरी

सोमदेव ने भेरी का एक बार उल्लेख किया है।[58] यह मृदंग जाति का वाद्य है जो तीन हाथ लम्बा दो मुँह वाला, धातु का बनता है। मुख का व्यास एक हाथ का होता है। दोनों मुँह चमड़े से मढ़े होकर डोरियों से कसे रहते हैं और उनमें कांसे के कड़े पड़े रहते हैं। संगीतरत्नाकर में लिखा है कि यह तांबे की बनी तीन बालिस्त लम्बी होती है। यह दाहिनी ओर लकड़ी तथा बायीं ओर हाथ से बजायी जाती है।[59]

२१ तूर्य या तूर

यशस्तिलक में तूर्य के लिए तूर्य[60] और तूर[61] दो शब्द आये हैं। यशोधर के राज्याभिषेक के समय तूर्य बजाये गये।

तूर एक प्रकार का सुषिर वाद्य है। आजकल इसे तुरही कहा जाता है। तुरही के अनेक रूप देखने में आते हैं। दो हाथ से चार हाथ तक की तुरही बनती है। इसका रूप भी कलात्मक होता है।

---

५५ पृ० ४८६, पृ० ३८४ उत्त०

५६ नाट्यशास्त्र ३३।१४–१५

५७. संगीतरत्नाकर ६।१०२७

५८ पृष्ठ ३८४ उत्त०

५९ संगीतरत्नाकर ६।११४८–५७

६० सतूर्यनिनदम् ।–पृ० १८४ हि०

६१ तूरस्वर पवनः ।–पृ० ३१ हि०
शमतूरम् ।–पृ० वही

२२ पटह

यशस्तिलक में पटह का एक बार उल्लेख है।[६२] यह एक प्रकार का अवनद्ध वाद्य है। संगीतपारिजात में इसे ढोलक कहा है। संगीतरत्नाकर में इसके मार्ग पटह और देशी पटह दो भेद आये हैं और दोनों का ही विस्तृत विवेचन किया गया है।[६३]

२३ डिण्डिम

डिण्डिम का यशस्तिलक में एक बार उल्लेख है। सोमदेव ने इसकी ध्वनि को व्यालों को जगानवाली कहा है।[६४]

डिण्डिम डमरु की तरह का वाद्य है। इसका भाड़ मिट्टी का बना होता है और दोनों मुहों पर पतली झिल्ली मढ़ी जाती है। झिल्ली को किसी डोर से नहीं बाँधा जाता किन्तु वह मुख पर सरेस जैसी किसी चिपकनेवाली वस्तु से चिपकी रहती है। बजाने के लिए बीच में डोरा बंधा रहता है जिसके अन्त में दो छोटी गाठें होती हैं। आजकल इसे डिमडिमी कहते हैं।

नृत्य

यशस्तिलक में नृत्य या नाटयशास्त्र से सबन्धित सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में है। सबका विवेचन निम्नप्रकार है

नाट्यशाला

दरबार से उठकर सम्राट नाटयशाला में पहुँचे (कदाचित् नाटयशालासु २१७।३, हि०)। नाटयशाला का फर्श कामिनियों के चरणालक्तक से राग रंजित हो रहा था (कामिनीजनचरणालक्तकरसरागरंजितरंगतलासु, २१६।३, हि०)।

भरतमुनि ने नाटक खेलने के लिए नाटयशाला, नाटयमण्डप या प्रेक्षागृह का विधान किया है। ये नाटयमण्डप तीन प्रकार के बनाये जाते थे —(१) विकृष्ट, (२) चतुरश्र और (३) त्र्यश्र। इन तीनों का प्रमाण क्रम से उत्तम, मध्यम और अवर (जघन्य) होता था। भरत ने लिखा है कि देवों के लिए

---

६२ पृ० ५८

६३ संगीतरत्नाकर ६।८०५

६४ डिण्डिमध्वनिरिव व्यस व्यालप्रबोधनकर । —पृ० ६७ उत्त०

ज्येष्ठ या उत्तम, राजाओं के लिए मध्यम तथा जनसाधारण के लिए अवर प्रेक्षागृह की रचना होनी चाहिए।[६५] मध्यम प्रेक्षागृह में पाठ्य और गेय अधिक सरलता से सुने जा सकते हैं। इसलिए अन्य दोनों की अपेक्षा मध्यम प्रेक्षागृह अधिक अच्छा है।[६६]

अभिनय

नाट्यशाला के प्रसंग में अभिनय का भी उल्लेख यशस्तिलक (३२०।३) में आया है। यशोधर ने प्रयोगभंग तथा अनेक प्रकार के विचित्र आंगिक, वाचिक, आहार्य और सात्त्विक अभिनय करने में सिद्धहस्त (प्रयोगभंगीविचित्राभिनयतन्त्रैभरतपुत्रैः, ३२०।३) अभिनेताओं के साथ नाट्यशाला में अभिनय देखा।

रंगपूजा

अभिनय प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम रंगपूजा की जाती थी। रंगपूजा न करने वाले को तिर्यग्योनि का भागी तथा करने वाले को स्वर्गप्राप्ति और शुभ अर्थ प्राप्ति होना कहा गया है।[६७] यशस्तिलक में रंगपूजा का विस्तार से वर्णन है। सम्राट यशोधर के नाट्यशाला में पहुँचने पर रंगपूजा प्रारम्भ होती है (पृ० ३१८-३२२ हि०)। इस प्रसंग में सरस्वती को सम्बोधित करके आठ पद्य निबद्ध किये गये हैं (इति पूर्वरंगपूजाप्रक्रमप्रवृत्तं सरस्वतीस्तुतिवृत्तम्, पृ० ३२२, हि०)।

'सफेद कमल पर आसन अधर पर मन्द स्मित, केतकी के पराग से पिंजरित सुभग अंगयष्टि, धवल दुकूल, चारुलोचन सिर पर जटाजूट, कानों में बाल चन्द्रमा के समान अवतंस, श्वेतकमलों का हार, एक हाथ में ध्यान मुद्रा, दूसरे में अक्षमाला तीसरे में पुस्तक और चौथा हाथ वरद मुद्रा में।'[६८]—यह है सरस्वती का पूर्ण स्वरूप। भरत ने नाट्यशास्त्र में रंगपूजा के प्रसंग में देवी-देवताओं की जो लम्बी सूची दी है, उसमें सरस्वती भी हैं। प्राचीन साहित्य तथा पुरातत्त्व में सरस्वती के किंचित् भिन्न-भिन्न अनेक रूप मिलते हैं।[६९] विद्या

---

६५. नाट्यशास्त्र, २।७, ८, ११

६६ वही, २।२१

६७ नाट्यशास्त्र १।१२२-१२६

६८ यश० पृ० ३१८, श्लो० २६२-६३, हि०

६९ भट्टसाली—द आइकोनोग्राफी ऑफ बुद्धिस्ट एण्ड ब्राह्मेनिकल स्कल्पचर्स इन द ढाका म्युजियम, पृ० १८१-१८८

और संस्कृति की अधिष्ठात्री यह देवी वैदिक, जैन तथा बौद्ध तीनों धर्मों में समान रूप से पूज्य रही है (स्मिथ–जैन स्तूप आफ मथुरा पृ० ३६)। ऋग्वेद से लेकर बाद के अधिकांश साहित्य में सरस्वती का वर्णन मिलता है (मेकडानल–वैदिक माइथोलोजी, पृ० ८७)।

नृत्य के भेद

यशस्तिलक में नृत्य के लिए कई शब्द आये हैं। जैसे नृत्य (३२०) नृत्त (३७७।१) नाटय (३२०) लास्य (३५५) ताण्डव (३२०) और विधि (२४६ उ०)। कतिपय अन्य शब्दो और वर्णनों से भी नृत्य विधान का परिचय मिलता है।

नृत्य नृत्त और नाटय शब्द देखने में समानार्थक से लगते हैं, किन्तु वास्तव में ऐसा नही है। धनजय ने इन तीनों के भेद को स्पष्ट किया है,[७०] जिसे आगे दिखाएँगे। लास्य और ताण्डव नृत्य के भेद हैं। विधि का अर्थ यशस्तिलक के सस्कृत टीकाकार ने नृत्य किया है। यह नाटयशास्त्र का कोई प्राचीन पारिभाषिक शब्द प्रतीत होता है, जिसका अब ठीक अर्थ नहीं लगता। सहस्रकूट चैत्यालय को भरत पदवी की तरह विधि लय और नाटय से युक्त कहा गया है (भरतपदवीव विधिलयनाटयाडम्बर, २४६।२३ उत्त०)।

नाट्य

काव्यो में वर्णित धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित और धीरप्रशान्त प्रकृति के नायको तथा उस उस प्रकृति की नायिकाओं एव अन्य पात्रों का आंगिक, वाचिक आहार्य तथा सात्त्विक अभिनयो द्वारा अवस्थानुकरण करना नाटय कहलाता है।[७१] अवस्थानुकरण से तात्पर्य है – चाल-ढाल वेश भूषा आलाप प्रलाप आदि के द्वारा पात्रो की प्रत्येक अवस्था का अनुकरण इस ढग से किया जाये कि नटो में पात्रो की तादात्म्यापत्ति हो जाये। जैसे नट दुष्यन्त की प्रत्येक प्रवृत्ति की ऐसी अनुकृति करे कि सामाजिक उसे दुष्यन्त ही समझें।

नाटय दृश्य होता है इसलिए इसे 'रूप भी कहते हैं और रूपक अलकार की तरह आरोप होने के कारण रूपक भी कहते हैं। इसके नाटक आदि दस भेद होते हैं।[७२]

---

७० दशरूपक १।७ ६, १०

७१ दशरूपक १।७

७२ वही, १।७–८

नाट्य प्रधान रूप से रस के आश्रित रहता है। सामाजिक को रसानुभूति कराना ही नाट्य का चरम लक्ष्य है। शृंगार, वीर या करुण रस की परिपुष्टि नायक की प्रकृति के अनुसार, नाटक में की जाती है।

नृत्य

भावों पर आश्रित अनुकृति को नृत्य कहते हैं (अन्यद्भावाश्रयं नृत्यम्, दश० १।८)। नाट्य प्रधान रूप से रस के आश्रित होता है, किन्तु नृत्य प्रधान रूप से भावाश्रित होता है। धनञ्जय के टीकाकार धनिक ने इन दोनों के भेद को और भी अधिक स्पष्ट किया है जो इस प्रकार है[73] –

१ नाट्य रसाश्रित है, नृत्य भावाश्रित, इसलिए इन दोनो में विषय भेद है।

२ नाट्य में आंगिक आदि चारों प्रकार का अभिनय रहता है, जबकि नृत्य में केवल आंगिक अभिनय की प्रधानता है।

३ नाट्य दृश्य और श्रव्य दोनों होता है, जबकि नृत्य में श्रव्य कुछ भी नहीं होता। इसमें कथनोपकथन का अभाव रहता है।

४ नाट्य-कर्ता नट कहलाता है, नृत्य कर्ता नर्तक।

५ नाट्य 'नट् अवस्पन्दने' धातु से बना है और नृत्य 'नृत् गात्रविक्षेपे' धातु से बना है।

एक श्लेषक पद्य में सोमदेव ने नृत्य की मुद्रा का पूरा चित्र खींचा है।[74] तीनों अर्थ इस प्रकार हैं—

१ नृत्य के पक्ष में।

२. प्रमदारति अर्थात् स्त्रीसम्भोग के पक्ष में।

३ सभामण्डप या दरबार के पक्ष में।

नृत्य के पक्ष में

जिसमें कुन्तल चँवर कम्पित हो रहे हैं, कांची का कल-कल शब्द हो रहा है, कटाक्ष पात द्वारा भाव निवेदन किया गया है, उरु और चरणों के यथावसर

---

७३ वही, १।९

७४. चंचत्कुन्तलचामरं कलरणत्कांचीलयाडम्बरम्,
भ्रूभंगार्पितभावसूचनकरं न्यासासनानन्दितम्।
लोलत्पाणिपताकमीक्षणचलन्नीलांशुकाटोपकम्,
नृत्यं च प्रमदारतं च नृपतिस्थानं च ते स्तान् मुदे ॥ –आ०१, श्लोक १७४

न्यास से सामाजिकों को आनन्दित किया गया है, जिसमें हस्तपताकाएँ सचालित हो रही हैं तथा आंगिक अभिनय द्वारा नृत्य का आनन्द दृष्टिपथ में अवतरित हो रहा है, ऐसा नृत्य तुम्हारी प्रसन्नता के लिए हो।

उस अर्थ में कुन्तल पर चँवर का आरोप तथा पाणि पर पताका का आरोप विशिष्ट है, अन्य अर्थ श्लेष से निकल आते हैं।

प्रमदारति के पक्ष मे

जिसमें केश कम्पित हो रहे हैं, काची का शब्द हो रहा है कटाक्षपात द्वारा रति का भाव प्रकट किया गया है, ऊरु और चरण न्यास के विशेष आसन द्वारा रति का आनन्द प्रकट किया गया है हाथ हिल रहे हैं, अगहार पर जिसमें दृष्टि गडी है ऐसी प्रमदारति आपको आनन्द प्रदान करे।

इस पक्ष में 'ऊरुचरणन्यासासनानन्दितम्' तथा 'ईक्षणप्रयानीतागहारोत्सवम्' पदों के अर्थ विशेष बदले हैं।

सभामण्डप के पक्ष मे

जिसमें चचल केशो के चवर ढोरे जा रहे हैं सचरणशील वारविलासिनी अथवा दासियो की काची का कलकल शब्द हो रहा है, जिसमें भ्रूक्षेप मात्र से आज्ञा या कार्य निर्देश किया गया है, आसन पर ऊरु और चरणो का न्यास किया गया है, हाथो में ली हुई पताकाए उड रही हैं, तथा जिसमें मन्त्री, पुरोहित, सेनापति आदि राज्यांग का समूह आनन्दित किया गया है ऐसा सभामण्डप आपकी प्रसन्नता के लिए हो।

इस पक्ष मे 'भ्रूभगार्पितभाव' तथा अगहार पद का अर्थ विशेष बदला है।

एक अन्य स्थल पर (पृ० १९६।११, हिन्दी) पैरो में घुघुरू बाँधकर नृत्य करने का उल्लेख है। यशोधर के राजभवन में नृत्य हो रहा था जिसमे पवन की तरह चचल हस्त सचालन और बीच बीच में घुघरुओ की मधुर ध्वनि हो रही थी।[७५]

नृत्त

ताल और लय के आधार पर किये जाने वाले नर्तन को नृत्त कहते हैं (नृत्त ताललयाश्रयम)।[७६]

---

७५. नृत्यहस्तैरिव पवमानचचलचलनसगतांगसुभगवृत्तिभिर्विविधवर्णविनिर्माणमनोहरा-म्बरैरन्तरान्तरमुक्तकलक्वणन्मणिकिंकिणीजालमालाभि।—१९५।११, हिन्दी

७६. दश० १।९

नृत्त में अभिनय का सर्वथा अभाव होता है। केवल ताल और लय के आधार पर द्रुत, मन्द या मध्यम पादविक्षेप किया जाता है। ताल संगीत में स्वर की मात्रा का तथा नृत्त में पादविक्षेप की मात्रा का नियामक होता है। लय नृत्त की गति को तीव्र, मन्द या मध्यम करने की सूचना देता है। इस प्रकार नृत्य और नृत्त के भेदक तत्त्व ये हैं—

१ नृत्य में आंगिक अभिनय रहता है, नृत्त अभिनय शून्य है।
२ नृत्य भावाश्रित है जबकि नृत्त ताल और लय के आश्रित।
३ नृत्य शास्त्रीय पद्धति के अनुसार चलता है, जबकि नृत्त ताल और लय के आश्रित होकर भी शास्त्रीय नहीं। इसीलिए नृत्य मार्ग (शास्त्रीय) कहलाता है तथा नृत्त देशी।
४ नृत्य के उदाहरण भरतनाटयम' 'कत्थक या उदयशंकर के भावनृत्य हैं। नृत्त के उदाहरण लोकनृत्य हो सकते हैं।

नृत्त के भेद

नृत्त के दो भेद हैं—(१) मधुर, (२) उद्धत। मधुर नृत्त को लास्य तथा उद्धत नृत्त को ताण्डव कहते हैं। नृत्य के भी यही भेद हैं। नृत्य और नृत्त के ये दोनो प्रकार लास्य और ताण्डव नाट्य के उपस्कारक होते हैं।[७७] नाट्य में पदार्थाभिनय के रूप में नृत्य का तथा शोभाजनक होने के कारण नृत्त का प्रयोग किया जाता है। वस्तु, नेता और रस इनके भेदक तत्त्व हैं। (वस्तुनेतारसस्तेषां भेदक, दश० १।११)।

लास्य

नृत्य तथा नृत्त में सुकुमार तथा उद्धत भावों की व्यंजना के लिए भिन्न सरणी का आश्रय किया जाता है। भावों की सुकुमार व्यंजना को लास्य कहते हैं। सावन आदि के अवसर पर किये जाने वाले कामिनियों के मधुर तथा सुकुमार नृत्य लास्य कहे जा सकते हैं। मयूर का कोमल नर्तन लास्य के अन्तर्गत आता है। यशस्तिलक में यन्त्रधारा-गृह का वर्णन करते हुए भवन-मयूर के लास्य का उल्लेख है। यन्त्र के बने हुए अनेक हाथी, सिंह, सर्प आदि के मुंह से घघर शब्द करता हुआ पानी निकलता था जिससे क्रीड़ा-मयूरों को मेघगर्जन का भ्रम होता और वे आनन्दविभोर होकर नाचने लगते।[७८]

---

७७ दश० १।१०

७८. विविधयन्त्रकरकुञ्जरकिन्नरमकरधारानिर्गलज्जलासारध्वानानन्दितनर्तनपरभवनमयूरम्।
—यशस्तिलक, हिन्दी

दशरूपककार ने लिखा है कि नाट्यशास्त्र में सुकुमार नृत्यका संनिवेश भगवती पार्वती ने किया था।[७९]

ताण्डव

उद्धत नृत्य को ताण्डव कहते हैं। नृत्य और नृत्त दोनों ही लास्य और ताण्डव के भेद से दो दो प्रकार के होते हैं।[८०] सोमदेव ने ताण्डव का उत्ताल विशेषण दिया है (उत्तालताण्डव, ३५६।१, हिन्दी)। ताण्डव नृत्य में सिद्धहस्त अभिनेताओं को 'ताण्डवचण्डीश' कहा गया है (३२०।२, हिन्दी)। महादेव का ताण्डव नृत्य प्रसिद्ध है। धनंजय के अनुसार नाट्य में ताण्डव का संनिवेश महादेव ने किया था।[८१] महादेव की नटराज मुद्रा की अनेक मनोज्ञ मूर्तियाँ मिलती हैं।[८२]

■

---

७९ दश० १।४

८० वही १।१०

८१ दश० १।४

८२ भट्टशाली—द आइकोनोग्राफी ऑव बुद्धिस्ट एण्ड ब्राह्मेनिकल स्कल्पचर्स इन द ढाका म्युजियम

चित्र-कला

यशस्तिलक में चित्रकला के उल्लेख भी कम नहीं हैं और जितने हैं वे कला की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

भित्ति-चित्र

पाँचवें उच्छ्वास में एक जैन मन्दिर का अतीव रोचक वर्णन है। उसी प्रसंग में सोमदेव ने अनेक भित्ति चित्रों का उल्लेख किया है।[1]

कला की दृष्टि से भित्ति चित्रों की अपनी विशेषता है। भित्ति चित्र बनाने के लिए भीतर का उपलेप (प्लास्टर) कैसा होना चाहिए और उसे कैसे बनाना चाहिए, उस पर लिखाई करने के लिए जमीन कैसे तैयार करनी चाहिए इत्यादि बातों का सविस्तर वर्णन अभिलषितार्थचिन्तामणि तथा मानसोल्लास में आया है। जमीन तथा रंगों में पकड़ के लिए सरेस दिया जाता था, जिसे वज्रलेप कहते थे। उपलेप पर जमीन तैयार करके भावुक एवं सूक्ष्म रेखा-विशारद चित्रकार चिन्तन द्वारा अर्थात् अन्तर्दृष्टि से देखकर उस पर अनेक भाव तथा रस वाले चित्र अच्छी रेखाओं और समुचित रंगों से बनाता था। आलेखन के लिए वह कलम के अतिरिक्त पेंसिल की सी किसी अन्य चीज का भी प्रयोग करता था जिसका नाम वर्तिका था। पहले इसी से आकार टीपता था फिर गेरु से सच्ची टिपाई करता था, तब समुचित रंग भरता था। ऊँचाई दिखाने के लिए उजाला (लाइट) तथा निचाई के लिए छाया (शेड) देता था। तैयार चित्र के हाशिए की पट्टी काले रंग से करता था और वस्त्र, आभरण, चेहरे आदि की लिखाई अलक्तक से करता था।

सोमदेव ने जिन भित्ति-चित्रों का उल्लेख किया है वे दो प्रकार के हैं—१—व्यक्ति-चित्र, २—प्रतीक चित्र। व्यक्ति-चित्रों में बाहुबलि, प्रद्युम्न, सुपार्श्व, अशोकरोहिणी तथा यक्षमिथुन का उल्लेख है। प्रतीक-चित्रों में तीर्थंकरों की माता के द्वारा देखे जाने वाले सोलह स्वप्नों का विवरण है।

---

१. सुधाविकूजितरित चित्रकुड्या १—२४७,२४९ उत्त०

व्यक्ति-चित्र

१ बाहुबलि (विजयसेनेव बाहुबलिविदिता, २४६।२० उत्त०)

जैन परम्परा में बाहुबलि एक महान् तपस्वी और मोक्षगामी महापुरुष माने गये हैं। ये आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र तथा चक्रवर्ती भरत के भाई थे। भरत के चक्रवर्तित्व प्राप्ति के बाद ये संन्यस्त हो गये और लगातार बारह वर्ष तक तप करते रहे। सुडौल, सौम्य और विशाल शरीर के धारक इस तपस्वी ने ऐसी समाधि लगाई कि वर्षा जाड़ा और गर्मी किसी से भी विचलित नहीं हुआ। चारों ओर पेड़ पौधे और लताएँ उग आयीं और शरीर का सहारा पाकर कंधों तक चढ़ गयीं। बाहुबलि का यही चित्र शिल्प और ललित कला में कलाकार ने उकेरा है। दक्षिण भारत में अनेक मनोज्ञ मूर्तियाँ बाहुबलि के उक्त स्वरूप की अभी भी विद्यमान हैं। ससार को आश्चर्यचकित करने वाली श्रवणबेलगोल (मसूर) की मूर्ति इसी महापुरुष की है जो उन्मुक्त आकाश में निरालम्ब खड़ी चराचर विश्व को शान्ति का अमर सन्देश दे रही है।

२ प्रद्युम्न (प्रकटरतिजीवितेशा, २४६।२२ उत्त०)

प्रद्युम्न सौन्दर्य और कान्ति के सर्वश्रेष्ठ प्रतीक माने जाते हैं। इसीलिए इन्हें रतिजीवितेश अर्थात् कामदेव कहा गया है। प्रद्युम्न का पूरा चित्र दीवार पर उकेरा गया था।

३ सुपार्श्व (रूपगुणनिका इव सुपार्श्वगता, २४६।२० उत्त०)

सोमदेव ने लिखा है कि यह मन्दिर रूपगुणनिका की तरह सुपार्श्वगत था। रूपगुणनिका और पार्श्वगत दोनों ही चित्रकला के पारिभाषिक शब्द हैं। चित्र उकेरने के लिए व्यक्ति का अध्ययन रूपगुणनिका कहलाता है। इसी तरह पार्श्व-गत चित्र के नव अंगों में से एक है। विष्णुधर्मोत्तर (३९, १ भाग ३) में इन नव अंगों का विवरण आया है (नव स्थानानि रूपाणाम, वही)।

सोमदेव न जिस मन्दिर का उल्लेख किया है उसमें सम्भवतया सुपार्श्वनाथ की मूर्ति थी जिसे कलाकार की दृष्टि से देखने पर केवल पार्श्वगत अंग ही दिखाई देता था। सुपार्श्वनाथ जैन परम्परा में सातवें तीर्थंकर माने गये हैं।

४ अशोक तथा रोहिणी (अशोकरोहिणीपेशला, २४६।२१ उत्त०)

जैन परम्परा में अशोक राजा तथा रोहणी रानी की कथा और चित्रों की परम्परा पुरानी है। प्राचीन पाण्डुलिपियो तक में इनके चित्र मिलते हैं (डॉ० मोतीचन्द्र – जैन मिनिएचर पेंटिंग्ज, चित्र १७)।

५ यक्षमिथुन (यक्षमिथुनसनाथा, २४६।२१ उत्त०)

तीर्थंकरों की पूजा अर्चा के लिए यक्षमिथुनों के आने का शास्त्रों में बहुत जगह उल्लेख है। सम्भवतया ऐसे ही किसी प्रसंग में यक्षमिथुन चित्रित किये गये थे।

प्रतीक-चित्र

जैन साहित्य में ऐसे उल्लेख आते हैं कि तीर्थंकरों के गर्भ में आने के पहले उनकी माता सोलह स्वप्न देखती हैं। श्वेताम्बर परम्परा में चौदह स्वप्नों का वर्णन आता है। सोमदेव ने जिस मन्दिर का उल्लेख किया है उसमें ये सोलह स्वप्न भित्ति पर चित्रित किये गये थे –

१ ऐरावत हाथी (संनिहितैरावता, २४६।२४ उत्त०)
२ वृषभ (आसन्नसौरभेया, २४६।२४ उत्त०)
३ सिंह (निलीनोरुकण्ठीरव, २४६।२५ उत्त०)
४ लक्ष्मी (रमोपशोभिता २४६।२५ उत्त०)
५ लटकती पुष्पमालाएँ (प्रलम्बितकुसुमसरा, २४६।२६ उत्त०)
६ ७. चन्द्र, सूर्य (शशिरविबिम्बमण्डला, २४७।१ उत्त०)
८ मत्स्ययुगल (शकुलीयुगलांकिता, २४७।१ उत्त०)
९ पूर्णकुम्भ (पूर्णकुम्भाभिरामा, २४७।२ उत्त०)
१० पद्मसरोवर (कमलाकरसेविता, २४७।२ उत्त०)
११ सिंहासन (प्रसाधितसिंहासना, २४७।३ उत्त०)
१२. समुद्र (जलनिधिमति, २४७।३ उत्त०)
१३ फणयुक्तसर्प (उन्मीलिताहिलोका, २४७।३ उत्त०)
१४ प्रज्वलित अग्नि (प्रत्यक्षहुताशना, २४७।४ उत्त०)
१५ रत्नों का ढेर (समणिनिचया, २४७।५ उत्त०)
१६ देवविमान (प्रदर्शितदेवावासा, २४७।५ उत्त०)

रंगावलि या धूलि-चित्र

रंगावलि या धूलि-चित्रों का यशस्तिलक में छह बार उल्लेख हुआ है। राज्याभिषेक के बाद महाराज यशोधर राजमहल को लौट रहे थे। उस समय अनेक लोग मंगल सामग्री जुटाने में लगे थे। किसी कुब्जा ने किसी चेटिका कन्या को डपटते हुए कहा – तत्काल रंगावलि बनाने में जुट जाओ।[1] बालक्रम-

१. [illegible] रंगावलि[illegible] ।—पृ० ११०

मडप में कपूर की सफेद धूलि से रंगावलि बनाई गयी थी। राजमहिषी के महल में एक स्थान पर मणि लगाकर स्थायी रूप से रंगावलि अंकित की गयी थी।[४] अन्यत्र कुकुम रसे मरकत पराग से फर्श पर तह देकर अधखिले मालती के फूलों से रगावलि बनाई गयी थी। एक अन्य प्रसग में भी पुष्पों द्वारा रचित रगावलि का उल्लेख है।[६]

रगावलि बनाने के लिए पहले जमीन को पतले गोबर से लीपकर अच्छी तरह साफ कर लिया जाता था। इसे परभागकल्पन कहते थे।[७] इस तरह साफ की गयी जमीन पर सफेद या रगीन चूर्ण से रगावलि बनाई जाती थी। आज-कल इसे रगोली या अल्पना कहा जाता है। प्रायः प्रत्येक मागलिक अवसर पर रगावलि बनाने का प्रचलन भारतवर्ष में अब भी है।

चित्रकला में रगावलि को क्षणिक चित्र कहते हैं। क्षणिक चित्र के दो प्रकार होते हैं – धूलि चित्र और रस चित्र।[८]

चित्रकर्म

सोमदेव ने एक विशेष संदर्भ में प्रजापतिप्रोक्त चित्रकर्म का उल्लेख किया है।[९] इसका एक पद्य भी उद्धृत किया है—

> श्रमण तजलिप्तांग नवभिर्भक्तिभिर्युतम्।
> यो लिखेत स लिखत्सर्वां पृथ्वीमपि ससागराम्॥[१०]

श्रुतसागर ने यहाँ श्रमण का अर्थ तीर्थकर और तेजलिप्तांग का अर्थ करोड़ो सूर्यों की प्रभा के समान तेजयुक्त किया है तथा मधुमाधवी के अनुसार नव-भक्तियो को इस प्रकार गिनाया है—

---

३ अनल्पकर्पूरपरागपरिकल्पितरगावलिविधानम्। –पृ० १६६

४ चरणनखस्फुटितेन रगवल्लीमणीन् इव भक्षमानया। –पृ० २४ उत्त०

५ घुसृणरसारुणितमरकतपरागपरिकल्पितभूमितलभागे मनाग्मोदमानमालतीमुकुल-विरचितरगवलिनि। –पृ० २८ उत्त०

६ पर्यन्तप्रासादपै सपादितकुसुमोपहार प्रवृत्तरगावलि। –पृ० १३३

७ रगवल्लीषु परभागकल्पनम्। –पृ० २४७ उत्त०

८ वी० राघवन्–संस्कृत टेक्स्ट आन पेंटिंग, इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, जिल्द ९, पृ० ६०५–६

९ प्रजापतिप्रोक्ते च चित्रकर्मणि। –पृ० ११२ उत्त०

१० पृ० वही। मुद्रित प्रति का 'तेजलिप्तांग और भिक्ति' पाठ गलत है।

शालोऽथ वेदिरथ वेदिरथोऽपि शाल-
वेदीच शाल इह वेदिरथोऽपि शालः ।
वेदी च भाति सदसि क्रमश' यदीये,
तस्मै नमस्त्रिभुवनविभवे जिनाय ॥

स्पष्ट ही यह सन्दर्भ तीर्थंकर के समवशरण को व्यक्त करता है । जैन शास्त्रों के अनुसार तीर्थंकर को केवलज्ञान होने के उपरान्त इन्द्र कुबेर को आज्ञा देकर एक विराट सभामण्डप का निर्माण कराता है, जिसमें तीर्थंकर का उपदेश होता है । इसी सभामडप को समवशरण कहा जाता है । जैसा कि श्रुत-सागर ने लिखा है इसकी रचना गोलाकार होती है और शाल और वेदी शाल और वेदी के क्रम से विन्यास किया जाता है । प्राचीन जैन चित्रों में समवशरण का सुन्दर अंकन मिलता है ।

सोमदेव द्वारा उल्लिखित प्रजापति प्रोक्त चित्रकर्म उपलब्ध नहीं होता । संभवतया यह शास्त्रीय चित्रकर्म शिल्पशास्त्र था, जिसका सार तंजोर ग्रन्थागार की १५४३१ सख्या वाली पाण्डुलिपि में उपलब्ध है ।

अन्य उल्लेख

चित्रकला के अन्य उल्लेखों में सोमदेव ने एक स्थान पर खम्भों पर बने चित्रों का उल्लेख किया है (केतुकाण्डचित्रै १८।४ स० पू०) । एक अन्य स्थान पर भित्तियो पर बने हुए सिंहों का उल्लेख किया है (चित्रार्पितारिपैरिव, ९०।६ सं० पू०) । झरोखों से झाँकती हुई कामिनियों का वर्णन भी एक स्थान पर आया है (गवाक्षमार्गेषु विलासिनीनां विलोचनैर्मौक्तिकबिम्बकान्तं ३४२।३-६ स० पू०) । संस्कृत साहित्य तथा कला एवं शिल्प में अन्यत्र भी ऐसे उल्लेख आये हैं ।

■

परिच्छेद तीन

वास्तु-शिल्प

यशस्तिलक में वास्तु शिल्प सम्बन्धी विविध प्रकार की सामग्री के उल्लेख मिलते हैं। विभिन्न प्रकार के शिखरयुक्त चैत्यालय (देवमन्दिर) गगनचुंबी महाभागभवन, त्रिभुवनतिलक नामक राजप्रासाद, लक्ष्मीविलासतामरस नामक आस्थानमण्डप, श्रीसरस्वतीविलासकमलकर नामक राजमन्दिर दिग्वलय विलोकनविलास नामक क्रीडाप्रासाद, करिविनोदविलोकनदोहद नामक प्रधाव धरणिप्रासाद, मनसिजविलासहंसनिवासतामरस नामक वासभवन गृहदीर्घिका, प्रमदवन, यन्त्रधारागृह आदि का विस्तृत वर्णन विभिन्न प्रसंगों में आया है। सम्पूर्ण सामग्री का विवेचन इस प्रकार है –

चैत्यालय

देवमन्दिर के लिए यशस्तिलक में चैत्यालय शब्द का प्रयोग हुआ है। सोमदेव ने लिखा है कि राजपुरनगर विविध प्रकार के शिखरयुक्त चैत्यालयों से सुशोभित था।[1] शिखर क्या थे मानो निर्माणकला के प्रतीक थे।[2] शिखरों से विशेष कान्ति निकलती थी। सोमदेव ने इसे देवकुमारों को निरवलम्ब आकाश से उतरने के लिए अवतरण मार्ग कहा है।[3] शिखर ऐसे लगते थे मानो शिशिर गिरि कैलाश का उपहास कर रहे हों।[4] शिखर की अटनि पर सिंह निर्माण किया गया था। सोमदेव ने लिखा है कि अटनि पर बने सिंहों को देख कर चन्द्रमृग चकित रह जाते थे।[5] शिखरों की ऊंचाई की कल्पना सोमदेव के इस कथन से की जा सकती है कि सूर्य के रथ का घोड़ा थक कर मानो क्षण भर विश्राम के लिए शिखरों पर ठिठक रहता था।[6] देवयानों को चक्कर काट कर ले जाना पड़ता था।[7] निरन्तर विहार करते हुए विद्याधरों की कामिनियों के

१ विचित्रकोटिभि कूटैरुपशोभितम्। – पृ० २१ पू०

२ घन्नाश्रियां श्रियमुद्वहद्भि। – वही

३ देवकुमारकाणामनालम्बे नभस्यवतरणमार्गचिह्नोचितरुचिभि। – पृ० १७

४ उपहसितशिशिरगिरिहराचलशिखरै। – वही

५ अटनितटनिविष्टविकटसटोत्कटकरटिरिपुसमीपसंचारचकितचन्द्रमृग। – वही

६ अवणरथतुरगचरणाक्षुण्णक्षणमात्रविश्रमै। – वही

७ अमरचरचमूविमानगतिविक्रमविधायिभि। – वही

कपोलों का स्वेदजल चैत्यालयों के शिखरों पर लगी पताकाओं की हवा से सूख जाता था।[८]

ध्वज दण्डों में चित्र बनाये जाते थे। सोमदेव ने लिखा है कि सटकर चलती सुर-सुन्दरियों के चंचल हाथों से ध्वज-दण्डों के चित्र मिट जाते थे।[९] ध्वजस्तम्भ की स्तम्भिकाओं में मणिमुकुर लगे थे[१०]। शिखरों पर रत्नजटित कांचनकलश लगाये गये थे जिनसे निकलनेवाली कान्ति से आकाश-लक्ष्मी का चदोवा-सा बन रहा था।[११] पानी निकलने के लिए चन्द्रकान्त के प्रणाल बनाये गये थे।[१२] किंपिरि (कगूरे) सूर्यकान्त के बने थे जो सूर्य की रोशनी में दीपकों की तरह चमकते थे।[१३] उज्ज्वल आमलासार पर कलहंस श्रेणी बनायी गयी थी।[१४] उपरितल पर घूमते हुए मयूर बालक दिखाये गये थे।[१५] सामने ही स्तूप बनाया गया था।[१६] विटंकों पर शुक शावक बैठे हरित अरुणमणि का भ्रम पैदा कर रहे थे।[१७] वाथ पक्षियों के पंखों से मंचक रचना ढक गयी थी।[१८] पालिध्वजाओं में क्षुद्र घटिकाएँ लगायी गयी थीं।[१९] चूने से ऐसी सफेदी की गयी थी मानो आकाशगंगा का प्रवाह उमड़ आया हो।[२] चैत्यालय ऐसे लगते थे मानो आकाशवृक्ष के फूलों के गुच्छे हों, श्वेतद्वीपसृष्टि हों, आकाशदेवता के शिखण्डमण्डन का पुण्डरीक समूह हो, तीनों लोकों के भव्य जनों के पुण्योपार्जन क्षेत्र हों, आकाश-समुद्र की फेनराशि हो शंकर का अट्टहास हो, स्फटिक के क्रीडाशल हो, ऐरावत के कलभ हों। चारों ओर से पड़ रही माणिक्यों की कान्ति द्वारा मानो भक्तों के स्वर्गारोहण के लिए सोपान परम्परा रच रहे हों, संसार सागर से तिरने के लिए जहाज हों (पृ० २०, २१)।

---

८ वही पृ० १८
९ अतिलङ्घिषसंचरत्सुरसुन्दरीकरचापलविलुप्तकेतुकाण्डचित्रै। – वही
१० अनेकध्वजस्तम्भस्तम्भिकोत्तम्भितमणिमुकुर। – वही
११ अप्रत्नरत्नचयनिचितकांचनकलश। – वही
१२ चन्द्रकान्तमयप्रणाल। – वही
१३ दिनकृत्कान्तकिंपिरि। –वही
१४ अमलकामलासारविलसत्कलहंसश्रेणी। – पृ० १९
१५ उपरितनतलचलत्प्रचलाकिबालक। – वही
१६ उपान्तस्तूप। – वही
१७ १८ पृ० २०
१९ किंकिणीजालवाचालपालिध्वज। –वही
२० अमलविलुधाप्रभाबद्धामसद्दिग्वस्त्रसुनीमभाहै। –वही

चैत्यालयों के इस वर्णन में सोमदेव ने प्राचीन वास्तुशिल्प के कई पारिभाषिक शब्दों का उल्लेख किया है। जैसे – अटनि केतुकाण्डचित्र, ध्वजस्तम्भस्तम्भिका प्रणाल, आमलासारकलश किंपिरि, स्तूप विटक।

प्राचीन वास्तुशिल्प में अटनि अर्थात बाहरी छज्जे पर सिंह रचना का विशेष रिवाज था। इसे झम्पासिंह कहते थे। केतुकाण्ड अर्थात् ध्वजा दण्डों पर चित्र बनाये जाते थे। ध्वजा देवमन्दिर का एक आवश्यक अंग था। ठक्कुर फेरु ने वास्तुसार (३।३५) में लिखा है कि देवमन्दिर के अच्छे शिखर पर ध्वजा न हो तो उस मन्दिर में असुरों का निवास होता है। प्रासाद के विस्तार के अनुसार ध्वजा-दण्ड बनाया जाता था। एक हाथ के विस्तार वाले प्रासाद में पौन अंगुल मोटा ध्वजादण्ड और उसके आगे क्रमश आधा आधा अंगुल बढ़ाना चाहिए (३।३४ वही)। दण्ड की मर्कटी (पाटली) के मुख भाग में दो अर्द्धचन्द्र का आकार बनाने तथा दो तरफ घंटी लगाने का विधान बताया गया है।[२१] ध्वजस्तम्भों के आधार के लिए स्तम्भिकाए बनायी जाती थी। उनमें मणिमुकुर लगाने की प्रथा थी। स्तम्भिकाओं की रचना घण्टोदय के अनुसार की जाती थी।[२२] चैत्यालय में देवमूर्ति के प्रक्षालन का जल बाहर निकालने के लिए प्रणाल की रचना की जाती थी। देवमूर्ति अथवा प्रासाद का मुख जिस दिशा में हो तदनुसार प्रणाल बनाया जाता था। प्रासादमण्डन तथा अपराजितपृच्छा में इसका ब्यौरेवार वर्णन किया गया है। शिखर के ऊपर और कलश के नीचे आमलासारकलश की रचना की जाती थी। शिखर के अनुपात से आमलासार बनाया जाता था। प्रासादमंडन में लिखा है कि दोनों रथिकाओं के मध्य भाग जितनी आमलासारकलश की गोलाई करना चाहिए आमलासार के विस्तार से आधी ऊंचाई, ऊंचाई का चार भाग करके पौन भाग का गला, सवा भाग का आमलासार एक भाग को चन्द्रिका और एक भाग को आमलसारिका बनाना चाहिए (४।३२ ३३)। आमलासार के ऊपर कांचन कलश स्थापित किया जाता था। कलश की स्थापना मांगलिक मानी जाती थी (प्रासादमंडन ४।३६)। मंडन ने ज्येष्ठ कनीय और अभ्युदय के भेद से कलश के तीन प्रकार बताये हैं। सोमदेव ने चैत्यालयों के मुंडेर को किंपिरि कहा है। सूर्यकान्त के बने किंपिरि सूर्य की रोशनी में मणिदीपों की तरह चमकते थे। चैत्यालय के समीप ही स्तूप बनाये जाते थे। विटक को श्रुतसागर ने बाहर निकला हुआ काष्ठ कहा है।[२३] वास्तु

---

२१ अपराजितपृच्छा, सूत्र १४४, प्रासादमंडन ४।४५

२२ घण्टोदयप्रमाणेन स्तम्भिकोदय कारयेत्। –वही

२३ बहिर्निर्गतानि काष्ठानि। –पृ० २०

शिल्प में अन्यत्र इस शब्द का प्रयोग देखने में नहीं आता। सम्भवतया छज्जे के नीचे लगी काठ की धरन विटक कहलाती थी।

चैत्यालयों के अतिरिक्त राजपुर में श्रीमानों के गगनचुम्बी (अभ्रंलिहं) प्रासाद थे। मणिजड़ित उत्तुंगतोरण लगाये गये थे।[24] तोरणों से निकलती किरणों से देवताओं के भवन मानो पीले हो रहे थे।[25]

त्रिभुवनतिलक प्रासाद

सोमदेव ने लिखा है कि सिप्रा के तट पर राज्याभिषेक के बाद यशोधर ने लौट कर त्रिभुवनतिलक नामक प्रासाद में प्रवेश किया। त्रिभुवनतिलक प्रासाद श्वेत पाषाण या संगमरमर (सुधोपलासार, ३४२) का बनाया गया था। शिखरों पर स्वर्णकलश (कांचनकलश, ३४३) लगाये गये थे। पूरे प्रासाद पर चूने से सफेदी की गयी थी।[26] रत्नमय खम्भों वाले ऊँचे ऊँचे तोरणों के कारण राजभवन कुबेरपुरी की तरह लगता था (पृ० ३४४)।

यहाँ सोमदेव ने तोरण को 'उत्तु गतरंगतोरण' कहा है। तोरणों के रत्नमय खम्भों (रत्नमयस्तंभ, ३४४ पू०) पर मुक्ताफल की लम्बी-लम्बी मालाएँ लटकती हुई दिखाई गयी थीं।[27] बड़े-बड़े प्रवालमणि (प्रबलप्रवाल वही) तथा दिव्य दुकूल भी अंकित थे। ऊपर लगी ध्वजाओं में मरकतमणि लगे हुए थे जिनसे नीली कान्ति निकल रही थी।[28] एक ओर महामण्डलेश्वर राजाओं के द्वारा उपहार में आये श्रेष्ठ हाथियों के मदजल से भूमि पर छिड़काव हो रहा था।[29] दूसरी ओर उपहार में प्राप्त उत्तम घोड़े मुँह-से फेन उगलते श्वेत कमल बनाते-से बंधे थे।[30] दूतों के द्वारा लाये गये उपहार एक ओर रखे थे (वही ३४४)। राजभवन प्रजापतिपुर सदृश होने पर भी दुर्वासा (मलिनवस्त्रधारी) रहित था। इन्द्रभवन सदृश होने पर भी अपारिजात (शत्रुसमूहरहित) था। अग्निगृह सदृश होने पर भी अधूमश्यामल (मणिमाणिक्यों की प्रभायुक्त) था। यमधाम (यमराज का घर) होकर भी अदुरीहितव्यवहार (पापव्यवहार)

---

२४ उत्तु गतोरणमणि। —पृ० २१

२५ पिंजरितामरभवनै। —वही

२६ सुधार्दधितिमिव चै धवलिताखिलदिग्वलयम्। —३४४

२७ आवलंबितमुक्तामल०। —३४४ पू०

२८ उपरितनदेशोत्त भितध्वजप्रान्तप्रोतमरकतमणि। —वही

२९ महामण्डलेश्वरैरनवरतमुपायनीकृतकरीन्द्रमदजलप्रभीजनितसमार्जनम्। —वही

३० उपाहृताजानेय हयाननोद्गीर्णडिण्डीरपिण्डपुण्डरीकविहितोपहारम्। —वही

शून्य था। पुण्यजनावास होकर भी अराक्षसभाव था। प्रचेत पस्त्य (वरुणगृह) होकर भी अजडाशय था। वातोदवसित (वायुभवन) होकर भी अचपलनायक (स्थिरस्वामी) था। धनदधिष्ण्य (कुबेरगृह) होकर भी अस्थाणुपरिगत (ठूठरहित) था। शम्भूशरण होकर भी अव्यालावलीढ़ था। ब्रह्मसौध होकर भी अनेकरथ था। चन्द्रमन्दिर होकर भी अमृदुप्रताप था। हरिगेह होकर भी अहिरण्यकशिपुनाश था। नागेशनिवास होकर भी अद्विजिह्वपरिजन (दोगला रहित) था, वनदेवता निवास होकर भी अकुरग था।

कहीं यमराजनगर की तरह सूक्ष्मतत्त्ववस्ता विद्वान सम्पूर्ण ससार के व्यवहार का विचार कर रहे थे। कहीं पर ब्रह्मालय की तरह द्विजन्मा (ब्राह्मण) लोग निगमार्थ (नीति शास्त्र) की विवेचना कर रहे थे। कहीं पर तण्डुभवन की तरह अभिनेता इतिहास का अभिनय कर रहे थे। कही पर समवशरण की तरह प्रमुख विद्वान तत्त्वोपदेश कर रह थे। कहीं सूय के रथ की तरह घोड़ों को सिखाने के लिए घसीटा जा रहा था। कहीं अगराज भवन की तरह सारंग (हाथी) शिक्षित किये जा रहे थे। कुलवृद्धाए दासियों तथा नौकर चाकरों को नाना प्रकार के निर्देश दे रही थी। ऊचे तमगो के झरोखो से स्त्रियाँ झांक रही थीं। कीर्तिसाहार नामक वतालिक इस त्रिभुवनतिलक नामक भवन का वणन इस प्रकार करता है—

यह प्रासाद शुभ्रध्वजा-श्रेणियो द्वारा कहीं हवा से हिल रही हिलोरों वाली गगा की तरह लगता है तो कहीं स्वणकलशों की अरुण किरणो के कारण सुमेरु को छाया की तरह। कहीं अतिधवत भित्तियो के कारण समुद्र की शोभा धारण करता है तो कहीं गगनचुम्बो शिखरो के कारण हिमालय की सदृशता धारण करता है। यह भवन-लक्ष्मो का क्रीडास्थल साम्राज्य का महान् प्रतीक, कीर्ति का उत्पत्तिगृह क्षितिवधू का विश्रामधाम लक्ष्मो का विलासदपण, राज्य की अधिष्ठात्री देवो का कुलगृह तथा वाग्देवता का क्रीड़ास्थान प्रतीत होता है (पृ० ३५२-५३)।

त्रिभुवनतिलक प्रासाद के वणन में सोमदेव ने जो अनेक महत्त्वपूण सूचनाएँ दी हं उनमें पुरदरागार, चित्रभानुभवन, धमधाम, पुण्यजनावास प्रचेत पस्त्य, वातोदवसित, धनदधिष्ण्य ब्रह्मसौध चन्द्रमन्दिर, हरिगेह, नागेशनिवास, तण्डु भवन इत्यादि की जानकारी विशेष महत्त्व की है। सूर्यमन्दिर, अग्निमन्दिर आदि बनाने की परम्परा प्राचीन काल से थी। इनके भग्नावशेष या उल्लेख आज भी मिलते हैं।

केवल सोमदेव के उल्लेखों के आधार पर यद्यपि यह कहना कठिन है कि दसवीं शती में उपयुक्त सभी प्रकार के मन्दिर विद्यमान थे, तो भी इतनी जानकारी तो मिलती ही है कि प्राचीन काल में इन सभी के मंदिर निर्माण की परम्परा रही होगी।

इसी प्रसंग में प्रासाद या भवन के लिए आये हुए आगार, भवन, धाम, आवास, पस्त्य उदवसित, धिष्ण्य, शरण सौध, मन्दिर, गेह और निवास शब्द भी महत्त्वपूर्ण हैं। भवन या मन्दिर के लिए इतने शब्दों का प्रयोग अन्यत्र एक साथ नहीं मिलता।

त्रिभुवनतिलक या इसी प्रकार के नामों की परम्परा भी प्राचीन है। भोज ने चौदह प्रकार के भवनों का उल्लेख किया है, उनमें एक भुवनतिलक भी है।

आस्थानमण्डप

सोमदेव ने यशोधर के लक्ष्मीनिवासतामरस नामक आस्थानमण्डप का विस्तृत वर्णन किया है। भोज ने भी (अ० ३०) लक्ष्मीविलास नामक भवन का उल्लेख किया है। गुजरात के बड़ौदा आदि स्थानों में विलास नामान्तक भवनों की परम्परा अभी तक प्रचलित है।

आस्थानमण्डप राजभवन का वह भाग कहलाता था, जिसमें बैठ कर राजा राज्य कार्य देखते थे।[21] इसे मुगलकाल में दरबारे आम कहा जाता था।

आस्थानमण्डप राजा के निवासस्थान से पृथक होता था। प्रातःकालीन दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो यशोधर ने आस्थानमंडप की ओर प्रयाण किया। सबसे पहले उन्हें गजशाला या हाथीखाना मिला। उसमें बड़े-बड़े दिग्गज हाथी गोलाकार बंधे थे। उनके अरुण माणिक्यों से मढ़े गजदन्तों में पड़ रही परछाईं से उनके कुंभस्थलों की सिन्दूर शोभा द्विगुणित हो रही थी। और गण्डस्थलों से झरते मद के सौरभ से भ्रमरियों के झुण्ड के झुण्ड खिंचे आते थे जिनसे आकाश नीला-नीला हो रहा था (पृ० ३६७)।

गजशाला के बाद यशोधर ने अश्वशाला या घुड़सार देखी। घुड़सार में यहाँ वहाँ कई पंक्तियों में घोड़े बंधे थे। उनको चैत्र, चीन, चित्रपटी, पटोल, रल्लिका आदि वस्त्रों की झीनें पहनायी गयी थीं। चास के हुर कौर के साथ उनके मुख प्रकीर्णक हिल-हिल कर उनकी आँखों के कोने चूम रहे थे। अपने

21 सर्वेषामाभिगम्यानामिव व्यवहारविश्रामिणां च कार्यावसथम्। —पृ० ३७१

चारों पैरों की टाप से वे बार-बार धरती खोद रहे थे मानो अपनी विजय पर अपराधों का प्रतिपादन कर रहे हों। उनकी हिनहिनाहट से समीपवर्ती सौधों के उत्सग गूँज रहे थे (पृ० ३६८)।

राजभवन के निकट ही गज तथा अश्वशाला बनाने की परम्परा प्राचीन थी। इसका मुख्य कारण यह था कि प्रात काल गज व अश्वदशन राजा के लिए मांगलिक माना जाता था। गजवणन के प्रसग में स्वय सोमदेव ने लिखा है कि जो राजा प्रात काल गजपूजन दशन करता है वह रण में कीर्तिशाली तो होता ही है नि सन्देह सावभौम भी होता है। प्रसन्नवदन गज का उषाकाल में दशन करने से दु स्वप्न दुष्टग्रह तथा दुष्टचेष्टा का नाश होता है (पृ० ३००)।

राजभवन के निकट गज और अश्वशाला फतेहपुर सीकरी के प्राचीन महलो में आज भी देखी जाती है।

आस्थानमण्डप कालागुरु की सुगन्धित धूप से महक रहा था। फडफड़ाती ढेरों पताकाएँ आकाश सागर में हसमाला-सी लगती थीं। उच्च प्रासाद शिखर पर माणिक्य जटित कलशों से कान्ति निकल रही थी। फल, फूल और पल्लव युक्त वन्दनवारों के बीच-बीच में कीर कामिनियाँ बैठी थीं। बीच-बीच में तार हार लटकाये गये थे। स्फटिक के कुट्टिमतल पर गाढो केशर का छिड़काव किया गया था। कपूरधूलि से रगोली बनायी गयी थी। मरकतमणि की बनी वितर्दिका पर कमल, मालती, वकुल तिलक, मल्लिका, अशोक आदि के अधखिले फूलों के उपहार चढाये गय थे। उदीण मणिस्तम्भिका पर सिंहासन सजाया गया था जो कल्पवृक्ष से वेष्टित सुमरुशिखर-सा लगता था। दोनो पार्श्वों में उज्ज्वल चमर ढोरे जा रहे थे। ऊपर सफेद दुकूल का वितान था। दीवारों में नीचे से ऊपर तक रत्नफलक जडे थे जिनमें उपासना के लिए आये सामन्तों के प्रतिबिम्ब पड रहे थे।

विविध प्रकार के मणियो से बनी विभिन्न प्रकार की आकृतियों को देख कर डरे हुए भूपालबालक (राजकुमार) कचुकिया का परेशान कर रहे थे। लगता था जसे इन्द्र को सभा हो। याष्टीक सैनिक निकटवर्ती सेवको को डाँट डपट कर निर्देश दे रहे थे अपनी पोशाक ठीक करो धन और जवानी के जोश में बको मत बिना अनुमति किसी को घुसने न दो, अपनी अपनी जगह सभल कर रहो, भीड मत लगाओ आपस में फिजूल की बकवास मत करो, मन को न डुलाओ इन्द्रियो को काबू मे रखो, एकटक महाराज की ओर देखो कि महाराज क्या पूछते हैं क्या कहते हैं क्या आदेश देते हैं, क्या नयी बात कहते हैं (३७१–७२)।

सरस्वतीविलासकमलाकर

महाराज यशोधर ने रात्रि को जिस प्रासाद में शयन किया उसे सोमदेव ने सरस्वतीविलासकमलाकर नामक राजमन्दिर कहा है।[32] सोमदेव ने इसका विस्तृत वर्णन नहीं किया है। सम्भवतया यह त्रिभुवनतिलक नामक प्रासाद का ही एक भाग था।

दिग्वलयविलोकविलास

दिग्वलयविलोकविलास नामक भवन क्रीडा पर्वत की तलहटी में बनाया गया था।[33] सम्राट इस भवन में बैठ कर प्रथम वर्षा का आनन्द लेते थे। परिवार से घिरे[34] महाराज यशोधर जब सेवा में आये सामन्त समाज के साथ[35] वर्षा ऋतु की शोभा का आनन्द ले रहे थे[36] तभी सन्धिविग्रही ने आकर सूचना दी कि पांचाल नरेश का दुकूल नामक दूत आया है, प्रतिहार भूमि में बैठा है (५४९)। इस प्रसंग में प्रासाद का तो विशेष वर्णन नहीं है किन्तु वर्षा ऋतु तथा राजनीति सम्बन्धी विवेचन है।

करिविनोदविलोकनदोहद

करिविनोदविलोकनदोहद नामक प्रासाद प्रधावधरणि (गजशिक्षाभूमि) में बनाया गया था जिसमें गजविशेषज्ञ आचार्यों के साथ बैठ कर महाराज गजकेलि देखते थे।[37] इस प्रसंग में सोमदेव ने प्रासाद का तो विशेष वर्णन नहीं किया किन्तु गजशास्त्र विषयक महत्त्वपूर्ण सामग्री दी है जिसका अन्यत्र विवेचन किया गया है। आजकल जिस प्रकार स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाये जाते हैं उसी प्रकार प्राचीन काल में करिविनोदविलोकनदोहद आदि भवनों का निर्माण किया जाता था।

मनसिजविलासहंसनिवासतामरस

अन्तःपुर या रनिवास को सोमदेव ने मनसिजविलासहंसनिवासतामरस

---

३२ सरस्वतीविलासकमलाकरराजमन्दिरम्। — १५६

३३ क्रीडाचलमेखलानिलयिनि दिग्वलयविलोकविलासनाम्नि धाम्नि। —पृ० ५४८

३४ प्रवीरपरिषद्परिवारित। — वही

३५. सम सेवासमागतसमस्तसामन्तसमाजेन। — वही

३६ वर्षतु श्रिय धाव्दहमनुभवन्। — वही

३७. प्रधावधरणिषु करिविनोदविलोकनदोहद प्रासादमध्यास्य प्रभिन्नकरिकेलीरवसम्।
— पृ० ५०५

नाम दिया है। यह वासभवन सतखण्डा महल का सबसे ऊपरी भाग था।[38] यशोधर अधिरोहिणी (सीढ़ियों) से चढ़ कर वहाँ गया। सोमदेव का यह उल्लेख विशेष महत्त्व का है। इससे ज्ञात होता है कि दशमी शताब्दी में इतने ऊँचे ऊँचे प्रासादों की रचना होने लगी थी। ग्वालियर जिले के चन्देरी नामक स्थान के खण्डित कुषक महल की पहचान सात खण्ड के प्रासाद से की जाती है। मालवा के मुहम्मद शाह ने १४४५ में इसके बनाने की आज्ञा दी थी। वर्तमान में इसके केवल चार खण्ड शेष रहे हैं।[39] सोमदेव ने एक स्थान पर और भी सप्ततल प्रासाद का उल्लेख किया है।[40] यशोधर सभा विसर्जित करके चल कर (चरणमार्गेणैव २३) महादेवी के वासभवन में गया था। प्रतिहार पालिका ने द्वार पर क्षण भर के लिए यह कह कर रोक लिया कि अन्य स्त्री-जनासक्ति जान कर महादेवी कुपित हैं। सम्राट ने अपना प्रणयकोप जाहिर किया तब कहीं उसने रास्ता दिया। हँस कर देहली छोड़ दी[41] और कक्षान्तरों को पार कराती भवन में ले गयी।

इस वासभवन की सुनहरी दीवारों पर यक्षकर्दम का लेप किया गया था और कपूर से दन्तुरित किया गया था।[42] रजत वातायनों पर कस्तूरी का लेप किया गया था, जिससे झरोखे से आने वाली हवा सुगन्धित होकर आ रही थी।[43] स्फटिक की देहली को गाढ़े स्यन्दरस से साफ किया था।[44] कुंकुम रंग मरकत पराग से फर्श (तलभाग) पर तह देकर अधखिले मालती के फूलों से रंगोली बनायी गयी थी।[45] कालागुरु चन्दन की धूप निरन्तर जल रही थी जिसके धुएं से वितान पर्यन्त लटकती मुक्तामालाएं धूसरित हो गयी थीं।[46] कूचस्थान पर फूलों के गुलदस्ते रखे थे।[47] सचरणशील हेमकन्यका के कन्धे पर ताम्बूल

---

३८ सप्ततलप्रासादोपरितनभागवर्तिनि। —पृ० २६ उत्त०

३९ इण्डियन आर्किटेक्चर भाग २, पृ० ६५

४० सप्ततलागाराग्रिमभूमिभागिनि जिनसद्मनि। —पृ० ३०२ उत्त०

४१ सपरिहास समुत्सृष्टप्रद्वारप्रघणी। —पृ० २७ वही

४२ यक्षकर्दमखचितकर्पूरदलदन्तुरितजातरूपभित्तिनि। —पृ० २८

४३ मृगमदशकलोपलिप्तरजतवातायनविवरविहरमाणसमीरसुरभिते। —वही

४४ सान्द्रस्यन्दसमार्जितामलकदेहलीशिरसि। —वही

४५ घुसृणरसारुणितमरकतपरागपरिकल्पितभूमितलभागे मनाङ्मोदमानमालतीमुकुलविरचितरंगवल्लिनि। —वही

४६ अनवरतदह्यमानकालागुरुधूपधूमधूसरितवितानपर्यन्तमुक्ताफलमाले। —वही

४७ कूचस्थानविनिवेशितप्रसूनसमूहे। —पृ० २६

कपिलिका रखी थी।[४८] तुहिनतरु के बने वलीकों पर उपकरण टाँगे गये थे।[४९] मणि के पिंजड़े में शुक-सारिका बैठी कामकथा में लीन थी।[५०]

उपर्युक्त वर्णन में आये कूर्चस्थान, संचारिमहेमकन्यका, तथा वलीक आदि शब्द विशेष महत्त्व के हैं। कूर्चस्थान का अर्थ श्रुतसागर ने सम्भोगोपकरणस्थापन-प्रदेश किया है। संचारिमहेमकन्यका के विषय में यन्त्रशिल्प प्रकरण में विचार किया गया है। इस प्रकार की यान्त्रिक पुत्तलिकाओं के निर्माण की परम्परा सोमदेव के पूर्व से चली आ रही थी और बाद तक चलती रही। वलीक शब्द का अर्थ श्रुतसागर ने पट्टिका किया है। यह अर्थ पर्याप्त नहीं है। वृक्षों पर उप-करण टाँगने की परम्परा का उल्लेख कालिदास ने भी किया है। जब शकुन्तला पतिगृह को जाने लगी तब वृक्षों ने उसे समस्त आभूषण दिये (शाकुन्तल अ० ४)। सम्भवतया सोमदेव का उल्लेख इसी ओर संकेत करता है। कपूरवृक्ष के वलीक बनाये गये थे, जिनमे बीच बीच में पुष्पमालाएँ टँगी थीं और उपकरण टंगे थे।[५१]

दीर्घिका

दीर्घिका का उल्लेख यशस्तिलक मे कई बार हुआ है। दो स्थानो पर विशेष वर्णन भी है जलक्रीड़ा के प्रसंग में प्रथम आश्वास में और यन्त्रधारागृह के वर्णन में तृतीय आश्वास में।

दीर्घिका प्राचीन प्रासाद-शिल्प का एक पारिभाषिक शब्द था। यह एक प्रकार की लम्बी नहर होती थी जो राजप्रासादों में एक ओर से दूसरी ओर दौड़ती हुई अन्त में प्रमदवन या गृहोद्यान को सींचती थी। बीच बीच मे जल के प्रवाह को रोक कर पुष्करणी, गन्धोदककूप, क्रीडावापी इत्यादि बना लिये जाते थे। कहीं जल को अदृश्य करके आगे विविध प्रकार के पशु-पक्षियों के मुह से पानी झरता हुआ दिखाते थे। लम्बी होने के कारण इसका नाम दीर्घिका पड़ा। सोम देव ने यशोधर के महल की दीर्घिका का विस्तृत वर्णन किया है। इसका तलभाग

---

४८ संचारिमहेमकन्यकासीत्तसितप्रसूनासताम्बूलकपिलिके। —वही

४९ तुहिनतरुविनिर्मितवलीकान्तरमुक्त। —वही

५० मणिपिंजरोपविष्टशुकसारिका। —वही

५१ तुहिनतरुविनिर्मितवलीकान्तरमुक्तकुसुमलकसौरभाविभास्वमानमुक्तावसानिकोप-करणवस्तुनि। —पृ० २६ उत्त०

मरकत मणि का बना था।[५२] भित्तियाँ स्फटिक की थीं।[५३] सीढ़ियाँ स्वर्ण की बनायी गयी थीं।[५४] तटप्रदेश मुक्ताफल के बने थे।[५५] जल को कहीं हाथी, मकर इत्यादि के मुँह से झरता हुआ दिखाया गया था।[५६] जल तरंगों पर कपूर का छिड़काव किया गया था।[५७] किनारों पर चन्दन का लेप किया गया था, जिससे लगता था मानो क्षीर सागर का फेन उसके किनारे पर जम गया है।[५८] आगे जल के प्रवाह को रोक कर पुष्करणी बनायी गयी थी जिसमें कमल खिले थे।[५९] उसके आगे गन्धोदक कूप बनाया गया था जिसमें कस्तूरी और केसर से सुवासित शीतल जल भरा था।[६०] कुछ आगे जल को मृणाल की तरह एकदम पतली धारा के रूप में बहता दिखाया गया था।[६१]

आगे यान्त्रिक शिल्प के विविध उपादान—यन्त्रवृक्ष यन्त्रपक्षी यन्त्रपशु, यन्त्रपुत्तलिका आदि बने थे जिनसे तरह तरह से पानी झरता हुआ दिखाया गया था।[६२] यन्त्रशिल्प प्रकरण म इनका विशेष विवरण दिया गया है।

अन्त म दीर्घिका प्रमदवन में पहुंची थी जहाँ विविध प्रकार के कोमल पत्तों और पुष्पों से पल्लव और प्रसूनशय्या बनायी गयी थी।[६३]

सोमदेव के इस वर्णन की तुलना प्राचीन साहित्य और पुरातत्त्व की सामग्री से करने पर ज्ञात होता है कि दीर्घिका निर्माण की परम्परा भारतवर्ष में प्राचीन काल से लेकर मुगलकाल तक चली आयी। प्राचीन साहित्य में इसके अनेक उल्लेख मिलते हैं। कालिदास ने रघुवंश म (१६।१३) दीर्घिका का वर्णन किया है। बाणभट्ट ने हर्ष के राजमहल के वर्णन में हर्षचरित में और कादम्बरी में

---

५२ मरकतमणिविनिर्मितमूलासु। –पृ० ३८ पू०
५३ कर्केतकोपलसम्पादितभित्तिभंगिकासु। –वही
५४ कांचनोपचितसोपानपरम्परासु। –वही
५५ मुक्ताफलपुलिनपेशलपर्यन्तासु। –वही
५६ करिमकरमुखमुच्यमानवारिभरिताभोगासु। –वही ३९
५७ कर्पूरपारोद्ध तुरिततरंगसंगमासु।–वही
५८ दुग्धोदधिवेलास्विव चन्दनधवलासु।–वही
५९ वनस्थलीष्विव सकमलासु।–वही
६० मृगमदामोदमेदुरमध्यासु सकेसरासु। –वही
६१ विरहिणीशरीरयष्टिष्विव मृणालवलयनीषु। –वही
६२ विविधयन्त्रशलाकनीषु।–वही
६३ विचित्रपल्लवप्रसूनफलस्फारासनिकासु।–वही

दीर्घिका का विस्तृत वर्णन किया है। डॉक्टर वासुदेवशरण अग्रवाल ने इस सामग्री का विस्तार से विवेचन किया है।[६४]

मुगलकालीन राजप्रासादों में जो दीर्घिका बनायी जाती थी, उसका उर्दू नाम नहरे बिहिश्त था। हारू रशीद के महल में इस प्रकार की नहर का उल्लेख आता है। देहली के लाल किले के मुगल महलों की नहरे बिहिश्त प्रसिद्ध है।

वस्तुत प्राचीन राजकुलों के गृह-वास्तु की यह विशेषता मध्यकाल में भी जारी रही। विद्यापति ने कीर्तिलता में प्रासाद का वर्णन करते हुए क्रीडाशैल, धारागृह, प्रमदवन तथा पुष्पवाटिका के साथ कृत्रिमनदी का भी उल्लेख किया है। यह भवन-दीर्घिका का ही एक रूप था।[६५]

दीर्घिका का निर्माण केवल भारतवर्ष में ही नहीं पाया जाता प्रत्युत प्राचीन राजप्रासादों की वास्तुकला की यह ऐसी विशेषता थी जो अन्यत्र भी पायी जाती है। ईरान में खुसरू परवेज के महल में भी इस प्रकार की नहर थी। कोहे बिहिस्तून से कसरे शीरीं नामक नहर लाकर उसमें पानी के लिए मिलायी गयी थी। ट्यूडर राजा हेनरी अष्टम के हेम्टन कोर्ट राज प्रासाद में इसे लांग वाटर कहा गया है। यह दीर्घिका के अति निकट है।

प्रमदवन

यशस्तिलक में प्रमदवन का दो प्रसंगों में वर्णन है – मारिदत्त युवतियों के साथ प्रमदवन में रमण करता था (३७–३८)। सम्राट यशोधर ग्रीष्म ऋतु में मध्याह्न का समय मदनमदविनोद नामक प्रमदवन में बिताता था (५२२–३८)।

प्रमदवन राजप्रासाद का महत्त्वपूर्ण अंग होता था। यह प्रासाद से सटा हुआ बनता था। इसमें क्रीड़ाविनोद के पर्याप्त साधन रहते थे। अवकाश के क्षणों में राज्य-परिवार के सदस्य इसमें मनोविनोद करते थे। सोमदेव ने इसका विस्तार से वर्णन किया है।

प्रमदवन के अनेक महत्त्वपूर्ण अंग थे – उद्यान-तोरण क्रीड़ाकुल्कील, खात-वलय, जलकेलिवापिका, कुल्योपकण्ठ, मकरन्दआराधनवेदिका वनदेवताभवन, कदलीकानन, विहारवरा, सरित्सारणी, छायामण्डप तथा यन्त्रधारागृह। यन्त्र धारागृह के विन्यास का विस्तृत वर्णन है।

■

---

६४ हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ० २०६
कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १७२
६५. कीर्तिलता, पृ० १३४

यन्त्रशिल्प

यशस्तिलक में अनेक प्रकार के यान्त्रिक उपादानो का उल्लेख है। उनमें से अधिकाश यन्त्रधारागृह के प्रसग में आये ह तथा कुछ अन्य प्रसगों पर। यन्त्रधारागृह के प्रसग में यन्त्रमेघ यन्त्रपक्षी, यन्त्रपशु, यन्त्रव्याल, यन्त्र पुत्तलिका, यन्त्रवृक्ष, यन्त्रमानव तथा यन्त्रस्त्री का उल्लेख है। अन्य प्रसगो में यन्त्रपयक तथा यन्त्रपुत्रिकाओ का उल्लेख है। विशेष वणन इस प्रकार ह –

यन्त्रजलधर

यन्त्रधारागह में यन्त्रजलधर या यान्त्रिकमेघ की रचना की गयी थी। उससे झरझर पानी बरस रहा था और स्थलकमलिनी की क्यारी सिंच रही थी।[1]

यन्त्रधारागृह में मायामेघ या यन्त्रजलधर का निर्माण प्राचीन वास्तुकला का एक अभिन्न अग था। भोज न शाही घरानों के लिए पाँच प्रकार के वारि गहा का विधान किया है जिनमें प्रवषण नाम के एक स्वतन्त्र गृह का उल्लेख है। इस गृह में आठ प्रकार के मघो की रचना की जाती थी तथा उन मेघो में से हजार हजार धाराओ के रूप में जल बरसता दिखाया जाता था।[2]

सोमदेव के पूव बाणभट्ट ने भी यन्त्रमेघ या मायामेघ का एक सुन्दर दृश्य प्रस्तुत किया है – मायामेघ के पीछे से झांकता हुआ रग विरगा चित्रकिलित इन्द्रधनुष सामने से उडती हुई बलाकाओ की पक्तियाँ और उनके मुखो से निकलती हुई सहस्रों धाराए इन सबकी सम्मिलित छटा ऐसी प्रतीत होती थी मानो आकाश में मघों की बदलचल हो रही हो।[3]

हमचन्द्र ने यन्त्रधारागृह में चारों ओर से उठते हुए जलौघ का वणन किया

---

१ पयन्तयन्त्रजलधरवर्षाभिषिच्यमानस्थलकमलिनीकेदारम्। –स० पू० ५३०

२ धारागृहमेक स्यात्प्रवषणाख्य ततो द्वितीय च।
प्रणाल जलमग्न नद्यावर्त तथान्यदपि॥
जलदकुनाष्टकयुक्त पूववदन्यद्गृह समारचयेत्।
वर्षद्धारानिकरै प्रवर्षणाख्य तदाप्नोति॥ –समरांगणसूत्रधार ३१।११७, १४१

३ स्फटिकबलाकावलीबान्तवारिधारालिखितेन्द्रायुधा सचार्यमाणा मायामेघमाला।
उद्धृत – डॉ० अग्रवाल – कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० ३७२

है।[३] सम्राट् जब यन्त्रधारागृह में पहुँचे तो उन्होंने देखा कि चारों ओर से निकल रहे दीर्घ जलप्रवाह से सारा वन प्रान्त जलमय हो रहा है।[४]

यन्त्रव्याल

यन्त्रधारागृह में यन्त्रजलचर की तरह विविध प्रकार के यन्त्र-व्यालों की भी रचना की गयी थी। इन हिंस्र जन्तुओं के मुँह से वमन होते हुए जल की घरघराहट से भवन-मयूर नाचने लगते थे।[५] विविध व्याल का अर्थ श्रुतदेव ने कृत्रिम गज, सर्प सिंह व्याघ्र चीता आदि किया है।[६] कादम्बरी में चंद्रकान्त के प्रणाल से निकलने वाले निर्झर के शब्द से प्रमुदित होकर शब्द करते हुए मयूरों का वर्णन आया है।[७] भोज ने भी लिखा है कि यन्त्रधारागृह में नृत्य करते हुए मयूरों से मंडित प्रदेश होना चाहिए।[८]

यन्त्रहंस

यन्त्रधारागृह में चन्द्रकान्तमणियों के प्रणालों की रचना की गयी थी। उनसे झरझर पानी निकल रहा था जिससे क्रीड़ा-हंस सन्तुष्ट हो रहे थे।[९] बाण ने ठीक यही दृश्य कादम्बरी में प्रस्तुत किया है — यन्त्रधारागृह में एक ओर चन्द्रकान्तमणि की टोंटी से झरना झरता था और बीच में पुछार मोरों की मिली हुई ग्रीवाओं से निर्मित फव्वारे की जलधाराएं छूट कर फुहार उत्पन्न करती थीं। शिशिरोपचारों के वर्णन में यन्त्रमय कलहंसों की पंक्ति से जलधार छूटने का भी उल्लेख है (उत्कीलितयन्त्रमयकलहंसपङ्क्तिमुक्ताम्बुधारेण)।[१०]

यन्त्रगज

यन्त्रधारागृह में यन्त्रगज की रचना की गयी थी। उसकी सूँड से जल सीकर बरस कर स्त्रियों के अलकजाल पर मुक्ताफल की शोभा उत्पन्न कर रहे

४ रेल्लन्ता वप्पभागा सव्वो पल्लोट्टा जवा जलाघोषा ।
वासाइ दक्खिणाओ समुद्दतो पच्छिमा छिन्तो ॥ —कुमारपालचरित ४।२६

५ विविधव्यालवरनिविनिपातजलधाराध्वनितलयलास्यमानभवनमयूरविहंगम् ।—वही, ५३०

६ विविधा नानाप्रकारा ये व्याला कृत्रिमगजसर्पसिंहव्याघ्रचित्रकादय । —सं० टी०

७ शशिमणिप्रणालनिर्झरप्रमोदमुखरमयूररम्ये ।
उद्धृत, डॉ० अग्रवाल — कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १७२

८ नृत्यद्भिः परमप्रीत्यै शिखण्डिभिर्मण्डितोद्देशम् ।—समरांगणसूत्रधार ३१।१२७

९ चन्द्रकान्तमणिप्रणालनिर्गलज्जलकल्लोलैः संतर्प्यमाणक्रीडाहंसम् । —वरदा हंसिनी,
सं० पू० पृ० ५३०

१० डॉ० अग्रवाल — कादम्बरी, एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १७६

थे।[११] बाणभट्ट ने भी कादम्बरी के हिमगृह में स्वर्णकमलिनियों से खेलते हुए करि-कलभो का वर्णन किया है।[१२]

समरांगणसूत्रधार में भोज ने भी यान्त्रिक गजों की रचना का विधान किया है। भोज ने लिखा है कि जलक्रीड़ा करते हुए ऐसे करि मिथुन की रचना करना चाहिए जो सूंड से परस्पर जल के सीकर उछाल रहे हों तथा सीकरों के आनन्द के कारण जिनके नेत्र मुद्रित हो गये हों।[१३]

यन्त्रमकर

यन्त्रधारागृह में यन्त्रमकरों की रचना की गयी थी। इनके मुंह से निकलने वाले झरनों के फुहार उड़कर कामिनियों के स्तन कलशों पर पड़ते थे जिससे उनका चन्दनलेप आर्द्र बना हुआ था।[१४]

भोज ने लिखा है कि कृत्रिम शफरी, मकरी तथा अन्य जलपक्षियों से युक्त कमलवापी बनाना चाहिए।[१५]

हेमचन्द्र ने यन्त्रधारागृह में वेदी पर बने हुए मकरमुखों से पानी निकलने का वर्णन किया है।[१६] स्वयं सोमदेव ने एक अन्य प्रसंग में मकरमुखी प्रणाली का उल्लेख किया है (करिमकरमुखमुच्यमानवारिभरिताभोगासु स० पू० ३९)। प्राचीन वास्तुशिल्प में मकरमुखी प्रणालों का खूब चलन था। बाण ने प्रदोष के वर्णन में मकरमुखी प्रणाल का उल्लेख किया है।[१७] सारनाथ के संग्रहालय में इस तरह का एक मकरमुखी प्रणाल सुरक्षित है।[१८]

---

११ करटिकरविकीर्यमाणसीकरासारसूत्रितागनालकमुक्ताफलाभरणाम्।
— सं० पू० पृ० ५३०

१२ क्वचित् क्रीडितकृत्रिमकरिकलभयूथकाकुलीक्रियमाणा काञ्चनकमलिनिका।
—कादम्बरी ११६, उद्धृत—डॉ० अग्रवाल—कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ ३७३

१३ कार्याण्यस्मिन् करिणां मिथुनान्यभितोऽम्बुकेलियुक्तानि।
अन्योन्यपुष्करोज्झितसीकरमयपिहितनयनानि ॥ —समरांगणसूत्रधार ३१।१३४

१४ मकरमुखमुक्तनिर्झरनीहारोल्लास्यमानकामिनीकुचकुम्भचन्दनस्थासकम्।
—सं० पू० पृ० ५३०

१५ कृत्रिमशफरीमकरीपक्षिभिरपि चाम्बुसम्भवैर्युक्ताम्।
कुर्यादम्भोजवती वापीमाहार्ययोगेन ॥ —समरांगणसूत्रधार ३१।१६३

१६ वेइअ मय' मुहाहिन्त मूल सिर च फलिह थम्भाओ।
वारोत्तरगयाओ नीहरिआ वारि धाराओ ॥ —कुमारपालचरित ४।२७

१७ अग्रवाल – हर्षचरित पृ० १७

१८. वही, पृ० १७, फलक १, चित्र ६

यन्त्रवानर

यन्त्रधारागृह में एक ओर लतागृह में यन्त्रवानरों की रचना की गयी थी। उनके मुंह से पानी निकल रहा था जिससे अभिमानिनी स्त्रियों के कपोलों की तिलकपत्र रचना धुली जा रही थी।[१९] भोज ने भी हिमगृह में वानरमिथुन की रचना करने का विधान बताया है।[२०]

यन्त्रदेवता

यन्त्रधारागृह में विविध प्रकार के यान्त्रिक जलदेवताओं की रचना की गयी थी। उनका विन्यास इस तरह किया गया था, जिससे वे जलकेलि में परस्पर झगडते हुए से प्रतीत होते थे। वही पास में कलहप्रिय नारद की हर्षोन्मत्त अवस्था का यन्त्र था। निकट ही मरीचि आदि सप्तर्षियो की यान्त्रिक पुत्तलिकाए थी। उनके मुह से निविड़ नीरप्रवाह निकल रहा था और विलासिनी स्त्रियो की जघाओ से टकरा रहा था। सोमदेव ने इस समूचे दृश्य को कल्पना के निम्नलिखित धागे में पिरोया है –

'जलकेलि करते करते जलदेवता आपस में झगडने लगे। कलह देख कर आनन्दित होन के स्वभाव के कारण नारद उस झगडे को देख कर हर्षोन्मत्त हो नाचने लगे और उस नृत्य को देख कर सप्तर्षियों की मण्डली इतनी खुश हुई कि हसी में मुंह से फेन के फव्वारे फूट पडे और कामिनियो की आँखों से आकर लगे।[२१]

यन्त्रवृक्ष

यन्त्रधारागृह में यन्त्रवृक्ष की रचना की गयी थी। उसके स्कन्ध पर बनी हुई देवियाँ हाथो से जल उछाल रही थीं। यह जल वल्लभाओं के अवतंस किसलया से आकर टकराता था, जिससे उनमें ताजगी बनी हुई थी।[२२] भोज ने भी यन्त्रवृक्षों का विधान बताया है।[२३]

---

१९ विलासवल्गरीवनवानराननोद्गीर्णपानीयापनीयमानमानिनीकपोलतलतिलकपत्रम्। –स० पू० ५३०

२० मिथुनैश्च वानराणां जम्पकनिवहैश्चानेकविधैः। –समरांगणसूत्रधार ३१।१४६

२१ तुमुलजलकेलिकलहावलोकनोन्मदनारदोत्तालताण्डवाडम्बरितशिखण्डिमण्डली - निह्नुतनिविडनीरप्रवाहविडम्ब्यमानविलासिनीजघनम्। –स० पू० ५३०

२२ कृतकनकाकानोकहस्कन्धासीनसुरसुन्दरीहस्तोदस्तोदकापाद्यमानवल्लभावतंसकिसलयारचासम्। –स० पू० ५३१

२३ कल्पतरुभिर्विविधैः। –समरांगणसूत्रधार, ३१।१२८

यन्त्रपुत्तलिकाएँ

यन्त्रधारागृह में यान्त्रिक पुत्तलिकाओं का विन्यास किया गया था। ये पुत्तलिकाएँ दो प्रकार की थीं – (१) पवनकन्यकाएँ, (२) मेघपुरन्ध्रियाँ।

पवनकन्यकाएँ चमर ढोर रही थीं, जिससे उत्पन्न हुए मन्द-मन्द पवन द्वारा सम्भोगक्रीड़ा से थकी हुई सीमन्तिनियों का मन आनन्दित हो रहा था।[२४]

मेघपुत्तलिकाओं का विन्यास यन्त्रधारागृह में यहाँ वहाँ कई स्थानों पर किया गया था। उनके स्तनरूप कलशों से पानी झरता था, जिसमें स्नान किया जा सकता था।[२५]

यन्त्रधारागृह के अतिरिक्त अन्य प्रसंगों पर भी यान्त्रिक पुत्तलिकाओं के उल्लेख आये हैं। महादेवी अमृतमती के पलंग के समीप व्यजनपत्रिकाएँ बनी थीं। ये पुत्रिकाएं पंखा झलती रहती थीं।[२६] उज्जयिनी के वर्णन के प्रसंग में भी व्यजनपुत्रिकाओं का उल्लेख है। शिप्रा का शीतल पवन पंखा झलने वाली पुत्तलिकाओं को व्यर्थ बना देता था।[२७] ताम्बूलवाहिनी पुत्रिका का भी एक प्रसंग में उल्लेख आया है।[२८]

भोजदेव ने अनेक प्रकार की यान्त्रिक पुत्तलिकाओं का विधान बताया है। ये पुत्तलिकाएं हस्तावलम्बन, ताम्बूलप्रदान, जलसेचन, प्रणाम दर्पण दिखाना वीणा बजाना आदि कार्य करती थीं।[२९]

यन्त्रस्त्री

यन्त्रधारागृह का सबसे बड़ा आकर्षण वहाँ की यन्त्रस्त्री थी, जिसके दोनों हाथ छूने पर नखाग्रों से, स्तन छूने पर दोनों चूचुकों से कपोल छूने पर दोनों नेत्रों से सिर छूने पर दोनों कर्णावतंसों से, कटि छूने पर करधनी की डोरियों से तथा त्रिवली छूने पर नाभि से चन्दनचर्चित जल की शीतल धाराएँ फूट पड़ती थीं –

---

२४ पवनकन्यकोड्डमरचामरानिलविनोद्यमानसुरतश्रान्तसीमन्तिनीमानसम्।
—सं० पू० ५११

२५ पयोधरपुरन्ध्रिकास्तनकलशविधीयमानमज्जनावसरम्। —वही ५३१

२६ उपान्तयन्त्रपुत्रिकोत्क्षिप्यमानव्यजनपवनापनीयमानसुरतश्रम। —पृ० ३७ उत्त०

२७ वृथा रतिषु पौराणां यन्त्रव्यजनपुत्रिका। —सं० पू० २०५

२८ सञ्चारिमहेमकन्यकासोत्संसितमुखवासताम्बूलकपिलिके। —२६ उत्त०

२९ करग्रहणताम्बूलप्रदानजलसेचनप्रणामादि।
आदर्शप्रतिलोकनवीणावाद्यादि च करोति॥ — समराङ्गणसूत्रधार ३१।१०४

हस्ते स्पृष्टा नखान्ते कुचकलशतटे चूचुकप्रक्षेपण,
वक्त्रे नेत्रान्तराभ्यां शिरसि कुचद्वयेनाब्रतसापितेन ।
श्रोण्या कांचीगुणाग्रैस्त्रिवलिषु च पुनर्नाभिरन्ध्रेण घोरा,
यन्त्रस्त्री यत्र चित्रं विकिरति शिशिरामन्दनस्पन्दधारा ॥
—सं० पृ० ५३१, ५३२

भोज ने भी इस वर्णन के बिलकुल तद्रूप ही यन्त्रस्त्री के निर्माण किये जाने का वर्णन किया है।[30]

भोज के करीब एक सौ वर्ष बाद हेमचन्द्र ने भी ठीक इसी तरह के यंत्रों का वर्णन किया है। कुमारपाल के यन्त्रधारागृह में शालभंजिकाओं के विभिन्न अंगों से झरता हुआ पानी दिखाया गया था। सोमदेव के वर्णन के समान इन शाल भंजिकाओं के भी दोनों कानों से, मुंह से, दोनों हाथों से दोनों चरणों से दोनों कुचों से तथा उदर से इस तरह दस अंगों से पानी निकलता था।[31] सोमदेव ने दस स्थानों में पैरों की गणना नहीं की उसके बदले दोनों आँखों की गणना की है। हेमचन्द्र ने आँखों की गणना नहीं की बल्कि पैरों की गणना की है।

एक ही यन्त्र के दस स्थानों से झरता हुआ पानी अत्यन्त मनोज्ञ दृश्य प्रस्तुत करता होगा। सोमदेव ने तो उसकी यान्त्रिकता की विशेषता बता कर उस शिल्पी की ओर भी ध्यान खींचा है जिसने इस उत्कृष्ट शिल्प की रचना की थी।

यन्त्रपर्यंक

अमृतमति महादेवी के भवन में आकर यशोधर जिस पलंग पर सोया उसका यान्त्रिक विधान इतना सुन्दर था कि मन्दाकिनी प्रवाह की तरह उच्छ्वास मात्र से तरलित हो उठता था।[32] भोजदेव ने ऐसी शय्या का विधान बताया है जो निःश्वास के साथ ऊपर उठ आये और आश्वास के साथ नीचे आ जाये।[33]

---

३० स्तनयोर्युगेन सुवती जलधारे तत्र कापि कार्या स्त्री।
आनन्दाश्रुलवानिव सलिलकणान् पक्ष्मभिः काचित्॥
नाभिह्रदनदिकामिव विनिर्गतां कापि बिभ्रती धाराम्।
काप्यंगुलीनखांशुभिरिव योषित् सिञ्चती कार्या॥
—समरांगणसूत्रधार, ३१।१३६, १३७

३१ पञ्चालिआहि मुक्क कन्नेसुन्तो जल मुहासुन्तो।
हत्थेहिंतो चरणाहिंतो थणआहि उअरेहि॥ —कुमारपालचरित ४।२८

३२ मन्दाकिनिप्रवाहमुच्छ्वसितमात्रेणापि तरलतरान्तरालविहितसुखसंवेशम् यन्त्र सुन्दरम्। —उत्तरार्ध, ३१

३३ निःश्वासेन विपर्याति श्वासेनायाति मेदिनीम्। —समरांगणसूत्रधार ३१।६८

इस प्रकार यशस्तिलक में वर्णित यन्त्रशिल्प के उपर्युक्त तुलनात्मक विवेचन से प्राचीन वास्तुशिल्प का रमणीय दृश्य प्रस्तुत हो जाता है। बाण की साक्षी से यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि भारतीय वास्तुशिल्प में इस तरह का यान्त्रिक विधान छठी सातवीं शती से प्रारम्भ हो गया था। हेमचन्द्र के विवरण से बारहवीं शती तक इसके स्पष्ट साक्ष्य प्राप्त होते हैं।

वारियन्त्रों के विषय में भोज ने कहा है कि इनके निर्माण करने के दो उद्देश्य होते हैं—एक तो क्रीडा निमित्त दूसरे काय सिद्धयथ।[38] अन्य यन्त्रों के विषय में भी यही बात कही जा सकती है।

यन्त्रधारागृह में वारियन्त्रो से विभिन्न रूपो में जल झरते हुए दिखाकर मनोरजन के विविध उपादान उपस्थित किये जात थे। इन वारियन्त्रो में जल पहुँचाने का एक विशेष प्रकार था। प्राचीन राजप्रासादो में बहते हुए जल की एक कृत्रिम नदो होती थी जिसे सस्कृत साहित्य में दीर्घिका कहा गया है। दीर्घिका में या तो किसी पवतीय नदी आदि से जल का प्रबन्ध किया जाता था अथवा प्राय राजभवन के ही एक भाग में जल को ऊपर किसी स्थान में सगृहीत कर लिया जाता था।[५] यही जल जब वारियन्त्रा में छोडा जाता था तो ऊपरी दबाव के कारण तजी से निकलता था।

■

---

३४ क्रीडार्थं कार्यसिद्धयर्थम्, समरांगणसूत्रधार ३१।१०१

३५ अग्रवाल–कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १७२

अध्याय चार

यशस्तिलककालीन भूगोल

जनपद

यशस्तिलक में सैंतालिस जनपदों का उल्लेख है। विशेष जानकारी इस प्रकार है—

१ अवन्ति

यशस्तिलक में अवन्ति का विस्तृत वर्णन किया गया है।[१] अवन्ति मालव का प्राचीन नाम था, इसकी राजधानी उज्जैन थी। सोमदेव ने अवन्ति को स्वर्ग का उपहास करनेवाली[२] तथा समस्त लोगों की अभिलषित वस्तुओं का भाण्डार होने से सुर-पादपों (कल्पवृक्षों) के अहंकार का तिरस्कार करनेवाली कहा है।[३]

अवन्ति जनपद में स्थान स्थान पर दान शालाएँ,[४] प्रपा और तालाब,[५] बगीचे तथा धर्मशालाएँ[६] बनी थीं। वहाँ के लोग विशेष अतिथि प्रिय थे।[७]

२ अंग

यशस्तिलक में अंग मण्डल का दो बार उल्लेख हुआ है। एक विभिन्न देशों से आये हुए दूतों के प्रसंग में,[८] दूसरा छठे अध्याय की आठवीं कथा में।[९] इसके अनुसार अंग देश की राजधानी चम्पा थी। वहाँ वसुवर्धन नामक राजा राज्य करता था।[१०] उसकी लक्ष्मीमति रानी थी।[११] प्राचीन भारत में वर्तमान बिहार प्रान्त के भागलपुर, मुंगेर आदि जिलों का प्रदेश अंग कहलाता था।

---

१ पृ० १९९ से २०४

२ प्रहसितवसुवसतिकान्तय ।—वही

३ निखिललोकाभिलाषविलासिवस्तुसर्पात्तनिरस्तसुरपादपमदो जनपद । –वही

४ संपादितसत्रमैत्रीमनोभि. ।— पृ० १९९

५ प्रपानिवेशैः सरः प्रदेशैः ।— पृ० २००

६ वसतिसत्तानैकारामतानैः ।— पृ० २०१

७ कृतकृतार्थातिथय ।— पृ० २०१; नित्य कृतातिथेयेन वेशुकेन कुमारसैः ।—पृ० ११८

८ अन्यैश्चांगकलिंग ।— पृ० ४६९ उ० पू०

९ अंगमण्डलेषु—चम्पायां पुरि ।— पृ० २९१ उत्त०

१० वसुवर्धनाभिधानो वसुधाधरेः ।—वही

११ लक्ष्मीमतिमहादेवी ।— वही

३ अश्मक

यशस्तिलक में अश्मक का दो जगह उल्लेख है।[१२] एक स्थान पर अश्मक को अश्मन्तक कहा गया है। अश्मक और अश्मन्तक एक ही शब्द हैं।

यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने अश्मन्तक को सपादलक्षपर्वत बतलाया है।[१३] एक अन्य प्रसंग में बर्बर नरेश का उल्लेख है।[१४] संस्कृत टीकाकार ने बर्बर को सपादलक्ष के पहाडी प्रदेश का शासक कहा है।[१५] इस तरह अश्मक, अश्मन्तक और बर्बर प्रदेश एक ही होना चाहिए। अश्मक की राजधानी पोदनपुर थी। पोदनपुर की पहचान हैदराबाद के निजामाबाद जिले में स्थित बोधन ग्राम से की जाती है। यह गोदावरी नदी की एक सहायक नदी के निकट बसा है।[१६]

पोदनपुर का उल्लेख यशस्तिलक में भी आया है।[१७] इसके अनुसार यह रम्यक देश में था।[१८] पभनी शिलालेख के अनुसार चालुक्य सामन्त युद्धमल्ल प्रथम सपादलक्ष देश का शासक था और उसके हाथी पोदन में तेल भरे तालाब में नहाते थे।[१९]

पालि साहित्य में अश्मक को अस्सक कहा है।[२०] अस्सक की राजधानी पोटन बतायी गयी है। सुत्तनिपात (गा० ९७७) के अनुसार अस्सक गोदावरी के तट पर स्थित था।

इस विवरण से ज्ञात होता है कि हैदराबाद का निजामाबाद जिला तथा उससे सम्बद्ध प्रदेश अश्मक कहलाता था। बहुत सम्भव है कि बरार का सबसे

---

१२ अश्मन्तक वेशविज्ञाय याहि। – पृ० १८८।२ हि०
अश्मकवंशवैश्वानर। –पृ० ३७७। २ हि०

१३ अश्मन्तक सपादलक्षपर्वतनिवासिन्। – पृ० १८८ सं० टी०

१४ पृ० २५१।५ हि०

१५ पृ० ३१६ सं० टी०

१६ सालेटोर—दी सदर्न अश्मक जैन एन्टीक्वेरी, भा० ४, पृ० ६०

१७ आ० ७ क० २८

१८ रम्यकदेशाभिवेशोपेतपोदनपुरनिवेशिन। – आ० ७ क० २८

१९ अस्त्यादित्यभवो वंशश्चालुक्य इति विश्रुत।
तत्राभूद् युद्धमल्लाख्यो नृपतिर्विक्रमार्णव ॥
सपादलक्षभूभर्ता तैलवाप्या च पोदने।
अवगाहोत्सवं चक्रे शक्रश्रीमददन्तिनाम् ॥

२० दीघनिकाय, महागोविन्द सुत्तन्त

दक्षिण प्रदेश तथा हैदराबाद का उत्तर भाग भी इसमें शामिल रहा है। डॉ० सरकार तथा डॉ० मिराशी ने इसके विषय में विशेष विवरण दिया है।[21]

४ अन्ध्र

यशस्तिलक में अन्ध्र का दो बार उल्लेख है। मारिदत्त को अन्ध्र प्रदेश की स्त्रियों के साथ क्रीडा करने वाला बताया है।[22] सोमदेव के उल्लेख से ज्ञात होता है कि अन्ध्र की स्त्रियाँ प्राचीन काल से ही पुष्प प्रसाधन की बहुत शौकीन रही हैं। मारिदत्त को अन्ध्र स्त्रियों के अलकों में लगी वल्लरी को बढ़ाने के लिए मेघ के समान कहा है।[23] सोमदेव के कथन से उस समय के अन्ध्र की सीमाओं का पता नहीं चलता।

५ इन्द्रकच्छ

सोमदेव ने लिखा है कि इन्द्रकच्छ देश में रोरुकपुर नाम का नगर था जिसे मायापुरी भी कहते थे।[24] मुद्रित प्रति में रोरुकपुर नाम छूट गया है।

रोरुकपुर बौद्ध ग्रन्थों का रोरुक जान पड़ता है। दीघनिकाय महागोविन्द सुत्त (पृ० १७५) के अनुसार रोरुक सौवीर देश की राजधानी थी। कच्छ की खाड़ी में यह व्यापार का एक प्रमुख केन्द्र था।[25] सोमदेव ने रोरुकपुर के औदायन नामक एक अत्यन्त सेवाभावी सम्राट का वर्णन किया है। उसकी अतिथि सत्कार की चर्चा इन्द्रपुरी तक में पहुँच गयी थी और दुनिया में उसका कोई भी सानी नहीं माना जाता था (आ० ६, क० ९)।

६ कम्बोज

यशस्तिलक में कम्बोज का तीन बार उल्लेख है। संस्कृत टीकाकार ने एक स्थान पर कम्बोज को वाल्हीक बताया है।[26] एक स्थान पर लिखा है कि कम्बोज

---

२१ सरकार–दी वाकाटकाज एण्ड दी अश्मक कन्ट्री, इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वाटरली, भा० २२, पृ० २३३
मिराशी–हिस्टॉरीकल डाटाज इन दण्डिनाज दशकुमारचरित, एनाल्स ऑव् भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, भाग २६, पृ० २०

२२ अन्ध्रीकुचकुड्मलकृतविलास। –पृ० १८०। अन्ध्राणां तिलङ्गदेशस्त्रीणां। –वही, सं० टी०

२३ आन्ध्रीधम्मिलकवल्लरीविधुभवाम्बुधर। –पृ० ३३

२४ इन्द्रकच्छदेशेषु रोरुकदेशेषु, मायापुरीत्यपरनाम। –आ० ६, क० ६

२५. रै० डेविड –बुद्धिस्ट इण्डिया पृ० ३८

२६ काम्बोज वाल्हीकदेशोद्भवम्। –पृ० ३०८ सं० टी०

की स्त्रियों के सिर बड़े बड़े होते हैं।[२७] यहाँ कम्बोज को टीकाकार ने कश्मीर आदि देश कहा है।[२८] पर टीकाकार का यह कथन ठीक नहीं है। कम्बोज की पहचान गन्धार के एकदम उत्तर पश्चिम मे की जाती है।[२९] वास्तव में कम्बोज के विषय में भारतीय इतिहासकारों के दो मत हैं।

कम्बोज के घाडे अच्छी किस्म के माने जाते थे।[3] सोमदेव की सूचनानुसार यशोधर के अन्त पुर मे कम्बोज की भी कमनीय कामिनियाँ थीं।[३१]

७ कर्णाट

यशस्तिलक में कर्णाट का उल्लेख तीन बार हुआ है। सस्कृत टीकाकार ने एक स्थान पर कर्णाट का अथ बनवास,[३२] एक स्थान पर दक्षिणापथ[33] तथा एक अन्य स्थान पर बिदर आदि देश किया है।[३४] हैदराबाद जनपद का बीदर नामक स्थान प्राचीन बिदर है।

गोदावरी और कावेरी के बीच का प्रदेश जो पश्चिम में अरब सागर तट के समीप है तथा पूव में ७८ अक्षाश तक फैला है, कर्णाट कहलाता था।[५]

८ करहाट

यशस्तिलक के अनुसार करहाट विन्ध्याचल से दक्षिण की ओर एक अत्यन्त समृद्धिशाली जनपद था। सोमदव न इसे स्वग की लक्ष्मी के निकट कहा है।[६] यहाँ की एक विशाल गोशाला का सोमदेव न विस्तार से वणन किया है।

वतमान में करहाट की पहचान बम्बई प्रदेश के सतारा जिले में कोइना और कृष्णा नदी के सगम पर स्थित करहाट प्रदेश से की जाती है।

---

२७ कम्बोजपुर भार्या बृह मुण्डानाम्। —पृ० १८८, स० टी०

२८ कम्बोजपुर भार्या कश्मीरादिदेशस्त्रीणाम्। —वही

२९ रे डेविड, वही प० २८

३० कुलेन काम्बोजम्। —प ३०८

३१ कम्बोजीनां नाभिवलभिमसभोगभुजग। —प० ३४।
कम्बोजपुर भी तलकपत्र। —पृ० १८८

३२ कर्णाटीना बनवासयामितानाम्। —प० ३४ स० टी०

३३ कर्णाटयुवती[illegible] दक्षिणपथस्त्रीणाम्। —पृ० १८०

३४ कर्णाटयुवतीना बिदरादिदेशस्त्रीणाम्। —पृ० १८९

३५. सोस ऑव् कर्णाटक हिस्ट्री भाग १, पृ० ७

३६ त्रिदशादेशाभ्यभोनिकटः। —पृ० १८२

९. कलिंग

यशस्तिलक में कलिंग का उल्लेख कई बार हुआ है। संस्कृत टीकाकार ने इसे उत्कल देश और दक्षिण समुद्र तथा सह्य और विन्ध्य पर्वत के मध्य का भाग बताया है।[३७]

कलिंग अच्छे किस्म के हाथियों के लिए प्रसिद्ध था। यशोधर के लिए कलिंगाधिपति ने उपहार में हाथी भेंट किये।[३८]

सोमदेव ने सुदत्त को कलिंग के महेन्द्र पर्वत का अधिपति बताया है तथा महेन्द्र पर्वत को हाथियों की भूमि कहा है।[३९]

समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में महेन्द्र पर्वत का उल्लेख है। दक्षिण के पहाड़ी राज्यों में उसने कलिंग को भी विजय की थी। यह वर्तमान गंजम जिले में है।[४०]

१० क्रथकैशिक

क्रथकैशिक को संस्कृत टीकाकार ने विराट देश बताया है।[४१] विराट वर्तमान जयपुर और अलवर के आसपास का क्षेत्र कहलाता था। प्राचीन विदर्भ क्रथकैशिक कहलाता था।

११ कांची

कांची को यशस्तिलक के टीकाकार ने दक्षिण समुद्र के तट का देश कहा है।[४२]

प्राचीन पल्लव को कांची या कांचीवरम् कहते थे।

१२. काशी

काशी का उल्लेख सोमदेव ने जनपद के रूप में किया है। जनपद का नाम काशी था और वाराणसी उसकी राजधानी थी।[४३] यशस्तिलक से काशी की

---

३७. उत्कलानां च देशस्य दक्षिणस्यार्णवस्य च।
सह्यस्य चैव विन्ध्यस्य मध्ये कालिंगज वनम्॥ —पृ० २११ सं० टी०

३८ अवनमति कलिंगाधीश्वरस्तां करीन्द्रैः। —पृ० ४६६

३९ पृ० ३३५–३६, उत्त०

४० सरकार – सेलेक्टेड इन्स्क्रिप्शन्स, पृ० २५६

४१ क्रथकैशिको विराटदेश। —पृ० ६७७ सं० टी०

४२ कांचीनाम दक्षिणसमुद्रतटदेशः। —पृ० ५६८

४३ काशिदेशेषु वाराणस्याम्। —पृ० ३६० उत्त०

सीमाओं की जानकारी नहीं मिलती। सोमदेव ने काशी के पषण नामक राजा, उसके उग्रसेन नामक सचिव तथा पुष्प नामक पुरोहित से सम्बन्धित एक कथा दी है।[४४]

१३ कीर

यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने कीर का अर्थ कश्मीर किया है।[४५] कीर देश का स्वामी उपहार में कश्मीर अर्थात केसर भेजता है।[४६] वर्तमान में कीर की पहचान पजाब की कुल्लू वेली से की जाती है।

१४ कुरुजांगल

यह कुरु देश का एक भाग था। सोमदेव ने कुरुजांगल (९८।७ आ० ६, क० २०) तथा केवल जागल नाम (आ० ७, क० २८) से इसका उल्लेख किया है। हस्तिनापुर इस प्रदेश की प्रसिद्ध नगरी थी। सोमदेव ने इसका दो बार उल्लेख किया है।

१५ कुन्तल

संस्कृत टीकाकार ने कुन्तल का अर्थ पूर्व देश किया है।[४७] उत्तर कनारा जिले के बनवासी नामक प्रमुख नगर के चारों ओर का प्रदेश कुन्तल कहा जाता था। बनवासी के कदम्बों के अधीन प्रदेशों में उत्तर कनारा तथा मैसूर, बेलगाँव और धारवाड के भाग सम्मिलित थे।[४८] उत्तरकालीन कदम्बों के शिलालेखों में कदम्ब वंश के पूर्वज को कुन्तल देश का शासक बतलाया गया है।

अन्यत्र कुन्तल के अन्तर्गत अपेक्षाकृत विस्तृत प्रदेश बतलाया है। नीलगुण्ड प्लेट में अंकित नीचे लिखे श्लोक में उत्तरकालीन चालुक्य सम्राट जयसिंह द्वितीय का वर्णन है। उनका दूसरा नाम मल्लिकामोद था और वह कुन्तल देश के शासक थे, जहाँ कृष्णवर्णा नदी बहती थी।

> विख्यातकृष्णवर्णे तलस्नेहोपलक्ष्यसरलत्वे।
> कुन्तलविषय नितरां विराजते मल्लिकामोद ॥

---

४४ वही

४५ कीरनाथ काश्मीरदेशाधिप। —पृ० ४७०

४६ काश्मीरं कीरनाथ। —वही

४७ कुन्तलकान्तानां पूर्वदेशस्त्रीणाम्। —पृ० १८८

४८ सरकार — इण्डियन हिस्टॉ० क्वा०, जिल्द २२, पृ० २३४

राष्ट्रकूटों और उत्तरकालीन कदम्बों को समकालीन शिलालेखों में तथा संस्कृत ग्रन्थों में कुन्तल का शासक बतलाया है। राष्ट्रकूटों की राजधानी मान्यखेट थी। हैदराबाद दक्षिण के गुलबर्गा जिले में स्थित आधुनिक मलखेट ही पुराना मान्यखेट था। किन्तु उत्तरकालीन चालुक्यों की राजधानी कल्याण थी, जो बीदर के निकट और मलखेड के एकदम उत्तर में लगभग ५० मील दूर है। उदयसुन्दरी कथा में लिखा है कि कुन्तल देश की राजधानी प्रतिष्ठान (गोदावरी पर स्थित आधुनिक पैठण) थी। अत कुन्तल के अन्तगत केवल बम्बई प्रदेश का उत्तरकनारा जिला तथा मसूर बेलगांव और धारवाड़ के प्रदेश ही सम्मिलित नहीं थे किन्तु उत्तर में वह बहुत आगे तक फैला था और जिसे आज दक्षिण मराठा प्रदेश कहते हैं, वह भी उसमें सम्मिलित था।[४९]

१६ केरल

यशस्तिलक में केरल का उल्लेख छह बार हुआ है।[५०] संस्कृत टीकाकार ने पांच स्थानों पर केरल को दक्षिण में कहा है। एक स्थान पर मलयाचल के निकट कहा है।[५१] यशस्तिलक से केरल की प्राचीन सीमाओं का पता नहीं चलता।

१७ कोंग

कोंग का उल्लेख केवल एक बार हुआ है (पृ० ४३१ स० पू०)। मसूर का दक्षिणी प्रदेश नन्दिदुग पयन्त तथा कोयम्बटूर और सालेम का प्रदेश कोंग कहलाता था।[५२]

१८ कोशल

यशस्तिलक में कोशल का दो बार उल्लेख हुआ है। यशोधर के दरबार में जो राजे उपहार लेकर उपस्थित हुए उनमें कोशल नरेश भी था।

---

४९ इण्डियन हिस्टॉ० क्वा० जिल्द १२, पृ० ६१० पर प्रो० मिराशी का लेख

५० केरलीनां नयनदीर्घिकाकेलिकलहंस। —पृ० ३४

केरलमहिलामुखकमलहंस।—पृ० १८८

केलि केरल सहर। —पृ० ३६६

केरलेषु कराल। —पृ० ४३१

दूता केरलचोलसिंहलशक। —पृ०४६६

केरलकुलकुलिशपात। —पृ० ५६७

५१ केरलमलयाचलनिकटवर्तिन्। —पृ० ३६६

५२ रैप्सन—इण्डियन क्वॉइन्स, पृ० ३६

वह कौशेय के वस्त्र उपहार में लाया था।[५३] कौशल बुद्धकालीन षोडश महाजनपदों में गिना जाता था। सोमदेव ने इस तरह की कोई विशेष जानकारी नहीं दी है।

१९ गिरिकूट पत्तन

गिरिकूट पत्तन का उल्लेख एक कथा के प्रसग में हुआ है। वहाँ विश्व नाम का राजा था। उसके पुरोहित का नाम विश्वदेव था। विश्वदेव के नारद नामक पुत्र हुआ। नारद और डहाल के पुरोहित क्षीरकदम्ब के पुत्र पवत की शिक्षा दीक्षा एक साथ हुई थी। सोमदेव की सूचनानुसार पुराणो के नारद मुनि और पवत यही है। इस प्रसग से लगता है गिरिकूट पत्तन डहाल के आसपास रहा होगा।[५४]

२० चेदि

यशस्तिलक में चेदि जनपद का उल्लेख दो बार हुआ है। सस्कृत टीकाकार ने एक स्थान पर चदि को कुण्डिनपुर[५५] तथा दूसरे स्थान पर डहाल[५६] देश कहा ह।

चदि मध्यदेश का एक महत्त्वपूण जनपद था।

२१ चेरम

चेरम का उल्लेख दो बार हुआ ह।[५७] केरल और चेरम एक ही जनपद के नाम थे।

२२ चोल

यशस्तिलक में चोल का उल्लेख बार बार हुआ है। सस्कृत टीकाकार ने चोल को एक प्रसग में मजिष्ठादेश[५८] कहा है तथा एक अन्य स्थान पर सभग

---

५३ कौशेयै कौशलेन्द्र। –पृ० ४७०, आ० ६, क० १५
५४ गिरिकूटपत्तनवसतेर्विश्वनाम्नो विश्वभरापते। –पृ० ३५।२, उत्त०
५५ हे चेदीश कुण्डिनपुरपते। – पृ० १८८ स० टी०
५६ चैद्यो नाम डाहालदेश। – पृ० ५६८ स० टी०
५७ चेरम पथट मलयोपकण्ठ। – पृ० १८७
पल्लवपाण्ड्यचोलचेरमहर्म्य विनिर्माण। – पृ० ५६५
५८ दूता केरलचोलसिंहलशक। – पृ० ४६१ चोलश्च मजिष्ठादेशभूप। – स० टी०

देश ।[५९] मंजिष्ठा और सुभग दोनों एक ही हैं ।

एक स्थान पर टीकाकार ने चोल को गगापुर कहा है[६०] जो गंगकोण्ड चोलपुरम् का संस्कृत रूप लगता है । ११ और १२वीं शती में यह चोल की राजधानी रही है । इस प्रकार वर्तमान त्रिचनापल्ली और तंजोर के जिले तथा पुद्दुकोट्टा राज्य का भाग पहले चोल कहलाता था ।

२३ जनपद

जनपद का उल्लेख मात्र एक बार हुआ है । इसकी राजधानी भूमितिलकपुर थी । जनपद की पहचान अभी नहीं हो पायी है फिर भी यशस्तिलक के आधार पर लगता है कि यह कुरुक्षेत्र के आसपास का भाग रहा होगा । दो मित्र भूमि-तिलकपुर से चल कर कुरुजांगल के हस्तिनापुर में पहुंचते हैं ।[६१]

२४ डहाल

यशस्तिलक मे डहाल का उल्लेख एक बार हुआ है । डाहाल या डहाल को चेदी राजाओं की राजधानी बताया जाता है । सोमदेव के अनुसार यहाँ अच्छी किस्म के गन्ने की खेती होती थी ।[६२] डहाल की स्वस्तिमती नाम की नगरी में अभिचन्द्र, द्वितीय नाम विश्वावसु नामक राजा राज करता था ।[६३]

२५ दशार्ण

सोमदेव ने दशार्ण का दो बार उल्लेख किया है ।[६४] एक स्थान पर संस्कृत टीकाकार ने दशार्ण को गोपाचल (ग्वालियर) से चालीस गव्यूति (८० कोस) दूर लिखा है ।[६५] पूर्वी मालवा और उससे सम्बद्ध प्रदेश दशार्ण कहलाता है ।

---

५९ चोलीनयनोत्पलवनविकाश । – पृ० १८०
चोलीनां सुभगदेशस्त्रीणाम् । – वही, सं० टी०
चोलीषु भूलतानर्तनमलयानिल । – पृ० ३३

६० चोलेश बलविपुलत्व सिद्ध । – पृ० १८७,
चोलदेशो दक्षिणापथे वर्तते । गगापुर (गगापुरपते) – सं० टी०

६१ जनपदाभिधानास्पदे जनपदे भूमितिलकपुरपरमेश्वरस्य । – पृ० २८३ उत्त०

६२ इक्षुवणावतारैर्विराजितमवडालायां डहालायाम् । – पृ० ३५३ उत्त०

६३ डहालायामस्ति स्वस्तिमती नाम पुरी, तस्यामभिचन्द्रापरनामवसुविश्वावसुनाम-नृपति । वही

६४ पृ० ५६८ सं० पृ० २५१ उत्त०

६५ दशार्णो नाम नगरं गोपाचलात् गव्यूतिचत्वारिंशति वर्तते । – पृ० ५६८

दशार्ण की राजधानी विदिशा थी। विदिशा और उदयगिरि पहाड़ी के मध्य में प्राचीन राजधानी के भग्नावशेष पाये जाते हैं। धसान और वेत्रवती इसकी प्रसिद्ध नदियाँ हैं। कालिदास के मेघ ने दशार्ण में पहुँच कर विदिशा का आतिथ्य स्वीकार किया था और वेत्रवती के निर्मल जल का पान किया था (मेघदूत १।६-७)।

२६ प्रयाग

सोमदेव ने प्रयाग का जनपद के रूप में उल्लेख किया है (प्रयागदेशेषु, पृ० ३४५ उत्त०)। प्रयाग के सिंहपुर नगर में सिंहसेन नामक राजा राज करता था।[६६]

२७ पल्लव

यशस्तिलक में पल्लव का उल्लेख तीन बार हुआ है।[६७] प्राचीन समय में कांची (कांचीवरम) प्रदेश को पल्लव कहते थे। इस पर पल्लवों का राज्य था। नवमी शताब्दी के अन्त में उन्हें चोलों ने हरा दिया। जब सोमदेव ने अपना यशस्तिलक लिखा तब तक इस घटना को घटे अर्ध शताब्दी से अधिक बीत चुकी थी किन्तु पल्लव राज्य की स्मृतियाँ फिर भी शेष थीं। चोलों के आधिपत्य में, पल्लव सामन्त यत्र तत्र राज्य कर रहे थे।

२८ पांचाल

उत्तरप्रदेश का रुहेलखण्ड प्राचीन पंचाल देश कहलाता था। यशस्तिलक में इसके दो स्थानों पर उल्लेख आये हैं।[६८]

२९ पाण्डु या पाण्ड्य

पाण्डु या पाण्ड्य का उल्लेख दो बार हुआ है। सोमदेव ने लिखा है कि पाण्ड्य नरेश सुन्दर मध्यमणिवाला मोतियों का हार उपहार में लेकर यशोधर

---

६६ प्रयागदेशेषु सिंहपुरे सिंहसेनो नाम नृपतिः। – पृ० ३४५ उत्त०

६७ पल्लवीषु नितम्बस्थलीखेलनकुरंग। – पृ० ३४

पल्लव लघुकेलीरसमपेहि। – पृ० १८७

पल्लवरमणीकृत विरहखेद। – पृ० १८८

६८ पृ० ३६६, ४६६

के दरबार में उपस्थित हुआ।[६९] एक स्थान पर आया है कि चण्डरसा नामक स्त्री ने कबरी में छिपाये हुए असिपत्र से मुण्डीर नामक राजा को मार डाला था।[७०]

३० भोज

भोज या भोजावनी का एक बार उल्लेख है।[७१] विदर्भ या बरार भोजावनी कहा जाता था। भोजावनी कहने का प्रयोजन यही है कि यहाँ बहुत काल तक भोज राजाओं का साम्राज्य था। रघुवंश में भी इस बात का उल्लेख है।[७२]

३१ बबर

बबर का एक बार उल्लेख है।[७३] इसकी व्याख्या अश्मक के प्रसंग में की गयी है।

३२ मद्र

मद्र का भी एक बार उल्लेख है।[७४] इसकी पहचान पंजाब प्रान्त में रावी और चेनाब के बीच में स्थित स्यालकोट से की जाती है।

३३ मलय

यशस्तिलक में मलय का दो बार उल्लेख है। दोनों स्थानों पर मलय की अंगनाओं का वर्णन किया गया है।[७५] मलय पर्वत के आसपास का प्रदेश मलय नाम से प्रसिद्ध था।

३४ मगध

सोमदेव ने यशोधर को मगध की स्त्रियों के लिए विलासदर्पण की तरह कहा है।[७६] संस्कृत टीकाकार ने मगध को राजगृह (वर्तमान राजगृही) कहा है।[७७]

---

६९ अयमपि च समास्ते पाण्ड्यदेशाधिनाथस्तरलगुलिकहारप्राभृतव्यग्रहस्तः ।–पृ० ४६६

७० कबरीनिगूढेनासिपत्रेण चण्डरसा मुण्डीरम् । – पृ० १५३ उत्त०

७१ गर्जो अहीहि भोजावनीश । – पृ० १८५

७२ रघुवंश ५।३९

७३ गर्ज बबर क्षुच । – पृ० ३९६

७४ प्रविश रे मद्रेश देशान्तरम् । – पृ० ३९६

७५ मलयस्त्री रतिभरकेलिलुब्ध । – पृ० १८०

मलयांगनांगसुखदाननिरत । – पृ० १८८

७६ मागधवधूविलासदर्पणः । – पृ० ५६८

७७ मागधवधूनां राजगृहस्त्रीणाम् । – वही, सं० टी०

३५ यौधेय

सोमदेव ने यौधेय का विस्तार से वर्णन किया है।[७८] यह एक समृद्धिशाली जनपद था जिसे देख कर देवताओं का भी मन चल जाता था। यहाँ सभी प्रकार का गोधन – गाय भैंस घोड़े, ऊँट, बकरी, भेड़ – पर्याप्त था। स्वर्ण की कमी न थी। पानी के लिए मात्र वर्षा पर निर्भर नहीं रहना पड़ता था। यहाँ की जमीन काली थी। हल जोतने वाले बहुत थे। पानी सुलभ था। खेती के विशेषज्ञ पर्याप्त थे। खूब बाग बगीचे थे। पेड़-पौधों की कमी न थी। सड़कें साफ-सुथरी थीं। गाँव इतने पास पास बसे हुए थे कि एक गाँव के मुर्गे उड़कर दूसरे गाँव में पहुँच जाते थे (कुक्कुटसंपात्याग्रामा)। सब परस्पर सौहार्द से रहते थे।

३६ लम्पाक

यशस्तिलक में लम्पाक का मात्र एक बार उल्लेख हुआ है।[७९] इसकी पहचान वर्तमान लाघमन से की जाती है। युवानच्वांग ने इसे लानपो लिखा है।[८०]

३७ लाट

लाट का अर्थ यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने भृगुकच्छ किया है।[८१] पालि में भरुकच्छ नाम आता है। वर्तमान भड़ौंच से इसकी पहचान की जाती है। नर्मदा के मुहाने पर यह एक अच्छा नगर तथा जिला है। प्राचीन समय में पूर्वी गुजरात को लाट कहते थे।

३८ वनवासी

बुह्लर ने विक्रमांकदेव चरित के प्राक्कथन में लिखा है कि तुंगभद्रा और वरदा के मध्य में एक कोने में वनवासी स्थित था। यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने वनवासी का अर्थ गिरिसोपानगरादि किया है।[८२] अर्थात् वनवासी में गिरिसोपा (उत्तर कनारा जिले में स्थित गेरसोप्पा) तथा अन्य नगर थे। महावंश (१२।३१) में भी वनवास का नाम आया है। गेगर ने लिखा है कि उत्तर कनारा जिले में वनवासी नाम का एक कस्बा आज भी वर्तमान है।[८३]

---

७८ पृ० १२ से २५

७९ लम्पाकपुरपुरन्ध्रिकाधरमाधुर्यपश्यतो हरे। – पृ० ५७४

८० वाटर्स आन युवानच्वांग, भाग १ पृ० १८१

८१ लाटीनां भृगुकच्छदेशोद्भवानां स्त्रीणाम्। पृ० १८०, सं० टी०

८२ गिरिसोपानगरादिस्त्रीणाम्। – पृ० १६६

८३ इम्पीरियल गजट ऑव इंडिया

३९ बंग या बंगाल

यशस्तिलक में दो बार बंग[84] तथा एक बार बंगाल का उल्लेख हुआ है। प्रो० हन्दिकी ने दोनों को एक बताया है किन्तु सोमदेव ने स्पष्ट ही एक ही स्थान पर दोनों का अलग अलग उल्लेख किया है। कल्चुरी विज्जल (११५७-६७ई०) के अब्लूर शिलालेख में भी बंग और बंगाल का अलग अलग उल्लेख है।[86] प्राचीन बंग का दक्षिणी प्रदेश ही बाद में बंगाल नाम से प्रसिद्ध हुआ। चन्द्रद्वीप अर्थात बाकरगंज और उससे सम्बद्ध प्रदेश बंगाल कहलाता था।[87] ग्यारहवीं शती में ढाका जिला बंगाल में था। चौदहवीं शताब्दी में सोनारगाँव बंगाल की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध था और बंगाल ढाका से चटगाँव तक फैला हुआ था।[88]

४० बंगी

बंगी का यशस्तिलक में दो बार उल्लेख हुआ है।[89] बंगी और वेंगी एक ही प्रतीत होते हैं। गोदावरी और कृष्णा नदी के मध्य में स्थित जिले, जहाँ पूर्वीय चालुक्यों का राज्य था, वेंगी कहलाता था। किन्तु यशस्तिलक की टीका में बंगी को रत्नपुर कहा है।[90] रत्नपुर आजकल मध्यप्रदेश के बिलासपुर के उत्तर में स्थित है। यह दक्षिण कोशल की राजधानी थी और यहाँ त्रिपुरी के चेदी वंश की एक शाखा राज्य करती थी। टीकाकार का बंगी को रत्नपुर बताना उचित नहीं है।

४१ श्रीचन्द्र

श्रीचन्द्र का केवल एक बार उल्लेख है।[91] संस्कृत टीकाकार ने श्रीचन्द्र को कैलाश पर्वत का स्वामी बताया है। यह सम्राट यशोधर के लिए चन्द्रकान्त के उपहार लेकर उपस्थित हुआ था।[92]

---

८४ अन्धैश्चाङ्गकलिङ्गवङ्गपतिभि । —पृ० ४६९
बंगेषु स्फुलिंग । —पृ० ४३१

८५ बंगालेषु मयकल । —वही

८६ इंडियन हिस्टॉरीकल क्वाटरली, भाग १२, पृ० २८०

८७ सरकार—दी सिटी ऑव् बंगाल भारतीय विद्या, जिल्द ५, पृ० ३३

८८ वही

८९ बंगीवनिताभवणावतंस । —पृ० १८ हि० । बंगीमयरूले ।—पृ० ९५ उत्त०

९० वही, सं० टी०

९१ पृ० ३१४ हि०

९२ श्रीचन्द्रश्चन्द्रकान्तै । —पृ० ३१४ हि०

४२ श्रीमाल

श्रीमाल का भी एक बार उल्लेख है।[९३] जोधपुर राज्य के भिनमाल नामक स्थान से इसकी पहचान की जाती है। कुवलयमाला कहा (८वीं शती) में भिल्लमाल का उल्लेख है। यह जनो का एक गढ़ था। यहाँ से निकलन वाले जैन वतमान में राजस्थान, पश्चिम भारत तथा उत्तरप्रदेश में पाये जाते हैं। इनको श्रीमाल कहा जाता है, व भी स्वय अपन को श्रीमाल मानत हैं।[९४]

४३ सिन्धु

सिन्धु देश का उल्लेख सोमदेव ने वहाँ के घोड़ो के साथ किया है। सिन्धु देश के राजा ने अच्छी किस्म के बहुत से घोड लेकर अपन दूत को सम्राट यशोधर के पास भेजा।[९५]

वहाँ से आने वाले घोड़ों का कालिदास न भी उल्लेख किया है।[९६]

सिन्धु देश सिन्धु नदी के दोना किनारो पर इसके मुहाने तक विस्तृत था। कालिदास के अनुसार इसमें गन्धव निवास करते थे जिन्हें भरत ने पराजित किया।[९७] इस देश में तक्षशिला और पुष्कलावती अवस्थित थे। इनका नाम भरत ने अपन दोनों पुत्रो तक्ष और पुष्कल के नाम पर रखा था और उन्हें वहाँ का राज्य सौंप दिया था।[९८]

सिन्धु हमेशा घोडो के लिए प्रसिद्ध रहा ह। अमरकोषकार ने इसी कारण सन्धव और गन्धव घोड़ो के पर्याय दिय है।[९९] सोमदेव न सिन्धु के घोड़ों का उल्लेख किया है।

४४ सूरसेन

सूरसेन का भी एक बार उल्लेख है। सोमदेव न लिखा है कि सूरसेन जन पद में वसन्तमति ने अपन अधरो म विषमिला अलक्तक लगाकर सुरतविलास

---

९३ पृ० ३१४ हि०

९४ भारतीय विद्या जिल्द दो, भाग १–२ में श्री जिनविजय जी

९५ तुरगनिवह एष प्रेषित सैन्धवैस्ते। —पृ० ३१४ हि०

९६ रघु० १५।८७

९७ वही १५।८८

९८ वही १५।८९

९९ अमरकोष २।८ ४५

नामक राजा को मार डाला था।[१००] मथुरा का पुराना नाम सूरसेन था।

४५ सौराष्ट्र

सौराष्ट्र का दो बार उल्लेख हुआ है।[१०१] संस्कृत टीकाकार ने सौराष्ट्र के गिरिनार का भी उल्लेख किया है।[१०२]

४६ यवन

सोमदेव ने यशोधर को यवनकुल के लिए वज्राग्नि के समान कहा है।[१०३] सोमदेव ने लिखा है कि यवनदेश में मणिकुण्डला नामक महारानी ने अपने पुत्र को राज्य दिलाने के लिए शराब में विष मिलाकर अजराज नामक राजा को मार डाला था।[१०४] एक अन्य प्रसंग में यवनी स्त्रियों का उल्लेख है।[१०५] श्रुतदेव ने यवन का अर्थ खुरासान देश किया है[१०६] जो उचित नहीं है। अजराज तक्षशिला में राज्य करता था।

४७ हिमालय

हिमालय का जनपद तथा पर्वत दोनों रूपों में उल्लेख है। इसके लिए हिमाचल (पृ० २१३) के अतिरिक्त शिशिरगिरि (पृ० ४७०), तुषारगिरि (पृ० ५७४), तथा प्रालेयशैल (पृ० ३२२) नाम भी आये हैं।

हिमाचल प्रदेश का अधिपति सम्राट यशोधर के दरबार में अग्निवर्ण की भेंट ले कर उपस्थित हुआ।[१०७]

■

---

१०० सूरसेनेषु सुरतविलासम्।—पृ० १५२

१०१ पृ० ३४ स० पू० तथा पृ० ३०२ उत्त०

१०२ सौराष्ट्रेषु गिरिनारिसौराष्ट्रियोषित्सु।—पृ० ३४ स० टी०

१०३ यवनकुलवज्रानिलः।—पृ० ५६८ स० पू०

१०४ विषदूषितमद्यगण्डूषेण मणिकुण्डला महादेवी यवनेषु निजतनुजराज्यार्थमजराज जघान।—पृ० १५२ उत्त०

१०५ यवनी नितम्बनकपदविमुग्ध।—पृ० १८०

१०६ यवनो नाम खुराशानदेशः।—वही, स० टी०

१०७ शिशिरगिरिपतिर्यग्निवर्णैरुदीर्णै।—पृ० ४७०

परिच्छेद दो

नगर और ग्राम

सोमदेव न यशस्तिलक में चालीस ग्राम और नगरो का उल्लेख किया है। इनके विषय में विशेष जानकारी इस प्रकार है —

१ अहिच्छत्र

अहिच्छत्र की पहचान उत्तरप्रदेश के बरेली जिले में स्थित रामनगर नामक ग्राम से की जाती है। जैन अनुश्रुति के अनुसार इस ग्राम में तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने कठोर तपस्या की थी। कमठ नामक व्यन्तर ने उनके ऊपर घोर उपसग किया, फिर भी व अपनी तपस्या में अडिग रहे। उनकी इस कठोर साधना का यश चारो ओर फैल गया। सोमदेव न इसी भाव का सकेत किया है।[1] यशस्तिलक क उल्लेख के अनुसार अहिच्छत्र पांचाल देश में था। पांचाल उत्तरप्रदेश के रुहेलखण्ड प्रदेश को माना जाता है। अन्यत्र इसकी विशेष चर्चा की गयी है। यशोधर महाराज को अहिच्छत्र के क्षत्रियों मे शिरोमणि कहा गया है।[2]

२, अयोध्या

यशस्तिलक के उल्लेखानुसार अयोध्या कोशल में थी। कोशल देश का यशस्तिलक में अन्यत्र भी उल्लेख आया है। अयोध्या कोशल की राजधानी थी। रघु और उनके उत्तराधिकारियो ने बहुत समय तक अयोध्या को अपनी राजधानी बनाये रखा। रघुवश में इसके अनेक उल्लेख आते हैं।

३ उज्जयिनी

उज्जयिनी का यशस्तिलक में एक अत्यन्त सुन्दर एव पूर्ण चित्र प्रस्तुत किया गया है। उज्जयिनी अवन्ति जनपद में थी।[5] यह नगरी पृथुवश में उत्पन्न होनेवाले

---

१ श्रीमत्पार्श्वनाथपरमेश्वरयश प्रकाशनामन्ने अहिच्छत्रे —आ० ६ क० १८

२ अहिच्छत्रक्षत्रियशिरोमणि। —पृ० ३७७।२ हिन्दी

३ कोशलदेशमध्यायामयोध्यायां पुरि। —आ० ६ क० ८

४ पृ० ३१४।३ हिन्दी

५ अवन्तिषु विख्याता।—पृ० २०४

राजाओं की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध रही है।[६] वहाँ के प्रासादों पर ध्वजाएँ लगायी गयी थीं।[७] सफेद पताकाओं के कारण सब ऐसे लगते थे जैसे हिमालय की चोटियाँ हों।[८] वहाँ पर नवीन पल्लव तथा मालाओं वाले तोरण बनाये गये थे।[९] वहाँ के लोग मयूर पालने के शौकीन थे जो कि मकानों पर खेलते रहते थे।[१०] भवनो के साथ ही गृहोद्यान थे, जिनमें सभी ऋतुओं के फल-फूल लगे थे।[११]

उज्जयिनी के पास ही सिप्रा नदी बहती थी जिसकी ठंडी-ठंडी हवा का नागरिक रात्रि में घर बैठे आनन्द लेते थे।[१२] भवनों में गृहदीर्घिकाएँ बनायी गयी थीं।[१३] नगरी में देवालय, बगीचे सत्र, धर्मशालाएँ, वापी, वसति, सार्वजनिक स्थान बनाये गये थे।[१४] उज्जयिनी धन धान्य से इतनी समृद्ध थी कि मानो वहाँ समुद्रों के सभी रत्न, राजाओं की सभी वस्तुएँ तथा सभी द्वीपो की सारभूत सामग्री इकट्ठी हो गयी हो।[१५]

वहाँ की कामिनियाँ अतिशय रूपवती थीं। लोग चरित्रवान् थे, त्यागी थे, दानी थे धर्मात्मा थे।[१६]

४ एकचक्रपुर

इसका एक बार उल्लेख है। सम्भवतया एकचक्रपुर विन्ध्याचल के समीप था। एकपाद नामक परिव्राजक गंगा (जाह्नवी) में स्नान करने के लिए एकचक्रपुर से चला और उसे रास्ते में विन्ध्याटवी मिली।[१७]

---

६ पृथुवंशोद्भवात्मनाम् विश्वम्भरेशानाम् । —वही

७ सौधनद्धध्वजाप्रान्त ।—वही

८ सितकेतुसमुच्छ्रय हराद्रिशिखराणीव ।—वही

९ नवपल्लवमालांका यत्र तोरणपंक्तय ।—वही

१० क्रीडत्कलापिरम्याणि हर्म्याणि । पृ—२०५

११ सर्वर्तुश्रीश्रितच्छायानिष्कुटोद्यानपादपा ।—वही

१२ नक्तं क्षिप्रानिलैर्यत्र आलमार्गानुगैः ।—वही

१३ गृहदीर्घिका । —पृ० २०६

१४ पृ० २०८

१५. सर्वरत्नानि वार्धीनां सर्ववस्तूनि भूभुजाम् ।
द्वीपानां सर्वसाराणि यत्र संजग्मिरे मिथः ।—पृ० २०६

१६. पृ० २०६

१७ एकचक्रात्पुरादेकपान्नामपरिव्राजको जाह्नवीजलेषु मज्जनाय व्रजन् विन्ध्याटवी-विषये ।—पृ० ३२७ उत्त०

५ एकानसी

एकानसी का अर्थ यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार ने उज्जयिनी किया है।[१८] अन्यत्र[१९] एकानसी को अवन्ति जनपद में बताया है। इससे टीकाकार के अर्थ की पुष्टि होती है।

६ कनकगिरि

यशस्तिलक के संस्कृत टीकाकार के अनुसार उज्जयिनी के समीप सुवर्णगिरि पर स्थित नगर का नाम कनकगिरि था।[२०] उज्जयिनी से इसकी दूरी केवल चार कोस (गव्यूतिद्वय) थी। यशोधर को कनकगिरि का स्वामी बताया गया है।[२१]

७ ककाहि

यह उज्जयनी के निकट एक छोटा सा गाँव था। इसके निवासी नमदे तथा चमडे के जीन बनाते थे।[२२]

८ काकन्दी

यशस्तिलक में काकन्दी का उल्लेख तीन बार हुआ है। इन सन्दर्भों के आधार पर कहा जा सकता है कि काकन्दी काम्पिल्य के आस-पास था। काम्पिल्य की पहचान उत्तरप्रदेश के फरुखाबाद जिले में स्थित काम्पिल्य नामक स्थान से की जाती है। यशस्तिलक में कृपण सागरदत्त अपने भानजे की मृत्यु का समाचार पाकर काम्पिल्य से काकन्दी जाता है और जल्दी लौट आता है। इससे ये दोनों पास पास प्रतीत होते हैं। बाद के अनुसंधान और उत्खनन से काकन्दी की स्थिति उत्तरप्रदेश के देवरिया जिले में मानी जाने लगी है। नोनखार स्टेशन से लगभग तीन मील दक्षिण खुखुंदू नामक ग्राम से इसकी पहचान की जाती है। यहाँ प्राचीन जैन मन्दिर भी है तथा उत्खनन में प्राचीन वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं।

यशस्तिलक के उल्लेखानुसार काकन्दी व्यापार का एक बहुत बड़ा केन्द्र था। सोमदेव ने इसे सम्पूर्ण संसार के व्यापार या व्यवहार का केन्द्र कहा है।[२३]

---

१८ पृ० २२६ उत्त०

१९ आ० ७, क० २५

२० पृ० ५९६

२१ पृ० २७८ हि०

२२ उज्जयिनीनिकषा नमताजिनवेष्याजीवनोटकाकुले ककाहिनामके। –पृ० २१८, उत्त०

२३ सकलजगद्व्यवहारावतारस्त्रिवेण्यां काकन्द्याम्। – आ० ७, क० ३२

जैन अनुश्रुति के अनुसार काकन्दी बारहवें जैन तीर्थंकर पुष्पदन्त की जन्मभूमि थी। सोमदेव ने इस तथ्य का समर्थन किया है।[२४]

९ काम्पिल्य

काम्पिल्य की पहचान उत्तरप्रदेश के फरुखाबाद जिले में स्थित काम्पिल्य नामक स्थान से की जाती है। यशस्तिलक के अनुसार काम्पिल्य पांचाल देश में थी।[२५]

१० कुशाग्रपुर

कुशाग्रपुर मगध का केन्द्र तथा पुरानी राजधानी थी।[२६] युवानच्यांग ने भी कुशाग्रपुर का उल्लेख किया है और उसे मगध का केन्द्र तथा पुरानी राजधानी बताया है। वहाँ एक प्रकार की सुगन्धित घास बहुतायत से होती थी, उसी के कारण उसका नाम कुशाग्रपुर पड़ा। हेमचन्द्र के त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र में सुरक्षित परंपरा के अनुसार प्रसेनजित कुशाग्रपुर का राजा था। कुशाग्रपुर में लगातार आग लगने के कारण प्रसेनजित ने यह आज्ञा दी थी कि जिसके घर में आग पायी जायेगी वह नगर से निकाल दिया जायेगा। इसके बाद राजमहल में आग पायी जाने के कारण प्रसेनजित ने नगर छोड़ दिया क्योंकि वह स्वयं राजघोषणा से बंधा था। इसके बाद उसने राजगृह नगर बसाया।[२७] राजगृह बिहार प्रान्त में पटना के दक्षिण में स्थित आज का राजगिरि है। राजगिरि को पञ्चशैलपुर भी कहते हैं। वह पांच पहाड़ियों से घिरा है। सोमदेव ने भी इसका दूसरा नाम पञ्चशैलपुर लिखा है।[२८]

११ किन्नरगीत

किन्नरगीत को सोमदेव ने दक्षिण श्रेणी का नगर बताया है।[२९]

---

२४ श्रीमत्पुष्पदन्तभदन्तावतारावतीर्णत्रिदिवपतिसपावितो थावेन्दिरासत्यां काकन्द्यां पुरि। — आ० ७, क० २४

२५ पांचालदेशेषु त्रिदशनिवेशानुकूलोपशल्ये काम्पिल्ये। — आ० ७, क० १२

२६ मगधदेशेषु कुशाग्रनगरोद्यानावापातिनि। — आ० ६, क० ६

२७ वाटर्स—इंडियन हिस्टॉ० क्वा० जिल्द २२, पृ० २२८

२८. राजगृहापरनामावसरे पञ्चशैलपुरे। — पृ० १०४, उत्त०

२९ दक्षिणश्रेण्यां किन्नरगीतनामनगरनरेन्द्रेण। — आ० ६, क० ८

१२ कुसुमपुर

पाटलिपुत्र का दूसरा नाम कुसुमपुर था (आ० ४)।

१३ कौशाम्बी

कौशाम्बी का दो बार उल्लेख है।[30] इसकी पहचान इलाहाबाद के पश्चिम में करीब बीस मील दूर जमुना के किनारे स्थित कोसम नामक स्थान से की जाती है। सं० टीकाकार ने लिखा है कि कौशाम्बी नगरी वत्स देश म गोपाचल (ग्वालियर) से (४४ गव्यूति) ८८ कोस दूर ह।[31]

बौद्ध ग्रन्थों में (महासुदस्सनसुत्त त) कौशाम्बी को एक बहुत बड़ी नगरी बताया गया है।

१४ चम्पा

सोमदेव के अनुसार चम्पा प्राचीन अगदेश की राजधानी थी।[32] बिहार प्रान्त के भागलपुर और मुगेर जिले के आस पास का भाग अग कहलाता था। चम्पा वतमान भागलपुर के पास माना जाता है।

१५ चुंकार

यशस्तिलक में बृहस्पति की कथा के प्रसग में चुकार का उल्लेख आया है।[33] लोचनाजनहर नामक एक बदमाश ने साधुचरित बृहस्पति की बदनामी उडा दी। फल यह हुआ कि मिथ्यावाद के कारण वे इन्द्रसभा में प्रवेश न पा सके।

१६ ताम्रलिप्ति

यशस्तिलक के अनुसार ताम्रलिप्ति पूवदेश के गौडमण्डल में था।[34] वर्तमान तामलुक जो कि बगाल के मिदनापुर जिले में है, से इसकी पहचान की जाती है।

---

३० पृ० २७७।४, हि०, ३२१।६ उत्त०

३१ पृ० ५६८, स० टी०

३२ अगमण्डलेषु चम्पायां पुरि। – आ० ६, क० ८

३३ पृ० १३८ उत्त०

३४ आ० ६, क० १२

१७ पद्मावतीपुर

पद्मावतीपुर को यशस्तिलक के टीकाकार ने उज्जयिनी बताया है।[35] एक हस्तलिखित प्रति में भी किनारे पर यही नाम लिखा है। पर यह ठीक नहीं। पद्मावतीपुर वर्तमान पवाया है, जो ग्वालियर जिले में है।

१८ पद्मिनीखेट

पद्मिनीखेट का एक बार उल्लेख है।[36] यहाँ के एक वणिकपुत्र की कथा आयी है। यशस्तिलक से इसके विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त नहीं होती।

१९ पाटलिपुत्र

पाटलिपुत्र वर्तमान का पटना है। यहाँ की वारविलासिनियों के उल्लेख आये हैं।[37]

एक अन्य पाटलिपुत्र का उल्लेख है।[38] यह सौराष्ट्र (काठियावाड़) का पालीताना है।

२० पोदनपुर

अश्मक के प्रसंग में पोदनपुर के विषय में लिखा जा चुका है। यह गोदावरी नदी के किनारे अश्मक की राजधानी थी।[39]

२१ पौरव

पौरवपुर को संस्कृत टीकाकार ने अयोध्या कहा है।[40]

२२ बलवाहनपुर

एक कथा के प्रसंग में बलवाहनपुर का उल्लेख है।[41]

---

३५. पृ० ५९९

३६. आ० ७, क० २७

३७. पाटलिपुत्रपण्यांगनासु अंग। – पृ० ३७३।५ हि०

३८ आ० ६ क० १२

३९ रम्यकदेशनिवेशोपेतपोदनपुरनिवेशिनो।—३५० उ०

४० पृ० ६८,

४१ आ० ६, क० १५

२३ भावपुर

भावपुर का उल्लेख भी एक कथा के प्रसग में आया है।[४२]

२४ भूमितिलकपुर

यशस्तिलक के अनुसार भूमितिलकपुर जनपद नामक प्रदेश की राजधानी थी।[४३] जनपद की अभी ठीक पहचान नहीं हो पायी है। यशस्तिलक की कथा से यह कुरुक्षेत्र के आस पास का प्रदेश ज्ञात होता है। भूमितिलकपुर से निष्काषित दो मित्र कुरुजागल के हस्तिनापुर म आकर ठहरते हैं।[४४]

२५ मथुरा

यशस्तिलक में उत्तर मथुरा (वतमान मथुरा) तथा दक्षिण मथुरा (वत- मान मदुरा) दोनों के उल्लेख हैं।[४५]

२६ मायापुरी

मायापुरी इन्द्रकच्छ की राजधानी थी। इसका दूसरा नाम रोरुकपुर भी था।[४६]

२७ मिथिलापुर

मिथिलापुर का भी एक कथा के प्रसग में उल्लेख हुआ है।[४७]

२८ माहिष्मती

माहिष्मती का दो बार उल्लेख है। संस्कृत टीकाकार ने इसे यमुनपुर दिशा में बताया है।[४८] इन्दौर के पास नमदा के किनारे स्थित महेश्वर अथवा मध्य प्रान्त के निमाड़ जिले में स्थित मान्धाता से इसकी पहचान करनी चाहिए।

---

४२ आ० ६, क० १५

४३ आ० ६, क० ५

४४ आ० ६, क० ५

४५ आ० ६, क० १०

४६ इन्द्रकच्छदेशेषु (रोरुकपुर) मायापुरीत्यपरनामावसरस्य पुरस्य प्रभो ।
— पृ० ३९४ उ०

४७ आ० ६, क० २०

४८ हिमालयमलयमगधमध्यदेशमाहिष्मतीपतिप्रभृतीनामवनिपतीनां बलानि। — पृ० ४६८
माहिष्मतीयुवतिरतिकुसुमचाप। — पृ० ५६८
माहिष्मतीनाम नगरी यमुनपुरदिशि वर्तनम्। — स० टी०

माहिष्मती पूर्व कल्चुरी नरेशों की राजधानी थी। कल्चुरी ने महाराष्ट्र पर आन्ध्रभृत्य के पतन और चालुक्यों के उत्थान काल में शासन किया।[४९]

कल्चुरी साम्राज्य के संस्थापक कृष्णराज छठी शताब्दी के मध्य में माहिष्मती में रहे। बाद में राजधानी जबलपुर के पास त्रिपुरी में चली गयी।[५०]

२९ राजपुर

राजपुर यौधेय की राजधानी थी।[५१] यौधेय की पहिचान भावलपुर के वर्तमान जोहियो से की जाती है। प्राचीन काल में यह एक बहुत बड़ा प्रदेश था।[५२] मुल्तान के दक्षिण में बहावलपुर स्टेट (पश्चिमी पाकिस्तान) का राजनपुर ही प्राचीन राजपुर प्रतीत होता है।

३० राजगृह

बिहार प्रान्त का वर्तमान राजगृही। यहाँ की पाँच पहाड़ियों के कारण यह पंचशैलपुर भी कहलाता था।[५३]

३१ वलभी

वलभी का दो बार उल्लेख है।[५४] यह सौराष्ट्र के मैत्रकों की राजधानी थी। भावनगर के उत्तर पश्चिम में लगभग २० मील पर वला नाम से आज उसके भग्नावशेष पाये जाते हैं।

३२ वाराणसी

वर्तमान वाराणसी। सोमदेव ने वाराणसी को काशी जनपद में बताया है।[५५]

३३ विजयपुर

यशस्तिलक के अनुसार विजयपुर मध्यप्रदेश में था।[५६]

---

४९ भण्डारकर—अरली हिस्ट्री ऑव् डेक्कन, तृ० सं०, नोट्स पृ० २५१
५० इण्डि० हिस्टॉ० क्वा०, वाल्यूम २१, पृ० ८४
५१ पृ० १३, हि०
५२ रैपसन—इण्डियन क्वाइन्स, पृ० १४
५३ मगधदेशेषु राजगृहापरनामावसरे पञ्चशैलपुरे। – पृ० ३०४ उत्त०
५४ आ० ७, क० २३, ३७आ५ हि०
५५. आ० ७, क० ३१
५६ आ० ६, क० ७

३४ हस्तिनापुर

यशस्तिलक में हस्तिनापुर का दो बार उल्लेख है। सोमदेव के अनुसार यह नगर कुरुजांगल जिले में था।[५७] कुरुजांगल को एक स्थान पर केवल जांगलदेश भी कहा है।[५८] यशोधर के अन्तःपुर में कुरुजांगल की कामिनियों का उल्लेख है।[५९]

३५ हेमपुर

एक कथा के प्रसंग में हेमपुर का उल्लेख है।

३६ स्वस्तिमति

सोमदेव ने लिखा है कि स्वस्तिमति डहाल प्रदेश में थी।[६१] डहाल चेदि राजाओं की राजधानी थी। यशस्तिलक के उल्लेखों से ज्ञात होता है कि वहाँ गन्नों की अच्छी खेती होती थी।[६२] वहाँ पर अभिचन्द्र, द्वितीय नाम विश्वावसु, नाम का राजा राज करता था।[६३] उसकी वसुमति नाम की पटरानी थी।[६४] उनके लड़के का नाम वसु तथा पुरोहित का क्षीरकदम्ब था। क्षीरकदम्ब की पत्नी का नाम स्वस्तिमति तथा लड़के का नाम पर्वत था।

३७ सोपारपुर

यह मगध प्रान्त का एक नगर था। इसके निकट नाभिगिरि नाम का पर्वत था।[६५]

३८ श्रीसागरम् (सिरीसागरम्)

यशस्तिलक के अनुसार श्रीसागरम् अवन्ति जनपद में था।[६६]

---

५७ कुरुजांगलमण्डले हस्तिनागपुरे। – आ० ६, क० २०

५८ आ० ७ क० २८

५९ कुरुजांगलललनाकुचतनुत्र। – पृ० ६८।७ हिं०

६० आ० ६ क० १५

६१ डहालायामस्ति स्वस्तिमती नाम पुरी। – पृ० ३५३ उत्त०

६२ कामकोदण्डकारणकान्तारैरिक्षुवणावतारैर्विराजितमण्डलायाम्। – पृ० ३५३ उत्त०

६३ तस्यामभिचन्द्रापरनामवसुविश्वावसुर्नाम नृपतिः। – पृ० ३५३ उत्त०

६४ वसुमतिनामाग्रमहिषी। – वही

६५. मगधविषये सोपारपुरस्य तत्रास्मिन् नाभिगिरिनाम्नि महीधरे। – आ० ६, क० १५

६६. आ० ७ क० २६

३९ सिंहपुर

यह नगर प्रयाग देश में था।[६७] युवांग च्वांग ने भी इसका उल्लेख किया है।

४० शंखपुर

शंखपुर संभवतया अयोध्या के निकट कोई ग्राम था। यशस्तिलक की एक कथा में लिखा है कि अनन्तमती को शंखपुर के निकट स्थित पर्वत के पास में छोड़ा गया और वहाँ से एक वणिक उसे अयोध्या ले आया।[६८]

■

---

६७ आ० ७, क० २७

६८ आ० ६, क० ८

बृहत्तर भारत

१ नेपाल

नेपाल का दो बार उल्लेख है। सोमदेव ने लिखा है कि नेपाल नरेश कस्तूरी को प्राभृत लेकर यशोधर के दरबार में उपस्थित हुआ।[1] एक अन्य प्रसंग में नेपाल शैल का उल्लेख है तथा उसी के साथ वहाँ पर कस्तूरी प्राप्त होने के तथ्य का भी उल्लेख है।[2]

२ सिंहल

सिंहल का तीन बार उल्लेख है। यशस्तिलक के उल्लेखों से ज्ञात होता है कि भारत और सिंहल के अटट सम्बन्ध थे।[3]

३ सुवर्णद्वीप

सुवर्णद्वीप की पहचान सुमात्रा से की जाती है। यशस्तिलक में दो मित्र सुवर्णद्वीप जाते हैं और वहाँ से अपार धन कमाकर लौटते हैं।[4] यहाँ की राजधानी शलेन्द्र थी। एक ताम्रपत्र भी मिला है।[5]

४ विजयार्ध

विजयार्ध का एक बार उल्लेख है।[6] यशस्तिलक से इसके विषय में विशेष जानकारी प्राप्त नहीं होती।

---

१ विनिप, मृगमदैरेष नेपालपाल । – पृ० ४७० सं० पू०

२ पृ० ५७४, वही

३ सिंहलीषु मुखकमलमकरन्दपानमधुकर । – पृ० ३४ वही
दूता केरलचोलसिंहल । – पृ० ४६६, वही
सिंहलमहिलाननतिलकवही । – पृ० १८१, वही

४ आ० ७ क० २७

५ डॉ० अग्रवाल– नागरीप्रचारिणी पत्रिका (विक्रमांक)

६ विजयार्धावनीधरस्य विद्याधरविनोदपादपोत्पादभूम्यां दक्षिणश्रेण्याम्।
– पृ० २१२ उत्त०

५ कुलूत

श्रुतदेव ने कुलूत को मरवादेश कहा है।[७] यशस्तिलक के उल्लेख से प्रतीत होता है कि कुलूत देश की कामिनियाँ विशेष सुन्दर होती थीं, उनके कपोलों पर लावण्य झलकता था।[८]

■

७ कुलूतो मरवादेश.। – पृ० ५७४
८ कुलूतकुलकामिनीकपोललावण्यधामनि। – वही

वन और पवत

१ कालिदासकानन

पांचाल देश में अहिच्छत्र के निकट जलवाहिनी नदी के किनारे आमो का एक बहुत बडा बगीचा था जिसे कालिदासकानन कहते थे।[१]

सोमदेव ने यशस्तिलक में कालिदास का आम के अथ में एक अन्य स्थल पर भी प्रयोग किया है।

२ कलास

यशस्तिलक में यशोधर को कैलासलाछन कहा गया है।[२] हिमालय की एक चोटी का नाम अब भी कैलास है।

३ गन्धमादन

गन्धमादन को श्रुतदेव ने हिमाचल के पास में बताया है।[३] यशस्तिलक के उल्लेखानुसार गन्धमादन में भोजपत्र बहुतायत से होत थे।[४]

४ नाभिगिरि

मगध में सोपारपुर नगर के किनारे नाभिगिरि नाम का पवत था।[५]

५ नेपालशैल

यशस्तिलक में नेपाल पवत की तराई में कस्तूरी मृग पाये जाने का उल्लेख है।[६]

---

१ जलवाहिनीनामनदीतटनिकटनिविष्टप्रतनने महति कालिदासकानने।
— आ० ६, क० १

२ कैलासलाञ्छन। — पृ० ५६६

३ गन्धमादन नाम वन हिमाचलोपकण्ठे वतते। — पृ ५७४, स० टी०

४ भूजवल्कलोन्माथमन्थरे। — वही

५ मगधविषये सोपारपुरपयन्तधाम्नि नाभिगिरिनाम्नि महीधरे। — आ० ६, क० २५

६ नेपालशैलमेखलामृगनाभिसौरभनिभरे। — पृ० ५७४

एक अन्य स्थल पर नेपालदेश का भी उल्लेख है ।[7]

६ प्रागद्रि

प्रागद्रि या उदयाचल का भी एक बार उल्लेख है ।[8]

७ भीमवन

राजपुर के समीप में भीमवन था ।[9] उस प्रदेश में किरातों का राज्य था । भीमनामक किरातराज भीमवन मे शिकार खेलने आया ।[10]

८ मन्दर

मन्दर का अर्थ टीकाकार ने अस्ताचल किया है ।[11]

९ मलय

मलय पर्वत का एक बार उल्लेख है । सोमदेव ने लिखा है कि मलयपर्वत की तलहटी में लताएँ अधिक थीं ।[12]

१० मुनिमनोहरमेखला

राजपुर के समीप ही एक छोटी-सी पहाड़ी थी जिसे मुनिमनोहरमेखला कहते थे ।[13]

११ विन्ध्या

विन्ध्याचल का दो बार उल्लेख है । विन्ध्या में मातंगो की बस्तियाँ थीं ।[14] विन्ध्या के दक्षिण में श्रीसमृद्ध करहाट नाम का जनपद था ।[15]

---

७ पृ० ४७०

८ पृ० २१३

९ राजपुराभ्यर्णभागिनि भीमवननाम्नि कानने । — पृ० २०१ उत्त०

१० मृगयाप्रसङ्गसमागतेन भीमनाम्ना किरातराजेन । — वही

११ मन्दरश्चास्तपर्वत । — पृ० २१४, सं० टी०

१२ मलयमेखलालतानर्तनकुतूहलिन । — पृ० ५७६

१३ राजपुरस्याविदूरवर्तिनि मुनिमनोहरमेखल नाम खर्वतर पर्वतम् । — पृ० १२२

१४ पृ० १२७ उत्त०

१५ विन्ध्यादक्षिणस्यां दिशि "करहाटो नाम जनपद । — १८२, वही

१२ शिखण्डिताण्डवमण्डन

सुवेला पर्वत से पश्चिम की ओर शिखण्डिताण्डवमण्डन नाम का वन था।[१६] सोमदेव ने इस वन का विस्तृत एवं आलंकारिक वर्णन किया है, किन्तु उस सम्पूर्ण वर्णन से भी इस वन की पहचान करने में कोई मदद नहीं मिलती।

१३ सुवेला

हिमालय के दक्षिण की ओर सुवला नामक पर्वत था।[१७] सोमदेव ने सुवला पर्वत का विस्तार के साथ आलंकारिक वर्णन किया है।

हिमालय के दक्षिण में शिवालिक पर्वत श्रेणियां हैं। सुवेला की पहचान इसी से करना चाहिए। गडक घाघरा गंगा यमुना, गोमती, कोशी आदि नदियाँ यहाँ से होकर निकलती हैं।

१४ सेतुबन्ध

स० टीकाकार ने सेतुबन्ध का अर्थ दक्षिण पर्वत दिया है।[१८]

१५ हिमालय

यशस्तिलक में हिमालय का कई बार उल्लेख है। हिमालय के शिखरों पर तपस्वियों के आश्रम थे।[१९] इसकी चोटियां बर्फ से ढकी रहती थीं, इसलिए इसका प्रालेयशैल तथा तुषारगिरि नाम पड़ा। तुषारगिरि के झरने हेमन्त ऋतु की ठंडी हवा में जमकर निष्पन्द हो जाते थे।[२०]

■

---

१६ सुवेलशैलादपरदिग शिखण्डिताण्डवमण्डनम्। – पृ० १०३ उत्त०
१७ हिमालयाद्दक्षिणदिक्कपोल शैल सुवेलोऽस्ति लताविलोल। – पृ० १६७ उत्त०
१८ सेतुबन्धश्चार्वाक्पर्वत। – पृ० २१३ स० पू०
१९ प्रालेयशैलशिखराश्रमतापसानाम्। – पृ० ३२२
२० तुषारगिरिनिर्झरनीहारनिष्पन्दिनि। – पृ० ५७४

सरोवर और नदियाँ

१ मानस

यशस्तिलक में मानस या मानसरोवर तथा उसमें हंसों के निवास का उल्लेख है।[१] विश्वनाथ कविराज ने लिखा है कि कवि समय में ऐसी प्रसिद्धि है कि वर्षा के आते ही हस मानसरोवर के लिए चले जाते हैं।[२] कालिदास ने इस तथ्य का उल्लेख किया है।[3]

मानसरोवर झील हिमालय पर नेपाल के उत्तर और तिब्बत के दक्षिण में ब्रह्मपुत्र के उद्गम स्थान के समीप कैलास चोटी के निकट दक्षिण में है।

२ गगा

गगा के विषय मे यशस्तिलक में पर्याप्त जानकारी आयी है।[४] गगा हिमालय से निकलती है। इसमें एक बार भी स्नान करने से पाप दूर हो जाते हैं।[५] हिमालय के शिखरों पर आश्रम बनाकर रहने वाले तापस लोग गंगा के जल का उपयोग करते थे।[६] गगा के किनारे किनारे भी तपस्वियों के आश्रम थे।[७]

गगा का दूसरा नाम भागीरथी था। उस समय भी भागीरथी के विषय में यह प्रसिद्ध था कि महादेव उसे सिर से धारण करते हैं।[८]

गगा का एक नाम जाह्नवी भी था। जाह्नवी में स्नान करने के लिए दूर दूर से लोग जाते थे।[९] ठड के दिनो मे भी लोग जाह्नवी में स्नान करने से नहीं चूकते थे भले ही ठड से अकड जायें।[१०]

---

१ मानसहसविलासिनि। — पृ० ५७४

२ प्रावृषि, मानस यान्ति हसा। — साहित्यदर्पण ७।२३

३ आकैलासाद् बिसकिसलयाच्छेदपाथेयवन्त। — मेघदूत पूर्व० १४

४ पृ० ३२२–२७

५ या नाकलोकमुनिमानसकल्मषाणां कार्श्यं करोति सकृदेव कृताभिषेकम्। — वही

६. प्रालेयशैलशिखराश्रमतापसानां, सेव्य च यत्तव तदम्बु सुरेऽस्तु गांगम्। — वही

७ धात्तीराश्रमवासितापसकुलै। — वही

८ कान्ते शशिमौलिना च शिरसा भागीरथीसम्भवा। — वही

९ जाह्नवीजलेषु मज्जनाय मजन्। — पृ ३२७ उत्त०

१० जाह्नवीजलमज्जनजातजडभावे। — वही

३ जलवाहिनी

पांचाल देश के वर्णन प्रसंग में जलवाहिनी नामक नदी का उल्लेख है ।[११] इस नदी के किनारे आमों का एक विशाल वन था ।[१२] पांचाल नरेश के पुरोहित की पत्नी को एक बार असमय में आम खाने का दोहद हुआ । पुरोहित आम की तलाश में घूमता हुआ जलवाहिनी के किनारे विशाल आम्रवन मे पहुँचा तथा वहाँ एक वृक्ष में आम पाकर आम तोडा और एक विद्यार्थी के हाथ घर भेज दिया ।[१३]

यमुना, नर्मदा, गोदावरी चन्द्रभागा, सरस्वती, सरयू सिंधु और शोण नदी का एक साथ उल्लेख है ।[१४]

४ यमुना

यमुना के लिए दूसरा नाम तरणितीरणी आया है ।[१५] यह नदी हिमालय के यमुनोत्री नामक स्थान से निकल कर प्रयाग में आ कर गगा में मिली है ।

५ नर्मदा

वर्तमान नर्मदा जो विन्ध्याचल की अमरकटक नामक पर्वतश्रेणी से निकल कर पश्चिम में बहती हुई अरबसागर की खंभात की खाडी में गिरती है ।

६ गोदावरी

वर्तमान गोदावरी नदी जो पश्चिमीघाट पर्वत की चन्दौर पहाडी से निकल-कर पूर्व की ओर बहती हुई बंगाल समुद्र की बंगाल खाडी में गिरी है ।

७ चन्द्रभागा

चन्द्रभागा का उल्लेख मिलिंदपञ्हो (११४) तथा ठाणांग सूत्र (५।४७०) में भी आता है । यह नदी हिमालय से निकलकर किस्तवार के ऊपर दो पहाडी झरनो के साथ बहती है । किस्तवार से आगे रिस्तवार तक यह दक्षिण की ओर

---

११ जलवाहिनीनाम नदी । – पृ० ३०६ उत्त०

१२ महति कालिदासकानने । – वही

१३ अध्याय ६, क० १५

१४ यमुनानर्मदागोदाचन्द्रभागासरस्वती ।
सरयूसिन्धुशोणाद्यैर्जलैर्देवोऽभिषिच्यताम् ॥ – पृ ९२

१५ पृ० ५७५

जाती है। यह जम्मू के निकट बहती है। उसके आगे वितस्ता (झेलम) के साथ दवाब बनाती हुई दक्षिण पश्चिम की ओर जाती है।[१६]

८ सरस्वती

सरस्वती नदी का दो बार उल्लेख है। इसके किनारे उदवास करने वाले तापस रहते थे।[१७]

सरस्वती हिमालय की शिवालिक पहाड़ी से निकलकर यमुना और शतद्रु (सतलज) के बीच दक्षिण की ओर बहती हुई मनु के अनुसार विनाशन में पहुँचकर अदृश्य हो जाती है।[१८]

९ सरयू

सरयू हिमालय की शिवालिक पहाड़ी से निकलकर गंगा में मिली है।

१० शोण

यह मकाल की पहाड़ियों से निकल कर उत्तर पूर्व की ओर बहती हुई पटना के पूर्व गंगा में मिल जाती है।

११ सिन्धु

हिमालय के कैलासगिरि से निकल कर वर्तमान में पश्चिमी पाकिस्तान में बहती हुई अरबसागर में गिरी है।

१२ सिप्रा

सिप्रा उज्जयिनी नगरी के समीप में बहती थी। रात्रि में सिप्रा की ठंडी ठंडी हवा उज्जयिनी के नागरिकों के भवनों में गवाक्षों (जालमार्ग) से प्रवेश करके उन्हें आनन्दित करती थी।[१९] पाचवें आश्वास में सिप्रा का अतिविस्तृत आलंकारिक वर्णन किया गया है। वर्तमान सिप्रा ही प्राचीनकाल में भी सिप्रा कहलाती थी।

■

---

१६ बी० सी० ला० – हिस्टॉरिकल ज्योग्राफी ऑव् ऐन्शियण्ट इण्डिया, पृ० ७२

१७ सरस्वतीसलिलोवासतापसे। – पृ० ५७५

१८ वही पृ० १२१

१९ नक्त सिप्रानिलैयत्र। पृ० २०५

अध्याय पाँच

यशस्तिलक की शब्द-सम्पत्ति

यशस्तिलक की शब्द-सम्पत्ति

यशस्तिलक संस्कृत के प्राचीन, अप्रसिद्ध, अप्रचलित तथा नवीन शब्दों का एक विशिष्ट कोश है। सोमदेव ने प्रयत्नपूर्वक ऐसे अनेक शब्दों का यशस्तिलक में संग्रह किया है। वैदिक काल के बाद जिन शब्दों का प्रयोग प्रायः समाप्त हो गया था, जो शब्द कोश-ग्रन्थों में तो आये हैं, किन्तु जिनका प्रयोग साहित्य में नहीं हुआ या नहीं के बराबर हुआ, जो शब्द केवल व्याकरण ग्रन्थोंमें सीमित थे तथा जिन शब्दों का प्रयोग किन्हीं विशेष विषयों के ग्रन्थों में ही देखा जाता था, ऐसे अनेक शब्दों का संग्रह यशस्तिलक में उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त यशस्तिलक में ऐसे भी अनेक शब्द हैं जिनका संस्कृत साहित्य में अन्यत्र प्रयोग नहीं मिलता। बहुत से शब्दों का तो अर्थ और ध्वनि के आधार पर सोमदेव ने स्वयं निर्माण किया है। लगता है सोमदेव ने वैदिक, पौराणिक, दार्शनिक, व्याकरण, कोश आयुर्वेद धनुर्वेद, अश्वशास्त्र गजशास्त्र, ज्योतिष तथा साहित्यिक ग्रन्थों से चुनकर विशिष्ट शब्दों की पृथक पृथक सूचियाँ बना ली थी और यशस्तिलक में यथास्थान उनका उपयोग करते गये। यशस्तिलक की शब्द-सम्पत्तिके विषय में सोमदेव ने स्वयं लिखा है कि काल के कराल व्याल ने जिन शब्दों को चाट डाला उनका मैं उद्धार कर रहा हूँ। शास्त्र समुद्र के तल में डूबे हुए शब्द रत्नों को निकालकर मैंने जिस बहुमूल्य आभूषण का निर्माण किया है, उसे सरस्वती देवी धारण करे।[1]

प्रस्तुत प्रबन्ध में मैंने ऐसे लगभग एक सहस्र शब्द दिये हैं। आठ सौ शब्द इस अध्याय में हैं तथा दो सौ से भी अधिक शब्द अन्य अध्यायों में यथास्थान दिये हैं। इस अध्याय में शब्दों को वैदिक, पौराणिक, दार्शनिक आदि श्रेणियों में वर्गीकृत न करके अकारादि क्रम से प्रस्तुत किया गया है। शब्दों पर मैंने तीन प्रकार से विचार किया है – १ कुछ शब्द ऐसे हैं, जिन पर विशेष प्रकाश डालना उपयुक्त लगा। ऐसे शब्दों का मूल संदर्भ, अर्थ तथा आवश्यक टिप्पणी

---

१ करालकालव्यालेन ये लीढाः साम्प्रतं तु ते।
शब्दाः श्रीसोमदेवेन प्रोत्थाप्यन्ते किमद्भुतम् ॥
उद्धृत्य शास्त्रजलधेर्नितले निमग्नैः पर्यागतैरिव चिराभिधानरत्नैः।
या सोमदेवविदुषा विहिता विभूषा वाग्देवता वहतु सम्प्रति तामनर्घ्याम् ॥
—आ० ५, पृ० २४८

दी गयी है। २ सोमदेव के प्रयोग के आधार पर जिन शब्दो के अर्थ पर विशेष प्रकाश पड़ता है, उन शब्दो के पूरे सन्दर्भ दे दिये हैं। ३ जिन शब्दो का केवल अर्थ देना पर्याप्त लगा, उनका सन्दर्भ-सकेत तथा अर्थ दिया है।

शब्दो पर विचार करने का आधार श्रीदेवकृत टिप्पण तथा श्रुतसागर की अपूर्ण सस्कृत टीका तो रहे ही हैं, प्राचीन शब्दकोश तथा मोनियर विलियम्स और प्रो० आप्टे के कोशो का भी उपयोग किया है। स्वय सोमदेव का प्रयोग भी प्रसंगानुसार शब्दो के अर्थ को खोलता चलता है। श्लिष्ट, क्लिष्ट, अप्रचलित तथा नवीन शब्दो के कारण यशस्तिलक दुरूह अवश्य लगता है, किन्तु यदि सावधानीपूर्वक इसका सूक्ष्म अध्ययन किया जाये तो क्रम क्रम से यशस्तिलक के वर्णन स्वय ही आगे पीछे के सन्दर्भों को स्पष्ट करते चलते हैं। इस प्रकार यशस्तिलक की कुंजी यशस्तिलक में ही निहित है। सोमदेव की बहुमूल्य सामग्री का उपयोग भविष्य मे कोश ग्रन्थो में किया जाना चाहिए।

अकम् (अकविलोकगणनमपि १९६।१ उत्त०) कष्ट

अकल्प (परिपाकगुणकारिणी क्रिया मकल्पस्य ४३।२) रोगी

अर्क (४०५।२) आक का वृक्ष

अर्कनन्दन (भूयादगन्धवर्ह साधमनु लोमोकनन्दन ३३४।१) कौआ

अखिलद्वीपदीप (विदूरितरजोभि रखिलद्वीपदीपरिव ९१।३) सूर्य सोमदेव ने तात्पर्य के आधार पर यह शब्द स्वय गढ़ा है। सूर्य सारे ससार को दीपक की तरह प्रकाशित करता है, इसलिए उसे अखिलद्वीपदीप कहा है।

अगम (अगमविटपान्तरितवपुषाम ९५।१ अगमाग्रपल्लवभरम १९९।२ उत्त०) वृक्ष

अगस्ति (४०५।३) अगस्त वृक्ष

अग्निजन्मन् (२०३।८ उत्त०) कुत्ता

अग्रमहिषी (१२३।१) पटरानी

अध्यक्षम् (४०६।९) प्रत्यक्ष

अजिनजेण (२१८।९ उत्त०) चमड़े की जीन

अजगव (अजगवरिन्द्रायुधस्पर्धिभि, ५७९।८) धनुष

अर्जुन (१९४।५ उत्त०) मयूर अर्जुन वृक्ष

अर्जुनज्योति (सदाचारकैरवार्जुन ज्योतिषम ३०४।४ उत्त०) सूर्य

अतसी (कुसितातस्यतलधारावपात प्रायम ४०४।५) अलसी

अदितिसुत (अदितिसुतनिकेतनपताकाभोगाभि, ४५।४) सूर्य

अध्वनय (३६।२) पथिक

अधोक्षज (अधोक्षजमिव कामवन्तम्, २९८।४) नारायण

अन्तर्वंशिक (२३।९ उत्त०) अन्तःपुररक्षक सैनिक

अन्तर्वाणिन् (बलकशिरोमणिमिरन्तर्वाणिभि, ४७७।८) शास्त्रवेत्ता, विद्वान्

अन्ध (विषकलुषितमन्धः कस्य भोज्याय जातम् ४१६।१) भोजन

अनन्ता (मूलमिवानन्तालनाया, २०४।५ उत्त०) पृथ्वी

अनंग (ऐरावतकुलकलभरिवानग वनस्य, २।१३, ९१।२) आकाश

अनायतनम् (१४३।७) अनुचित स्थान

अनाश्वान् (५०।६) अनशनशील अशन् शब्द से सोमदेव ने अनाश्वान् कर्त्ताकारक का रूप बनाया है।

अनीकस्थ (अनीकस्थन विनिवदित द्विरदावस्था ४९५।४) अनीकस्थ नामक गजसेना का अधिकारी

अनुप्रेक्षा (ससारसागरोत्तरणपोत पात्रदशा द्वादशाप्यनुप्रेक्षा, २५६।३) अनुप्रेक्षा जैन सिद्धान्त का एक पारिभाषिक शब्द है। ससार से विराग उत्पन्न करनेवाली भावनाओं का बार बार चिन्तन करना अनुप्रेक्षा कहलाता है। ये बारह मानी गयी हैं—अनित्य, अशरण, ससार एकत्व, पृथक्त्व, अशुचि, आस्रव, सवर, निर्जरा, लोक, धर्म और बोधिदुर्लभ। सोमदेव ने इनका विस्तार से वर्णन किया है।

अनुपदीना (बलवानुपदीनापटलसमअवसम्, ४२।८ उत्त०) जूती

अनुरुसारथि (अनुरुसारथिरबोल्लाव, २७।४) सूर्य (शिशु० १।२)

अण्डज (उड्डीन मुहुरण्डजै, ६१५।९) पक्षी

अणकेहित (अणकेहितचिन्तामणि, ४५०।११) दुराचारी

अप्रत्नम् (अप्रत्नरत्नचयनिचित्र काचनकलश, १८।५) नवीन

अभ्रपुष्पम् (आमोदसदर्मिताभ्रपुष्पे, २००।२): जल

अभ्रिय (अभ्रियसदभनिभर नभ इव, ४६४ ५) वज्राग्नि

अभीरु (सुभटानीकमिवाभीरुप्रतिष्ठितम १९५।१ उत्त०) भय रहित, इन्दीवरी

अम्बरिषम् (अनम्बरिषमप्यरिभेद स्फारकम् १९५।४ उत्त०) युद्ध

अमरधेनु (२२०।५) कामधेनु

अमृता (चन्द्रमिवामृतास्पदम् १९४।३ उत्त०) गुरुचि नामक वनौषधि

अमृतमरीचि (२०।७ उत्त०) चन्द्र

अमृतरुचिः (१७१।३) चन्द्र

अमृतरोचिष् (१७२।५) चन्द्र

अरिमेद (१९५।४) खदिर वृक्ष

अलगर्द (निर्मोदालगदगलगुहास्फुरत (४५।३) सप

अलाबूफलम् (४०४।७) तूमा

अलिक (१५९।९): ललाट

अवहार (अम्बुसहकुहरविहरदवहार, २०८।६ उत्त०): जलव्याल, मगर

अवक्षेप (१००।५ उत्त०) तिरस्कार

अवधि (अवधिबोधप्रदीपेन, १३६।२) अवधिज्ञान। जैन दर्शन में ज्ञान के पाँच भेद माने गये हैं—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान। द्रव्य क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा सीमित भूत, भविष्यत् तथा वर्तमान काल के पदार्थों को जानने वाला ज्ञान अवधिज्ञान कहलाता है।

अवतोका (१८६।२ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अर्थ सींग रहित या मुण्डी गाय किया है, मो० वि० में इसका अर्थ जिसका गर्भ गिर गया है किया गया है।

अवन्तिसोमम् (अनल्पराजिकावर्जितावन्तिसोम, ४०६।१) कांजी

अवग्रहणी (समुत्सृष्टग्रहावग्रहणी देशया २७ ६ प्रतीक्ष्यमाणगृहगृहावग्रहणी, १८५।४ उत्त०) देहली

अवसान (भारतकथेव धृतराष्ट्रावसाना, २०६।५ उत्त०) मृत्यु सीमा, तट

अविः (१२।६) भेड़

अवहेल (पुरोहितस्यावहेलेन, ४३१।७) तिरस्कार, उपेक्षा। हिन्दी में अवहेलना शब्द अभी भी इसी अर्थ में प्रचलित है।

अवासस् (१०१।१० उत्त०) निर्ग्रन्थ

अवदंशोप (२१५।५ उत्त०) मत्स्य

अष्टापद (स्वधुनीप्रवाहमिव कृताष्टापदावतारम, १९४।२ उत्त०) कैलास पर्वत। हिमालय की कैलास चोटी से गंगा का उद्गम मानते हुए, यह प्रयोग किया गया है। अष्टापद का दूसरा श्लिष्ट अर्थ शरभ भी यहाँ लेना है। अष्टापद का कैलास अर्थ में प्रयोग महत्त्वपूर्ण है।

अष्ठीलम् (कठोराष्ठीलपृष्ठकमठ, ६७।५) कछुए के पृष्ठ का मध्यभाग

अशिशिवदान (१४१।८) निर्मल चरित्र

असंतापम् (अमृतकान्तिमिवासंतापम २९९।१) असंतापम का सामान्य अर्थ संताप न देनेवाला है। गजशास्त्र में गज के गुणों में असंताप की गणना की जाती है। अस्त्र इत्यादि को सहन करना, विचलित न होना असंताप है (अस्त्रादीनां च सहनादसंताप विदुर्बुधा – सं० टी०)।

असंहतव्यूह (दण्डासंहतभोगमण्डलविषीन्व्यूहान् ३०४।५) युद्ध में व्यूह रचना के जो अनेक प्रकार थे, उनमें एक असंहतव्यूह भी था। इसमें सेना को यहाँ-वहाँ छिट पुट बिखेर दिया जाता था।

असराला (प्रसारितासरालरसना, ४६।३) लम्बी दीर्घ

असितार्चि (असितार्चिमिव तेजस्विनम्, २९८।३ उत्त०) अग्नि

अहिमधाम (अहिमधामघृणिः, १९।३) सूर्य

अहिपति (१६७।११) सर्पों का स्वामी अर्थात् शेषनाग

अहिवलयित (४१५।१०) सर्पवेष्टित

अहीश्वर (३४४।१) सर्पों का ईश्वर अर्थात शेषनाग

अंगज. (सत्त्व तिरोभवति भीतमिवांग जाग्ने २८२।३) काम

आकर्ष (आकर्षण शीर्षदेशे दृढ़दत्त प्रहारकल, १९७।४ उत्त०) फलक, क्रीडापट्ट

आच्छोदना (जलग्राव इवाच्छोदनाभि रतोऽपि, ४१।४) स्वच्छ जल, शिकार शिकार या मृगया के अर्थ में आच्छोदना शब्द का प्रयोग साहित्य में कम देखा जाता है।

आचारान्ध (बुधसगविदग्धोऽपि कथ त्वमचाचाराग्ध इवावभाससे, ८८।२ उत्त०) मूल, व्यवहार मे अधा अर्थात् मूख। अध की अपेक्षा सोमदेव ने यह शब्द स्वय बना लिया है।

आज्यम् (आज्यावीक्षणमेतदस्तु, २५१।८, नासिकांजलिपेयपरिमलै प्राज्यैराज्यै, ४०१।३) : घृत

आजवकम् (३६।२) : धनुष

आतपनयोग (आतपनयोगयुतोऽपि, १३७।४, उत्त०) : ग्रीष्मकाल में खुले मैदान में पर्वत आदि पर तपस्या करना आतपनयोग कहलाता है।

आधोरण (२०।५) : आधोरण नामक गजपरिचारक

आनक (२१४।१) आनक नामक अवनद्ध वाद्य

आनर्त (१७९।४) नाचते हुए

आनाय (तन्मयानायनिक्षेपात्, ३८८। १०, युवजनमृगाणां बन्धनायानाय इव, ५८।५ उत्त०) : जाल

आमलकम् (आमलकशिलातलमिव स्वच्छकलम २०९।७ उत्त०) स्फटिक

आलमकम् (सर्पि सितामलकमुद्ग कषाययुक्तम् ५१८।१) आँवला

आम्रातकम् (अगस्तिचूताम्रातक पिचुमन्द, ४०५।३) आँवड़ा

आमिक्षा (आमिक्षया च समेधित महसम ३२४।२) श्रुतसागर ने लिखा है कि उबाले हुए दूध में दही मिलाने से आमिक्षा बनती है (शृते क्षीरे दधिक्षिप्तमामिक्षा कथ्यते बुधै, स० टी०)।

आयशूलिक (१४१।३) कठोर कर्म करनेवाला

आवसथ (पुत्रप्रार्थनमनोरथावसथस्य, २२४।२) गृह, पृष्ठ ७८।६ पर भी इसका प्रयोग हुआ है।

आवाल (विभत्यविालभूमिषु, ९७।६) क्यारी। वृक्ष के चारों ओर पानी रोकने के लिए बनायी गयी मिट्टी की मेड़। साहित्य में आलवाल का प्रयोग मिलता है (रघु० १५१, शिशु० १३।५०)।

आपीड (पिष्टापीडविडम्ब्यमानजरती, २२७।५) समूह

आरेय (वालेयकारेयजातिभि, १८६।३ उत्त०) भेड

आर (९५।६) मगल गृह

आरामा (ब्रह्मवादा इव प्रपचिता रामा, १३।४) अविद्या

आवान (तापसावानवितानित, ५।१ उत्त०) तपस्वियों के गैरिक वस्त्रो के लिए यहाँ आवान शब्द का प्रयोग किया है।

आस्तरक (४०३।५) शय्या परि चारक

आसुतीवल' (पयुपास्यासुतीवलद्वि तीय, ३२४ १) यज्वा—यज्ञ करने वाला

आसेचनक (१७६।३) जिसके देखन से जी न भरे। अमरकोष में लिखा है कि जिसके देखन से तृप्ति न हो उसे आसेचनक कहते हैं (३।१।५३)।

आश्चर्यित (१८४।४) चकित

आशाकरटिन् (२८।१) दिग्गज

इत्वर (३३१।४) शीघ्र गमनशील आवारा

इन्दिरानुज (रत्नाकर इवन्दिरानुजन, २४२।४) चद्रमा। इन्दिरा लक्ष्मी का नाम ह। लक्ष्मी ओर चद्रमा दोनो की उत्पत्ति समुद्र से मानी जाती है। इस नाते चद्रमा लक्ष्मी का लघुभ्राता हुआ। इस अथ साधम्य के आधार पर सोमदेव ने इस शब्द का गठन किया है।

इन्दिन्दिर (१२१।३) भ्रमर

इन्दिरामन्दिरम् (१८९।४) लक्ष्मीनिवास, विष्णु का एक नाम।

इन्दुमणि (२०५।५ उत्त०) चन्द्र-कान्त

इरमद (इरमददाहदूषितविटप पादप इव, २२७।२ उत्त०) मेघ

इरंमददाह (२२७।२ उत्त०) बिजली

ईषा (रविरथेषाडम्बरम २०।३) लम्बी लकडी जो हल या रथ में लगायी जाती है। हल की लकडी हलीषा कहलाती ह। बुदेलखण्ड में अभी भी हल की लकडी को हरीस कहते है। लागलीषा, हलाषा इत्यादि प्रयोग व्याकरण ग्र थों मे मिलते हैं। साहित्य में इसका प्रयोग कम देखा जाता ह।

उच्चिलिंगम् (लपनचापलच्युतोच्चि लिंग १९८।१ उत्त०) अनार

उटजम् (२१८।९ उत्त०) घर

उडुप (तरगवडिकोडुपसपन्नपरिकरा, २१७।१ उत्त०) डोगी

उत्तस (२४६।२) कणपूर मकुट

उत्तायक (उत्तायकस्य हि पुरुषस्य हस्तायातमपि काय निधानमिव न सुखेन जीयति १४३।५ उत्त०) उतावला

उत्तायकत्वम् (केवलमत्रोत्तायकत्व परिहतव्यम्, १४३।५ उत्त०) उतावलापन, जल्दीबाजी

उत्तार' (६१६।६) उत्कृष्ट

उत्तानशय (२३२।६) ऊपर को मुँह करके सोना

उद्भेद (२२।६ उत्त०) अंकुर

उद्धानम् (२२७।४ उत्त०) अगार

उदकद्विप (उद्दामोदकद्विपदशनदश्य मान २०९।३ उत्त०) जलगज उदक् और द्विप शब्दो को मिलाकर जलहस्ती के अथ में सोमदेव ने यह एक नया शब्द बना दिया है।

उदक्या (३३२।१) रजस्वला स्त्री मनु० ४५७।५ भाग० ६।१८।४९ में भी यह शब्द आया है।

उदन्या (अनन्यसामान्योदन्यानुद्रुत, २००।२ उत्त०) प्यास

उदन्त (मिथ सभाषणकथा प्रावत तायमुदन्त, २२४।४) वार्ता

उदारम् (२।२) अति मनोहर

उदुम्बर (६६।१ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अथ जन्तुफल किया है। जन साहित्यमें बड, पीपल, ऊमर, कठूमर और पाकर इन पाँच फलो को उदुम्बर कहा जाता है। इनमें सूक्ष्म जीव पाये जाते हैं, इसलिए जन गृहस्थ को इनका खाना त्याज्य है।

उन्माथ (४७।६): हिंसक

उन्दुर' (उन्दुरमूषमिलकुबिलालस्य तल, ४३।२ उत्त०) मूषक, चूहा

उप्तम् (लवने यत्र नोप्तस्य, १६।७) बोयी हुई फसल

उपकण्ठम् (१८०।३) ग्राम या नगर के बाहर का निकट प्रदेश।

उपकार्या (२२१।६) तम्बू

उपदंश (ऐवंहकोपदशनिकायम्, ४०४।७) चबैना, किसी भी चीज को अवकाश के क्षणों में रुचि के लिए चबाना (मो० वि०)।

उपन्यास (तथोपन्यासहीनस्य वृथा शास्त्रपरिग्रह, ४८१।४) कथन प्रयोग (मालवि० १।३।८)।

उपलम्बा (उपलम्बाप्रलम्बस्तम्बवि लम्बमान, १९८।३ उत्त०) लता

उपस्पर्शन (आचरितोपस्पर्शन', ३२३।६) आचमन, मो० वि० में उपस्पर्शनम् का अथ स्नान दिया हुआ है।

उमा (अविषमलोचनोऽपि सम्पन्नोमा समागम, ५३।३) कीर्ति, पार्वती

उपसव्यानम् (८२।७ उत्त०): अधोवस्त्र

उरण (२१९।२ उत्त०) भेड़

उल्लोच (१९।१, ५९५।९) चन्द्रा० तप या चदोवा

औशीरम् (कथनशिलाशकलाध्यमेखल परिकल्पितोशीर इव, १३४।२) बिस्तर

एकानसी (एकानसीमनुप्राप्य, २२६।१ उत्त०) उज्जयिनी

एकायन (३७२।२) एकाग्र

एकशृंगमृग (विषाणविकटमेकशृंग मृगमण्डलमिव ४६१।७) गैंडा हाथी

एड' (जड एव एडो वा १३९।४ उत्त०) बधिर, बहरा (देशी)

एणाचित (१२८।५) मृग के समान आचरण

ऐकागारिक (परिमुषितनगरनापित प्राणद्रविणसवस्वमेकमेकागारिकम २४५।१७) चोर

ऐलक (छगलाविकैलकसनाथस्य, २२१।७ उत्त०) भेड। (प्राकृत एलग दस० ५ १।२२, पन्न० १) (महा० ३।१४२।३७)

ऐर्वारुकम् (असमस्तसिद्धर्वारुकोपदंश निकाय, ४०४।७) कडवी ककडी। कडवी कचरिया (अम० २।४।१५६)

औधस्यम् (स्मरसमदर्छादितौधस्य २४९।३) दुग्ध

औदनम् (जोणयावनालौदनादि, ४०४।५) भात

क्वथ्यमान (क्वथ्यमानासु जलदेवता नामावमथपरस षु ६६।५) उबलना सम्भवतया आयुर्वेद का क्वाथ (काढा) श०" भी इसी से बना है। इस तरह क्वथ्यमान का अर्थ होगा काढे की तरह उबल कर छनकना—कम पड जाना। संस्कृत साहित्य में इसका प्रयोग नहीं मिलता। वास्तव में मूलतः यह वैद्यक-शास्त्र का ही शब्द ज्ञात होता है। अन्यत्र भी सोमदेव ने इसका प्रयोग किया है (सशुष्यत्सरिति क्वथसनु मिति, ५३४।१)।

कृक (१९०।१ उत्त०) गर्दन

कृष्णलेश्या (कृष्णलेश्यापटलैरिव, २४८।२४ उत्त०) लेश्या जैन सिद्धान्त का एक पारिभाषिक शब्द है। जीव के ऋजु और वक्र आदि भाव लेश्या कहलाते हैं। इसके छह भेद हैं—पीत, पद्म, शुक्ल, कृष्ण, नील, कापोत। सबसे ऋजु परिणाम वाले जीव की शुक्ल लेश्या मानी गयी है और सबसे कुटिल परिणाम वाले की कृष्ण लेश्या।

क (१००।५) वायु

ककुभ (कुमीरभयभ्राम्यत्ककुभकुहूत्कार मखरम, २०८।५ उत्त०) बाल कुकुट

कजम् (कजकिंजल्ककलुषकालिन्दी, ४६४।२ कजकिंजल्कपुंज, २०७ ४ उत्त०) कमल का एक अर्थ पानी भी कोश ग्रन्थों में है। उसी से के जायते इति कजम' इस प्रकार कमल अर्थ में कज का प्रयोग किया है।

कच्छप (२०९।३ उत्त०) कछुआ

कटक (४५१।६): सेना

कटिम् (१६९।३ उत्त०) जंगली सूअर

कदर्य (कदर्याणां धुरि वर्णनीय, ४०४।१) मलिन वस्त्रधारी। श्रुतसागर ने एक पद्य दिया है—कदर्य हीनकीनाशकिंपचानमितंपचाः। कृपण क्षुल्लक क्षुद्र क्लीबा एकार्थवाचका। अर्थात् ये शब्द एकार्थवाचक हैं।

कदलम् (दर्शितकाम्यां कदलम् ५१२।९) केला

कदलिका (कदलिकाकलन्नभुजगाशन वहँ, ४६५।६) ध्वजा

कदली (कदलीप्रवालान्तरगम्, २००।२ उत्त०) मृग

कन्द (विषकिसलयकन्दा, ५११।६) सूरण

कन्दल (६१३।५) नवांकुर

कन्तु (जन्तु कन्तु निकेतनम, १।४) मनोहर

कन्था (भयेन किं मन्दविसर्पिणीना कन्था त्यजन्कोऽपि निरीक्षितोऽस्ति, ८९।९ उत्त०) दुर्विधकुटुम्बेषु जरत्कन्थापटच्चराणि, ५७।५) कपड़ों को सिलकर बनाया गया गद्दा। देशी भाषा में इसे कथरी कहते हैं। श्रुतसागर ने कन्था को कथरिका कहा है।

कपिलिका (तूण सज्जसे ताम्बूलकपिलिकायाम २५०।७ मुखवासताम्बूल कपिलिके, २९।२ उत्त०): डिब्बा या डिबिया। इस तरह ताम्बूल कपिलिका का अर्थ हुआ पान का डिब्बा या पानदान।

कमल (वनस्थलीभिव सकमलासु, ३९।२) मृग। साहित्य में कमल का मृग अर्थ में प्रयोग कम मिलता है। सोमदेव के पूर्व बाण ने इसका प्रयोग किया है।

कमली (कमलीव दोषागमर्काविरपि, ४१।२): चन्द्रमा। कमल का मृग अर्थ कोश में आता है। बाण ने मृग अर्थ में प्रयोग किया है। सोमदेव ने मृग अर्थ में तो कमल का प्रयोग किया ही है, "कमलो यस्यास्तीति कमली" बना कर चन्द्रमा के अर्थ में कमली का प्रयोग किया है। जैसे मृग से मृगांक बनता है, उसी तरह कमल से कमली बना है।

कमलानन्दन (१४८।१): सूर्य

कमलबन्धु (५७०।५) सूर्य

कर्करम् (शिखण्डित तटिनिकटककरम, २०९।४ उत्त०) शिला नदी के किनारे की पाषाण शिला। श्रुतसागर ने इसे पर्वतदन्त कहा है।

कर्कारु (ईषत्खिन्नकर्कारुकर्कश, ४०५।१) कलिंग फल, कुम्हड़ा (अम०)। छोटा कुम्हड़ा कर्कारु कहलाता है (माव० मिश्र ९।१०।५६)।

कर्मन्दिन् (कमन्दीव न तृप्यति विषविषमोल्लेखेषु, ४०८।२) तपस्वी

करक (मेघोद्गीर्णात्तत्कठोरकरका सारप्रसरत् ७४।६) ओला

करल (सारिकाशावसकुलकुलायकरलोपकण्ठ १०२।३): वृक्ष। श्रीदेव ने एक अर्थ मचकुन्द भी दिया है। अर्थात् करल वृक्ष सामान्य अर्थ में भी प्रयुक्त होता है तथा मचकुन्द नामक वृक्ष विशेष के भी अर्थ में।

करशाखा (१४२।३) अंगुलि

करटी (चन्द्रार्धविघातिमलः करटी बभार, २०१।८): हस्ती। महाभारत (१।२१०।२०) में हस्ती के लिए करट शब्द आया है।

करटिरिपु (५६।३) सिंह

करपत्रम् (१२३।८) करोत आरा

करिवैरिन् (२०१।६ उत्त०) सिंह

करक (चूर्ण्यमानकरकप्राकारम ४८ ५) ककाल, मरे हुए पशु के शरीर का ढाचा।

कलशी (निरवधिप्रवावप्रारम्भमध्यमान पयस्या कलशीमिव, २१५।७ उत्त०) मथानी

कलह्ति (६१९।८) क्रोधित

कलम् (आमलकशिलातलमिव स्वच्छ कलम २०९।७ उत्त०) काय शरीर

कलि (युगत्रयावसानमिव कलिपरि गृहीतम १९५।४ उत्त०) हरड का पेड कलिकाल

कलाची (मृणालवलयालकृतकलाची दशाभि ५३२।५) कलाई

कवचम् (असमनोकरसमरि १कवचम १९७ ३ उत्त०) पपट वम

कर्केलक (ककलकोपलमपादितभित्ति भगिकासु ३८।५) स्फटिक मणि

कचुलिका (देव्या कचलिका मदन मजरिकानामाग्राहि २१६।४ उत्त०) दासी अन्त पुरकी वृद्ध दासी। जिस प्रकार अन्त पुर का वद्ध परिचारक कचुकी कहलाता है उसी प्रकार वद्ध परिचारिका के लिए सोमदेव न कचुकि शब्द का प्रयोग किया है।

कषपट्टिका (३७६।१२) कसौटी। यह शब्द श्रुतसागर ने निकषाश्म के पर्याय मे दिया है।

कशा (समर्पितकशावशेषकदनकन्दुक विनोदविनीताजानयजूहराणनिवह, २१४।४) कोडा। घोडे को हाकने वाला चमडे का कोडा जिसे आजकल चामकोडा भी कहते हैं।

कशिपु (३४६।३) भोजन और वस्त्र

कस (३५१ ६) जाआ

कक्ष (२५०।२) लता

क्रव्याद (क्रव्यादसमाजसहृयव्यसनः ११८।७) राक्षस

काकतालीयन्याय (२४९।३) असभावित सयोग काकतालीयन्याय कहलाता है। कौआ ताल पर आकर बैठा और ताल का फल गिरा। यद्यपि ताल का फल गिरना ही था, किन्तु कौआ का आना एक सयोग हुआ। कौआ का आना और ताल का गिरना यह काकतालीयन्याय ह।

काकमाची (गुडपिप्पलिमधुमरिचै साध सेव्या न काकमाची ५१२।१०) मकाय वायसी (अम० २।४।१५२) आयुर्वेद मे यह महत्त्वपूर्ण औषधि मानी जाती ह (भाव० मिश्र, ६। ४।२४६–४७)।

काकनन्तिका (काकनन्तिकाफल-मालोपरचित, ३९८।४) गुंजाफल, गुमची

काकोल (उलूकबालकालोकनाकुल-काकोलकुल १०२।१) कौआ (महा० उ० ५।१२, याज्ञ० स्मृ० १।१७४, महा० ११।१६।७)।

कांचनार (१०६।१) कचनार पुष्प

कातरेक्षण (कातरेक्षणविषाणक्वाण विनिवेदित, ३९९।१) : महिष

काद्रवेय (अक्रमगति काद्रवेयेषु २०२। ४) सप (शिशुपाल० २०।४३)

काण्ड (केतुकाण्डचित्र १८।४) दण्ड, ध्वजा का डंडा या बाँस

कामवत् (अधोक्षजमिव कामवन्तम् २९८।४) यह गजशास्त्र का एक पारिभाषिक शब्द है। समस्त प्राणियों को मारने की इच्छा रखने वाले गज को कामवत कहा जाता है। मो० वि० में इसका केवल तीव्र इच्छावान् (डिजायरस) अथ दिया है।

कारण्ड (उत्तरलतरतरःकारण्डोच्च ण्डतुण्ड– २०८।१ उत्त०) चक्रवाक

कारवेलम् (कोहल कारवलम ५१६। ७) करैला

कालशेयम् (कट्वलकालशेयविशिष्ट, ४०६।४) तक्र, मट्ठा छाछ

कालागुरु (३६८।५) कृष्ण अमर चन्दन

कालिदास (अकविलोकवणनमपि सकालिदासम्, १९६।१ उत्त०) आम्रवृक्ष

कालेय (२४३।४) केसर

कालेयकलक (कालेयकलंकपंकिला- चार १६३।३) लोकापवाद

काश्यपी (काश्यपीश्वरेण, १४५।३): पृथ्वी (महा० १३।६२।६२, भामिनी वि० १।६८)

कासर (सा मृत्वा कमनीयबालचिरमू- च्छागी पुन कासर, २२५।२ उत्त०) भैंसा। एक अन्य प्रसग में (४८।५) भी सोमदेव ने इसका प्रयोग किया है।

काहल (मिथुनचरपतगप्रलापकाहले, २४७।६) गम्भीर। सोमदेव ने काहल नामक वादित्र का भी उल्लेख किया है।

कांदिशीक (कांदिशीक इवानवस्थित क्रियोऽपि ४।२) भय से भागा हुआ

किंपाक (किंपाकफलमिवापातमधुर, ९७।७ उत्त०) कच्चा अथवा दोष पूर्ण पका। रामायण में (२।६६।६) किंपाक का उल्लेख आया है।

किंपिरि (किंपिरिपयन्तस्फुरत्कृशानु– १९।३) उपरितल, छत

किर्मीर (किर्मीरमणिविनिर्मितत्रिशर कण्ठिकम ४६२।१) चितकबरा

कीकट (कीकटानामुदाहरणभूमि, ४०३।६) निधन

कीकस (११६।२) हड्डी

कीर्तिशेष (१९२।२ उत्त०) मृत

कुज (भूजकुजवल्कलदुकूले २४६।२) वृक्ष। पृथ्वी का एक नाम कोश ग्रन्थों में कु भी आता है। उसी से बना कर कुज का वृक्ष अथ में प्रयोग किया है।

कुट (पलिताकुरितकुटहारिकाकुन्तल- कलापैः, ५६।२) घट। पानी भरने वाली नौकरानियों के लिए सोमदेव ने कुटहारिका शब्द का प्रयोग किया है।

कुट्टिमभूमि (यत्र स्खलद्गतैर्बालः कान्ता कुट्टिमभूमय, १९७।५) आंगन

कुठ (२०९।१) वृक्ष। श्रुतसागर ने कुठार की व्युत्पत्ति देते हुए लिखा है– कुठान वृक्षान् इयर्ति गच्छतीति कुठार।

कुडया (स्तबकरचितकुडया ५३४।४) भित्ति, दीवाल

कुण्ठ (१८०।३) मन्द

कुत्कील (स्फटिकोत्काणक्रीडाकुत्कीलै रिव २१।२) पर्वत। क्रीडाकुत्कील अर्थात क्रीडापर्वत। कुत्कील का उल्लेख अन्यत्र भी हुआ है (सर्जार्जुन विजयिषु कुत्कीलकुञ्जेषु ५४३।४)। मो० वि० में कुकील शब्द पर्वत के लिए आया है।

कुतपिन् (नृत्ताय वृत्तः कुतपीव भाति २२९।२ उत्त०) नगाड़ा बजाने वाला। कुतप को मो० वि० में एक प्रकार का वादित्र कहा है। सोमदेव ने कुतप से ही कुतपिन बनाया है।

कुतपांकुर (अम्बुजासनशयमिव कुत पांकुरालकृतमध्यम ३२०।२) दर्भ या ताजा कुश। घास

कुन्द (हेमन्त इव पल्लवितांश्रितकुन्द कन्दल, २०९।७) : श्रुतसागर ने इसका अर्थ अवभृथ (यज्ञोपरान्त स्नान) किया है जो ठीक नहीं लगता। कुन्द का अर्थ कोशों में कमल आता है।

कुथितम् (उन्दुरमूत्रमितकुथितातस्य तैल-धारावपातप्रायम ४०४।६) दुर्गन्ध युक्त। कुथितम् कुथ धातु से बना है। सोमदेव ने इसका अन्यत्र भी प्रयोग किया है (कुथ्यत्कलेवरकरकहृत प्रचार ११७।६ कुथ्यत् स्नसाजाल कम १२९।१२)। व्याकरण ग्रन्थों में ही इसका प्रयोग देखा जाता है।

किंपच (किंपचाना प्रथमगण्य, ४०३ ७) कृपण

कुफणि (आकुफणिकृतकालायसवलय, ४६२।२) घुटना

कुम्भिन् (२२१।६) हाथी

कुम्भिनी (मितद्रवखुरक्षोभितकुम्भिनी भागम्, ४६५।१) पृथ्वी सोमदेव ने इसका एकाधिक बार प्रयोग किया है (३०७।६)।

कुम्भीनस (३७८।२) सर्प

कुम्भीर (कुम्भीरमयभ्राम्यत, २०८।५ उत्त०) नक्र मगर, (महा० १३।३।५९)

कुम्पल (पतत्सतानकुम्पल– ९७।१) कोंपल

कुमुदचक्षुष् (१५।७ उत्त०) : चन्द्र

कुरर (कुररकूजितबहुलम, २०९।६ उत्त०) कुरर पक्षी (रामा० ३।६०। २१)

कुरल (५६९।३, कुरलालिकुलाव-लिह्यमानभूलता, ५२५।२) अलक, घुंघराले बाल

कुरंगिका (२०४।५) हरिणी

कुरंगांक (४५।६ उत्त०) . चन्द्र

कुवलीफलम् (कुवलीफलस्थूलगापुच-मणि, १९८।३) : बदरी फल

कुवलयित (४६५।५) कुवलय सदृश

कूर्चस्थानम्(कूर्चस्थानविनिवेशितप्रसून समूह, २८६ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अर्थ सम्भोगोपकरण रखने का स्थान किया है।

कूटपाकल (करिणां कूटपाकल इव, १०१।७ उत्त०) हस्ति वातज्वर।

कूर्पर (४४।१०उत्त०) कछुए का खोल

केवलम् (यस्योन्मीलति केवले, २।१) केवलज्ञान। यह जैन सिद्धान्त का एक पारिभाषिक शब्द है। जैन धर्म में ज्ञान के पांच भेद माने गये हैं— मति, श्रुत अवधि, मन:पर्यय और केवल ज्ञान। जो ज्ञान तीन काल के तीनों लोकों के पदार्थों को एक साथ हस्ता मलकवत् स्पष्ट जानता है उसे केवल ज्ञान कहा गया है।

केसर (३९।३) केसर

केसर (कान्तावक्त्रमधूनि वाञ्छति पुनयस्मिन्नयं केसर, ५९०।१०) बकुल वृक्ष

कैवर्त (ते च कैवर्तास्तदादेशात्, (२१६।७) मछुआ

कोकुन्द: (कराळककोकुन्दोकुमरम् ४०६।१) श्रुतसागर ने कोकुन्द का अर्थ अम्बराक्षि किया है।

कोण (कोणकोटिकलकन्दुकान्तर, ३२।१) : किनारे पर मुड़ी हुई लाठी, जैसी आजकल हाकी बनती है।

कोणप (कोणपकराळकरविकीर्यमाण, ४८।६) राक्षस

कोथ (कोथप्रदीर्णतनुलुम्बकलोपमेयाम्, १२२।८) कुष्टरोग

कोलिक (१२६।४) जुलाहा। देशी भाषा में जुलाहा को अभी भी कोरी कहा जाता है।

कोशारोपणम् (करिणा कोशारोपणम-करवम् ५०६।३) दांत मढ़ना। यह गजशास्त्र का एक पारिभाषिक शब्द है। गज के दांतों के किनारों पर लोहे, चाँदी या स्वर्ण से मढ़ना कोशा-रोपण कहलाता है।

कोहलिनीफलम् (कोहलिनीफलपुष्प योरिव सह भावे, ३१७।३) कूष्माण्ड, कुम्हड़ा। कुम्हड़ा का फल और पुष्प एक साथ ही बेल में लगते हैं। आगे पुष्प और उसी से लगा हुआ फल होता है। जिस पुष्प में फल नहीं रहता वह बिना फल के ही झड़ जाता है अर्थात उसमें बाद में फल नहीं आता।

कौलेयक (१८६।६ उत्त०) कुत्ता

क्षपा (४६४।२) हरदी

क्षिपस्ति (४३।५ उत्त०) बाहु

क्षुप (७०।१ हि०) पौधा

क्षुद्र (१४७।९ उत्त०) दुष्ट जानवर। मो० वि० में क्षुद्र का अर्थ केवल दुष्ट किया है।

क्षेत्रज्ञ (१३।३) कृषि विशेषज्ञ या कृषक

क्षेपणि (३९०।६) श्रुतसागर ने इसे गोला गोफणि कहा है। देशी भाषा में इसे गुथनिया कहते हैं।

खट्वांक (४५।२) कौल सम्प्रदाय के साधुओं का एक उपकरण। सोमदेव ने इसका कई बार प्रयोग किया है।

खदरिका (२६।८ उत्त०) धूत स्त्री

खरकर (खरकरानुव्रजनपराम्बर, ४।१ उत्त०) सूय

खरमयूख (७१।१२) सूय

खारपटिक (आ पापाचार खार पटिक ४२७।६) म० प्रति का काप टिक पाठ गलत है। श्रीदेव ने खार पटिक का अथ ठक अर्थात् ठग दिया है।

खाण्डवम् (नत्रनासारसनान दमाव खाण्डव ४०१।४) खाड (देशी), खाण्डव नामक मिष्ठान्न

खुरली (शस्त्रप्रयोगखरली खलु क करोतु ६००।८) सनिक व्यायाम

खेट (खचरखेट २३३।१ उत्त०) नीच

खेयम् (३७८।४) खाई

गृष्टि (गणतिथिभिगष्टिभि, १८६।१ उत्त०) एक बार ब्याई गाय। कालि दास न भी प्रयोग किया है (रघु० २।१८)।

गृध्नुता (२४३।२ उत्त०) लालच कालिदास न रघु को लिखा है कि वह अगृध्नु होकर अथ का उपाजन करता था।

गजायित (१२२।८) गज के समान आचरण

गन्धर्व (भरतप्रयोग इव सगन्धर्वा॰, १२।६) अश्व

गन्धवाहा (१२८।२) नाक

गणिका (१५९।४ उत्त०) हथिनी

गण्डक (प्रचण्डगण्डकवदनविदायमाण, २००।३ उत्त०) गैंडा

गर्वर (ववति गवरषु गर्वे ६८।२) भपा

गल (यमदष्टाकोटिकुटिल पपात गलनाले गल २१७।८) मछली पकडन का लोहे का काटा।

गवल (गवलवलयावगुण्डन, ३९८।४) महिषशृंग

गायत्री (अवदवचनमपि गायत्रीसारम, १९५।५ उत्त०) खदिर वृक्ष

गिरिक (३०।१) गेंद

गिरिकलीला (गिरिकलीलालुलित महाशिला, ३०।१) कन्दुकक्रीडा

गुड (गुडपिप्पलिमधुमरिच, ५१२। १०) गुड़

गुलुच (२४४।२) फूलों का गुच्छा

गुवाक (गुवाकफलकषायितवदनवृत्ति भि, ४६६।३) सुपारी का पेड

गुह्या (गुह्याविहितमेहनः ३९८।६) लगोट

गोमिनी (गोमिनीपतिशयालयपुषि, ७७।६) लक्ष्मी

गोसव (११७।४ उत्त०) गोयज्ञ

गोष्ठम् (१८४।४ उत्त०) गोशाला

गौरखुर (गौरखुराकुलितहस्ते, १४५।१) श्रुतसागर ने इसका अर्थ गदभ के समान पशु किया है। कोशों में गौर को मृग विशेष कहा है।

गौरधामन् (२३१।३) चन्द्रमा। मो० वि० में गौर शब्द चन्द्र के लिए दिया है।

घर्घरमालिका (मुक्त्वा घर्घरमालिका कटितटात २३४।५) काची, करधनी

घर्घा (महाघड्घाघ्रातचित्तस्य, ४४६।९) तृष्णा। निर्णयसागर वाली प्रति का जघा पाठ गलत है।

घन (१९४।३ उत्त०) समूह घनीभूत

घटदासी (४३४।१) नौकरानी

घोटिका (५३।३ उत्त०) घोड़ी

घोरघृणि (६६।३) सूर्य

चक्रकम् (अवालमालूरमूलकचक्रकोपक्रमम् ४०५।१) खट्टे पत्तोंवाला साग। खटुआ देशी भाषा में प्रचलित है।

चक्रिन् (४१३।५) कुम्हार

चण्डभाव (२६९।९) गुस्सा मो० वि० में चण्ड शब्द आया है। अत्यन्त क्रोधी स्त्री को चण्डी कहते हैं (चण्डी त्वत्यन्तकोपना)।

चण्डातकम् (१५०।६) जांघिया, चचरी

चन्द्र (१७३।६) स्वर्ण, कपूर

चन्द्रकापोड(कृतकार्यचन्द्रचुम्बितचन्द्रकापीड, ३९७।७) मयूर की पूँछ का बना मुकुट

चन्द्रलेखा (धूर्जटिजटाजूटमिव चन्द्रलेखाध्यासितम् १९५।३) बाकुची। आयुर्वेदिक ग्रन्थों में इसका उल्लेख मिलता है।

चमूर (१४४।५) व्याघ्र

चरण (३४।४) पैर

चार्वी (चार्वी विनोति परिमुंचति चण्डभावम् २६९।९) बुद्धि

चाष (चाषच्छदमूछल्, २०।२) भास पक्षी जलकाक

चिकुर (३८।२) केश

चित्रक (नाटेरमित्र सचित्रकम, १९४।२) चीता

चित्रशिखण्डि (चित्रशिखण्डिमण्डली, ९२।४) सप्तर्षि। मरीचि, अंगिरस, पौलस्त्य अत्रि पुलह, क्रतु तथा वशिष्ठ ये सप्तर्षि माने जाते हैं (महा० १२।३३५,२९)।

चिपिट (अनवरतचिपिटचर्वणदीणदशनाग्रदेश, ४६६।३) चिउड़ा, चावल का चिउड़ा

चिर्भटिका (अभृष्टचिर्भटिकाभक्षण, ४०५।१) ककरी, छोटा फूट

चिल्ली(तरंगरेखाश्चिल्लीषु १९१।४) भौंह। चिल्ली एक प्रकार का साग भी होता है, जिसका सोमदेव ने अन्यत्र उल्लेख किया है (५१६।७)।

चिलीचिम (चिलीचिमनिरीक्षण, २१३।१) : मत्स्य

चुरी (१९८।६ उत्त०) कच्चा कुआँ

चुलुकी (२१६।२ उत्त०) मगरी या मगरनी

चुलुकीसूनु (तेन चुलिकीसूनुना, २१६।२ उत्त०) मगर

चूण्ढी (चौण्ढ्य घनानां पुनः, ५२०।२) चूरी बिना बंधा छोटा कुआं। हेम नाममाला में चूरी और चूण्ढी दोनों शब्द आये है, अन्य कोशो में केवल चूरी शब्द मिलता है। सोमदेव ने दोना शब्दो का प्रयोग किया है (विलातवल्लिकोचवुलिखितचुरीवारि– १९८।६ उत्त०)।

चेटक (४२३।६) परस्त्री लम्पट

चेतक (१७१।२ उत्त०) हरड़ का पेड

चेताभव (५९१।१) कामदेव

चोलकम् (४३९।७ ४६६।४) चोला चागा अर्थात एक प्रकार का लम्बा कोट।

छागलधेनु (२२२।५ उत्त०) बकरी

छेक (९०।२) चतुर होशियार

जगत्स्रष्टा (३८१।८) महादेव

जरण्ड (१२६ ८) पुराना जीर्ण

जनुषान्धवम् (६७।१ उत्त०) जन्मान्धत्व

जनापवाद (१४८।९ उत्त०) लोकापवाद

जम्बूक (जलनिधिमिव जम्बूकाध्युषितम १९४।४ उत्त०) शृगाल, वरुण

जरूथम् (पिथुरार्पितजरूथम घर कपालशकलम ४७।६) गीला मास

जातवेदस् (३६ ३ हि०) अग्नि

जातिस्मरणम् (तदाकर्णनाच्च सजात जातिस्मरणो, २६४।२० उत्त०) यह जन सिद्धान्त का एक पारिभाषिक शब्द है। कर्मों के विशेष क्षयोपशमके कारण पूर्व जन्म या पूर्व जन्मों के वृत्त का स्मरण जातिस्मरण कहलाता है।

जानक (जानकोत्रासितहरिण, १९८।३ उत्त०) श्रुतसागरने जानक का अर्थ आरण्यवृषभ या वानर किया है। सोमदेव के सन्दर्भ से वानर अर्थ ही अधिक उपयुक्त लगता है।

जीवन्ती (चिल्ली जीवन्ती ५१६।७) राजडोडी

जुहूराणः (विनीताजानयजुहूराणनिवहा २१४।४): अश्व

जेमनम् (जेमनावसरेषु स्वहस्तवर्तितकाय १८२।२ उत्त०) जीमनवार (देश), भोज

जैवात्रिकमंत्रम् (यायजूकलोकैर्जनितजवात्रिकमन्त्रे, ३२४ ३) आयुवर्धक मन्त्र

झिल्लीका (झिल्लीकाझल्लरीस्वरसूचित, २४६।५) झिल्ली नामक कीडा। अभी भी इसे झिल्ली कहते है। यह प्राय बरसात में अधिक पैदा होते हैं और सन्ध्या होते ही बोलने लगत हैं।

टिरिटिल्लितम् (विजहीत घनयौवनमदोल्लासितानि टिरिटिल्लितानि, ३७१।४, मिथ्या वचटिरिटिल्लितं न सहते, ३९६।५) व्यर्थ बकवास, देशी भाषा में जिसे टें टें मचाना कहते है। सोमदेव ने यह शब्द ध्वनि के

आधार पर लोक भाषा से स्वयं निर्मित किया लगता है। कोश ग्रन्थों में इसका प्रयोग नहीं मिलता।

डामरिक (डामरिकनिकायनायकविद्धवृद्धवराह, १९८।७ उत्त०) बहेलिया। श्रुतसागर ने डामरिक का अर्थ चोर किया है पर सोमदेव के प्रयोग से बहेलिया अर्थ अधिक उपयुक्त लगता है।

तण्डुलीयः (वास्तूलस्तण्डुलीय, ५१६।७) श्रुतसागर न इसे अल्पमरिषशाक कहा है। इसे आजकल चोलाई कहते हैं।

तपस्विनी (समधस्थानमिव तपस्विनी प्रचुरम् १९५।२ उत्त०) मुण्डीकह्लार

तमंग (१८१।८) : तमग, कगूरा

तमोपह (३७२।८) सूय

तमोरातिमंडल (७।६ उत्त०) सूय

तर्कुकः (विभवाभिवृद्धिस्तर्कुकलोकसत पणाय २६६।३ उत्त०) याचक

तर्ण (तरीतणतुबरतरग २१७।१ उत्त०) नदी में तैरने के लिए बनाया गया घास का बोदा।

तर्णक (राजन्ते यत्र महानि खेलत्तणकमण्डलै, १९७।३, अन्यणतर्णकस्वनाकणनोद्वीपेन, ११।७ उत्त०) वत्स बछड़ा

तरण्ड (तरीतर्णतुबरतरगतरण्ड, २१७।१ उत्त०) पानी पर तैरनेवाला काठ का पटिया जिसे फलक कहते हैं।

तरक्षु (तरक्षुचक्षुदुर्लक्ष्य, १९८।६ उत्त०) जंगली कुत्ते

तरसम् (तरसरसिकराक्षस, ६।५ उत्त०) कच्चा मांस

तरी (तरीतणतुबरतरंगतरण्ड, २१७।१ उत्त०) नौका

तल्लः (५२३ ६) ताल

तलवर (२४५।१७ उत्त०) अगरक्षक, कोतवाल

तलिका (८३।३) कड़ाही

तलिनम् (३०९।५) सूक्ष्म, छोटा

तार (२०९।६) तारा, नक्षत्र

तारेश्वर (तारेश्वर इव चतुरुदधिमध्यवर्तिन, २०९।६) : चन्द्रमा। तारा या तारक नक्षत्रों को कहते है, उनका ईश्वर तारेश्वर।

तुबरतरंग (तरीतणतुबरतरग, २१७।१ उत्त०) पानी पर तरने वाला काठ का पटिया। श्रुतसागर ने इसका अर्थ 'दौघिकफलतरणोपाय' किया है।

तूलिनी (तूलिनीकुसुमकुड्मलाकृति, ३९७।७) सेंमल का पेड़

त्रपु (१८५।७) रांगा

त्रिनेत्रम् (१९७।२ उत्त०) नारियल

त्रोटी (२४९।२) चूंच

तृषिमुख. (१६२।५ उत्त०) : मधर

दर्प (२५३।१) कामदेव, नी० वि० में दर्पक शब्द कामदेव के लिए आया है।

दुराशयः (२०२।२) बुद्ध

दंशाः (५८७।२) दांत

द्रविणोदशम् (समेधितमहस द्रविणो दशम, ३२४।२) अग्नि

द्रयातिग (परिकल्पितौशीर इव द्वया तिगानाम १३४।२) रागद्वेषरहित

दन्दशूक (कुपितेनोध्वचलितदशा दन्द शूकेश्वरेण, ६६।४) सप। द दशूके श्वर = शेषनाग

दन्ति (१९४।१ उत्त०) हाथी पवत

दभ्यमान (क्वचिद्दभ्यमानसागरगण २४९।२) खेदित। दभ धातु से दम्यमान बना ह।

दर्दरीकम् (१०३।२) अनार

दरद (दरदद्रवापाटलफलकान्ति, ४६४।४) हिंगु या हींग

दशलोचन (दशम दशलोचनदंष्ट्रा कुरात ४४२।२) यम

दृष्टान्त (२२३।५ उत्त०) मृत्यु

दृति (चमकारदलितदृतिम १२५।२) चमड की मसक

दाक्षायणीदेश (कबुरितसवदाक्षाय णोदेशम ४६६ ५) आकाश हलायुध कोश म यह शब्द आया ह।

दार्वाघाट (अखवगवदार्वाघाटपटक, २०७।५ उत्त०) सारस

दारू (नादत दारव पादपरित्राणम, ४०८।१) काष्ठ। देवदारु म दारु शब्द अब भी सुरक्षित है। बुदेलखण्ड में कहीं-कहीं लकडी को अभी भी दारु कहा जाता है।

दासेरक (दलितदाम दासेरभक, १८५।१) ऊट

द्वापर (५७२।८) सदेह

दिव्यचक्षुस् (१२८।१) अन्धा

द्विजातिः (वसन्त इव समानन्दित द्विजाति, २१०।२) कोकिल

द्विजिह्व (३४६।४) दोगला, चुगल खोर सप, दुजन

द्विप (१९९।२ उत्त०) हाथी

द्विरदन (द्विरदनकुलेषु ११।४ उत्त०) हाथी। सभवतया यहाँ, द्विरद और नकुल दो पद हैं। श्रुतसागर न एक पद माना है और हाथी अथ किया है।

दिनाधिप (१९७।३ उत्त०) सूय

दिवाकीर्ति (दिवाकीर्ते नप्ता, ४०३।४) नाई

दीदिवि (अतिदीघविशदच्छविभि र्दीदिभी, ४०१) भात

दीविन् (उद्दीणदपदीवितुमुलकोला हल २०८।७ उत्त०) जल सप

दुमल (बलवद्बलालोन्मीलितदुमला कुलकलमप्रचारम १९९ ७ उत्त०) वृप

दुर्वर्णम् (दुतदुवणरसरखाकचिभिरिव मरुमरीचिवीचिभि, ६६ २) चाँदी। सोमदेव ने इसका प्रयोग एकाधिक बार किया है। (१० ८)

दुस्फोट (१४५ १) मूसल

द्रुहिणद्विज (द्रुहिणद्विजकुलकोलाहले, २४८ ६) हस। ब्रह्मा का एक नाम द्रुहिण भी है। हस उनका वाहन है। इसी आधार पर सोमदेव ने हस के

लिए द्रुहिणद्विज शब्द का प्रयोग किया है। अन्यत्र ऐसा प्रयोग नहीं मिलता। सोमदेव ने हंस के लिए एक स्थान पर द्रुहिणवाहन भी कहा है (द्रुहिणवाहनस्थितिप्रमेदिषु, ७२।२)।

देवखात (मरुत्स्थलेष्विव देवखातेषु, ६८।५) अगाध सरोवर

दैर्घिकेयम् (परिस्फायत्सु दैर्घिकेय कान्तारेषु, ६७।३) कमल, दीर्घिका में उत्पन्न होने वाला। अर्थ के आधार पर सोमदेव ने यह शब्द स्वयं रच लिया है। कोश ग्रन्थों में इसका प्रयोग नहीं मिलता।

द्रौलेय (पंकिलगतगर्वरमिलद्द्रौलेय वाले २१७।५ उत्त०) कच्छप, कछुआ

द्युसद् (१९८।६) : देव

ध्वजिन् (ध्वजकुलजातस्तात, ४३०। १) तेली

ध्यामलम् (निश्चयमिधूमध्यामलेषु ६६। १) मलिन

धगद्धगिति (२२७।३ उत्त०) धगधग होता हुआ, व्यवहार में धधक-धधक कर जलना का प्रयोग होता है।

धनंजय (प्रवर्धमानध्यानधैर्यधनंजय— ६२।३) अग्नि

धृतराष्ट्र (२०६।५ उत्त०) धृतराष्ट्र, हंस

धृष्णि (प्रहितधामधृष्णिसंधुक्षित, १९।३) सूर्य-किरण

धान्वन्वरा (धान्वन्वरारम्भेष्विव प्रविषु, ९८।५) मरुभूमि

धिष्ण्यम् (धनदधिष्ण्यमिवाण्यस्यानु-परिगतम्, २४६।१) मन्दिर, कुबेर के मन्दिर को धनदधिष्ण्य कहते थे।

धूमकेतुः (२५४।८) अग्नि

धेनु (१८४।६ उत्त०) दूध देनेवाली गाय

धेनुप्रिया (४९७।६) : हथिनी

धेनुष्या (११।७ उत्त०) उत्तम गाय

नखायुध (६८।१) शेर

नन्द्यावर्त (स्वस्तिकनन्द्यावर्तविन्यासामि, २९७।५) एक मांगलिक उपकरण

नन्दिनी (नन्दिनीनरेन्द्रस्य, १३५।१) उज्जयिनी

नमतम् (नमताजिनजेणाजीवनोटजाकुले २१८।९ उत्त०) ऊनी नमदे, ऊन को कूटकर बनाया गया मोटा वस्त्र। आज भी कश्मीर में नमदे बनते हैं। निर्णयसागर वाली प्रति का नमत पाठ गलत है।

नरकारि (२९३।७ हि०) : विष्णु

नाकु (अनेकनाकुनिर्मकनिर्मोक, ११८। ४ उत्त०) वल्मीक, साँप का बिल जिसे देशी भाषा में 'बाँबी' कहा जाता है।

नागरंग (९५।५) : नारंगी

नाटेर (१९४।२ उत्त०) अभिनेता श्री० वि० में नाटेर का अर्थ अभिनेत्री का लड़का किया है।

नाकौकस (१२४।१० उत्त०) : बन्दर

नाथहरि (कन्याधमाथहरिकुमुद्वाष्यमान, १८५।३) पशु

नालीकिनी (आकुलमवलालीकिनी-काननम्, २१७।३) कमलिनी
नासीरः (तव नासीरोद्धतरेणुराग, १८५।६) सेना
निगल (४४०।९) लोहे की सांकल
निगद्यागमम् (निगद्यागममिव गहनाव सानम १९३।५ उत्त०) गणित शास्त्र
निचिकी (निचिकीनिटलनिक्षिप्यमाण, १८४।८ उत्त०) गाय। कलोर या उत्तम नई गाय
निचुल (निचुलमूलविलनिलीन १०१।६) वृक्ष
नित्यजागरूकसुत (१८७।३ उत्त०): कुत्ता
निप (४९।२) घड़ा
निपाजीव (निपाजीव इव स्वामि स्थिरीकृतनिजासन ३९०।७) कुम्भकार
निलोठनम् (सोपानमार्गेण निलोठित, १९०।८ उत्त०): लुढ़काना। लुठ धातु से नि उपसर्गपूर्वक निलोठिन् शब्द बनाया गया है।
निलिम्पक' (१८।२) देव। मो० वि० में निलिम्प शब्द आया है।
निवर्तनम् (त्रिचतुराणि निवर्तनान्यति क्रान्तम् १३९।२) श्रुतसागर ने इसे क्षेत्रमपमान कहा है। व्यवहार की भाषा में दो तीन फर्लांग, इसी तरह दो-तीन खेत या निवर्तन कहा गया है।
निशादर्श (८५।३) चन्द्र
नशीथिनी (३५७ ४) रात्रि
निश्रेणीकम् (असोढतलमपि सनि-श्रेणीकम १९७।१ उत्त०): खजूर वृक्ष
निषद्या (२२५।१ हि०) शाला, भवन
निष्कुटोद्यानम् (निष्कुटोद्यानपादप, २०५।३) गृहवाटिका
नीक (असमनीकरसिकमपि सकबन्धम् १९७।३ उत्त०) छोटी नदी, नहर
नेत्र (१६९।५ उत्त०) एक प्रकार का मृग
नेत्रम् (३६८।२) एक प्रकार का महीन वस्त्र
नैकषेय (गोमायुनैकषेयजुष्यमाण, ४९।२) राक्षस
पत्सलम् (भवेत्पत्सलवत्सल ५०८।८) भोजन
पतत्त्रिन् (२५९।८) पक्षी
पट्टिश (प्रासपट्टिशबाणासनम ४६५। १) पट्टिश नामक अस्त्र
पटोलम् (नेत्रचीनचित्रपटीपटोलरल्लिका ३६८।२) गुजरात की पटोल नामक साड़ी या पटोल वस्त्र।
पर्पट (सद्य' सभृष्टा पर्पटा, ५१६।८) पापड़
परमान्न (शकरासम्पर्कसमासन्नै, पर-मान्न, ४०२।४) खीर
परिणय (८१।६ उत्त०) विवाह
परिधानम् (परिधानेन वृत्तमौक्ति पुमानिव, ३८५।८) धोती, 'परधनिया' देशी भाषा में आज भी प्रचलित है।
परुषरश्मि (५९७।१ उत्त०): सूर्य
परेष्टुका (पुरतिथिरिव परेष्टुकाभि, १८६।१ उत्त०) बहुत बार ब्याई हुई

गाय (प्रचुरप्रसूता)।

पल्लवक (मुनिमुग्धकेष्विवखकोषनोचितेषु पल्लवककोकसुपाटीपटेषु, ११।२ उत्त०) : विद्वान्

पलाण्डु (पलाण्डुमुण्डिकाडम्बरम्, ४०५।५) प्याज

पलाशाः (४८।३) राक्षस

पलिक्नी (संख्यातीतानि पलिक्नीभि, १८६।२ उत्त०) गाभिन गाय

पलिश (पलिशदेशाश्रयिणा तेन, १८०।२ उत्त०) जहाँ बैठकर मृग का शिकार किया जाता है उसे पलिश कहते हैं।

पवनाशन (१९।६) साँप

पवनकन्यका (५३१।४) चमर ढोरने वाली कृत्रिम पुत्तलियाँ

पश्यतोहर (२५८।८) देखते-देखते चुरा लेने वाला चोर, सुनार

पस्त्यम् (पस्त्यभित्तिमणिद्योतै, २०६।१) गृह, सोमदेव ने पस्त्य का एक से अधिक बार प्रयोग किया है (प्रचेत पस्त्यमिवाम्बजडाशयम्, ३४५।५)।

पृषत (पृषत्खुरक्षुण्णयमान, २००।२ उत्त०): मृग, हिरन

पृषदाज्य (पृषदाज्येनाभिक्षया च समेधित महसम्, ३२४।२) ताजा घी

पृषदश्व (चापकविलास पृषदश्वेषु, २०२।२): वायु

पंकजातम् (२८१।९) कमल

पंकिल (१६३।४): पापी

पंकेज (४११।६) कमल

पंचजना (नगमभरक्षाभारभ्यवन्मतय-वाये पंचजनै, १४५।४): मनुष्य, पंच कौम

प्रजापति (२०६।२ उत्त०) राजा

प्रचलाकिन् (उपरितनतलचलत्प्रचलाकिबालक, १९।५) : मयूर। भव भूति ने भी प्रचलाकि का प्रयोग किया है (उत्त० २।२९)।

प्रत्यंगम् (असत्यता मीतोऽयं प्रत्यंगकलनिर्देश, १९१।२) सामुद्रिक शास्त्र

प्रत्यवसानम् (१५०।८) भोजन

प्रतारणम् (७३।२ उत्त०) ठगना

प्रचारचरणि (प्रचारचरणिष्विव लोलस्विनीषु ६८।५) गजशिक्षा प्रदेश, नगर के बाहर का वह प्रदेश जहाँ गजों को शिक्षित किया जाता था या घुड़दौड़ आदि होती थी। इसका कई बार प्रयोग हुआ है (प्रचारचरणिषु करिविनोदविलोकनदोहदम्, ४९५।८)। इसे करिविनयभूमि भी कहते थे (४८२।५)।

प्रधि (धान्वन्तरारम्भेष्विव प्रधिषु, ६८।५) कुआँ

प्रणाधि (अवधीरितावोरणप्रणिधिविधिः, २०।५) अंकुश

प्रणालम् (चन्द्रोपलप्रणालकैः, २०५।७) नाली, परनाला देशी भाषा में प्रचलित है।

प्रायोपवेशनम् (प्रायोपवेशनवासिन्यपि कुट्टिनी, ४२९।३) संन्यास

प्रवहणम् (अद्यैव निजमे प्रवहणं कर्तव्यम्, १५०।२ उत्त०) मंजिल-गीत

प्रष्ठौही (वाच्यमानप्रष्ठौहोपक्रम १८५। ३ उत्त०) : कुछ दिन के गर्भ वाली गाय

प्रसवम् (अनवधिप्रचारप्रसवस्तवक, ४६५।२) पुष्प

प्रसंख्यानम् (पारिरक्षक इव प्रसंख्या नोपदेशेषु २३६।२) गणितशास्त्र

प्रस्फोटन (प्रस्फोटनस्फारमारुत-२२६।५ उत्त०) सूप

पाक (शुकपाक, सोत्कण्ठमुत्कण्ठस्व, ३५१ ५) महामत्स्य, श्रुतसागर ने सहस्रदंष्ट्र अर्थ किया है।

पाण्डुरपृष्ठा (५६।५ उत्त०) कुलटा

पाथोनिधि (२५०।४) समुद्र

पामर (पामरपुत्री च यस्य जनयित्री, ४३०।१) : नीच

पारणा (उपकल्पितपारणास्विव, २।१६।१) उपवास के बाद का भोजन

पारदरस (पारदरस इव द्वन्द्वपरिगत ११२।१) पारा

पारिपुख (पारिपुंख इवानात्मीनवृत्ति-रपि, ४१।१) बौद्ध

पालिन्द (पालिन्दमन्दिरोदरसार सरोज्जायमान २४७।४) नरेन्द्र, राजा

पालिन्दी (प्रबलानलान्दोलितपालिन्दी सततिभि, १९९।६) : तरंग, लहर

पिचण्ड (कथ नामायं पिचण्ड स्का मताम्, ४०२।९) पेट, तोंद

पिचुमन्दः (पिचुमन्दकन्दलदलनम्, ४०५।३) नीम। पृ० ७।६ पर भी प्रयोग किया है।

पिण्डी (पिण्डीखण्डखादिनाम् ४२९। ८) खली। तैल निकालने के बाद शेष बचा तिलहन का छूँछ—सीठी

पित्तम् (उद्रिक्तपित्तास्विव ६६।५) : आयु

पिप्पलि (गुडपिप्पलिमधुमरिचै, ५१२।१०) पीपल (छोटी पीपल)

पिष्टातक (पिष्टातकचूर्णा ३३८।४) पिष्टातक चूर्ण। इसके लिए सोमदेव ने केवल पिष्ट शब्द का भी प्रयोग किया है (२२७।५)।

पिठुर (पिठुरापितजस्थमन्थरकपाल-शकलम ४८।६) राक्षस

पिंजनम् (२२३।९ उत्त०) रुई धुनने की पींजन

पितृपति (१५१।३) यम

प्रियाल (प्रियालमञ्जरीकणकलित, १०५।६) प्रियाल वृक्ष

पीलु (मदतिलकितकपोलं पीलुकुलमिव ४६१।८) गज

पुटकिनी (पुटकिनीपुटपटलान्तरंगम् २०७।५ उत्त०) कमलिनी

पुण्यजन (पुण्यजनावासमिवाप्यराक्षस भावम, ३४४।५) यम, सज्जन व्यक्ति

पुण्ड्रेक्षु (पुण्ड्रेक्षुकाण्डमण्डपसंपादनैर्मि, १०३।२) पौंडा, गन्ना सफेद मोटे गन्ने को अभी भी पौंडा, कहा जाता है।

पुलाक (३८६।७): हाथी को खिलाई जाने वाली रोटी।

पुरुदंश (पुरुदंशोनिशाचरलक्षर, ४८।६) : बिलाव, बिल्ली। इसका प्रयोग सोमदेव ने एक से अधिक बार किया है (पुरुदंशोदशनप्रकाशकेषु, १६१।४)।

पुरखूर्ल (मुखेषु पुरखूलवत्, ४२३।९) : लगाम

पुष्पंधय (गलन्तीषु पुष्पधयेषु धृतिषु, ६८।२) भ्रमर

पुष्पदन्तम् (अपहसितपुष्पदन्तं कुवलय कमलावबोधनाद्देव, ३२८।३) चन्द्रसूय

पुष्पशर (१६०।७) कामदेव

पुष्पास्त्र (१२४।९) कामदेव

पूतनम् (अराक्षसमेत्रमपि सपूतनम्, १९६।३ उत्त०) : राक्षसी

पूतिपुष्पफलम् (पूतिपुष्पफलदुष्टदशाविदानीं वृक्षोरुही, १२४।५) कपित्थ, कैथ

पूषन् (द्यौ पूष्णा भोगिलोकी, २३१।४) सूय

पोगण्ड (पोगण्डचाण्डालादिकादृशोक, ३३२।२) विकलांग

पौत्री (पौत्री च मुस्तावन, ६११।४) : जंगली सुअर

पोताधानम् (कमलमूलनिलीयमानपोताधानम् २०८।६ उत्त०) छोटी मछली

पौरोगव (समस्तसूपकारस्वामिगमपाटनाय पौरोगवाय, २२२।४ उत्त०) रसोइया

फेलाभुक् (फेलाभुक् प्रतिकूल, ५११।३) : जूठनखोर, एक अन्य प्रसंग में फेला को जूठन कहा है (१२८।४)।

बभ्रु (बभ्रु शिखण्डतनयस्य भवेन्न दृष्ट, ५११।१०) नकुल

बस्त (१८४।५ उत्त०) बकरा

बृहती (१९५।२ उत्त०) क्षुद्र वार्ताक

बृहद्भानु (५८।१) अग्नि

ब्रध्न (ब्रध्नदीधितिप्रबन्धाग्नि, ४५।६) सूय

ब्रह्मचारिन् (अप्रकमाश्रममपि ब्रह्मचारिवृक्षम्, १९६।१ उत्त०) पलाश, पलाश के लिए केवल ब्रह्मतरु का भी सोमदेव ने उपयोग किया है (३।२, २०१।८ उत्त०)।

बकोट (बलाचाटबकोटचेष्टितचकित, २०८।५ उत्त०) : बक, बगुला

बालधि (बालधिषु च नियुक्तयमदण्डैरिव, २९।१) पूछ

भण्डनम् (भण्डनीभूमटरटद्गलान्तरै, ११५।४, सकुलमण्डनादृभीतम्, ११५।७) युद्ध, झगड़ा

भण्डिल (सोऽपि भण्डिल ११११५) कुत्ता

भल्लूक (हरिणप्रमाणमयवीतभल्लूकनिकरम १९८।४ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अर्थ भृगाक किया है। देशी भाषा में भालू, रीछ को कहते हैं।

भविल (भविल इव नावसे वारय पाद-परित्राणम्, ४०८।१) महामुनि

भ्रमणिका (राजाद्य भ्रमणिकाया गतस्तरुमूल, १०१।९ उत्त०) वाटिका, श्रुतसागर ने इसका अर्थ वनक्रीड़ा किया है। मुद्रित प्रति का भ्रमणिकायां पाठ अशुद्ध है।

भृशायमान (५३।३ उत्त०) तेज गतिशील

भाम (४२६।८) बहनोई
भोजप्रबन्ध तथा मो० वि० में भी यह शब्द आया है।

भुजिष्या (सरस्वती विनोदभुजिष्यव, २२३।७) गणिका

भूदेव (८८।९ उत्त०) ब्राह्मण

भोगीन्द्र (५०४।८) शेषनाग

मकर (उन्मत्तमकरकरास्फालनोत्ताल लहरिका २०९।१ उत्त०) जलगज

मठ (मठस्थानमिदं नैव, ३८३।८) छात्रालय

मण्डल (१२।५) कुत्ता

मण्डलव्यूह (दण्डासहतभोगमण्डल विधीन ३०४।५) मण्डलाकार व्यूह रचना

मण्डूकी (१५३।६ उत्त०) मेंढकी

मध्यस्थ (त्रिविष्टपव्यापारपरायणा-वस्थे मध्यस्थे, २५०।३) यम

मधुक (मधुकलोकविहितमंगलानि, २२८।१) बन्दिजन स्तुतिपाठक

मन्द (स्त्रीवृन्दमिव मन्दस्य, ७।२) नपुंसक

मन्द (९५।६) शनिश्चर नामक ग्रह

मन्धीरम् (पुराणतरमन्दीरमेखलालंकृत-३९८।६) मथानी की रस्सी

मनीषा (गुणेषु ये दोषमनीष-यान्धा, ११।१) बुद्धि

मय (मयमहिषमयमातंग, १४४।१, मयमुक्तस्फीतफेन, ५२४।३) ऊँट

मयु (मयुमिथुनसंगीतकानन्दिनि, २३०।२) किन्नर, गन्धर्व

मरालः (मरालकुलकामिनी २०७।४ उत्त०) : हंस

मराली (२४९।४) हंसी

मरिच (गुडपिप्पलिमधुमरिचै, ५१२।१०) मिर्च

मल्लिकाक्ष (अनेकमल्लिकाक्षकुटुम्बिनी २०८।२ उत्त०) हंसविशेष

महामण्डल (महामण्डलावगुण्ठितगल नाल ३०९।३) सर्प विशेष

महीन (यस्यत्थ तव महिमा महीन) : पृथ्वीपति राजा। मही-पृथ्वी उसका इन —स्वामी महीन।

मृगदंश (१८६।५ उत्त०) कुत्ता

मृगधूर्त (परव्यसनान्वेषणाय मृगधूर्तस्यव मन्दमन्दप्रचार, ४३९।८) सियार

मृगादनी (वल्लयोऽपि मृगादनीप्राय, २००।७ उत्त०) एक प्रकार की लता

मृषोद्यम् (७२।१) असत्य वचन

माकन्द (माकन्दमंजरीहृदयंगम, २१३।१ माकन्दमंजरीव पुष्पाकरस्य, २२३।३) : आम्र

मागधी (रघुवंशमिव मागधीप्रभवम् १९४।३ उत्त०) : पिप्पली

मार्गायुक (निसर्गान्मार्गायुकक्रमस्य, १८६।७ उत्त०) मृगया कुशल, शिकार करने में चतुर।

मार्जनीयदेश (समाश्रित्य मार्जनीय देशमाचरितोपस्पर्शन, ३२३।५) हाथ पैर धोने का स्थान

मातृनन्दन (अमहानन्मीदिनमपि समातृनन्दनम १९७।१ उत्त०) करज वृक्ष

मातरिश्व (विनीयमानात्मनि मातरिश्वनि, २५०।५) वायु

माम (मायसमोऽपि च माम ४२६। ८) श्रुतसागर ने इसका अर्थ मामा श्वसुर किया है। माँ के भाई को व्यवहार में मामा कहा जाता है।

मायाकार (स्वपरजनपरीक्षणमाया कार मायाकार, १९२।७ उत्त०) प्रतिहार

मालूरम् (अवालमालूरमूलक ४०५।१) विल्व

माष (मुनीत माषसूपम् ५१२।११) उड़द

माहेयी (माहेयीदोहध्याहाराहूयमान १८५।६ उत्त०) जिस गाय को दुहते समय घर-घर्र की आवाज होती है।

मिण्ठ (स्वानायानेतुमीशा यदपि कुलरतीन् हस्तिनो नैव मिण्ठा ७०।२) गजपरिचारकों का मुखिया, जो गजों को नहलाने धुलाने आदि का काम करता था। बाण ने भी मेण्ठ का उल्लेख किया है (हर्ष० २०६)। हिन्दी में मेठ शब्द मजदूरी करने वालों के नायक के लिए प्रयुक्त होता है। यहाँ भी संभवतया छोटे गज-परिचारकों के मुखिया जमादार के लिए मेण्ठ आया है।

मुण्डिका (एरण्डफलपलाण्डुमुण्डिका-डम्बरम्, ४०५।५) शाक विशेष

मितद्रुष (मितद्रवखुरक्षोभित ४६५। १) अश्व, सोमदेव ने मितन्द्रु और मितद्रव दो शब्दों का प्रयोग किया है (१४४।१)।

मितपच (मितंपचानामग्रेसर, ४०३। ७) कृपण, कंजूस

मिहिर (दद्भुवेन मिहिर जयतिप्रय-करम्, ५४४।६) मेघ

मेघराव (वर्षारात्रमिव घनमेघरावम्, १९४।३ उत्त०) मयूर मेघों को देखकर मयूर बोलता है। इसलिए भाव के आधार पर मयूर को मेघराव कहा है।

मैथुनिक (मैथुनिकः शबरकस्यास्तर कस्य ४०३।५) स्याला, साला पत्नी का भाई। मराठी में साला को 'मेहु-णिया' कहा जाता है।

मोदकम् (मोदकमन्थमठिकावलोकनात् ८८।५ उत्त०) लड्डू

मुग्धमति (प्रतार्यते मुग्धमतिर्न केन, १४।७ उत्त०) : मन्द बुद्धि

मुनिजन (काननबीरिव संचरन्मुनि मुनिजनमोकरा च २०६।४ उत्त०) तापस पक्षी

मूषक (कोलाहलावलोकमूकमूकक लोकम्, २०८।७ उत्त०) मढूक, मेंढक

मूर्छेन्ति (२०।२) : निकलना, प्रकट होना के अर्थ में इसका प्रयोग हुआ है।

मूर्धीश्वर (९।९) : समीक्षक

मुर्मुर (विनिर्मितमुर्मुरोपहारास्विव, ६५।१) अंगार

मूलक (मालूरमूलकचक्रकोपक्रमम ४०५।१, भुञ्जीतमाषसूप मूलक सहित न जातु हितकाम, ५१२।११) मूली

मूषा (विताप्यमानमूषाशुषिरष्विव ६५।३) श्रुतसागर न इसका अथ स्वण गलाने वाली घरी किया है। वैसे यहाँ चूहा अथ भी सगत बैठ जाता है।

मौकुलि (संतत धवलमौकुलिनाद, २२९।६) कौआ

यक्षकर्दमम् (२८।२ उत्त०) ककोल, अगरु, कपूर कस्तूरी को मिलाकर बनायी गयी सुग धी। इसे चतु सम सुगन्धी भी कहते ह।

यजत्रम्(निर्वर्तितयजत्रकमभि, १८५।३ हि०) हवन करना

यन्त्रधारागृहम् (३९।१० हि०) स्नानगृह

यवागू (८८।९ उत्त०) लप्सी

यष्टि (३०१।७) लाठी

यागनाग (२८८।७) पट्टहस्ति, गजशास्त्र में इसके विशेष गुणो का वणन है। सोमदेव ने भी अन्यत्र गज प्रसग में उनका विवरण दिया है।

याद् (५२३।५) जलजन्तु

यायजूक (३२।३) हवन करनेवाला

यावक (५६।३ हि०) अलक्तक

यावनाल (२५६।५ हि०) जुवार

याष्टीक (२१४।३ हि०) प्रहरी

रजनि (रजनिरसश्चूणरजसीव, ४२२।७) हल्दी

रतिचतुर (रतिचतुरविकरनखमुखाव लिख्यमान ३५।६) कबूतर

रक्ततुण्ड (१९८।१ उत्त०) तोता

रक्ताक्ष (१८५।२ उत्त०) भैंसा

रद्दिन् (मदनरदिमदोद्दीपनपिण्डे, १५।१ उत्त०) हस्ती, रदिन् का कई बार प्रयोग हुआ है।

रल्लक (२००।५ उत्त०) रल्लक नामक जगली बकरा। इसके ऊन से बना वस्त्र रल्लिका कहलाता था। सोमदेव ने रल्लिका का भी उल्लेख किया है। कोश ग्रथों में रल्लक को एक प्रकार का मृग कहा गया है।

रल्लिका (३६८।२) रल्लक नामक जगली बकरे के ऊन से बना वस्त्र।

रसवतीगृहम् (तस्मिन्नेव रसवतीगृहे सकलरसप्रसाधन, २२२।६ उत्त०) रसोई घर

रंकु (२००।३) एक प्रकार का मृग (नघ० २।८३)।

राजिका (४०६।१) राई।

राक्षणशाक (९८।७ उत्त०) मांस

रिंगिणीफलम् (२५७।२ हि०) : भट कटया, कटकारी

रुरु (२००।४) मृग विशेष

रेरिहाण' (रेरिहाणनिवहविहार इव, ६०५।७) महिष, भैंसा
रोदः (२०।५) आकाश
लगुडम् (२१६।७ उत्त०) लकुटदण्ड, लट्ठ
लक्ष्मण (२०६।५ उत्त०) लक्ष्मण (राम का छोटा भाई) सारस पक्षी
लतान्तम् (९७।१) फूल
लटह (११३।७) सुन्दर
लटहगति (१५।४) ललित गमन
लयनम् (१३४।१) श्रुतसागर ने इसका अर्थ शिलोत्कीर्ण गृह किया है। यहाँ गुफा से तात्पर्य है।
लम्बस्तनीकम् (१९७।२ उत्त०) चिंचावृक्ष
लक्ष्मी (१९५।१ उत्त०) लक्ष्मी, भर ऋष्भृंगी नामक औषध
लंजिका (४१७।५) वेश्या
लांगली (३।३ उत्त०) जल पिप्पली
लाबाटिक' (१६४।५) नौकर
लुलाय (५२३।६) महिष, भैंसा
लूता (२६३।१०) मकड़ी
लेखपत्रम् (१९७।२ उत्त०) ताड़पत्र
लेखिक (४५।३ उत्त०) लेखिक नामक गज-परिचारक, जो हाथियों को तेल लगाने आदि का काम करता था। बाण ने हर्षचरित में लेखिक परिचारकों का उल्लेख किया है।
लोच (प्रजायायामलोचपूर्वैर्यैः, ४१६।५) केश, बाल
लोमचूड़ः (४६६।५) मुर्गा
लोहल' (विविधभाषोद्धुरल्लापलोहलैः, २४७।६) अव्यक्त
व्यजन' (२०५।६) पंखा
व्याघ्री (२००।७ उत्त०) लता विशेष
व्याली (५१।३ उत्त०) दुष्ट हथिनी
व्योमकेश (२१।२) शिव
वत्सजम् (४०२।६, ५०८।८) मोचन
वर्धमानम् (१९६।२ उत्त०) एरंड वृक्ष
वनीपक (१८।२) स्तुतिपाठक
वनेजम् (२४३।४) कमल, पानी का एक नाम 'वन' भी है। वन में उत्पन्न होने के कारण इसे 'वनेज' कहा है।
वप्र (४३।३) पिता, बीज डालने वाला। संभवतया 'बाप' इसी से बना है।
वर्धरक (१८४।५ उत्त०) : शिशु
वर्षवरः (१३३।३) नपुंसक
वराह (१९८।७ उत्त०) : सुअर
वराहवैरी (१८८।३ उत्त०) कुत्ता
वल्लक' (उच्छूनोद्वेल्लितवल्लकराजक, ४०५।५) : कण्वा
वल्लवी (१९८।५) गोपी
वल्ली (२०० ७ उत्त०) लता
वल्लूरम् (स्वपुर्लूनवल्लूरम्, ४९।५) मांस
वक्काल' (वलं वकाल, २१९।२) : वायु, पृ० १९९।७ उत्त० में भी इसका प्रयोग हुआ है।
वलीकम् (तुहिनतरुविनिर्मितवलीकान्त-रसुखद ", २९।२ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अर्थ पट्टिका किया है। संभव-

तथा उसका अभिप्राय खूटी से है।

बष्कयणी (१८५।४ उत्त०) बहुत दिन की ब्याई गाय, 'बकेन' या 'ठोकरी गाय' देशी भाषा में कहते हैं।

वशा (वशया वनगज इव, २७।९ उत्त०) हस्तिनी

वसा (१८६।२ उत्त०) बन्ध्या गाय

वहित्रम् (३८८।८) : नौका

वृक (२१९।१) बकरा

वृन्ताकम् (५१६।७) बैंगन

वृष्णिका (१८४।६ उत्त०) बूढ़ी गाय

वृष' (२०४।२ उत्त०) मूसा या चूहा

वागुरा (२५३।२) : जाल, बाघन का जाल

वाजि' (१८६।१ उत्त०) अश्व

वाजिन् (३०८।५) : बाज पक्षी

वार्ताकम् (४०५।४) बैंगन

वातूल (४६।६) वायु, अधड़

वाध्री (१२२।४) : चमड़े की रस्सी

वान्ताद' (१८८।४ उत्त०) कुत्ता

वानर (१९९।४ उत्त०) बन्दर

वामना (१९६।२ उत्त०) हथिनी

वामनम् (१९६।२ उत्त०) मदन वृक्ष

वामलूर (२०४।४ उत्त०) वल्मीक, सांप की बाँमी

वारवनिता (४१।३) वेश्या, चकली

वारला (२४३।४, २०९।५ उत्त०) हंसिनी, कोशों में वरटा शब्द आता है।

वारस्त्री (३२३।३) वेश्या

वाली (सैकतोल्लोलवालीविहारवाचाल-वारलम २०९।५ उत्त०) लहर, तरंग

वालेयक' (१८६।२ उत्त०) गधा

वास्तुल (वास्तुकस्तण्डुलीय ,५१६।७) वास्तुल शाक, सम्भवतया जिसे आज कल 'बथुआ कहते हैं।

वासनेयी (४६।२ उत्त०) रात्रि

वासव (३१५।७) मेघ

वाहरिका (बीरणप्ररोहवल्पयस्त-वाहरिके, ३०।५) हाथी बाँधने का खूँटा। श्रीदेव ने हाथी के पीछे के पैर का बाँधने वाला खूटा अर्थ किया है। देशी भाषा मे इसे 'पिछाड़ी' कहते हैं।

वाहा (१९२।१) : भुजा बाँह

विकर्तन (७१।१०) सूर्य

विकृत (४८६।१) रोगी

विकिर (५८ ८) पक्षी

विचकिल (५२८।५, ५३२।३) मोगरा पुष्प

विजया (१९४।४) हरड नामक औषधि

वितर्दिका (९९ ४) वेदिका, कोशों में वितर्दि का प्रयोग आया है। महा वीरचरित में वितर्दिका भी आया है (६।२४)।

विधि (२०।४) नर्तन – बाजना

विनियोगाः (१६१।७ उत्त०) अधिकार राजाज्ञा

विनेय (७२।४ उत्त०) शिष्य, विद्यार्थी

विटंक* (२०।१, ५९८।७) : श्रुतसागर ने इसका अर्थ एक स्थान पर पक्षियों को बैठने के लिए बाहर निकाले गये मकान तथा दूसरे स्थान पर वरण्डक किया है ।

विरसाल (४०४।५) राजमाष उड़द की एक जाति

विरेय (६८।१) तालाब, पोखरा शब्दार्थ चिन्तामणि में नदी के लिए विरेफ शब्द आया है ।

विरोचन (५२।२, ६५।२) सूर्य अग्नि

विलात (१९८।६ उत्त०) भील

विलेशय (बालविलेशयवेष्टितविटप-भागम ४६२।३) : सर्प

विश्वकद्रु (११५।५) कुत्ता, सोमदेव ने इसका कई बार प्रयोग किया है । श्रुतसागर ने इसका अर्थ शिकार करने में कुशल कुत्ता किया है । अभिधान चिन्तामणि में भी विश्वकद्रु का यही अर्थ किया गया है (४।३४७) ।

विश्वव्याप्ति (१५५।१) सूर्य

विशसनम् (२८।६) हिंसा, पशुवध

विष्टि (४२७।४) बेगार लेना, बिना मूल्य दिये मजदूरी कराना ।

विष्वद्रीचिः (६५।१) सर्वत्र, संसार भर में

विष्वाणम् (१३४।६) मिला हुआ भोजन, भोजन (शब्दरत्नाकर ३।६३)

वीरण (३९०।२) गंधं, घास (कहा० १।१२।१७)

वीवध (२००।७ उत्त०) कला विशेष

वेडिका (२१७।१ उत्त०) : छोटी नाव

वेताल (२१।७) भूताविष्ट मृतक शरीर

वेतुण्ड (२९१।५) : हाथी

वेल्लिक* (१९८।६ उत्त०) * बालक, सोमदेव ने भीलों के बालकों को विलात वेल्लिका ' कहा है ।

वेलावनम् (२२१।४) समुद्रतट के बगीचे

वेसर (१८६।३ उत्त०) श्रुतसागर ने इसका अर्थ द्विशरीर किया है ।

वेहा (१८६।२) गर्भ गिर गयी गाय को 'वेहा' कहते हैं ।

वैकक्ष्यम् (२४।६ उत्त०) दुपट्टा, ओढ़ने का चादर

वैकक्षक (३९६।५) दुपट्टा, ओढ़ने का चादर

वैवस्वत (२१६।६ उत्त०) यम (रामा, १५।४५)

वैशिकम् (२६।१ उत्त०) माया, छल

श्वेतपिंगलः (१८६।७ उत्त०) सिंह

श्यामाक (४०६।४) साँवाँ (शाकु०-४।१३) ।

शकुल (४४०।७) : मत्स्य, मछली सोमदेव ने इसके शकुल और शकुलि दो रूपों का प्रयोग किया है (२४७।१ उत्त०) ।

शतमख (३६४।५) इन्द्र (कुमार०-२।६४, रघु० ९।१३) ।

शर्करिल' (५२।९ उत्त०) रेतीला प्रदेश

शरमासुस' (१८७।८ उत्त०) कुत्ता

शष्कुलि (५१२।९) कचौड़ी

शल्लक (२००।४ उत्त०) सेही नामक जंगली पशु। इसके सारे शरीर में बड़े बड़े कांटे होते हैं।

शम्भली (१८८।७ उत्त०) दासी

शम्भु (३४६।२) सुख देने वाला

शासितव्रत (४०८।६) श्रुतसागर ने इसका अर्थ दिगम्बर किया है। मनुस्मृति (१।१०४) में लिखा है कि उसका अध्ययन करने वाला ब्राह्मण कहलाता है।

शिखामणीयमान (४५४।२) शिर के मणि की तरह होता हुआ।

शिपिविष्ट (सहाराविष्ट शिपिविष्ट इव १४७।४) महादेव

शिवप्रिय (१९५।५ उत्त०) धतूरा वृक्ष

शिशुमार (२१४।६ उत्त०) मगर (महा० १।८५।१६)।

शुचि (४०८।३) अग्नि

शुनीसूनु (१९०।८।उत्त०) : कुत्ता

शूर्पकाराति (४११।४) कामदेव, कामदेव के लिए शूर्पकाराति शब्द कुषाण युग में प्रचलित हो गया था। बुद्धचरित तथा सौन्दरानन्द में शूर्पक नामक मछुये की कहानी का उल्लेख है। वह पहले काम से अविजित था पर बाद में कुमुद्वती नामक राजकुमारी की प्रार्थना पर कामदेव ने अपने वश में करके राजकुमारी को सौंप दिया।

शेषा (शेषाया तन्दुला करे, ४१६।८) आशीर्वाद

श्रायसम् (७०।५ उत्त०) : कल्याणप्रद (पाणिनि)

श्रीफल (४५९। ४) : बिल्व वृक्ष

स्तभ' (१५०।७) बकरा

स्थानम् (७०।२) गजशाला

सकुटीः (सकुटीकुट्टिता घोटिकेव, ५३।३ उत्त०) अश्वशाला

सत्रम् (१९९।५) दानशाला

समय (५२।२) शास्त्र

समर्थस्थानम् (१९५।२ उत्त०) : आश्रम

समांसमीना (१८६।१) प्रतिवर्ष ब्याने वाली गाय।

सर्वंकषः (१४२।६) यम

सलिलतूलिका(५२९।५) जलशय्या, पानी के बीच में बनाया गया शयनस्थान।

सवनगृहम् (५०७।४) स्नानघर

संधिनी (१८६।२) गर्भिणी होने के बाद वृषभाक्रान्त गौ।

संवर (२०६।४ उत्त०) भृंग वृक्ष

संवाहक (४०३।५) तेल मालिश करनेवाला।

संस्थपति' (२८९।१) वास्तु विद्या विशेषज्ञ

संस्थित' (१५०।६) मृत

संसर्गविद्या (२०२।३) श्रुतसागर ने इसका अर्थ भरतशास्त्र किया है।

संस्कृत कोषों में (मो० वि०) समाज विज्ञान अर्थ दिया है।

सागर (३४९।२) अश्व

सामज (४८९।५) गज, सोमदेव ने गज के लिए सामज शब्द का प्रयोग कई बार किया है।

सावित्र (४६६।१) सूर्य

सारणी (५२५।३) कृत्रिम नदी, नहर

सारसनम् (१५०।६) करधनी

सारंग (३४९।३) गज

सालूर (१४४।२) मेंढक

सिचय (१९।१) : वस्त्र

सिताम्बुजम् (२११।९) सफेद कमल

सिद्धार्थक (२२।९) : पीला सरसों

सिद्धादेश (२।१०) सिद्ध पुरुष का कथन

सिद्धायः (४२७।४) कर

सिन्धुरद्विपः (५२४।१) सिंह

सुदर्शना (१९४।५ उत्त०) इस नाम की औषधि

सुवर्णः (५३।३) स्वण, राजकुल

सुव्रता (१८६।२ उत्त०) सहज दुहने वाली गाय।

सुविदत्रम् (सुविदमवस्तुव्यस्तहस्तै, ३२४।५) मांगलिक वस्तु

सुधा (१५२।८) : जल

सूतिकासद्म (२२६।७) प्रसूति गृह

सुरवारण' (२४५।८ उत्त०) : ऐरावत हाथी

सुरसुरभि' (१८५।८ उत्त०) : कामधेनु

सूनाकृत (सूनाकृतो गृहमुपेत्य ससारमेयम्, ४१५।७) श्रुतसागर ने इसका अर्थ खाटकिन् किया है। आजकल खटीक कहते हैं।

सोभाजन (४०५।४) सहजन वृक्ष

सोमम् (१९६।३ उत्त०) हरीतिकी नामक औषधि, हरड़

सौखशायनिक' (३६६।५) सुख शयन की बात पूछने वाला।

सौरभेय (९८।२) बैल

सौवस्तिक (४५२।१०) पुरोहित

हरिण' (१८२।३) स्वग

हरितवाहवाहन (८५।१) : सूर्य

हरिहस्तिम् (१२।५ उत्त०) ऐरावत (इन्द्रका हाथी)

हल्ल' (सोल्लासहल्लानना, २२७।३) आशीर्वाद देने वाला

हलम् (१३।४) मित्र, हल

हलम् (२९६।५) पैरों की अंगुलियाँ

हंसायित (१२८।७) हंस के समान आचरण

हिंजीरकम् (६१७।१०) नूपुर

चित्र फलक

फलक 9

चित्र सख्या

१ कचुक (प० १३१) कचुक या चोली पहने श्रीकठ जनपद (थानश्वर) की स्त्री। (अहिच्छत्रा क खिलौन सख्या ३०७)

२ चोलक (क) (प०१३३) मथुरा से प्राप्त कनिष्क की मूर्ति म खुले गले का चोलक।

३ चोलक (ख) (प० १३३) मथुरा से प्राप्त चष्टन की मूर्ति म तिकोनिया गले का चोलक।

४ चण्डातक (क) (प० १३४) चण्डातक पहने चामरधारणी परिचारिका (औंध कृत अजन्ता फलक ७३)

५ चण्डातक (ख) (प० १३४) चण्डातक पहन लक्ष्मी। (अमरावती स्कल्पचस फलक ४ चित्र २९)

फलक १

१ कचुक

३ चोलक (ख)

४ चण्डातक (क)

२ चोलक (क)

५ चण्डातक (ख)

फलक २

चित्र सख्या

७ उष्णीष (पृ० १३५) भरहुत, साँची तथा अमरावती की कला में अंकित विभिन्न प्रकार के उष्णीष (क से घ तक)। (अमरावती० फलक ७)

७ पट्टिका (पृ० १३५) मस्तक पर अशुक नामक रेशमी वस्त्र की उष्णीष पट्टिका। (अजन्ता फलक २८)

८ कौपीन (पृ० १३५) कौपीन पहने तापस। (अमरावती० फलक ९ चित्र १)

९ चीवर (पृ० १३६) चीवर पहने बौद्ध भिक्षु। (वही चित्र १४)

१० उत्तरीय (पृ० १३५) तरगित उत्तरीय। (देवगढ गुप्तकालीन मदिर की मूर्ति से)

फलक २

फलक ३

चित्र सख्या

११ किरीट (प० १४०) किरीट धारण किये इन्द्र । (अमरावती० फलक ७ चित्र ८)

१२ मुकुट (प० १४१) अजन्ता गुफा १ में वज्रपाणि । बोधिसत्त्व क चित्र म अकित मुकुट । (अजन्ता फलक ७८)

१३ अवतस (प० १४१) नीले कमल का बना अवतस । (अमरावती० फलक ८ चित्र २०)

१४ कर्णिका (प० १४३) पष्प की पखुडियो को ऊपर की ओर मोडकर बनाय गय अवतस । (वही फलक ७ चित्र १८)

१५ कणपूर (प०१४२) पत्राकुर का कणपर । (अजन्ता फलक ३३)

१६ कर्णोत्पल (प०१४३) खुली पखुडियो वाला कर्णोत्पल । (वही)

१७ कुण्डल (पृ० १४४) गोल आकार का कुण्डल । (वही) दोहरी लडी तथा बाली युक्त कुण्डल । (चित्र १७)

१८ एकावली (प० १४४) अजन्ता गुफा १ में वज्रपाणि बोधिसत्त्व के चित्र म मध्यमणि से युक्त एकावली । (वही, फलक ७८)

१९ कठिका (प० १४६) गले म कण्ठी पहने लक्ष्मी । (अमरावती० फलक ४, चित्र २९)

फलक ३

११ किरीट

१२ मुकुट

१३ अवतंस

१४ कर्णिका

१५ कर्णपूर

१६ कर्णोत्पल

१७ कुण्डल

१८ एकावली

१९ कण्ठिका

फलक ४

चित्र सख्या

२० हार (प १४६) बज्रपाणि बोधिसत्व के चित्र में अकित हार। (अजन्ता फलक ७८)

२१ हारयष्टि (पृ० १४६) हारयष्टि या इकहरी माला। (अमरावती० फलक ८ चित्र ६)

२२ अगद और केयूर (प० १४७) अगद और केयूर नामक भुजा के आभूषण। वही चित्र ७ ८)

२३ ककण (प० १४७) ककण नामक कलाई का आभूषण। (वही चित्र ९ ११)

२४ वलय (पृ० १४७) वलय नामक कलाई का आभूषण। (वही चित्र १५)

२५ मेखला (प० १४९) मेखला नामक करधनी जिसे पहनकर चलने से आवाज होती थी। (वही चित्र २६)

२६ रसना (प० १४९) दोहरी लडी का रसना। (वही, चित्र २८)

२७ काची (पृ० १४८) इकहरी लडी की ढाली ढाली करधनी या काची। (वही चित्र ३४)

२८ घर्घरमालिका (प० १५०) घघरमालिका नामक करधनी। (वही चित्र २७)

२९ हिंजीरक (पृ० १५०) हिंजीरक नामक आभूषण। (वही चित्र १७ १८)

३० मजीर (प० १५०) मजीर नामक आभूषण जिसमें भीतर चादी के ककड भरे रहते थे जिससे चलते समय आवाज होती थी। (वहा चित्र १९)

३१ नूपुर (प० १५०) थाली में नूपुर लिये परिचारिका। अलक्तक मण्डन समाप्त हो तो नूपर पहनाये। (अमरावती० फलक ९ चित्र १८)

३२ हसक (प० १५१) हसक नामक पैर का आभूषण। (हर्षचरित० फलक ९, चित्र ३८)

फलक ४

२० हार

२१ हारयष्टि

२३ कंकण

२२ अगद और केयूर

२४ वलय

२५ मेखला २६ रसना

२७ कांची

२८ घर्घरमालिका

२९ हिंजीरक ३० मंजीर

३१ नूपुर

३२ हंसक

फलक ५

चित्र फलक

३३ अलकजाल (प० १५३) राजघाट (काशी) से प्राप्त एक मृण्मूर्ति । (कला और सस्कृति प० २४७)

३४ मौलि (प० १५६) चूर्ण विशेष द्वारा घुँघराले बनाय गये बालो की त्रिविभक्त मौलिबद्ध कश रचना । (वहा प० २५१)

३५ केशपाश (प० १५४) पत्र और पुष्प मजरी स सजा कर मुकुट की तरह बांध गये केश । (वही प० २५१)

३६ कुन्तलकलाप (प० १५३) मार की पूछ क अग्रभाग की तरह सभारे गये कुतल । (वही प० २४८)

३७ वणिदण्ड (प० १५७) वेणिदण्ड या इकहरी चाटी । अमरावती० फलक ८ चित्र २३)

३८ जूट (प० १५०) जूट या जूडा । (अमरावती० फलक ९, चित्र २)

३९ धम्मिल (पृ० १५५) एक विशेष प्रकार का धम्मिल । (वही फलक ९ चित्र ३)

फलक ५

३३ अलकजाल

३४ मौलि

३५ केशपाश

३६ कुन्तलकलाप

३७ वैणिदण्ड

३८ जूट

३९ धम्मिल

फलक ६

चित्र संख्या

४० असिधेनुका (पृ० २०३) कमर की पेटी में खोंसी हुई असिधनुका सहित पदाति युवक। अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्तकालीन मिट्टी का मूर्ति। (हर्षचरित० फलक २ चित्र १२)

४१ कतरी (पृ० २०४) कतरी नामक एक विशेष प्रकार की छोटी छुरी। (अमरावती० फलक १०, चित्र २)

४२ कटार (प० २०५) दोनो ओर महवाली नुकीली कटार। (अमरावती० फलक १० चित्र ६)

४३ अशनि (प० २०७) इन्द्राणी की मूर्ति के हाथ में स्थित अशनि या वज्र। (भारत कला भवन वाराणसी)

४४ अंकुश (प० २०९) गज के मस्तक पर प्रहार किया जाता अंकुश।

४५ कोदण्ड (अ) (प० २००) लपेटा हुआ कोदण्ड। (अमरावती० फलक १०, चित्र ४)

४६ कोदण्ड (ब) (पृ० २००) चढाया हुआ कोदण्ड। (वही चित्र ११)

४७ गदा (अ) (प० २१३) बड़ आकार की गदा। (वही चित्र १५)

४८ गदा (ब) (प० वही) छोटे आकार की गदा। (वही, चित्र १८)

४९ त्रिशूल (अ) (प० २१७) प्रहार किया जाता त्रिशूल। (वही चित्र १४)

५० त्रिशूल (ब) (प० वही) हाथ में स्थित त्रिशूल। (वही चित्र १६)

५१ दण्ड (पृ० ११४) हाथ में दण्ड या डण्डा लिये प्यादा। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति सख्या १९३। (हर्षचरित० फलक १७ चित्र ६१)

५२ प्रास (प० २१९) (अमरावती फलक १०, चित्र १)

फलक ६

४० असिधेनुका
४१ कतरी
४२ कटार
४३ अशनि
४४ अकुश
४५ कोदण्ड (अ)
४६ कोदण्ड (ब)
४७ गदा (अ)
४८ गदा (ब)
४९ त्रिशूल (अ)
५० त्रिशूल (ब)
५१ दण्ड
५२ प्रास

फलक ७

चित्र संख्या

५३ भस्त्रा या नाराचपंजर (पृ० २०३) भस्त्रा या धौंकनीनुमा तरकश। (हर्षचरित० फलक १८, चित्र ३)

५४ कुठार (पृ० २११) कुठार या परशु। (अमरावती० फलक १० चित्र ३)

५५ यष्टि (पृ० २१६) यष्टि या असियष्टि को कमरमें लटकाये हुआ सैनिक। (अमरावती० फलक १० चित्र ८)

५६ पाश (पृ० २१८) श्री जी० एच० खरे कृत मूर्तिविज्ञान फलक ९४ चित्र ३०)

५७ वागुरा (पृ० २१८) अहिच्छत्रा से प्राप्त सूर्य मूर्ति पर अंकित पार्श्वचर के हाथ में वागुरा या कमन्द। (चित्र ९७)

फलक ७
५३ भस्त्रा या नाराचपंजर
५४ कुठार
५५ यष्टि
५६ पाश
५७ वागुरा

फलक ८

चित्र सख्या

५८ शाख (क) (पृ० २२५) मुख पर बजाने के लिए कलश लगा हुआ शख। (व्रजमाधुरी फलक १ चित्र ८)

५९ शाख (ख) (पृ० २२५) वाद्य योग्य शख। (वही चित्र १०)

६० दु दुभि (पृ० २२७) दुदुभि नामक अवनद्ध वाद्य। (वही फलक ३ चित्र १२)

६१ ढक्का (प० २२८) ढक्का या ढोल। (वही चित्र ७)

६२ ताल (पृ० २२९) ताल की जोडी। (वही फलक ४, चित्र १२)

६३ डमरुक (प० २६०) डमरुक या डमरू। (वही फलक ३ चित्र १३)

६४ वल्लकी (प० २३२) वल्लकी या एक विशेष प्रकार की वीणा। (वही फलक १ चित्र १)

६५ डिण्डिम (पृ० २३४) डिण्डिम या डिमडिमी। (वही, फलक ३ चित्र ९)

६६ करटा (पृ० २३०) करटा नामक अवनद्ध वाद्य। (वही, फलक ३ चित्र ६)

६७ रुजा (पृ० २३१) रुजा नामक वाद्य की जोडी। (वही फलक ३ चित्र १३)

फलक ८

५८ शंख (क)
५९ शंख (ख)
६० दुन्दुभि
६१ ढोल
६२ ताल
६३ डमरुक
६४ वल्लकी
६५ डिण्डिम
६६ करटा
६७ हुजा

फलक ९

चित्र सख्या

६८ वेणु (पृ० २३१) वणु या बासुरी। (व्रजमाधुरी, फलक २, चित्र १)

६९ तूर (पृ० २३३) तूर या तुरही। (कलकत्ता सग्रहालय ७६)

७० मदग (पृ० २३३) मृदग या मदल। (वही २७९)

७१ घण्टा (अ) (पृ० २३१) बडा घण्टा। (वही १८५)

७२ घण्टा (ब) (पृ० २३१) छोटा घण्टा। (वही १८३)

७३ आनक (अ) (पृ० २२८) आनक या नगाडा। (वही २०४)

७४ आनक (ब) (पृ० २२८) एक अ य प्रकार का आनक या नौबत।
(वही २०४)

७५ भेरी (पृ० २३३) भेरी नामक अवनद्ध वाद्य। (वही २६६)

चित्रो क रेखाकन के लिए मैं श्री वीरश्वर बनर्जी तथा श्री कणमान सिह का आभारी हूँ।

■

फलक ९
६८ वेणु
६९ तूर
७० मृदग
७१ घंटा (अ)
७२ घंटा (ब)
७३ आनक (अ)
७४ आनक (ब)
७५ भेरी

सहायक ग्रन्थ-सूची

यशस्तिलक के संस्करण और अध्ययन ग्रन्थ

[१] यशस्तिलक पूर्व खण्ड, निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९०१

[२] यशस्तिलक उत्तर खण्ड, ,, ,, १९०३

[३] यशस्तिलक पूर्व खण्ड (द्वि० सं०) , ,, १९१६

[४] यशस्तिलक एण्ड इण्डियन कल्चर (अंगरेजी), जीवराज जैन ग्रन्थमाला, सोलापुर, १९४९

[५] यशस्तिलकचम्पूमहाकाव्यम् पूर्वार्ध (संस्कृत-हिन्दी), महावीर जैन ग्रन्थ माला, वाराणसी, १९६०

[६] उपासकाध्ययन (संस्कृत हिन्दी), भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, १९६४

पाण्डुलिपियाँ

[७] यशस्तिलक, भण्डारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना

[८] यशस्तिलक, दि० जैन तेरह पंथियों का बड़ा मंदिर, जयपुर

[९] यशस्तिलक पंजिका, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी द्वारा करायी गयी हस्तलिपि

प्राचीन ग्रन्थ

[१०] अर्थशास्त्र (संस्कृत) – श्री गणपति शास्त्री की व्याख्या सहित, त्रावन-कोर, १९२१ १९२५ (भाग १ ३)

[११] अन्तःकृतदशा (प्राकृत हिन्दी) – श्री अमोलक ऋषि द्वारा अनुवादित

[१२] अनेकार्थ संग्रह (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९२९

[१३] अपराजितपृच्छा (संस्कृत) – गायकवाड ओरियंटल सीरिज, बड़ौदा, १९५०

[१४] अभिधानचिन्तामणि (संस्कृत), भाग १ २ – यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर, वी० नि० सं० २४४१, २४४६

[१५] अभिज्ञानशाकुन्तलम् (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९२२

[१६] अमरकोष (नामलिंगानुशासन) (संस्कृत) – ओरियंटल बुक एजेंसी, पूना, १९४१

[१७] अमरुशतक (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई १९२९

[१८] अश्वशास्त्र (संस्कृत) – सरस्वती महल लायब्रेरी तंजोर १९५२
[१९] अष्टाध्यायी (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९३०
[२०] आचारांग (प्राकृत हिन्दी) – श्री अमोलक ऋषि द्वारा अनुवादित
[२१] आचारांग णि (प्राकृत) – ऋषभदेव केसरीमल रतलाम १९४१
[२२] उत्तररामचरित (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९३०
[२३] कल्पसूत्र (प्राकृत) – सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल जोधपुर
[२४] कर्पूरमंजरी (प्राकृत) – कलकत्ता विश्वविद्यालय कलकत्ता १९४८
[२५] कादम्बरी (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई (अष्टम सं०) १९४०
[२६] कामसूत्र (संस्कृत) भाग १ २ – लक्ष्मी वेंकटेश्वर स्टीम प्रेस, बम्बई वि० संवत १९२१
[२७] काव्यप्रकाश (संस्कृत हिन्दी) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी, १९५५
[२८] किरातार्जुनीय (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, वि० सं० १९९६
[२९] काव्यादर्श (संस्कृत हिन्दी) – व्रजरत्नदास द्वारा सम्पादित वाराणसी, वि० संवत १९८८
[३०] कुमारसंभव (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई १९३५
[३१] कुवलयमाला (प्राकृत) – भारतीय विद्याभवन बम्बई १९५९
[३२] गजशास्त्र (संस्कृत) – सरस्वती महल लायब्रेरी तंजोर १९५८
[३३] गीतगोविन्द (संस्कृत) – मास्टर खेलाड़ीलाल एण्ड संस वाराणसी
[३४] गोम्मटसार भाग १ २ (प्राकृत) – रायचन्द्रजैन ग्रन्थमाला, बम्बई, १९२७ २८
[३५] चरकसंहिता (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी, वि० सं० १९९५
[३६] जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति भाग १ २ (प्राकृत) – सेठ देवचन्द लालभाई जैन, बम्बई १९२०
[३७] जसहरचरिउ (अपभ्रंश) – अम्बादास चवरे दि० जैन ग्रन्थमाला कारंजा, बरार १९३१
[३८] तत्त्वानुशासनादिसंग्रह (संस्कृत) – माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमाला बम्बई
[३९] दशरूपक (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई १९२८
[४०] द्व्याश्रयकाव्य, भाग १ २ (संस्कृत प्राकृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ १९२१

[४१] दीघनिकाय (पाली) – बाम्बे युनिवर्सिटी पब्लिकेसन्स १९४०

[४२] नलचम्पू (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९३२

[४३] नागानन्द (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी, १९३१

[४४] नाट्यशास्त्र, भाग १ २ ३ (संस्कृत) – गायकवाड़ ओरियंटल सीरिज, बड़ौदा, १९३४ १९५४ १९५६

[४५] नाममाला (संस्कृत) – जैन साहित्य प्रसारक कार्यालय, बम्बई, वी० नि० सं० २४६३

[४६] नायाधम्मकहा (प्राकृत हिन्दी) – श्री अमोलक ऋषि द्वारा अनुवादित

[४७] नीतिवाक्यामृत (संस्कृत) – माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, वि० सं० १९७९

[४८] नैषधचरित्र (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई १९३३

[४९] पद्मावत (हिन्दी) – साहित्य सदन चिरगांव (झांसी) वि० सं० २०१२

[५०] पद्मपुराण (संस्कृत हिन्दी) भाग १ २ ३ – भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, १९५८ १९५९

[५१] प्रश्नव्याकरणसूत्र (प्राकृत) – मुक्तिविमल जैन ग्रन्थमाला, अहमदाबाद, वि० सं० १९९५

[५२] प्रासादमण्डन (संस्कृत) – पं० भगवानदास जैन द्वारा संपादित, जयपुर, १९६१

[५३] भगवतीसूत्र (प्राकृत हिन्दी) – श्री अमोलक ऋषि द्वारा अनुवादित

[५४] भट्टिकाव्य (संस्कृत हिन्दी), भाग १ २ – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी १९५१

[५५] भावप्रकाश (संस्कृत हिन्दी) भाग १ २ – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९३८, १९४१

[५६] मनुस्मृति (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी, १९३५

[५७] महापुराण (संस्कृत), भाग १ २ ३ – भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९५१, १९५४

[५८] महापुराण (अपभ्रंश), भाग १ २-३ – माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, १९३७, १९४०

[५९] महाभारत (संस्कृत) – चित्रशाला प्रेस पूना

[६०] मानसोल्लास (संस्कृत) – दी सेन्ट्रल लायब्रेरी, बड़ौदा, १९२५

[६१] मालतीमाधव (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९२६

[६२] मालविकाग्निमित्र (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९३५

[६३] मेघदूत (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९४०
[६४] मृच्छकटिक (संस्कृत हिन्दी) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज वाराणसी, १९५४
[६५] याज्ञवल्क्यस्मृति (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९३६
[६६] रघुवंश (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९२५
[६७] रामायण (वाल्मीकिकृत, संस्कृत) – मद्रास ला जर्नल प्रेस, १९३३
[६८] रायपसेणियसुत्त (प्राकृत) – श्री अमोलक ऋषि द्वारा अनुवादित
[६९] वर्णरत्नाकर (मैथिली) – रायल एसियाटिक सोसाइटी ऑव बेंगाल, कलकत्ता १९४०
[७०] वरांगचरित (संस्कृत) – माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमाला बम्बई, १९३८
[७१] वृहत्स्वयम्भू स्तोत्र (संस्कृत हिन्दी) – वीर सेवा मन्दिर दिल्ली
[७२] वास्तुसारप्रकरण (संस्कृत) – पं० भगवानदास जैन द्वारा सम्पादित, जयपुर १९३६
[७३] विक्रमोर्वशीयम् (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सीरिज, वाराणसी
[७४] विश्वलोचनकोष (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९१२
[७५] समरांगण सूत्रधार (संस्कृत) – गायकवाड ओरियंटल सीरिज बडौदा, १९२४
[७६] समराइच्चकहा (प्राकृत) भाग १ २ – रायल एसियाटिक सोसायटी ऑव् बंगाल १९२६ द्वि० सं०
[७७] संगीत पारिजात – हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी १९६३
[७८] संगीत रत्नाकर – अडयार लायब्रेरी १९५१
[७९] संगीतराज – संगीत कार्यालय हाथरस १९४१
[८०] साहित्यदर्पण – निर्णयसागर प्रेस बम्बई १९३६
[८१] सूत्रधारमंडन का देवतामूर्तिप्रकरणम् (संस्कृत) – मेट्रोपोलिटन पब्लि० हाउस, कलकत्ता १९३६
[८२] सौन्दरानन्द (संस्कृत) – रायल एसियाटिक सोसायटी ऑव् बेंगाल, १९३९
[८३] शतपथब्राह्मण (संस्कृत) – अच्युत ग्रन्थमाला कार्यालय काशी, वि० सं० १९९४, १९९७ भाग १ २
[८४] शब्दरत्नाकर (संस्कृत) – यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, वी० नि० सं० २४३९
[८५] शिशुपालवध (संस्कृत) – चौखम्भा संस्कृत सिरीज, वाराणसी, १९२९
[८६] शृंगारशतक (शतकत्रयम् के अन्तर्गत) (संस्कृत) – भारतीय विद्याभवन, बम्बई, १९४६

[८७] हरिवंशपुराण (संस्कृत हिन्दी) – भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, १९६३
[८८] हस्त्यायुर्वेद (संस्कृत) – आनन्दाश्रम, पूना
[८९] हर्षचरित (संस्कृत) – निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१२, तृ० सं०
[९०] ऋग्वेद (संस्कृत) स्वाध्याय मण्डल, औंध, १९४०

आधुनिक ग्रन्थ और शोध-निबन्ध

[९१] आइने अकबरी, भाग १-३ – रायल एशियाटिक सोसायटी ऑव बंगाल, १९२७, १९४८, १९९४
[९२] गाइड टू द म्यूजिकल इन्स्ट्रूमेन्ट इन द इंडियन म्यूजियम, कलकत्ता, १९१७
[९३] द एज ऑव् इम्पीरियल कन्नौज – भारतीय विद्याभवन, १९५५
[९४] वैदिक इन्डेक्स, १ २ – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, १९५८
[९५] अग्रवाल, वासुदेवशरण – कला और संस्कृति साहित्य भवन लि० इलाहाबाद, १९५२
[९६] ,, कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन – चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, १९५८
[९७] ,, पाणिनिकालीन भारतवर्ष – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, वि० सं० २०१२
[९८] ,, हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन – बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, १९५३
[९९] ,, कीर्तिलता – साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, १९६३
[१००] अत्रिदेव विद्यालंकार – प्राचीन भारत के प्रसाधन – भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी
[१०१] अल्तेकर, अनन्त सदाशिव – राष्ट्रकूटाज एण्ड देयर टाइम्स–ओरियण्टल बुक एजेंसी, पूना, १९३४
[१०२] आप्टे – संस्कृत अँगरेजी डिक्शनरी (परिवर्धित संस्करण) – प्रसाद प्रकाशन, पूना
[१०३] ओमप्रकाश – फूड एण्ड ड्रिंक इन ऐंशियण्ट इण्डिया – मुंशीराम मनोहरलाल, दिल्ली, १९६१
[१०४] कनिंघम – ऐंशियण्ट ज्योग्राफी ऑव् इण्डिया, कलकत्ता १९२४
[१०५] कासलीवाल, कस्तूरचन्द – प्रशस्ति संग्रह–अतिशय क्षेत्र, श्री महावीरजी, जयपुर

[१०६] कासलीवाल कस्तूरचन्द्र – राजस्थान के शास्त्र भण्डारों की सूची, भाग १ २ ३ ४, जयपुर

[१०७] के० भुजबली शास्त्री – कन्नड प्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थ सूची, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी

[१०८] कुलकर्णी ई० ड० – वोकबुलरी ऑव् यशस्तिलक, बुलेटिन ऑव द डेकन कालिज रिसर्च इन्स्टीटयूट पूना

[१०९] चुन्नीलाल शेष – अष्टछाप के वाद्ययन्त्र, ब्रजमाधुरी, ब्रज साहित्य मण्डल मथुरा वर्ष १३ अंक ४

[११०] जगदीशचन्द्र जैन – लाइफ इन ऐंशियण्ट इण्डिया ऐज डिपिक्टेड इन द आगमाज, न्यू बुक कम्पनी लिमिटेड बम्बई १९४७

[१११] जे० एन० बनर्जी – द डवलपमण्ट ऑव् हिन्दू आइकोनाग्राफी, युनिवर्सिटी ऑव कलकत्ता १९५६

[११२] नाथूराम प्रेमी –जैन साहित्य और इतिहास हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर बम्बई

[११३] – सोमदेवसूरि और महेन्द्रदेव, जैन सिद्धान्त भास्कर आरा

[११४] पी० बी० देसाई – जैनिज्म इन साउथ इण्डिया एण्ड सम जैन एपिग्राफ्स जीवराज जैन ग्रन्थमाला सोलापुर १९५९

[११५] पी० सी० चक्रवर्ती – द आर्ट ऑव् वार इन एशियण्ट इण्डिया द युनिवर्सिटी ऑव ढाका, रमना ढाका, १९४१

[११६] बी० सी० ला – हिस्टारिकल ज्योग्राफी ऑव् ऐंशियण्ट इण्डिया, सोसायटी एशियाटिक डि पेरिस फ्रान्स

[११७] – ज्योग्राफी ऑव अरली बुद्धिज्म, लन्दन १९३२

[११८] भगवतशरण उपाध्याय – कालिदास का भारत, भाग १ २, भारतीय ज्ञानपीठ वाराणसी १९५४ १९५८

[११९] भटशाली – आइकोनाग्राफी ऑव् बुद्धिस्ट एण्ड ब्राह्मेनिकल स्कल्पचर्स इन द ढाका म्यूजियम ढाका म्यूजियम कमेटी, ढाका १९२९

[१२०] मिराशी हिस्टारिकल डटाज इन दण्डिनाज़ दशकुमारचरित, एनाल्स ऑव भण्डारकर, ओ० रि० इ०, भाग २६

[१२१] मोतीचन्द्र – जैन मिनिएचर पेंटिंग्ज फ्राम वेस्टर्न इण्डिया, साराभाई मनीलाल नबाब अहमदाबाद, १९४९

[१२२] मोतीचन्द्र – भारतीय वेशभूषा भारती भण्डार प्रयाग वि० सं० २००७
मोतीचन्द्र – सार्थवाह, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् पटना, १९५३

[१२३] मोनियर विलियम्स – संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी

[१२४] मोहनलाल महतो – जातककालीन भारतीय संस्कृति, बिहार राष्ट्र भाषा परिषद् पटना १९५८

[१२५] आर० एस० त्रिपाठी – हिस्टरी ऑव कन्नौज, मोतीलाल बनारसीदास, १९५९

[१२६] राखालदास (अनुवादक गौरीशंकर हीराचंद ओझा) – प्राचीन मुद्रा, नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी, वि० स० १९८१

[१२७] राय कृष्णदास – भारत की चित्रकला नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी १९९६ वि० सं०

[१२८] रे डेविट – बुद्धिस्ट इण्डिया सुशील गुप्ता लिमिटिड १९५०

[१२९] वाटरस – आन युवानच्वांग ट्रावल्स इन इण्डिया रायल ऐशियाटिक सोसायटी, लन्दन १९०४ १९०५ (भाग १ २)

[१३०] वी० राघवन – यन्त्राज एण्ड मकैनिकल कण्ट्राइवन्सेज इन ऐंशियण्ट इण्डिया, इण्डियन इस्टीटयूट ऑव् कल्चर, बेंगलोर १९५६

[१३१] वी० राघवन – नीतिवाक्यामृत आदि के कर्ता सोमदेव जैन सिद्धान्त भास्कर आरा

[१३२] वी० राघवन – सोमदेव एण्ड किंग भोज, जनरल ऑव द युनिवर्सिटी ऑव गोहाटी, भाग ३, १९५२

[१३३] वी० राघवन – ग्लीनिंग्ज़ फ्राम सोमदेव सूराज यशस्तिलक गंगानाथ झा, रिसर्च इस्टीट्यूट जनरल भाग २, ३ ४

[१३४] सरकार – द वाकाटकाज एण्ड द अश्मक कन्टरी, इण्डियन हिस्टारिकल क्वाटरली भाग २२

[१३५] सरकार – द सिटी ऑव बंगाल भारतीय विद्या, जिल्द ५

[१३६] सरकार – स्टडीज इन द ज्योग्राफी ऑव ऐंशियण्ट एण्ड मिडिएवल इण्डिया, मोतीलाल बनारसीदास, १९६०

[१३७] सालेटोर – द सदर्न अश्मक, जैन एन्टिक्वेरी, भाग ६

[१३८] सालेटोर – लाइफ इन द गुप्ता एज, पापुलर बुक डिपो, बम्बई, १९४३

[१३९] सालेटोर – मिडिएवल जैनिज्म, करनाटक पब्लिशिंग हाउस बम्बई

[१४०] एस० आर० शर्मा – जैनिज्म एण्ड करनाटक कल्चर, करनाटक हिस्टॉरिकल रिसर्च सोसायटी, धारवार, १९४०

[१४१] शिवराममूर्ति – अमरावती स्कल्पचर्स इन द मद्रास ग० म्यूजियम, मद्रास, १९५६

[१४२] हीरालाल जैन – जैन शिलालेख संग्रह, भाग १, माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमाला, बम्बई

[१४३] एच० सी० चकलदार – सोशल लाइफ इन एंशियण्ट इण्डिया, स्टडीज इन कामसूत्र ग्रेटर इण्डिया सोसायटीज, कलकत्ता १९२९

पत्र-पत्रिकाएँ आदि

[१४४] अनेकान्त, वीरसेवा मन्दिर, सरसावा

[१४५] इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वाटरली, कलकत्ता

[१४६] इम्पीरियल गजट ऑव् इण्डिया

[१४७] इण्डियन हिस्ट्री कांग्रेस प्रोसीडिंग्ज

[१४८] जनरल ऑव गंगानाथ झा रिसर्च इंस्टीटयूट, इलाहाबाद

[१४९] जैन ऐण्टिक्वेरी, आरा

[१५०] जैन सिद्धान्त भास्कर, आरा

[१५१] भारतीय विद्या, बम्बई

[१५२] बुलेटिन ऑव द डेक्कन कालिज रिसर्च इंस्टीटयूट, पूना

[१५३] ब्रजमाधुरी, मथुरा

[१५४] श्रमण वाराणसी

अनुक्रमणिका

अ

ऐ

ओ

औ

क

ख

घ

भ

र

ल

श

ह